| | | 4. दूर करना, हटाना। | ڈالُن | डालुन | removal. |
| निवाला | पुं. | कौर, ग्रास। | مێوٚنڈ | म्योंड | a mouthful, a morsel. |
| निवास | पुं. | 1. बसने या रहने की क्रिया या भाव; | بسُن ؛ | बसुन; | living, dwelling, residing; |
| | | 2. वास स्थान; | بسن جاے ؛ | बसन जाय; | residence, abode, habitation, resting place; |
| | | 3. घर, मकान। | گرٕ | गरु | house. |
| निवास-स्थान | पुं. | 1. वह स्थान जहां कोई व्यक्ति रहता हो; | روزن جاے ؛ | रोज़न जाय; | dwelling-place, place of residence abode; |
| | | 2. घर, मकान। | گرٕ ، لٔر | गरु, लर | house, quarter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निवासी | वि. पु. | (स्थान विशेष में) रहनेवाला, निवास करनेवाला। | بسکین | बस्कीन | a resident, an inhabitant. |
| निविड़ | वि. | घना, सघन। | گٕون | गो̤न | thick, dense. |
| निविदा | स्त्री. | वह पत्र जिसमें किसी प्रस्तावित कार्य के संबंध में यह लिखा रहता है कि हम इतने पारिश्रमिक पर अमुक रूप में यह काम पूरा कर देंगे और जो उपयुक्त अधिकारियों के सामने स्वीकृति के लिए रखा जाता है। | ٹینڈر<br>(نوٹس بیتر) | ट्यंडर<br>(नोटस बेत्रि) | a tender. |
| निवृत्त | वि. | 1. जो कोई काम करके उससे छुट्टी पा चुका हो, मुक्त: | یلہٕ؛ | यलु; | freed from work, disencumbered; |
| | | 2. (कार्य) जो पूरा हो चुका हो; | پوٗرٕ کوٗرمُت؛ | पूर् को̤रमुत; | finished, completed; |
| | | 3. सांसारिक विषयों में प्रवृत्ति से रहित; | (دُنیاہ نِشہٕ)<br>مُچھ؛ | (दुनियाहु निशि)<br>मुछि; | having no association with or interest in mundane affairs, abstaining from wordly acts, averted from, indifferent to, having renounced or given up; |
| | | 4. जिसने नौकरी से अवकाश ग्रहण किया हो, सेवानिवृत्त। | رِٹار | रिटा̤र | retired (from service). |
| निवृत्ति | स्त्री. | 1. (कार्य पूरा हो जाने पर उससे मिलने वाला) छुटकारा, मुक्ति; | فراغتھ؛ | फरागथ; | freedom from work, disencumberance; |
| | | 2. (कार्य की) पूर्ति; | پوٗریر؛ | पूर्यर; | finishing, completion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सांसारिक विषयों या कार्यों में प्रवृत्ति का अभाव, त्याग; | تیاگ، دس برداری؛ | त्याग, दसबरदारी; | resignation, discontinuance of worldly acts or quietism, separation from the world, repose, rest; |
| | | 4. नौकरी से अवकाश पाकर या अवधि पूरी हो जाने पर सदा के लिए हट जाना। | رِٹیری<br>پنشنس بیوہُن | रिटयरी<br>पिनशनस ब्युहुन | retirement (from service). |
| निवेदक | वि. पु. | जो नम्रतापूर्वक किसी से कोई बात कहे, निवेदन करनेवाला, प्रार्थी। | عرضی دِنہٕ وول | अर्ज़ी दिनु वोल | one who makes a request or submission, applicant, suppliant. |
| निवेदन | पु. | 1. नम्रतापूर्वक किसीसे कोई बात कहना, प्रार्थना करना; | عرض؛ | अरज़; | requesting, submitting; |
| | | 2. नम्रतापूर्वक कही हुई बात जो प्रायः सुझाव के रूप में होती है; | عرضی؛ | अर्ज़ी; | request, submission, application, supplication, petition; |
| | | 3. अर्पण। | ارپن، نیاز | अर्पन, नियाज़ | delivering, offering, presenting. |
| निवेदित | वि. | 1. (बात) जो प्रार्थना के रूप में कही गई हो;<br>2. (पदार्थ) जो भेंट आदि के रूप में अर्पित किया गया हो, समर्पित। | عرض کوٚرمُت؛<br>نیاز کوٚرمُت | अरज़ क़ोरमुत;<br>नियाज़ क़ोरमुत | requested, submitted;<br>delivered, presented, given, offered. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निवेश | पुं. | 1. किसी व्यापार, उद्योग आदि में धन या पूंजी लगाने का कार्य तथा इस प्रकार से लगाया हुआ धन, पूंजी आदि; | سرمایہٕ؛ | सरमायि; | investment; |
| | | 2. प्रवेश, पैठ। | اژن جاے | अचन जाय | entering, entrance, penetration. |
| निशा | स्त्री. | रात्रि। | نیٚہہ، راتھ | नेुह, राथ | night. |
| निशाकर | पुं. | चंद्रमा। | ژٔندٕر | चंदुर | the moon. |
| निशाचर | पुं. | राक्षस। | راکھیٚس | राख्युस | a rakshas or demon, goblin, fiend, devil, an evil spirit. |
| निशान | पुं. | 1. ऐसा प्राकृत या आकस्मिक लक्षण या चिह्न जिससे कोई चीज पहचानी जाए या किसी घटना आदि का परिचय या प्रमाण मिले; | نِشانٕ؛ | निशानु; | sign, mark; |
| | | 2. पता, ठिकाना, सुराग; | نیب؛ | नेब; | trace, clue; |
| | | 3. झंडा, पताका; | جھنڈٕ؛ | जंडु; | ensign, flag, banner, standard, emblem; |
| | | 4. दाग, धब्बा; | آکھ، داگ؛ | आख, दाग; | stain, blemish, scar; |
| | | 5. किसी चीज से दबाकर बनाया जानेवाला चिह्न, छाप। | چھانپھ | छांफ | impression. |
| निशाना | पुं. | वह वस्तु या बिंदु जिस पर शस्त्र से आघात किया जाए, लक्ष्य। | نِشانٕ | निशानु | butt, target, mark, aim. |
| निशानी | स्त्री. | 1. स्मृति, चिह्न, यादगार; | نِشانۍ؛ | निशान्य; | token of remembrance, memento, keep sake, memorial; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पहचान का चिह्न, निशान; | پچھان؛ | पछान; | mark, mark of identification , sign, token; |
| | | 3. पता, ठिकाना, सुराग; | پے؛ | पय; | trace, clue; |
| | | 4. किसी चीज से दबाकर बनाया जानेवाला चिह्न, छाप। | چھانپھ | छांफ | impression. |
| निशानेबाज | पु. | निशाने पर वार करनेवाला, अच्छा निशाना लगानेवाला। | نِشانہٕ باز | निशानु बाज़ | marksman, expert shot. |
| निशानेबाजी | स्त्री. | निशाना लगाने का कार्य या कौशल। | نِشانہٕ بازی، چاند مارٕی | निशानुबाज़ी, चांदमार्य | marksmanship. |
| निशि | स्त्री. | रात्रि। | راتھ، نیٖہہ | राथ, नेह | night. |
| निशिदिन | क्रि.वि | 1. रात-दिन;<br>2. सर्वदा। | راتھ دوٚہ؛<br>ہمیشہ | राथदोह;<br>हमेशि | day and night;<br>always, ever. |
| निशीथ | पु. | 1. रात्रि;<br>2. आधीरात। | راتھ؛<br>اڈٕراتھ | राथ;<br>अडराथ | night in general;<br>mid - night. |
| निश्चय | पु. | 1. कोई कार्य करने का अंतिम निर्णय या संकल्प करना, दृढ़ धारणा ; | ارادٕ؛ | इरादु; | determination, resolution, resolve; |
| | | 2. निर्णय, फैसला; | فاصلہٕ؛ | फासलु; | decision; |
| | | 3. निश्चितता, अवश्यंभाविता। | صحی | सही | certainty, positiveness, positive conclusion. |
| निश्चयात्मक | वि. | निश्चय के रूप में होनेवाला, सुनिश्चित। | ضروٗر | ज़ोरूर | definite, certain, positive. |
| निश्चल | वि. | 1. अचल, स्थिर; | بےٚحرکتھ؛ | बेहरकथ; | immovable, steady, fixed, still; |
| | | 2. अपरिवर्तनशील। | نہ بدلوٚن | न बदलवुन | invariable, unchangeable; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निश्चलता | स्त्री. | 1. निश्चल होने की अवस्था या भाव, अचलता, स्थिरता; | بےحرکتی؛ | बेहरकती; | immovability, steadiness; |
| | | 2. अपरिवर्तनशीलता। | نہ بدلُن؛ | न बदलुन; | invariableness, changelessness. |
| निश्चायक | वि. | निश्चय करनेवाला। | یقیٖنی | यकीनी | who or what ascertains or determines, decisive, conclusive. |
| निश्चेष्ट | वि. | 1. चेष्टारहित, प्रयत्नरहित; | بےٚحرکتھ؛ | बेहरकथ; | incapable of motion, effortless |
| | | 2. अचेत; | بےٚہوٚش؛ | बेहोश; | unconscious; |
| | | 3. निश्चल, अचल, स्थिर। | بےٚحِس | बेह्यस | motionless, still. |
| निश्छल | वि. | छल-कपट से रहित, निष्कपट। | ژھلہِ رٕوس | छलु रोस | guileless, without wile, straight-forward, honest. |
| निश्छलता | स्त्री. | निश्छल होने की अवस्था या भाव, निष्कपटता। | ژھلہِ رٕوس آسُن | छलुरोस आसुन | guilelessness, straightforward-ness. |
| निःश्वास | पु. | 1. नाक या मुंह से बाहर निकलनेवाला श्वास, उच्छ्वास; | شاہ تراوُن؛ | शाह त्रावुन; | expiration, exhalation; |
| | | 2. अंदर खींचा हुआ सांस बाहर निकालना या छोड़ना, निःश्वसन, उच्छ्वसन; | شاہ ہیوٚن؛ | शाह ह्योन; | inhaling, exhaling breathing out; |
| | | 3. गहरी या ठंडी सांस, उच्छ्वास। | ووٗش | वुश | a sigh. |
| निश्शंक | वि., क्रि.वि. | दे. 'निःशंक'। | بےٚشوٗنک | बेशूंक | see 'निश्शंक.' |
| निश्शब्द | वि. | 1. शब्द या आवाज से रहित, कोलाहल से रहित, शांत; | بےٚآواز؛ | बेआवाज; | without noise or sound, silent, quiet, still; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो शब्द न करता हो, जो न बोल रहा हो, मौन। | ژھوٗپ | छ़ोप | voiceless, speechless, silent. |
| निश्शस्त्र | वि. | दे. 'निरस्त्र'। | بےٚ ہتھیار | बे़ हथ्यार | see 'निरस्त्र' |
| निश्शस्त्री-करण | पु. | दे. 'निरस्त्रीकरण'। | ہتھیارن پیٚٹھ روک | हेथियारन प्यठ रोक | see 'निरस्त्रीकरण' |
| निश्शेष | वि. | दे. 'निःशेष'। | سورُے | सोरुय | see 'निशेष' |
| निषंग | पुं. | तरकश। | ترکش/ترکس | तरकश़/ तरकस | quiver. |
| निषाद | पुं. | 1. एक प्राचीन अनार्य जंगली जाति जो आखेट या मछली पकड़ने आदि का काम करती थी; | اَکھ قبٲلی<br>گاڈ ہانٛز زاتھ؛ | अख कबांल्य<br>गाडु हांज़ ज़ाथ; | one of the wild, aboriginal tribes in India such as hunters, fishermen etc.; |
| | | 2. उक्त जाति का व्यक्ति; | نِشاد قبٲلی؛ | निशाद कबांल्य; | member of the Nisada tribe; |
| | | 3. संगीत में सरगम का सातवां स्वर (नि) जो अन्य सब स्वरों से ऊँचा होता है। | "سَتیُم سور" نِ "<br>(موٗسیقی) | सत्युम सुर ''नि''<br>(मूसीकी) | (in music) the last or seventh note of the Hindusthani gamut. |
| निषिद्ध | वि. | 1. जिसे उपयोग, प्रयोग या व्यवहार में लाने की मनाही हो; | ٹھاکھ کرنہٕ آمُت؛<br>ورُزمُت؛ | ठाख करनु आमुत;<br>वरुज़मुत; | forbidden, prohibited, warded off, prevented, banned; |
| | | 2. शास्त्र द्वारा या धार्मिक दृष्टि से वर्जित, फलतः बुरा और त्याज्य। | مزہبہٕ کِنۍ یَچھ | मज़हबु किन्य यछ | tabooed, prohibited in the scriptures, worth forsaking or giving up. |
| निषेध | पु. | 1. मनाही, वर्जन; | ٹھاکھ؛ | ठाख; | prohibition, inhibition, ban, taboo; |
| | | 2. इनकार, अस्वीकृति, प्रतिवाद। | نکار | नकार | negation, refusal, denial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निषेधक | वि. | निषेध या मनाही करनेवाला (व्यक्ति, आदेश आदि)। | مناہ کرن وول وول | मनाह करन वोल | preventing, prohibiting, prohibitive, forbidding. |
| निषेध-पत्र | पुं. | वह पत्र जिसमें किसी को कोई काम न करने के लिए आदेश दिया गया हो, प्रतिषेध लेख। | حکمِ مناہی | हुक्मि मनाही | a prohibitory order, writ of prohibition. |
| निषेधाधिकार | पु. | किसी संस्था के सदस्यों के हाथ में रहने वाला वह अधिकार जिससे कोई स्वीकृत प्रस्ताव रोका जा सकता है, रोक-अधिकार। | حقِ تنسیخ، ویٹو | हकि तनसीख, विटो | veto. |
| निषेधात्मक | वि. | 1. (कथन या विधान) जो निषेध या मनाही के रूप में हो; | ٹھاکل؛ | ठाकल; | prohibitory, prohibitive; |
| | | 2. जो अस्वीकृति, प्रतिवाद, या इनकार के रूप में हो। | نکاری | नकारी | expressing or implying denial, negative. |
| निष्कंटक | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार के कंटक अर्थात् बाधा, आपत्ति या झंझट आदि न हों; | کنڈیو ر رۄس؛ | कंड्यव रोस; | free from ills or trouble or obstacles, unobstructed, smooth, secure; |
| | | 2. शत्रुरहित, उपद्रव या खतरे आदि से रहित। | دُشمنو رۄس | दुश्मनव रोस | free from enemies, free from danger or nuisance. |
| | क्रि.वि | 1. बिना किसी प्रकार की बाधा या रुकावट के; | ٹھر رۄس؛ | ठरि रोस; | unobstructedly, smoothly, securely; |
| | | 2. बिना किसी प्रकार के बैर या शत्रुता की संभावना के, बेखटके। | بےفکرک | बेफ़्रोक | without fear of enmity, opposition or obstacle from any quarter, without danger or nuisance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निष्कंप** | वि. | जिसमें कंपन न हो रहा हो, स्थिर। | بےتھتھراے | बे॒थथराय | unwavering, unquivering, unflickering,not shaking or tremulous, steady. |
| **निष्कपट** | वि. | कपटरहित, निश्छल। | ژھٕل رٲوس | छ़ल॒ रो॒स | guileless, sincere, straightforward, honest. |
| **निष्कर्म** | वि. | 1. जो कोई कर्म न करता हो, निष्क्रिय; | یُس نہٕ کٲم کرِ؛ | युस नु॒ कॉम करि; | inactive, renouncing the acts; |
| | | 2. जो कर्म करने पर भी उसमें आसक्त या लिप्त न होता हो, अकर्मा। | یُس بےٚدِلہٕ کٲم کرِ | युस बे॒दिलु॒ कॉम करि | working without attachment. |
| **निष्कर्ष** | पुं. | 1. विचार-विमर्श या सोच-विचार के उपरांत निकलनेवाला परिणाम या स्थिर होनेवाला सिद्धान्त, निश्चय; | نتیجہٕ؛ | नतीजि; | conclusion, inference, decision; |
| | | 2. किसी बात, वक्तव्य का सार, सारांश,निचोड़। | مۆختصر، سار | मु॒ख्सर, सार | essence of anything, chief or main point, gist. |
| **निष्कलंक** | वि. | 1. जिसमें या जिस पर कलंक न हो, दोषरहित, बेदाग; | بےٚداغ؛ | बे॒दाग़; | stainless, spotless, immaculate; |
| | | 2. कलंक अर्थात् दोष से रहित, निर्दोष, शुद्ध, निष्पाप। | غلطی رٲوس | गलती रो॒स | without flaw or blemish, pure, chaste, sinless. |
| **निष्काम** | वि. | 1. जो सब बातों से निर्लिप्त रहता हो, निःस्वार्थ, निःस्पृह, आसक्तिरहित; | بےٚلوٗث؛ | बे॒लोस; | free from wish or desire, desireless, free from all worldly desires; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कामना, वासना या इच्छा से रहित, सांसारिक इच्छाओं से रहित। | بےغرض | बेगरज़ | disinterested, unselfish, indifferent, unattached, without attachment. |
| निष्कारण | वि. | 1. जिसका कोई कारण न हो, कारणरहित, अकारण; | بےوجہ؛ | बेवजह; | causeless, without reason; |
| | | 2. अनावश्यक। | غَیرضٗرورٕری | गार ज़ोरूरी | unnecessary, needless. |
| | | क्रि.वि व्यर्थ, बिलावजह। | فٔضوٗل | फ़ोज़ूल | without any cause or reason, causelessly, needlessly, in vain. |
| निष्कासन | पुं. | किसी को किसी पद, क्षेत्र, स्थान, वर्ग, दल आदि से निकालना, बाहर करना या हटाना। | کڈِتھ ژھُنُن | कडिथ छुनुन | expulsion, ejectment (from a place, office etc.). |
| निष्कासित | वि. | जिसका निष्कासन हुआ हो। | کوڈمُت | कोडमुत | expelled, turned out, ejected. |
| निष्कृत | वि. | 1. हटाया हुआ; | کڈُن آمُت؛ | कडनु आमुत; | taken away, removed; |
| | | 2. उपेक्षित, तिरस्कृत; | درگُذر کوٚرمُت؛ | दरगुज़र कोरमुत; | disregarded, overlooked, ignored; |
| | | 3. जिसे छुटकारा मिला हो, मुक्त। | آزاد | आज़ाद | redeemed, ridded or rid. |
| निष्कृति | स्त्री. | 1. हटाने की क्रिया या भाव; | ہٹاوُن؛ | हटावुन; | removal, taking away; |
| | | 2. छुटकारा, मुक्ति; | مُکجار؛ | मुकजार; | riddance, redemption, salvation; |
| | | 3. तिरस्कार, उपेक्षा। | بےعِزتی | बेयज़ती | neglect, disregard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्क्रमण | पुं. | 1. बाहर निकलना या आना, प्रस्थान करना; | نیرُن؛ | नेरुन; | going forth or out, coming forth, departure; |
| | | 2. हिन्दुओं में एक संस्कार जिसमें चार महीने के शिशुओं को पहले-पहले घर से बाहर निकाल कर सूर्य के दर्शन कराते हैं; | اکھ ہێنٛدی سٕنسکار؛ | अख ह्येंद संस्कार; | one of the Sanskaras or religious rites i.e. taking out a child for the first time into the open air; |
| | | 3. कोई स्थान, क्षेत्र आदि से निकलकर उसे खाली कर देना; | خالی کرُن؛ | खाली करुन; | evacuation, withdrawal (from a place); |
| | | 4. निकासमार्ग या द्वार। | ژلن وتھ | चलन वथ | exit, outlet. |
| निष्क्रांत | वि. | 1. निकला हुआ; | دْرامُت؛ | द्रामुत; | gone out, departed, come forth; |
| | | 2. निकाला हुआ; | کوڈمُت؛ | कोडमुत; | taken out, ousted; |
| | | 3. जो किसी स्थान, क्षेत्र आदि से उसे खाली करके चला आया हो। | خالی کرن وول | खाली करन वोल | an evacuee. |
| निष्क्रिय | वि. | 1. क्रिया, कार्य या व्यापार से रहित, निश्चेष्ट; | کامہِ کوچہ<br>رۄس؛ | कामि क्वचि<br>रोस; | inactive, inert, passive, non-working; |
| | | 2. प्रयत्नरहित, अकर्मण्य, आलसी। | بےکار | बेकार | idle, lazy, effortless. |
| निष्क्रियता | स्त्री. | 1. निष्क्रिय होने की अवस्था या भाव, क्रियाहीनता, कार्य न करने का भाव, निश्चेष्टता; | کٲم نہ کرنۍ؛ | काम नु करन्य; | inaction, inactivity, inertia, passivity; |
| | | 2. अकर्मण्यता, आलस्य, आरामतलबी। | آلُچھ | आलुछ | idleness, laziness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्ठ | वि. | 1. (यौगिक पदों के अंत में लगाया जानेवाला प्रत्यय) किसी काम या बात में पूरी तरह लगा रहनेवाला, तल्लीन, तत्पर; | (پتہ لوٗگ)<br>محو ؛ | (पतु लोग)<br>महव; | (used as a suffix i compound words engrossed (in), well disposed (towards), having readiness (to.); |
| | | 2. किसी के प्रति निष्ठा अर्थात् भक्ति, श्रद्धा या विश्वास रखनेवाला। | بااِیمان | बाईमान | having faith or trust (in), devoted to, having allegiance to. |
| निष्ठा | स्त्री. | 1. मन में होनेवाला दृढ़ निश्चय या विश्वास; | پژھ ؛ | पछ; | belief, firm adherance, faith; |
| | | 2. किसी बात या व्यक्ति के संबंध में होने वाली भावुकतापूर्ण मनोवृत्ति या आस्था, भक्ति, श्रद्धा; | بگتی ؛ | बगती; | devotion; |
| | | 3. वफादारी, ईमानदारी, दल, स्वामी, देश आदि के प्रति होनेवाली भक्ति। | وفادارٕی | वफादारी | allegiance, loyalty. |
| निष्ठावान् | वि. | 1. किसी के प्रति निष्ठा रखनेवाला, वफादार, ईमानदार; | ایمان دارٕ ؛ | ईमानदार; | loyal, faithful, fidel, having allegiance (to); |
| | | 2. भक्तिभावपूर्ण, भक्तिभावना रखनेवाला, श्रद्धावान्। | پژھ دارٕ،<br>پژھِ وول | पछिदार,<br>पछ़िवोल | devoted. |
| निष्ठित | वि. | 1. अच्छी तरह टिका या ठहरा हुआ, दृढ़ता से स्थित; | دٕرِتھ ؛ | दरिथ; | firm, fixed; |
| | | 2. दे. 'निष्ठावान'। | پژھِ دار | पछ़िदार | see 'निष्ठावान'. |
| निष्ठुर | वि. | 1. जिसके हृदय में दया, ममता, मोह आदि न हो, निर्दय, हृदयहीन, क्रूर, नृशंस; | بےٚ رحم ؛ | बेरहम; | merciless, ruthless, hard-hearted, pitiless, cruel, brutal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. रूक्ष, रूखा, कठोर, अप्रिय, कड़ा (बात, व्यवहार आदि)। | وٕٹکُر | वुटकुर | harsh (speech etc.) |
| निष्ठुरता | स्त्री. | 1. निष्ठुर होने की अवस्था या भाव, निर्दयता, क्रूरता; | بےرحمی؛ | बेरहमी; | ruthlessness, mercilessness, brutality, cruelty, heartlessness; |
| | | 2. वाणी या व्यवहार की रूक्षता, कठोरता, अप्रियता। | وٕٹکُجار | वुटकुजार | harshness (of speech etc.). |
| निष्णात | वि. | 1. किसी बात या विषय का पूरा पंडित, अच्छा ज्ञाता या जानकार, विशेषज्ञ; | ماہِر؛ | माहिर; | deeply versed in, well conversant with, adept, learned, expert; |
| | | 2. निपुण, दक्ष। | ووستہ، گاٹُل | वुस्त, गाटुल | clever, skilful, skilled. |
| निष्पंद | वि. | स्पंदनरहित, स्थिर। | بےزُو | बेजुव | unflickering, (fig.) motionless, still, steady, fixed. |
| निष्पक्ष | वि. | 1. पक्षपातरहित; | ناطرفدار؛ | नातरफदार; | unbiased, impartial; |
| | | 2. जो किसी पक्ष या दल में न हो, तटस्थ; | رأے کرن ورأے؛ | राय करनु वराय; | neutral, non-aligned; |
| | | 3. जो आत्मपरक न हो, निर्वैयक्तिक। | غارذاتی | गार ज़ाती | objective, impersonal. |
| निष्पक्षता | स्त्री. | 1. निष्पक्ष होने की अवस्था या भाव, पक्षपातहीनता; | ناطرفداری | नातरफदारी | unbiasedness, impartiality; |
| | | 2. किसी पक्ष या दल में न रहने की अवस्था या भाव, तटस्थता; | لۆب روزُن؛ غارجانبداری؛ | लोब रोज़ुन; गार जानिबदारी; | neutrality, non-alignment; |
| | | 3. निर्वैयक्तिकता, वस्तुनिष्ठता। | غارذاتیتھ | गार ज़ातियथ | objectivity, the state of being impersonal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **निष्पत्ति** | स्त्री. | 1. परिपाक, पूर्णता, पूर्ण विकास; | پٔیر؛ | पय्र; | ripeness, maturity, perfection, consummation, full development; |
| | | 2. कार्यान्वयन, पालन, निष्पादन; | عمل؛ | अमल; | execution, implementation; |
| | | 3. उद्देश्य, कार्य आदि की सिद्धि,उपलब्धि। | مقصد | मकसद | completion, accomplishment, attainment, achievement. |
| **निष्पन्न** | वि. | 1. भली–भाँति पूरा किया हुआ, कार्यान्वित; | بامل آمُت؛ | बामल आमुत; | executed, implemented; |
| | | 2. परिपक्व, पूर्ण, पूरी तरह विकसित; | پھۆلرمُت؛ | फ़ोलुमुत; | ripe, mature, fully developed; |
| | | 3. सिद्ध, उपलब्ध; | مکمل؛ | मुकमल; | completed, accomplished, attained, achieved; |
| | | 4. उत्पन्न, आविर्भूत। | زامُت | ज़ामुत | born, arisen, sprung up, produced. |
| **निष्पादन** | पुं. | आज्ञा, आदेश, नियम, निश्चय आदि के अनुसार कोई काम ठीक तरह से पूरा करना, तामील, कार्यान्वयन, पालन। | تأمیل | तामील | execution, implementation. |
| **निष्पादित** | वि. | दे. 'निष्पन्न'। | بامل آمُت | बामल आमुत | see 'निष्पन्न'. |
| **निष्पाप** | वि. | पापरहित। | بےگوناہ | बेगुनाह | sinless, guiltless, free from vice. |
| **निष्प्रभ** | वि. | 1. प्रभा–हीन, द्युतिहीन, कांतिरहित; | بےتیز؛ | बेतीज़; | deprived of light or radiance, lustreless; |
| | | 2. घबराया हुआ, हतप्रभ, किंकर्तव्यविमूढ़। | گابرٕیومُت | गाबर्योमुत | put out of countenance, non-plussed, disconcerted, out of wits. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निष्प्रभाव | वि. | 1. प्रभावहीन, अप्रभावी;<br>2. रद्द, अकृत, व्यर्थ, अमान्य, प्रभावशून्य। | اسر رٚوس؛<br>زد | असर् रोस;<br>ज़द | ineffective;<br>nullified, invalidated. |
| निष्प्रयोजन | वि. | 1. प्रयोजनरहित; निरुद्देश्य,<br>2. व्यर्थ का, निरर्थक, फजूल, जिससे कोई प्रयोजन सिद्ध न होता हो। | بےٚ مطلب؛<br>بےٚ فایدٕ | बेमतलब;<br>बेफायिद् | without a purpose or object, aimless;<br>vain, fruitless, useless. |
| | क्रि.वि. | बिना किसी प्रयोजन, मतलब के, अनावश्यक, व्यर्थ। | بٕلۍ | बेल्य | without any object,aimlessly, unnecessarily, in vain. |
| निष्प्राण | वि. | 1. मरा हुआ, मृत;<br>2. उत्साहहीन, जीवटरहित, कमजोर;<br>3. जिसमें प्राण न हों, निर्जीव,जड़। | بےٚ زوٗ؛<br>بےٚ ہمتھ؛<br>بے ستھ، زٔڑ | बेज़ुव;<br>बेह्यमथ;<br>बेसिथ, ज़ड | lifeless, dead;<br>spiritless, without vigour, lifeless, weak, dull;<br>inanimate, insentient. |
| निष्फल | वि. | जिससे किसी फल की प्राप्ति या सिद्धि न हो, व्यर्थ, निरर्थक, विफल। | پھلٕ رٚوس | फल् रोस | fruitless, unsuccessful, futile, vain. |
| निसबत (निस्बत) | स्त्री. | 1. संबंध, लगाव, रिश्ता;<br>2. अनुपात, समानुपात (गणित);<br>3. तुलना, मुकाबला। | تولُق؛<br>نِسبت؛<br>مُقابلہٕ | तोलुक;<br>न्यस्बत;<br>मुकाबलु | relation, relationship, connexion;<br>ratio, proportion (in maths.);<br>comparison. |
| | क्रि.वि. | (किसी के) बारे में, संबंध में। | مُتلق | मुतलक | about. |
| निसर्ग | पुं. | 1. स्वभाव, प्रकृति;<br>2. सृष्टि। | مزاز، سُبھاو؛<br>کاینات | मिज़ाज, सुबाव;<br>कायनाथ | nature, natural character, natural state or condition;<br>creation. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निसर्गतः | क्रि.वि. | स्वाभाविक रूप से, प्रकृति के अनुसार, स्वभावतः। | قُدرتی | कुदरती | by nature, naturally, spontaneously. |
| निसृत | वि. | 1. निकला हुआ, बाहर आया हुआ; | دْرامُت؛ | द्रामुत; | gone away, come forth; |
| | | 2. किसी आवरण, स्थान आदि से बाहर निकाला हुआ। | نٛون درامُت | नोन द्रामुत | taken out, unsheathed. |
| निस्तब्ध | वि. | 1. जो हिलता--डोलता न हो, स्तंभित, निश्चेष्ट; | وٹُس گومُت؛ | वटुस्य गोमुत; | without motion, stopped, fixed, still, paralysed; |
| | | 2. कोलाहलरहित, शांत। | ژھوٗپ | छ़ोप | without noise, quiet, silent. |
| निस्तब्धता | स्त्री. | खामोशी, सन्नाटा, नीरवता। | ژھوپہٕ | छुपु | noiselessness, quietness. |
| निस्तार | पुं. | 1. (संकट आदि से) छुटकारा, उद्धार; | بچاو؛ | बचाव; | getting rid of or away from, liberation, release, rescue, escape, acquittal; |
| | | 2. तैरकर पार होने की क्रिया या भाव; | ژھاںٹِہ ترُن؛ | छ़ांटि तरुन; | crossing, passing over or across; |
| | | 3. काम पूरा करके उससे छुट्टी पाना। | فراغتھ | फरागथ | relief. |
| निस्तारक | पुं.वि. | 1. पार उतारनेवाला; | تار دِنہٕ وول؛ | तार दिनु वोल; | one who takes or carries across over or one who brings someone across; |
| | | 2. झंझटों, बंधनों आदि से छुड़ानेवाला। | نجاتھ دِنہٕ وول | नजाथ दिनु वोल | rescuing, releasing, saving, rescuer, deliverer, saviour. |
| निस्तारण | पुं. | 1. बंधनों आदि से छुड़ाना, मुक्त करना; | موکلاوُن؛ | मुकलावुन; | rescuing, delivering liberating, saving etc.; |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. नदी आदि के पार करना या ले जाना; | تار دُین ؛ | तार द्युन; | passing or conveying across; |
| | | 3. कार्य आदि पूरा करना, निपटाना। | کامہِ اَند ہیوٗن | कामि अंद ह्योन | disposal, settling, accomplishment. |
| निस्तीर्ण | वि. | 1. जो पार उतर चुका हो; | توٗرمُت ؛ | तोरमुत; | crossed, passed over; |
| | | 2. जिसका संकट आदि से छुटकारा हो चुका हो, मुक्त; | مُکجار پرٛوومُت ؛ | मुकजार प्रोवमुत; | rescued, delivered, saved, liberated; |
| | | 3. पूरा किया हुआ। | پوٗرمُت | पूरमुत | fulfilled, accomplished, disposed. |
| निस्तेज | वि. | 1. जिसमें तेज न हो या आभा न हो; | تیز رۄس ، بےٚ نوٗر ؛ | तीजु रोस, बेनूर; | lustreless, pallied; |
| | | 2. उत्साहहीन, साहसरहित, जोशरहित। | جوشہِ رۄس | जोशिरोस | spiritless, dull, without vigour. |
| निस्पंद | वि. | दे. 'निष्पंद'। | بےٚ حرکتھ | बेहरकथ | see 'निष्पंद'. |
| निस्पृह | वि. | दे. 'निःस्पृह'। | بےٚ طماہ | बेतमाह | see 'निःस्पृह'. |
| निस्संकोच | वि. | संकोचरहित, लज्जारहित। | مندچھ ورأے | मंदछि वराय | without hitch or hesitation, unhesitating. |
| | क्रि. वि. | बेधड़क, बिना किसी संकोच के। | بےٚ وایہِ، ہُکہِ | बेवायि, हुकु | unhesitatingly. |
| निस्संग | वि. | 1. जो किसी से कोई संबंध न रखता हो; | لاتولُق ؛ | लातोलुक; | not attached (to), unattached, unconnected, separated, separate; |
| | | 2. सांसारिक विषय–वासनाओं से रहित, उदासीन। | بےٚ سنگ | बेसंग | without attachment, indifferent, one who has renounced all worldly attachments. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| निस्संतान | वि. | जिसे कोई संतान न हो। | شُرۍ رٲس | शुर्यरास | destitute of offspring, without issue, childless. |
| | क्रि.वि. | बिना किसी संतान के। | یَس نہٕ شُر آسہِ | यस न शुर आसि | without any child or issue. |
| निस्संदेह | वि. | जिसमें संदेह न हो, असंदिग्ध, निश्चित। | شکہٕ ورٲے | शकु वराय | not doubtful, undoubted, certain |
| | क्रि.वि. | 1. बिना किसी प्रकार के संदेह के;<br>2. निश्चित रूप से, अवश्य। | بےٚ شک؛<br>ضٲرور | बेशक;<br>ज़ोरूर | doubtlessly, undoubtedly;<br>surely, certainly. |
| निस्सरण | पु. | 1. निकलने की क्रिया या भाव;<br>2. निकलने का मार्ग या स्थान, निर्गम। | نیرُن؛<br>نیرَن بَر | नेरुन;<br>नेरन बर | going forth or out, coming forth;<br>exit or outlet. |
| निस्सार | वि. | 1. सारहीन;<br>2. व्यर्थ, निरर्थक। | بےٚ سوٗد؛<br>فٕضوٗل | बेसूद;<br>फ़ोज़ूल | unsubstantial;<br>meaningless, worthless, vain. |
| निस्सारण | पुं. | 1. निकालने की क्रिया या भाव;<br>2. रस, अर्क आदि निकालने की क्रिया या भाव, निष्कर्षण। | کڈُن؛<br>عآرکھ کڈُن | कडुन;<br>आरख कडुन | causing to go or come out;<br>causing to flow out, extraction. |
| निस्सारित | वि. | निकाला हुआ, बाहर किया हुआ। | کوٚڈمُت | कोडमुत | caused to go or come out, caused to flow out, extracted. |
| निस्सीम | वि. | 1. जिसकी कोई सीमा न हो, असीम, अनंत; | بےٚ اَنتھ؛ | बे अंथ; | having no boundaries or limits, unbounded, boundless, immeasurable, infinite; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत अधिक। | سیٹھاہ | स्यठाह | excessive, very much. |
| निस्स्वार्थ | वि. | जिसमें स्वयं अपने लाभ या हित का कोई विचार न हो, स्वार्थरहित। | بےغرض | बेग़रज़ | selfless, unselfish. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी स्वार्थ या मतलब के। | ذاتی یاتہ ورآے | ज़ात्ययातु वराय | without any self interest, selflessly. |
| निहत्था | वि. | जिसके हाथ में कोई शस्त्र न हो, शस्त्रहीन। | بےہتھیار | बे ह्यथ्यार | without arms, unarmed. |
| निहाई | स्त्री. | लोहारों और सुनारों का लोहे का वह टुकड़ा जिस पर वे धातु के टुकड़ों को रखकर हथौड़े से कूटते या पीटते हैं। | ورن | विरन | anvil. |
| निहानी | स्त्री. | नक्काशी करने का एक उपकरण। | نقش کھننک قلم | नकुश खननुक कलम | gouge. |
| निहायत | क्रि. वि. | बहुत अधिक, अत्यन्त। | سیٹھہے | स्यठ हय | very much, extremely, excessive. |
| निहारना | स.क्रि. | अच्छी तरह और ध्यानपूर्वक अथवा टक लगाकर देखना। | وارِ وُچھن | वारु वुछुन | to look at, to see, to behold closely or attentively, to gaze at |
| निहाल | वि. | 1. जो सब प्रकार से संतुष्ट और प्रसन्न हो गया हो; | رانہ ٹھانہ خوش؛ | रनि ठानि ख़ुश; | pleased, happy, delighted; |
| | | 2. धन, दौलत आदि मिलने पर जो मालामाल या समृद्ध हुआ हो, पूर्णकाम, सफल मनोरथ, तृप्त। | خوشحال | ख़ुशहाल | prosperous, flourishing, fully satisfied, of fulfilled desires, gratified. |
| निहित | वि. | 1. (चीज) जो किसी दूसरी चीज के अंदर स्थित हो और बाहर से न दिखाई देती हो, अंदर छिपा या दबा हुआ, अंतर्हित, प्रच्छन्न; | گُپتھ؛ | गुपिथ; | latent, inherent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दिया या सौंपा हुआ; | حوالہٕ کوٗرمُت، | हवालु कोरमुत; | vested, delivered entrusted, bestowed upon; |
| | | 3. विवक्षित, लक्षित, अंतर्निहित, ध्वनित (अर्थ); | اۆندرُوٗنی مانے؛ | ओंदरूनी माने; | implied (meanin |
| | | 4. रखा या स्थापित किया हुआ। | تھوٚنہٕ آمُت | थवनु आमुत | placed, laid, deposited, vestec |
| नींद | स्त्री. | कुछ घंटों तक होने वाली शरीर की वह प्राकृतिक दशा या अवस्था जिसमें स्नायविक क्रियाएं रुकी रहती हैं, आखें बंद रहती हैं, मांस--पेशियां ढीली पड़ जाती हैं और बाह्य चेतना प्राय: लुप्त रहती है। | نیٚندرٕ | न्यन्दर | sleep. |
| नींव (नीव) | स्त्री. | 1. धरातल या फर्श के नीचे जमीन के अंदर का वह ठोस आधार जिस पर से दीवार की जुड़ाई आरंभ होती है, जमीन के अंदर का दीवार का निचला हिस्सा, बुनियाद; | کُن؛ | कुन; | solid ground or base on which building rests, lowest part of building usually below ground level, foundation (of a wall etc.), base; |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में वह आरंभिक और मौलिक कार्य जिसे आगे चलकर बहुत अधिक उत्कृष्ट और उन्नत रूप मिला हो, आधार मूलाधार। | (ۆرگ) وجہ، بُنی یاد | (वर्ग) वजह, बुनियाद | ground, basis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नीच | वि. | 1. तुच्छ, कमीना, ओछा;<br>2. घटिया, निकृष्ट, अवर। | لُچِہ / نیوٗچ؛<br>دٔسۍ | लुचि, न्यूच;<br>दंस्य | mean, base, vile;<br>inferior, low, lowly. |
| नीचता | स्त्री. | 1. बहुत ही हेय आचरण या व्यवहार, तुच्छता, कमीनापन, ओछापन;<br>2. घटियापन, निकृष्टता, अवरता। | کمیٖنٕگی؛<br>لُچِگی | कमीनुगी;<br>लुचिगी | vileness, baseness, meanness;<br>lowliness, inferiority. |
| नीचा | वि. | 1. जो किसी प्रसम धरातल या स्तर से निम्न स्तर पर स्थित हो;<br>2. जो ऊंचाई में सामान्य की अपेक्षा कम हो, अपेक्षाकृत कम ऊंचा;<br>3. अधिकार, पद, मर्यादा आदि की दृष्टि से जो औरों से घटकर हो, छोटा, अवर। | بٔنِم؛<br>بۄن؛<br>دٔسۍ پٲیہ | बंनिम;<br>बुन;<br>वंस्य पायि | low; low lying;<br>lower (in height etc.);<br>inferior, lower. |
| नीचाई (निचाई) | स्त्री. | अपेक्षाकृत नीचे होने की अवस्था या भाव, निचान। | سنیَر | सन्यर | lowness. |
| नीचे | क्रि. वि. | 1. किसी की तुलना में निम्न धरातल पर;<br>2. अधोभाग में;<br>3. किसी की अधीनता या वश में। | بۄن؛<br>بۄنہٕ کنہِ؛<br>ماتحت | बुन;<br>बुनु कनि;<br>मातहत | beneath, down, below;<br>in the lower part or portion;<br>subordinate to, under. |
| नीचे—ऊपर | क्रि. वि. | 1. एक पर एक, क्रमशः;<br>2. अस्त—व्यस्त, उलटा—पुलटा। | بۄنہٕ ہیوٚر؛<br>تلُک پیٹھ | बुनु ह्योर;<br>तलुक प्यठ | in succession, one above and the other below;<br>upside - down, topsy - turvy, in disorder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नीड़ | पुं. | चिड़ियों का घोंसला। | اۆل | ओल | nest (of a bird). |
| नीति | स्त्री. | 1. ऐसा आचार—व्यवहार जो सबकी दृष्टि में लोक या समाज के कल्याण के लिए आवश्यक और उचित ठहराया गया हो, सदाचार, सद्व्यवहार आदि के नियम या रीतियां, नैतिकता, औचित्य; | یخلاق، نیٖتی؛ | यखलाक़, नीती; | moral conduct, morality, ethics, expediency; |
| | | 2. राज्य या शासन की रक्षा और व्यवस्था के लिए स्थिर किए हुए सिद्धांत; | پالسی؛ | पालसी; | policy, state policy statecraft; |
| | | 3. अपना उद्देश्य सिद्ध करने के लिए कौशल से किया जानेवाला आचरण, चालाकी; | چالاکی؛ | चालाकी; | craftiness, policy; |
| | | 4. आचार, व्यवहार आदि का ढंग, पद्धति या रीति। | عمل | अमल | manner of conducting oneself, behaviour, course of action. |
| नीतिज्ञ | वि.पु. | 1. नीति को जाननेवाला, नीतिवादी, सदाचारी; | اخلاقیات یا نیٖتی زانن وول؛ | इख़्लाकियात या नीती ज़ानन वोल; | knowing what is right in morals, moralist; |
| | | 2. नीतिकुशल, राजनीति-विशारद, चतुर। | سیاست باز | सियासतबाज़ | one versed in politics, a statesman, politician, politic, prudent. |
| नीतिमान् | वि. | 1. नीतिपरायण, सदाचारी; | بااخلاق؛ | बाइख़्लाक़; | knowing the rules of moral behaviour, moral person, moralist; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. राजनीतिकुशल, नीतिनिपुण, चतुर। | ماہرِ سیاست | माहिरि सियासत | skilled in politics, politician, politic, prudent, sagacious. |
| नीतिवादी | पुं., वि. | 1. जो नीति–शास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार सब काम करता हो, सदाचारी, नीतिवाद का अनुयायी; | اِخلاقیاتی، نیتیٖ وادی؛ | इख्लाकियाती, नीतिवादी: | moralist, follower of moralism; |
| | | 2. नीतिवाद-संबंधी। | اِخلاقیاتس متعلق | इख्लाकियतस मुतलक | relating or pertaining to moralism. |
| नीतिशास्त्र | पुं. | वह शास्त्र जिसमें देश, काल और पात्र के अनुसार समाज के कल्याण के लिए उचित और ठीक आचार–व्यवहार करने के नियमों, सिद्धांतों आदि का विवेचन होता है। | اِخلاقیات نیتیٖ شاستر | इख्लाकियात नीति शास्तुर | the science of morality, moral science, ethics. |
| नीबू(नींबू) | पुं. | एक पौधा तथा उसके फल जो गोलाकार या लंबोतरे तथा खट्टे रस से भरे होते हैं। | لیوٚنب؛ نیوم | ल्यौंब; न्योम | lemon, lime (tree and fruit). |
| नीम | पुं. | छोटी–छोटी पत्तियोंवाला एक प्रसिद्ध पेड़ जिसकी पतली शाखाओं की दातुन बनती है और जिसकी छाल और पत्तियां अनेक प्रकार के कृमियों की नाशक मानी गई हैं। | 'نیٖم' کُل | 'नीम' कुल | margosa tree, neem tree. |
| नीम–हकीम | पुं. | बहुत कम जानकारी रखनेवाला चिकित्सक, (ला.) कच्चा जानकार। | نیٖم–حکیٖم | नीम-हेकीम | quack, empiric. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नीयत | स्त्री. | मनोगत या आंतरिक आशय, उद्देश्य या लक्ष्य, भावना, मंशा, इरादा। | نیتھ | नियथ | motive, intentior |
| नीर | पु. | 1. जल, पानी;<br>2. जल की तरह का तरल पदार्थ। | آب، ژل، پونی؛<br>آب ہیو مایہ | आब, जल, पोन्य;<br>आब ह्यू मायि | water;<br>water-like liquid. |
| नीरक्षीरविवेक | पु. | (मिले हुए पानी और दूध को अलग–अलग करने का ज्ञान या शक्ति) ऐसा विवेक या ज्ञान जो भले–बुरे, न्याय अन्याय आदि में ठीक, पूरा और स्पष्ट भेद या विभाग कर सके। | دود تہ آب بیون کرن وول، گاٹہ جار | दुद तु आब ब्योन करन वोल, गाटुजार | (lit. knowledge o power of discriminating water and milk mixed together) discriminatory power of distinguishing right and wrong, good and bad, jus and unjust and so on, power of discrimination. |
| नीरज | पु. | 1. जो जल से उत्पन्न हुआ हो;<br>2. कमल। | آبہ منز ژدامُت؛<br>پمپوش | आबु मंज़ु द्रामुत;<br>पंपोश | born or produced in water;<br>a lotus (in general). |
| | वि. | जो जल से उत्पन्न हुआ हो। | آبہ دژامُت، پانہ وۄپدیوٗمُت | आब द्रामुत, पानि वोपद्यामुत | water-born, produced in water. |
| नीरधि | पुं. | समुद्र, सागर। | سۄدُر | सोदुर | the ocean. |
| नीरव | वि. | 1. निःशब्द, ध्वनि या आवाज़ से रहित;<br>2. चुप, मौन, शांत। | بے آواز؛<br>خاموش | बे आवाज़;<br>खामोश | not making any noise, noiseless, soundless;<br>silent, quiet, calm. |
| नीरवता | स्त्री. | 1. चुप होने की अवस्था या भाव, मौन, शांति;<br>2. सन्नाटा, निःशब्दता। | ژھوپ؛<br>خاموشی | छुप;<br>खामूशी | silence, calmness;<br>noiselessness, soundlessness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नीरस | वि. | 1. फीका, स्वादहीन; | بےٚمزٕ، | बेमज़ु; | tasteless, flat, flavourless. insipid; |
| | | 2. रसहीन; | رٕسۍ رۄس، | रसु रोस; | sapless, without juice; |
| | | 3. जिसमें कोई आकर्षक, मनोरंजक या रुचिकर तत्व या बात न हो; | خۄشُکھ، | ख्वशुख; | wanting in charms. charmless, uninteresting, prosaic; |
| | | 4. शुष्क, सूखा; | ہۄکھ، | होख; | withered or dried up, dry; |
| | | 5. (ला.) सौंदर्यबोध की वृत्ति से रहित। | (ورگہٕ) بےٚزوق | (वर्गी) बेज़ोक | (fig.) lacking aesthetic sense. |
| नीरा | स्त्री. | खजूर या ताड़ के वृक्ष का वह रस जो प्रात:काल उतारा जाता है और जो पीने में स्वादिष्ट और गुणकारी होता है। | کھٔجِرٕ کُلیک رس | खजुर कुल्युक रस | juice of date-palm or palm tree. |
| नीरोग | वि. | रोगरहित, स्वस्थ। | اوٗر دوٗر | ओर दोर | free from sickness or disease, healthy, sound. |
| नील | वि. | गहरे आसमानी रंग का। | نیوٗل | न्यूल | blue. |
| | पु. | एक प्रसिद्ध पौधा तथा उसके नीले रंग के फूलों से निकाला जानेवाला नीला रंग जो प्राय: धुलाई, रंगाई आदि के काम आता है। | نیٖل | नील | indigo (the plant and the dye). |
| नीलकंठ | पुं. | 1. एक प्रकार की छोटी चिड़िया जिसका गला और डैने नीले होते हैं; | 'نیٖلہٕ کانٹھ' جانٛاوار، | 'नीलु कांठ' जानावार; | (blue-necked) jay; |
| | | 2. शिव का एक नाम; | شنکر، | शंकर; | an epithet of Siva: |
| | | 3. मोर। | موٗر | मोर | a peacock; |
| | वि. | जिसका कंठ नीला हो। | نیٖلہِ ۂٹہٕ وول | नीलि हटि वोल | blue-necked. |
| नीलगाए | स्त्री. | नीलापन लिए भूरे रंग का एक वन्य पशु जो गाए के आकार का होता है। | نیٖجہِ مِنہِ مَر | नीज्य मिनि मेर | blue bull. |
| नीलम | पुं. | नीले रंग का एक प्रसिद्ध रत्न, नीलमणि। | نیٖلم | नीलम | sapphire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नीला | वि. | आकाश या नील की तरह के रंग का, आसमानी। | نیٖوٗل | न्यूल | blue, azure. |
| नीलाथोथा | पुं. | तांबें का एक यौगिक, तूतिया। | نیٖلہٕ تھوتھ | नीलु थुथ | sulphate of copper |
| नीलाम | पुं. | सार्वजनिक बिक्री का वह ढंग जिसमें सबसे अधिक दाम लगानेवाले के हाथ वस्तुएं बेची जाती हैं। | لیٖلامہٕ | लीलामु | auction, public sale. |
| नीलाम-घर | पुं. | वह स्थान जहां चीजें नीलाम की जाती हों। | لیٖلامہٕ وان | लीलामु वान | an auction room. |
| नीलामी | स्त्री. | 1. नीलाम करने की क्रिया, ढंग या भाव;<br>2. नीलाम के रूप में बिकनेवाला या बिका हुआ। | لیٖلامہٕ کرُن؛<br>لیٖلامہٕ گوٚمُت | लीलामु करुन;<br>लीलामु गोमुत | auctioning, auction;<br>sold or to be sold in auction. |
| नीलिमा | स्त्री. | नीलापन। | نیٖجر | नीजर | blueness, bluishness. |
| नीवी (वि) | स्त्री. | 1. स्त्रियों की कमर में लपेटी हुई धोती की गाँठ;<br>2. इजारबंद। | ہوٚل؛<br>ڈوٗر | होल;<br>डूर | the knot of the garment worn round a woman's waist;<br>a waist-cord. |
| नीहार | पुं. | 1. कोहरा;<br>2. तुषार, पाला। | وُنَل؛<br>سوٗرہٕ دگ | वुनल;<br>सूरु दग | fog; mist;<br>frost, heavy dew. |
| नीहारिका | स्त्री. | रात के समय आकाश में दिखाई पड़नेवाले घने कोहरे की तरह के प्रकाश-पुंज। | گاشِرزانٛڈ | गाशिर ज़ांड | nebula. |
| नुकती (नुगदी) | स्त्री. | महीन और मीठी बुँदिया जिसके प्रायः लड्डू बनाये जाते हैं। | بوٗندی، بُنٛدیا (مِٹھایہ) | बूंदी, बुंदिया (मिठाय) | a kind of small sweetmeat. |
| नुकसान | पुं. | 1. किसी काम या व्यापार में होने वाला घाटा, हानि, कमी;<br>2. किसी प्रकार होनेवाली खराबी या विकार ;<br>3. क्षति जिससे किसी काम, बात या व्यवहार में कमी पड़ती या बाधा होती है। | نُقصان؛<br>زکھ؛<br>گاٹہٕ، لگہٕ | नुक्सान;<br>ज़ख;<br>गाट्, लगु | loss, disadvantage;<br>harm;<br>damage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नुकीला (नोकीला) | वि. | 1. जिसमें नोक हो; | نوکدار؛ | नोकदार; | pointed; |
| | | 2. तेज नोकवाला। | پیٚتیٚل | पेत्यल | having a sharp point, sharp pointed. |
| नुक्कड़ | पुं. | 1. मकान, गली या रास्ते का वह अंत या सिरा जहां कोई मोड़ पड़ता हो; | موڑ؛ | मोड; | turning point (of a street etc.),end, turn; |
| | | 2. कोना, नोक की तरह आगे निकला हुआ कोना या सिरा। | کوٗنٛج، کوٗن | कूंज, कून | corner, projecting corner. |
| नुक्ता (नुकता) | पुं. | 1. लेखन में अक्षरों के साथ लगाई जानेवाली बिंदी, बिंदु; | نوقطہ، پھیوٗر<br>بیٚنٛد؛ | नुक्तु, फ्योर<br>ब्यंद; | a dot, a point; |
| | | 2. ऐब, दोष। | عاب | आब | fault, flaw. |
| नुक्ताचीनी | स्त्री. | दूसरों की बुराइयां करना या ढूंढना, छिद्रान्वेषण। | نوقطہ چینی | नुक्तु चीनी | fault finding, carping, captiousness, cavil, criticism. |
| नुक्स | पुं. | 1. दोष, बुराई;<br>2. कसर, कमी, त्रुटि। | نوقص؛<br>آچھگی، کسر | नुक्स;<br>आछुगी, कसर | fault, flaw, defect;<br>deficiency. |
| नुचवाना | स. क्रि. | किसी को कुछ नोचने में प्रवृत्त करना, नोचने का काम दूसरे से कराना। | ژلناوُن | जुलनावुन | to cause to be scratched or pinched or plucked pulled, to cause to scratch or pinch or pluck or pull. |
| नुमाइंदगी | स्त्री. | प्रतिनिधि होने की अवस्था या भाव, प्रतिनिधित्व। | نُمایندگی | नुमायंदगी | representation, delegacy. |
| नुमाइंदा | पुं. | वह जो दूसरों का प्रतिनिधित्व करता हो, प्रतिनिधि। | نُمایندٕ | नुमायंद | representative, delegate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नुमाइश | स्त्री. | 1. नाना प्रकार की कलात्मक, उपयोगी नई वस्तुओं का एक स्थान पर किया जानेवाला सार्वजनिक प्रदर्शन, प्रदर्शनी; | نُمأیِش؛ | नुमायिश; | exhibition; |
| | | 2. दिखावा, प्रदर्शन। | ہاو باو | हावबाव | (fig) a show, display. |
| नुमाइशी | वि. | 1. दिखावटी; | دِکھاوٕٹی؛ | दिखावटी; | showy, ostensible, ostentatious; |
| | | 2. नुमाइश–संबंधी; | نُمأیِشِہ مُتلق؛ | नुमायिशि मुतलक़; | relating or pertaining to an exhibition; |
| | | 3. (वस्तु) जो नुमाइश में रखी गई हो या रखी जानी हो, प्रदर्शनार्थ रखी गई (वस्तु)। | ہاوَنہٕ باپتھ تھوَوٕنٕت چیز | हावनु बापथ थावुत चीज़ | meant for show, display or exhibition. |
| नुस्खा (नुसखा) | पु. | औषध तथा उसकी सेवनविधि के संबंध में दिया गया चिकित्सक का (प्रायः लिखित) निदेश। | نُسخہٕ | नुस्ख | recipe, prescription direction of a physician for composition and use of medicine. |
| नूतन | वि. | 1. नवीन, नया; | نٔو، نٔوین؛ | नोद, नवीन; | new, novel, fresh; |
| | | 2. तुरंत या हाल का; | حال حالُک؛ | हाल हालुक; | recent, modern; |
| | | 3. अनोखा, अनूठा | عجیب | अजीब | curious, strange. |
| नूतनता | स्त्री. | नूतन होने की अवस्था या भाव, नवीनता, नयापन। | نوہر | नव्यर | newness, freshness, novelty. |
| नून–तेल | पु. | (मुहा.) (नमक और तेल) घर–गृहस्थी के लिए आवश्यक खाद्य–पदार्थ और शेष सामग्री। | نوٗن تیل | नूनतील | (lit . salt and oil) the necessaries of life. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नूपुर | पुं. | 1. स्त्रियों के पैर का एक आभूषण, पायल, पैंजनी; | پانزیب؛ | पांज़ेब; | ornament for the feet, anklet; |
| | | 2. घुंघरू। | رقِنہ | रुनि | kind of tinkling ornament for the ankles, set of jingling bells worn around the ankles. |
| नूर | पुं. | 1. ज्योति, प्रकाश; | نوٗر؛ | नूर; | light; |
| | | 2. आभा, चमक, दीप्ति। | گاہ | गाह | brilliance, lustre, resplendence. |
| नृतत्वशास्त्र | पुं. | वह शास्त्र जिसमें मानव जाति की उत्पत्ति और विकास आदि का विवेचन होता है, मानवविज्ञान। | اِنسان وُپادیاتھ | इनसान वुपादियाथ | anthropology. |
| नृत्त | पुं. | (पारि) नाच, वह नाच जिसमें अंगों का विक्षेप भी किया जाता है। | نژُن، گتہٕ کاری | नचुन, गतुकारी | Arc. dancing, (tech) a dance with deflexion of limbs, gesticulation. |
| नृत्य | पुं. | ताल, लय आदि के अनुसार शरीर के अंगों का किया जानेवाला संचालन, नाच। | ناچ | नाच | dancing, a dance, gesticulation. |
| नृत्यगीत | पुं. | 1. ऐसा नृत्य जिसमें नर्तक साथ–साथ गाते भी हैं; | باتہٕ–نژُن؛ | बात़ु-नचुन; | dance accompanied by music or song; |
| | | 2. नृत्य और गीत, नाचगाना। | نژُن تہٕ گیوُن | नचुन तु ग्यवुन | dancing and singing, dance and song or music. |
| नृत्यशाला | स्त्री. | नाचघर। | نژن ہال | नचन हाल | dancing hall. |
| नृप | पुं. | राजा। | راژ | राज़ु | ruler of men, king, monarch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नृपति | पुं. | दे. 'नृप'। | پاچھاہ | पाछाह | see 'नृप'. |
| नृशंस | वि. | 1. निर्दय, क्रूर; | ظالِم؛ | ज़ालिम; | cruel, hardhearte savage; |
| | | 2. अत्याचारी। | ظُلمی | ज़ुल्मी | tyrannous, atrocious. |
| नृशंसता | स्त्री. | 1. नृशंस होने की अवस्था गुण या भाव, निर्दयता, क्रूरता; | بربرِیتھ؛ | बर्बरियथ; | cruelty, hardheartedness. savagery; |
| | | 2. अत्याचार। | ظُلُم | ज़ुलुम | tyranny, atrocity |
| ने | पर. | हिन्दी में सकर्मक भूतकालिक क्रिया के कर्त्ता के साथ लगनेवाली एक विभक्ति या परसर्ग, कर्ताकारक की विभक्ति या परसर्ग। | 'نے' (ہیندی زبانٕ منز فاعِلُک نِشانہٕ) | 'ने' (हेन्दी ज़बान्य मंज़ फायिलुक निशानु) | post-position of tl agent or active ca in Hindi. |
| नेक | वि. | 1. अच्छा, भला; | نیکھ، جان؛ | नेख, जान; | good; |
| | | 2. सज्जन, शिष्ट; | رُت؛ | रुत; | gentle, virtuous; |
| | | 3. शुभ। | پھروٗچ | फ्रूच | auspicious, lucky |
| नेकचलन | वि. | जिसका आचरण उत्तम हो | نیکھ چلن | नेख चलन | of good conduct. |
| नेकनामी | स्त्री. | सुनाम, सुख्याति, प्रतिष्ठा। | نیکھ نامی | नेखनामी | good name, reputation. |
| नेकनीयत | वि. | 1. जिसकी नीयत अच्छी हो, सदाशय; | نیکھ نیتھ؛ | नेख नियथ; | well-intentioned, well-meaning, bonafide; |
| | | 2. ईमानदार, सच्चा। | ایمان دار | ईमानदार | honest, sincere. |
| नेकनीयती | स्त्री. | 1. नेकनीयत होने की अवस्था या भाव, सदाशयता; | نیکھ نیتی؛ | नेख नियती; | goodness of intention, good faith, bonafides; |
| | | 2. ईमानदारी, सच्चाई। | ایمانداری | ईमानदारी | honesty, sincerity |
| नेकी | स्त्री. | 1. नेक होने की अवस्था या भाव, अच्छाई, सदाशयता, सज्जनता; | نیکی؛ | नीकी; | goodness, piety, virtue, bonafides; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. परोपकार, भलाई। | جانٛیر | जान्यर | beneficence, benevolence, charity. |
| नेकी–बदी | स्त्री. | 1. भलाई और बुराई;<br>2. शुभ और अशुभ कर्म, पाप–पुण्य। | نیٖکی بدی؛<br>گناہ تہٕ ثواب | नीकी बंदी;<br>ग्वनाह तु सवाब | good and evil, good and bad; virtue and vice. |
| नेग | पु. | मांगलिक और शुभ अवसरों पर संबंधियों, नौकरोंचाकरों आदि को दिया जाने वाला धन, उपहार आदि। | شوٗگوٗن | शोगुन | the customary presents at marriages and on other festive occasions made to relatives and dependants. |
| नेगचार | पु. | मांगलिक अवसरों पर नेग के रूप में थोड़ा–थोड़ा धन या उपहार देने की क्रिया, भाव या विधान। | (گُلِہ میوٗٹھ کرُن<br>یا بڑیٖن دوہن<br>پیٛٹھ خرچِہ دیُن) | (गुलि म्यूठ करुन<br>या बड़्यन दुहन<br>प्यठ खर्चि द्युन) | act or ceremony of giving customary presents or gifts to relatives and dependants on festive occasions. |
| नेगी | पुं. | शुभ अवसरों पर नेग पाने का अधिकारी। | یس گُلِہ میوٗٹھ<br>واتِہ | यस गुलिम्यूठ<br>व़ाति | one who claims or expects the customary presents or gifts on festive occasions. |
| नेजा | पु. | भाला, बरछा। | نیزٕ | नेज़ु | short spear, lance, javelin. |
| नेता | पुं. | 1. किसी धार्मिक संप्रदाय या राजनीतिक या सामाजिक दल का वह व्यक्ति जो लोगों का मार्गदर्शन करता हो और लोगों को अपना अनुयायी बनाकर रखता हो; | لیٖڈر؛ | लीडर; | one who leads or guides, a leader, a guide; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अगुआ, अग्रगामी, किसी क्षेत्र में सर्वप्रथम या सबसे आगे कोई काम करने वाला। | رہبر | रहबर | a pioneer. |
| नेतागीरी (नेतागिरी) | स्त्री. | नेता होने का भाव, कार्य या पद। (हीनार्थ में भी प्रयोग) | لیڈری | लीडरी | leadership. (in a derogatory meaning also). |
| नेती | स्त्री. | 1. मथानी चलाने की रस्सी; | دیانٛ رزٕ | घांन्य रज़; | rope or string of a dolly or churning stick; |
| | | 2. मुंह और नाक के छिद्र से सूत आदि खींचना। (योग–क्रिया) | آسہِ تہٕ نستہِ منٛزِ رزٕ تارُن (یوٗگ) | आसु तु नस्ति मंज़्य रज़ तारुन्य ( यूग) | drawing of a thread through the nose and mouth. (yogic exercise) |
| नेतृत्व | पुं. | नेता बनकर किसी सम्प्रदाय या दल के मार्ग–दर्शन तथा उसके कार्यों के संचालन करने का कार्य, नेता का पद तथा कार्य। | رہبری | रहबरी | office or business of a leader, leadership, guidance. |
| नेत्र | पुं. | आंख। | نیتٕھر، اچھ | न्यथुर, अछ | eye. |
| नेत्रजल | पु. | आंसू। | اوٗش | ओ़श | tears. |
| नेत्रदान | पु. | मृत्यु के बाद अपनी आंखों का किया जाने वाला दान ताकि वह नेत्रहीन लोगों को लगाई जा सकें। | اچھ عطیہِ یا دان | अंछ अंतियि या दान | donation of the eyes. |
| नेपथ्य | पु. | 1. रंगमंच का वह भाग जो दर्शकों की दृष्टि से ओझल रहता है और जिसमें अभिनेता उपयुक्त वेश–भूषा आदि से सज्जित होते हैं; | سٹیجُک ساز کمرٕ؛ | सिटेजुक साजु कमरु; | retiring-room, the space where the actors attire themsalves (which is always behind the curtain), the back of the stage, green room; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पहनने के कपड़े, (विशेषत: अभिनेताओं के कपड़े); | پوشاکھ (پاتھر)؛ | पुशाख (पाथुर) ; | dress, apparel, costume, attire (particularly the costume of an actor); |
| | | 3. (tech.) सजावट, सज्जा। | سجاوٹھ | सजावठ | decoration. |
| नेफा | पु. | पायजामे, लहंगे आदि में इज़ारबंद डालने का स्थान। | گیگر | ग्यगुर | the stitched hollow part in top of trousers etc. through which a tape or string is inserted for binding it round the waist. |
| नेम | पु. | 1. नियम, कायदा, (विशेषता: धार्मिक कृत्य संबंधी); | قونون؛ | कोनून; | rule, principle (of religious conduct); |
| | | 2. प्रथा, रीति, धार्मिक रीति; | رِواج، ریتھ؛ | र्यवाज, रीथ; | customs, religious practice; |
| | | 3. नियमित रूप से होती रहनेवाली बात, नित्यकर्म, नित्यचर्या। | دوٚہ دِش | दोहदिश | routine. |
| नेम–धर्म | पु. | संध्या–वंदन, पूजन आदि धार्मिक कृत्य। | مذہبی رسم، نیم دَرم | मज़हबी रसुम, नेम दरुम | religious observances and practices. |
| नेमी | पुं. | बंधी हुई कार्य पद्धति, (fig) सिलसिला, परिपाटी | دوٚہ دِشی | दोहदिश्य | routine. |
| | वि. | धार्मिक–कृत्य–संबंधी नियम का दृढ़तापूर्वक पालन करनेवाला। | مذہبی رسمن پابند | मजहबी रस्मन पाबंद | who is regular in observing the rules of religious conducts, firm in religious observances and practices. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नेवला | पु. | चूहे के आकार का भूरे रंग का चार पैरोंवाला एक जंतु जो सांप को मार डालता है। | نۆل | नूल | a mongoose, ichneumon. |
| नेस्त-नाबूद | वि. | जड़-मूल से नष्ट, समूल नष्ट, पूर्णतः विनष्ट। | نیست-نابود | नेस्त-नाबूद | completely destroyed, devastated. |
| नैतिक | वि. | 1. नीति के अनुसार होने वाला;<br>2. नीति-युक्त आचरण या व्यवहार से संबंध रखनेवाला;<br>3. नीतिसंबंधी, नीतिविषयक, नीतिशास्त्रीय। | یخلاقی؛<br>یخلاقس<br>متلق؛<br>یخلاقیاتی | यखलाकी;<br>यखलाकस<br>मुतलक;<br>यख्लाकियाती | moral;<br>pertaining to morality;<br>ethical. |
| नैतिकता | स्त्री. | नीति-शास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार किया जानेवाला अच्छा आचरण। | یخلاق | यख्लाक | moral conduct, morality. |
| नैपुण्य | पु. | दे. 'निपुणता'। | مہارتھ | महारथ | see 'निपुणता.' |
| नैमित्तिक | वि. | 1. किसी निमित्त या प्रयोजन के उपस्थित होने पर किया जाने वाला या होने वाला, प्रासंगिक, आनुषंगिक;<br>2. आकस्मिक। | وۆجوٗہاتی؛<br>اچانکھ | वोजूहाती;<br>अचानख | functional, occasional, incidental;<br>accidental. |
| नैया | स्त्री. | दे. 'नाव'। | ناو | नाव | see 'नाव.' |
| नैयायिक | पुं | 1. न्याय दर्शन का ज्ञाता, न्यायवेत्ता;<br>2. न्याय दर्शन का अनुयायी। | نیاے شاستر زانن وول؛<br>منطق زانن وول؛<br>منطق مانن وول | न्याय शास्तुर ज़ानन वोल;<br>मनत्यखक ज़ानन वोल;<br>मनत्यख मानन वोल | knowing the Nyaya philosophy.<br>a follower of the Nyaya system of philosophy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नैरंतर्य | पुं. | किसी का क्रम बराबर रहने का भाव या स्थिति, निरंतरता। | اژھینرگی | अंछ्यनगी | uninterruptedness, close succession, continuity. |
| नैराश्य | पुं. | 1. निराश होने की अवस्था या भाव, नाउम्मेदी; | ناوومیدی؛ | नावुमीदी; | hopelessnes, despair, frustration; |
| | | 2. निराश होने के फल–स्वरूप होने वाली उदासी, अवसाद। | وۄداسی | वुदासी | dejection, sadness despondency. |
| नैऋत्य | वि. | निऋति संबंधी, दक्षिण–पश्चिमी। | جنوٗبہ مغربُک | जनूब मगरिबुक | south-western. |
| | पुं. | दक्षिण–पश्चिम की दिशा। | جنوٗبہ مغربُک طرف | जनूब मगरिबुक तरफ | south-west direction. |
| नैवेद्य | पुं. | देवता या मूर्ति को भेंट की या चढ़ाई हुई खाद्यवस्तु, भोग। | نۄید، ژوٚٹ | नवीद, चोट | offering of eatables presented to a deity or idol, oblation. |
| नैष्ठिक | वि. | 1. निष्ठावान्, श्रद्धावान् धार्मिक निष्ठा से युक्त; | با ایمان، عقیدت مند، دھرماتما؛ | बाईमान, अकीदत मंद, दर्मात्या; | faithful, inspired by religious faith, devout; |
| | | 2. आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत धारण करने वाला। | پرہیزگاری تہٕ پاکیزگی ہُند عہد کرُن | परहेज़गारी त पाकीज़गी हुँद अहद करुन | vowing perpetual abstinence and chastity. |
| नैसर्गिक | वि. | 1. निसर्ग या प्रकृति से संबंध रखनेवाला या उससे होने वाला, प्राकृतिक, कुदरती; | فِطری؛ | फितरी; | natural; |
| | | 2. स्वतः प्रसूत, सहज, स्वाभाविक, जन्मजात। | پادٲشی، یکدم، قدرتی | पादोशी, यकदम, कुदरती | inborn, innate, spontaneous. |
| नैहर | पुं. | विवाहिता स्त्री की दृष्टि से उसके पिता का घर, पीहर, मायका। | مالیُن | माल्युन | married woman's parental house, wife's paternal home. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नोक | स्त्री. | 1. किसी चीज का आगे वाला वह सिरा जो पतला होता है; | نُوکتہٕ؛ | नुक्त; | point, tip; |
| | | 2. सिरा; | اَنٛدٕ؛ | अन्द; | end; |
| | | 3. अग्रभाग। | بْرٛونٛہہٕ لوٗگ | ब्रोंह लोग | forepart. |
| नोक–झोंक | स्त्री. | परस्पर होने वाली झड़प, कहा–सुनी या वाद–विवाद जिसमें कटुता की मात्रा कम और आक्षेप तथा व्यंग्य की मात्रा अधिक हो। | خوش گپہٕ، ہزل مخول | खुश गप, हजुल मखोल | sarcastic exchang or comments, mock altercation repartee, pleasantry. |
| नोकदार | वि. | जिसमें नोक हो, नोकवाला, अनीदार। | نوکدار، تیز | नोकदार, तेज | pointed, sharp. |
| नोच | स्त्री. | 1. झपटकर जबरदस्ती छीन लेने या छीनकर भागने की क्रिया या भाव; | ثَپھ دِتھ نیُن؛ | थफ दिथ न्युन; | grabbing, grab, snatching; |
| | | 2. नोचने की क्रिया या भाव। | کشُن، تَچھُن | कशुन, तछुन | scratching, scratcl pinch, clawing. |
| नोच–खसोट | स्त्री. | 1. दो जीवों का परस्पर लड़ते समय अपने–अपने दांतों, नाखूनों आदि से दूसरों के अंगों में से बाल, मांस आदि नोचना; | پانٕہ وٲنۍ بُتھۍ زولنۍ بُتھ نہروٗنۍ؛ | पानु वोन्य बुथ्य जुलुन्य बुथ्य नहर्वन्य; | mutual scratching and tearing, pinching, plucking |
| | | 2. छीना–झपटी, छीन–झपट। | گِلِہ وِتھ نیُن، لوٗٹھ کرُن | गिलुविथ न्युन, लूठ करुन | grabbing, snatching, plunder |
| नोचना | स.क्रि. | 1. जमी या लगीं हुई वस्तु को झटके से खींचकर अलग करना; | لَمِتھ کڈُن، نٮ۪بر کڈُن؛ | लमिथ कडुन, न्यबर कडुन; | to pull out, pluc out; |
| | | 2. नख आदि से विदीर्ण करना। | نموٕ سٟتۍ زلُن | नमव सूत्य जुलुन | to pinch, to scratch, to claw. |
| नोट | पु. | 1. ध्यान रखने के लिए लिख लेने का काम, टीप; | نوٹ کرُن، لیکھُن؛ | नोट करुन, लेखुन; | the act of noting or writing down; |
| | | 2. लिखी हुई संक्षिप्त चिट्ठी या परचा; | نوٹ، مختصر بیان؛ | नोट, मुखतुसर बयान; | brief statement or record, note; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. अभिप्राय, आशय, विचार आदि प्रकट करनेवाला छोटा लेख, टिप्पणी; | مُختصر مضمُون، نوٹ، | मुखसर मज़मून, नोट; | a short article, a note, annotation; |
| | | 4. सरकार की ओर से भिन्न–भिन्न धनराशियों के लिए जारी किया गया कागजी सिक्का। | لوٹھ، نوٹھ | लोठ, नोठ | currency note. |
| नोटिस | पु. | 1. विज्ञप्ति, सूचना; | نوٹس، | नोटस; | notice, information; |
| | | 2. इश्तहार, विज्ञापन, सूचनापत्र। | عام اِطلاع | आम इतला | placard, notice. |
| नौ | वि. | 1. जो गिनती में आठ से एक अधिक हो; | نو (۹)؛ | नव (९); | nine; |
| | | 2. नया, हाल का। | نوٚو، تازٕ | नोव, ताज़ु | new, fresh (in comp). |
| | पुं. | 1. समुद्र में चलने वाला जहाज, जलयान, पोत; | جہاز، | जहाज; | ship, vessel; |
| | | 2. नौ की सूचक संख्या। | نو (۹) | नव (९) | the number nine. |
| नौकर | पुं. | 1. घर–गृहस्थी के छोटे–मोटे काम करने के लिए वेतन आदि पर नियुक्त मनुष्य, भृत्य, सेवक; | گرٕ موہنیوٗ، | गर-मोहन्युव; | domestic attendant, servant; |
| | | 2. वह जो लिखा–पढ़ी, व्यवस्था आदि के कामों में सहायता देने या उन्हें सम्पन्न करने के लिए वेतन पर नियुक्त किया जाता या होता है, कर्मचारी। | مُلازِم | मुलाज़िम | employee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नौकरचाकर | पुं. | सारे नौकर, सेवकगण, अनुचरवर्ग, परिजन। | نوکر-چاکر | नोकर-चाकर | the whole retinue of attendants, employees, servants, domestics. |
| नौकरशाही | स्त्री. | वह शासन प्रणाली जिसमें यह माना जाता है कि देश का वास्तविक शासन बड़े-बड़े सरकारी कर्मचारियों के हाथ में रहता है। | نوکرشاہی | नोकरशाही | bureaucracy. |
| नौकरानी | स्त्री. | घर—गृहस्थी का काम करने वाली दासी। | دایے، نوکرانۍ | दाय, नोकरान्य | woman servant, female domestic servant, waiting-woman. |
| नौकरी | स्त्री. | 1. नौकर बनकर कार्यालय आदि में काम करते रहने की अवस्था या भाव, सेवा, राजसेवा; | نوکری؛ | नोकरी; | service, public service; |
| | | 2. वह पद या काम जिसके लिए वेतन मिलता हो, रोजगार, काम; | مُلازِمَت؛ | मुलाजिमत; | employment, job; |
| | | 3. टहल, परिचर्या, चाकरी, सेवा। | حاضِری | हाजिरी | attendance. |
| नौकरीपेशा | पुं. | वह जो नौकरी करके जीविका चलाता हो। | نوکری منز، نوکر، نوکر پیشہٕ | नोकरी मंज, नोकर, नोकरपेशु | (men) in-service. |
| नौका | स्त्री. | नाव, किश्ती। | ناو، شِکارٕ | नाव, शिकार्य | a boat, ferry. |
| नौजवान | वि. पुं. | जिसमें युवास्था का आरंभ हुआ हो, जवान, युवक, नवयुवक। | نوجوان، (پھٹہٕ-پھٹہٕ کرون چھبُر) | नौजवान, (फट्ट-फट्ट करुवुन चुबुर) | youngman, youth, one in the bloom of youth, in the prime of life. |
| नौजवानी | स्त्री. | नौजवान होने की अवस्था या भाव, युवावस्था। | جوانی | जवानी | young age, bloom of youth, prime of life, youth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| नौटंकी | स्त्री. | साधारण जनता में अभिनीत होने वाला एक प्रकार का लोक—नाट्य जिसका कथानक प्राय: शृंगार और वीर.रस से युक्त होता है। | اکِ قسُک لُکِہ ناٹکھ | अकि कुसुक लुकु नाटुख | a kind of folk drama. |
| नौ - निहाल | पुं. | 1. होनहार पीढ़ी, नौजवान, नवयुवक, युवजन; | خصیہ وُنۍ پُے یا | खसुवुन्य पुय; | growing or rising generation, youth, young people; |
| | | 2. बच्चा। | شُر | शुर | child, baby. |
| नौबत | स्त्री. | 1. किसी अनिष्ट या अवांछनीय घटना के घटित होने की पारी या स्थिति, बारी, समय; | منحوس گرٕ، ناکارہ وِزِ؛ | मनहूस गर, नाकारु विज; | ominous turn, situation, occasion, a dreaded point of evil happening; |
| | | 2. (ला.) दुर्गति, दुर्दशा; | (ورگہ) دورگتھ؛ | (वर्ग) दुर्गथ; | (fig) state of affairs, conditions (bad); |
| | | 3. नगाड़ा, शहनाई आदि मांगलिक बाजे जो मंदिरो, महलों आदि में नित्य या कुछ नियमित अवसरों पर बजा करते हैं; | نیک شگوٗنہٕ وول ساز؛ | नेक शगूनु वोल साज; | the auspicious musical instruments like Kettle drum, clarinet etc. |
| | | 4. नगाड़ा। | بوڑ ڈول | बोड डोल | a large kettle drum. |
| नौलखा | वि. | 1. जिसका मूल्य नौ - लाख रुपयों के बराबर हो; | نولچھ روپیہ لوَن وول، | नव लछ रुपयि लवन.वोल; | worth nine lac rupees; |
| | | 2. जड़ाऊ और बहुमूल्य। | جواہرو تہٕ مولہ لیو لالو جٕرِتھ | जवाहिरव तु मुलल्यव लालव जरिथ | studded with jewels and valuables. |
| नौविज्ञान | पुं. | वह विज्ञान जिसमें समुद्र में जहाज आदि चलाने की कला या विद्या का विवेचन होता है। | سمندری سایِنس | समंदरी साईनस | nautical science. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **नौसादर** | पुं. | एक प्रकार का तीक्ष्ण झालदार क्षार या नमक, जिसका उपयोग औषधों में होता है। | نوسادر<br>(اموٗنیم<br>کلورایڈ) | नौसादर<br>(अमूनियम<br>क्लोराइड) | sal—ammoniac, ammonium chloride. |
| **नौसिखिया** | वि.,पुं. | जिसने हाल ही में कोई काम सीखा हो या सीखना आरंभ किया हो और फलत जो अभी तक उस काम में कुशल या निपुण न हुआ हो। | اڈٕ ہیچھر | अड् हेछर | a beginner, a novice, a fresher, a learner, not well-trained. |
| **नौसेना** | स्त्री. | वह सेना जो जहाजों पर रहती और समुद्र में रहकर शत्रुओं से युद्ध करती है, जल सेना। | سمندری فوج،<br>بحری فوج | समंदरी फोज,<br>बहरी फोज | navy, naval force. |
| **नौसेनाध्यक्ष** | पुं. | नौसेना का सबसे बड़ा अधिकारी। | امیرُ البحر | अमीरुल बहर | a chief of naval staff, admiral. |
| **नौसेवा** | स्त्री. | 1. नौसेना में की जानेवाली सेवा या नौकरी;<br>2. नौसेना में काम करने वालों का समूह। | سمندری نوکری؛<br>بحری اسٹاف | समंदरी नोकरी;<br>बहरी स्टाफ | naval service;<br>naval staff. |
| **नौसैनिक** | पुं. | नौसेना या जल सेना का सैनिक। | بحری سپاہ | बहरी सिपाह | naval soldier. |
| | वि. | नौसेना संबंधी। | بحری | बह़री | naval. |
| **न्यस्त** | वि. | 1. रखा या स्थापित किया हुआ;<br>2. न्यास या अमानत के रूप में रखा हुआ, जमा किया हुआ;<br>3. दिया या सौंपा हुआ, निहित। | جمع تھوٚوومُت،<br>کُنہِ جایہِ تھوٚوومُت؛<br>حوالہٕ کوٚرمُت،<br>جمع کوٚرمُت،<br>واتنووومُت،<br>بخشووومُت | जमह थोवमुत,<br>कुनि जायि थोवमुत;<br>ह्वालु कोरमुत,<br>जमह कोरमुत,<br>वातुनोवमुत,<br>बख़शोवुमत | placed, laid, deposited, vested;<br>deposited, trusted;<br>delivered, vested, bestowed, entrusted. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| न्याय | पुं. | 1. ऐसा आचरण या व्यवहार जिसमें नैतिक दृष्टि से किसी प्रकार का अनौचित्य, पक्षपात या बेईमानी न हो, इंसाफ; | انصاف، دٰیانتھ؛ | इन्साफ, द्यानथ; | justice, equity, righteousness, honesty, fairness; |
| | | 2. विवाद आदि के प्रसंगों में आधिकारिक रूप में उचित–अनुचित का निर्णय तथा दंड आदि का निश्चय करना, निर्णयन; | انصاف کرُن، فاصلہٕ کرُن؛ | इन्साफ करुन, फासलु करुन; | judging, deciding, decreeing; |
| | | 3. उक्त के संबंध में आधिकारिक रूप से होनेवाला निर्णय या निश्चय, फैसला; | عدالتی سزا، فاصلہٕ؛ | अदालती सज़ा, फासलु; | judicial decision, |
| | | 4. गौतम मुनि द्वारा प्रणीत न्याय–दर्शन; | سُہ ہِنٛدۍ فلسفہٕ یُس گوتم ریشن بنوو، نیاے درشن؛ | सु हेंद्य फलसफु युस गोतम र्यश बनोव, न्याय दर्शन; | a system of Hindu philosophy founded by the sage Gautma, the Nyaya philosophy; |
| | | 5. तर्कशास्त्र। | منطقُک سائنس | मनत्यकुक साइनस | the science of logic, logical philosophy. |
| न्यायपरता | स्त्री. | न्यायपरक या न्यायपरायण होने की अवस्था या भाव, न्यायपरायणता, न्यायशीलता, औचित्य, सच्चाई, ईमानदारी। | عدل، دٰیانت | अदुल, द्यानत | justness, justice, fairness, equitability, honesty. |
| न्याय–परायण | वि. | न्यायपूर्ण आचरण करने वाला, न्यायशील, सच्चा, ईमानदार। | عادِل، دٰیانت دار، امین | आदिल, द्यानतदार, अमीन | just, fair, equitable, honest, righteous. |
| न्यायपरायणता | स्त्री. | दे. 'न्यायपरता'। | وُچھِو 'न्यायपरता' | वुछिव 'न्यायपरता' | see 'न्यायपरता'. |
| न्यायमूर्ति | पुं. | उच्चतम न्यायलय के न्यायज्ञ या न्यायकर्ता की उपाधि। | سُپریم کوٗٹُک جج، جج | सुप्रीम कोटुक जज, जज | justice, a judge of supreme court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्यायसंगत** | वि. | 1. जो न्याय की दृष्टि से ठीक हो, न्यायोचित, न्याय्य,न्यायपूर्ण, विधिसंगत; | جایِز، قونوٗنن جایِز؛ | जायिज, कानूनन जायिज; | just, justified, lawful; |
| | | 2. उचित, यथोचित, तर्कसंगत, औचित्यपूर्ण। | مُناسِب | मुनासिब | proper, equitable, fair. |
| **न्यायाधिकरण** | पु. | विवादग्रस्त विषयों पर निर्णय देनेवाला न्यायालय या अधिकारी वर्ग। | ٹرِبیوٗنل | ट्रिब्यूनल | tribunal. |
| **न्यायाधिपति** | पुं. | दे. 'न्यायमूर्ति'। | 'न्यायमूर्ति' وُچھِو | वुछिव 'न्यायमूर्ति' | see 'न्यायमूर्ति.' |
| **न्यायाधीश** | पुं. | न्यायालय का वह अधिकारी जो विवादग्रस्त विषयों पर अपना निर्णय देता है। | جَج | जज | judge. |
| **न्यायालय** | पुं. | वह स्थान जहां पर न्यायधीश न्याय करता हो, अदालत, कचहरी। | کوٚرٹ، عدالت | कोर्ट, अदालत | court (of law). |
| **न्यायिक** | वि. | 1. न्यायालय संबंधी, न्यायालय का, न्यायालय द्वारा प्रवर्तित या किया हुआ, अदालती; | عدالتی؛ | अदालती; | judicial, juridicial; |
| | | 2. न्यायसम्मत, न्यायपूर्ण, उचित। | مُنصِفانہٕ،مُناسِب | मुनसिफानु, मुनासिब | just, justified, fair, equitable. |
| **न्यायी** | पुं. | वह जो न्याय करता हो, पक्षपातरहित, न्यायपरायण, इन्साफी, ईमानदार। | دیانتدار، نیک، مُنصِف | द्यानतदार, नेक, मुनसिफ | just, equitable, honest, fair, righteous. |
| **न्यायोचित** | वि. | न्यायसंगत, न्यायपूर्ण, सच्चा, पक्षपातरहित। | دُرست، پوٚز | दुरुस्त, पोज | just, equitable, fair, right. |
| **न्याय्य** | वि. | दे. 'न्यायोचित'। | 'न्यायोचित' وُچھِو | वुछिव 'न्यायोचित' | see 'न्यायोचित'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **न्यारा** | वि. | 1. पृथक्, अलग, जुदा; | اَلگ، بیُون؛ | अलग, ब्यॊन; | separate, separated; |
| | | 2. भिन्न, अन्य, दूसरा; | مُختلِف؛ | मुखतलिफ; | different, distinct; |
| | | 3. जो अपने किसी विलक्षण गुण या विशेषता के कारण औरों से भिन्न और श्रेष्ठ हो, निराला, अनोखा। | لاثانی | लासानी | extraordinary, uncommon, rare, unique, novel. |
| **न्यास** | पुं. | 1. कोई चीज कहीं जमा करके या बैठाकर रखना, स्थापित करना; | یٖتھ کنِہ تھوُن؛ | य्यठ कनि थवुन; | placing, putting down or upon, planting; |
| | | 2. किसी चीज के कहीं रखे जाने के फलस्वरूप उस स्थान पर बननेवाला चिह्न या निशान; | نِشانہ؛ | निशानु; | hence, any impression, mark, stamp, print; |
| | | 3. धरोहर, अमानत, थाती; | سُپُرد کرُن؛ | सुपर्द करुन; | pledge, deposit; |
| | | 4. किसी विशिष्ट कार्य के लिए अलग किया हुआ वह धन या संपत्ति जो कुछ विश्वस्त व्यक्तियों को इस दृष्टि से सौंपी गई हो कि वे दाता की इच्छा के अनुसार उसका उचित उपयोग और व्यवस्था करेंगे; | ٹرسٹ، وَقف؛ | ट्रस्ट, वकुफ; | trust; |
| | | 5. उक्त प्रकार के धन की व्यवस्था करनेवालों की समिति; | ٹرسٹیین ہنز کمیٹی؛ | ट्रस्टीयन हुंज़ कमीटी; | commitee of the trustees; |
| | | 6. चीजें चुन या सजाकर यथा-स्थान रखना, विन्यास। | اِنتظام | इन्तिजाम | arrangement. |
| **न्यासधारी** | वि.,पुं. | न्यास या धरोहर रखनेवाला। | موتبر | मोतुबर | trustee. |
| **न्यासी** | वि.,पुं. | वह जिसे किसी कार्य विशेष के लिए कुछ धन या संपत्ति सौंपी गई हो। | موتبر، ٹرسٹی | मोतुबर, ट्रस्टी | trustee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यून | वि. | 1. आवश्यकता या उचित से कम, थोड़ा; | کَم؛ | कम; | less; |
| | | 2. किसी की तुलना में घटकर या हल्का; | بُنِم، کَم پایہ؛ | बंनिम, कम पायि; | lower, inferior; |
| | | 3. अपूर्ण; | کَمی وول، نُقصدار؛ | कमी वोल, नुक़्सदार; | deficient, wanting; |
| | | 4. छोटा। | لوکُٹ | लुकुट | small. |
| न्यूनतम | वि. | 1. जो सबसे कम, थोड़ा या संक्षिप्त हो, अल्पतम, लघुतम, कम से कम; | کَمہِ کھوتہِ کَم؛ | कमु खुतु कम; | minimum, minimal; |
| | | 2. जो सबसे घटकर हो, निम्नतम। | ساریوے بُنیُم، ساریوے | सारिवुय बंन्युम, सारिवय | lowest, inferiormost. |
| न्यूनता | स्त्री. | 1. न्यून होने की अवस्था या भाव, अल्पता, कमी; | کَمی؛ | कमी; | shortage, paucity, lack, scarcity; |
| | | 2. हीनता, घटकर होने की अवस्था या भाव; | احساسِ کمتری، ہچر؛ | एहसासि कमतरी, हचर; | inferiority; |
| | | 3. त्रुटि, अपूर्णता। | نامُکمل آسُن، کَمی، نُقص | नामुकुमल आसुन, कमी, नुक़्स | incompleteness, want, deficiency, defect. |
| न्यूनाधिक | वि. | जो कुछ बातों में कहीं कुछ कम और कुछ बातों में कहीं कुछ अधिक हो। | کَم زیادٕ | कम ज़्याद | more or less. |
| न्योतना | स.क्रि. | न्यौता या निमन्त्रण देना। | سال کرُن، داوت دِنی | साल करुन, दावत दिन्य | to invite. |
| न्योतनी | स्त्री. | मंगल अवसरों पर दिया जानेवाला भोज। | بڈِ دُہچ داوتھ | बडि दुहच दावथ | a feast given on festive occasions. |
| न्योता | पुं. | 1. घर पर होनेवाले किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने के लिए किसी से कहना, निमंत्रण; | بڈِ دُہک سال؛ | बडि दुहुक साल; | invitation; |
| | | 2. वह धन जो शुभ अवसरों पर इष्ट मित्रों के यहां से न्योता आने पर दिया या भेजा जाता है। | گُلِمیوٗٹھ | गुलिम्यूठ | money given in lieu of invitation. |
| पंक | पुं. | कीचड़। | رب | रब | mud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंकज | पुं. | कमल। | پمپوش | पंपोश | lotus. |
| पंक्ति | स्त्री. | 1. वह समूह जिसमें प्राय: सजातीय पदार्थ या व्यक्ति एक दूसरे के पीछे या बगल में क्रमश: स्थित हों, श्रेणी, कतार; | نمبروار، اکھ اَکِس پتہٕ؛ | नंबरवार, अख अंकिस पतु; | queue, series; |
| | | 2. भोज में एक साथ खानेवालों की पांत; | سَب؛ | सब; | company of persons eating together; |
| | | 3. एक ही सीध में दूर तक बनी हुई रेखा, लकीर। | لأن، صف | लान, सफ | line, row. |
| पंक्तिबद्ध | वि. | जो एक सीध में खड़े या लगे हों अथवा खड़े किए या लगाए गये हों। | لأنِہ منز، سبِہ منز | लानि मंज़, सबि मंज़ | arranged in a line or row. |
| पंख | पुं. | पक्षियों का तथा कुछ जंतुओं का वह अंग जिससे वे उड़ते हैं। | پکھ، تیر | पख, तीर | wing, feather. |
| पंखड़ी(पांखुड़ी) | स्त्री. | फूल के अंग के रूप में होनेवाले वे कोमल दल जिनके संयोग से उसका मुख्य रूप बनता है। | وُتھر | वथुर | petal. |
| पंखा | पुं. | वह वस्तु जिससे हवा की जाती है। | واوُج، پنکھ | वावुज, पंखु | fan. |
| पंखी | स्त्री. | 1. छोटा पंखा; | لوکُٹ واوُج؛ | लुकुट वावुज; | small fan; |
| | | 2. मुलायम और (हल्की) ऊन की बनी चादर। | نرم تہٕ لوٗتہٕ مُنُج ژادر | नर्म तु लोच मुनुज चादर | soft and light woollen sheet. |
| पंगत (पांति) | स्त्री. | भोज में एक साथ खानेवालों की पांत। | سالرن ہنز سب | सातरन हंज़ सब | row of people sitting down at a meal. |
| पंगु | वि. | जो पांव के बेकार होने से चल–फिर न सकता हो। | موٗزور | मोज़ूर | lame, crippled. |
| पंच | वि. | पांच। | پانژھ، پانژھ | पाँछ, पांछ | five. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. पांच या अधिक मनुष्यों का समूह; | پانٛژن زینٛن ہُنٛز جھُکہٕ؛ | पांचन जन्यन हुंज झुख; | assembly of (originally) five men; |
| | | 2. पंचायत का सदस्य; | پنٛچاژُک میمبر؛ | पंचाटुक म्यम्बर; | member of the 'Panchayat'; |
| | | 3. न्याय करनेवाली सभा; | ثالِثَن ہُنٛز جماتھ؛ | सालिसन हुंज़ जमाथ; | body of arbitrators; |
| | | 4. आपस के झगड़ों का निर्णय करने के लिए चुना गया व्यक्ति। | ثالِث، فاصلی | सालिस, फासुल्य | juror. |
| पंचक | वि. | पांच अवयववाला। | پانٛژن چیزن بنیومُت | पांचन चीजन बन्योमुत | consisting of five components. |
| | पु. | फलित ज्योतिष में धनिष्ठा से रेवती तक के पांच नक्षत्र जिसमें शुभ कार्य का आरंभ निषिद्ध है तथा किसी दुर्घटना का होना बहुत अशुभ माना जाता है। | دٔرٛٹھ پانٛژُکھ | द्रठ पांचुख | the pentad of five planets beginning from Dhanistha and ending in Rewati when auspicious ceremonies are not performed. |
| पंचगुना | वि. | किसी एक अनुपात, मान या मात्रा में उसी जैसे पांच के बराबर हो जाना। | پانٛژ گُن | पांचु गन | five-fold, quintuple. |
| पंच–तत्व | पुं. | पृथ्वी, जल, आग, वायु और प्रकाश-ये पांचों तत्व। | پانٛژھ توتھ یا عناصر (یِکہٕ وَٹ) یانی میٚژ، آب، نار، ہوا تہٕ آکاش | पांज़ तुथ या अनासिर (यिकुवट) यानि मेच, आब, नार, हवा तु आकाश | the five elements taken collectively i.e. the earth, water, fire, air and space. |
| पंचनामा | पुं. | 1. वह पत्र जिस पर पंचों का निर्णय लिखा हो, | ثالِثَن ہُنٛد فاصلہ، پنٛچ نامہ؛ | सालिसन हुंद फासलु, पंचनामु; | arbitration bond, award; |
| | | 2. पत्र जिसके अनुसार दो विरोधी पक्षों ने अपना निर्णय कराने के लिए किसी को पंच चुना हो। | یِقرار نامہ، ثالِث مقرر کرنہٕ پیٚژھ | यकरारनामु, सालिस मुकरर करनु पुछ्य | an agreement or deed according to which an arbitrator is appointed by the contending parties |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंच–भूत | पुं. | भारतीय दर्शन के अनुसार आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी-ये पांच मूल तत्व जिनसे सृष्टि की रचना हुई है। | پانٛژھ تُوتھ عناصر میٚژ، ہوا، نار، آب تہٕ آکاش | पांछ तुथ या अनासर-मेच, हवा, नार, आब तु आकाश | the five elements: earth, air, fire, water and ether or space. |
| पंचम | वि. | 1. पांचवां; | پانٛژِم حِصہٕ؛ | पांचिम हिसु; | the fifth, forming a fifth part; |
| | | 2. संगीतशास्त्र में सरगम का पांचवां स्वर; | پانٛژِم سوٗر (سازک)؛ | पांचिम सुर (साज़ुक); | the fifth note in kind of musical strain; |
| | | 3. व्यंजनों में प्रत्येक वर्ग का अंतिम वर्ण। | دیوناگری اچھر وٕتر ٹیکٕ پنٛژُم یُس اچھر یُس پانٛژن ورگن اندر سارِنی پوٚتُس چھُ | दीवनागरी अछर वतर्युक पूंच्युग सु अछुर युस पांचन वर्गन अन्दर सारिनिय पोतुस छु | the fifth consonant of a class of Devnagari characters i.e. a nasal. |
| पंचमांगी | पुं. | किसी देश या राज्य का वह निवासी जो दूसरे देशों के साथ गुप्त संबंध स्थापित करके अपने देश को हानि पहुंचाता हो, शत्रुओं के साथ मिला हुआ, देशद्रोही। | غدار | गदार | a fifth columnist, a traitor. |
| पंचमी | स्त्री. | 1. पक्ष की पांचवीं तिथि; | پانٛژِم؛ | पांचम; | the fifth day of the half month; |
| | | 2. व्याकरण में अपादान कारक और उसकी विभक्ति। | پنٛژُم کارک | पूंच्युम कारक | the fifth or ablative case (or its termination), a word in the ablative. |
| पंच–मेल | वि. | 1. जिसमें पांच तरह की चीजें मिली हों; | پانٛژن چیزن ہُنٛز مِلاوٹھ؛ | पांचन चीज़न हुँज़ मिलावठ; | mixture of five different ingredients, medley; |
| | | 2. जिसमें सब तरह की चीजें मिलीजुली हों। | کھیچُر | ख्यचुर | hotch-potch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंचशील | पुं. | 1. बौद्धधर्म में सदाचार की पांच पालनीय मुख्य बातें—अस्तेय, अहिंसा, सत्य, बह्मचर्य और मादक पदार्थों का परित्याग; | بُد دَرمُکؠ پانٛژھ<br>یَخلاقی اۆصوٗل؛ | बुद दर्मक्य पांछ<br>यखलाकी ओसूल; | the five chief principles of conduct of Buddhism; |
| | | 2. बांडुंग सम्मेलन में 1954 में पंडित नेहरू द्वारा प्रतिपादित पांच राजनीतिक सिद्धान्त—पारस्परिक सम्मान, अनाक्रमण, अहस्तक्षेप, समानता और सहअस्तित्व। | بینُل اقوامی<br>ورتاوُکؠ پانٛژھ<br>بنیادی اۆصوٗل،<br>یِم جواہر لعل<br>نہرُوٗہن بانڈُنگس<br>منٛز سنہ ۱۹۵۴ء<br>ہس منٛز وَنےٚ یہِ | बैनुल अकवामी<br>वरतावुक्य पांछ<br>बुनियादी ओसूल,<br>यिम जवाहर लाल<br>नहरुहन बांडुंगस<br>मंज़ सन् १९५४<br>हस मंज़ वनेयि | the five basic principles of international conduct designed to achieve and consolidate world-peace, first enunciated by Jawaharlal Nehru in Bandung Conference in 1954. |
| पंचांग | पुं. | वह पंजी या पुस्तिका जिसमें आकाशस्थ ग्रह—नक्षत्रों की दैनिक स्थिति बताई गई हो। | نیٚچھ پٔتر | नेछुपतुर | almanac. |
| पंचांग—वर्ष | पुं. | पंचांग के अनुसार आदि से अंत तक संपूर्ण वर्ष। | کلنڈر وٗری | कलंडर वैरी | calendar year. |
| पंचाट | पुं. | विवाद के संबंध में पंचों का किया हुआ निर्णय। | پنچاٹھ، ثالثی<br>فاصلہٕ | पंचाठ, सालिसी<br>फ़ासलु | award, arbitral award. |
| पंचानवे | वि. | जो गिनती में नब्बे से पांच अधिक हो। | پانٛژُنمتھ | पांचुनमथ | ninety-five. |
| | पुं. | पंचानवे की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—95. | پانٛژُنمتِم گرٛنٛد | पांचुनमतिम ग्रंद | the number ninety-five. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पंचामृत** | पुं. | 1. दूध, दही, घी, मधु और चीनी के मिश्रण से बना हुआ पदार्थ जिसमें देवमूर्ति को स्नान कराया जाता है तथा पीछे प्रसाद में ग्रहण किया जाता है; | پنچامرت: اوم دود، زامت دود، تھنس مانچھ تہ مدریر؛ | पंचामृत: ओम दुद, जामुत दुद, धन्य मांछ त मुदरेर; | five kinds of divine food (viz. milk, coagulated or sour milk , butter, honey and sugar ; |
| | | 2. वैद्यक में पांच औषधियां गिलोय, गोखरु, मुसली, गोरखमुंडी और शतावरी। | پرانہ زمانک ہندوستانی طبی طریقہ، خاصکر پانژھ دواہ | प्रानि जमानुक हिन्दूस्तानी तिबी तरीकु, खासकर पांछ दवाह | in Indian ancient medical system particular five drugs. |
| **पंचायत** | स्त्री. | 1. पंचों की सभा; | گامہ پنچاٹھ؛ | गामु पंचाठ; | village assembly; |
| | | 2. विवाद के संबंध में पंचों द्वारा किया जानेवाला विचार या निपटारा; | ثالثی؛ | सालिसी; | arbitration; |
| | | 3. बिरादरी या समाज के लोगों की वह सभा जिसमें झगड़ों पर विचार किया जाता है और उनका निबटारा किया जाता है। | پنچاٹھ | पंचाठ | a meeting of any particular society (generally as a court of enquiry), court of arbitration (consisting of five or more members). |
| **पंचायती** | वि. | 1. पंचायत संबंधी, पंचायत का; | پنچایتک؛ | पंचायतुक; | pertaining to 'panchayat' or community; |
| | | 2. जिस पर अनेक व्यक्तियों का अधिकार हो; | عامک، ستروود؛ | आमुक, सोद; | common, no body's business; |
| | | 3. जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित। | عوام، لوکھ | अवाम, लूख | public. |
| **पंछी** | पुं. | पक्षी, चिड़िया। | جانور | जानवर | bird. |
| **पंजर** | पुं. | 1. हड्डियों का ढांचा; ठठरी, कंकाल; | کنہ پنز، کرنز؛ | क्रयंज, क्रंज; | skeleton; |
| | | 2. पिंजरा। | پنجر | पंजर | cage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजा | पुं. | 1. एक ही तरह की पांच वस्तुओं का समूह; | اکی قسمک پانٛژھ چیٖز (پۄنٛز)؛ | अकी कुस्मक्य पांछ़ चीज़ (पोंज़) ; | a collection of five things (of the same kind); |
| | | 2. हाथ या पैर का वह भाग जिसमें हथेली या तलवा और पांचों उंगलियां होती हैं; | پانٛژھ اۄنٛگجِ؛ | पांछ़ ओंगजि; | the five fingers or toes; |
| | | 3. उंगलियों और हथेलियों का संपुट जिससे चीजें उठाई या पकड़ी जाती हैं अथवा जिससे पशुपक्षी प्रहार करते हैं; | پنٛجِ؛ | पंजि; | claw, paw; |
| | | 4. जूते का अगला भाग जिसमें पंजा रहता है। | کھوٗربانک ٹیوٗنٛڈ یا پنٛجہ | खुरबानुक ट्योंड़ या पंज़ | the fore-part of a foot wear. |
| पंजी | स्त्री. | हिसाब या विवरण लिखने की पुस्तिका। | رَجسٹر | रजस्टर | register. |
| पंजीकरण | पुं. | किसी लेख या लेखे का पंजी में लिखा जाना। | رَجسٹر کرناوُن | रजस्टर करनावुन | registration. |
| पंजीकार | पुं. | पंजी में लिखनेवाला, मुनीम, आय–व्यय आदि का लेखक। | کلرک یا رَجسٹرار | क्लर्क या रजस्ट्रार | clerk or registrar. |
| पंजीकृत | वि. | जिसका पंजीकरण हुआ हो। | رَجسٹر کرنووُمُت | रजस्टर करनोवुमुत | registered. |
| पंजीयन | पुं. | किसी लेख या लेखे का किसी कार्यालय की पंजी में (विशेषतया राजकीय पंजी में) लिखा जाना। | رجسٹری کرناونی<br>رَجسٹر کرناوُن | रजस्ट्रा करनावुन्य<br>रजस्टर करनावुन | registration. |
| पंजीरी | स्त्री. | धनिया, सोंठ आदि का चीनी मिला हुआ चूर्ण और घी में भुना हुआ आटा जिसका प्रयोग प्रायः नैवेद्य के लिए करते हैं। | پرساد، گیوس پیٹھ تلتھ تہٕ کھنٛڈ ترٛاوِتھ کنکہ اوٚٹ، یتھ مسالہ ترٛاوان چھ (چُرمہٕ) نویٖد | प्रसाद, ग्यवस प्यठ तलिथ तु खंड त्रॉविथ कुनकु ओट, यथ मसालु त्रावान छि (चुरमु) नैवीद | a typical preparation of wheat-flour fried in ghee and sugar mixed with ground coriander seeds and dry ginger administered to |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | puerperal woman or distributed as prasad. |
| पंडा | पुं. | तीर्थ, मंदिर या घाट पर धर्मकृत्य करानेवाला ब्राह्मण। | پنٛڈ | पंडु | Hindu priest functioning at river banks etc. where pilgrims congregate |
| पंडाल | पुं. | किसी संस्था, सभा आदि के अधिवेशन के लिए बना हुआ बड़ा मंडप। | وۄڈ شامیانہٕ، پنٛڈال | वोड़ शामियानु, पंडाल | huge pavilian, marquee. |
| पंडित | वि. | कुशल, दक्ष, निपुण। | عالِم | आलिम | learned (person). |
| | पुं. | 1. ब्राह्मणों के नाम के पूर्व लगनेवाली आदरसूचक उपाधि; | پنٛڈِت؛ | पंडित; | a title of respect of Hindus who are learned in the Brahmanical theology; |
| | | 2. शास्त्रों का ज्ञाता। | شاستری | शास्त्री | a learned man. |
| पंडिताई | स्त्री. | 1. विद्वता, पांडित्य; 2. पंडितों की वृत्ति। | عالِم، گاٹہٕ جار؛ پنٛڈِتانٛزی | आलिम, गाटुजार; पंडितांजी | scholarship; the function or profession of a Pandit. |
| पंडिताऊ | वि. | पंडितों के ढंग का, पंडितों जैसा। | پنٛڈِت آسنُک ژھوکھ | पंडित आसुनुक छुख | pedantic, befitting a 'pandit'. |
| पंथ | पुं. | 1. मार्ग, रास्ता; | وَتھ، | वथ; | path, road; |
| | | 2. धार्मिक मत या संप्रदाय जिसमें विशेष प्रकार की साधना और उपासना पद्धति प्रचलित हो; | مَت، فِرقہٕ؛ | मत, फिर्कु; | sect, cult; |
| | | 3. सिखों का सम्प्रदाय। | سِکھہٕ مَت | सिखु मत | the Sikh panth. |
| पंद्रह | वि. | जो गिनती में दस से पांच अधिक हो। | پنداہ | पंदाह | fifteen. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है– 15. | پَنداہ (۱۵) | पंदाह (१५) | the number fifteen |
| पंद्रहवां | वि. | क्रम या गिनती में पंद्रह के स्थान पर पड़ने या होनेवाला। | پَنداہیُم | पंदाह्युम | fifteenth. |
| पंप | पुं. | 1. पानी आदि तरल पदार्थों को ऊपर खींचने की एक कल; | آبہٕ پمپ ; | आबु पंप; | pump (water-pump); |
| | | 2. साइकिल आदि की ट्यूब में हवा भरने का उपकरण; | بایسکل پمپ ; | बांसकल पंप; | pump (cycle pump) |
| | | 3. एक प्रकार का जूता। | اَکِہ قِسمُک کھوربانٕ | अकि कुस्मुक खुरबानु | a kind of shoe. |
| पंसारी | पु. | नमक मिर्च आदि मसाले तथा साधारण जड़ी–बूटियां बेचनेवाला। | وۄنۍ، بُہُر | वोन्य,बुहुर | grocer. |
| पंसेरी (पसेरी) | स्त्री. | पांच सेर की तौल या उसका बाट। | پانٛژ سیرٕ ژُن وَٹہٕ | पांचु सीर्युन वट्ट | a weight of five sers or seers. |
| पकड़ | स्त्री. | 1. पकड़ने की क्रिया या भाव; | تھَپھ، ژھُنُنۍ ; | थफ,छुनुन्य; | the act of holding, gripping etc.; |
| | | 2. कुश्ती में एक बार की भिडंत; | تھَپھ ; | थफ; | grip or hold in the game of wrestling; |
| | | 3. समझ, दोष या त्रुटि को पहचानने की क्षमता। | خاص نُکتہٕ رٹُن | खास नुक्तु रटुन | grasp,characteristic note. |
| पकड़ना | स.क्रि. | 1. कोई चीज इस प्रकार हाथ में थामना कि वह गिरे नहीं या इधर–उधर न होने पाए; | رٹُن، کُم کرٕنۍ ; | रटुन, कुम करुन्य; | to catch, to hold, to grasp; |
| | | 2. खोज निकालना, पता लगाना; | لبُن، دریافت کرُن ; | लबुन, दरियाफ्त करुन; | to find out, to discover; |
| | | 3. किसी काम में आगे बढ़े हुए की बराबरी में आ जाना; | رٹُن (دۄرِ منٛز) ; | रटुन (दोरि मंज) ; | to overtake; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. गिरफ्तार करना, बंदी बनाना। | گرفتار کرُن | गिरिफ्तार करुन | to capture, to apprehend. |
| पकड़वाना (पकड़ाना) | स.क्रि. | पकड़ने में प्रवृत्त करना या सहायता देना। | رٹنٲوُن | रटुनावुन | ঽto cause to seize, to get (one). |
| पकना | अ.क्रि. | 1. अनाज, फल आदि का परिपक्व होना या उस अवस्था में पहुंचना जब वे खाने योग्य हो जाते हैं; | پۄختہٕ گژھُن، پَپُن؛ | पुख़्त़ गछुन, पपुन; | to ripen; |
| | | 2. आंच या गरमी खाकर गलना या नरम होना; | سیٚنُن؛ | स्यनुन; | to be cooked; |
| | | 3. (बालों का) सफेद होना; | چھتُن؛ | छतुन; | to turn grey or white (hair); |
| | | 4. घाव, फोड़े, फुंसी आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उनमें मवाद भर जाए। | پاکھ کرُن، پاکھ گژھُن | पाख करुन, पाखं गछुन | to suppurate. |
| पकवान | पुं. | घी या तेल में तले हुए पदार्थ। | کِرایہِ پاکھ | क्रायिपाख | preservable dressed food. |
| पकवाना | स.क्रि. | पकाने का कार्य किसी दूसरे से कराना। | رنہٕ ناوُن | रनुनावुन | to cause to cook or dress |
| पका | वि. | जो पक गया हो। | ریٚنہٕ مُت | रेनुमुत | cooked, ripe. |
| पकाना | स.क्रि. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ पके, पकने में प्रवृत्त करना; | رنُن؛ | रनुन; | to cook; |
| | | 2. अन्न आदि आंच पर चढ़ा कर इस प्रकार उबालना या तपाना कि वे मुलायम होकर खाने योग्य हो जाए; | گرکھ اَنُنی؛ | ग्रख अनुन्य; | to boil, to bake; |
| | | 3. कच्चे फलों के सम्बन्ध में ऐसी क्रिया करना जिससे वे मीठे और मुलायम होकर खाने योग्य हो जाएं; | پوپراوُن؛ | पोपरावुन; | to ripen; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कच्ची मिट्टी के बने बरतनों तथा अन्य वस्तुओं को आग में रखकर मजबूत करना जिससे वे सहज में टूटें या गलें नहीं; | تاپہٕ کڈُن؛ | तापु कडुन; | to season; |
| | | 5. फोड़े आदि को पुलटिस बांधकर इस प्रकार मुलायम करना कि दूषित अंश ऊपर की त्वचा फाड़कर निकल सके। | پُلٹیس لاگن، پھیپھرس مہلانہٕ لاگن | पुलटीस लागुन, प्यफरस महलान लागुन | to put (apply) poultice on a boil so that the pus may come out. |
| पकौड़ी | स्त्री. | घी या तेल में तली हुई बेसन या पिट्ठी की बड़ी। | پکورِ | पकोरि | a kind of dish made of peasemeal, pastry filled with pease-meal. |
| पक्का (स्त्री. पक्की) | वि. | 1. अच्छी तरह से पक्का या पकाया हुआ; | پۆختہٕ، پۆپ؛ | पुख्तु, पोप; | ripe; |
| | | 2. हर तरह से निश्चित और पूरा; | مُستقِل؛ | मुसतुकुल; | permanent, lasting; |
| | | 3. चतुर, दक्ष या प्रवीण; | ماہِر؛ | मोहिर; | expert; |
| | | 4. दृढ़, निश्चित, स्थिर। | مضبوط، دۆر | मजबूत, दोर | strong, fix, firm. |
| पक्व | वि. | 1. पका या पकाया हुआ; | رۆنہٕ مُت، تۆلہٕ مُت؛ | रोनुमुत, तोलमुत; | cooked, roasted; |
| | | 2. पक्का। | پۆپ بالیغ | पोप, बाल्यग | ripe, mature. |
| पक्वता | स्त्री. | पक्व होने की अवस्था या भाव। | پیٚپر | पप्यर | ripeness. |
| पक्वान्न | पुं. | पकाई हुई भोज्य वस्तु, पकवान। | رۆنہٕ مُت خوراک | रोनुमुत खुराक | cooked or dressed food. |
| पक्वाशय | पुं. | पेट का वह भीतरी भाग जहां खाया हुआ अन्न जाकर पचता है। | ڈۆمب، میادٕ | डोम्ब, म्यादु | the stomach. |
| पक्ष | पुं. | 1. जीव–जन्तुओं और मनुष्यों की दाहिनी या बाईं ओर का पार्श्व; | طرف، پکھ | तरफ, पख | side; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पक्षियों का डैना; | پَکھ، | पख; | wing ; |
| | | 3. चान्द्रमास के दो बराबर भागों में से प्रत्येक भाग जो प्रायः 15 दिनों का होता है; | پٔچھ، | पछ; | fortnight; |
| | | 4. किसी विचार, सिद्धांत या तथ्य आदि का एक अंग, एक पहलू; | پہلوٗ، | पहलू; | aspect; |
| | | 5. किसी विषय के सम्बन्ध में विभिन्न मत रखनेवालों का विशिष्ट वर्ग या दल; | پارٹی، | पार्टी; | party; |
| | | 6. किसी प्रकार की प्रतियोगिता, विवाद आदि में सम्मिलित होने वाले दलों में से प्रत्येक दल। | ٹیٖم | टीम | team. |
| पक्षधर | पुं. | विवाद आदि में किसी का पक्ष लेने वाला। | ڈکھ کَرَن وول، پِٹھدر، پَکھدر | डख करन वोल, पिठ्दर, पैखयदर | supporter. |
| पक्षपात | पुं. | न्याय, अन्याय का विचार त्यागकर अनुचित रूप से किसी पक्ष के प्रति होने वाली अनुकूल वृत्ति। | طرفداری | तरफदारी . | partiality, favouritism. |
| पक्षपाती | वि. | पक्षपात करने वाला। | طرفدار | तरफदार | partial, partisan. |
| पक्षाघात | पुं. | एक प्रकार का वात रोग जिसमें शरीर का दायां या बायां पार्श्व पूर्णतः बेकाम और शिथिल हो जाता है। | وَج، حرکت | वज, हरकत | paralysis (of one side ), hemiplegia. |
| पक्षी | पुं. | चिड़िया। | جانوَر | जानवर | bird. |
| पखवाड़ा (पखवारा) | पुं. | महीने का आधा भाग, पंद्रह दिनों का समय। | پٔچھ | पछ | fortnight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पखारना | स.क्रि. | पानी से धोना, धोकर साफ करना। | چھلُن، صاف کرُن | छलुन, साफ करुन | to wash, to cleans |
| पखावज | स्त्री. | मृदंग के आकार–प्रकार का परन्तु उससे छोटा एक प्रकार का बाजा। | اکِ قِسمُک ڈول | अकि कुस्मुक डोल | a kind of drum. |
| पखावजी | वि. | 1. पखावज सम्बन्धी; | پکھواجس مُتلق؛ | पखावजस मुतलक; | pertaining to pakhawaj; |
| | | 2. पखावज बजाने वाला। | پکھواج وایِن وول | पखावज वायन वोल | one who beats or plays on the pakhawaj. |
| पग | पु. | पैर, पांव, डग। | قدم | कदम | foot, pace. |
| पगडंडी | स्त्री. | मनुष्यों के चलने से जंगल, खेत या मैदान में बना हुआ पतला रास्ता। | وَتہٕ پۆد | वतु पोद | footpath, track. |
| पगड़ी | स्त्री. | 1. सिर पर लपेटकर बांधा जाने वाला लंबा कपड़ा; | صافہٕ، دستار؛ | साफ़, दस्तार; | a variety of turban; |
| | | 2. दुकान, मकान आदि किराए पर लेते समय उसके मालिक को अनुकूल एवं संतुष्ट करने के लिए अवैध रूप से दिया जाने वाला धन। | پگڑی، پگر | पंगड़ी, पंगुर | gratification money for letting out a house. |
| पगली | स्त्री. | पागल स्त्री। | مُنٛز | मंच् | mad (woman.) |
| पगहा | पुं. | ढोर बांधने की रस्सी। | گدوم | गुदोम | a rope fastened round the neck or foot of an animal, a fetter. |
| पगार | पु. | 1. वेतन;<br>2. पैरों से कुचलकर जोड़ाई के काम के लिए तैयार किया गया गारा। | موٗزوٗری، طلب؛<br>زیٛن | मोजूर्य, तलब;<br>ज़्यन | wages, salary;<br>wet earth or clay for building or plastering a wall. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पचड़ा | पुं. | व्यर्थ की झंझट, बखेड़ा। | تکلیف، میٖنگہٕ دگ | तकलीफ, म्यंगु दग | trouble, mess. |
| पचना | अ.क्रि. | 1. पचाया जाना, हजम होना, खपना; | ہَضٕم کرُن؛ | ह्जुम करुन; | to be digested; |
| | | 2. अधिक परिश्रम से क्षीण होना। | سَخ جَکُھن | सख जखुन | to labour hard, take pains. |
| पचपन | वि. | जो गिनती में पचास से पांच अधिक हो। | پانٛژٕوَنٛزاہ | पांचुवंजाह | fiftyfive. |
| | पु. | पचपन की बोधक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–55. | پانٛژٕوَنٛزاہ | पांचुवंजाह | fiftyfive. |
| पचहत्तर (पछत्तर) | वि. | जो गिनती में सत्तर से पांच अधिक हो। | پانٛژٕ ستتھ | पांचु सतथ | seventyfive. |
| | पुं. | पचहत्तर की बोधक संख्या जो कि इस प्रकार लिखी जाती है–75. | پانٛژٕ ستتھ گرٛنٛد (۷۵) | पांचु सतथ ग्रंद (७५) | seventyfive. |
| पचाना | स.क्रि. | 1. खाई हुई वस्तु को पक्वाशय की अग्नि से रस में परिणत करना; | ہَضٕم کرُن؛ | हॅजुम करुन; | to digest; |
| | | 2. दूसरों का माल हजम करना; | خیانت کرٕنۍ؛ | खयानंत करुन्य; | to do away with the property of another dishonestly or wrongfully, to embezzel; |
| | | 3. एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने में समा लेना या विलीन कर लेना। | شٔرۄپراوُن | श्रोपरावुन | to assimilate. |
| पचास | वि. | जो गिनती में चालीस से दस अधिक हो। | پنٛژاہ | पंचाह | fifty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | पचास की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है— 50. | پنٛژاہ (٥٠) | पंचाह (५०) | fifty |
| पचासी | वि. | जो गिनती में अस्सी से पांच अधिक हो। | پانٛژ شیٖتھ | पांच् शीथ | eightyfive. |
| | पुं. | पचासी की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है—85. | پانٛژ شیٖتھ گرٛنٛد (٨٥) | पांचु शीथ ग्रंद (८५) | eightyfive. |
| पच्चर (पच्चड़) | पुं. | 1. बांस, लकड़ी आदि का वह छोटा पतला टुकड़ा जो दो काठ की चीजों में दरार को भरने के लिए ठोका जाता है; | پۄن، پچِر؛ | पोन, पचिर्; | a slip of wood used to fill up a crevice or opening; |
| | | 2. अड़चन, बाधा, रुकावट। | رُکاوٹھ | रुकावठ | obstacle. |
| पच्चीकारी | स्त्री. | एक पदार्थ में दूसरे पदार्थ की जड़ाई करने की क्रिया या भाव। | جرُن | जरुन | mosaic work, inlay work. |
| पच्चीस | वि. | जो गिनती में बीस से पांच अधिक हो। | پنٛژُہ | पुंचुह | twentyfive. |
| | पुं. | पच्चीस की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है— 25. | پنٛژُہ (٢٥) | पुंचुह (२५) | twentyfive. |
| पछताना | अ.क्रि. | अनुचित कार्य करने के बाद में उसके लिए दु:खी होना, पश्चाताप करना। | پَشتاوُن | पशुतावुन | to repent. |
| पछतावा | पुं. | किसी कार्य के अनौचित्य के बोध से होनेवाली आत्मग्लानि, पश्चाताप। | توبہ | तोबु | repentance, remorse, regret. |
| पछाहीं | वि. | 1. पछाहं सम्बन्धी; | مغربی، پچھمُک؛ | मगरिबी, पछिमुक; | pertaining to the west; |
| | | 2. जो पछांह अर्थात् पश्चिम प्रदेश में रहता हो या होता हो। | مُلکہٕ کِس مغربس منٛز روزن وول، مغربُک | मुल्कु किस मगरिबस मंज् रोज़न वोल, मगरिबुक | one who lives in the west or is in the west |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पछाड़ | स्त्री | 1. शोक से मूर्छित होकर पीठ के बल गिर पड़ना, शोक से विह्वल होकर खड़े–खड़े गिर पड़ना; | گاٗیِلہ گژھُن ؛ | गायिलु गछुन; | falling back in a swoon. |
| | | 2 पछाड़े जाने की क्रिया या भाव। | وٚسیہ پیٛون | वॅस्य प्योन | the act of falling. |
| पछाड़ना | स.क्रि. | 1. कुश्ती आदि में किसी को जमीन पर चित्त गिराना; | پتھر دٲرِتھ دیُن ؛ | पथर दॉरिथ द्युन; | to throw down; |
| | | 2. किसी को प्रतियोगिता आदि में परास्त करना। | ہارناوُن | हारुनावुन | to defeat. |
| पछीत | स्त्री. | मकान का पिछवाड़ा, पीछे का भाग। | پوٚت لب، پوٚت طرف | पोत लब, पोत तरफ | rear wall or part of a house. |
| पछुआ | वि. | पश्चिम से आने वाली (वायु)। | مغربی ہوا | मगरिबी हवा | westerly (wind). |
| पछोड़न | स्त्री. | अनाज पछोड़ने पर निकलने वाला कूड़ा–करकट। | توٚہ تہ لٔژھ | तोह तु लछ | tne chaff which flies off in winnowing. |
| पछोड़ना (पछोरना) | स.क्रि. | अनाज आदि को सूप में रखकर इस प्रकार उछालना और हिलाना कि उससे कूड़ा–करकट निकल कर अलग हो जाए। | داوٕ پَٹھ کرُن | वावु पठ करुन | to winnow (with a basket used for the purpose). |
| पजावा | पुं. | ईंट पकाने का भट्टा। | سیرِ کونٛد | सेरि कोन्दु | brick-kiln. |
| पट | पुं. | 1. वस्त्र, कपड़ा; | پلو ؛ | पलव; | garment, raiment, cloth; |
| | | 2. रंग–मंच का परदा; | پرد (سٹیجُک) ؛ | पर्दु ( सिटेजुक) ; | screen (of the stage); |
| | | 3. दरवाजा। | دَرواز | दरवाजु | a door panel. |
| | वि. | 1. जो पेट के बल स्थित हो, औंधा; | پتھرس لارِیومُت، دُبہ ؛ | पॅथरिस लार्योमुत, दुबु; | laying flat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बिलकुल खाली पड़ा हुआ जिसमें या जिस पर कुछ भी न हो; | ژھۆر ؛ | छ़ोर; | empty; |
| | | 3. चौपट, बरबाद। | تباہ زدٕ، بۄربادٕ | तबाहज़द, बो़रबाद | wiped out, destroyed. |
| | अव्य. | अतिशीघ्र, तत्काल। | یکھدم، تُتی | यखदम, तती | quick. |
| पटकना | स.क्रि. | 1. किसी व्यक्ति या वस्तु को उठाकर झोंके के साथ पृथ्वी आदि पर गिराना; | شرارتھ ہوت (کانٛہہ) بٔرتھ دِیُن ؛ | शरारतु होत ( कांह) बंरिथ द्युन; | to throw (one) down with violence; |
| | | 2. अपना कोई अंग जोर से किसी तल पर गिराना या रखना; | دَب کَڈُن ، بٔرتھ دِیُن ؛ | दब कडुन, बंरिथ द्युन; | to throw down; |
| | | 3. कुश्ती में प्रतिद्वन्द्वी को जमीन पर गिराना या पछाड़ना। | پتھر پاوُن | पथर पावुन | to knock down. |
| | अ.क्रि. | सूजन आदि का दबकर कम होना। | وسُن (وَرَم) یا پھیپھُر | वसुन ( वरम) या प्यफुर | to abate, go down or subside (as swelling or tumour). |
| पटकनी | स्त्री. | पटकने की क्रिया या भाव, पटकान। | پہلوان دَب | पहलवान दब | a throw or fall (in wrestling etc.), a knock-down. |
| पटका | पुं. | कमर में बांधने का दुपट्टा, कमरबंद। | ہَلہِ گَنڈُن ، ہلہٕ گنڈ | हलि गंडुन, हल्य गंड | a cloth worn round the waist, girdle (specially of cloth). |
| पटना | अ.क्रि. | 1. पाटा जाना, भर जाना; | بٔرتھ آسُن ؛ | बंरिथ आसुन; | to be filled with; |
| | | 2. स्वभाव आदि में समानता होने के कारण आपस में बनना, अच्छे सम्बन्ध होना; | پانہٕ وُنۍ کُنُی آسُن ؛ | पानवुन्य कुनुय आसुन; | agreeable relations; |
| | | 3. लेन–देन व्यवहार आदि में दोनों पक्षों के ब्यौरे की बातों में सहमति होना। | کُنہِ کتھِ سۭتۍ اتفاق کرُن ، معاملہٕ اَنٛزراوُن | कुनि कथि सू्त्य इतिफाक करुन, मामलु अंज़रावुन | to agree (on certain things), to settle a matter. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पटरा | पु. | 1. काठ का लम्बा चौकोर और चौरस चीरा हुआ टुकड़ा, तख्ता; | پٹ ؛ | पट; | a plank; |
| | | 2. खेत की मिट्टी बराबर करने का पाटा। | موٹ تہ زیٹھ پٹ | मोट तु जीठ पट | a long thick plank used as a harrow, |
| पटरानी | स्त्री. | राजा की प्रायः प्रथम और प्रमुख पत्नी। | پٹہ رانی | पट्ट रान्य | queen consort. |
| पटरी | स्त्री. | 1. छोटा पटरा; | پٹر، لوکٹ پٹ ؛ | पट्टर, लुकुट पट; | a small wooden plank; |
| | | 2. सड़क के दोनों किनारों पर ऊँचा और संकरा स्थान जो पैदल चलने वालों के लिए होता है; | فُٹ پاتھ، پیدل وتھ؛ | फुटपाथ, पैदल वथ; | rail, pedestrian footpath on either side of the road, a wooden strip; |
| | | 3. नहर के किनारों का रास्ता; | نہرِ بٹھی ؛ | नहरि बठ्य; | the banks of a canal; |
| | | 4. लोहे के लम्बे छड़ जिन पर रेलगाड़ी चलती है। | ریلِ وتھ، ریلِ پٹر | रैलि वथ, रैलि पट्टर | rails, railtrack. |
| पटल | पु. | 1. छत, छाजन; | پش، ژھپ ؛ | पश, छ्य्‌प; | roof, thatch; |
| | | 2. लकड़ी का तख्ता; | میز ؛ | मेज; | table, a wooden plank; |
| | | 3. तह, परत; | تہہ، ورکھ ؛ | तह, वरख; | layer. |
| | | 4. (पा.) संसद या विधान–सभा की बेन्च। | پارلیمینٹک/اسمبلی ہنٛد میز | पार्लिम्यंटुक/असम्बली हुँद मेज़ | (tech.) desk in parliament or legislative assembly. |
| पटवारी | पु. | गांव की जमीन और उसकी मालगुजारी का लेखा रखने वाला एक सरकारी कर्मचारी। | پٹھواری | पठ्वार्य | a govt. functionary at the village level who keeps land records. |
| पटसन | पु. | 1. सन या सनई नामक एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से रस्सी, बोरे, गलीचे आदि बनाए जाते हैं; | پٹسن، بنگ ؛ | पटसन, बंग; | jute, sunn: |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त पौधों के रेशे। | بنگ | बंगु | sunn, hemp. |
| पटाक्षेप | पु. | 1. परदा गिरना या गिराना; | پَرٕ دٲلُن (سٹیجُک) یا اَکِس طرفس کُن ڈالُن؛ | पर्दु वालुन ( स्टेजुक) या अकिस तरफस कुन डालुन; | ringing down the curtain or pushing aside of the stage curtain; |
| | | 2. किसी घटना या बात की होनेवाली समाप्ति। | ماملہٕ نِباوُن | मामलु निबावुन | closing of an affair. |
| पटाखा (पटाका) | पु. | 1. आतिशबाजी में एक प्रकार की गोली जिसे जमीन पर पटकने से जोर का शब्द होता है; | پٹاکھ، ٹاس؛ | पटाखु, टास; | cracker; |
| | | 2. आतिशबाजी में होने वाला उक्त प्रकार का शब्द। | ٹاس (ترٲوُن) | टास ( त्रावुन) | the report of a cracker. |
| पटान | स्त्री. | पाटने की क्रिया या भाव। | فاصلہٕ کرُن | फासलु करुन | the act of settling a thing. |
| पटाना | स.क्रि. | 1. पाटने का कार्य किसी अन्य से कराना; 2. बातचीत के द्वारा किसी को अपने अनुकूल करके क्रय-विक्रय आदि के लिए राजी करना। | کٲنسِہ اَتھِہ کینٛہہ اَنٛزراوناوُن؛ فاصلہٕ کرُن، اَنٛزراوُن | कांसि अथि केंह अंज़रावुनावुन; फासल करुन, अंज़रावुन | to get the thing settled by someone; to settle, to conclude, to persuade, to bring round. |
| पटाव | पुं. | 1. पाटने की क्रिया, ढंग या भाव; | پَش دیُن؛ | पश द्युन; | roofing, (the work) covering; |
| | | 2. पाटकर बराबर किया हुआ स्थान। | سَنتر کرَن آمُت زمین (جاے) | संतुर करनु आमच ज़मीन ( जाय) | a levelled place. |
| पटिया | स्त्री. | 1 पत्थर का आयताकार चौरस या लंबोतरा टुकड़ा जो साधारणतः डेढ़ दो इंच से कम नहीं होता; | زیٹھہِ راد کَنہِ پَترِ یا لوکُٹ پٔٹ؛ | ज़ेठि रादु कनि पतुरया लुकुट पट; | wooden or stone slab; |
| | | 2. काठ की तख्ती जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं; | دوٗج؛ | दूज; | a slip of board (used as a slate for writing on), tablet, slate; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. खाट की पाटी। | چارپایہٕ سار | चारपायि सार | the sides of a charpai (cot). |
| पटु | वि. | कुशल, निपुण, प्रवीण। | کارٕگر، ماہِر | कार्यगर, माहिर | skilled, dexterous. |
| पटुआ | पु. | पाट या सन का पौधा। | بنگِہ کُل | बंगि कुल | the plant Hibiscus Cannabinus, Jute. |
| पटुता | स्त्री. | कुशलता, निपुणता। | ہُنرمنٛدی، کارٕگری | हुनरंमदी, कार्यगरी | skilfulness, cleverness. |
| पट्ट | पु. | लकड़ी आदि का वह बड़ा टुकड़ा जिस पर नाम आदि लिखा जाता है अथवा सूचनाएं आदि लगाई जाती हैं। | ناوہ پلیٹ، ناوہ بوڑ | नावु प्लेट, नावु बोड | plate, board. |
| पट्टा | पु. | 1. (पा.) अचल संपत्ति के उपयोग का अधिकार पत्र; | پٹہٕ، رہن؛ | पट्ट, रहेन; | title deed, lease; |
| | | 2. पालतू कुत्ते, बिल्ली आदि के गले में पहनाई जाने वाली चमड़े की पट्टी; | ہونٛۍ ہٲنٛزٕر؛ | हून्य हैंज़र; | dog - collar; |
| | | 3. चमड़े का कमरबंद; | کمبربنٛد (دالو)؛ | कम्बरबंद (दालुव); | belt (leather); |
| | | 4. बैठने के लिए बना हुआ काठ का पटरा। | چوٗکۍ (یتھ پیٹھ چوکس منٛز بیہان چھِ) | चूक्य (यथ प्यठ चोकस मंज़ ब्यहान छि) | a board on which Hindus sit whilst eating their meals. |
| पट्टाधारी | पु. | (पा.) व्यक्ति जिसने किसी निश्चित अवधि के लिए कुछ शर्तों पर जमीन या सम्पत्ति भोग्यार्थ प्राप्त की हो। | رہنس پیٹھ ہیون وول، پٹہٕ دار | रहेनस प्यठ ह्यनु वोल, पट्टदारी | lease-holder. |
| पट्टी | स्त्री. | 1. लकड़ी की लंबी और चौरस पटरी जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं; | دوٗج؛ | दूज; | wooden plate (for beginners to write on); |
| | | 2. बुरी नीयत से दी जाने वाली सलाह; | گُمراہی، کنٛۍ شیچھ (پرٕنۍ)؛ | गुमराही, कन्य श्युछ (परुन्य) | misguidance; |

| हिंदी शब्द | व्या. को | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े, काठ, धातु आदि का लम्बोतरा, कम चौड़ा और पतला टुकड़ा; | رٛنڈکھ؛ | रदुख; | strap, strip; |
| | | 4. मध्ययुग में किसी संपत्ति अथवा उससे होनेवाली आय का वह अंश जो उसके हिस्सेदार को मिलता था। | حِصہٕ بوٗگ | हिसुबोग | co-share (particularly in landed property). |
| पट्टीदार | पुं. | (पा.) संयुक्त संपत्ति के किसी भाग का स्वामी, बराबर का हकदार। | شریک، حِصہٕ دٲر | शरीक, हिसुदर | co-sharer, partner. |
| पट्टेदार | पुं. | भागी, हिस्सेदार (जमीन आदि में)। | زمیٖنُک حِصہٕ دٲر | ज़मीनुक हिसुदर | co-sharer, partner, (in landed property etc.). |
| पट्ठा | पुं. | 1. कुश्ती लड़नेवाला या पहलवान; | پہلوان؛ | पहलवान; | wrestler; |
| | | 2. एक प्रकार का चौड़ा गोटा; | لیس، زٔریف؛ | लेस, ज़रीफ; | lace, broad brocade; |
| | | 3. किसी प्रकार का हलदार मोटा और लंबा पत्ता। | زیوٗٹھ نوکدار، پَنہٕ وٲتھر | ज्यूठ नोकदार पन वैथुर | a long pointed leaf. |
| पठन | पुं. | पढ़ने की क्रिया या भाव, पढ़ना। | پرُن | परुन | reading. |
| पठन-पाठन | पुं. | पढ़ना और पढ़ाना। | پرُن تہٕ پرناوُن | परुन तु परनावुन | reading and studying. |
| पठार | पुं. | वह ऊंचा विस्तृत मैदान जो समीपवर्ती निचले प्रदेशों में ढालुए अंश से मिला रहता है तथा जिसका ऊपरी भाग बहुत अधिक चौड़ा तथा चपटा होता है। | وُڈَر | वुडर | plateau. |
| पड़ता | पुं. | 1. किसी माल की खरीद या तैयारी का खर्च; | موٗل؛ | मुल; | purchase or manufacturing cost; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बिक्री के दामों में से लागत निकाल कर होने वाली बचत। | فایدٕ | फायद् | dividend. |
| पड़ताल | स्त्री. | 1. अच्छी तरह की जाने वाली छानबीन या देखभाल; | پرتال، تحقیقات، تفتیش؛ | परताल, तहकीकात, तफतीश; | investigation; |
| | | 2. पटवारी या कानूनगो द्वारा की जानेवाली खेतों की एक विशेष प्रकार की जांच जिसमें बोई हुई फसल बोनेवाले का नाम, सिंचाई आदि का ब्यौरा लिखा जाता है। | (کھاہ) دُبارٕ میٖنُن | (खाह) दुबार् मेनुन | remeasurement (of a field). |
| पड़ती (परती) | स्त्री. | वह खेत जिसे ज़मीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से किसी विशिष्ट ऋतु में जोता-बोया न गया हो। | بیٚہوال زمین | बेहवालु ज़मीन | uncultivated or fallow land, waste-land. |
| पड़ना | अ.क्रि. | 1. गिरना; 2. शरीक होना; 3. बिना उद्देश्य के कहीं टिकना, ठहरना; 4. लेटना; 5. बीमार होना; 6. उत्कट अभिलाषा अथवा प्रवृत्ति का होना। | پتھر پیوٚن؛ حِصہٕ نیُن؛ ٹھہرُن، ڈیرٕ تراوُن؛ خمہٕ دیُن؛ لر تراوُنؠ؛ بیمار سپدُن؛ پتہٕ لگُن | पथर प्योन; हिसु न्युन; ठहरुन, डेर त्रावुन; खमु द्युन; लर त्रावुन्य; ब्यमार सपदुन; पतु लगुन | to drop; to participate; to halt, encamp, camp; to lie down; to fall ill; to be keen (after), to hanker (after). |
| पड़वा | पु. | प्रत्येक पक्ष की प्रथम तिथि। | غورٕ اوٚکدوہ | गुरु ओकदोह | the first day of each lunar fortnight. |
| पड़ाव | पु. | 1. मार्ग में पड़ने वाला वह स्थान जहां यात्री रात बिताने, विश्राम आदि करने के लिए रुकते हैं; | پڑاو؛ | पड़ाव; | halting place; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सेना, काफिले आदि का मार्ग में कुछ समय के लिए कहीं ठहरना। | کمپ دِیُن، ڈیرٕ تراوُن | कंप द्युन, डेर् त्रावुन | encampment. |
| पड़िया | स्त्री. | भैंस का मादा बच्चा। | مأشِہ ہوکُر | मॉशि ह्वखुर | she-calf of a buffalow, a youn buffalo. |
| पड़ोस (पड़ौस) | पु. | किसी प्रदेश, स्थान आदि से सटा हुआ अथवा उसके आसपास का स्थान। | ہمسأیہ گری | हमसॉयगरी | neighbourhood, vicinity. |
| पड़ोसिन | स्त्री. | पड़ौस में रहनेवाली स्त्री। | ہمسأیہِ بایے | हमसॉय बाय | a female neighbour. |
| पड़ोसी (पड़ौसी) | पु. | पड़ौस में रहनेवाला। | ہمسایہِ | हमसॉयि | neighbour. |
| पढ़ना | स.क्रि. | 1. लिखे हुए अक्षरों या शब्दों का क्रम से उच्चारण करना; | پَرُن ؛ | परुन; | to read; |
| | | 2. अंकित, मुद्रित या लिखित चिह्नों, वर्णों आदि को देखते हुए उनका अर्थ और आशय जानना तथा समझना; | نُکتہٕ زانُن، لیکھیمتۍ اچھر بیترِ زانِنۍ؛ | नुक्त् जानुन, लीख्यमत्य अछर बेतरि जानुन्य; | to make out, to decipher, to talk; |
| | | 3. किसी विषय या शास्त्र के बारे में जानने के लिए उसका विधिवत् अध्ययन करना; | مُطالہٕ کَرُن؛ | मुतालु करुन; | to study; |
| | | 4. नया सबक सीखना। | ہیچھُن | हेछुन | to learn (new thing). |
| पढ़वाना | स.क्रि. | किसी को पढ़ने या पढ़ाने में प्रवृत्त करना। | پَرناوناوُن | परुनावनावुन | to cause (one) to be taught. |
| पढ़ाई | स्त्री. | 1. पढ़ने की क्रिया या भाव; | پڑاے ؛ | पडाय; | study; |
| | | 2. पढ़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक; | (پرنُک) فیس ؛ | परुनुक फीस; | tuition fee; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. पढ़ाया जानेवाला विषय या सिखलाई जानेवाली कला। | تالیِم | तालीम | education, learning. |
| पढ़ाना | स.क्रि. | शिक्षा देना, कोई विषय या बात सिखाना। | پَرناوُن | परुनावुन | to teach, to instruct. |
| पणन | पु. | 1. खरीदने, बेचने की क्रिया; | مٔل ہیوٚن؛ | मंल्य ह्योन; | purchasing, buying; |
| | | 2. बाजी या शर्त लगाने की क्रिया या भाव। | شرط بہُن | शर्त बिहुन | betting. |
| पण्य | पु. | 1. विक्रय वस्तु, सौदा; | کنُن چیز، سوداہ؛ | कुनुन चीज, सोदाहः | saleable thing, commodity; |
| | | 2. व्यापार, रोजगार; | بایار؛ | बापार; | trade, business; |
| | | 3. दुकान। | وان | वान | shop. |
| | वि. | क्रय-विक्रय के योग्य। | کٔنُن لایق | कंनुन लायक | marketable. |
| पतंग | पु. | 1. सूर्य; | آفتاب، سِریہٕ؛ | आफ़ताब, सिर्यि; | the sun; |
| | | 2. चिड़िया, पक्षी। | جاناوار | जानावार | bird. |
| | स्त्री. | बांस की कमानियों के ढाँचे पर कागज मढ़कर बनाई हुई वस्तु जिसे तागे से बांधकर हवा में उड़ाते हैं। | گاٹنٹھ بریر، پتنگ | गांट ब्रार, पतंग | paper kite. |
| पतंगबाज | पु. | जिसे पतंग उड़ाने का शौक या व्यसन हो। | پتنگ باز | पतंग बाज़ | kite-flier. |
| पतंगा | पु. | 1. एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा; | پوٚنپُر؛ | पोंपुर; | moth; |
| | | 2. चिनगारी। | ٹیمبُر | त्यम्बुर | a spark (of fire), a live coal. |
| पतझड़ | पु. | 1. शिशिर ऋतु जिसमें पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं; | ہرُد؛ | हरुद; | autumn; |
| | | 2. उन्नति के उपरांत होनेवाला ह्रास। | پٔتر وٚسی پێنی | पतुर वस्य पेन्य | defoliation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पतन | पुं. | 1. ऊपर से नीचे आने या गिरने का भाव, अधोगति; | تنزُل؛ | तनज़ुल; | downfall, fall; |
| | | 2. स्तुत्य आचरण को छोड़कर हीन आचरण में प्रवृत होना; | ذلیل گژھُن، پتھ گژھُن؛ | ज़लील गछुन, पत्यथ गछुन; | falling from dignity, virtue; |
| | | 3. जाति, राष्ट्र आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उसकी प्रभुता और महत्ता नष्टप्राय हो जाए। | زَوال | ज़वाल | decline. |
| पतला | वि. | 1. कृश, संकरा, बारीक; | زاوِیُل؛ | ज़ाव्युल; | thin, fine, flimsy; |
| | | 2. जो गाढ़ा न हो, जिसमें जलीय अंश का आधिक्य हो। | ترَل، مایہ | तरल, मायि | liquid, diluted. |
| पतवार | स्त्री. | नाव में पीछे की ओर लगी हुई वह तिकोनी लकड़ी जिसके द्वारा नाव को इधर-उधर घुमाते हैं और मोड़ते हैं। | تال (نمہ رٹنچ) | ताल (नम रटुनच) | rudder, helm. |
| पता | पुं. | 1. किसी वस्तु, स्थान या व्यक्ति का ऐसा परिचय जो उसे पाने, ढूंढने या उसके पास तक समाचार पहुंचाने में सहायक हो; | اتاہ-پتاہ؛ | अताह-पताह; | whereabouts; |
| | | 2. पत्र आदि की पीठ पर लिखा जाने वाला-पाने वाले का नाम आदि जिसके सहारे वह उसके पास पहुंच जाता है; | پتاہ؛ | पताह; | address; |
| | | 3. किसी अज्ञात व्यक्ति, विषय आदि के संबंध में ऐसी जानकारी जो अभी तक प्राप्त न हुई हो और जिसे प्राप्त करना अभीष्ट या आवश्यक हो। | زان، علم | ज़ान, अलिम | information, knowledge. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पताका | स्त्री. | लकड़ी आदि के डंडे के सिरे पर पहनाया जानेवाला वह तिकोना या चौकोना कपड़ा जिस पर प्रायः किसी राजा, राष्ट्र या संघ आदि का बोधक चिन्ह बना रहता है। | عَلم، جھنڈ | अलम, जंड | flag, banner. |
| पता-ठिकाना | पुं. | दे. 'पता'। | وُچھِو 'पता' | वुछिव 'पता' | see 'पता'. |
| पति | पुं. | 1. किसी वस्तु का मालिक या स्वामी; | مالِکھ؛ | मालिख; | master; |
| | | 2. स्त्री की दृष्टि से वह पुरुष जिसके साथ उसका विधिवत् विवाह हुआ हो। | خاوند، رُون | खावंद, रून | husband. |
| पतित (स्त्री.पतिता) | वि. | 1. ऊपर से नीचे आया या गिरा हुआ; | بۄن تراونہٕ آمُت، بۄن وۄتھمُت؛ | बुन त्रावनु आमुत, बुन वोथमुत; | dropped, descended; |
| | | 2. जाति, धर्म, आचार आदि से च्युत; | گِریوٚمُت (دَرمہٕ بیترِ نِشہِ)؛ | गिर्योमुत ( दरम बेतरि निशि) ; | fallen (in a moral sense); |
| | | 3. बहुत बड़ा अधम,नीच या पापी। | بَد، پاپی | बद, पापी | wicked, sinner. |
| पतिव्रत | पुं. | पति के प्रति अनन्य निष्ठा या भक्ति। | رٕنیس وۄفاداری | र्रनिस वुफादारी | fidelity to husband, chastity. |
| पतिव्रता | वि. | पति में अनन्य श्रद्धा, अनुराग रखनेवाली साध्वी स्त्री। | وَفادار آشینہٕ | वुफ़ादार आशेन्य | faithful wife, virtuous wife. |
| पतीला | पुं. | तांबे, पीतल, आदि का ऊचें तथा खड़े किनारेवाला और गोल घेरेवाला एक प्रसिद्ध बरतन। | ترام، سرتل، بیترِ داتک سۄن گول بانہٕ؛ پٔتیلہٕ، بوہگُن | त्राम, सरतल, बेतरि दातुक सोन गोल बानु; पत्यलु, बोहगुन | copper or brass pot or pan with a wide mouth, cauldron. |
| पतीली | स्त्री. | छोटा पतीला। | لۄکُٹ پٔتیلہٕ، کِتلی، | लुकुट पत्यलु,कितुल्य, | cooking vessel, kettle. |
| पतुरिया | स्त्री. | वेश्या, कुलटा, दुश्चरित्रा। | کنجرینی | कंजुरेन्य | prostitute, harlot. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पतोहू** | स्त्री. | पुत्रवधू। | نۄش | नुश | son's wife, daughter-in-law. |
| **पत्तन** | पु. | 1. वायु अथवा जलपोतों के ठहरने का स्थान; | بندرگاہ، گاٹھ؛ | बंदरगाह, गाठ; | port; |
| | | 2. नगर, शहर। | قصبہٕ، شہر | कसबु, शहर | town, city. |
| **पत्तल** | स्त्री. | 1. पलाश, महुए आदि के पत्तों की सीकों से जोड़कर थाली के सदृश बनाया हुआ गोलाकार आधार; | ڈانٕ؛ | डानु; | plate made of leaves; |
| | | 2. पत्तल में रखी हुई खाद्य सामग्री; | ڈونس منز دیُتمُت کھیٚن؛ | डोनस मंज़ द्युतमुत ख्यन; | food served on such a plate; |
| | | 3. उतना भोजन जितना एक साधारण आदमी करता हो। | یڈ بٔرِتھ کھیٚن (غذا) | यड बॅरिथ ख्यन (गुज़ा) | a meal sufficient for a person. |
| **पत्ता** | पु. | 1. पेड़ों की शाखाओं में लगने वाले। चपटे पतले लचीले अवयव जिनके कारण छाया होती है; | وٕتھُر، وَرُق؛ | वॅथुर, वरुक; | leaf; |
| | | 2. ताश। | تاس | तास | playing cards. |
| **पत्ती** | स्त्री. | 1. छोटा पत्ता; | لوٚکُٹ وٕتھُر؛ | लुकुट वॅथुर; | small leaf, |
| | | 2. साझे का हिस्सा; | حِصہٕ؛ | हिसु; | share; |
| | | 3. लकड़ी, धातु आदि का छोटा पत्ता। | تٔنۍ پٔٹ یا پتُر یا ژادر (ٹرامُچ بیتٕر) | तॅन्य पॅट या पतुर या चादुर (त्रामुच बेतरि) | a leaf or thin plate (of metal). |
| **पत्थर** | पु. | 1. धातु से भिन्न-कड़ा ठोस और भारी भूद्रव्य जो प्रायः खानों या पर्वतों को काटकर निकाला जाता है; | کٔنۍ؛ | कॅन्य; | stone; |
| | | 2. पत्थर के समान कड़ा और भारी। | دۄر تہٕ گوٚب | दोर तु गोब | ırd and heavy. |
| **पत्नी** | स्त्री. | पुरुष की दृष्टि से वह स्त्री जिसके साथ उसका विवाह हुआ हो, भार्या। | آشیٚنۍ | आशेन्य | wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पत्नीव्रत** | पु. | विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त अन्य किसी स्त्री से सम्बन्ध न रखने का व्रत। | آشٕنِہ سورٕ نیرُنک قسم، آشنِہٕ ہنٛز وۄفادٲری | आशेनि सोर नेरनुक कसम, आशनि हंज़ वुफ़ादारी | vow to be loyal to one's wife, fidelity (to one's wife). |
| **पत्र** | पु. | 1. वृक्ष का पत्ता; | پَنہٕ وُتھر؛ | पन वुथर; | leaf (of a tree); |
| | | 2. चिट्ठी; | خط، چِٹھۍ؛ | खत, चिठ्य; | letter ; |
| | | 3. किसी धातु की पट्टी या पत्तर; | تُنۍ ژادر، پلیٹ یا پَتُر (داتُک)؛ | तेन्य चादर, प्लेट या पतुर ( दातुक) ; | any thin leaf or plate of metal; |
| | | 4. पुस्तक आदि का पृष्ठ, पन्ना; | صفہٕ؛ | सफ़; | page; |
| | | 5. कागज या धातु की पट्टी जिस पर किसी व्यवहार के विषय में कोई प्रामाणिक लेख लिखा हो या खुदवाया गया हो; | کاغذ، کاکز؛ | कागज़, काकज़; | paper; |
| | | 6. समाचारपत्र या अखबार; | اخبار؛ | अखबार; | newspaper; |
| | | 7. पंख। | پکھ، تیر | पख, तीर | the wing of a bird, pinion, feather. |
| **पत्रकार** | पु. | वह व्यक्ति जो समाचारपत्रों को नित्य नए समाचारों की सूचना देता, उन पर टीका-टिप्पणी करता अथवा उनको सम्पादित करता हो। | اخبار نویس | अखबार नवीस | journalist. |
| **पत्रकारिता** | स्त्री. | 1. पत्रकार होने की अवस्था या भाव; | اخبار نُویسی (کَرنۍ)؛ | अखबार नवीसी (करन्य) ; | state of being a journalist; |
| | | 2. वह विद्या जिसमें पत्रकारों के कार्यों, कर्त्तव्यों आदि का विवेचन होता है। | اخبار نُویسی | अखबार नवीसी | journalism. |
| **पत्र-पत्रिका** | स्त्री. | दैनिक समाचार-पत्र एवं मासिक, पाक्षिक अथवा साप्ताहिक प्रकाशित होने वाले प्रकाशन। | اخبار، جرنل، بیتر | अखबार, जरनल, बेतरि | periodicals (magazines etc.) |
| **पत्र-पुष्प** | पु. | 1. सामान्य या तुच्छ उपहार; | توحفہٕ، ہدیہٕ؛ | तोहफ़, हदियि; | token gift etc: |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सत्कार या पूजा की बहुत ही साधारण सामाग्री। | پوٗزایہِ ہُنٛز سامگری | पूज़ायि हुंज़ सामग्री | token of hospitality. |
| **पत्रमित्र** | पु. | दूरस्थ ऐसे व्यक्ति जिनकी मित्रता पत्रव्यवहार के कारण ही होती है, साक्षात्कार के कारण नहीं। | قلم یار | कलम यार | pen-friend. |
| **पत्रवाहक** | पुं. | पत्र ले जानेवाला। | ڈاکہٕ وول | डाकु वोल | bearer of letter, postman. |
| **पत्रव्यवहार** | पु. | परस्पर एक दूसरे को पत्र लिखना अथवा आए हुए पत्रों के उत्तर देना। | خطہٕ کتابت | खतु किताबत | correspondence. |
| **पत्रा** | पुं. | पंचांग, तिथि-पत्र। | نیچھِ پتُر، کلنڈر | न्यछि पतुर, कलंडर | almanac, ephemeris, calendar. |
| **पत्राचार** | पु. | पत्रव्यवहार। | خطہٕ کتابتھ | खतु किताबथ | correspondence. |
| **पत्रिका** | स्त्री. | 1. प्रायः नियमित रूप से निकलने वाली ऐसी पुस्तिका जिसमें विभिन्न विषयों पर लेख, कहानियां आदि होती हैं, | رِسالہٕ، جرنل؛ | रिसालु, जरनल; | magazine, periodical, journal; |
| | | 2. चिट्ठी, खत; | خط، چِٹھۍ؛ | खत, चिठ्य; | letter; |
| | | 3. कोई छोटा लेख। | تحریر | तहरीर | document. |
| **पत्री** | स्त्री. | 1. चिट्ठी, खत; | نوٹ، چِٹھۍ؛ | नोट, चिठ्य; | note, letter; |
| | | 2. कोई छोटा लेख। | تحریر | तहरीर | document. |
| **पथ** | पु. | 1. मार्ग, रास्ता, राह; | وَتھ، سڑک؛ | वथ, सड़क; | path, way, road; |
| | | 2. कार्य या व्यवहार की पद्धति। | کرتوِیہٕ، طریقہٕ | कर्तव्यद, तरीकु | method. |
| **पथ-प्रदर्शक** | पु. | राह दिखाने वाला, किसी कार्य या व्यवहार की पद्धति बताने वाला। | رہبر، وَتہٕ ہاوُکھ | रहबर, वतु हावुख | guide. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पथ-प्रदर्शन | पु. | पथ-प्रदर्शन का कार्य या भाव। | وَتھ ہاوُنۍ، رہبری | वथ हावुन्य, रहबरी | guidance. |
| पथभ्रष्ट | वि. | 1. जो मार्ग भूल गया हो; | گُمراہ، وَتہِ ڈۄلمُت؛ | गुमराह, वति ड्वलमुत; | one who has gone out of track; |
| | | 2. न्याय मार्ग अथवा आचरण से विमुख। | گِریومُت | गिर्योमुत | fallen. |
| पथराना | अ.क्रि. | 1. सूखकर पत्थर की तरह कड़ा हो जाना; | دَرُن، سخ گژھُن؛ | दरुन, सख़ गछुन; | to become hard; |
| | | 2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतना-शून्य हो जाना, जड़ हो जाना। | کٔنۍ گژھُن، وٹۍسۍ گژھُن | कैन्य गछुन, वटुस्य गछुन | to harden into stone; |
| पथराव | पु. | 1. किसी पर बार-बार पत्थर के टुकड़े फैंके जाने की क्रिया; | کَنہِ لایِنۍ، کَنہِ وَرشُن؛ | कनि लायिनि, कनि वर्षुन; | stoning, pelting stones; |
| | | 2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतनाशून्य होने की दशा या भाव। | کٔنۍ ہیو، زن تہٕ وٹۍسۍ | कैन्य ह्यू, ज़न तु वटुस्य | condition or state of being stony. |
| पथरी | स्त्री. | एक प्रकार का रोग जिसमें मूत्राशय में पत्थर के टुकड़ों के समान कोई चीज उत्पन्न हो जाती है जिसके फलस्वरूप पेशाब रुक रुक कर और कष्ट से होता है, कभी-कभी बन्द भी हो जाता है। | کٔنۍ (پیٚشابس) | कैन्य ( पेशाबस) | stone. |
| पथरीली | वि. | जिसमें पत्थर के टुकड़े मिले हों, पत्थर के टुकड़ों से युक्त। | کٔنیُو | कन्युव | stony, rocky. |
| पथिक | पु. | बटोही, राही। | مُسافِر، وَتہٕ گتھ | मुसाफिर, वतुगथ | traveller, wayfarer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पथ्य** | वि. | 1. (आहार-व्यवहार) जो स्वास्थ्य, विशेषतः रोगी की स्वास्थ्य-रक्षा के विचार से आवश्यक या उचित हो; | پرہیز (کھین) ؛ | परहेज़ (ख्यन) ; | light (meal, diet); |
| | | 2. लाभदायक, हितकर। | مُفید | मुफीद | proper, suitable. |
| | पु. | 1. वह हल्का भोजन जो अस्वस्थ या रोगी व्यक्ति को दिया जाए; | وَیہِ وُن غذا ؛ | वयु वुन गुज़ा; | wholesome food (for a patient); |
| | | 2. स्वास्थ्य के लिए हितकर खानपान और रहन-सहन। | صحتس براه | सेहतस बराह | diet conducive to health. |
| **पथ्यापथ्य** | पु. | रोग की अवस्था में हितकर और अहितकर। | مُفید تہٕ مُضِر | मुफीद तु मुज़िर | wholesome and unwholesome. |
| **पद** | पु. | 1. कदम, पांव, पैर; | کھور، قدم ؛ | खुर, कदम; | foot, footstep, step; |
| | | 2. चलते समय दो पैरों के बीच में होने वाली दूरी; | لانْپھ، قدم ؛ | लांफ, कदम; | pace, stride; |
| | | 3. जगह, स्थान; | جاے ؛ | जाय; | place; |
| | | 4. छंद, श्लोक आदि का चतुर्थांश; | پَد، چھنْدُک یا شرُوکُک ژُقہ باگ ؛ | पद, छन्दुक या श्रूकुक चुबाग; | a quarter or line of stanza, verse; |
| | | 5. वाक्य का अंश या खंड; | چھل، حِصہ ؛ | छल, हिसु; | part, portion or division (as of a sentence); |
| | | 6. वह स्थान जिस पर रहकर कोई विशिष्ट कार्य करता हो, ओहदा, उपाधि। | عُہدٕ | ओहदु | designation, status, rank, post. |
| **पदक** | पु. | सोने, चांदी या किसी और धातु का बना हुआ वह गोल या चौकोर टुकड़ा जो किसी व्यक्ति अथवा समाज को विशिष्ट योग्यतापूर्ण कार्य करने पर उसका सम्मान करने के लिए दिया जाता है, तमगा। | تُومغہٕ | तुमगु | medal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पदचिह्न** | पुं. | चलने से जमीन पर पड़नेवाली छाप। | پٔدرِ آکھ، پٔدرِ نِشانہٕ | पॅद्य आख, पंद्य निशान् | foot-print, foot-mark. |
| **पदच्युत** | वि. | जो अपने पद या दर्जे से हटा दिया गया हो, जिसका पद छीन लिया गया हो। | موقوٗف سپُدمُت | मोक़ूफ सपुदमुत | dismissed, discharged from office. |
| **पद-त्याग** | पुं. | अपना पद या ओहदा छोड़ देना। | استیٖفہٕ دیُن | इस्तीफ़ु द्युन | renunciation, abandonment of an office. |
| **पद-दलित** | वि. | 1. पैरों से कुचला या रौंदा हुआ; 2. जिसे समाज ने दबाकर बहुत हीन अवस्था में रखा हो और उन्नति का अवसर न दिया हो। | لتہٕ مونٛجہِ کوٚرمُت؛ لتہٕ مونٛجہِ گوٚمُت | लतु मुंजि कोरमुत; लतु मुंजि गोमुत | trodden under foot; down-trodden. |
| **पदनाम** | पुं. | किसी पदाधिकारी के पद का सूचक नाम। | عُہدٕ، ہُدٕ | ओहद, हुद् | designation. |
| **पदयोजना** | स्त्री. | पदों या शब्दों को जोड़ना, चुन-चुन कर रखना। | الفاظن ہُنٛد ترتیب | अलफ़ाजन हुँद तरतीब | arrangement of words. |
| **पदविन्यास** | पुं. | पदों या शब्दों के वाक्य में ठीक प्रकार से बैठाने या रखने की क्रिया या भाव। | لفظن ہُنٛد ترتیب | लफ्ज़न हुँद तरतीब | disposition of words. |
| **पदवी** | स्त्री. | राज्य, संस्था आदि की ओर से किसी को दी जाने वाली आदर या योग्यता-सूचक उपाधि, खिताब। | خطاب، عُنوان | खताब, उनवान | title. |
| **पदाधिकार** | पुं. | किसी पद पर काम करने वाले को प्राप्त होनेवाला अधिकार। | طاقت یُس کانٛسہِ ہُدٕ مطابِق آسہِ | ताक़त युस कांसि हुद् मुताब्यक आसि | the power which the person has while working in a certain capacity. |
| **पदाधिकारी** | पुं. | वह जो किसी पद पर नियुक्त हो। | افسر | अफ़सर | officer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पदार्थ | पु. | 1. चीज, वस्तु;<br>2. पद या शब्द का अर्थ। | چیز؛<br>لفظُک مانے | चीज;<br>लफ़ज़ुक माने | thing or object;<br>meaning of a word |
| पदार्पण | पु. | प्रवेश, आगमन। | واتُن، اَندر اَژُن،<br>ہُدٕ رٹُن | वातुन, अन्दर अचुन,<br>हुदु रटुन | arrival, stepping-in |
| पदावधि | स्त्री. | किसी पद पर किसी व्यक्ति के काम करते रहने की अवधि। | مُلازِمتُک مِیاد | मुलाज़िमतुक म्याद | tenure, term of office. |
| पदावनति | स्त्री. | ऊंचे पद से हटाकर नीचे पद पर कर दिया जाना। | تنزُّل | तनज़ुल | reversion. |
| पदावली | स्त्री. | 1. पदों या शब्दों की परम्परा, प्रयुक्त शब्द समूह;<br>2. गाये जानेवाले गीतों, भजनों आदि का संग्रह। | پدَن یا لفظن ہُنْد<br>سِلسِلہٕ؛<br>مذہبی بجنَن ہُنْز<br>سۄمبرٕن | पदन या लफज़न हुँद<br>सिलसिलु;<br>मज़हबी बजनन हुँज़<br>सोंबरन | series of verses or words;<br>collection of devotional songs. |
| पदेन | क्रि.वि. | पद पर रहने के नाते से, पद पर आरुढ होने के अधिकार से। | ہُدٕ کِنۍ | हुदु किन्य | ex-officio. |
| पदोन्नति | स्त्री. | पद की वृद्धि, तरक्की। | ترقی | तरकी | promotion, rise in rank or status. |
| पद्धति | स्त्री. | 1. पथ, मार्ग, रास्ता;<br>2. रीति, प्रणाली, तरीका। | وَتھ، سڑک؛<br>طریقہٕ | वथ, सड़क;<br>तरीकु | path, road, course;<br>method, system. |
| पद्म | पु. | 1. कमल;<br>2. एक संख्या। | پمپوش؛<br>اَکھ خاص بٔڈ گرٛنٛد | पंपोश;<br>अख खास बॅड ग्रंद | lotus;<br>a particular high number. |
| पद्मासन | पु. | एक प्रकार का योगासन जिसमें पालथी मारकर तनकर बैठते हैं। | پدماسَن (یوٗگس<br>مَنٛز) | पद्मासन (यूगस<br>मंज) | particular posture in religious meditation. |
| पद्य | पुं. | गुण, मात्रा आदि के नियमों के अनुसार होनेवाली साहित्यिक रचना, छंदोबद्ध रचना। | نظم، اَدبی<br>تخلیق | नज़ुम, अदबी<br>तखलीक | verse, poetry, a literary composition. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पधारना | अ.क्रि. | 1. पदार्पण करना; | واتُن، بیُہُن؛ | वातुन, ब्युहुन; | to arrive, to sit, to sit down, to take a seat; |
| | | 2. गमन करना, चला जाना। | گژھُن، نیرُن | गछुन, नेरुन | (to go) set out. |
| पनघट | पु. | वह घाट जहां से लोग पानी भरते हैं। | پانٛ گاٹھ، گامہٕ کرٛور | पँगाठ, गामक्रूर | a place for drawing water, village well etc. |
| पनचक्की | स्त्री. | पानी के बहाव के जोर से चलनेवाली आटा आदि पीसने की चक्की। | آبہٕ گرٹہٕ، آٹیہٕ میل | आबु ग्रट्, आट्य मिल | water-mill, flour-mill. |
| पनडुब्बी | स्त्री. | पानी के अन्दर-अन्दर चलने वाला एक प्रकार का जहाज। | آب دوز جہاز | आब दोज़ जहाज़ | submarine. |
| पनपना | अ.क्रि. | 1. फलना-फूलना, हराभरा होना; | بجاہ گژھُن، آباد گژھُن؛ | बजाह गछुन, आबाद गछुन, | to flourish; |
| | | 2. फिर से स्वस्थ होना; | فولُن؛ | फुलुन; | to recover; |
| | | 3. अच्छी स्थिति में आने लगना। | بلُن، ووتلُن | बलुन, वुतलुन | to prosper. |
| पनबिजली | स्त्री. | पानी के प्रवाह से तैयार की जानेवाली बिजली। | آبہٕ بجلی | आबु बिजली | hydro-electricity. |
| पनवाड़ी | पु. | तमोली, पान लगाकर बेचनेवाला। | پان کُنن وول | पान कुनन वोल | betel vendor. |
| पना | पुं. | भुने हुए आम, इमली आदि का बनाया जानेवाला एक प्रकार का खट्टा-मीठा शरबत। | اکِہ قسمُچ ژوٗک تہٕ مۄدُر شربتھ | अकि कुस्मच चोक तु मोदुर शरबथ | a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc. |
| पनाह | स्त्री. | 1. शत्रु आदि से बचाव, शरण; | پناہ؛ | पनाह; | refuge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बचाव या रक्षा की जगह, शरण लेने की जगह। | ساے | सायि | shelter. |
| **पनिहारिन** | स्त्री. | घरों में पानी भरने का काम करनेवाली। | پانِرینی، آبِ نٹی کلس پیٹھ ساریتھ گذار کرن واجنی | पानिरेन्य, आबु नंट्य कलस प्यठ सारिथ़ गुजा़र करन वाजन्य | woman carrying waterpots on her head as a means o livelihood. |
| **पनीर** | पु. | फटे या फाड़े हुए दूध का गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकालने पर बचा रहता है, पानी निकालने के बाद दही का गाढ़ा भाग। | ژامن | चा़मन | cheese. |
| **पन्ना** | पु. | 1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न; | زمرود؛ | ज़मरूद; | emerald; |
| | | 2. पुस्तक आदि का पृष्ठ; | کتابہ ورق؛ | किताबि वरुक; | leaf of a book; |
| | | 3. आम आदि का पना। | اکھ خاص شربتھ یُس پاکہ ومژن امبن تمبر تہ زیور لاگتھ بناوان چھ | अंख खास शरबथ युस पाकुवमच़न अंबन तम्बुर तु ज्युर लागिथ बनावान छि | a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc. |
| **पन्नी** | स्त्री. | 1. रांगे, पीतल आदि का पत्तर जिसे शोभा आदि के लिए अन्य वस्तुओं पर चिपकाते हैं; | ارتل رنگدار کاکز یُس سجاوٹس لگان چھُ؛ | अरतल रंगदार काकज़ युस सजावटस लगान छु; | plated multicoloured paper or thin layer used in decorating different things; |
| | | 2. एक तरह का रंगीन कागज। | اکِ قِسمُک رنگدار کاغذ، مُرباہ کاکز | अकि कुस्मुक रंगदार कागज़, मुरब्बाह काकज़ | a kind of coloured paper. |
| **पपड़ी** | स्त्री | 1. किसी वस्तु की सूखकर ऐंठी हुई ऊपरी परत; | کرور، پتر؛ | क्रोर, पत़र; | thin crust; |
| | | 2. घाव का खुरंड; | کرور؛ | क्रोर; | scale, dry incrustation formed over a healing wound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वृक्ष की सूखकर चिटकी हुई छाल। | دٟل | द्यल | bark. |
| पपीता | पु. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फल मीठे और लंबोतरे होते हैं। | پٟپیتہٕ | पैपीतु | papaya. |
| पपीहा | पु. | हलके काले रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जो बसंत और पावस में मीठे बोल बोला करता है। | اَکھ کُکِلہٕ قسم، کُمیُر | अख कुकिलु कुसुम, कुम्युर | a species of cuckoo |
| पयाल | पु. | धान, कोदों आदि के ऐसे डंठल जिनमें से दाने झाड़ लिए गए हों। | ژھیٚیہٕ گاسہٕ | छेयि गासु | straw, long grass (used for thatching). |
| पयोधर | पुं. | 1. बादल;<br>2. स्तन। | اۆبُر؛<br>مُس (زنانہٕ ہٕنٛز بب)، تھن | ओ़बुर;<br>मुस (ज़नानि हुँज़ बब), थन | cloud;<br>woman's breast or an udder. |
| परंतु | | अव्य. इतना होने पर भी, लेकिन। | اماہ پوٚز، ولیکن | अमाह पो़ज़ वलेकिन | but, however. |
| परंतुक | पु. | किसी दस्तावेज में दी गई कोई शर्त, किसी कथन को सीमित करनेवाला वाक्य। | شُرط (چھُ یِ زِ ....) | शर्त (छु यि ज़ि...) | proviso. |
| परंपरा | स्त्री. | 1. सिलसिला, अविच्छिन्न क्रम;<br>2. वह कार्य जो बहुत दिनों से एक ही रूप में होता चला आ रहा हो और इसीलिए सर्वमान्य हो, प्रथा। | ریتھ رِوایتھ؛<br>عادت ، عازتھ | रीथ र्यवायथ;<br>आदत, आज़थ | tradition;<br>custom. |
| परंपरागत | वि. | (कार्य, नीति या रिवाज) जो पूर्वजों की देखा-देखी किया जाए, परंपरा से प्राप्त। | رِوایتی، پرمپرایہٕ پیٛٹھ | र्यवायती, परम्परायि प्यठ | traditional. |
| परंपरावादी | वि. | परंपरा का अनुयायी एवं समर्थक। | رِوایتھ زَد، رِوایتس پیٛٹھ پکن وول | र्यवायथ ज़दु, र्यवायतस प्यठ पकन वोल | traditionalist. |
| परकार | पु. | वृत्त की परिधि बनाने का एक उपकरण। | کمپاس | कम्पास | compass. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परकीय | वि. | दूसरे का, पराया। | بێیہ سُنٛد، وُپرٕ سُنٛد | बेयि सुंद, वुपर् सुंद | belonging to another or a stranger. |
| परकीया | स्त्री. | वह नायिका जो परपुरुष से प्रेम करती है तथा अपने पति की अवहेलना करती है, (साहित्य में) तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक। | نێبر درٕو زنانہٕ بدماش زٕنۍ، ادبس منٛز اکِ قسمٕچ ہیرائن | न्यबर द्रव जनानु बदमाश जेन्य, अदबस मंज अकि कुस्मच हीरोयुन | a woman carrying on a love affair out of wedlock, an adulteress, (in traditional Indian poetics) one of the three types of heroines. |
| परकोटा | पुं. | गढ़ आदि की रक्षा के लिए चारों ओर उठाई गई दीवार। | حد، سرحد | हद, सरहद | percinct, boundary. |
| परख | स्त्री. | 1. गुण, दोष के निर्णय की दृष्टि से किसी वस्तु की परीक्षा; | امتحان، ٹیسٹ؛ | इम्तिहान, ट्यस्ट; | test, examination; |
| | | 2. गुण, दोष, भलाई, बुराई आदि पहचानने की शक्ति। | اِمتیازی وصف | इम्तियाज़ी वसुफ | distinguishing faculty. |
| परखना | स.क्रि. | गुण-दोष के निर्धारण के लिए किसी व्यक्ति या वस्तु को भली-भाँति देखना। | پرکھُن، ٹیس ہیوٗن، اِمتحان کرُن | परखुन, ट्यस ह्योन, इम्तिहान करुन | to test, to examine. |
| परखाधीन | वि. | नियुक्ति को नियमित करने से पूर्व का वह समय या उससे संबंधित व्यक्ति जिसमें उसकी योग्यता, उपयुक्तता आदि का मूल्यांकन किया जाता है। | شرطس پیٹھ | शर्तस प्यठ | on probation. |
| परगना | पु. | किसी जिले का वह भूभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से ग्राम हों। | ماتحت ضلع | मातुहत ज़िलु | sub-division. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परचून | पु. | आटा, दाल, चावल आदि फुटकर। | پٔرچوٗن، کِریانہٕ | परचून, किरयान् | provisions, grocery. |
| परचूनिया | वि. | परचून संबंधी। | کِریانَس مُتعلَق | किरयानस मुतलक | pertaining to grocery. |
| | पु. | परचून का काम करनेवाला। | کِریانہٕ کٔنن وول | किरयानु कनन वोल | one who sells flour, meal, pulse, grocer. |
| परछदी (परछती) | स्त्री. | 1. कमरे आदि में सामान रखने के लिए छत के नीचे छाई हुई छोटी पाटन या टांड, मियानी; | تالَو میانۍ؛ | तालव म्यान्य; | a small sized plank fixed in a wall of a room for storing things over; |
| | | 2. फूंस आदि की छाजन। | خام دُسہِ پێٹھ کمیُہ ژھییہ | खाम दुसि प्यठ कमुय छ़यय | a small thatch over mudwalls. |
| परछाईं | स्त्री. | प्रकाश के सामने आने से पीछे की ओर अथवा पीछे की ओर प्रकाश होने पर आगे की ओर बननेवाली किसी वस्तु की छायामय आकृति, जल-दर्पण आदि में पड़नेवाली किसी की छायाकृति। | ژھاے، عکس | छ़ाय, अकुस | shadow, reflection. |
| परजीवी | वि. | जिसका जीवित रहना दूसरों पर अवलंबित हो, दूसरों पर आश्रित हो। | وۄپر مازَس رَتَس پێٹھ پلن وٲلۍ جراثیم، جراثیم | वुपर माज़स रतस प्यठ पलन वाल्य जरासीम, जरासीम | parasitic. |
| | पु. | वे वनस्पतियां या कीड़े-मकौड़े जो दूसरे वृक्षों या जीव-जंतुओं के शरीर पर रहकर उनका रस या खून चूस कर जीते तथा पलते हैं। | کُنہِ پێٹھ ناحقہٕ پَلن وول | कुनि प्यठ नाहक् पलन वोल | parasite. |
| परतंत्र | वि. | अधीन, परवश। | اۄرزمان، غُلام | ओ़रुज़मान, गुलाम | dependent, s[illegible] |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परतंत्रता | स्त्री. | परतंत्र होने की अवस्था या भाव। | اۄرزمٲنی، ماتحتی | ओरुज़्मॉनी, मातुहती | dependence, subjection. |
| परत | स्त्री. | तह। | تہہ | तह | layer, fold. |
| परती | स्त्री. | वह जमीन जो जोती बोई न जाती हो। | بیٚہوال زمیٖن | बेहवाल ज़मीन | fallow land, uncultivated waste land. |
| परदा (पर्दा) | पु. | 1. कपड़ा या इसी तरह की कोई और चीज जो आड़ या बचाव करने के लिए बीच में फैलाकर टांगी या लटकायी जाए; | پَردٕ؛ | परदु; | curtain; |
| | | 2. अभिनय, खेल-तमाशों में वह कपड़ा जो दर्शकों के सामने लटका रहता है और जिस पर कुछ दृश्य अंकित होते हैं या प्रतिबिम्बित होते हैं; | پَردٕ (فِلمہٕ ہُنٛد)؛ | परदु (फ़िल्मि हुँद); | screen; |
| | | 3. भेद, रहस्य; | راز، سِر؛ | राज़, सीर; | secret, mystery; |
| | | 4. एक प्रथा जिसके अनुसार भले घर की स्त्रियां आड़ में घूंघट करके रहती हैं तथा पर-पुरुषों और बड़ों के सामने नहीं होती हैं। | بُرقہٕ | बुर्क़ु | veil. |
| परदादा (परदादी) | पु. (स्त्री.) | पिता का दादा, प्रपितामह। | مٲلۍ وَتہٕ بُڑ، بُڈۍ بَب | मॉल्य वति बड़, बुड़य बब | paternal great grand father. |
| परदा-नशीन | वि. | जो बड़ों तथा पर-पुरुषों से परदा करती हो। | بُرقہٕ لٲگِتھ، بُرقس منٛز کھٔٹِتھ، بُرقہٕ پوش | बुर्क़ु लॉगिथ, बुर्क़ुस मंज खटिथ, बुर्क़ु पोश | (a woman)who keeps herself concealed behind a veil, veiled. |
| परदेश (परदेस) | पुं. | अपने देश से भिन्न दूसरा देश। | پَردیس | परदेस | foreign country |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परदेशी (परदेसी) | वि. | वह व्यक्ति जो अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश में आया या रहता हो। | پردیسی | परदीसी | foreigner, stranger. |
| परनाना (परनानी) | पु. (स्त्री) | नाना का पिता। | ماجہ وتہ بڑ<br>بُڈی بب | माजि वति बड<br>बुड्य बब | maternal great grand father. |
| परनाला (स्त्री. परनाली) | पु. | वह बड़ी नाली जिससे होकर गंदा पानी बहता है। | بدرو | बदरव | drain pipe. |
| परपोता (स्त्री. परपोती) | पु. | पोते का पुत्र, प्रपौत्र। | پُترس سُند نیچو | पुतर्य सुंद नेचुव | a great grandson. |
| पर-ब्रह्म | पु. | निर्गुण या निरुपाधि ब्रह्मा, परमेश्वर। | پر برہم | परु ब्रह्म | the Supreme Spirit or Brahma, God. |
| परम | वि. | 1. उच्च, उत्कृष्ट;<br>2. मुख्य, प्रधान;<br>3. अत्यधिक, हद दर्जे तक। | سارِوے تھود؛<br>چیف، پرنسپل؛<br>آخری حدک | सारिवय थोद;<br>चीफ, प्रिनसपुल;<br>आखरी हदुक | highest, best, most;<br>chief, principal;<br>extreme (limit). |
| परम-तत्व | पु. | 1. दर्शन शास्त्र और विज्ञान के अनुसार वह मूल तत्व जो सृष्टि की समस्त वस्तुओं का सृष्टिकर्ता माना गया है, पदार्थ;<br>2. ब्रह्म। | مول تتھ؛<br>برہم، خدا | मूल तुथ;<br>ब्रह्म, खुदा | the essential element;<br>God, Brahma. |
| परम-पद | पु. | मोक्ष, मुक्ति। | موکتی، نجات | मुख्ती, नजाथ | the highest state or position, liberation, salvation. |
| परम-हंस | पु. | 1. परमात्मा, परमेश्वर;<br>2. संन्यासियों का एक भेद जिन्हें दंड शिखा सूत्र आदि धारण करना आवश्यक नहीं होता। | پرماتما، خدا؛<br>پرمہنس | परमात्मा, खुदा;<br>परुमहंस | God;<br>an ascetic of the highest order. |
| परमाणु | पु. | किसी तत्व का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसके और टुकड़े न हो सकते हों। | اٹم، ذر | अटम, ज़रु | atom. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परमात्मा** | पु. | ईश्वर, परब्रह्म। | پرماتما، خودا | परमात्मा, खुदा | God. |
| **परमार्थ** | पु. | 1. परोपकार;<br>2. मोक्ष। | سیٹھاہ خار؛<br>رُت انجام، موکھتی | स्यठाह खार;<br>रुत अंजाम, मुक्ती | the highest goo<br>the best end,<br>salvation. |
| **परमार्थी** | वि. | 1. दूसरों की भलाई करनेवाला, परोपकारी;<br>2. मुमुक्षु, मोक्ष चाहनेवाला;<br>3. परमार्थ संबंधी। | نیک انسان،<br>وپہکاری؛<br>موکھتی یا نجاتھ<br>یژھن وول؛<br>انتہائی صداقتٕ<br>متلق | नेक इन्सान,<br>वुपकारी;<br>मुक्ती या नजाथ<br>यछ़न वोल;<br>इतिहादी सदाकच<br>मुतलक | virtuous person<br>pursuing the<br>highest purpose<br>pertaining to th<br>highest truth. |
| **परमेश्वर** | पु. | परमात्मा। | دے، خودا | दय, खुदा | God. |
| **परराष्ट्र** | पु. | अपने राष्ट्र को छोड़कर अन्य राष्ट्र। | بیاکھ مُلک، پردیس،<br>وۄپر مُلک | ब्याख मुलुक, परदेस,<br>वुपर मुलुक | another countr |
| **परला** | वि. | 1. उधर का या उस ओर का;<br>2. बहुत ही बढ़ा-चढ़ा। | ترتیبس منز دۄیم<br>یا بییہ طرفُک؛<br>گۄڈنکہ درجُک،<br>اوٗل درجُک | तरतीबस मंज़ दोयुम<br>या बेयि तरफुक;<br>गुडनिकि दर्जुक,<br>अवल दर्जुक | of the other side<br>end, next in ord<br>of the first orde |
| **पर-लोक** | पु. | इस लोक से भिन्न दूसरा लोक। | بیاکھ دُنیا،<br>پرلوکھ | ब्याख दुनिया,<br>परलूख | the other world. |
| **परवरिश** | स्त्री. | पालन-पोषण। | پالُن، بۄڈ<br>واتہٕ ناوُن | पालुन, बोड<br>वातनावुन | bringing up,<br>fostering. |
| **परवर्ती** | वि. | काल-क्रम या घटना-क्रम की दृष्टि से बाद में या पीछे होनेवाला। | دۄیم، امہٕ پتیم | दोयिम, अमि पतिम्य | later, subsequen |
| **परवल** | पु. | एक प्रसिद्ध लता और उसका फल जिसकी तरकारी बनती है। | اکہ قسمچ سبزی | अकि कुसमच सब्ज़ी | a kind of vegetab |
| **परवश** | वि. | 1. जो दूसरे के वश में हो, परतंत्र;<br>2. जो दूसरे पर निर्भर करता हो। | ماتحت؛<br>بییہ سنٛزِ مرضی پیٹھ<br>پکن وول | मातुहत;<br>बेयि सुंजि मरज़ी प्यठ<br>पकन वोल | under another's<br>control, depender<br>depending on th<br>will of another. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परवशता | स्त्री. | परवश होने की स्थिति तथा भाव। | ماتحتی | मातुहती | dependence on another, subjection. |
| परवाना | पु. | 1. लिखित आज्ञा, अनुमति-पत्र; | وارنٹ، حکم؛ | वारंट, हुकुम; | warrant, order; |
| | | 2. पतंगा, विशेषत: वह जो दीपक की लौ के चारों तरफ मंडराता हो और उसी में जल मरता हो; | پونپُر | पोंपुर | moth; |
| | | 3. वह व्यक्ति जो किसी पर अत्यन्त मुग्ध हो और उसके लिए अपने को बलिदान कर दे। | (شاعر) عاشق | (शायिर) आशक | (poet) a lover. |
| परवाह | स्त्री. | 1. चिंता, फिक्र; | فِکِر، غم؛ | फिकिर, गम; | anxiety, worry; |
| | | 2. कोई काम (विशेषत : अनुपयुक्त या अनुचित काम) करते समय मन में होनेवाला यह विचार कि इस काम से बड़ों के मान को ठेस तो नहीं लगेगी। | تَوجِہ، فِکِر | तवजिह, फिकिर | care, heed. |
| परसर्ग | पु. | आधुनिक भाषा-विज्ञान में, ने, को, के, से, में आदि संज्ञा-विभक्तियाँ जिनके संबंध में कहा जाता है कि ये प्रकृति के साथ सटाकर नहीं बल्कि प्रकृति से हटाकर लिखी जानी चाहिए। | پۆت لۆگ | पोत लोग | a postposition (i.e. ने, को, के, से, में). |
| परसाल | अव्य. | 1. गतवर्ष, पिछले साल; | پٔرُس، | परुस; | last year; |
| | | 2. आगामी वर्ष, अगले साल। | یِنہٕ وول وٕری، نوٕو وٕری | यिनु वोल वॅरी, नोव वॅरी | coming year, next year. |
| परसों | अव्य. | 1. बीते हुए दिन से ठीक पहलेवाला दिन; | اُتر، اوتر؛ | ऊतर, ओतर; | day before yesterday; |
| | | 2. अगले दिन से एक दिन आगे। | کالکیتھ | काल्यक्यथ | day after tomorrow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| परस्पर | क्रि. वि. | एक दूसरे के साथ, आपस में। | پانٕہٕ وٲنۍ | पानुवान्य | mutual, reciprocal |
| परहेज | पु. | 1. निषिद्ध वस्तुओं से बचना, कुपथ्य से बचना;<br>2. संयमपूर्वक रहना। | پرہیز؛<br>نفس مارُن<br>شہوتن قوبوٗ کرُن ، | परहेज;<br>नफ़ुस मारुन<br>शहवतन कोबू करुन, | abstinence, avoidance;<br>control of the passions. |
| पराठा(परांठा) (परौंठा) | पु. | घी लगाकर तवे पर सेंकी जानेवाली एक प्रकार की चपाती। | پرٛوٹھ | परोट्ठ | pan cake like preparation with wheat flour. |
| पराकाष्ठा | स्त्री. | चरम सीमा, हद। | اند ، انجام | अन्द, अंजाम | climax. |
| पराक्रम | पु. | सामर्थ्य, बल, विक्रम, शौर्य। | قابلیت ، بہوٗدری | काबिलियत, बहोदुरी | ability, bravery, valiance, gallantry. |
| पराक्रमी | वि. | पराक्रमवाला, शूर, पुरुषार्थी। | بہوٗدر | बहोदुर | brave, valiant. |
| पराग | पु. | फूल के लम्बे केसरों पर जमा रहनेवाली धूल। | وُیوٗر | व्यूर | the pollen of a flower. |
| पराङ्मुख | वि. | 1. जो पीछे की ओर मुंह फेरे हुए हो;<br>2. उदासीन। | بُتھ پھِرِتھ روزُن ؛<br>ژاوُن ، لوٗب ہیوٗن | बुथ फिरिथ रोज़ुन;<br>त्रावुन, लोब ह्योन | having the face turned away;<br>shunning. |
| पराजय | स्त्री. | हार, विजय का उलटा। | شِکس ، ہار | शिकस, हार | defeat. |
| पराजित | वि. | हाराया या हारा हुआ | ہار نووُمُت ،<br>ہاریوٗمُت | हार नोवमुत,<br>हार्योमुत | defeated. |
| परात | स्त्री. | थाली के आकार का ऊँचे किनारोंवाला बड़ा बरतन। | داتُچ بڈ تہٕ ٹاسُر<br>تگارٕ یا چِلمچی ،<br>پٔہرات | दातुच बड त टासुर<br>तगार्य या चिलमची,<br>पैहरात | large shallow circular vessel of metal. |
| पराधीन | वि. | जो दूसरे के अधीन हो। | ماتحت ، بٔیی سُند<br>آویز | मातहतु, बंयि सुँद<br>अविज़ु | dependent on another. |
| पराधीनता | स्त्री. | पराधीन होने की अवस्था या भाव। | ماتحتی | मातुहती | dependence on another, subjection. |
| पराभव | पु. | 1. हार, पराजय;<br>2. तिरस्कार, अनादर। | شِکس ، شکست ؛<br>بیزتی | शिकस, शिकस्त;<br>बेज़ती | defeat;<br>contempt, disregard, disrespect. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पराभूत | वि. | 1. पराजित, परास्त; | تل آمُت، ہورمُت؛ | तल आमुत, ह़ेरमुत; | defeated, overcome; |
| | | 2. तिरस्कृत। | بےعزت کرنہٕ آمُت | बेयज़थ करन् आमुत | treated with contempt, degraded, dishonoured. |
| परामर्श | पु. | 1. किसी विषय में दूसरे से ली जानेवाली सलाह; | نصیحت، دائے؛ | नेसीहत,दाय; | advice; |
| | | 2. विवेचन, विचार; | مشورٕ؛ | मशवरु; | consultation; |
| | | 3. पकड़ना, खींचना, स्पर्श करना। | لمُن | लमुन | seizing, pulling, touching. |
| परामर्श-दाता | पु. | दूसरों को सलाह देनेवाला। | مشیر، اڈوایزر | मशीर, अडवयज़र | adviser, counsel. |
| परायण | वि. | 1. किसी काम या बात में अच्छी तरह लगा हुआ, निरत; | محو سپُدمُت؛ | महव सपुदमुत; | absorbed in; |
| | | 2. किसी के प्रति पूर्ण निष्ठा या भक्ति रखनेवाला। | فِدائی | फिदाय़ | devoted. |
| पराया | वि. | 1. दूसरे का, अपने से भिन्न; | بێیہ سُنٛد؛ | बेयि सुँद; | pertaining to another; |
| | | 2. आत्मीय या स्वजन से भिन्न। | پنُن نہٕ | पनुन नु | not one's own. |
| परावर्तन | पु. | 1. प्रत्यावर्तन, लौटकर पीछे आना; | پتھ تہٕ چکر پھیرُن؛ | पथ तु चकरु फेरुन; | turning back and round; |
| | | 2. उलटने पर फिर ज्यों का त्यों हो जाना। | بێیہ پنُنؠ جایہ واتُن | बेयि पनुनि जायि वातुन | to come into the same position after turning (as it was before). |
| परास | पु. | 1. उतना क्षेत्र जहां तक किसी क्रिया का प्रभाव या फल होता है; | دوٗرێر؛ | दूर्यर; | distance; |
| | | 2. उतना क्षेत्र जितने में कोई चीज पाई जाती है; | علاقہٕ؛ | अलाकु; | region; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उतना अवकाश या दूरी जितनी कोई चलाई या फैंकी जानेवाली चीज पार करती हो। | کش | कश | the range or distance of anything thrown |
| परास्त | वि. | हारा या हराया हुआ, पराजित। | شِکس دِنہٕ آمُت<br>ہورنووُمت | शिकस दिनु आमुत<br>होरनोवमुत | defeated. |
| परिंदा | पु. | पक्षी, चिड़िया। | جانوِر، جاناوار | जानवर, जानावार | bird. |
| परिकर | पु. | 1. घर या परिवार के लोग;<br>2. आस-पास या संग-साथ रहनेवाले लोग; | گرِکۍ بانٛچ؛<br>ساتھی؛ | गरुक्य बांच;<br>सांथी; | family members;<br>colleague; |
| | | 3. एक प्रकार का अर्थालंकार जहां किसी विशेष्य से पहले किसी विशिष्ट अभिप्राय में विशेषण लगाए जाते हैं। | اکھ ارتھالنٛکار | अख अर्थालंकार | (in rhet) a parlic figure in which many significant epithets or adjectives are employed one afte the other to give force to a state-ment. |
| परिकलन | पु. | गणित में वह गणना जो कुछ जटिल होती है तथा जिसमें कुछ विशिष्ट तथा निश्चित क्रियाओं की सहायता लेनी पड़ती है। | اندازِ، شُمار،<br>گنٛزرُن،<br>شُمار ہیوٚن | अंदाज़ु, शुमार,<br>गंज़रुन,<br>शुमार ह्योन | calculation. |
| परिकल्पना | स्त्री. | 1. जिस बात की बहुत कुछ संभावना हो उसे पहले ही मान लेना या उसके नास रूप आदि की कल्पना कर लेना; | مانُن یا یہ مأنِتھ<br>پکُن؛ | मानुन या यि मानिथ<br>पकुन; | to assume; |
| | | 2. केवल तर्क के लिए कोई बात मान लेना; | فرض کرُن؛ | फरज़ करुन; | reckoning, calculation; |
| | | 3. कुछ विशिष्ट आधारों पर कोई बात ठीक या सही मान लेना; | فأصلہٕ کرُن؛ | फांसलु करुन; | deciding, determining; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. गणित में कोई विशिष्ट मान या राशि निकलने से पहले उसके लिए कोई निश्चित मान, राशि या चिह्न अवधारित करना। | اندازٕ کرُن | अन्दाज़ु करुन | presumption. |
| परिक्रमा | स्त्री. | 1. किसी तीर्थ, देवता या मंदिर के चारों ओर श्रद्धा, भक्ति से चक्कर लगाने की क्रिया; | پٕرکرم کرُن ؛ | प्रकरम करुन; | the going round a person or an idol to the right as an indication of reverence; |
| | | 2. इस प्रकार से लगाया हुआ फेरा, प्रदक्षिणा; | طواف کرُن ، پرٕدِکھین دیُن ؛ | तवाफ करुन, प्रदिख्यन द्युन; | walking round or about, circuit, circum - ambulation; |
| | | 3. उक्त प्रकार से चक्कर लगाने के लिए नियत मार्ग। | منٛدرس اَندٕ ۍ پَکھ پرکرٕمُچ وَتھ | मंदरस अंदय - पख्य प्रक्रमुच वथ | a covered way round temple. |
| परिगणना | स्त्री. | अच्छी तरह गिनना। | تخمینہٕ | तखमीनु | calculation. |
| परिगणित | वि. | 1. जिसकी परिगणना की गई हो; | گنزٕرووُمُت ، تخمینہٕ کورمُت ؛ | गंज़रोवमुत, तखमीनु कोरमुत; | calculated; |
| | | 2. जिसका उल्लेख या परिगणन किसी अनुसूची में हुआ हो, अनुसूचित। | درج فہرس ، فہرستس منٛز اوٚنمُت | दर्ज फिहरिस, फिहरिस्तस मंज ओनमुत | scheduled. |
| परिग्रह | पु. | 1. स्वीकार करना, ग्रहण करना; | رٹُن ، حاصل کرُن ؛ | रटुन, हासिल करुन; | taking, accepting, receiving; |
| | | 2. धन आदि का संग्रह; | جاداد ؛ | जादाद; | possession, property; |
| | | 3. पत्नी, भार्या; | آشیٚنۍ ؛ | आशेन्य; | wife; |
| | | 4. परिवार के लोग; | عیال ، ٹبرٕ ، | अयाल, टबर, | house-hold, family; |
| | | 5. सेना का पिछला भाग। | رِزٔرو لشکر | रिर्जव लशकर | the rear or reserve of an army. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचय | पुं. | 1. जान-पहचान;<br>2. किसी व्यक्ति के नाम-धाम या गुणकर्म आदि से संबंध रखनेवाली सब या कुछ बातें जो किसी को बताई जाएं;<br>3. किसी विषय का थोड़ा बहुत ज्ञान। | زان ،<br>تارُف ؛<br>زان ـ پَچھان | ज़ान;<br>तारुफ;<br>ज़ान - पछान | acquaintance;<br>introduction;<br>familiarity. |
| परिचय-पत्र | पुं. | किसी अधिकारी या व्यक्ति का दिया हुआ वह पत्र जिसे कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को अपना परिचय देने के लिए दिखाता है। | تارُفی چِٹھی ،<br>زانِناوَن چِٹھ | तारुफी चिठ्य,<br>ज़ानिरावन चिठ्य | a letter of introduction. |
| परिचर | पुं. | भृत्य, सेवक। | نوکر | नोकर | attendant, servant. |
| परिचर्या | स्त्री. | सेवा, खिदमत, रोगी की सुश्रूषा। | خدمت | ख़िदमत | attendance, attending on a patient. |
| परिचायक | पुं. | परिचय करानेवाला, बतानेवाला। | تارُف کرناوَن<br>وول | तारुफ करुनावन<br>वोल | one who or that which introduces. |
| परिचारक | पुं. | 1. सेवक;<br>2. रोगी की सेवा करनेवाला, तीमारदार। | خادِم ؛<br>تیمار دار | ख़ादिम;<br>तीमारदार | attendant;<br>male nurse. |
| परिचारिका | स्त्री. | सेविका, टहल करनेवाली। | نرس | नर्स | a female attendant, nurse. |
| परिचालन | पुं. | 1. चलाना;<br>2. उचित रूप से किसी कार्य का निर्वाह करना। | نم رٹُن ؛<br>اَپریشَن | नम रट्टुन;<br>अप्रेशन | steering (navigation);<br>operation. |
| परिचित | वि. | जाना-पहचाना। | واقِف ، زانٛی | वाक़ुफ, ज़ान्य | acquainted, familiar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिच्छेद | पु. | ग्रन्थों आदि का ऐसा विभाग जिसमें किसी विषय या उसके अंग का स्वतंत्र रूप से प्रतिपादन या विवेचन किया गया हो, अध्याय, प्रकरण। | کِتابہٕ ہُنٛد باب یا بوگ | किताबि हुँद बाब या बोग | a section or chapter of a book. |
| परिजन | पु. | 1. परिवार के सदस्य; | عیال، باٚچ؛ | अयाल, बाॅच; | family, household, members; |
| | | 2. अनुगामी और अनुचरवर्ग। | مُرید، پاکھ | मुरीद, पाख | attendants, followers. |
| परिणत | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन, रूपान्तर या विकार हुआ हो; | تبدیل کورمُت، شکلِ فیوٗرمُت؛ | तबदील कोरमुत, शकलि फ्यूरमुत; | changed or transformed into; |
| | | 2. जिसकी पूरी वृद्धि हो चुकी हो, परिपक्व, पुष्ट। | پُختہٕ، پوٚپ، بالیغ | पुख्तु, पोप, बाल्यग | developed, ripened mature. |
| परिणति | स्त्री. | 1. परिणत होने की अवस्था या भाव; | تبدیلی؛ | तबदीली; | change; |
| | | 2. रूपान्तर को प्राप्त होना; | تبدیل گژھُن، کُنہ منٛز بدلُن؛ | तबदील गछुन, कुनि मंज बदलुन; | transformation, culmination; |
| | | 3. पूर्णवृद्धि, परिपाक; | پُختگی، بالغی؛ | पुखतुगी, बालिगी; | ripeness, maturity; |
| | | 4. परिणाम। | نتیجہٕ | नतीजु | result. |
| परिणय | पु. | विवाह। | خانٛدر | खांदर | marriage. |
| परिणाम | पु. | नतीजा, निष्कर्ष। | نتیجہٕ | नतीजु | result, consequence, effect. |
| परिणीत (स्त्री. परिणीता) | वि. | जिसका परिणय हो चुका हो, विवाहित। | ہُری شووٕمُت، ہُری شمُت | हर्यशोव़मुत, हर्युशमुत | married. |
| परिताप | पु. | 1. अत्यधिक ताप; | توٚت تاپھ؛ | तोत ताफ; | extreme or scorching heat; |
| | | 2. घोर व्यथा, संताप; | دِلُچ دگ؛ | दिलुच्य दग; | pain, agony; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप। | توبہٕ | तोबु | repentance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परितोष** | पु. | 1. निश्चिन्तता युक्त सुख जो कामना या साध पूरी होने पर होता है, पूर्ण तृप्ति;<br>2. प्रसन्नता, खुशी। | پوٗر تسلاہ؛<br>خوٗشی | पूर् तसलाह;<br>खोशी | complete satisfaction;<br>delight. |
| **परित्यक्त (स्त्री. परित्यक्ता)** | वि. | जिसे पूर्ण रूप से छोड़ दिया गया हो। | آزاد کرنہٕ آمُت،<br>ترٛاوِمُت | आज़ाद करनु आमुत,<br>त्रोवमुत | left, quitted. |
| **परित्याग** | पु. | पूरी तरह त्याग देना, एकदम छोड़ देना। | ترٛاوُن،<br>ترٛاوِتھ ژلُن | त्रावुन,<br>त्राविथ चलुन | abandoning, deserting. |
| **परित्राण** | पु. | कष्ट, विपत्ति, आदि से की जानेवाली पूर्ण रक्षा। | پناہ | पनाह | protection. |
| **परिधान** | पु. | पोशाक, पहनावा, पहनने के वस्त्र। | پلَو، پوشاک | पलव, पुशाक | dress, clothes, garment. |
| **परिधि** | स्त्री. | 1. वृत्त बनानेवानी रेखा;<br>2. किसी वस्तु की रक्षा के लिए बनाया हुआ घेरा, बड़ी चारदीवारी;<br>3. वह गोलाकार मार्ग जिस पर कोई चीज चलती या चक्कर लगाती हो। | دآیرٕ؛<br>حد<br>کوٗر | दायरु;<br>ह्द<br>कोर | circumference;<br>boundary;<br>perimeter. |
| **परिनिष्ठित** | वि. | 1. पूर्णतया निपुण;<br>2. (कार्य) जो संपन्न किया जा चुका हो, निपटाया हुआ;<br>3. एक सर्वमान्य आदर्श (जैसे भाषा)। | پوٗرٕ ماہِر؛<br>اَنجرٛاوِمُژ (کٲم)،<br>مکمل (کٲم)؛<br>میعاری (زبان) | पूर् माहिर;<br>अंजरावमुच (काम),<br>मुकमल (काम);<br>मयारी (ज़बान) | completely skilled in;<br>completed work;<br>standard (language). |
| **परिपक्व** | वि. | 1. अच्छी तरह पका हुआ;<br>2. जिसका पूरा विकास हो चुका हो;<br>3.कुशल, दक्ष, निपुण। | پوٗپ؛<br>سپدیومُت؛<br>ماہِر | पोप;<br>सपद्योमुत;<br>माहिर | ripe;<br>developed, matured;<br>skilled. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिपक्वता | स्त्री. | परिपक्व होने की अवस्था या भाव। | پُختگی، بالِغی | पुख़्तगी, बालिगी | ripeness, maturity, full development. |
| परिपत्र | पु. | वह आधिकारिक पत्र जो सभी संबद्ध अधिकारियों, सदस्यों, आदि को सूचनार्थ भेजा जाता है, गश्ती चिट्ठी। | سَرکیوٗلَر، گشتی چِٹھ | सरकुयलर, गश्ती चिठ्य | circular. |
| परिपथ | पु. | 1. विद्युत-धारा का मार्ग; | بِجلی سَرکیٖٹ؛ | बिजली सर्क्यट; | electric circuit; |
| | | 2. अनेक नगरों, देशों, स्थलों आदि में बारी-बारी से होते हुए जाने के लिए पहले से नियत किया हुआ मार्ग। | سَرکیٖٹ | सर्क्यट | circuit. |
| परिपाक | पु. | 1. अच्छी तरह से पकना या पकाया जाना; | پوٗرٕ رَنُمُت؛ | पूर् रोनुमुत; | being completely cooked; |
| | | 2. पूर्ण विकास या प्रौढ़ता को प्राप्त होना; | پَپُن؛ | पपुन; | ripening, maturity; |
| | | 3. परिणाम, फल। | نَتیٖجہٕ | नतीजि | result, consequence. |
| परिपाटी | स्त्री. | 1. जाति, समाज आदि में कोई काम करने का विशिष्ट या बंधा हुआ ढंग अथवा शैली, प्रथा, रीति; | رَسم، رِواج؛ | रसम, र्यवाज; | convention, custom; |
| | | 2. चला आता हुआ क्रम, सिलसिला। | اِنتِظام | इन्तिज़ाम | succession, arrangement. |
| परिपूर्ण | वि. | 1. जो सब प्रकार से पूर्ण हो; | مُکمَل؛ | मुकमल; | perfect, complete; |
| | | 2. जो पूरा हो चुका हो अथवा किया जा चुका हो। | پوٗرٕ، بَرِتھ | पूर्, बॅरिथ | full. |
| परिप्रेक्ष्य | पु. | 1. दृष्टिकोण, पृष्ठभूमि; | راے، نَظریہٕ؛ | राय, नज़रियि; | view-point, background; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. चित्रकला में दृश्यों, पदार्थों, व्यक्तियों का ऐसा अंकन या चित्रण जिसमें उनका पारस्परिक अन्तर ठीक उसी रूप में दिखाई देता हो जिस रूप में वह साधारणतः आंखों से देखने पर दिखाई देता है। | پَس مَنظر | पस मंज़र | perspective. |
| **परिभाषा** | स्त्री. | 1. किसी का ऐसा नपा तुला परिचय जिससे उसके स्वरूप, गुण, वैशिष्ट्य आदि का यथार्थ ज्ञान हो जाए, लक्षण; | تٲریٖف، لکھٕن؛ | तारीफ, लख्यन; | definition; |
| | | 2. कला या विद्या के क्षेत्र में विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला शब्द या संज्ञा; | لفظ یا اِسم خاص مانےیَس منز اِستیمال کرُن؛ | लफ्ज़ या इसुम खास मानेयस मंज़ इस्तेमाल करुन; | a word or noun used in a particula sense; |
| | | 3. अपने उपयोग के लिए शास्त्रकारों द्वारा रची हुई विशिष्ट संज्ञा। | تکنیٖکی ناو | तकनीकी नाव | technical term. |
| **परिभ्रमण** | पुं. | 1. चारों ओर घूमना; | اوٚر یوٚر کرُن؛ | ओरु योर करुन; | going about, moving to and fro; |
| | | 2. विज्ञान में किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु को केन्द्र मानकर उसके चारों ओर घूमना या चक्कर लगाना। | أندۍ أندۍ پھیرُن، چکر لگاوُن | अंद्य अंद्य फेरुन, चकर लगावुन | rotation, revolution. |
| **परिमल** | पुं. | 1. कुमकुम, चंदन आदि के मर्दन से उत्पन्न सुगंधि; | خوشبوے؛ | ख़ुश बोय; | fragrance; |
| | | 2. सुगंध, सुवास। | مُشک، سوگند | मुशुक, सुगंद | aroma. |
| **परिमाण** | पुं. | 1. माप; | میٖنٛژ؛ | मींच; | measure; |
| | | 2. तौल; | وَزن، تول؛ | वज़न, तोल; | weight; |
| | | 3. मात्रा; | میقدار؛ | म्यकदार; | quantity; |
| | | 4. चा[illegible]ओर का विस्तार,घेरा। | دٲیِر | दायर | circumference. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिमाप | पुं. | 1. मापने या नापने की क्रिया या भाव; | میٖنُن؛ | मेनुन; | act of measuring; |
| | | 2. लंबाई-चौड़ाई आदि का नाप या लेखा; | کھجر-زیچھر؛ | खजर-ज़ेछर; | dimension; |
| | | 3. वह उपकरण जिससे कोई चीज भापी या नापी जाए; | تارٕزٕ؛ | तारुज़; | scale; |
| | | 4. ज्यामिति में किसी आकृति, क्षेत्र या तल को चारों ओर से घेरनेवाली बाहरी रेखा अथवा ऐसी रेखा की लंबाई या विस्तार। | کوٗر، جایہِ حد، دأیرٕ حد | को़र, जायि हद, दायिरु हद | perimeter. |
| परिमार्जन | पुं. | 1. त्रुटियां या दोष दूर करना, सुधारना; | ترقی، دُرُست کرٕنۍ (غلطی بیترٕ)؛ | तरकी, दुरुस्तकरुन्य (गल्ती बेतिर); | improvement; |
| | | 2. साफ करना, स्वच्छ करना। | صفأیی کرٕنۍ | सफायी करुन्य | cleansing. |
| परिमार्जित | वि. | जिसका परिमार्जन किया गया हो या हुआ हो। | صاف کرن آمت | साफ करनु आमुत | improved, cleaned. |
| परिमित | वि. | 1. सीमित; | محدُودٕ | महदूद; | limited; |
| | | 2. मापा हुआ, तौला हुआ; | میوٗنہٕ مُت، تولہٕ مُت؛ | म्यूनुमुत, तूलमुत; | measured, weighed; |
| | | 3. जो परिमाण में आवश्यकता से न अधिक हो न कम। | سٲوم (یُس مینٛژس منٛز نہ زیاد آسہِ نہ کم) | सोम (युस मींच़स मंज़ न ज़्याद आसि न कम) | moderate. |
| परियोजना | स्त्री. | किए जानेवाले कार्य के संबंध में नियमित और व्यवस्थित रूप से स्थिर किया हुआ विचार और स्वरूप। | تجویٖز، سکیٖم | तजवीज़, सिकीम | scheme. |
| परिरक्षण | पुं. | हर तरह से रक्षा करना। | پرٕتھ رنگہٕ محفوٗظ | प्रथ रंगु महफ़ूज़ | guarded in every respect. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवर्तन | पु. | 1. अदल-बदल, विनिमय; 2. किसी की आकृति, रूप, गुण, स्थिति आदि में होनेवाला फेरफार। | ادلہٕ بدلہٕ؛ بدل، بدلاوُن | अदलु बदलु; बदल, बदुलावुन | exchange; change. |
| परिवर्तनशील | वि. | परिवर्तन जिसका स्वभाव हो। | فطری بدلہٕوُن | फितुरी बदलवुन | changeable. |
| परिवर्तित | वि. | 1. जिसका विनिमय किया गया हो; 2. जिसमें हेरफेर हुआ हो या किया गया हो, रूप या आकार में बदला हुआ। | بدلووُمُت، ادلہٕ بدل ہیوتمُت؛ بدلیومُت | बदुलोवमुत, अदलु बदल ह्योतमुत; बदल्योमुत | exchanged; changed, undergone variation. |
| परिवर्धन | पु. | 1. आकार-प्रकार, विषय-वस्तु आदि में की जानेवाली वृद्धि; 2. इस प्रकार बढ़ाया हुआ अंश। | بڈاوُن، زیٹھراوُن؛ بڈاوِنہٕ آمُت حصہٕ | बडावुन, ज़ीठरावुन; बडावनु आमुत हिसु | enlargement; enlarged portio |
| परिवर्धित | वि. | बढ़ा या बढ़ाया हुआ, जिसका परिवर्धन किया गया हो या हुआ हो। | بڈووُمُت | बडोवमुत | enlarged. |
| परिवहन | पु. | माल, यात्रियों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य जो आजकल रेलों, मोटरों, जहाजों आदि द्वारा किया जाता है। | ٹرانسپوٹ | ट्रांसपोट | transport. |
| परिवाद | पुं. | निंदा, शिकायत। | شکایت، نیٚندٕیا | शकायत, न्यंद्या | complaint, censure. |
| परिवार | पु. | 1. कुटुंब, आश्रितजन; 2. किसी विशिष्ट गुण, संबंध आदि के विचार से चीजों का बननेवाला वर्ग; 3. अनुचर। | پرِوار، عیال؛ کلاس، جماتھ؛ خادِم، پارٕو | परिवार, अयाल; क्लास, जमाथ; खादिम, पाँख | family; class; attendant or follower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवार-नियोजन | पुं. | बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से दाम्पत्य-जीवन के संबंध में की जानेवाली वह योजना जिससे लोग आवश्यकता अथवा औचित्य से अधिक संतान उत्पन्न न करें। | عیال حد رٹہنُک<br>منصوبہ<br>بانژبندی | अयाल हद् रटनुक<br>मंसूब्<br>बांचबंदी | family planning. |
| परिवेश | पुं. | 1. वातावरण;<br>2. तेजस्वी पुरुषों, देवताओं आदि के चित्रों में उनके मुखमंडल के चारों ओर दिखलाया जानेवाला प्रकाशमान घेरा;<br>3. बदली के समय सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देनेवाला घेरा। | ماحول؛<br>آر (پرکاشُک)؛<br>آفتابٕچ تہٕ زوٗنہِ<br>ہٕنز ژٔرٕٹ،<br>منڈل | माहोल;<br>आर् ( प्रकाशुक) ;<br>आफ़ताबुच तु ज़ूनि<br>हँज् च्रट,<br>मंडुल | environment;<br>halo (of lustre etc.);<br>the disc of the sun and the moon. |
| परिव्राजक | पु. | 1. वह संन्यासी जो परिव्रज्या का व्रत ग्रहण करके सदा इधर-उधर भ्रमण करता रहे;<br>2. संन्यासी। | سنیاسی (پھیرُن)؛<br>سنیاسی | संन्यास्य ( फेरुन) ;<br>संन्यास्य | wandering religious mendicant.<br>ascetic. |
| परिशिष्ट | पु. | पुस्तकों आदि के अंत में दिया गया वह पूरक भाग जिसमें वे बातें दी जाती हैं जो मूल में आने से रह गई हों अथवा मूल में दी गई बातों का स्पष्टीकरण दिया गया हो। | ضمیمہ، پُشہٕ حصہٕ | ज़मीमु, पुशुह्रिसु | appendix. |
| परिशीलन | पु. | मनन-पूर्वक किया जानेवाला गंभीर अध्ययन। | مطالعہٕ تنقیدی<br>مطالعہٕ | मुतालु, तनकीदी<br>मुतालु | study, critical study. |
| परिश्रम | पु. | मानसिक या शारीरिक श्रम, मेहनत। | مزوٗری، مشقت | मोज़ूर्य, मशगथ | labour, hard work |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परिश्रमी | वि. | पूरी शक्ति लगाकर काम करनेवाला, मेहनती। | زُو ژٹن وول | जुव चटन वोल | laborious, painstaking, hardworking, diligent. |
| परिषद् | स्त्री. | सभा। | اَنجمن، کونسل | ओंजमन, कोंसल | council, association. |
| परिष्कार | पु. | 1. अच्छी तरह ठीक और साफ करने की क्रिया या भाव, गंदगी, मिलावट, मैल आदि निकालकर किसी चीज को स्वच्छ बनाना; | صاف کرُن؛ | साफ करुन; | refining; |
| | | 2. त्रुटियां, दोष आदि दूर करके सुंदर सुरुचिपूर्ण और स्वच्छ बनाना; | آرائیش کرنۍ؛ | आराइश करुन्य; | embellishment; |
| | | 3. शोभा, सजावट। | سجاوٹھ، شوٗب | सजावठ, शूब | decoration. |
| परिष्कृत | वि. | 1. जिसका परिष्कार किया गया हो; | پاک یا شوُد کرنہٕ آمُت؛ | पाक या शुद करनु आमुत; | purified; |
| | | 2. संवारा या सजाया हुआ, अलंकृत; | سجاونہٕ آمُت؛ | सजावन आमुत; | adorned, decorated; |
| | | 3. सुधारा हुआ। | ترقی کرنہٕ وٲمُت | तरकी करनोवमुत | improved. |
| परिसंवाद | पु. | दो या अधिक व्यक्तियों में किसी बात, विषय आदि के संबंध में होनेवाला विचारपूर्ण वाद-विवाद। | بحث، وادواد | बहस, वादवाद | discussion, symposium. |
| परिसमापन | पु. | 1. समाप्त करना; | پوٗر، مکمل کرُن؛ | पूर, मुकमल करुन; | the act of finishing completely; |
| | | 2. किसी चलते हुए काम का विधिवत् समाप्त होना; | اَند، انجام؛ | अंद, अंजाम : | termination; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी ऋण-ग्रस्त संस्था का कारबार बन्द करते समय किसी सरकारी अधिकारी या किसी आदाता द्वारा उसकी परिसंपद् का लेनदारों में किसी विशिष्ट अनुपात से बांटा जाना। | ختم کرُن، بند کرُن | खत्म् करुन, बंद करुन | liquidation. |
| रिसर | पु. | नगर, पर्वत आदि के आस-पास की भूमि। | ماحول | माहोल | environs. |
| रिसीमन | पु. | किसी क्षेत्र, विषय आदि की सीमाएं निर्धारित करना। | حد مقرر کرُن | हद मुकरर करुन | delimitation. |
| रिसीमा | स्त्री. | अंतिम या चरम सीमा, हद। | اِنتہائی حد | इंतिहायी हद | extreme limit. |
| रिस्थिति | स्त्री. | आसपास चारों ओर की स्थिति, हालत। | حالت | हालत | circumstance. |
| रिहार | पु. | 1. त्रुटियों, दोषों विकारों आदि का किया जानेवाला अंत या निराकरण;<br>2. छोड़ने, त्यागने या दूर करने की क्रिया या भाव। | دُرُست کرُن، دُرُستی، پتھ ہیُون، پرہیز کرُن؛ کُنہ نِشہِ دوٗر ہیُون | दुरुस्त करुन, दुरुस्ती, पथ ह्योन, परहेज् करुन; कु नि निश दूर ह्योन | rectifying (a flaw, error etc.);<br>abstaining, refraining. |
| परिहार्य | वि. | परिहार करने योग्य, त्यागने या निवारण करने योग्य। | لوب ہیٚنس، پرہیز کرنس تہٕ تراونس لایکھ | लोब ह्यनस, परहेज् करनस तु त्रावनस लायख | to be avoided, that can be abstained, refrained. |
| परिहास | पु. | हंसी, मजाक। | مخول | मखोलु | joke, fun. |
| परी | स्त्री. | 1. वह कल्पित स्त्री जो परों की सहायता से आकाश में उड़ती है;<br>2. अति रूपवती स्त्री। | پٔری؛<br>مارٕ مۆنز (زنانہٕ پٔری) | परी;<br>मार्य मंज् ( ज़न तु परी) | fairy,<br>beautiful woman. |
| परीक्षक | पु. | 1. परीक्षा करने या लेनेवाला;<br>2. जांचने, परखनेवाला। | امتحان کرن، وول؛ تحقیقات کرن، وول، پرکھن وول | इम्तिहान करन वोल; तहकीकात करन वोल, परखन वोल | examiner;<br>one who tests, investigates, investigator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षण | पु. | 1. परीक्षा करने या लेने की क्रिया; | امتحان ہیوٚن؛ | इम्तिहान ह्योन; | the act or proces of examination, examining; |
| | | 2. जांच, परख। | ٹیسٹ کرُن<br>پرکھُن، مُلاحظ کرُن | ट्यस्ट करुन<br>परखुन, मुलाहज़ु करुन | testing. |
| परीक्षा | स्त्री. | 1. किसी के गुण, दोष, योग्यता, शक्ति आदि की सच्ची जानकारी के लिए उसे अच्छी तरह देखना भालना; | مُختلف قسمو<br>تفتیش کرُن؛<br>ٹھیکھ پاٹھو وُچھُن؛ | मुखतलिफ कुस्मव<br>तफतीश करुन;<br>ठीख पोठय वुछुन; | trial by ordeal of various kinds; |
| | | 2. प्रमाण आदि के द्वारा किसी वस्तु के तत्व का निश्चय करना; | امتحان، ٹیسٹ؛ | इम्तिहान, ट्यस्ट; | test; |
| | | 3. किसी वस्तु का ऐसा प्रयो जो उसके बारे में कोई विशेष बात निश्चित करने के लिए किया जाए; | تجرُبہ؛ | तजरुबु; | experiment; |
| | | 4. विद्यार्थियों या उम्मीदवारों की योग्यता की वह विशेष प्रकार की जांच जिसमें उनसे मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछे जाते हैं। | اِمتحان، ٹیسٹ | इम्तिहान, ट्यस्ट | examination, test. |
| परीक्षार्थी | पु. | परीक्षा देनेवाला। | اِمتحان دِنہٕ وول | इम्तिहान दिनु वोल | examinee. |
| परुष | वि. | जो गुण, प्रकृति, स्वभाव, आदि की दृष्टि से कड़ा, रुक्ष तथा मृदुताहीन हो, कठोर और ककर्श। | سخت، موٚٹ-دروٚٹ | सख्त, मोट - द्रोट | hard, rough, coarse. |
| परे | क्रि.वि. | 1. दूर, और आगे, सीमा से बाहर; | فاصلس پیٹھ،<br>اپارِ، دوٗر؛ | फासलस प्यठ,<br>अपारि, दूर; | at a distance, beyond; |
| | | 2. तुलना आदि के विचार से ऊँची स्थिति में या बढ़कर। | دوٗر، اپارِ | दूर, अपारि | beyond. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **परेशान** | वि. | 1. उद्विग्न, विकल, व्याकुल; | غمگین ؛ | ग़मगीन; | worried; |
| | | 2. दूसरों द्वारा तंग किया या सताया हुआ। | پریشان | परेशान | troubled, harassed. |
| **परेशानी** | स्त्री. | 1. परेशान होने की अवस्था या भाव; | فِکِر ؛ | फिकिर; | state of worry; |
| | | 2. वह बात या विषय जिससे कोई परेशान हो, काम में होनेवाला कष्ट या झंझट। | تکلیف | तकलीफ | trouble. |
| **परोक्ष** | वि. | 1. जो आंखों के सामने न हो; | نظرِ دور ؛ | नज़रि दूर; | out of or beyond the range of sight; |
| | | 2. अनुपस्थित, गैरहाजिर; | غار حاضر ؛ | गार हाज़िर; | absent; |
| | | 3. जो उचित और स्पष्ट रूप से न होकर किसी प्रकार के घुमाव-फिराव या हेरफेर से हो। | بِلاواسطہٕ | बिला वास्तु | indirect. |
| | पु. | 1. आंखों के सामने न होने की स्थिति या भाव, अनुपस्थिति; | غار حاضری ؛ | गार हाज़िरी; | absence; |
| | | 2. व्याकरण में पूर्ण भूतकाल। | ماضی، پتھ کال | मांज़ी, पथकाल | (in gram). perfect past tense. |
| **परोक्षी** | पु. | किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को दिया गया अधिकार, अन्य व्यक्ति के लिए कार्य करने के हेतु प्राधिकृत व्यक्ति। | بدلہٕ (کینسہٕ ہندِ) | बदलु ( कांसि हुंदि) | proxy. |
| **परोपकार** | पु. | दूसरों के हित का काम, दूसरे की भलाई। | سیٹھاہ خار، ووپکار | स्यठाह खार, वुपुकार | benevolence. |
| **परोपकारी** | वि. | दूसरे की भलाई करनेवाला। | سیٹھاہ خار کرن وول، ووپکاری | स्यठाह खार करन वोल, वुपुकारी | benevolent. |
| **परोपजीवी** | वि. | दूसरों के भरोसे जीवन निर्वाह करनेवाला। | بیٚیِس پیٹھ زِندٕ روزن وول | बेयिस प्यठ ज़िंदु रोज़न वोल | parasitic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | ऐसे कीड़े-मकौड़े या वनस्पतियां जो दूसरे जीव-जन्तुओं या वृक्षों के अंगों पर रहकर जीवन-निर्वाह करते हैं। | جراثیم، کیٚمی کرٛل یِم نیٚجِ بیٚترِ پیٚٹھ زِندٕ روزان آسن | जरासीम, कैम्य क्रूल यिम नीजि बेतरि प्यठ ज़िन्द् रोजान आसन | parasite. |
| परोसना (परसना) | स. क्रि. | खानेवाले की थाली में या पत्तल में खाद्य पदार्थ रखना। | بتہٕ شیرُن، لدُن (تھالس منٛز) | बतु शेरुन, लदुन (थालस मंज़) | to serve food. |
| पर्चा (परचा) | पु. | 1. कागज का टुकड़ा;<br>2. कागज के टुकड़े पर लिखी हुई छोटी चिट्ठी या सूचना;<br>3. विद्यार्थियों की परीक्षा में आनेवाला प्रश्नपत्र;<br>4. अखबार। | کاغذ پُرزٕ؛<br>پُرزٕ؛<br>پرچہِ، سوال پرچہِ؛<br>اخبار | कागज़ पुर्ज़;<br>पुरज़;<br>पर्चि, सवालु पर्चि;<br>अखबार | slip of paper;<br>chit;<br>paper, question paper;<br>newspaper. |
| पर्ची (परची) | स्त्री. | छोटा परचा। | کاغذ پُرزٕ، برٛزٕ | कागज पुर्ज़, बिर्ज़ | slip of paper. |
| पर्णकुटी | स्त्री. | वह झोंपड़ी जिसकी छाजन पत्तों की बनी हो। | پَنہٕ وٕتھرن ہٕنٛز پۆہر | पनुवथरन हुँज पेहर | hut made of leaves. |
| पर्णशय्या | स्त्री. | पत्तों का बिछावन या बिस्तर। | پَنہٕ وٕتھرن ہُنٛد وٕتھُرُن | पनु वथरन हुँद वथुरुन | bed or couch of leaves. |
| पर्णशाला | स्त्री. | पर्णकुटी। | پَنہٕ وٕتھرن ہٕنٛز پۆہر | पनु वथरन हुँज़ पेहर | hut made of leaves. |
| पर्यन्त | अव्य. | तक। | تام | ताम | till, upto, as far as. |
| पर्यटक | वि.पु. | दूसरे देशों में घूमने-फिरने वाला, पर्यटन करनेवाला। | سیاح | सयाह | tourist. |
| पर्यटन | पु. | अनेक महत्वपूर्ण स्थल देखने तथा मन-बहलाव के लिए अधिक विस्तृत भूभाग में किया जानेवाला भ्रमण। | سفر کرُن، سآرُن<br>پھیرُن، پھیرنہٕ گژھُن | सफ़र करुन, सारन<br>फेरुन, फेरनि गछुन | touring, travelling over. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पर्यवसान | पु. | 1. अंत, समाप्ति;<br>2. अर्थ, आशय आदि के संबंध में होनेवाला ठीक ज्ञान या निश्चय। | انجام، انْد؛<br>نتیجہٕ | अंजाम, अंद;<br>नतीजु | end, termination;<br>conclusion. |
| पर्यवेक्षक | पु. | वह अधिकारी जो किसी काम के ठीक तरह से होते रहने की देखरेख पर नियुक्त हो। | نِگران | निगुरान | supervisor. |
| पर्यवेक्षण | पु. | बराबर यह देखते रहना कि कोई काम ठीक तरह से चल रहा है कि नहीं। | نِگرانی | निगुरानी | supervision. |
| पर्याप्त | वि. | जितना आवश्यक हो उतना सब, यथेष्ट, काफी। | کافی | काफ़ी | enough, sufficient. |
| पर्याय | पु. | समानार्थक शब्द। | برابر، اَدلہٕ بدل؛<br>ہیُوٗہ | बराबर, अदलुबदल;<br>ह्यूह | synonym,<br>equivalent. |
| पर्यायवाची | वि. | समानार्थक। | ہم مانے | हम माने | synonymous. |
| पर्यालोचन | पु. | सम्यक् विवेचन। | مکمل نظرِ ثانی | मुकमल नज़रि सानी | thorough review. |
| पर्यावरण | पु. | किसी व्यक्ति या विषय की परिस्थिति, वातावरण। | حالت، ماحول | हालत, माहोल | circumstance,<br>environment. |
| पर्यावर्तन | पु. | 1. वापस आना, लौटना;<br>2. अदला-बदली, विनिमय। | پھیرِتھ یُن؛<br>اَدلہٕ بدل | फीरिथ युन;<br>अदलु बदल | coming back, return;<br>exchange. |
| पर्व | पु. | 1. उत्सव, त्योहार:<br>2. जोड़, गांठ;<br>3. ग्रंथ का कोई विशिष्ट खंड या भाग। | بوٗڈ دوٗہ؛<br>گنڈ؛<br>حصہٕ، چھل | बोड दोह;<br>गंड;<br>हिसु, छल | festival;<br>knot;<br>section. |
| पर्वत | पु. | पहाड़। | بال | बाल | mountain. |
| पर्वत-माला | स्त्री. | पहाड़ों की श्रेणी। | بالن ہُنْد سِلسِلہٕ،<br>بالہٕ تنْدل | बालन हुँद सिलसिलु,<br>बालु तंदल | chain of<br>mountains. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पलंग** | पु. | बड़ी और बढ़िया चारपाई | بڑچارپاے، پلنگ | बड़ु चारपाय, पलंगु | bedstead. |
| **पल** | पु. | समय का एक लघु विभाग जो 24 सेकेंड के बराबर होता है। | گر | ग़र | measure of time equal to twenty-four seconds; |
| **पलक** | स्त्री. | आंख के ऊपर का वह पतला आवरण जिसके गिरने से आंख बंद होती है और उठने से खुलती है। | اچھ پردٕ | अछ परदु | eye-lash. |
| **पलटन** | स्त्री. | 1. सैनिकों का बड़ा दस्ता जिसका नायक लेफ्टीनैंट होता है; | پلٹن؛ | पलटन; | platoon; |
| | | 2. किसी प्रकार के प्राणियों का बहुत बड़ा झुंड। | واریاہ | वारयाह | in large number. |
| **पलटना** | अ. क्रि. | 1. एकदम बदल जाना; | بدٕلاوُن؛ | बदलावुन; | to alter; |
| | | 2. उलटा या औंधा होना; | ڈُبہٕ پھِرُن؛ | दुबु फिरुन; | to over-turn; |
| | | 3. घूमना या मुड़ना; | پھیرُن یا پھِرُن؛ | फेरुन या फिरुन; | to turn, barter; |
| | | 4. वापस आना या लौटना; | پھیرِتھ یُن | फीरिथ युन | to return; |
| | | 5. मुकरना। | نہ کرُن؛ انکار کرُن | न करुन; इन्कार करुन | to deny, to refuse. |
| | स.क्रि. | 1. पूर्णतया परिवर्तित कर देना, बदल देना; | بدٕلاوُن؛ | बदलावुन; | to change, to alter |
| | | 2. उलटा या औंधा करना; | تٕلِم پاس پیٹھ کُن کرُن؛ | तलिम पास प्यठ कुन करुन; | to turn over; |
| | | 3. एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु ग्रहण करना, अदल-बदल करना। | پھیُور دیُن، ڈُبہٕ پھِرُن، جنٕس زٕ جنٕس بدٕلاوُن | फ्युर द्युन, दुबु फिरुन, जिनसस जिनुस बदलावुन | to exchange, to barter. |
| **पलटा** | पु. | 1. लोहे, पीतल या काठ की चपटी कलछी; | ژالَن؛ | चालन; | an iron pan or ladle with a long handle (used to turn cakes when cooking); |
| | | 2. पलटने का कार्य या भाव; | (وادس) پھیرُن؛ | (वादस) फेरुन; | going or turning back; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. संगीत में वह स्थिति जिसमें बड़ी और लम्बी तानें लेते समय ऊंचे स्वरों से पलटकर नीचे स्वरों पर आते हैं। | ژیرٕ بٕم | ज़ीरुबम | (music) while taking long tan s the singer touches the lower. |
| पलटाना | स. क्रि. | 1. पलटने में प्रवृत्त करना; 2. लौटाना, वापिस करना; 3. बदलना। | واپس کرُن، واپس پھیرناوُن؛ واپس دِیُن؛ بَدلاوُن، واپس دِیُن (کارِ بیتری منٛز) | वापस करुन, वापस करनावुन; वापस द्युन; बदलावुन, वापस द्युन (कारि बेतरी मंज़) | to send back, to cause to turn; to return; to convert, to drive back. |
| पलटाव | पु. | पलटे जाने की क्रिया या भाव। | پوٚت پھیرنٕچ حالت | पोत फेरनुच हालत | the state of turning back. |
| पलड़ा | पु. | तराजु के दोनों लटकते हुए भागों में से एक। | پوتُر، پٲتُر | पोतुर, पातुर | pan of a balance. |
| पलथी | स्त्री. | दाहिने और बाएं पैरों के पंजों को क्रम से बायीं और दाहिनी जांघों के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन। | زنگِ پیٹھ زنگ تھوِتھ بِہُن، ژاٹ کوٗٹ کٔرِتھ بیٚہُن | जंगि प्यठ जंग थविथ बिहुन, चाट कोट करिथ ब्युहुन | cross-legged sitting posture. |
| पलना | अ.क्रि. | 1. पाला-पोसा जाना; 2. विशिष्ट परिस्थितियों में रह कर बड़ा होना। | پھٲپھلاونُہ یُن؛ رٕچھنہٕ یُن؛ رٕچھُن، بَڈرُن | फाफलवुनु युन; रछिनु युन; रछुन, बड़रुन | to be brought up; to be nourished, to be reared. |
| पलस्तर | पु. | 1. मजबूती तथा सुरक्षा के लिए बालू, सीमेंट आदि का दीवारों,छतों आदि पर किया जानेवाला मोटा लेप; 2. किसी चीज के ऊपर लगाया जानेवाला कोई मोटा लेप। | پَلستر؛ موٚٹ بور | पलस्तर; मोट बोर | plaster; plaster. |
| पलायन | पु. | भागने की क्रिया या भाव, भागना। | ژلُن | चलुन | fleeing, escape. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पलायनवाद** | पु. | वह वाद या सिद्धान्त जिसमें जीवन की वास्तविक्ता और कठिनाइयों से भागने की प्रवृत्ति को प्रश्रय दिया जाता है। | فِراری، ژَلُن واد | फिरारी, च़लनवाद | escapism. |
| **पलायनवादी** | वि. | पलायनवाद संबंधी। | فِرارَس مُتلق | फिरारस मुतलक | pertaining to escapism. |
| | पु. | पलायनवाद के सिद्धान्त को माननेवाला या उसका अनुयायी। | فِرار کَرَن وول | फिरार करन वोल | escapist or the follower of escapism. |
| **पलाश(पलास)** | पु. | 1. एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसमें गहरे लाल रंग के अर्ध-चंद्राकार फूल लगते हैं, इसके सूखे लचीले पत्तों से दोने, पत्तल आदि बनाई जाती हैं; | اَکِ کُسُمک کُل یا تیمِکۍ وُتھُر (پَلاشِہ کُل)؛ | अकि कुसुक कुल या तेमिक्य वैथुर (पलाशिकुल); | kind of tree or its leaves; |
| | | 2. उक्त वृक्ष का फूल। | اَمِکی عباسی پوشِ | अमिक्य अबास्य पोश | its purple coloured flowers. |
| **पलीता** | पु. | 1. चिराग की बत्ती; | سوٗیتھ، | सुयथ; | wick; |
| | | 2. बत्ती के आकार का बारूद लगा हुआ एक छोटा डोरा जो पटाखों आदि में लगा रहता है और जिसके जलाने पर पटाखा चलता है; | زالَن واجِن سوٗیتھ؛ | ज़ालन वाज्यन्य सुयथ; | igniter; |
| | | 3. नारियल आदि की छाल या रेशों को कूटकर और बटकर बनाई हुई वह बत्ती जिससे बंदूक या तोप के रंजक में आग लगाई जाती है; | بندوٗقُک فِتۍ لہٕ؛ | बन्दूकुक फेत्यल; | gun-cotton; |
| | | 4. बत्ती के आकार में लपेटा हुआ वह कागज जिस पर कोई मंत्र लिखा हो। | تاوِیز یَتھ بیٚتھ مَنتھر یا دُعا یہِ خارتیٖرِتھ آسِہ | तावीज़ यथ व्यठ मांथर या दुआ-इ-खारतीरिथ आसि | a paper spell with spell and prayers written on it |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पलेथन (परथन) | पु. | वह सूखा आटा जिसे लोई पर लगाकर रोटी बेलते हैं। | خوشک | खुशकु | dry flour put under and over dough when it is rolled. |
| पलोटना | स.क्रि. | सेवाभाव से किसी के पैर दबाना। | کھورَن موٗٹھ دِنۍ | खुरन मुठ दिन्य | to tread gently. |
| पल्लव | पुं. | नया और कोमल पत्ता। | بامُن | बामुन | a new tender leaf. |
| पल्लवित | वि. | 1. जो नए-नए पत्तों से युक्त हो अथवा जिसमें नए-नए पत्ते निकल रहे हों; | بامُن پھٹُن، بامُن نیرُن؛ | बामुन फटुन, बामुन नेरुन; | having or growing new leaves; |
| | | 2. हरा-भरा तथा लहलहाता हुआ, समृद्ध | آباد | आबाद | thriving, prosperous. |
| पल्ला | पु. | 1. कपड़े का छोर, (दामन); | دامَن؛ | दामन; | length end of gar ment; |
| | | 2. स्त्रियों की चादर, साड़ी आदि का वह अंश जो उनके सिर पर रहता है तथा जिसे खींचकर वे घूंघट करती हैं; | پَلہٕ، لوٗنٹھ؛ | पलु, लूंठ; | the end of a saree etc. used as a head-cover; |
| | | 3. अनाज आदि बांधने का कपड़ा या चादर; | پَوَر ٹھیلہٕ؛ | पवर ठेलु; | a piece of cloth or 'chadar' to hold corn etc.; |
| | | 4. तराजू, किवाड़ आदि के दो हिस्सों में से कोई एक। | پوتُر، پوٗٹ (دارِ دروازُک) | पोतुर, पोट (दारि दरवाजुक) | pan of a balance, door panel. |
| पल्लू | पु. | 1. आंचल, छोर; | (زنانہٕ پلوٗک) اند؛ | (जनानु पलवुक) अन्द; | end of a (female) garment; |
| | | 2. स्त्रियों का घूंघट; | ووٗڑ پلوٗچ لوٗنٹھ یا پوٗژھ؛ | वुड़ पलवुच लूंठ या पोछ; | used as a head cover and veil; |
| | | 3. चौड़ी गो… …टी। | ماوُل | मावुल | broad border (Gota). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पल्ले** | क्रि. वि. | प्राप्ति, स्थिति आदि के विचार से अधिकारवश या स्वत्व में, पास में या हाथ में। | دردس | दर दस | in hand. |
| **पल्लेदार** | पु. | माल ढोनेवाला मजदूर। | حمال | हमाल | porter, carrier of heavy burden. |
| **पवन** | पु. | वायु, हवा। | ہوا، واو | हवा, वाव | air, breeze, wind. |
| **पवन-चक्की** | स्त्री. | पवन के वेग से चलनेवाली चक्की। | واوِ گرٹ | वावु ग्रट्ट | a wind-mill. |
| **पवित्र** | वि. | 1. (पदार्थ) जो धार्मिक उपचारों से इस प्रकार शुद्ध किया गया हो या अपने गुणों के कारण इतना शुद्ध माना जाता हो कि पूजा-पाठ, यज्ञ आदि के काम में लाया जा सके; | مُتبرک، مُقدس، پَوِتھر؛ | मुतबरुक, मुकद्दस, पविथुर; | sacred, sacrosanc |
| | | 2. (व्यक्ति) निश्छल, धार्मिक तथा सद्वृत्तिवाला; | بُزرگ، دَرماتما؛ | बुज़र्ग, दरमात्मा; | holy; |
| | | 3. स्वच्छ, निर्मल; | پاک، نیرمل؛ | पाक, न्यर्मल; | pure; |
| | | 4. दोष, पाप आदि से रहित। | بےگوناہ، صوابگار | बेगुनाह, सवाबगार | sinless, free from sensual properties |
| **पवित्रता** | स्त्री. | पवित्र होने की अवस्था या भाव। | پاکیزگی، صفائی | पाकीजुगी, सफायी | purity, cleanness. |
| **पशमीना** | पुं. | 1. पशम; | نرم رُمہ ژاوِج موٗن؛ | नर्म रुमु जा़विज मून; | fine soft wool; |
| | | 2. बढ़िया, मुलायम ऊन का कपड़ा। | پشمینک | पश्मीनुक | cloth made of such wool. |
| **पशु** | पु. | 1. चार पैरों से चलनेवाला कोई दुमदार जंतु, जानवर; | چاروٚے، پۄش؛ | चारवोय, पोश; | animal, cattle, beast; |
| | | 2. मूर्ख, विवेकहीन मनुष्य। | بیعقل، مُڈ | बेकुल, मुड | a fool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पशुचिकित्सा | स्त्री. | चिकित्सा-शास्त्र की वह शाखा जिसमें पशु-पक्षियों आदि के रोगों के निदान और चिकित्सा का विवेचन होता है। | گُپَن سایِنس | गुपन साइनस | veterinary scienc |
| पशुता | स्त्री. | 1. पशु होने की अवस्था या भाव;<br>2. पशुओं का सा व्यवहार या स्वभाव। | حَیوان آسنُچ حالت؛<br>وحشیانہٕ پن | हैवान आसनुच हालत;<br>वहशयानुपन | the state of bein animal;<br>bestiality, (beastliness). |
| पशुधन | पु. | वे पालतू पशु जो किसी व्यक्ति या समाज आदि के आर्थिक उत्पादन, सुरक्षा आदि में योग देते हों। | گُریٕ گُپن، پٔشی دَن | गुर्य गुपन, पॅश्यदन | livestock. |
| पशुपाल (पशुपालक) | पु. | पशुओं को पालनेवाला। | گوٗر، چار وٲے رٲچھن دول | गूर, चारवाय राछन वोल | cattle-breeder. |
| पशुपालन | पु. | जीविका निर्वाह के लिए पशुओं को पालने की क्रिया या भाव। | پٔشی پالُنۍ | पॅश्य पालुन्य | cattle-breeding, animal husband |
| पश्चात् | अव्य. | पीछे, बाद में, उपरान्त। | پَتہٕ، پَتہٕ کَنہِ | पतु, पतु कनि | after, after-warc behind. |
| पश्चात्ताप | पु. | किसी कार्य से अनौचित्य का भान होने पर मन में होनेवाला दुख, पछतावा। | شرمندگی، پشتاو | शरमंदुगी, पश्ताव | regret, repentan |
| पश्चिम | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्य अस्त होता है, पूर्व दिशा के सामने वाली दिशा। | مَغرِب، پَچھُم | मगरिब, पछुम | west. |
| पश्चिमी | वि. | 1. पश्चिमी दिशा सम्बन्धी;<br>2. पश्चिम के देशों में होनेवाला या वहां से आनेवाला। | مغربی، مغربُک، پَچھمُک؛<br>مَغربی | मगरिबी, मगरिबुक, पछिमुक;<br>मगरिबी | pertaining to w<br>western. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पसन्द | स्त्री. | 1. मन को भला तथा रुचिकर प्रतीत होनेवाला कार्य, वस्तु या व्यक्ति; | پسند؛ | पसंद; | liking; |
| | | 2. वरण करने, चुनने या वरीयता देने की क्रिया, प्रवृत्ति या भाव। | پسند، ترجیح | पसंद, तरजीह | choice, preference |
| पस | पु. | मवाद, घाव, फोड़े आदि से निकलनेवाला लसीला तरल श्वेत पदार्थ। | پاکھ | पाख | pus. |
| पसरना | अ. क्रि. | 1. आगे की ओर बढ़ना, फैलना; | پھالاوُن؛ واہراوُن؛ | फालावुन; वाहरावुन; | to be spread out, to stretch out; |
| | | 2. हाथ-पैर फैलाकर या अधिक जगह घेरते हुए बैठना या लेटना। | لَر تراوِنؠ | लर त्रावुन्य | to stretch oneself. |
| पसली | स्त्री. | स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से एक। | لَرکانٛی، کانٛی | लरु कान्य, कान्य | rib. |
| पसाना | स. क्रि. | 1. पके हुए चावलों में से मांड निकालना; | گرکُونِ بتہٕ دیگہِ منٛز اَنِمہِ کڈُن؛ | ग्रकुवनि बतुदेगि मंजु अनिमु कडुन; | to remove the scum of boiling rice; |
| | | 2. किसी वस्तु में से जलीय अंश निकालना। | اَنِمہِ پھیارُن | अनिमु फ्यारुन | to pour off the water in which any edible (as rice) has been boiled. |
| पसारना | स. क्रि. | 1. अधिक विस्तृत करना; | پھالاوُن؛ | फालावुन; | to expand; |
| | | 2. फैलाना; | وَتھراوُن؛ | वथुरावुन; | to spread; |
| | | 3. आगे बढ़ाना। | کھلراوُن، وَہراوُن | खुलरावुन, वोहरावुन | to stretch out. |
| पसारा | पु. | फैलाव। | پھہلاو | फहलाव | spread, extension. |
| पसीजना | अ. क्रि. | 1. अधिक गरमी या ताप के प्रभाव से किसी घन या ठोस पदार्थ में से जलकण निकलना; | گُمہٕ یِنؠ، وُزُن؛ | गुमु यिन्य, वुज़ुन; | to perspire, to ooze; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दया आ जाना। | دیا یِنۍ، رحم یُن | दया यिन्य, रहम युन | to be compassionate. |
| **पसीना** | पु. | गरमी अथवा श्रम के कारण शरीर या उसके अंग में से निकलनेवाले जलकण। | گُمہٕ، عارق | गुमु, आरक | perspiration, sweat. |
| **पसोपेश** | पु. | 1. कोई काम करने के समय मन में होनेवाला भाव कि आगे बढ़ें या पीछे हटें, असमंजस, आगा-पीछा, सोचविचार; | تذبذب، ہردُر دُژیوت؛ | तज़बज़ुब, हरदुर दुच्योत; | being in a fix, hesitation; |
| | | 2. इस बात का विचार कि यह काम करने पर क्या लाभ अथवा क्या हानि होगी, ऊंच-नीच। | فاصلہٕ نہٕ ہیکُن کٔرِتھ | फासलु नु ह्यकुन करिथ | indecision. |
| **पस्त** | वि. | 1. हारा हुआ;<br>2. थका हुआ, शिथिल। | ہارنووِمُت؛<br>ژھیوٚنہٕمُت، تھوکہٕمُت | हारनोव मुत;<br>छ्योनमुत, थोकमुत | defeated;<br>weary. |
| **पहचान (पहिचान)** | स्त्री. | 1. पहचानने की क्रिया या भाव; | پرزناونُچ عمل؛ | परज़ुनावनुच अमल; | the act of recognition; |
| | | 2. कोई ऐसा चिह्न या लक्षण जिससे पता चले कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है; | پرزناونُک نشانہٕ، پچھان؛ | प्रज़ुनावनुक निशानु, पछान; | identification mark; |
| | | 3. कभी के देखे हुए या जाने हुए व्यक्ति या पदार्थ को दुबारा देखने पर उसे उसी रूप में जान लेने की क्रिया या भाव; | (بیٚیہِ) پرزناوُن، نوٚ زان؛ | (बेयि) प्रज़नावुन, नव ज़ान; | recognising or knowing again; |
| | | 4. परख, परखने की शक्ति; | ٹیسٹ، فرق کرنُک حوصلہٕ؛ | टयस्ट, फर्क करुनुक होसलु; | test, power of distinguishing; |
| | | 5. परिचय। | زان–پچھان | ज़ान - पछान | acquaintance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पहचानना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति को देखते ही उसके चिह्नों, लक्षणों या रूपरंग के आधार पर यह जान लेना कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है, यह समझना कि यह वही वस्तु या व्यक्ति है जिसे मैं पहले से जानता हूँ; | پرزناوُن؛ | परज़ुनावुन; | to recognise; |
| | | 2. गुण दोष जानना, किसी के गुणदोष से अच्छी तरह परिचित होना; | زان، فِکرِ ترُن؛ | ज़ान, फिकिरि तरुन; | to know, understand |
| | | 3. एक वस्तु का दूसरी वस्तु या वस्तुओं से भेद करना, अंतर समझना या जानना, बिलगाना। | فرق کرُن، تمیز کرُن | फर्क करुन्य, तमीज़ करुन | to distinguish, discern. |
| पहनना | स. क्रि. | शरीर या अंग पर (विशेषकर कपड़े, गहने आदि) धारण करना। | نالی لاگُن، ژھُنُن | नाल्य लागुन, छ़ुनुन | to put on, to wear. |
| पहनाना (पहराना) | स. क्रि. | दूसरे को अपने हाथों से कपड़े, गहने आदि धारण कराना। | پَلَو لاگُنی<br>پَلَو ژھُنناوُن | पलव लागुन्य<br>पलव छ़नुनावुन | to clothe. |
| पहनावा (पहरावा) | पु. | 1. पहनने के कपड़े, पोशाक; | پوشاکھ؛ | पुशाख; | dress, garment; |
| | | 2. किसी जाति, देश आदि के लोगों द्वारा सामान्यतः पहने जानेवाले वस्त्र। | پوشاکھ لاگنُک طریقہ | पुशाख लागुनक्य तरीक़ | ways of dressing up. |
| पहर | पु. | तीन घंटे का समय। | اکھ پہَر | अख पहर | measure of time equal to three hours. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहरा** | पु. | 1. नियम विरुद्ध कार्य न होने देने के लिए तथा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के प्रति हानि न होने देने के लिए एक या अनेक व्यक्तियों का नियुक्त होना; | راکھ، نِگران راٚچھ؛ | राखु, निगरान रांछ; | guard; |
| | | 2. निगरानी, देखरेख; | نِگرانی؛ | निगरानी; | watch; |
| | | 3. रक्षकदल; | راکھ چھوکھ؛ | राखु छुख; | group of guards; |
| | | 4. रक्षकदल का फेरा। | رونٛد وَق | रोंदु वक़ | beat time, period. |
| **पहरेदार** | पु. | पहरा देने वाला, रक्षक। | سَنتری، راٚچھ دَر | संतर्य, रोछदर | watchman, sentry guard. |
| **पहल** | स्त्री. | 1. किसी नए कार्य का पहली बार होने वाला आरम्भ; | شوٗرٗو، سنز؛ | शुरू, संज़; | beginning, commencement; |
| | | 2. किसी कार्य, बात आदि का किसी एक पक्ष की ओर से होने वाला आरम्भ जिसमें बाद के प्रभाव का उत्तरदायित्व उसी पक्ष पर माना जाता है, छेड़। | دُسلابہٕ، دس تُلنُک حوصلہٕ | दसलाबु, दस तुलनुक होसलु | initiative. |
| **पहलवान** | पु. | 1. कुश्ती लड़ने वाला मजबूत और कसरती आदमी; | پہلوان؛ | पैहलवान; | wrestler; |
| | | 2. हृष्ट-पुष्ट और बलवान आदमी। | ہٹہٕ کٹہٕ انسان | हट्कटु इन्सान | strong man. |
| **पहलवानी** | स्त्री. | 1. पहलवान होने की अवस्था या भाव; | دَبدَب، پہلواٰنی؛ | दबुदब, पैहलवानी; | wrestling; |
| | | 2. कुश्ती लड़ने का काम या पेशा। | پہلواٰنی ہُنٛد پیشہٕ | पैहलवानी हुँद पेशु | the job or profession of wrestling. |
| **पहला (पहिला)** | वि. | 1. समय के विचार से जो और सब से आदि में हुआ हो। | اَوَل، گوڈنیُک؛ | अवल, गुडन्युक; | first; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी चीज विशेषत: किसी वर्गीकृत चीज के आरंभिक अंश या वर्ग से संबंध रखने वाला; | بنیادی؛ | बुनयादी; | primary; |
| | | 3. वर्तमान से पूर्व का। | برونٛہِم، گوڈٕ ینِہ وول | ब्रूंठिम, गुडु यिनु वोल | former, prior. |
| पहलू | पुं. | 1. किसी व्यक्ति या वस्तु का दायां या बायां अंग (पार्श्व, बगल); | طرف؛ | तरफ; | side; |
| | | 2. अच्छाई-बुराई, गुणदोष आदि की दृष्टि से किसी बात या विषय का कोई पक्ष। | پہلوٗ، رۄخ | पहूल, रुख | aspect. |
| पहले | क्रि. वि. | 1. आदि में, शुरु में; | گوڈٕ گوڈٕ؛ | गुडु गुडु; | in the beginning; |
| | | 2. स्थिति या काल के अनुसार प्रथम, आगे या पूर्व; | برونٛہہ، برونٛہہ کالہٕ؛ | ब्रोंह, ब्रोंह कालि; | before, first, previously; |
| | | 3. पुराने जमाने में। | پرانِہ وقتہٕ، پتھ کالہٕ | प्रानि वक्तु, पथ कालि | in olden times. |
| पहले-पहल | क्रि. वि. | सबसे पहले, पहली बार। | ساریوٕے برونٛہہ، گوڈنِچہِ لٹہِ | सारिवय ब्रोंह, गुडनिचु लटि | first of all, for the first time. |
| पहलौंठा (स्त्री. पहलौंठी) | वि. | जो पहले जन्मा हो, प्रथम प्रसव। | یِوٕنُک، زیٹھ، گوڈٕ زامُت، آدنُک | यिवुनुक, ज्युठ, गुडु जामुत, आदनुक | first born. |
| पहाड़ | पु. | 1. चट्टानों का वह प्राकृतिक पुंज जो जमीन की सतह से बहुत ऊंचा होता है; | بال؛ | बाल; | mountain; |
| | | 2. (ला०) किसी वस्तु का बहुत ऊंचा ढेर; | (وٕرگہٕ) انٛبار؛ | (वर्ग) अंबार; | a huge heap (of anything); |
| | | 3. (ला०) बहुत कठिन और दुष्कर कार्य। | سخ تہٕ کُڈُر کام (وٕرگہٕ) | सख तु कुडुर कांम (वर्ग) | difficult and hard task.. |
| पहाड़ा | पु. | किसी अंक की गुणन सूची, गुणनसारणी। | پہاڑ، گونن سارن | पहाड़, गोनन सारन | multiplication table. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहाड़ी** | वि. | 1. पहाड़ सम्बन्धी; | بالُک، پہاڑی؛ | बालुक, पहाड़ी; | pertaining to the hill; |
| | | 2. जिसमें पहाड़ हों; | پہاڑی؛ | पहाड़ी; | hilly; |
| | | 3. पहाड़ पर या उसके आसपास रहने वाला। | کنٛجہِ گامُک، بالَس پیٹھ یا نکھہٕ روزَن وول | कंजि गामुक, बालस प्यठ या नखु रोज़न वोल | living on or near the mountain. |
| | स्त्री. | छोटा पहाड़। | لوٚکُٹ بال، ٹینٛگ | लुकुट बाल, टेंग | small hill. |
| **पहिया** | पु. | 1. गाड़ी, कल आदि का वह गोलाकार अवयव जिससे धुरी पर घूमने से वह कल या गाड़ी चलती है; | پہیہ؛ پہیہِ؛ | पहि; पहियि; | wheel; |
| | | 2. यंत्रों आदि में लगा हुआ उक्त आकार का गोल चक्कर जिसमें उस यंत्र की कोई क्रिया सम्पन्न होती है। | پہیہِ | पहियि | wheel. |
| **पहुंच** | स्त्री. | 1. पहुंचने की क्रिया या भाव; | واتُن؛ | वातुन; | the act of reaching; |
| | | 2. (शास्त्र आदि में) पैठ, प्रवेश, ज्ञान या परिचय; समझने की सामर्थ्य; | پِلُن، سزُن؛ | पिलुन, सज़ुन; | access; |
| | | 3. पहुंच जाने की खबर या सूचना। | واتُن، واتنِچ شیچھ | वातुन, वातनुच शेछ | arrival, intimation of arrival. |
| **पहुंचना** | अ. क्रि. | 1. एक स्थान से चलकर दूसरे स्थान को प्राप्त होना; | کُنہِ جایہِ واتُن؛ | कुनि जायि वातुन; | to reach, to arrive at; |
| | | 2. किसी स्थान या पद आदि को प्राप्त होना। | حاصِل کرُن | हासिल करुन | to attain, to achieve. |
| **पहुंचा** | पु. | कलाई के ऊपर और कुहनी के नीचे का भाग। | ہوٚچ | होच | wrist. |
| **पहुंचाना** | स. क्रि. | 1. किसी चीज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना; | تُلِتھ نیُن، واتناوُن؛ | तुलिथ न्युन, वातनावुन; | to carry, to convey, to transmit, to lead, to reach (another); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी व्यक्ति के संग चलकर उसे नियत स्थान तक छोड़ने जाना। | (کُنہِ جایہِ) سٟتۍ گژھُن | (कुनि जायि) सृत्य गछुन | accompany to (a place). |
| पहुंची | स्त्री. | कलाई पर पहनने का एक प्रकार का गहना। | ہٮ۪ژھکیک زیوَر یا وس | हच्युक ज़ेवर या वस | wrist ornament. |
| पहेली | स्त्री. | 1. किसी की बुद्धि या समझ की परिक्षा लेने के लिए एक प्रकार की प्रश्नात्मक उक्ति या कथन जिसमें किसी वस्तु का भ्रामक या टेढ़ा-मेढ़ा लक्षण देकर उसे अभिप्रेत वस्तु का नाम बताने को कहते हैं; | پرٛژھ؛ | प्रच; | puzzle; quiz, riddle; |
| | | 2. दुर्ज्ञेय और विकट प्रश्न या बात। | مُشکِل مسلہٕ | मुश्किल मसलु | anigma. |
| पांच | वि. | जो गिनती में चार से एक अधिक हो। | پانٛژھ | पांछ | five. |
| | पु. | उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 5 | گرٛٮ۪نٛز منٛز پانٛژھ (۵) | ग्रेंज़ मंज़ पांछ (५) | the number five. |
| पांचभौतिक | वि. | 1. जिसका सम्बन्ध पंचभूतों से हो, | پانٛژن عنصرن | पांचन अनासिरन | pertaining to five elements; |
| | | 2. पंचभूतों से मिलकर बना हुआ। | مُتلق؛ پانٛژن عنصرن یا توتن ہنٛد بنیومت | मुतलक; पांचन अनसरन या तुतन हुँद बन्योमुत | composed of the five elements or containing five elements. |
| पांचवां | वि. | गिनती या क्रम में पांचवें स्थान पर पड़नेवाला। | پٮ۪نٛژیُم | प्ंच्युम | fifth. |
| पांजना | स. क्रि. | लोहे, पीतल आदि की वस्तुओं को टांका देकर जोड़ना, झालना। | داتس ژود برُن، یلیہٕ واٹھ دیُن | दातस ज़ोद बरुन, यल्य वाठ द्युन | to close or fill in (a hole) esp. in metal, to solder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पांडित्य** | पु. | ज्ञान, विद्वता। | علِم | अ॑लिम | scholarship, learning. |
| **पांडु** | वि. | हलके पीले रंग का। | لیٚدرٕرِ سان | लेदरेरु सान | yellowish. |
| | पु. | 1. सफेद पीला रंग; | لیٚدرِ، چھوٚت، کانٛبیِ لد؛ | लेदरि, छोत, कांबयि लद; | yellowish white, white pale, jaundiced; |
| | | 2. त्वचा के पीले पड़ने का एक रोग, पीलिया। | کانٛبے | कांबय | jaundice. |
| **पांडुरोग** | पु. | एक प्रसिद्ध रोग जिसमें सारा शरीर पीला पड़ जाता है। | کانٛبے، لیٚدرٕرِ دود | कांबय, लेदरेर दोद | yellow disease, jaundice. |
| **पांडुलिपि** | स्त्री. | पुस्तक की हस्तलिखित प्रति। | مُسوٚدٕ، اَتھ لیچھمٕژ کِتاب | मुसवदु, अथु लीछिमच किताब | manuscript. |
| **पांति (पांत)** | स्त्री. | पंक्ति, कतार, पंगत। | لان، پنٛگتھ | लान, पंगथ | line, row. |
| **पांव** | पु. | वह अंग जिसके बल प्राणी खड़े होते हैं और चलते हैं, पैर। | کھور | खुर | foot. |
| **पांवड़ा** | पु. | वह कपड़ा जो किसी आदरणीय व्यक्ति के मार्ग में पांव रखकर चलने के लिए बिछाया जाता है। | کپُر یا قالیٖنٕ پیٚٹھ پکنٕ باپتھ وَتھرٕ رووُمُت وُزُل قالیٖنٕ یا وُزُل بناتھ | कपरु या कालीनु पेठ्य पकनु बापथ वथरोवमुत वुजुल कालीनु या वुजुल बनाथ | cloth or carpet spread to walk on, red carpet. |
| **पाई** | स्त्री. | 1. खड़ी या सीधी लकीर; | دیوناگرِیس اندر اَلِف ہِش ریکھ؛ | दीवनागयिस अन्दर अ॑लिफ हिश रख; | a small vertical line used in writing or printing in Devanagari characters, a full stop; |
| | | 2. तांबें का एक पैसे से भी छोटा पुराना सِक्का। | پرٛون ترٛام، سِکہٕ، پرانِ پانٛسٕ نِشہِ کم قیمتی ترٛامہٕ سِکہٕ، پایہِ | प्रोन त्राम, सिकु, प्रानि पांसु निशि कम क़ीमती त्रामु सिकु, पायि | old copper coin smaller in value than the old paisa. |
| **पाकर (पाकड़)** | पुं. | बरगद की जाति का एक बड़ा पेड़। | پاکڑ (اَکھ کُل) | पाकड़ ( अख कुल) | the waved-leaved fig-tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पाकशास्त्र | पु. | वह शास्त्र जिसमें विभिन्न खाद्य पदार्थों या व्यंजन बनाने की कला, प्रक्रिया का विवेचन होता है। | رنن وید یا، رننک شاستر | रनन व्यद्या, रननुक शास्तुर | cooking, cookery. |
| पाक्षिक | वि. | 1. पक्ष सम्बन्धी; 2. प्रत्येक पक्ष में होने वाला। | پچھک، ژۄدہن پندہن دۄہن ہُند؛ پنداہ دۄہی، پچھی | पछुक, छ्रुह्‌न पंदुह्‌न दोह्‌न हुँद; पंदाहि दोह्‌य, पछ्‌य | belonging to a fortnight; fortnightly. |
| पाखंड | पु. | 1. दिखावटी उपासना या भक्ति; | پاکھنڈ؛ | पाखंड; | any one who falsely assumes the characteristics of an orthodox Hindu, Jain or Buddhist, false doctrine, heresy; |
| | | 2. पूजा-पाठ आदि का आडंबर, ढकोसला, ढोंग। | ڈۄنگ | डोंग | hypocrisy, simulation. |
| पाखंडी | वि. | 1. बनावटी धार्मिकता, सदाचार आदि दिखाने वाला; | پاکھنڈی؛ | पाखंडी; | one who adopts the external marks o characteristics of a tribe or sect but does not conform to the orthodox tenets of the Hindu faith nor respect the ordinances of the Vedas: |
| | | 2. दूसरों को ठगने या धोखा देने के लिए आडंबर या ढोंग करनेवाला। | مُنافِق، ڈۄنگی | मुनाफिक, डूंग्य | dissembling, hypocritical. |
| पाखाना | पु. | 1. शौचालय, वह स्थान जहां मलत्याग किया जाए; | ٹٹی؛ | टट्य; | latrine; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शरीर का वह मल जो भोजन आदि पचने के उपरांत गुदा के रास्ते बाहर निकलता है। | گس، گوٗہ | गुस, गोह | faeces. |
| पाग | स्त्री. | पगड़ी। | دستار، صافہ | दस्तारु, साफु | a turban. |
| | पु. | वह खाद्य पदार्थ जो चाशनी या शीरे में पकाकर तैयार किया गया हो। | یُس کھنڈ رسس منز پاکہ ون یِیہ | युस खंडु रसस मंज़ पाकुवुनु यियि | anything which is boiled in sugar syrup,sugar-coated. |
| पागना | स. क्रि. | खाने की किसी वस्तु को चाशनी या शीरे में कुछ देर डुबाकर रखना ताकि शीरे या चाशनी का लेप उस वस्तु पर चढ़ जाए। | بتاسہ بناوُن | बतासु बनावुन्यु | to dip in or coat with syrup to form a cake or crystallized sugar. |
| पागल | वि. | जिसका दिमाग खराब हो गया हो, जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, विक्षिप्त, सनकी। | باور، پاگل | बावरु, पागल | mad, insane, lunatic. |
| पागलखाना | पु. | वह स्थान जहां पागल व्यक्तियों को रखकर उनकी चिकित्सा की जाती है। | پاگل خانہ | पागलखानु | lunatic asylum. |
| पागलपन | पु. | 1. पागल होने की अवस्था या भाव, उन्माद, मूर्खता; | احمقازی؛ | अहमकाज़ी; | foolishness; |
| | | 2. वह आचरण, कार्य या बात जो पागल लोग साधारणतः करते हों। | باورگی، پاگلی، دیوانگی | बावरगी, पागुली, देवानगी | madness, lunacy, insanity. |
| पाचक | पुं. | पकाने वाला, पचाने वाला, | وازہ | वाज़ु | cook, |
| | वि. | वह दवा जो खाई हुई चीज पचाती या पाचनशक्ति बढ़ाती हो। | ہاضم، شُر پراوُن | हाज़िम, श्रोपरावुन | digestive, causing digestion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाचन** | पु. | 1. पकाने या पचाने की क्रिया;<br>2. जठराग्नि द्वारा भोजन का पचाया जाना। | رنُن، گرٕکھ دِنۍ،<br>شرٛپراوُن؛<br>میادُک شرٛپرُن | रनुन, ग्रख दिन्य,<br>श्रोपरावुन;<br>म्यादुक श्रोपरुन | causing to cook o<br>boil or digest;<br>the act of digestio<br>in the stomach. |
| **पाचनशक्ति** | स्त्री. | खाए हुए पदार्थ को पचाने की शक्ति या सामर्थ्य, हाजमा। | شرٛپن باٹھ | श्रपन बोठ | the digestive power. |
| **पाजामा (पायजामा, पैजामा)** | पु. | एक तरह का सिला हुआ वस्त्र जो कमर से एड़ी तक का भाग ढकने के लिए पहना जाता है और जो ऊपरी भाग के नेफे में नाला डालकर पहना जाता है। | پاجامہٕ، یێزار | पोजामु, येज़ार् | pyjamas. |
| **पाजी** | वि. | दुष्ट, बदमाश, लुच्चा। | کمینہٕ، بد، لُچ | कमीनु, बद, लुचु | mean, wicked. |
| **पाजीपन** | पु. | दुष्टता, बदमाशी। | کمینٕگی، بدی | कमीनुगी, बदी | meanness, wickedness. |
| **पाजेब** | स्त्री. | पैरों में पहनने का स्त्रियों का एक प्रसिद्ध गहना। | پانٛزیب | पांज़ेबु | anklet. |
| **पाट** | पु. | 1. विस्तार, फैलाव, चौड़ाई;<br>2. चक्की के दोनों पल्लों में से हर एक;<br>3. किसी प्रकार का तख्ता, पटिया या शिला। | کھجر؛<br>گرٕٹہٕ پوتُر؛<br>سلیب، تختہٕ پٹ | खजर;<br>ग्रटु पातुर;<br>स्लैब, तख्तु पट | width, breadth;<br>grindstone (one circular panel only);<br>slab, plank. |
| **पाटना** | स. | 1. किसी गड्ढे या नीची भूमि को भर कर आसपास की जमीन के बराबर कर देना, भर देना; | کانٛہہ دوب پوٗرِتھ<br>سیٚتھر سوم کرُن؛ | कांह दुब पूरिथ<br>स्यथुर सोम करुन; | to cover with earth, etc.; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कमरे के संबंध में उसकी चारों ओर की दीवारों के ऊपरी भाग के खुले अवकाश को बंद करने के लिए उस पर छत या पाटन बनाना; | پَش دیُن؛ | पश द्युन; | to roof; |
| | | 3. ढकना; | وٕلِتھ تھوُن؛ | वलिथ थवुन; | to cover ; |
| | | 4. किसी वस्तु की भरमार कर देना, ढेर लगा देना। | انبار کھارُن | अंबार खारुन्य | to stock, heap. |
| पाटा | पु. | 1. बैठने का काठ का पीढ़ा; | پیٖر، چوٗکۍ؛ | पीर, चूक्य; | plank seat; |
| | | 2. वह आयताकार लकड़ी जिसकी सहायता से जोते हुए खेत की मिट्टी के ढेले तोड़कर उसे समतल करते हैं; | یَبہٕ ژوٚٹ؛ | यबु चोट; | rectangular plank for levelling the ploughed fields; |
| | | 3. लकड़ी का वह छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से राज लोग दीवारों का पलस्तर समतल करते हैं; | بار، ٹھاپۍ؛ | बार, ठाप्य; | small plank used by the mason for levelling the plaster; |
| | | 4. दो दीवारों के बीच में ताला, पटिया आदि लगाकर बनाया हुआ आधार स्थान। | تار | तार | basement made with the help of planks on both sides of the walls. |
| पाटी | स्त्री. | 1. खाट के ढांचे के दाहिने बाएं लगाई जानेवाली लकड़ियां; | پلنٛگہٕ پٔچہ؛ | पलंगु पचि; | side pieces of a bedstead; |
| | | 2. लकड़ी का वह लंबोतरा टुकड़ा जिस पर बच्चों को अक्षर लिखना सिखाया जाता है, तख्ती; | دوٗج، مَشِق؛ | दूज, मशिक; | a kind of wooden board on which children learn to write; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मांग के दोनों ओर गोंद, जल तेल आदि की सहायता से कंघी द्वारा बैठाये हुए बाल जो देखने में पटरी की तरह बराबर मालूम हों, पट्टी, पटिया; | سُم کٔڑِنۍ؛ | सुम कड्न्य; | parting of the hair in the middle of the head; |
| | | 4. चटाई। | پٔتُج، وٚگُو | पंतुज, वंगुव | mat. |
| **पाठ** | पु. | 1. पढ़ने की क्रिया या भाव; | پرُن، | परुन; | reading; |
| | | 2. नियमपूर्वक अथवा श्रद्धाभक्ति से पुण्यफल प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई धर्मग्रन्थ पढ़ने की क्रिया या भाव; | پاٹھ پۄتھۍ، صحیفہ گوٹھکہٕ، | पाठ पूथ्य, सहीफु गुठकु; | religious text; |
| | | 3. किसी विषय का उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, सबक; | سبق؛ | सबक; | lesson; |
| | | 4. पाठ्य-पुस्तक का वह अंश जो किसी एक विषय से सम्बन्धित हो; | کِتاب (کُنہِ کلاسٕچ)؛ | किताब (कुनि कलासुच) ; | text; |
| | | 5. वाक्य, पद्य आदि का लिखित रूप। | مُسوَدٕ، اصلی تحریر | मुसवदु, असली तहरीर | the original writing of oral learning. |
| **पाठक** | पु. | पढ़ने या पढ़ानेवाला। | پَرن وول، وۄستاد | परन वोल, वुस्ताद | reader, teacher. |
| **पाठभेद** | पु. | वह भेद या अंतर जो एक ही ग्रंथ की दो प्रतियों के पाठ में कहीं-कहीं मिलता है। | پاٹھٕ بید | पाठु बीद | varying version in the different scripts of works ascribed to the same author. |
| **पाठशाला** | स्त्री. | वह स्थान जहां विद्यार्थियों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है। | پاٹھشالا، مدرٕسہ | पाठशाला, मदरसु | school. |
| **पाठांतर** | पु. | एक ही पुस्तक की विभिन्न हस्तलिखित या संपादित प्रतियों में शब्दों अथवा उनके वर्णों के क्रम में होनेवाला भेद। | مُسوَدس منٛز عبارژ ہُنٛز فرق | मुसवदस मंज अबारच हुंज फर्क | a variation in the text of a book or manuscript. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाठ्य** | वि. | पढ़ने या पढ़ाने योग्य। | پرٕن لایق | परुन लायक | readable, worth reading. |
| **पाठ्यक्रम** | पु. | वे सब विषय तथा उनकी पुस्तकें जो किसी विशिष्ट परीक्षा में बैठनेवाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हों। | نصابِ تألیم | निसाबि तालीम | syllabus, course of study. |
| **पाठ्यचर्या** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें किसी विश्वविद्यालय अथवा स्कूल आदि की विभिन्न परीक्षाओं के लिए निर्धारित विषयों तथा तत्सम्बन्धी पाठ्यक्रमों का उल्लेख होता है। | نِصاب | निसाब | course of study, curriculum. |
| **पाठ्यपुस्तक** | पुं. | किसी संस्था या परीक्षा समिति की ओर से किसी कक्षा के विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए निर्धारित पुस्तक। | کورسٕچ کِتاب | कोरसुच किताब | text book. |
| **पाठ्यविवरण** | पु. | पाठ्यक्रम का संक्षिप्त रूप। | نِصاب | निसाब | syllabus. |
| **पाड़** | पु. | 1. धोती, साड़ी आदि का किनारा;<br>2. मचान;<br>3. इमारत आदि बनाने के लिए खड़ा किया जानेवाला लकड़ियों का ढांचा; | دوتِہ، سارِٹ، بیٔترِ<br>ہُنٛز کُنٛدی؛<br>مچانہٕ؛<br>خواض؛ | दोति, साडि, बेतरि<br>हुंज़ कुंद्य;<br>मचानु;<br>खवाज़; | border of cloth (dhoti, sari, etc.);<br>scaffold;<br>builder's staging; |
| | | 4. वह तख्ता जिस पर अपराधी को फांसी देने के समय खड़ा करते हैं। | پھٕہِکوٗٹِچ پٔٹ | फहिकूटिच पटः | scaffolding platform. |
| **पाड़ा** | पु. | 1. भैंस का बच्चा;<br>2. टोला, मुहल्ला (पारा)। | مأنٛشہ کوٗٹ؛<br>مَحلہٕ | मांशि कोट;<br>महलु | male buffalo-calf;<br>a part or locality of a city or town. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पाणिग्रहण | पु. | विवाह। | نیتھر | नेथुर | marriage. |
| पातक | पु. | पाप, ऐसा पाप जिसका फल भोगने नरक में जाना पड़ता हो। | گوناہ، پاپھ | गुनाह, पाफ | sin. |
| पातकी | पुं. | बहुत बड़ा पापी। | پاپی، گونہگار | पापी, गुनहगार | a sinner. |
| पाताल | पु. | 1. पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से सबसे नीचे का लोक; | پاتال؛ | पाताल; | nether region of world; |
| | | 2. बहुत अधिक गहरा और नीचा स्थान। | بُنِم جاے | बँनिम जाय | the lower region. |
| पातिव्रत (पांतिव्रत्य) | पु. | पतिव्रता होने की अवस्था, गुण और भाव, पति के प्रति होनेवाली पूर्ण निष्ठा की भावना। | گرواجِنِ ہُنز<br>وُفاداری | गरवाजिनि हुंज़<br>वुफ़ादारी | fidelity to a husband. |
| पात्र | पु. | 1. वह आधान जिसमें कुछ खाया-पिया जा सके; | باو؛ | बाव; | utensil, container; |
| | | 2. कोई वस्तु पाने का अधिकारी व्यक्ति; | کُنِہ کامِہ لایق<br>انسان؛ | कुनि कामि लायक<br>इन्सान; | eligible or worthy (person); |
| | | 3. उपन्यास, कहानी, काव्य, नाटक आदि में वे व्यक्ति जो कथावस्तु की घटनाओं के घटक होते हैं तथा जिनके क्रिया-कलाप में कथावस्तु की सृष्टि और उसका परिपाक होता है। | کِردار کُنِہ<br>واقعہکِہ یا کردار یا<br>تتھ منز کام کرن<br>وألی | किरदार कुनि<br>वाकुहुवंध, किरदार या<br>तथ मंज़ कांम करन<br>वाल्य | character (in a play etc.). |
| पात्रता | स्त्री. | पात्र होने की अवस्था, गुण या भाव, योग्यता। | حق آسُن / مُستحق<br>آسُن | हक़ आसुन, मुस्तहक<br>आसुन | state of deserving, eligibility. |
| पाथना | स. क्रि. | गीली मिट्टी, गोबर आदि को हाथों से थपथपाते हुए अथवा सांचों में डालकर छोटे-छोटे पिंड बनाना। | دِرَنبہ ٹِبِنہ/<br>ٹھِپِنہ | द्रंबु टिबनि/<br>ठिपुनि | to make cow-dung into cakes for fuel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाथेय** | पु. | वह भोज्य वस्तु जिसे पथिक राह में खाने के लिए अपने साथ ले जाता है, रास्ते का भोजन। | وتہٕ کھیٚن | वतुख्यन | provisions for a journey. |
| **पाद** | पु. | 1. चरण, पैर, पांव; | کھور یا زنٛگ؛ | खुर या जंग; | foot or leg; |
| | | 2. किसी वस्तु का चौथाई भाग; | ژوٗرِم حِصہٕ، ژٕھ باگ؛ | चूर्युम हिसु, चुबाग; | a quarter, a fourth part; |
| | | 3. छंद, श्लोक आदि का चौथा भाग। | مِصرٕکٕ ژوٗرِم حِصہٕ | मिसुरुक चूरिम हिसु | a verse or line. |
| **पाद-टिप्पणी** | स्त्री. | किसी ग्रन्थ के पृष्ठ के निचले भाग में सूचना, निर्देश आदि के लिए दी गई टिप्पणी। | وَرقَس تلہٕ کنیُک نوٹ | वरकस तलुकन्युक नोट | foot note. |
| **पादरी** | पु. | ईसाइयों का धर्मगुरु या पुरोहित। | پادٕری | पादुर्य | padri, christian missionary. |
| **पादुका** | स्त्री. | 1. खड़ाऊँ; | کھڑاو؛ | खड़ाव; | a wooden shoe (sandal); |
| | | 2. पैरों में पहनने का कोई उपकरण। | کھور بانہٕ | खुरबानु | a shoe. |
| **पान** | पु. | 1. तरल पदार्थ को पीने की क्रिया या भाव; | چیوٚن؛ | च्योन; | drinking; |
| | | 2. मद्य या शराब पीना; | شراب چیوٚن؛ | शराबु च्योन; | drinking spiritous liquors; |
| | | 3. पीने का कोई तरल पदार्थ ; | شربتھ؛ | शरबथ; | a drink, beverage; |
| | | 4. एक लता जिसके पत्ते सुपारी कत्था आदि के साथ मुख शुद्धि के लिए खाए जाते हैं ; | پان؛ | पान; | betel-leaf; |
| | | 5. इस लता का पत्ता; | پانٕ کُلیُک پنہٕ وتھرٕ؛ | पानु कुल्युक पनु वैथुर; | leaf of betel plant; |
| | | 6. इस आकार की कोई रचना। | پنہٕ وتھرَس حصہ عمارتھ | पनु वैथरस हिश अमारथ | any construction resembling a leaf. |
| **पानगोष्ठी** | स्त्री. | मद्यपान के लिए आयोजित गोष्ठी। | موئے چنُن پارٹی | मुय चनुन पार्टी | cocktail party. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पानदान** | पु. | पान के पत्ते और उसका मसाला रखने का डिब्बा, पान के बीड़े रखने का डिब्बा। | پانہٕ دآنؠ | पानुदान्य | betel-leaf receptacle. |
| **पाना** | स. | 1. कोई वस्तु प्राप्त करना, हासिल करना; | لبُن ؛ | लबुन; | to get, to acquire; |
| | | 2. फल या परिणाम के रूप में कुछ प्राप्त करना; | حاصِل کرُن ؛ | हासिल करुन; | to obtain; |
| | | 3. ऐसी स्थिति में होना कि किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु अपने तक पहुंच या मिल जाए; | رٹُن ؛ | रटुन; | to receive; |
| | | 4. ज्ञान आदि की मानसिक उपलब्धि करना, जान लेना, समझ जाना; | حاصِل کرُن ، زانُن ؛ | हासिल करुन, ज़ानुन; | to attain; |
| | | 5. अचानक पहुंचने पर किसी को किसी विशिष्ट स्थिति में देखना। | پتھٕر تُلُن | पथुर तुलुन | to pick up. |
| **पानी** | पु. | 1. वह निर्गन्ध, पारदर्शी और वर्णहीन तरल अथवा द्रव पदार्थ जो झील, नदियों आदि में भरा रहता है; | پوٚنؠ ، آب ؛ | पोन्य, आब; | water; |
| | | 2. उक्त तत्व का कोई ऐसा रूप जो किसी दूसरे पदार्थ में से अपने आप या उबालने आदि पर निकला हो और उस पदार्थ के अंश से युक्त हो; | تَرَل چیز (مایہِ چیز) ؛ | तरल चीज़ (मायि चीज़) ; | liquid substance; |
| | | 3. मान, प्रतिष्ठा, इज्जत; | یَزتھ ، خوددٲری ؛ | यज़थ, खुददारी; | honour, self-respect; |
| | | 4. आब, कांति , चमक; | چمک پالِش ؛ | चमक पालिश; | lustre, sparkle, polish, brightness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. तलवार आदि शस्त्रों की धार का वह काला हलका रंग जिससे उनकी अच्छाई जानी जाती है। | شمشیرِدار، تلوارِ ہٕنزدار | शमशेरिदार, तलवारि हुँज़ दार | edge of the sword etc. |
| पानीदार | वि. | 1. कांतिमान, आबदार;<br>2. स्वाभिमानी, मान-प्रतिष्ठा आदि पर आंच न आने देनेवाला। | چمکٕوُن، پرزلٕوُن؛<br>یزتہٕ وول، ابِمانی | चमकु़वुन, प्रज़लुवुन;<br>यज़तु वोल, अबिमानी | lustrous;<br>respectable, honourable. |
| पानीदेवा | पु. | तर्पण करनेवाला, पुत्रादि। | ترٛیشِکُل (نیچُو بیتر) | त्रेशिकुल (नेचुव बेतरि) | one whose duty is to offer libation of water to a deceased person. |
| पाप | पु. | 1. धर्म और नीति के विरुद्ध किया जानेवाला ऐसा निंदनीय आचरण अथवा कृत्य जो बुरा माना जाता हो और जिसके फलस्वरूप मनुष्य को नरक भोगना पड़ता हो;<br>2. अपराध, जुर्म, कसूर;<br>3. कोई ऐसा काम या बात जिससे मनुष्य को बहुत कष्ट उठाना पड़े। | پاپھ، بٔدی؛<br>جُرم، راہ؛<br>بٔدی | पाफ, बंदी;<br>जुरुम, राह;<br>बंदी | sin, vice;<br>guilt, crime;<br>evil. |
| पाप-कर्म | पु. | ऐसा कर्म जिसे करने में पाप लगे, धर्मविरुद्ध कर्म। | پاپھ، پاپ۔کرم | पाफ, पापु-करुम | sin, sinful deed. |
| पापड़ | पु. | उड़द या मूंग आदि के आटे से तैयार की जाने वाली एक प्रकार की पतली मसालेदार चपाती जिसे तलकर या भून कर खाते हैं। | پَپَر (مرٛزہ پپر) | पपर (मर्चु पप़र) | salted thin crisp cake made of ground pulses. |
| | वि. | पापड़ की तरह पतला सूखा और भुरभुरा। | توٗن پاپڑ ہیو | तोन पापड़ स्यू | thin (like crisp cake made of ground pulses). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पापाचार** | पु. | पापपूर्ण आचरण। | بدٕچلنی | बदचलनी | following evil or sinful courses sinful conduct. |
| **पापात्मा** | पुं. | जिसका मन सदा पापकर्मों की ओर रहता हो। | گونہگار، پاپی | गुनहगार, पापी | sinner. |
| **पापी** | वि. | 1. पाप करनेवाला;<br>2. निर्दय, क्रूर, निष्ठुर। | پاپی، گونہگار؛<br>بد، ظالم | पापी, गुनहगार;<br>बद, ज़ालिम | sinner;<br>wicked, cruel. |
| **पाबंद** | वि. | 1. किसी प्रकार के बन्धन में पड़ा हुआ;<br>2. पूर्णरूप से किसी नियम, वचन, सिद्धान्त आदि का ठीक समय पर पालन करनेवाला;<br>3. जो उक्त के आधार पर कोई काम करने के लिए बाध्य या विवश हो। | گنڈِتھ، بند، زنجیر<br>کرِتھ پابند؛<br>عادی - گنڈتھ؛<br>بند کرنہٕ آمت،<br>روکنہٕ آمت | गंडिथ, बंद, ज़ंजीरु<br>करिथ पाबन्द;<br>आदी - गंडिथ;<br>बन्द करनु आमुत,<br>रोकुनु आमुत | tied, fettered;<br>bound, habitual to, accustomed to<br>restrained. |
| **पाबंदी** | स्त्री. | पाबंद होने की अवस्था, क्रिया या भाव। | پابندی، کنٹرول | पाबंदी, कंट्रोल | restriction, control, ban. |
| **पामर** | वि. | 1. नीच, दुष्ट, अधम, पापी;<br>2. मूर्ख। | کمینہٕ، بد، نیوٗچ؛<br>ڈڈٕ، کم فہم | कमीनु, बद, न्यूच;<br>डडु, कम फहम | low, wicked;<br>fool, idiot. |
| **पायँचा** | पु. | पायजामे का पैर। | پاجامُک اکھ نوٗر | पांजामुक अख नोुर | leg of a pair of trousers or drawers |
| **पायँता (पायँती)** | पु. स्त्री. | 1. पलंग या चारपाई का वह भाग जिस पर पैर रहते हैं;<br>2. वह दिशा जिधर सोने वाले के पैर हों। | پلنگُک بنیُم حصہٕ؛<br>چارپایہ کھوٗر | पलंगुक बन्युम हिसु;<br>चारपायि खूर | the lower part of a bedstead;<br>foot or bottom of a bed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पायदान (पावदान) | पु. | 1. गाड़ी में वह अंग या स्थान जिस पर पैर रखकर उसमें सवार होते हैं ;<br>2. जटा, मूँज, तार आदि का वह चौकोर टुकड़ा जो कमरों के दरवाजे के पास पैर पोंछने के लिए रखा जाता है। | کھور، چوٗکی، پایہ دانہٕ؛<br>ڈور میٹ، برپتٕج | खुर, चूक्य, पायदान;<br>डोर मेट, बरपतुज | foot-board;<br>door-mat. |
| पायल | स्त्री. | पैर में पहनने का एक गहना। | گوڈکوٗر، پاٗنزیب | गुड़ कोर, पाँज़िब | anklet, ankle ornament. |
| पाया | पु. | 1. पलंग, कुरसी चौकी आदि का पैर;<br>2. खंभा, स्तम्भ। | میز، کُرسی یا چارپایہ ہُند کھوٗر؛<br>ژیوٗن | मेज, कुर्सी या चारपायि हुन्द खूर;<br>च्यून | leg of a piece of furniture;<br>pillar. |
| पारंगत | वि. | जिसने किसी विद्या या शास्त्र का बहुत अधिक ज्ञान प्राप्त कर लिया हो। | ماہِر | माहिर | adept, expert. |
| पार | पु. | 1. नदी, समुद्र आदि का दूसरी ओर का किनारा;<br>2. दूर तक फैली हुई वस्तु के दो किनारों में से कोई एक;<br>3. किसी तल या पृष्ठ के किसी बिन्दु के विचार से उसके विपरीत तल या पृष्ठ का कोई बिन्दु या स्थान। | اپاریُم باٹھ؛<br>اند (کُنیُک)؛<br>حد، طرف | अपोर्युम बोठ;<br>अंद (कुन्युक) ;<br>हद, तरफ | (opposite) bank, shore etc.;<br>end (of something);<br>limit, side. |
| पारगमन | पुं. | एक स्थान या स्थिति से दूसरे स्थान या स्थिति में जाने की क्रिया, भाव या स्थिति। | ترُن (کولہ بیترِ) | तरुन (कुलि बेतरि) | transmission, going across. |
| पारण | पुं. | 1. किसी व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन, | پارُن، افطار<br>کرُن،<br>فاقہٕ ژھیٹراوُن، مُژھُن؛ | पारुन, इफ्तार<br>करुन,<br>फाक छ्यटरावुन, मुछुन: | eating and drinking after a fast; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल किसी प्रस्तावित विधान अथवा विधेयक के सम्बन्ध में उसे विचार पूर्वक निश्चित और स्वीकृत करने की क्रिया या भाव। | بِل پاس کرٕنۍ | बिल पास करुन्य | passing (of a bill etc.). |
| पारद | पु. | पारा। | پارٕد | पारुद | mercury. |
| पारदर्शक | वि. | प्रकाश की किरणें जिसे पार करके दूसरी ओर जा सकती हों और इसीलिए जिसके इस पार से उस पार की वस्तुएं दिखाई देती हों। | صاف، یٔمِہ مَنٛزٕ<br>بوزنٕہ ییٖہ | साफ, येमि मंज्य<br>बोजनु यियि | transparent. |
| पारदर्शी | वि. | 1. दूरदर्शी;<br>2. पारदर्शक। | دوٗر اَندیش؛<br>صفایی | दूर अंदेश;<br>सफाई | far-sighted;<br>transparent,<br>transparency. |
| पारपत्र | पु. | वह राजकीय अधिकारपत्र जो किसी राज्य की प्रजा को विदेश यात्रा के समय प्राप्त करना पड़ता है और जिसे दिखाकर उसमें उल्लिखित देशों में भ्रमण कर सकते हैं। | پاس پوٹ | पास पोट | passport. |
| पारमार्थिक | वि. | 1. परमार्थ सम्बन्धी, परमार्थ का;<br>2. परमार्थ का शुभ फल दिलानेवाला। | تھٔدِس تہٕ رُوحانی<br>چیٖزَس مُتلق؛<br>رُوحانی فاض دِہ،<br>خُدایہ یا دَیہٕ<br>سَنٛدٕ ناوٕ | थदिस तु रूहानी<br>चीज़स मुतलक;<br>रूहानी फाज़देह,<br>खुदायि या दयि<br>संद्य नाव्य | relating to a high and spiritual object;<br>spiritual,<br>charitable. |
| पारलौकिक | वि. | परलोक सम्बन्धी, परलोक का। | آخرتُک، پَرلُوکُک | आंखरतुक, पर लूकुक | relating to the next world. |
| | पु. | अंत्येष्टि क्रिया। | جِنازٕ، اَنٛز رٕ یٹھ | जिनाज़ु, अनग्रेठ | funeral. |
| पारस | पु. | 1. एक कल्पित पत्थर जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता है; | کہٕوَٹ، پارس؛ | कहवट, पारस; | philosopher's stone, touch-stone; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पारस के समान उत्तम और लाभदायक पदार्थ। | سنگِ پارس ہیو | संगि पारस ह्यू | excellent like paras. |
| **पारस्परिक** | वि. | आपस का, आपसी। | باہمی، پانۍ واٲنۍ | बाहमी, पानुवान्य | mutual. |
| **पारा** | पु. | एक प्रसिद्ध चमकीली, सफेद और भारी धातु। | پارُد | पारुद | mercury. |
| **पारायण** | पु. | 1. नियमित रूप से किसी धार्मिक ग्रंथ का किया जानेवाला पाठ; | پاٹھ کرُن، تِلاوَت کرُنۍ؛ | पाठ करुन, तिलावत करुन्य; | the act of reading religious book; |
| | | 2. किसी ग्रंथ का आद्यंत पाठ। | کِتاب پٔرِتھ موکلاوُنۍ | किताब परिथ मुकलावुन्य | reading a book from beginning to end. |
| **पारावार** | पु. | 1. समुद्र; 2. दोनों किनारे, ओर-छोर। | سۄدُر؛ زٕ بٔٹھۍ | सोदुर; जु बठ्य | the sea, ocean; the two banks. |
| **पारित** | वि. | जिसका पारण हुआ हो, (प्रस्ताव या विधेयक) जो विधिपूर्वक किसी संस्था द्वारा **स्वीकृत** किया गया हो। | پاس کۄرمُت | पास कोरमुत | passed. |
| **पारितोषिक** | पु. | 1. वह धन जो किसी को देकर परितुष्ट किया जाता है; | نقد یِنامہٕ؛ | नकुद यनामु; | reward (in terms of money); |
| | | 2. वह वस्तु या धन जो प्रतियोगिता आदि में विजयी होने पर अथवा विशेष योग्यता दिखाने पर उत्साह बढ़ाने के लिए दिया जाता है, पुरस्कार, इनाम। | یِنامہٕ | यनामु | reward, prize. |
| **पारिभाषिक** | वि. | 1. परिभाषा-सम्बन्धी; | اِصطلاحی؛ | इस्तिलाही; | pertaining to definition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (शब्द) जो किसी शास्त्र या विषय में अपना साधारण से भिन्न कोई अर्थ रखता हो। | تکنیکی | तकनीकी | technical. |
| पारिश्रमिक | पुं. | किए गए परिश्रम के बदले में मिलनेवाला धन, मजूरी, मेहनताना। | ماوضہ | मावज़ु | remuneration. |
| पारी | स्त्री. | 1. क्रमानुसार आने या मिलनेवाला अवसर, बारी; | وٲری؛ | वार्य; | turn, shift; |
| | | 2. गेंद-बल्ले के खेल में प्रत्येक दल को बल्लेबाजी करने के लिए मिलनेवाला अवसर। | کِرکٹُک باز | किरकटुक बाज़ | innings. |
| पार्थक्य | पुं. | 1. पृथक् होने की अवस्था या भाव; | اَلگ سپدُن، | अलग सपदुन, | the act of separation; |
| | | | خلانامہ؛ | खुलानामु; | |
| | | 2. भेद, अन्तर; | فرق، بید؛ | फ़र्क़ बीद; | difference; |
| | | 3. जुदाई, बिलगाव। | علاحدگی، الگ سپدُن | अलाहदृगी, अलग सपदुन | separation. |
| पार्थिव | वि. | 1. पृथ्वी सम्बन्धी; | زمینی؛ | ज़मीनी; | relating to earth; |
| | | 2. पृथ्वी में उत्पन्न; | زمینِ منٛزُک؛ | ज़मीनि मंज़ुक; | springing or derived from the earth; |
| | | 3. पृथ्वी से उत्पन्न वस्तुओं का बना हुआ; | خاکی؛ | खाकी; | earthen, earthly; |
| | | 4. पृथ्वी पर शासन करने वाला; | زمینُک مالِک، پادشاہ؛ | ज़मीनुक मालिक, पादशाह; | lord of the earth, king; |
| | | 5. राजकीय। | شاہی | शाही | royal, princely. |
| पार्श्व | पुं. | 1. छाती के दाएं बाएं का भाग, बगल; | کٔچھ؛ | कछ; | armpit; |
| | | 2. अगल-बगल की जगह। | لر | लर | side, part of the body below the arm-pit. |
| पार्श्वगायक | पुं. | गान-विद्या में अपटु अभिनेता के बदले | پسِ پردٕ گیوَن وول | पसिपरदु ग्यवन वोल | playback singer, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| (पार्श्वगायिका स्त्री.) | | नेपथ्य से गायन करनेवाला व्यक्ति। | | | back-stage singer. |
| पार्श्ववर्ती | वि. | 1. किसी के पास या साथ रहनेवाला;<br>2. किसी के पार्श्व में आसपास या इधर-उधर होने या रहनेवाला। | خدمتگار؛<br>ستی، نزدیک،<br>ہمسایہ | खदमतगार;<br>सूत्य, नज़दीक,<br>हमसायि | standing by the side, an attendant;<br>adjacent. |
| पार्षद | पु. | 1. सभासद;<br>2. किसी देवता का अनुचर। | اسمبلی ممبر؛<br>دیوتاہ سند ستیہ وول | असम्बली म्यम्बर;<br>दिवताह सुन्द सूत्यवोल | a member of an assembly;<br>retinue (of a god). |
| पार्सल (पारसल) | पु. | डाक या रेल द्वारा किसी के पास भेजी जानेवाली गठरी या पोटली। | پارسل | पासर्ल | parcel. |
| पाल | पु. | 1. फलों को गरमी पहुँचाकर पकाने के लिए पत्तों आदि से ढककर रखने की विधि;<br>2. ऐसा स्थान जहां फल आदि रखकर उक्त प्रकार से पकाए जाते हैं;<br>3. नाव के मस्तूल के सहारे ताना जानेवाला वह कपड़ा जिसमें हवा के भरने से नाव चलती है;<br>4. धूप आदि में बचाव के लिए टांगा जानेवाला कपड़ा आदि;<br>5. खेमा, तम्बू शामियाना;<br>6. गाड़ी पालकी आदि को ऊपर से ढकने का कपड़ा। | گاسس یا کُلی وتھرن منز میوٗ پیپراوُن؛<br>میوٗ پیپراونچ جاے؛<br>بادبان؛<br>تاپس پلو ٹھور تھووُمت؛<br>شامیانہ؛<br>وُرُن | गासस या कुल्य वथुरने मंज़ म्यवु पोपरावुन;<br>म्युव पोपरावनच जाय;<br>बादबान;<br>तापस पलव ठोर थोवमुत;<br>शामियान;<br>वुरुन | the process of ripening fruits by keeping them between layers of straw, leaves etc.;<br>the place where the fruits are kept for ripening;<br>sail;<br>cloth hanged to avoid sun, etc.;<br>tent;<br>cover. |
| पालक | वि. | पालन करनेवाला। | بچاؤن ہار، پالن وول | बचावन हार, पालन वोल | protector. |

| हिंदी शब्द | व्या॰ को॰ | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | 1. एक प्रकार का प्रसिद्ध साग; | پالکھ، | पालख; | spinach; |
| | | 2. राजा; | پادشاہ؛ | पादशाह; | king; |
| | | 3. घोड़े का साईस। | سائیس | साईस | horsekeeper. |
| पालकी | स्त्री. | एक तरह की सवारी जिसे आदमी कंधे पर ढोते हैं। | پالکی، زانپانہ | पालक्य, जांपान् | palanquin. |
| पालतू | वि. | (पशु-पक्षियों के संबंध में) जो पकड़कर घर में रखा तथा पाला गया हो (जंगली से भिन्न)। | پالتو | पालतू | domesticated, tame, pet. |
| पालथी | स्त्री. | बैठने का एक आसन जिसमें दाहिने और बाएं पैरों के पजें क्रम से बायीं और दायीं जांघ के नीचे दबे रहते हैं। | زنگہ پیٹھ زنگ تھوتھ بیہن، ژانگہ کوٹ کرتھ بیہن | जंगि प्यठ जंग थविथ बिहुन, चाट् कोट् करिथ ब्युहुन | a cross-legged sitting posture. |
| पालन | पु. | 1. भरण-पोषण, परवरिश; | پالُن؛ | पालुन; | upbringing; |
| | | 2. आज्ञा, कर्त्तव्य आदि का निर्वाह करना; | مانُن (حُکم بیتر)؛ | मानुन ( हुकुम बेतरि) ; | maintaining, observing, keeping; |
| | | 3. रक्षा करना, रक्षण; | بچاوُن؛ | बचावुन; | protecting; |
| | | 4. निभाना। | پالُن (وادٕ) | पालुन ( वाद्) | keeping (a vow etc.). |
| पालना | स. क्रि. | 1. भरण-पोषण करना, परवरिश करना; | پالُن، رچھُن؛ | पालुन, रछुन; | to bring up, to rear (n); |
| | | 2. आज्ञा आदि को निबाहना, उल्लंघन न करना; | پالُن (فاقہ بیترِ)؛ | पालुन ( फाक् बेतरि) ; | to observe; |
| | | 3. पशुपक्षी आदि को आहार आदि देकर अपने यहां रखना। | پالتو بناوُن، سِیویہ کرُن | पालुतू बनावुन, सिव्यु करुन | to tame, to domesticate, to pet. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | एक तरह का छोटा झूला जिसमें बच्चों को झुलाया या सुलाया जाता है। | منٛزُل | मंजुल | cradle.crib. |
| पाला | पु. | 1. हवा में मिले हुए भाप के सूक्ष्म कण जो अधिक ठंड पड़ने पर सफेद तह के रूप में जमीन पर जम जाते हैं, हिम, तुषार; | کٹھہ کوٗش، سوٗرٕدگ، | कठ्कोश, सूरदग; | frost; |
| | | 2. बहुत अधिक सर्दी ; | زمہریر، سخت تُر، | जमहरीर, सखतु तूर; | very cold; |
| | | 3. किसी प्रकार के व्यवहार का अवसर; | موقہٕ (لین دینس منٛز)؛ | मोकु ( लेन देनस मंज़) ; | opportunity (in dealing with); |
| | | 4. कबड्डी आदि खेलों में दो पक्षों को विभाजित करनेवाली सीमा जो प्रायः लकीर के रूप में होती है। | کبٹہِ ہُنٛد بنہٕ | कबटि हुँद बनु | line of demarcation (in Kabaddi etc.). |
| पाव | पु. | 1. किसी पदार्थ का चौथाई भाग या अंश; | ژوٗرِم حِصہ، ژُوباگ؛ | चूरिम हिसु, चुबागु; | one-fourth; |
| | | 2. एके सेर का चौथा भाग, चार छटांक की एक तौल। | پرانہِ وقتُکہِ سیرِنہِ پرمانُک ژوٗرِیم حِصہ | प्रानि वक्तुकि सीरिनि परमानुक चूर्युम हिसु | one-fourth of a seer. |
| पावक | पु. | अग्नि, आग। | نار | नार | fire. |
| पावती | स्त्री. | किसी वस्तु के पहुंचने की लिखित सूचना या प्राप्ति की स्वीकृति। | رٕسید | रसीद | receipt. |
| पावन | वि. | पवित्र, पवित्र करनेवाला। | متبرک، پوٗتر | मुतुबरुक, पव्यतरु | holy, sacred. |
| पावनता | स्त्री. | पावन होने की अवस्था या भाव। | شرُوٗژر، پاکیزگی | श्रोचर, पाकीज़ुगी | holiness. |
| पावना | पु. | वह रुपया या द्रव्य जो दूसरे से पाना हो। | فیس، قرض | फीस, कर्ज़ | money due to be realised, dues. |
| पावस | पु. | वर्षाऋतु। | وٕہراتھ | वेहराथ | rainy season. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पाश** | पु. | 1. वह चीज जिसमें किसी को फंसाया या बांधा जाए; | گنڈ، زنجیر، بیڑی؛ | गंड्, जंजीर, बीड्य; | tie, bond, chain, fetter; |
| | | 2. पशु-पक्षियों को फंसाकर पकड़ने का जाल, फंदा। | حیوان رٹنہٕ بایتھ پنجر یا زال | हयवान रटुन् बापथ पंजर् या ज़ाल | trap or net for catching birds an beasts. |
| **पाशविक** | वि. | पशुओं की तरह का। | وحشی | वहशी | brutal, beastlike. |
| **पाशविकता** | स्त्री. | पशुता, बर्बरता। | وحشیانہ عمل، پشُگی | वहशियान् अमल, पशगी | brutality, barbarianism, barbarousness. |
| **पाश्चात्य** | वि. | 1. पश्चिम का, पश्चिमी; | مغربی؛ | मगरिबी; | belonging to west western; |
| | | 2. पीछे का, पिछला। | پۆت پاس، تھرکُن | पोत पास्, थरकुन | hinder, posterior, later. |
| **पाषाण** | पु. | पत्थर, शिला। | کٔنی | कन्य | stone. |
| **पाषाण-हृदय** | वि. | जिसका हृदय बड़ा कठोर हो। | سنگدِل | संगदिल | stone-hearted, hard-hearted. |
| **पासंग** | पु. | 1. तराजू के दोनों खाली पलड़ों का सूक्ष्म अन्तर; | پارسنگ؛ | पारसंग; | counter-weight; |
| | | 2. दोनों पलड़ों को बराबर करने के लिए हलके पलड़े की ओर रखी जानेवाली वस्तु। | دَر پوٗر کرنہٕ باپتھ اکِس پاترِس منٛز کینٛہہ تھوٗن | दर पूर् करनु बापथ अकिस पात्रिस मंज़् कैंह थवुन | something placed on one pan of a scale to counter-balance the other. |
| **पास** | क्रि. वि. | 1. समीप, नजदीक; | نزدیکھ/نکھ؛ | नज़दीख/नखु; | near, nearby; |
| | | 2. अधिकार में, कब्जे में | نکھ، اَتھس منٛز | नखु, अथस मंज़् | at hand. |
| **पासा (पांसा)** | पु. | 1. चौसर आदि के खेल में फैंका जानेवाला हाथी दांत आदि का टुकड़ा जिस पर एक से छः तक बिंदियां अंकित होती हैं; | پاںٛسہٕ؛ | पाँसु; | dice; |
| | | 2. पासों से खेला जानेवाला खेल; | پاںٛسٕچ کھیل؛ | पाँसुच खेल; | game in which dice is thrown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उक्त आकार का सोने या चांदी का टुकड़ा। | ٹُکر یا (داتُک) مقعب چیز | टुकर् या (दातुक) मुकाब चीज | lump or cube of anything (as metal). |
| **पाहुना** | पु. | 1. मेहमान, अतिथि; 2. जामाता। | پۄچھ؛ زامتُر | पोछ; जामतुर | guest; son-in-law. |
| **पिंजरा (पिंजड़ा)** | पु. | धातु,बांस आदि की तीलियों का बना हुआ एक प्रकार का बक्सा जिसमें पशु-पक्षी आदि बंद करके रखे जाते हैं। | پنجر، ٹھُپ | पंजर्, ठ्युप | cage. |
| **पिंड** | पु. | 1. किसी द्रव्य का ठोस गोला; | دَتھ، گولہٕ، ٹُل؛ | दथ, गोलु, टुल; | clod, lump; |
| | | 2. जौ के आटे, भात आदि का बनाया हुआ गोला जो श्राद्ध में पितरों के लिए समर्पित किया जाता है; | آٹۍ یا بتہٕ پینڈ یُس پیترن ہنٛد ناوۍ دِنہٕ یِوان چھُ؛ | ऑट्य या बतु प्यंड युस प्यतुरन हुन्दि नांव्य दिनु यिवान छु; | ball of rice or flour offered to the pitras or deceased ancestors; |
| | | 3. शरीर, देह। | جِسم | जिसुम | the body. |
| **पिंडज** | पु. | प्राणी के गर्भ से उत्पन्न होनेवाला जीव, जरायुज। | ڈِمبہٕ پھوٹمُت | डम्बि फोटमुत | any creature born of or with a body, viviparous. |
| **पिंडदान** | पु. | कर्मकाण्ड के अनुसार पितरों को पिंड देने का कर्म जो श्राद्ध में किया जाता है। | پینڈ دانہٕ (شرادس پیٹھ) | प्यंड दान (श्रादस प्यठ) | the offering of sraddha oblation on the evening of of new moon. |
| **पिंडली** | स्त्री. | टांग का पिछली ओर का मांसल भाग। | زنگہٕ مچھ | ज़ंगिमछ | calf of the leg. |
| **पिघलना** | अ. क्रि. | 1. गर्मी पाकर किसी ठोस पदार्थ का तरल होना; | وِگلُن؛ | व्यगुलुन; | to melt; |
| | | 2. दया से आर्द्र होना। | آریُن | आर युन | to show pity. |
| **पिचकना** | अ. क्रि. | उभरे या फूले हुए अंग का भीतर की ओर दबना, उभार कम होना। | چیرن یُن، ژیلون یُن | चीरनु युन, च्यलुवनु युन | to shrivel, to be squeezed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पिचकाना | स. क्रि. | उभरे या फूले हुए अंग को भीतर की ओर दबाना, पिचकने में प्रवृत्त करना। | دباوُن/پھاٹوُن | दबावुन/फाटवुन | to press together, to cause to sink or go down, to reduce a swelling. |
| पिचकारी | स्त्री. | नली के आकार का एक उपकरण जिसके मुंह पर एक या अनेक छेद होते हैं जिनके मार्ग से नली में भरा हुआ तरल पदार्थ दबाव से दूर तक फैंका जाता है। | سِرِنج، چھُک | सिरिंज, छुक | syringe. |
| पिचपिचाना | अ. क्रि. | किसी छेद में तरल पदार्थ का पिचपिच शब्द करते हुए रिसना या निकलना। | فیرِ فیرِ عارق وسُن | फ़ेरि फ़ेरि आरक वसुन | to sweat, moist or wet. |
| पिच्छल (पिच्छिल) | वि. | फिसलनेवाला, चिकना। | پِشُل | पिशुल | slippery, lubricious. |
| पिछड़ना | अ. क्रि. | प्रतियोगिता आदि में पीछे रह जाना। | پَتھ روزُن/گژھُن | पथ रोज़ुन/गछुन | to lag, to lag behind. |
| पिछलगा | वि. | 1. दीनभाव से किसी के पीछे-पीछे लगा रहनेवाला; | پَتہٕ پکوُن پارَو؛ | पतु पकुवुन पारव | follower; |
| | | 2. शक्ति, सामर्थ्य आदि के अभाव में, स्वतंत्र न रह सकने के कारण किसी का अनुगमन या अनुसरण करनेवाला; | آویزٕ؛ | आवेज़ु; | hanger-on; |
| | | 3. आश्रित। | پَیرو، خوٗر فقیر | पारव, खूर्य फ़कीर | dependent. |
| पिछलग्गू | वि. | पिछलगा। | لیوَن گوٚر | ल्यवन गोर | follower, dependent, lackey |
| पिछला | वि. | 1. पीछे की ओर पड़नेवाला, जो पीछे की ओर हो; | پُتِم حِصہٕ یا ژھین؛ | पतिम हिसु या छ़यन; | back part or partition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो क्रम में किसी के पीछे हो; | پتیم؛ | पैतिम; | hind, rear; |
| | | 3. बाद का, परवर्ती; | أخری؛ | आखरी; | last;. |
| | | 4. गुजरा हुआ, बीता हुआ। | بتیم، پرون | वत्सुम, प्रोन | past. |
| पिछवाड़ा | पु. | मकान का पिछला भाग, घर के पीछे की ओर का भाग। | پوت آنگن | पोत आँगुन | backyard. |
| पिछाड़ी | स्त्री. | 1. पृष्ठभाग, पीछे का भाग;<br>2. घोड़े के पिछले दोनों पैर बांधने की रस्सी। | پتیم حصہ؛<br>پتیمن زنگن ہند ڈنگ<br>(گری سندین) | पत्सुम हिसु;<br>पत्यमन जंगन हुंद डंगु<br>(गुर्य संधन) | rear;<br>rope for fettering a horse from the rear legs. |
| पिटना | अ. क्रि. | 1. पीटा जाना, मार खाना;<br>2. प्रतियोगिता आदि में हारना;<br>3. कुछ खेलों में मोहरे का मारा जाना। | ژیٹھ کھیون،<br>مار کھیون؛<br>شکست کھینی؛<br>ماتھ کھینی؛<br>(شطرنج موہرک) | चेठ ख्योन,<br>मार ख्योन;<br>शिकस्त ख्यन्य;<br>माथ ख्यन्य;<br>(शतरंज मोहरुक) | act of being beaten;<br>to be defeated;<br>to be beaten. |
| पिटवाना | स. क्रि. | 1. किसी के पीटे जाने का कारण होना;<br>2. पीटने का काम किसी दूसरे से कराना। | لاینناوُن،<br>مارناوُن؛<br>لاینناوُن/<br>تھلناوُن | लायिनावुन,<br>मारुनावुन;<br>लायिनावुन/<br>थलुनावुन | to cause to be beaten;<br>to cause to beat. |
| पिटाई | स्त्री. | 1. पीटने की क्रिया;<br>2. पीटने की मजदूरी या पारिश्रमिक;<br>3. किसी पर अच्छी तरह पड़नेवाली मार। | لایُن، تھلُن، لایلاے؛<br>لاینچ/ژیٹنچ<br>موزوری؛<br>دور مار | लायुन, थलुन, लायिलाय;<br>लायिनुच/चिट्नच<br>मोजर्य;<br>दोर मार | act of beating;<br>wages for beating,<br>thrashing;<br>good beating. |
| पिटारा (स्त्री. पिटारी) | पु. | बांस आदि की तीलियों से बना हुआ एक ढक्कनदार पात्र। | پٹار، ٹوکر | पिटार, टूकुर | basket. |
| पिट्ठू | पु. | 1. पीछे-पीछे चलनेवाला, अनुगामी;<br>2. **खुशामदी।** | پیرو، لیون گور؛<br>آویز، خور فقیر | पैरव, ल्यवन गोर;<br>आवेजु, खूर्य फकीर | follower;<br>lackey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पितर | पु. | परलोकवासी पूर्वज जिनका कर्मकाण्ड के अनुसार श्राद्धादि किया जाता है। | پیٚتر، جَد | प्यतर, जद | forefathers. |
| पिता | पु. | संबंध के विचार से वह पुरुष जिसने किसी को जन्म दिया हो। | مول، بب | मोल, बब | father. |
| पितामह (स्त्री. पितामही) | पु. | पिता का पिता, दादा। | مألی بُڈی بَب | मौल्य बुड्यबब | paternal grand-father. |
| पितृ-पक्ष | पु. | 1. आश्विन मास का कृष्णपक्ष जिसमें पितरों का श्राद्ध किया जाता है; | کامبِرِ پچھ، | कांबर्य पछ; | the dark fortnight of the month of Ashwina when oblations are offered to the manes for thier spiritual gratification; |
| | | 2. पिता का कुल। | مألی سُنٛد کُل | मौल्य सुन्द कुल | paternal side. |
| पितृ-विसर्जन | पु. | आश्विन कृष्ण अमावस्या के दिन पितरों की विदाई का कृत्य। | پیٚترِ ماوس | प्यतुर मावस | rites performed or the fifteenth day of the fortnight of the month of Ashwin which marks dark farewell to the manes. |
| पित्त | पु. | शरीर के तीन प्रसिद्ध दोषों में से एक जो नीलापन लिए पीले रंग का और कड़वा होता है। | پِتھ، خارِش/تٔچھِنٕ | पिथ, खारिश/तछिन्य | bile, skin-rash. |
| पित्तप्रकोप | पु. | पित्त का बढ़ जाना या कुपित हो जाना। | جِگرٕچ خرابی | जिगरचु खराबी | excess and vitiation of the bile humour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पित्ताशय | पु. | शरीर के अंदर यकृत के पीछे की ओर रहनेवाला थैली के आकार का वह अंग जिसमें पित्त रहता है। | تلہٕ پیوٚت | तिलु प्योत | gall-bladder. |
| पित्ती | स्त्री. | पित्त की अधिकता या रक्त के अधिक ऊष्ण होने से उत्पन्न होनेवाला एक रोग जिसमें शरीर पर लाल चकते पड़ जाते हैं और जिसमें बड़ी खुजली होती है। | تھوتھٕ واے | थ्वथु वाय | urticaria. |
| पिद्दी | स्त्री. | 1. बया की जाति की एक छोटी चिड़िया; | پِدٕچ؛ | पिदुच; | the brown-backed Indian robin; |
| | | 2. अति तुच्छ और नगण्य व्यक्ति। | ہماتَر | हमातर | insignificant creature. |
| पिनक | स्त्री. | 1. पिनकने की क्रिया या भाव; | زِپہٕ گژھنہٕ؛ | ज़िपु गछ़नि; | state of drowsiness; |
| | | 2. अफीमची की वह अवस्था जिसमें वह नशे की अधिकता के कारण सिर झुकाकर बैठे रहने की दशा में बेसुध या सोया हुआ-सा रहता है। | نشِچ حالتھ | नशिच हालथ | state of being intoxicated. |
| पिपासा | स्त्री. | 1. पीने की इच्छा, प्यास, तृष्णा; | ترٛیش؛ | त्रेश; | thirst; |
| | | 2. कोई वस्तु पाने की इच्छा, लोभ। | ہَوَس/طمع | हवस/तमह | desire (in general), greed. |
| पिपासु | वि. | 1. पीने की इच्छा रखनेवाला, प्यासा, | ترٛیشہِ ہوت؛ | त्रेशि होत; | thirsting; |
| | | 2. जिसके मन में किसी प्रकार की उग्र कामना या लोभ हो। | ارمانہٕ ہوٚت | अरमानु होत | possessed of a yearning or craving. |
| पिपीलिका | स्त्री. | चींटी। | ریٚے | यय | ant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पिरोना** | स. क्रि. | 1. किसी छेदवाली वस्तु में धागा डालना;<br>2. छेदवाली बहुत सी वस्तुओं को एक साथ धागे में बांधना। | سۄچنہِ پَن تارُن | सुचनि पन तारुन | to thread or needle;<br>to string. |
| **पिलना** | अ. क्रि. | 1. पूरी शक्ति से किसी काम में लगना या जुटना, किसी ओर वेग से प्रवृत्त होना;<br>2. ऊख आदि का पेरा जाना;<br>3. भिड़ जाना। | مَتُن؛<br>چیزَن ہُند رَس کڈنہٕ یُن (چیٖرنہٕ یُن)؛<br>سخ مشغتھ کرٕنۍ | मतुन;<br>चीज़नहुंद रस कड़नु युन (चीरनु युन);<br>सख मशगथ करुन्य | to fall upon;<br>to be crushed;<br>to toil, to work hard. |
| **पिलपिला** | वि. | इतना नरम कि स्पर्श-मात्र से उसका रस या गूदा बाहर निकलने लगे। | ڈیمڈیمہٕ کَرُن | ड्यमड्यमु करुन | flabby. |
| **पिलाना** | स. क्रि. | 1. किसी को पीने में प्रवृत्त करना;<br>2. किसी छेद में कोई पदार्थ विशेषतः कोई तरल पदार्थ डालना। | پۄشِ تریشہِ کڈُن<br>چاوُن؛<br>گَدِس منٛز کانٛہہ ترل چیز تراوُن | पोश त्रेशि कडुन<br>चावुन;<br>गदिस मंज़ कांह तरल चीज़ त्रावुन | to cause to drink,<br>to take (an animal) to water;<br>to pour through,<br>to fill through. |
| **पिल्ला** | पु. | कुत्ते का बच्चा। | ہونہِ بۆکُت | होनि बुकुत | pup, puppy. |
| **पिशाच** | पु. | 1. एक निम्न देवयोनि जो वीभत्स कर्म करनेवाले माने जाते हैं, प्रेत;<br>2. वीभत्स कर्म करनेवाला दुष्ट व्यक्ति। | پیشاچ، شیطان،<br>اِذاہ دِنہٕ وول | पेशाच, शेतान;<br>इज़ाह दिनु वोल | devil;<br>malevolent. |
| **पिशुन** | वि. | चुगलखोर। | چۄغلۍ کھینہٕ وول | चोगुल्य ख्यनु वोल | backbiter. |
| **पिशुनता** | स्त्री. | चुगलखोरी। | چۄغلۍ کھینۍ | चोगुल्य खेन्य | backbiting. |
| **पिष्टपेषण** | पु. | 1. पिसी हुई वस्तु को फिर से पीसना; | پیہمُت بیٚیہِ پیٖہُن، | प्यहमुत बेयि प्युहुन; | grinding flour or what is already ground; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त के आधार पर किए हुए कार्य को पुन: करने में व्यर्थ परिश्रम करना, निरर्थक कार्य करना। | فوضوٗل میٛحنَت (دُبارٕ میٛحنت) کرٕنۍ | फ़ुज़ूल मेहनत, (दुबारु मेहनत) करुन्य | useless labour, repetition. |
| पिसना | अ.क्रि. | 1. पीसा जाना, चूर्ण किया जाना; | پیہُن/پھیکھ کرٕنۍ؛ | प्युहुन/फ्यक करुन्य; | to be ground (powdered); |
| | | 2. इस प्रकार कुचला या दबाया जाना कि बहुत छोटे-छोटे खंड हो जाएं; | دباوَنہٕ سیٛتۍ چوٗر کرُن؛ | दबावन सूत्य चूरु करुन; | to press in such a way that it becomes small pieces; |
| | | 3. बहुत अधिक कष्ट पाना; | سیٹھاہ دوٗکھ تُلُن؛ | स्यठाह दुख तुलुन; | to be reduced to distress; |
| | | 4. घोर परिश्रम करना। | سخ مشقتھ کرٕنۍ | सख मशकथ करुन्य | to labour hard. |
| पिसवाना | स. क्रि. | पीसने में प्रवृत्त करना, किसी से पीसने का काम कराना। | پیٛہناوٕناوُن | पेहनावनावुन | to cause to be ground. |
| पिसाई | स्त्री. | 1. पीसने की क्रिया, भाव या मजदूरी; | پیہُن، پیٛہروٕنۍ؛ | पिहुन, पेहुर्वन्य; | grinding, grinding charges; |
| | | 2. बहुत अधिक परिश्रम। | سخ کام | सख कांम | hard work. |
| पिसान | पु. | पीसा हुआ अन्न विशेषत: गेहूँ या जौ का आटा। | مادٕ | मांदु | any finely ground substance, particularly the flour of wheat. |
| पिसाना | स. क्रि. | पीसने का काम कराना। | پیٛہناوُن | प्रेहनावुन | to get ground. |
| पिस्ता | पु. | एक प्रकार का प्रसिद्ध मेवा। | پِستہٕ مغز | पिस्तु मगुज़ | pistachio nut. |
| पिस्तौल | स्त्री. | गोली चलाने की एक प्रकार की छोटी जेबी बन्दूक, तमंचा। | پِستول | पिस्तोल | pistol. |
| पिस्सू | पु. | एक प्रकार का छोटा उड़नेवाला कीड़ा जो खून चूसता है। | پیُش | प्युश | flea. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पीक | स्त्री. | चबाए हुए पान का रस, पान का थूक। | پانٕہ تھوکھ | पानु थुख | spittle of chewe betel-leaf. |
| पीकदान | पु. | पान की पीक थूकने का एक प्रकार का पात्र, उगालदान। | پِکہ دٲنۍ، بول دٲنۍ | पिकुदान्य, बोल दान्य | cuspidor. |
| पीछा | पु. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति का पिछला भाग; | پۆت پۆر/پَتٕم حِصہٕ؛ | पोत पूर/पत्युम हिस; | rear, back part; |
| | | 2. पीछे-पीछे चलकर किसी के साथ लगे रहने की क्रिया या भाव। | پتہٕ روزُن | पतु रोज़ुन | pursuit, chase. |
| पीछे | क्रि. वि. | 1. पीठ की ओर, पृष्ठदेश में; | پتھ؛ | पथ; | behind; |
| | | 2. देशकाल के अनुसार किसी के पश्चात् या उपरान्त; | پَتہٕ؛ | पतु; | after; |
| | | 3. किसी के कारण या खातिर, निमित्त, लिए, वास्ते। | بدلہٕ، موکھ | बदलु, मुखु | for. |
| पीटना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु पर आघात करना, अथवा चोट पहुंचाना; | چوب دٲنۍ<br>ضرب دِیُن؛ | चोब दान्य<br>ज़रबु द्युन; | to beat, to thrasl |
| | | 2. शतरंज आदि खेलों में विपक्षी की गोट या मोहरा मारना; | شکس دِنۍ/ہارٕ<br>ناوُن، ماتھ دِنۍ، | शिकस दिन्य/हारु-<br>नावुन, माथ दिन्य | to defeat; |
| | | 3. जैसे-तैसे कमा लेना; | سخت مشقتھ کٔرِتھ<br>کماوُن؛ | सखुथ मशगथ करिथ<br>कमावुन; | to earn through hard labour; |
| | | 4. जैसे-तैसे कोई काम पूरा करना। | یتھ تتھ کام<br>اَنٛزراوُنۍ | यिथु तिथु काम<br>अंजुरावुन्य | to complete by dir of hard work. |
| पीठ | स्त्री. | 1. किसी प्राणी के शरीर का कमर से लेकर गरदन तक का पीछे का भाग जिसके बीचों-बीच रीढ़ की हड्डी होती है; | تھر؛ | थर; | back; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपरी भाग; | کُنِ چیزُک پیٹھیُم حِصہٕ؛ | कुनि चीज़ुक पेठ्युम हिस; | upper portion (of a thing); |
| | | 3. पहनने के कपड़ों का वह भाग जो पीठ पर पड़ता है। | پۆت پلو (پلون ہُند) | पोत पलव ( पलवन हुन्द) | back (of clothes). |
| | पु. | 1. लकड़ी, धातु आदि का बना हुआ बैठने का आसन; | پیٖٹھ؛ | पीठ; | seat made of wood, steel, etc.; |
| | | 2. वह स्थान जहां बैठकर किसी प्रकार का उपदेश, शिक्षा आदि दी जाती हो; | سیٖٹ، چوٗکۍ، مَمبر؛ | सीट, चूक्य,मम्बर; | seat; |
| | | 3. न्यायाधीश या न्यायाधीशों का वर्ग। | بینٛچ | बेंच | bench. |
| पीठिका | स्त्री. | 1. धातु, काष्ठ आदि का विशेष प्रकार का आसन, छोटा पीढ़ा, पीढ़ी; | لۆکُٹ پیٖر؛ | लुकुट पीर; | wooden or steel seat, small seat; |
| | | 2. पुस्तक का विशष्टि अंश या विभाग। | تمہیٖد (کِتابِ ہُند) | तम्हीद ( किताबि हुन्द) | introduction, prolegomenon, etc. (of a book). |
| पीठी | स्त्री. | भीगी हुई दाल को पीसने पर तैयार होनेवाला रूप। | وزناوِمژ تہٕ کوٗش تُلِتھ گشِمژِ دالِ ہُند لہابہٕ | वज़्नाविमच्नि तु कोशि तुलिथ गुशिमचि दालि हुन्द लहाबु | pulse steeped in water and then peeled and ground. |
| पीड़न | पु. | 1. व्यक्तियों के संबंध में किसी को शारीरिक या मानसिक कष्ट पहुंचाना, तकलीफ देना; | اِذاہ دِیُن، دگ تُلنۍ؛ | इज़ाह द्युन, दग तुलुन्य; | inflicting pain; |
| | | 2. वस्तुओं के संबंध में जोर से कसना, दबाना या पीसना। | کسُن/دباوُن یا پِہُن | कसुन/दबावुन या पिहुन | act of tightening, pressing or grinding. |
| पीड़ा | स्त्री. | शारीरिक या मानसिक कष्ट, त्वचा का दर्द। | دَگ | दग | pain, ache, agony. |
| पीड़ित | वि. | 1.जो किसी प्रकार की पीड़ा से ग्रस्त हो अथवा जिसे पीड़ा पहुंचाई गई हो; | دگ تُجِمُژ دُکھ دِیُتمُت؛ | दग तुजिमुच दुख द्युतमुत; | pained; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसे दबाया या पीसा गया हो। | دبوومُت | दबोमुत | oppressed. |
| पीढ़ा | पु. | लकड़ी आदि का बना हुआ चौकी के आकार का छोटा और कम ऊँचा आसन। | چوٗکی / سٹوٗل | चूक्य/स्टूल | seat, stool. |
| पीढ़ी | स्त्री. | 1. किसी कुल या वंश की परंपरा में क्रम से आगे बढ़नेवाली संतान की प्रत्येक कड़ी या स्थिति; | پُت، پیٖر؛ | पंट, पीर; | generation; |
| | | 2. वंश-क्रम में प्रत्येक शृंखला के सब लोग; | نسب، کولاولی؛ | नसुब, कुलावली; | pedigree; |
| | | 3. किसी विशिष्ट समय का वह सारा जनसमुदाय जिनकी अवस्था में अधिक छोटाई-बड़ाई न हो। | پُی | पुय | generation. |
| पीत | वि. | पीला, पीले रंग का। | لیٖودُر، لیٖودُر رنگ | ल्योदुर, ल्योदुर रंग | yellow, yellow colour. |
| पीतज्वर | पु. | पीला बुखार। | لیٖودُر زر | ल्योदुर ज़र | yellow fever. |
| पीतल | पु. | एक प्रसिद्ध मिश्र धातु जो तांबे और जस्ते के मेल से बनती है। | سرتل | सरतल | brass. |
| पीतांबर | पु. | 1. पीले रंग का वस्त्र; 2. एक प्रकार की रेशमी धोती जो हिन्दु लोग प्रायः पूजपाठ के समय पहनते हैं। | لیٖودُر کپُر؛ لیدر ریشِم دوٗتی یُس ہیٚندی پوٗزایہ وِزِ لاگان چھ | ल्योदुर कपुर; लेदुर रीशिम दूत्य युस हेंद्य पूज़ायि विज़ि लागान छि | yellow cloth; yellow silken dhoti worn by Hindu s during worship, etc. |
| पीनस | पु. | 1. सर्दी या जुकाम; 2. एक रोग जिसमें नाक से दुर्गन्धमय गाढ़ा पानी निकलता है। | ٹھنڈ؛ زُکام | ठंड; ज़ुकाम | cold; catarrh. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पीना | स. क्रि. | 1. किसी द्रव पदार्थ को घूंट घूंट करके पेट में पहुंचाना; | دام دیُن ؛ | दाम द्युन; | to sip. |
| | | 2. शराब पीना; | چوٚن ؛ | चोन; | to drink; |
| | | 3. किसी बात को सह लेना; | برداشت کرُن ؛ | बर्दाश करुन; | to tolerate, endure; |
| | | 4. किसी बात को प्रकट न होने देना; | راز تھوٗن ، سِر تھوٗن ؛ | राज़ थवुन, सिर थवुन; | to conceal (a secret etc.); |
| | | 5. ध्यान से सुनना। | ہوشِہ سان بوٗزُن | होशिसान बोज़ुन | to listen attentively. |
| पीप | स्त्री. | घाव में से निकलनेवाला सफेद लेसदार तरल पदार्थ, मवाद। | پاکھ | पाख | pus. |
| पीपल | पु. | बरगद की जाति का एक पेड़ जो पवित्र माना जाता है। | پیٖپل کُل | पीपल कुल | peepal tree. |
| पीपा (पीपी स्त्री.) | पु. | लकड़ी, लोहे आदि का ढोल के आकार का एक बड़ा पात्र जिसमें तेल आदि रखा जाता है। | کنستر، ٹین | कनस्तर, टीन | can, canister, tin. |
| पीयूष | पु. | अमृत, सुधा। | ویوٗر، امریتھ | व्यूर,अमर्यथ | nectar. |
| पीर | पु. | 1. महात्मा और सिद्ध पुरुष; | مورشِد ؛ | मुरशिद; | spiritual guide; |
| | | 2. मुसलमानों का धर्मगुरु; | مسلمان دَرویش یا پیر ؛ | मुसलमान दरवेश या पीर; | Muslims' saint; |
| | | 3. पीड़ा, दु:ख। | تکلیف، ازاہ | तकलीफ, इज़ाह | pain, affliction. |
| पील पांव | पु. | एक रोग जिसमें पैर या घुटने के नीचे का भाग सूज जाता है और सूजकर हाथी के पांव की तरह मोटा हो जाता है। | ۂستی سُنٛز ہِش زنگ یا کھور ویٹھنچ بیمارِ | हस्य सुंज हिश जंग या खुर व्यठ्नच ब्यमार्य | elephantiasis. |
| पीलवान | पु. | हाथीवान, महावत। | مہاوت | महावत | elephant driver. |
| पीला | वि. | 1. हल्दी के रंग का; | لیوٚدُر ؛ | ल्योदुर; | yellow; |
| | | 2. आभा से रहित, निष्प्रभ। | لیوٚدُر، زرد | ल्योदुर, ज़र्द | pale, allid. |
| पीलापन | पु. | पीले होने की अवस्था, गुण या भाव। | لیٚدریر | लेदरेर | yellowness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पीलिया | पु. | एक प्रकार का रोग जिसमें मनुष्य का शरीर और आँखें पीली पड़ जाती हैं। | کانٛبے | काँबय | jaundice. |
| पीसना | स. क्रि. | रगड़कर या दबाव पहुँचाकर किसी बड़ी वस्तु को चूरे के रूप में बदलना। | ژٕن کرُن، پِہُن | चून करुन, पिहुन | to powder, to grind. |
| पीहर | पु. | विवाहिता स्त्री की दृष्टि में उसके माता-पिता का घर। | مالیُن | माल्युन | married woman's parental house or family. |
| पुंज | पुं. | 1. ढेर;<br>2. राशि, समूह। | اَنبار،<br>جمع | अँबार;<br>जमह | heap;<br>collection. |
| पुंजित | वि. | राशिकृत, संचित, एकत्र किया हुआ। | ڈیر کۆرمُت،<br>جمع کۆرمُت | डेर कोरमुत,<br>जमह कोरमुत | heaped, collected, accumulated. |
| पुंजीभूत | वि. | पुंज या ढेर के रूप में बना या लगा हुआ। | یِکہٕ وَٹ ڈیر کۆرمُت | यिकुवट् डेर कोरमुत | heaped together, massed together. |
| पुंलिंग (पुल्लिंग) | पु. | व्याकरण में संज्ञा शब्दों के दो वर्गों में से एक जिसकी संज्ञाएं नरों की सूचक होती हैं अथवा ऐसी चीजों की सूचक होती हैं जो पुरुष वर्ग की समझी जाती हैं। | نَر، مُذکر | नर, मुज़कर | masculine gender (in grammar). |
| पुआल (पयाल) | पु. | पके हुए धान, कोदों आदि के वे डंठल जिनसे दाने अलग कर दिए गए हों। | دانٛ گاسہٕ | दाँ गास् | paddy-straw. |
| पुकार | स्त्री. | 1. किसी का नाम लेकर बुलाने की क्रिया या भाव;<br>2. आत्मरक्षा या सहायता आदि के लिए दूसरों को आर्त्तस्वर से बुलाना;<br>3. कष्ट-निवारण के लिए किसी के प्रति की गई प्रार्थना, फरियाद। | ناد، بُلاو،<br>بُلاوُن/ناد دیُن؛<br>کرٕکھ کرٕنۍ<br>درخاست، فریاد | नाद, बुलाव,<br>बुलावुन/नाद द्युन;<br>क्रख कुरन्य;<br>दरखात, फरियाद | call;<br><br>cry;<br>petition. |

| हिंदी शब्द | व्या.. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुकारना | स. क्रि. | 1. किसी को नाम लेकर बुलाना; | نادِ دِیُن، آلو دِیُن ؛ | नाद द्युन, आलव द्युन; | to call; |
| | | 2. रक्षा या बचाव के लिए किसी को आर्त्तस्वर से बुलाना; | پننِ بچاوِ خٲطرٕ کرٕکھ لاینِی ؛ | पननि बचावु खातरु क्रॅख लायिन्य; | to cry out; |
| | | 3. फरियाद करना। | فریاد کرُن | फरियाद करुन | to lodge a complaint. |
| पुखराज | पु. | पीले रंग का एक प्रसिद्ध रत्न। | پُکھراج (جواہِر) | पुखराज ( जवाहिर) | topaz |
| पुख़्ता | वि. | 1. मजबूत, पक्का, सख़्त; | مضبوٗط، ٹھوس، ٹوک ؛ | मज़बूत, ठोस, टोकु; | strong, solid; |
| | | 2. पूरी तरह से निश्चित या स्थिर किया हुआ; | دوٗر، پوشِیہ ؤن ؛ | दोरु, पोशिवुन; | firm, lasting; |
| | | 3. पूरी उमर का प्रौढ़; | پوخت، بالیغ ؛ | पुख़्त, बाल्येग; | mature; |
| | | 4. जानकार, अनुभवी। | ماہِر | माहिर | expert. |
| पुचकार | स्त्री. | प्यार जताने के लिए होठों से निकाला हुआ चूसने का सा शब्द, चुमकार। | شُر ژیکھلاوُن، چُمہ چُمہ کرُن، لول برُن | शुर च्यखलावुन, चुमु चुमु करुन, लोल बरुन | fondle, caress. |
| पुचकारना | स. क्रि. | ओठों से चूमने का सा शब्द उत्पन्न करते हुए किसी के प्रति लाड-चाव प्रकट करना। | شُر ژیکھلاوُن، لول برُن، چُمہ چُمہ کرُن | शुर च्यखुलावुन, लोल बरुन, चुमु चुमु करुन | to fondle, to caress. |
| पुच्छलतारा | पु. | यदा-कदा दीखनेवाला एक विशेष प्रकार का तारा जिसके पीछे झाड़ू के आकार का भाप का सा पदार्थ जुड़ा दिखाई देता है, धूमकेतु। | لٹُی دار تارُکھ | लट्यदार तारुख | comet, meteor. |
| पुछल्ला | पु. | 1. लम्बी पूंछ; | زیُوٗٹھ لوٗٹ ؛ | ज्यूठ लोटु; | long tail; |
| | | 2. पूंछ की तरह पीछे जुड़ी हुई कोई वस्तु; | لوٗٹ ہیُو ؛ | लोट ह्यू; | any tail-like structure; |
| | | 3. साथ में लगी रहनेवाली अप्रिय या अनावश्यक वस्तु। | بٔلی لوٗٹ، پَتہٕ کنہِ ہمیشہٕ بوٗر ترُکن وول | बॅल्य लोट, पतु कनि हमेशि बोरु त्रुकन वोल | one who always tails after. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुजवाना** | स. क्रि. | 1. किसी को पूजा करने में प्रवृत्त करना; | پوٗزاکرناوٕنۍ؛ | पूज़ा करनावुन्य; | to cause to worship; |
| | | 2. अपनी आवभगत या पूजा कराना। | یلاجکرناوُن | यलाज़ करनावुन | to cause to treat. |
| **पुजाना** | स. क्रि. | पुजवाना। | عبادت کرناوٕنۍ | अबादथ करनावुन्य | to cause to worship. |
| **पुजापा** | पु. | 1. पूजन की सामग्री; | پوٗزایہ سامانہٕ؛ | पूज़ायि सामानु; | articles used in a worship, offering; |
| | | 2. वह पात्र जिसमें पूजन की सामग्री रखी जाती है। | پوٗزایہ ہنٛدۍ بانہٕ | पूज़ायि हुन्द्य बानु | apparatus of worshipping. |
| **पुजारी** | पु. | 1. पूजा करनेवाला; | پوٗزا/عبادتھ کرَن وول | पूज़ा/अबादथ करन वोल; | worshipper, adorer; |
| | | 2. ऐसा व्यक्ति जो किसी देवप्रतिमा की पूजा-सेवा करने के लिए नियुक्त किया गया हो। | پوٗزاری | पूज़ार्य | Hindu priest. |
| **पुट** | पु. | 1. किसी चीज के ऊपर किसी दूसरी चीज की जमाई या लगाई हुई हल्की परत; | گِلٹھ، پاشہِ، پلیٹِنگ؛ | गिलठ, पाशि, प्लेटिंग; | plating; |
| | | 2. किसी चीज़ में दूसरी चीज़ की हलकी मिलावट। | موموٗلی ملاوَٹ / سرسری مِلہٕ وَن | मोमूली मिलावट/ सरसरी मिलवन | slight mixture. |
| **पुटकी** | स्त्री. | 1. छोटी गठरी, पोटली; | لوکُٹ بنٛڈل، پھُٹُج؛ | लुकुट बंडल, फुटुज; | small bundle; |
| | | 2. आकस्मिक मृत्यु; | اچانکھ موت؛ | अचानख मोथ; | accidental death; |
| | | 3. आकस्मिक दैवी विपत्ति। | قودرتُک قہر غضب | कुदरतुक कहर गज़ब | divine wrath. |
| **पुट्ठा** | पु. | 1. कमर के पास का चूतड़ का ऊपरी भाग; | رونٛکھ؛ | रोंख; | hip; |
| | | 2. चौपायों का विशेषकर घोड़ों का चूतड़; | گُرین ہنٛدۍ منٛدل؛ | गुर्यन हंद्य मंदल; | rump; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 3. पुस्तक की जिल्द या मोटाई का वह पिछला भाग जिसके अन्दर उसकी सिलाई रहती है। | جِلدُک پَتِم پاس، جِلدُچ تھر | जिल्दुक पतिम पास, जिल्दुच थर | back portion of binding of a book. |
| पुड़िया | स्त्री. | 1. वह कागज या पत्ता जिसमें कोई दवा या अन्य वस्तु लपेटकर रखी गई हो; | لُوکُٹ کاکز پُھٹُج | लुकुट काकज़ फुटंज़ | small paper packet; |
| | | 2. पुड़िया में लपेटी हुई दवा या ऐसी ही अन्य कोई वस्तु; | دوا پوڈر پُوری؛ | दवा पोडर पूर्य; | powder (medicine) wrapped up in paper; |
| | | 3 किसी के पास होने वाली सारी पूंजी या सम्पत्ति। | دولتھ | दुवलथ | wealth. |
| पुण्य | वि. | 1. पवित्र, शुद्ध; | پاک، صاف/پُوڈ؛ | पाक, साफ/पुण्य; | holy, sacred, pure; |
| | | 2. मंगलकारक; | شوب، رُت، مُبارک؛ | शूब , रुत, मुबारक; | auspicious; |
| | | 3. धर्मविहित और उत्तम फल देनेवाला। | رُت کار، رٕچھ کام | रुतकार, रुचकोम | meritorious action, good deed. |
| | पु. | 1. धार्मिक दृष्टि में कुछ विशिष्ट अवसरों पर कुछ विशिष्ट कर्म करने से प्राप्त होनेवाला शुभफल; | رِتہ کارُک، رٕچھ کامِہ یا نیکی ہُند پھل؛ | रुतिकारुक,रुचि कामि या नीकी हुन्द फल; | fruit or reward of virtue; |
| | | 2. शुभकर्मों का संचित रूप जिसका आगे चलकर उत्तम फल मिलता हो। | وصفُک یا جانی ہُند رُت پھل | वसफुक या जांनी हुन्द रुत फल | virtue, religious merit. |
| पुण्यतिथि | स्त्री. | 1. ऐसा शुभ दिन जिसमें धर्म, लोकोपकार आदि की दृष्टि से अच्छे कर्म करने का विधान हो; | رُت، مُبارک دوہ؛ | रुत, मुबारक दोह; | auspicious day; |
| | | 2. किसी महापुरुष के निधन की वार्षिक तिथि। | وٕہرُوار | वंहरवार | anniversary (of death). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुण्यात्मा | पु. | पुण्यकर्म करनेवाला, धर्मात्मा। | پاکیٖز نفس، دَرماتما | पाकीज़ नफ़स, दरमात्मा | pure-souled, holyman. |
| पुतला | पु. | लकड़ी, धातु, कपड़े आदि की बनी हुई पुरुष की प्रतिमा। | مۆرتی، پُتُل | मुर्ती, पुतुल | effigy, dummy. |
| पुतली | स्त्री. | 1. आंख के बीच का वह काला भाग जिसके मध्य में रूप ग्रहण करनेवाली इंद्रिय होती है; | مُنہِ پھۆل؛ | मुनि फोल; | pupil of eye; |
| | | 2. लकड़ी, धातु, कपड़े आदि की बनी हुई स्त्री की प्रतिमा। | اچھِ دأر، دأر دُج | अछि दोर, दोर दज्य | puppet, doll. |
| पुतलीघर | पु. | वह कारखाना जहां यंत्रों से सूत बनाया और कपड़ा बुना जाता है। | کپَر مشین/ کپَر مِل | कपर मिशीन/ कपर मिल | cloth mill. |
| पुताई | स्त्री. | 1. पोतने की क्रिया या भाव; | لِوُن، سفیدی کرِنؠ؛ | लिवुन, सफीदी करन्य; | white-wash, act of white-washing; |
| | | 2. उक्त का पारिश्रमिक। | سفیدی کَروَنہِ، لِوٕوٕنؠ | सफीदी करवनि, लिवु वन्य | wages for white-wash. |
| पुत्र | पु. | पत्नी से उत्पन्न नर संतान, बेटा। | پوتھر، گوٚبُر | पोथर, गोबुर | son. |
| पुत्रवती | स्त्री. | पुत्रवाली स्त्री। | گوٚبرٕ مأج | गोबर माज | a woman blessed with a son or sons. |
| पुत्रवधू | स्त्री. | पुत्र की पत्नी, पतोहू। | نوٚش | नुश | daughter-in-law, son's wife. |
| पुत्री | स्त्री. | कन्या, बेटी। | کوٗر | कूर | daughter. |
| पुदीना (पोदीना) | पु. | एक प्रसिद्ध छोटा पौधा जिसकी पत्तियां अच्छी गंधवाली होती हैं और चटनी आदि में पीसकर खाई जाती हैं। | پُدنہٕ | पुदनु | mint. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुनः | अ. क्रि. | एक बार और, फिर, दोबारा। | بێیہِ اَکہِ پھِرِ | बेयि अंकि फिरि | once more, again. |
| पुनः पुनः | क्रि. वि. | बार बार, कई बार। | بار بار، پھیر پھیر | बारबार, फीर्य फीर्य | again and again, repeatedly. |
| पुनःस्थापन | पुं. | जो पहले अपने स्थान से हटाया गया हो उसे फिर उसी के स्थान पर रखना या स्थापित करना। | بێیہِ لگُن / بێیہِ مُلازم بنُن / دُبارِ لگُن | बेयि लगुन/ बेयिमुलाजिमबनुन दुबार लगुन | reinstatement. |
| पुनरागमन | पुं. | फिर से आना, लौटना। | واپس یُن، واپسی | वापस युन, वापुसी | coming again, return. |
| पुनरावलोकन | पुं. | फिर से या दोबारा देखना। | بێیہِ وُچھُن | बेयि वुछुन | revision. |
| पुनरावृत्ति | स्त्री. | 1. दोहराना; 2. फिर से आना, लौटना। | دُہراوُن؛ پھیرِتھ یُن، واپسی | देरावुन; फीरिथ युन, वापुसी | rer[illegible]on; return. |
| पुनरीक्षण | पुं. | किए हुए काम को जांचने के लिए फिर से देखना। | نظرِ ثانی | नज़रि सानी | review. |
| पुनरीक्षित | वि. | जिसका पुनरीक्षण किया गया हो या हो चुका हो। | نظرِ ثانی کرُن آمُت | नज़रि सानी करनु आमुत | reviewed, revised. |
| पुनरुक्ति | स्त्री. | 1. एक बार कही हुई बात या शब्द को फिर कहना; 2. इस प्रकार दोबारा कही हुई बात। | بێیہِ وَنُن، دُبار بووَمُت؛ بێیہِ پھِرمُژ کتھ؛ | बेयि वनुन, दुबार बोवमुत; बेयि फिरमुच़ कथ; | said again, repeated; repetition. |
| पुनरुज्जीवित | वि. | जिसे फिर से जीवित किया गया हो या जिसने फिर से जीवन प्राप्त किया हो। | بێیہِ زِندٕ کوٚرمُت، بێیہِ زِندٕ گومُت | बेयि ज़िन्द कोरमुत, बेयि जिन्द गोमुत | revived. |
| पुनरुत्थान | पुं. | 1. जिसका एक बार पतन या ह्रास हो चुका हो उसका फिर से उठकर उन्नति करना; | بێیہِ ترقی کرٕنۍ؛ | बेयि तरकी करुन्य; | renaissance; |
| | | 2. गिरे हुए को फिर से उठना। | بێیہِ وُتھُن | बेयि वुथुन | rising again. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुनरुद्धार | पुं. | टूटी-फूटी या नष्ट हुई वस्तु को फिर से ठीक या उसे यथावत् करना। | نوٚیر دیُن | नव्यर द्युन | restoration, renovation. |
| पुनर्जन्म | पु. | मरने के बाद फिर से उत्पन्न होना, दुबारा शरीर धारण करना। | پُنرزنُم | पुनर्जनुम | rebirth (transmigration.). |
| पुनर्जीवन | पु. | फिर से प्राप्त होनेवाला जीवन। | نوٚیر، نوٚزندگی | नव्यर, नव ज़िंदगी | revival. |
| पुनर्निर्माण | पु. | टूटी-फूटी वस्तु का फिर से होनेवाला निर्माण। | دُبارِ تأمیر | दुबार तामीर | reconstruction. |
| पुनर्मुद्रण | पु. | 1. एक बार छपी हुई वस्तु का फिर से उसी रूप में छपना; | بیٛیہ چھاپُن؛ | ब्यथि छापुन; | impression |
| | | 2. पुस्तकों आदि का इस प्रकार छपकर तैयार होनेवाला संस्करण। | دُبارِ چھاپ | दुबार छाप | reprint. |
| पुनर्वास | पु. | उजड़े हुए लोगों को फिर से बसाना। | دُبارِ بساوُن | दुबार बसावुन | rehabilitation. |
| पुनर्विवाह | पु. | एक बार विवाह हो चुकने पर दोबारा होनेवाला विवाह। | پُنیتھر، دُبارِ نیتھر (کرُن)، پُنر ویواہ | पुनेथुर, दुबार नेथर (करुन), पुनर व्यवाह | remarriage. |
| पुनीत | वि. | पवित्र। | پاکیزٕ، شرُوٚچ | प्राकीज़, श्रूच | pure, holy. |
| पुरखा | पु. | पूर्वज, पूर्व-पुरुष। | جد | जद | ancestor, fore-father. |
| पुरजा (पुर्जा) | पु. | 1. कागज का टुकड़ा; | کاکذ پُرزٕ، کاکذ ریل؛ | काकज़ पुर्ज़, काकज़ यल; | a scrap (com. of paper), piece, bit; |
| | | 2. कागज के टुकड़े पर लिखी कोई बात या सूचना; | کاکذ پُرزس پیٹھ لیُوکھمُت، نوٚشتہٕ؛ | काकज़ पुर्ज़स प्यठ ल्यूखमुत, नविश्त; | chit; |
| | | 3. किसी बड़े यंत्र का कोई अंग या अंश। | مشینِ پُرزٕ | मिशीनि पुर्ज़ | component, part. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुरबिया** | वि. | पूरब का। | مشرِقی ، پُرٕبُک | मशरिकी, पुरबुक | eastern. |
| **पुरवाई (पुरवा, पुरवैया)** | स्त्री. | पूरब की ओर से बहनेवाली हवा। | مشرِقُک ہواہ | मशरिकुक हवाह | easterly (wind). |
| **पुरस्कार** | पु. | अच्छी तरह कोई प्रशस्त और कठिन कार्य करने पर आदर या सत्कार के रूप में दिया जानेवाला धन या पदार्थ, इनाम। | ینامہ ، بخِشش | यनामु, बखशिश | prize, award, reward. |
| **पुरस्कृत** | वि. | 1. जिसे पुरस्कार मिला हो;<br>2. आगे किया हुआ। | یزتھ افزآئی (سپدٕنی) ؛<br>برٛونٹھ کنِ تھووُمُت | यज़थ अफज़ाई (सपदन्य) ;<br>ब्रोंठ कनि थोवुमत | honoured, rewarded;<br>placed in front. |
| **पुरातत्व** | पु. | वह विद्या जिसमें मुख्यतः इतिहासपूर्व काल की वस्तुओं के आधार पर पुराने अज्ञात इतिहास का पता लगाया जाता है। | آثارِ قدیم ، کھنڈرانن مطال کرِتھ پرون تواریخ زانُن | आसारि कदीम, खंडरातन मुताल करिथ प्रोन तवारीख ज़ानुन | archaeology. |
| **पुरातन** | वि. | पुराना, प्राचीन। | پتھ کالیُک ، پرٛون | पथ काल्युक, प्रोन | belonging to the past, ancient. |
| **पुराना** | वि. | 1. जो प्रस्तुत समय से बहुत पहले का हो;<br>2. जो बहुत दिनों का हो जाने के कारण अच्छी दशा में न रह गया हो या ठीक तरह से और पूरा काम न दे सकता हो;<br>3. पूर्ण अनुभवी, परिणत-बुद्धि;<br>4. जिसका रिवाज अब उठ गया हो। | پرٛون ؛<br>ژھیوٚنہٕ مُت ، رٕنیومُت ؛<br>تجربہ کار ؛<br>دُقیانوٗسی | प्रोन;<br>छ्योनुमुत, रुन्योमुत;<br>तजरुबुकार ;<br>दकियानूसी | old, ancient;<br>worn out;<br>experienced;<br>out-of-date, old-fashioned. |
| **पुरी** | स्त्री. | 1. नगरी, शहर; | شہر ، قصبہٕ ؛ | शहर, कसबु; | city, town; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दशनामी संन्यासियों का एक भेद, | دشنامی سنیاسن ہُند اکھ قسم؛ | दर्शनामी संन्यासन हुंद अख कुसुम; | name of one of the 10 orders of mendicants; |
| | | 3. जगन्नाथ पुरी। | اڑیسہِ چُک پُری شہر، (جگن ناتھ پُری) | उडीसुहुक पुरी शहर, (जगन्नाथ पुरी) | the city of Puri in Orissa. |
| पुरुष | पु. | 1. मानव जाति का नर प्राणी, मर्द, आदमी; | مرد، موٗہنیوٗ؛ | मर्दु मोहन्युव; | male, man; |
| | | 2. वह प्रधान सत्ता जो सारे विश्व में आत्मा के रूप में वर्तमान है (सांख्य); | پُرُش، کاینا تُک مۄلہِ آگُر (سانکھیہ دَرشنس منز)؛ | पुरुष, कायनातुक मूलु आगुर (सांख्य दर्शनस मंज़); | the soul and original source of the universe, (Samkhya); |
| | | 3. व्याकरण में, वक्ता की दृष्टि से किया जानेवाला सर्वनामों का वर्गीकरण। | صِنف (گریمر) کُس ہیوٗ، تریوٕ قسمو اندر اکھ؛ وَنن وول، بوزن وول تہٕ ناظِر | सिनफ (ग्रेमर) कुस ह्यू, त्रेयव कुसमव अन्दर अख; वनन वोल, बोज़न वोल तु नाज़िर | a person (in grammar). |
| पुरुषत्व | पु. | 1. पुरुष होने की अवस्था, गुण या भाव; | اِنسانیت، اِنسانہٕ سُنز حالت؛ | इनसानियत, इन्सानु सुंज़ हालत; | the state of man; |
| | | 2. पौरुष, मर्दानगी। | بہودُری، مردانگی | बहेदुरी, मर्दानुगी | manliness, valour. |
| पुरुषार्थ | पु. | 1. मनुष्य के जीवन का प्रधान उद्देश्य, वह वस्तु या प्रयोजन जिसकी प्राप्ति या सिद्धि के लिए मनुष्य को उद्योग करना चाहिए (पुरुषार्थ चार माने गए हैं – धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष); | اِنسانہٕ سُند مُدعا؛ | इनसानु सुन्द मुदाह; | any object of human pursuit, any one of the four objects or aims of man or of the soul; |
| | | 2. उद्योग, उद्यम। | اِنسٲنی کوشش، وۄدیوٗگ | इन्सानी कूशिश, वुद्यूग | (human) effort or exertion. |
| पुरुषार्थी | वि. | पुरुषार्थ करनेवाला, उद्योगी, परिश्रमी। | سخ جکھن وول، سخت میحنتی | सख जखन वोल, सखुत मेहनती | industrious, painstaking, laborious. |
| पुरोहित | पु. | वह कर्मकाण्डी ब्राह्मण जो अपने यजमान के यहां मुंडन यज्ञोपवीत, विवाह आदि | کرم کانڈی برہمن | कर्म कांडी ब्रह्मुण | Hindu-priest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्कार कराता है तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर दान-दक्षिणा आदि लेता है। | | | |
| **पुरोहिताई** | स्त्री. | पुरोहित का काम, पद, या भाव, यजमानों को धार्मिक कृत्य कराने का काम या वृत्ति। | برٛہمن سٕنٛزٕ دکھنا،<br>گورٕگی، برٛہمنازٕ | ब्रह्मण सुंज़ दखिना,<br>गोरुगी, ब्रह्मणाज्य | the office or functions of the officiating priest. |
| **पुल** | पु. | खाइयों, नदी -नालों आदि के ऊपर आर-पार जोड़कर बनाई हुई वह वस्तु, या रचना जिसपर से होकर गाड़ियां और व्यक्ति इधर-उधर आते-जाते हैं, सेतु। | کٔدٕل | केदुल | bridge. |
| **पुलक** | पु. | प्रेम, भय, हर्ष आदि मनोविकारों के कारण शरीर में होनेवाला रोमांच। | سپٹھاہ شادی، خوشی<br>سٕتی رُم کھڑا گژھنۍ<br>رُم پھولنۍ | स्पठाह शाद्य, खुशी<br>सत्य रुम खड़ा गछुन्य<br>रुम फुलुन्थ | erection of the hair of the body, thrill of joy, delight. |
| **पुलकना** | अ. क्रि. | प्रेम, हर्ष आदि से पुलकित होना। | اِنتہائی خوشی<br>سپدنۍ | इन्तिहायी खोशी<br>सपदुन्य | to experience a thrill of joy, to be delighted. |
| **पुलकित** | वि. | जिसे रोमांच हुआ हो, हर्षविह्वल। | رُم پھولنۍ<br>(بدنٕکۍ رُم<br>استاد سپدنۍ | रुम फुलुन्य<br>(बदनुक्य रुम<br>इस्तादु सपुदुन्य | having the hair of the body erect, thrilled with joy. |
| **पुलटिस** | स्त्री. | हलवे की तरह पकाई हुई अलसी आदि का लेप जो फोडों आदि को पकाने के लिए उन पर बाँधा जाता है। | پُلٹیس | पुलटीस | poultice. |
| **पुलाव** | पु. | मांस और चावल एक में पकाकर तैयार किया जानेवाला विशेष प्रकार का व्यंजन। | پُلاو | पुलाव | spiced rice preparation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुलिंदा** | पु. | कागज, कपड़े आदि में बंधी हुई गठरी। | گیٖڑ، بنڈل، لوو | गे़ड, बंडल,लोव | bundle, sheaf. |
| **पुलिन** | पु. | नदी आदि का किनारा, विशेषतः रेतीला किनारा। | سیٚکہ بۄٹھ | से़कि बो़ठ | beach. |
| **पुलिया** | स्त्री. | छोटा पुल। | کلواٹھ | कलु़वाठ | culvert, small bridge. |
| **पुलिस** | स्त्री. | 1. वह राजकीय विभाग जिसका मुख्य काम शांति तथा व्यवस्था बनाए रखना है और जो अपराधों को रोकता है, अपराधियों को पकड़ता है तथा न्यायालय द्वारा दण्डित कराता है; | پُلسُہ محکمہٕ؛ | पुलसु महकम; | police department |
| | | 2. उक्त विभाग का कर्मचारी, सिपाही। | پُلیٖس | पुलीस | ायि police. |
| **पुश्त** | स्त्री. | 1. वंशपरम्परा की प्रत्येक श्रेणी या स्थान, पीढ़ी; | نسِل، پُیہٕ؛ | नसुल, पुय; | generation; |
| | | 2. पशुओं, मनुष्य आदि की पीठ; | پُشت، تھَر؛ | पुश्त, थर; | the back; |
| | | 3. किसी वस्तु का पिछला भाग, पृष्ठ देश। | پتِم پاس | पतिमपास | the back portion. |
| **पुश्ता** | पु. | ईंट, पत्थर, मिट्टी आदि की वह वास्तु रचना जो नदियों के किनारे पानी की बाढ़ रोकने अथवा किसी दीवार आदि की मजबूती के लिए उसमें पार्श्व में खड़ी की जाती है। | بوٹھ | बो़ठ | embankment. |
| **पुश्तैनी** | वि. | 1. जो कई पीढ़ियों से चला आ रहा हो; | آبایی، جدی؛ | आबायी, जदी; | ancestral; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो कई पीढ़ियों तक चला जाए। | وراثتی | वरासती | hereditary. |
| पुष्कल | वि. | भरपूर, पर्याप्त, प्रचुर। | بِسیار، ژور، سٹھا | बिसियार, चोर, स्यठ | much, abundant. |
| पुष्ट | वि. | 1. जिसका अच्छी तरह पोषण हुआ हो; | پولمُت، رۆچھمُت؛ | पोलुमुत, रोछमुत; | nourished: |
| | | 2. मोटा-ताजा, बलवान; | ویوٚٹھ، مضبوط؛ | व्योठ, मजबूत; | fat, strong; |
| | | 3. कथन या बात जो प्रमाणों से सिद्ध होती हो। | تصدیق کرنٕ آمُت | तसदीक करनु आमुत | confirmed. |
| पुष्टई | स्त्री. | बलवर्धक औषध या वस्तु। | طاقتور دواہ یا چیز | ताकतवर दवाह या चीज | nourishment, nutrition (medicine or a thing). |
| पुष्टि | स्त्री. | 1. दृढ़ या मजबूत होने की अवस्था या भाव; | مضبوٗتی دِنۍ؛ | मज़बूती दिन्य; | strengthening; |
| | | 2. समर्थन, तर्क या प्रमाण द्वारा सिद्धि। | تصدیق کرُن | तसदीक करुन | confirmation. |
| पुष्टिकर | वि. | पुष्ट करनेवाला, बलवर्धक। | طاقت بڑاوُن وول | ताक़त बडावन वोल | nourishing, causing to grow or thrive. |
| पुष्टिकारक | वि. | पुष्टि करनेवाला। | تصدیق کرن وول | तसदीक करन वोल | confirmatory. |
| पुष्टिमार्ग | पु. | श्री वल्लभाचार्य के शुद्धाद्वैत मत की साधना-व्यवस्था जिसमें भक्त कर्म निरपेक्ष होकर भगवान श्रीकृष्ण को आत्मसमर्पण करता है तथा कर्मों के फल की कामना नहीं करता है। | اکھ ویشنو فرقہ | अख वैष्णव फिर्क़ु | name of a Vaisnava sect founded by Vallabhacharya. |
| पुष्टिकरण | पु. | किसी कही हुई बात या किए हुए काम को ठीक मानते हुए उसकी पुष्टि करना। | تصدیق | तसदीक | confirmation. |
| पुष्प | पु. | फूल, कुसुम। | پوش | पोश | a flower. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पुष्पवर्षा | स्त्री. | फूलों की ऊपर से की जानेवाली या होनेवाली वर्षा। | پوشہ وَرشُن | पोशि वर्शुन | flowers showere upon (a hero on any great) occasion). |
| पुष्पवाटिका | स्त्री. | ऐसा छोटा उद्यान जिसमें फूलों के अनेक पेड़-पौधे हों। | گُلزار،پوشہ وار | गुलज़ार,पोशिवार | a flower garden. |
| पुष्पांजलि | स्त्री. | फूलों से भरी हुई अंजलि जो किसी देवता या महा-पुरुष को अर्पित की जाती है। | پوشہ دوٗژھ | पोशि दुछ़ | presenting flowe or a nosegay in both hands ope and hollowed. |
| पुष्पिका | स्त्री. | 1. किसी ग्रंथ के किसी अध्याय का वह समापक वाक्य या पद्य जिसमें प्रतिपाद्य की समाप्ति की सूचना रहती है तथा जिसमें प्राय: लेखक का नाम एवं रचना-संवत् भी रहता है; | باب، کتابہ ہُنٛد انگ یا حِصہٕ؛ | बाब, किताबि हुन्द अंग या हिसु; | division of a boo chapter; |
| | | 2. दांत का मैल; | دنٛدٕ مل؛ | दंदु मल; | the tartar of the teeth; |
| | | 3. लिंग का मैल। | پھِسہ ہُنٛد مل یَنٛدرٕ یُک مل | फिसि हुंद मल यन्द्रेयुक मल | the mucus of the gland penis or urethra. |
| पुष्पित | वि. | 1. फूलों से युक्त, फूलों से लदा हुआ; | پوشہ ورشُن کرنٕ آمُت؛ | पोशि वर्शुन करनु आमुत; | bearing flowers, flowered; |
| | | 2. उन्नत और समृद्ध। | آسن دول | आसन वोल | abounding or rich-in. |
| पुष्पोद्यान | पु. | पुष्पवाटिका, फूलों का बगीचा। | پوشہ باغ | पोशिबाग | a flower-garden. |
| पुस्तक | स्त्री. | हाथ से लिखे या छपे हुए पन्नों का जिल्द बंधा हुआ रूप, किताब। | کتاب، پُوٗتھ | किताब, पूथ्य | book. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पुस्तकाकार** | पु., वि. | जो पुस्तक के आकार या रूप में हो। | کتأبی شکلِ منٛز | कितांबी शकुलि मंज़ | in shape of a book. |
| **पुस्तकाध्यक्ष** | पु. | पुस्तकालय का प्रधान अधिकारी। | لایبرٛیرین | लाइब्रेरियन | librarian. |
| **पुस्तकालय** | पु. | वह स्थान जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें संगृहीत हों। | لائبرٛیری | लाइब्रेरी | library. |
| **पुस्तकीय** | वि. | 1. पुस्तक संबंधी; | کتابِہ ہُنٛد، کِتابِہ مُتلق؛ | किताबि हुन्द, किताबि मुतलक; | pertaining to a book; |
| | | 2. पुस्तकों से प्राप्त होनेवाला। | کتابِہ منٛز آمُت | किताबि मंज़ आमुत | found in the books. |
| **पुस्तिका** | स्त्री. | छोटी पुस्तक। | لوکُٹ کِتابچہِ | लुकुट किताबचि | booklet. |
| **पूंछ** | स्त्री. | 1. पशु-पक्षी आदि के शरीर का वह लचीला भाग जो गुदा के ऊपर रीढ़ की हड्डी की संधि में से निकलकर कुछ दूर तक जाता है या लटकता रहता है, दुम; | لۄٹ؛ | लोट; | tail; |
| | | 2. किसी पदार्थ का पिछला भाग; | چیزُک پۄت پاس؛ | चीज़ुक पोत पास; | back portion (of a thing); |
| | | 3. पूंछ की तरह जुड़ी हुई वस्तु। | کُنِہ چیزس سۭتی لۄٹ گنٛڈِتھ | कुनि चीज़स स्त्य लोट गंडिथ | a tail like object attached with something. |
| **पूंजी** | स्त्री. | 1. वह धन जिससे कोई व्यवसाय आरंभ किया गया हो, मूलधन; | سرمایہِ، وِیُچھ؛ | सर्मायि, व्युच; | capital, assets; |
| | | 2. संचित धन। | دَولتھ، دنُ | दौलत, दनु | wealth. |
| **पूंजीदार** | पु. | 1. जिसके पास अधिक संपत्ति हो; | دٲرِ وول، دولتمند، دُنیادار؛ | द्यारु वोल, दौलत मंद, दुनियादार; | wealthy person; |
| | | 2. वह जो आर्थिक लाभ के लिए किसी विशेष उद्योग या व्यवसाय में धन लगाता हो। | سرمایہ دار | सरमायिदार | capitalist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पूंजीदारी | स्त्री. | पूंजीदार होने की अवस्था या भाव। | سرمایہداری | सरमायिदारी | the state of beir a capitalist. |
| पूंजीपति | पु. | पूंजीदार। | سرمایہدار | सरमायिदार | capitalist. |
| पूंजीवाद | पु. | आधुनिक अर्थशास्त्र में वह आर्थिक प्रणाली या व्यवस्था जिसमें देश के प्रमुख उत्पत्ति एवं वितरण के साधनों पर पूंजीपतियों का व्यक्तिगत रूप से पूरा अधिकार होता है। इसमें धनवान लोग उत्पादन के लिए अपनी पूंजी लगाते हैं तथा उससे लाभ उठाते हैं। | سرمایہ داری | सरमायिदारी | capitalism. |
| पूंजीवादी | वि. | पूंजीवाद संबंधी। | سرمایہ داری مُتلق | सरमायिदारी मुतलक | pertaining to capitalism. |
| | पु. | पूंजीवाद को माननेवाला या उसका अनुयायी। | سرمایہداری<br>مانن وول | सरमायिदारी<br>मानन वोल | one who believes capitalism or follower of capitalism. |
| पूआ | पु. | पूरी की तरह का एक मीठा पकवान जो आटे में गुड या चीनी मिलाकर तलने से बनता है। | پۄر | पूर | sweet fried small cake. |
| पूछ | स्त्री. | 1. पूछने या पूछे जाने का भाव या क्रिया;<br>2. आदर, कद्र। | تحقیقات، ژھانٛڈ،<br>تفتیش، پرٛژھگار<br>قدر | तहकीकात, छाड,<br>तफतीश, प्रछुगार<br>कदुर | inquiry (after);<br>(commanding of respect. |
| पूछताछ | स्त्री. | किसी बात की पक्की जानकारी के लिए उसके विषय में एक या अनेक व्यक्तियों से बार-बार पूछना या प्रश्न करना। | تحقیقات | तह्कीकात | enquiry, investigation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूछना** | स. क्रि. | 1. किसी बात की जिज्ञासा से कोई प्रश्न करना; | دٔریافت کرُن<br>پرٔژھُن، تحقیقات کرُن؛ | दर्याफ़्त करुन<br>प्रछुन, तहकीकात कारुन | to enquire; |
| | | 2. परीक्षा आदि के प्रसंग में किसीके सामने इसलिए कुछ प्रश्न रखना कि वह उनका उत्तर दें; | سوال کرُن<br>چیلنج کرُن ؛ | सवाल करुन<br>चलेंज करुन; | to question; |
| | | 3. जवाब तलब करना। | پرٔژھ گار کرُن | प्रछु गार करुन्य | to interrogate. |
| **पूजक** | पु. | पूजा करनेवाला, उपासक। | پوٗزا کرن وول | पूज़ा करन वोल | worshipper. |
| **पूजन** | पु. | 1. पूज्य वस्तु की की जानेवाली आराधना या वंदना; | پوٗزا کرُن ؛ | पूज़ा करुन्य; | worshipping; |
| | | 2. आदर, सम्मान। | یَزتھ کرُن ،<br>میزمان دآری کرُن | यज़्थ करुन,<br>मेज़्मानदारी करुन्य | treating with respect or hospitality. |
| **पूजना** | स. क्रि. | 1. देवी-देवता को प्रसन्न एवं संतुष्ट करने के लिए यथाविधि पत्र-पुष्प अर्पित करना, ध्यान करना; | پوٗزن کرُن ،<br>پرستش کرُن ؛ | पूज़न करुन,<br>परस्तिश करुन्य; | to worship, to adore, to venerate; |
| | (ला.) | 2. घूस देना, जेब गरम करना। | (وَرگو) رشو، رشوتھ دیُن | (वगी) रशव, रशवथ द्युन | (fig) to bribe. |
| **पूजनीय** | वि. | पूजा करने योग्य, आदर के योग्य। | پوٗزنی، احترامس لایق | पूज़नी, एहतिरामस लायक | venerable, deserving of honour. |
| **पूजा** | स्त्री. | 1. पत्र-पुष्प आदि के समर्पण के साथ किसी विशिष्ट देवी-देवता का ध्यान, स्मरण आदि करने का कृत्य, अर्चना; | پوٗزا، پرستش ؛ | पूज़ा, परस्तिश; | worship, veneration, adoration; |
| | | 2. आदर-सत्कार, खातिरदारी; | یَزتھ، میزمان دأری ؛ | यज़्थ, म्यज़्मानदारी; | honour; |
| | | 3. घूस, रिश्वत; | رشوتھ، کوٗژھ ؛ | रशवथ, कोछ: | bribery; |
| | | 4. ताड़न, पिटाई। | مار دیُن، لایُن | मार द्युन,लायुन | beating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पूजित | वि. | जिसकी पूजा की गई हो। | پرستش کرنہٕ آمُت | परस्तिश करनु आमुत | worshipped. |
| पूज्य | वि. | 1. पूजा किए जाने के योग्य;<br>2. आदर आदि के योग्य, आदरणीय। | یزتس لایق،<br>پوزلایق؛<br>پوزنی، یزتک<br>حقدار | यज़तस लायक,<br>पूज़िलायक;<br>पूज़नी, यज़तुक<br>हकदार | venerable, adorable;<br>deserving of honour. |
| पूज्यपाद | वि. | परमपूज्य और मान्य। | سیٹھا یزتس لایق | स्यठा यज़तस लायक | most respectable, most honourable |
| पूज्यवर | वि. | पूज्यों में श्रेष्ठ। | سیٹھا موزز | स्यठा मोज़ज़ | most honourable |
| पूड़ी (पूरी) | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध व्यंजन जिसे साधारण रोटी आदि की तरह बेलकर घी या तेल में पकाते हैं। | پور | पूर | unleavened fried cake. |
| पूत | पु. | पुत्र, बेटा। | نیچو، گوبُر | नेचुव, गोबुर | son. |
| | वि. | पवित्र, शुद्ध, साफ किया हुआ। | شُد صاف کورمُت | शुद साफ कोरमुत | pure, cleaned. |
| पूनम | स्त्री. | पूर्णिमा। | پُنِم | पुनिम | full moon. |
| पूनी | स्त्री. | धुनी हुई रुई की मोटी बत्ती जो सूत कातने के काम में आती है। | پھمبہ تومب | फमबु तोम्ब | cotton-roll prepared for spinning. |
| पूरक | वि. | पूर्ति करनेवाला, कमी, त्रुटि आदि को दूर करनेवाला। | ڈکھ پور کرن وول | डख पूर करन वोल | supplementary. |
| | पुं. | एक प्रकार का प्राणायाम जिसमें प्राणवायु को नाक द्वारा अन्दर पहुंचाते हैं। | پورک پرانایامک<br>اکھ قسم یتھ منز<br>شاہ اکِ نکہ وارِ<br>کِنی کھاران چھ | पूरक – प्राणायामुक<br>अख कुसुम यथ मंज़<br>शाह अकि न कवारि<br>किन्य खारान छि | closing the right nostril with the forefinger and then drawing up air through the left and then closing the left nostril and drawing up air through the right (as a religious exercise). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूरब** | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्य का उदय होता है। | مَشرِق | मशरिक | east. |
| **पूरबी** | वि. | पूरब संबंधी, पूरब का। | مشرِقی | मशरिकी | pertaining to east, eastern. |
| **पूरा** | वि. | 1. जिसमें कोई भी स्थान खाली न बचा हो; | پۆر، بٔرِتھ؛ | पूर, बॅरिथ; | full; |
| | | 2. जितना आवश्यक,उचित या संभव हो, भरपूर; | برابر، پۆر؛ | बराबर, पूर; | adequate; |
| | | 3. समग्र, समूचा, सारा; | سالِم؛ | सालिम; | whole; |
| | | 4. जो अधूरा न हो, समाप्त; | مُکمل؛ | मुकमल; | complete, |
| | | 5. (कामना या इच्छा) सिद्ध होना, सफल होना। | مُکمل کوٗرمُت<br>سپدوومُت | मुकमल कोरमुत<br>सपुदोवमुत | fulfilled. |
| **पूरित** | वि. | पूर्ण किया या भरा हुआ, परिपूर्ण। | بٔرِتھ، پۆر کوٗرمُت،<br>سپدوومُت | बॅरिथ, पूर कोरमुत,<br>सपुदोवमुत | filled, completed. |
| **पूर्ण** | वि. | 1. जो पूरी तरह से भरा हुआ हो; | بٔرِتھ؛ | बॅरिथ; | full; |
| | | 2. किसी बात या तत्व से भरा हुआ; | کُنِہ چیز ستی<br>بۆرمُت؛ | कुनि चीज़ु सुत्य<br>बोरमुत; | filled with or full of; |
| | | 3. समूचा, समस्त, सारा, संपूर्ण; | مکمل، سورُے،<br>سالِم؛ | मुकमल, सोरुय,<br>सालिम; | complete, all, entire; |
| | | 4. हर तरह से ठीक और पूरा; | مُکمل؛ | मुकमल; | perfect; |
| | | 5. सिद्ध, सम्पन्न। | پۆر کوٗرمُت، بۆرمُت<br>سپد کوٗرمت | पूर कोरमुत, बोरमुत<br>स्पद कोरमुत | fulfilled. |
| **पूर्णकाम** | वि. | जिसकी सभी इच्छाएं पूरी हो चुकी हों। | سُہ یسند ارمان پۆر<br>آسن سپدی متی | सु यसन्ध अरमान पूर<br>आसन सपुदेमुत्य | one whose wishes are fulfilled, gratified. |
| **पूर्णचन्द्र** | पु. | पूर्णिमा का चन्द्रमा जो अपनी सब कलाओं से पूर्ण होता है। | پُنِم ہُنز زوٗن | पुनिम हुंज़ ज़ून | the full moon. |
| **पूर्णतः** | क्रि. वि. | पूरी तरह से। | پۆر پاٹھی | पूर पॉठ्य | completely, fully, wholly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्णतया | क्रि. वि. | पूरी तरह से, पूर्णरूप से। | پۆر پٲٹھۍ | पूर्‌पाठ्य | completely. |
| पूर्णता | स्त्री. | 1. पूर्ण होने की अवस्था या भाव; | بَرچَر، پۆر آسُن، پۆرَر؛ | बरचर, पूर्‌आसुन पूर्यर; | fullness; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें किसी प्रकार की कमी या त्रुटि न हो। | تکمیل، پۆرم پۆر | तकमील, पूरमपूर | perfection. |
| पूर्णमासी | स्त्री. | शुक्लपक्ष की अन्तिम तिथि जिसमें चन्द्रमा अपनी सोलहों कलाओं से युक्त हो जाता है। | پُنِم، زُونہ پَچھُک پَنداہیُم دوہ | पुनिम, ज़ूनपछुक पंदाह्युम दोह | fifteenth day of the bright half of lunar month. |
| पूर्णविराम | पु. | वाक्य की समाप्ति का सूचक चिह्न जो कि खड़ी पाई के रूप में होता है। | فُل سٹاپ، پۆر وقفہٕ | फुलसिटाप, पूरवक्फ़ु | full stop. |
| पूर्णांक | | 1. पूरी संख्या; | پۆر نمبر، | पूर्‌नम्बर, | a full figure or number; |
| | | 2. अविभक्त संख्या; | تیُتھ عدد یتھ نہٕ کسر چھیٚنہٕ؛ | त्युथ अदद यथ नु कसर छेनि; | non-fractional number; |
| | | 3. किसी प्रश्नपत्र के लिए निर्धारित अंक। | کُل نمبر | कुल नम्बर | full marks. |
| पूर्णाहुति | स्त्री. | 1. होम कर्म की अंतिम आहुति; | ہونُچ پَتِم آہُتی، پۆرناہُتی؛ | हवनुच पतिम आहुती, पूर्णाहुती; | the burnt offering which concludes or completes a ceremony; |
| | | 2. किसी कार्य का वह अंग जिसमें वह पूर्णता को प्राप्त हो, अंतिम कृत्य। | مُکمل کرنُک، آخری پھش | मुकमल करनुक, आखरी फ़श | finishing touch. |
| पूर्णिमा | स्त्री. | पूर्णमासी। | پُنِم | पुनिम | the day of fullmoon. |
| पूर्ति | स्त्री. | 1. पूरे या पूर्ण होने की क्रिया या भाव; | پۆر سپدُن؛ | पूर्‌सपुदुन; | fulfilment; |
| | | 2. कमी पूरी करने का काम; | بَرچَر کرُن؛ | बरचर करुन; | filling up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. अर्थशास्त्र में वे वस्तुएं जो किसी विशिष्ट मूल्य पर बिकने के लिए बाजार में आई हों। | رسد، مال، سپلے | रसद, माल, सपल्य | supply. |
| पूर्व | वि. | 1. जो किसी से पहले अस्तित्व में आया हो या बना हो; | گوڈنیُک، اول؛ | गुड्न्युक, अवल; | first; |
| | | 2. जो सबसे आगे, सामने या पहले हो। | برونٹھ کنہِ آسُن | ब्रोंठ कनि आसुन | being before or in front (of). |
| | पु. | वह दिशा जिसमें सूर्योदय होता है, पश्चिम के सामने की दिशा। | مشرق، پوٗر | मशरिक, पूर | east. |
| | क्रि. वि. | पहले, पेश्तर। | برونہہ | ब्रोंह | before, prior, beforehand. |
| पूर्वकालिक | वि. | पूर्वकाल सम्बन्धी, पुराना, पहले का। | پرانِہ وقتُک، پرون | प्रानि वक्तुक, प्रोन | belonging to former times. |
| पूर्वकालीन | वि. | पुराने जमाने का, प्राचीन। | 'पूर्वकालिक' وُچھِو | वुछिव 'पूर्वकालिक' | see 'पूर्वकालिक'. |
| पूर्वग्रह (पूर्वाग्रह) | पु. | किसी अनिश्चित या विवादास्पद विषय के संबध में वह आग्रहपूर्ण धारणा जो पहले से बिना जाने या समझे-बूझे मन में स्थिर कर ली गई हो। | توصُب | तोसुब | prejudice, bias. |
| पूर्वज | पु. | दादा-परदादा आदि पूर्व पुरुष, पुरखा। | جد، اجداد | जद, अजदाद | ancestor, forefather. |
| पूर्वजन्म | पु. | वर्तमान जन्म से पहले का जन्म, पिछला जन्म। | پرون زنم | प्रोन जनमु | former birth, previous birth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्वपक्ष** | पुं. | 1. किसी शास्त्रीय विषय के सम्बन्ध में उठाया हुआ ऐसा, प्रश्न, बात या शंका जिसका दूसरे पक्ष को समाधान करना पड़े ; | کُنہِ بحثس منٛز گوڈنیُک اعتراض؛ | कुनि बहसस मंज़ गुडन्युक एतिराज़; | first objection to an assertion in any discussion; |
| | | 2. किसी बात का वह पूर्व रूप जिसमें सभी संभावित शंकाओं को उठाया जाता है और फिर एक-एक करके इनका खण्डन करते हुए पीछे सिद्धान्त पक्ष की स्थापना की जाती है; | داوا، دلیل؛ | दावा, दलील; | proposition, assertion; |
| | | 3. अभियोग में वादी द्वारा उपस्थित किया हुआ मत; | داوا دائیر کرٕن وٲلۍ سُند گوڈنیُک بیان؛ | दावा दायिर करन वाल्य सुन्द गुडन्युक बयान; | first statement of the plaintiff; |
| | | 4. चंद्र मास का कृष्णपक्ष। | گٹہٕ پچھ | गट्‌ पछ | the fortnight of waning moon. |
| **पूर्वराग** | पु. | नायक नायिका में श्रवण, दर्शन आदि के कारण मिलन से पूर्व उत्पन्न होनेवाला अनुराग। | عشق یُس برٛونٹھِمہِ زانی ستی سپدان چھُ | अशिक युस ब्रूंठ्यमि ज़ान्य सृत्य सपुदान छु | earliest or incipient affection, love between two persons which springs from previous cause. |
| **पूर्वरूप** | पु. | 1. वह रूप जो पहले रहा हो; 2. ऐसा लक्षण जिसमें किसी भावी वस्तु के आगमन की सूचना मिले, आरंभिक लक्षण, आसार। | گوڈنِچ صورتھ یا رۄپ؛ برونٹھی ہاوُن کینٛہہ سپدنٕکی واضح نِشانہٕ | गुडनिच सूरथ या रूप; ब्रोंठ्य हावुन केंह सपदुनक्य वाज़ेह निशानु | previous form; symptom of something imminent. |
| पूर्ववत् | वि. | पहले की ही तरह। | برٛوٚہمی پٲٹھۍ، برٛونٹھِمہِ پٲٹھۍ | ब्रुहिम्य पोठिन, ब्रूंठिम्य पाठ्य | as before. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्ववर्ती** | वि. | जो पहले से वर्तमान हो या रह चुका हो, पूर्व में या पहले रहने या होनेवाला, पुराने समय की घटनाओं का विवरण। | سپُدمُت | सपुदमुत | existing before, happening before. |
| **पूर्ववृत्त** | पु. | पूर्वकाल की बातें, इतिहास। | برٚونِہ واقہٕ، سپدیمتۍ واقاتھ | ब्रोंह वाकु, सपद्यमुत्य वाकाथ | former event, antecedent. |
| **पूर्वसूचना** | स्त्री. | पहले से दी जानेवाली सूचना या चेतावनी। | ژینُوٕنۍ | चेनुवन्य | information given beforehand, warning. |
| **पूर्वानुमान** | पुं. | किसी भावी काम या बात के स्वरूप आदि के संबंध में पहले से किया जानेवाला अनुमान या कल्पना। | پیشین گوٗئی | पेशीन गूई | forecast. |
| **पूर्वापर** | वि. | आगे और पीछे का। | پٔتیُم، برٚونٛھیُم | पत्युम, ब्रूंठ्युम | prior and subsequent. |
| **पूर्वाद्ध (पूर्वार्ध)** | पु. | शुरू का आधा हिस्सा। | گوڈٕنیُک اوڑ | गुडन्युक ओ़ड | the first half. |
| **पूर्वाह्न** | पु. | दिन का पहला भाग, दिन के पहले दो प्रहर। | صُبحُک پٔہر | सुबहुक पहर | earlier part of the day, forenoon. |
| **पूर्वी** | वि. | पूर्व दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, पूरब का। | مشرِقی | मशरिकी | eastern, oriental. |
| **पूर्वोक्त** | वि. | जिसका जिक्र पहले आ चुका हो, जो पहले कहा जा चुका हो। | گوڈٕ وٕنمُت | गुड वोनमुत | afore-mentioned, aforesaid. |
| **पूर्वोत्तर** | वि. | पूर्व और उत्तर के बीच का। | شُمال مشرِقی | शुमालु मशरिकी | north-eastern. |
| **पूर्वोपाय** | पु. | रक्षा व्यवस्था आदि का ध्यान रखते हुए पहले से किया जानेवाला उपाय। | اِحتیاطی تدبیر | एहतियाती तदबीर | precautionary measure. |
| **पूला (पूली-स्त्री.)** | पु. | घास, तिनकों आदि का बना हुआ गट्ठर। | گاسہٕ لوو | गासु लोव | small bundle of grass or straw. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पूस | पु. | पौष मास, अगहन और माह के बीच का मास। | پوٚہ | पोह | tenth month of Indian calendar. |
| पृथक् | वि. | अलग, जुदा, भिन्न। | بیٚون | ब्योन | separate, different. |
| पृथक्करण | पु. | पृथक् या अलग करने की क्रिया या भाव। | بیٚون کڑُن | ब्योन कडुन | separating, separation. |
| पृथ्वी (पृथिवी) | स्त्री. | 1. धरती, जमीन; | بُتراتھ؛ | बुतराथ; | earth, world; |
| | | 2. सौर जगत् का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह जिसमें हम लोग रहते हैं; | زمین؛ | ज़मीन; | largest fifth planet of solar family; |
| | | 3. पंचमहाभूतों में से एक। | خاک (میٚژ) | खाक (म्यच़) | earth is considered as one of the five primary elements. |
| पृथ्वीपति | पु. | राजा। | راز، راجہ | राज़, राज़ु | king, lord of the earth. |
| पृष्ठ | पु. | 1. पीठ, किसी वस्तु का पिछला तल या भाग; | تھر؛ | थर; | back, the hinder part or rear of any thing; |
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपरी भाग, सतह; | پیٹھِم تاہ، زیل؛ | पेठ्युम ताह, ज्यल; | upper side, surface; |
| | | 3. पुस्तक के पन्ने का एक ओर का भाग। | صفہٕ | सफ़ु | page. |
| पृष्ठपोषक | वि. | सहायता करनेवाला, रक्षक। | ڈوٚکھ | ड़ोख | one who supports or backs, helper. |
| पृष्ठभूमि | स्त्री. | 1. पहले की वे सब बातें और परिस्थितियाँ जिनके आगे या सामने कोई विशेष बात या घटना हो और जिनके साथ मिलान करने पर उस बात या घटना का रूप स्पष्ट होता है, पहले की बातें। | پوٚت منظر؛ | पोत मंज़र; | background; |
| | | 2. पिछला भाग। | پوٚت آنگُن، پوٚت حِصہٕ | पोत आंगुन, पोत हिसु | rear portion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पृष्ठांकन | पु. | लेनदेन के दस्तावेजों की पीठ पर यह लिखना कि इसका भुगतान अमुक व्यक्ति या संस्था को दे दिया जाए। | ब्रॊंह पकनावनुच अबारथ (بْرۄنْہہ پکناوُنۍ عبارتھ) | ब्रोंह पकुनावनुच अबारथ | endorsement. |
| पृष्ठांकित | वि. | जिसकी पीठ पर पृष्ठांकन किया गया हो। | یتھ برۄنْہہ پکناوُنۍ عبارتھ لیکھتھ آسہِ | यथ ब्रोंह पकनावनुच अबारथ लीखिथ आसि | endorsed. |
| पेंग (पींग) | स्त्री. | झूलने के समय झूले या हिंडोले का आगे-पीछे जाना। | گۆرِ گۆرِ | गूर्‌गूर् | swinging. |
| पेंच (पेच) | पु. | 1. एक प्रकार की कील जिसमें चूड़ियाँ बनी रहती हैं; | پیچ؛ | पेच; | screw; |
| | | 2. चाल, घुमाव-फिराव, चालाकी से भरी हुई युक्ति· | چال، ژھل؛ | चाल, छ़ल; | trick; |
| | | 3. चारों ओर लपेटी जाने-वाली चीज का प्रत्येक फेरा या लपेट; | وار، تہہ؛ | वार, तह; | turn, winding; |
| | | 4. लड़ाई जानेवाली पतंगों की डोर का एक दूसरे से उलझना; | پیچ لڑاوُن؛ | पेच लडावुन; | entwining of the threads of two flying kites; |
| | | 5. एक आभूषण जो पगड़ी में आगे की ओर लगाया जाता है। | پێنچ | पेंच | kind of ornament worn on the pagdi. |
| पेंदा (पेंदी-स्त्री.) | पु. | 1. किसी गहरी वस्तु का निचला भाग जिसके बल पर वह स्थित होती है; | بنیاد؛ | बुनियाद; | base; |
| | | 2. किसी गहरी वस्तु का तला। | ژۆک | चॊक | bottom. |
| पेंसिल | स्त्री. | एक प्रकार की लेखनी जो लकड़ी या किसी धातु के पोले लंबोतरे टुकड़े में विशेष प्रकार के मसाले की सलाई बैठाकर तैयार की जाती है। | پێنسل | प्यनसलु | pencil. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेचकश** | पु. | 1. वह उपकरण जिससे पेचों को घुमा-घुमाकर जड़ते या निकालते हैं; | پیچ کش؛ | पेचकश; | screw-driver; |
| | | 2. एक प्रकार का चक्रदार उपकरण जिससे बोतल का कार्क निकाला जाता है। | ٹھانٕہ کڈنُک کوو<br>ٹھانٕہ کش | ठानु कडनुक कोव नु<br>ठानु कश | cork-screw. |
| **पेचदार** | वि. | 1. जिसमें किसी तरह का पेच लगा हो; | پیچ دار؛ | पेचदार; | fitted with a screw; |
| | | 2. जिसमें कोई उलझन या झमेला हो। | کھُری دار | खुर्यदार | intricate. |
| **पेचिश** | स्त्री. | एक उदर-रोग जिसमें पेट में ऐंठन होती है और पाखाने में आंव आती है। | زہیٖر، پیٖچش | ज़हीर, पीचिश | dysentery. |
| **पेचीदगी** | स्त्री. | 1. पेचीदा होने की अवस्था या भाव; | پیٖچیدگی؛ | पीचीदुगी; | being twisted, twisting; |
| | | 2. उलझन। | کھُری کانگر | खुर्य कांगुर | complication. |
| **पेचीदा** | वि. | घुमाव-फिराववाला, उलझन वाला, कठिन, जटिल। | کھُری دار | खुर्यदार | complicated, intricate. |
| **पेट** | पु. | 1. शरीर के मध्य भाग का वह सामनेवाला अंग जो छाती के नीचे और पेड़ू के ऊपर रहता है; | یڈ؛ | यड; | belly, stomach, abdomen; |
| | | 2. गर्भ अथवा गर्भाशय; | شُری بانٕہ؛ | शुर्यबानु; | womb; |
| | | 3. किसी वस्तु के बीच का खोखला भाग। | کھوکھُر | खुखुर | cavity. |
| **पेटपूजा** | स्त्री. | भोजन करना, खाना। | کھین، کھیوٚن | ख्यन, ख्योन | eating. |
| **पेटी** | स्त्री. | 1. छोटा पिटारा, छोटा संदूक; | پیٖٹھی؛ | पीट्य; | small box or chest; |
| | | 2. कमर में बांधने का तसमा, कमरबंद। | کمربند | कमरबंद | belt, girdle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पेटीकोट | पु. | छोटे घेरवाला एक प्रकार का घाघरा जिसे स्त्रियां साड़ी या धोती के नीचे पहनती हैं। | پیٹی کوٹ | पेटीकोट | petticoat. |
| पेटू | वि. | 1. बहुत अधिक खानेवाला;<br>2. जिसे सदा खाने की चिंता लगी रहे। | یٹھ ل ؛<br>بوچھ<br>پیٹھ (الیہ ہند اکھ قسم) ؛ | यॅड़ल;<br>बोछ<br>पेठ (अलि हुन्द अख कुसुम) ; | excessive eater;<br>gluttonous. |
| पेठा | पु. | 1. सफेद कुम्हड़ा;<br>2. उक्त की बनी मिठाई या मुरब्बा। | پیٹھ مِٹھائی یا<br>پیٹھ مورب | पेठ मिठाय या<br>पेठ मुरबु | species of gourd;<br>kind of sweetmeat prepared of (white) gourd. |
| पेड़ | पु. | वृक्ष। | کُل | कुल | tree. |
| पेड़ा | पु. | खोए और खांड या चीनी से बनी हुई एक गोलाकार चिपटी टिकिया के आकार की मिठाई। | پیڑ | पेड़ु | kind of sweetmeat. |
| पेड़ू | पु. | शरीर का नाभि और उपस्थ के बीच का भाग। | نیچ یڈ | निच यड | part of the body lying between the navel and the pubic region. |
| पेय | वि. | पिए जाने के योग्य। | چیوّن لایق | च्योन लायक | drinkable. |
| पेरना | स. क्रि. | 1. वनस्पति, बीजों आदि में से उनका तरल अंश निकालने के लिए उन्हें कोल्हू आदि में डालकर दबाना;<br>2. किसी को बहुत अधिक कष्ट देना। | رَس کڈُن ؛<br>چیرُن | रस कडुन;<br>चीरुन | to crush (sugarcane, linseed etc.);<br>to torment. |
| पेलना | स. क्रि. | 1. दबाकर या ढकेलकर किसी को कहीं धंसाना;<br>2. बल-प्रयोग करना; | ژلُن ؛<br>زور دیُن ؛ | च्यलुन;<br>ज़ोर द्युन; | to thrust in, to penetrate,<br>to exercise force, to impel; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी पर आक्रमण करने के लिए हाथी आदि को आगे बढ़ाना। | ہسکاوُن، ہسناوُن | हुसुकावुन, हुसुनावुन | drive on forcibly (elephant etc.). |
| पेश | अव्य. | सामने, आगे, समक्ष। | بُتھ، برونٹھ کنہِ | बुथि, ब्रोंठु कनि | in front of, before |
| पेश करना | स. क्रि. | प्रस्तुत करना, सामने उपस्थित करना। | پیش کرُن | पेश करुन | to present, to put forth. |
| पेशकश | स्त्री. | 1. उपहार, भेंट; | پیشکش؛ | पेशकश; | present (to a superior); |
| | | 2. प्रस्ताव, तजवीज। | تجویز | तजवीज़ | proposal. |
| पेशकार | पु. | 1. पेश करनेवाला, आगे रखनेवाला; | پیش کرن وول؛ | पेश करन वोल; | person who introduces, puts forth (a thing etc.); |
| | | 2. न्यायालय में वह कर्मचारी जो न्यायाधीश के समक्ष मुकदमों के कागज-पत्र प्रस्तुत करता है। | ناظر، پیشکار | नाज़िर, पेशकार | court-clerk. |
| पेशगी | स्त्री. | मूल्य, पारिश्रमिक आदि का वह अंश जो कोई वस्तु खरीदने से पहले अथवा कोई काम करने से पहले ही दिया जाता है, अग्रिम, अगाऊ, वेतन का वह भाग जो नियत तिथि से पूर्व ही दे दिया जाता है। | پیشگی | पेशुगी | advance, earnest money. |
| पेशा | पुं. | वह व्यवसाय या धंधा जिससे किसी की जीविका चलती हो। | پیشہٕ | पेशु | occupation, trade, profession. |
| पेशाब | पु. | मूत, मूत्र। | پیشاب، متھر | पेशाबु, मुथुर | urine. |
| पेशाबघर | पु. | पेशाब करने के लिए बनाया हुआ स्थान। | پیشابٕ خانہٕ | पेशाबु खानु | urinal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शी | स्त्री. | 1. पेश होने की अवस्था या भाव; | پیشی؛ | पीशी; | being put before, coming before (as a case before a judge); |
| | | 2. न्यायाधीश के सामने मुकदमे का पेश होना; | پیشی؛ | पीशी; | hearing of a law suit; |
| | | 3. शरीर के अन्दर मांस के रेशों की वह गुलथी जिससे भिन्न-भिन्न अंगों को मोड़ने, सिकोड़ने आदि में सहायता मिलती है। | مازلَلو | माज़ ललु | muscle. |
| शेवर | पु. | पेशे के तौर पर कोई कार्य करनेवाला। | پیشہٕ کِنۍ | पेशु किन्य | professional. |
| ठ | स्त्री. | 1. ग्रामीण क्षेत्रों में एक स्थान पर लगनेवाला वह अस्थायी बाजार जो सप्ताह के किसी एक दिन लगा करता है; | عارضی بازر؛ | आरज़ी बाज़र; | temporary market; |
| | | 2. बाजार लगने का दिन। | مالُک دوہ | मालुक दोह | marketing day. |
| तरा | पु. | 1. तलवार आदि चलाने या कुश्ती आदि लड़ने में भिड़ने या वार करने से पहले एक दूसरे से बचते हुए कुशलतापूर्वक घूम-फिरकर विभिन्न मुद्राओं में स्थित होना; | داوُچ تیاری؛ | दावुच तयारी; | preparatory attitudes or movements of a wrestler; |
| | | 2. चालाकी से भरी हुई कोई चाल। | تِکڑم | तिकड़म | stratagem. |
| तरेबाज | पु. | 1. वह जो कुश्ती लड़ने या हथियार आदि चलाने का ठीक ढंग जानता हो; | کُشتی باز، شمشیر باز؛ | कुशतीबाज़, शमशेर बाज़; | person who knows the way of wrestling or using the arms; |
| | | 2. चालबाज। | داوُک ماہِر | दावुक माहिर | strategist, dodger. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पैंतरेबाजी | स्त्री. | पैंतरेबाज होने की अवस्था, कला या भाव। | داوگِندُن | दाव ग्िदुन | strategy, dodge. |
| पैंतालीस | वि. | जो संख्या में चालीस से पांच अधिक हो, चालीस और पांच। | پانٛژتاجی | पांचु ताजी | forty-five. |
| | पु. | चालीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 45 | ژتجی تہٕ پانٛژھ (پانٛژتاجی ۴۵) | चतजी तु पांछ (पांचताजी ४५) | number forty-five. |
| पैंती | स्त्री. | तांबे आदि की बनी मुंदरी जिसे पवित्रता की दृष्टि से अनामिका में पहनते हैं। | پینٛتی (ترٛامہٕ واج) | पैंती (त्रामुवाज) | a copper ring considered to be very holy worn in the ring finger. |
| पैंतीस | वि. | जो संख्या में तीस से पांच अधिक हो, तीस और पांच। | پانٛژترٕٛہ (۳۵) | पांचुत्रह (३५) | thirty-five. |
| | पु. | तीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 35. | ترٕٛہ تہٕ پانٛژھ (۳۵) | त्रुह तु पांछ (३५) | the number thirty-five. |
| पैंसठ | वि. | जो संख्या में साठ से पांच अधिक हो, साठ और पांच। | پانٛژ ہٲٹھ | पांचु होठ | sixty-five. |
| | पु. | साठ और पांच के योग की संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है – 65 | شیٹھ تہٕ پانٛژھ (۶۵) | शेठ तु पांछ (६५) | the number sixty-five. |
| पैगंबर | पु. | मनुष्यों के पास ईश्वर का संदेश पहुँचानेवाला, ईश्वर का दूत। | پٲغمبر | पोंगंबर | prophet. |
| पैगाम | पु. | किसी को किसी के द्वारा भेजा जानेवाला संदेश या समाचार। | شیٛچھ | शेछ | message. |
| पैठ | स्त्री. | प्रवेश, पहुंच, गति। | رسأے | रसाय | access (to). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पैठना | अ. क्रि. | किसी स्थान विशेषत: किसी गहरे स्थान के अन्दर प्रवेश करना, घुसना। | واتُن،اژُن | वातुन, अच्चुन | to have access, to enter. |
| पैड़ी | स्त्री. | मकानों आदि में ऊपर चढ़ने की सीढ़ी। | ہیر | हेर | staircase. |
| पैतृक | वि. | 1. पिता सम्बन्धी; | بِدری؛ | बिदरी; | relating to father; |
| | | 2. पूर्वजों के समय से चला आया हुआ, पुरखों का। | جدی | जदी | ancestral. |
| पैदल | वि. | पांव-पांव चलनेवाला, बिना सवारी के चलनेवाला। | وۄکھلۍ (پکن ووٚل) | वुखुल्य (पकन वोल) | pedestrian. |
| | पु. | 1. वह सिपाही जिसे सवारी न मिलती हो और जो पैदल ही चलता हो; | پیادٕ؛ | प्यादु; | footman, infantryman; |
| | | 2. पांव-पांव चलना; | پأدلۍ؛ | पादुल्य; | to walk on foot; |
| | | 3. शतरंज का एक मुहरा जो सीधे चलता है और आड़े मारता है। | پیادٕ | प्यादु | piece of chess which goes straight, pawn. |
| पैदाइश | स्त्री. | उत्पत्ति, प्रादुर्भाव। | پأدأیِش/زٕیُن | पादायिश, ज्योन | birth, production. |
| पैदाइशी | स्त्री. | जन्मजात, कुदरती। | پأدأیِشی/زٕینٕہ پیٹھٕ | पादायिशी, ज्यनु प्यठ | inborn, natural. |
| पैदा करना | स. क्रि. | 1. उत्पन्न करना; | وۄپداوُن؛ | वुपदावुन; | to produce, to make, to manufacture; |
| | | 2. कमाना, अर्जन करना। | کماوُن | कमावुन | to earn. |
| पैदावार | स्त्री. | अन्न आदि जो खेत में बोने से प्राप्त होता है, फसल। | پأداوار | पादावार | crop, land-produce. |
| पैना (पैनी स्त्री.) | वि. | जिसकी धार बहुत तेज हो, तीक्ष्ण। | تیز | तेज़ | sharp, cute. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पैबंद | पुं. | फटे हुए कपड़े की मरम्मत करने के लिए ऊपर से लगाया जानेवाला कपड़े का टुकड़ा। | دٔج | दंज | patch. |
| पैमाइश | स्त्री. | 1. नापने या मापने की क्रिया या भाव; | میٖچھ، میٚنُن؛ | मीच, मेनुन; | measurement; |
| | | 2. विशेष रूप से जमीनों आदि का क्षेत्रफल जानने के लिए की जानेवाली नाप। | پیمٲیِش | पैमायिश | survey of land. |
| पैमाना | पुं. | 1. वह साधन जिससे कोई वस्तु नापी जाए, नाप; | ترٛکُر، میٖچھ؛ | त्रकुर, मीच; | scale, measure (for dry or we goods); |
| | | 2. शराब पीने का पात्र। | پیگ، جام | प्याग, जाम | peg (for drinking liquor). |
| पैर | पुं. | 1. शरीर का वह अंग जिस पर खड़े होने की दशा में शरीर का सारा भार रहता है तथा जिससे प्राणी चलते हैं, पांव, चरण; | کھُر؛ | खुर; | foot; |
| | | 2. पैर का निशान, चरण-चिह्न; | پۆد؛ | पोद; | foot-mark, foot-print; |
| | | 3. वह स्थान जहां खेत से फसल काटकर दाने निकालने के लिए फैलाई जाती है, खलिहान। | کھَل | खल | threshing floor. |
| पैरवी | स्त्री. | अभियोग या मुकदमे के सम्बन्ध में की जानेवाली कार-वाइयां जो जीतने या अपना पक्ष प्रामाणिक सिद्ध करने के लिए की जाती हैं। | پٲروی | पारवी | advocacy, pursuing a case etc. |
| पैरवीकार | पुं. | पैरवी करनेवाला। | وَکیٖل | वकील | advocate, pleader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पैरा | पु. | लेख आदि का वह अंश जिसमें कोई बात कही गई हो और जिसकी पहली पंक्ति आरंभ में कुछ जगह छोड़कर लिखी गई हो। | پیراگراف، پیرگراف | पैराग्राफ, पॅरिग्राफ | para, paragraph. |
| पैरोकार | पु. | पैरवीकार। | پاروی کرن، وول (مقدمس) | पारवी करन वोल (मुकदिमस) | one who looks after a law-suit. |
| पैशाचिक | वि. | 1. पिशाच सम्बन्धी; | پچھ سُند؛ | पछ़ सुन्द; | relating to fiend, fiendish, demonic; |
| | | 2. पिशाचों की तरह का और बीभत्स। | پچھہ یو | पछ्‍स्यू | demonical, horrible. |
| पैसा | पु. | 1. तांबे का सिक्का (रुपये का सौवां भाग); | پونسہ، پانسہ؛ | पोंस, पांस; | paisa (hundredth part of a rupee); |
| | | 2. धन-सम्पत्ति। | دیار | द्यार | money, wealth. |
| पोंगा | वि. | निरा मूर्ख, नासमझ। | ڈڈ، مُڈدانٛد | डड, मुडदांद | hollow, block-head. |
| पोंगापंथी | वि. | मूर्खतापूर्ण। | فاتر | फातिर | foolish, stupid. |
| | स्त्री. | मूर्खतापूर्ण आचरण या व्यवहार। | ڈڈگی | डडगी | stupidity, foolishness. |
| पोंछना (पोछना) | स. क्रि. | किसी वस्तु पर हाथ, कपड़ा आदि फेरकर उस पर लगा हुआ तरल पदार्थ उठा लेना या धूल आदि साफ कर देना। | وُتھراوُن | वुथरावुन | to wipe, to clean. |
| | पु. | पोंछने के काम आनेवाला कपड़ा। | تُژھ | तुछ़ | duster. |
| पोखर (पोखरा) | पु. | वह गहरा तथा विस्तृत गड्ढा जिसमें बरसाती पानी जमा होता हो, छोटा ताल। | پُکھر | पुखुर | pond. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पोटली | स्त्री. | छोटी गठरी, छोटे से वस्त्र में कस कर बांधी हुई छोटी सी वस्तु। | پھُٹُج | फुटुज | small bundle. |
| पोत | पु. | 1. कपड़े की बुनावट;<br>2. जहाज। | وونُن؛<br>آبی جہاز | वोनुन;<br>आबी जहाज़ | texture;<br>a ship. |
| | स्त्री. | कांच का छोटा दाना। | کاچِ پھوٚل | काचु फ़ोल | small glass bead. |
| पोतना | स. क्रि. | किसी तरल पदार्थ को अन्य वस्तु पर फैलाकर लगाना, किसी वस्तु पर किसी गीले या सूखे पदार्थ को इस प्रकार लगाना कि उसकी उस पर तह जम जाए। | لِوُن | लिवुन | to besmear, to whitewash. |
| पोतपरिवहन | पु. | जलमार्ग यातायात। | جہازرانی | जहाज़रानी | shipping. |
| पोता (पोती स्त्री.) | पु. | बेटे का बेटा। | پُتُر | पुतुर | grand-son, |
| पोताई (पुताई) | स्त्री. | पोतने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | لِوُونۍ | लिवुवन्य | the act of white-washing, price paid for whitewashing. |
| पोथी | स्त्री. | पुस्तक, ग्रन्थ। | پوٗتھ | पूथ्य | book. |
| पोना | स. क्रि. | 1. आटे की लोई से रोटी बनाना;<br>2. रोटी पकाना या सेंकना;<br>3. पिरोना। | تھُرنۍ (ژوٚٹ بیترِ)؛<br>ژوٚٹ کرنۍ؛<br>پن تارُن، دُرُن | थुरुन्य ( चोट बेतरि);<br>चोट करुन्य;<br>पन तारुन, दुरुन | to spread doughed flour into a bread (in order to bake it);<br>to bake the 'Roti'<br>to thread, to string, to needle (pearls, beads etc.). |
| पोप | पु. | ईसाइयों के रोमन कैथोलिक संप्रदाय का प्रधान धर्माचार्य। | پادری | पादर्य | the Pope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पोपला | वि. | 1. जो अन्दर से बिलकुल खाली हो; | ژھۆر، کھوکھر؛ | छ़ोर, ख़ुख़ुर; | empty; |
| | | 2. बिना दांत का (मुंह)। | دَنْد کھوکھر | दंद् ख़ुख़ुर | toothless, one who has lost his teeth. |
| पोपलीला | स्त्री. | धर्म का आडंबर, आडंबरपूर्ण कार्य। | دیندآری<br>ہاوَنۍ، پوٗپِ لیٖلا | दीनदारी<br>हावन्य,पूपुलीला | show of religiosity. |
| पोर | स्त्री. | 1. उंगली, अंगूठे आदि का कोई जोड़; | گَنڈ؛ | गंड; | a joint in any finger or thumb etc.; |
| | | 2. उक्त दो जोड़ों के बीच का भाग या विस्तार; | گَنڈ؛ | गंड; | space between the joints of a finger etc.; |
| | | 3. जोड़ोंवाली किसी वस्तु के जोड़ों के बीच का भाग। | تان (دۄن جوڑن منز باگ) | तान ( दुन जोडन मंज बाग) | space between two joints or articulations. |
| पोल | स्त्री. | 1. किसी वस्तु के भीतर की खाली जगह; | کھوکھریار؛ | ख़ुख़ुर्यार; | emptiness, hollowness; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जो ऊपर से देखने में तो आडंबर पूर्ण लगे किन्तु जिसमें सार कुछ भी न हो, निस्सारता। | ژھۆژ کۆن | छ़ुच़् कोन | illusion. |
| | पु. | नगर का मुख्य प्रवेशद्वार। | شہرُک دروازٕ | शहरुक दरवाज़ु | main gate or an entrance of a city. |
| पोला | वि. | 1. जो भीतर से खाली हो; | ژھۆر؛ | छ़ोर; | empty; |
| | | 2. जिसके अंदर उचित या पूरा भराव न हो, जो कड़ा या ठोस न हो; | کھوکھر؛ | ख़ुख़ुर; | soft, flabby; |
| | | 3. जिसमें विशेष तत्व या सार न हो। | ژھۆژ | छ़ोच़् | hollow. |
| पोशाक | स्त्री. | 1. पहनावा, लिबास; | پۆشاکھ؛ | पुशाख; | dress; |
| | | 2. पहनने के कपड़े। | پلَو | पलव | attire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पोषक | वि. | पोषण करनेवाला, बढ़ानेवाला। | پۆچھر دِنہٕ وول | पोछर दिनु वोल | one who feeds or nourishes. |
| पोषण तत्व | पुं. | पोषण करनेवाले अंश, विटामिन। | وِٹامِن (پۆچھر دِنہٕ وٲلؠ عُنصر) | विटामिन ( पोछर दिनु वाल्य अन्सर) | vitamins. |
| पोषण | पु. | 1. लालन-पालन;<br>2. किसी काम या बात की पुष्टि या समर्थन। | رٕچھُن؛<br>حِمایتھ کرٕنؠ | रछुन;<br>ह्यमायथ करुन्य | bringing up;<br>to support. |
| पोसना | स. क्रि. | आहार आदि देकर बड़ा करना, पालन करना। | رٕچھُن | रछुन | to bring up. |
| पोस्त (पोस्ता) | पु. | एक प्रकार का पौधा जिसके डोडों से अफीम तैयार की जाती है। | خشخاشہٕ کُل | खशखाशु कुल | poppy plant. |
| पोस्ती | वि. | 1. अफीम का सेवन करनेवाला;<br>2. काहिल, अकर्मण्य, आलसी। | اۆفیٖنہٕ خور؛<br>آلِژھ | आफीनि खुर;<br>आलुछ्य | opium addict;<br>lazy, indolent. |
| | पु. | एक खिलौना जो नीचे की ओर भारी होता है और लिटाने पर फिर खड़ा हो जाता है। | اکھ گِنٛدَن تماشہٕ | अख गिन्दन तमाशु | a kind of toy. |
| पौ | पु. | 1. सूर्योदय से पहले दिखाई देनेवाला हलका प्रकाश;<br>2. पासे का वह तल जिससें एक बिंदी रहती है;<br>3. पौसला, प्याऊ। | سنگرمال؛<br>یکھ خالہٕ؛<br>تریشہٕ مر | संगरमाल;<br>यक खालु;<br>त्रेशि मर | the dim light before sunrise, early dawn;<br>the one or ace on dice;<br>shed on the road-side for accommodating travellers with water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| पौआ (पौवा) | पुं. | 1. एक सेर का चौथाई भाग; | پاوٕ | पाव; | weight or measure of a quarter of a seer; |
| | | 2. इस मान का बटखरा या पात्र। | پاوٕ وار | पाव वार | quart measure. |
| पौत्र | स्त्री. | बेटे का बेटा। | پُتُر | पुतुर | grand-son, son's son. |
| पौध | स्त्री. | 1. नया निकलता हुआ छोटा पौधा जिसे प्रायः गमलों और क्यारियों में पोसा जाता है तथा बाद में दूसरी जगंह लगा दिया जाता है; | نِہالۍ | निहाल्य; | young plants (for transplantation); |
| | | 2. नई पीढ़ी। | نٔوپُے | नॅवपुय | new generation. |
| पौधा | पुं. | छोटा पेड़, नया पेड़। | نِہالِ کُل | निहालि कुल | plant, young plant. |
| पौना (पौन) | वि. | तीन चौथाई, पूरे एक में चौथाई कम। | دۄن | दून | three fourth, three quarters. |
| | पुं. | 1. पौने का पहाड़ा; | دۄنُک پہاڑ؛ | दूनुक पहाड़; | a multiplication table in which the multiples of 3/4 are recorded; |
| | | 2. एक प्रकार की कलछी। | چۆنچ، پونُ | चोंचि, पोनु | a ladle with a long handle. |
| पौर | पुं. | नगर-निवासी, नागरिक। | شٔہری | शहरी | citizen. |
| | वि. | पुर सम्बन्धी, नगर का। | شٔہری | शहरी | relating to a city or town. |
| पौराणिक | वि. | पुराण सम्बन्धी, पुराण का। | پُرأنِک | पुराणिक | relating to or belonging to the Puranas, mythological. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | पुराण का जानकार व्यक्ति, पुराणवाचक। | پُران زانن وول | पुराण ज़ानन वोल | well-read in the Puranas. |
| पौरुष | पु. | पुरुषार्थ, पराक्रम,उद्यम। | بوہودری، ہیمتھ، وُدیوگ | बोहोदुरी, ह्यमथ, वुद्यूग | effort, heroism, valour. |
| पौरुषेय | वि. | मनुष्यकृत, मनुष्य का बनाया हुआ, मानवीय। | آدمی اُتھک | आदुम्य अथुक | the work of man manmade, humai |
| पौरोहित्य | पु. | पुरोहित का पद या कर्म। | برہمنازی | बह्मणाज्य | priesthood and it functions. |
| पौर्वात्य | वि. | पूर्व दिशा का। | پُوٗرۍُک | पुर्युक | eastern, belongin; to east. |
| पौर्वापर्य | पु. | 1. पूर्व और पर अर्थात् आगे-पीछे होने की अवस्था या भाव;<br>2. अनुक्रम, सिलसिला। | پتھ، برونٛہہ؛<br>سِلسِلہ | पथ, ब्रोंह;<br>सिलसिलु | the relation of prior and posterior;<br>due order, succession. |
| पौष | पु. | अगहन के बाद और माघ से पहले का महीना। | پوٗہ | पोह | the ninth solar month of the Hindus (Dec. Jan., the full moon of which is near Pushya). |
| पौष्टिक | वि. | पुष्ट बनानेवाला, शक्ति-वर्धक। | مُقوی | मुकवी | nutritive, nutritious. |
| प्याऊ | पु. | वह स्थान जहां राह चलते लोगों को पानी आदि पिलाया जाता है। | ترٛیشہِ مر | त्रेशि मर | water-booth. |
| प्याज | पु. | तेज गंधवाला एक प्रसिद्ध मूल जिसका स्वाद तीखा होता है। | گنٛڈ | गंड़ु | onion. |
| प्यादा | पु. | 1. वह सैनिक जो पैदल चलता हो; | پیادٕ؛ | प्यादु; | foot-soldier; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पैदल चलनेवाला व्यक्ति; | وۄکھلۍ پکن وول؛ | वुखल्य पकन वोल; | footman, pedestrian; |
| | | 3. शतरंज का एक मौहरा जो सीधे चलता है और तिरछा मारता है; | پیاد (شطرنجُک مۄہر)؛ | प्याद् ( शतरंजुक मुहर्) ; | pawn (in chess); |
| | | 4. हरकारा। | چپراسی | चपरास्य | a peon. |
| प्यार | पु. | 1. प्रेम, महबूबत;<br>2. प्रेमपूर्वक किया जानेवाला स्पर्श, चुम्बन आदि। | لول؛<br>مَہہ، مۄنی | लोल;<br>मंह, मुन्य | love, affection;<br>a kiss. |
| प्यारा | वि. | 1. जो प्रेम का पात्र हो;<br>2. जो देखने में अच्छा और भला लगे;<br>3. जिसके प्रति बहुत अधिक ममता हो। | ٹۄٹھ، ٹاٹھ؛<br>مارۍ مۄنٛد؛<br>ٹۄٹھ، ٹاٹھ | टोठ, टांठ;<br>मार्य मोन्द;<br>टोठ, टांठ | beloved, dear;<br>lovely;<br>darling. |
| प्याला | पु. | कटोरी के आकार का एक प्रसिद्ध पात्र जो नीचे की अपेक्षा ऊपर से कुछ अधिक चौड़ा होता है,जिसमें प्रायः चाय आदि पीते हैं। | پیالہٕ | प्यालु | cup, a drinking vessel. |
| प्यास | स्त्री. | 1. वह स्थिति जिसमें जल या कोई अन्य तरल पदार्थ पीने की उत्कट इच्छा होती है, जो शरीर में जलीय अंश की कमी हो जाने पर होती है;<br>2. प्रबल इच्छा या कामना। | ترێش؛<br>برێژھ، برێژھ تمناہ جِگر | त्रेश;<br>ब्रेछ़ि, ब्रेछ़ि तमनांहि जिगर | thirst, desire to drink;<br>longing, craving. |
| प्यासा | वि. | 1. जिसे प्यास लगी हो;<br>2. जिसे कोई प्रबल कामना या इच्छा हो। | ترێشہِ ہۄت؛<br>برٛژھوٗن | त्रेशि होत;<br>ब्रछुवुन | thirsty;<br>desiring, longing. |
| प्रकट | वि. | जिसका प्रादुर्भाव हुआ हो। | ننیومُت | नन्योमुत | manifest, emergent. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रकटित | वि. | प्रकाशित, प्रकट किया हुआ। | نٕنۍ راوَن آمُت | नन्यरावनु आमुत | made public, disclosed, revealed. |
| प्रकरण | पु. | 1. प्रसंग, संदर्भ; | موضوعُک پتھ بٔروٚہ؛ | मोजूडुक पथब्रोंह; | context; |
| | | 2. किसी ग्रंथ या पुस्तक का वह भाग जिसमें किसी एक विषय का प्रतिपादन हो, परिच्छेद; | باب؛ | बाब; | chapter; |
| | | 3. नाटक का एक भेद। | اَکِہ قِسمُک پاتھُر | अकि कुस्मुक पाथुर | a kind of drama with a fictitious plot. |
| प्रकर्ष | पुं. | 1. उत्कर्ष, उत्तमता; | تھزر بجر؛ | थज़रबजर; | eminence, excellence; |
| | | 2. अधिकता, बहुतायत। | شِدتھ | शिदथ | intensity, excess. |
| प्रकांड | वि. | 1. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ; | سَرَس؛ | सरस; | outstanding, eminent; |
| | | 2. बहुत बड़ा। | بۆڈ بار | बोड बारु | huge, large. |
| प्रकार | पु. | 1. भेद; | قِسم؛ | कुसुम; | description; |
| | | 2. प्रक्रिया, ढंग; | طریقہٕ؛ | तरीकु; | manner; |
| | | 3. किस्म। | ذاتھ | ज़ाथ | kind, type. |
| प्रकाश | पु. | ज्योतिष्मान् पदार्थों से उत्पन्न होनेवाली वह शक्ति जो ईथर या आकाश तत्व के द्वारा चारों ओर फैलती है, उजाला। | گاش | गाश | light. |
| प्रकाशक | वि. | 1. प्रकाशन करनेवाला; | گاشِہ راوَن وول؛ | गाशिरावन वोल; | one who or that which illuminates, an illuminator; |
| | | 2. प्रकट करनेवाला, अभिव्यक्त करनेवाला। | نۆن کڈن وول | नोन कड़न वोल | one who discloses, discloser. |
| | पु. | पुस्तक आदि को छपवाकर प्रकट करनेवाला। | پبلِشر (چھاپہٕ کرناوِتھ نیشناوَن وول) ناشر | पब्लिशर ( छापु करनाविथ नेशनावन वोल) , नाशर | publisher. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रकाशन | पु. | 1. प्रकाश में या सबके सामने लाने की क्रिया या भाव; | نۄن کڈُن؛ | नेॖन कडुन; | the act of bringing a thing into light; |
| | | 2. ग्रन्थ आदि छपवाकर बेचने या प्रचार करने का व्यवसाय; | شایع کرُن؛ | शाया करुन; | publishing; |
| | | 3. प्रकाशित की जानेवाली कोई पुस्तक। | اِشاعتھ (چھپیمژ کتاب) | इशाथ (छपेमुच किताब) | publication. |
| प्रकाशमान | वि. | चमकता हुआ, चमकीला। | پرزلوُن | प्रज़लवुन | glowing, shining. |
| प्रकाशवर्ष | पु. | आकाशस्थ पिंडों या तारों की दूरी नापने का एक मान जो प्रकाश की गति के विचार से स्थिर किया गया है और जो उतनी दूरी का सूचक है जितनी प्रकाश एक वर्ष में पार करता है। | گاشہٕ وٕری | गाशि वरी | light year. |
| प्रकाशस्तंभ | पु. | समुद्र में बना हुआ वह स्तंभ जिसमें बहुत तीव्र प्रकाश की व्यवस्था होती है जिससे जलयान, वायुयान आदि रात के समय मार्ग का निश्चय करते हैं। | گاشہٕ منار | गाशि मुनार | light-house. |
| प्रकाशित | वि. | 1. प्रकाश से युक्त किया अथवा प्रकाश में लाया हुआ; | گاشِروومُت؛ | गाॅशिरोवमुत; | with light, brought to light; |
| | | 2. प्रकट किया हुआ; | ننیٚ رووومُت؛ | नन्य रोवमुत; | revealed; |
| | | 3. (ग्रन्थ आदि) छपवाकर सबके सामने लाया हुआ। | شایا سپُدمُت | शाया सपुदमुत | published. |
| प्रकीर्ण | वि. | 1. फैलाया हुआ, बिखेरा हुआ; | چھکرِتھ؛ | छकरिथ; | spread out, scattered; |
| | | 2. मिला-जुला, जिसमें अनेक प्रकार की चीजें हों। | رَلہٕ مِلہٕ | रलॖ मिलॖ | a miscellany. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रकृत** | वि. | 1. जिसका प्रसंग छिड़ा हो; | تذکِر آمُت؛ | तज़्किर् आमुत; | commenced; |
| | | 2. स्वाभाविक; | قُدرتی؛ | कुद्‌रती; | natural; |
| | | 3. साधारण, सहज। | عام | आम | normal. |
| **प्रकृति** | स्त्री. | 1. स्वभाव, मिजाज; | مِزاژ، سوباو؛ | मिज़ाज़्, सुबाव; | temperament, disposition; |
| | | 2. जगत का उपादान कारणरूप मूलतत्व; | فِطرتھ؛ | फितरथ; | nature, original or primary substance; |
| | | 3. भारतीय राजनीति में अमात्य, सुहृद, आदि राज्यांग; | وزیر؛ | वज़ीर; | king's minister; |
| | | 4. व्याकरण में वह मूल शब्द जिसमें प्रत्यय आदि लगाए जाते हैं। | پرکرِتی (گرٛیمرس منٛز) | प्रकृति (ग्रेमरस मंज) | (in grammar) the crude or elementary form of a word. |
| **प्रकृतिस्थ** | वि. | जो अपने स्वभाव या स्वरूप में स्थित हो, क्षोभ आदि विकार से रहित। | سوکھ (گرٛایہ ترٛایہ رٛوس) | सुख (ग्रायि त्रायि रोस) | composed, normal. |
| **प्रकृष्ट** | वि. | 1. उत्तम, श्रेष्ठ; | کھٔستھ؛ | खॅसिथ; | best, excellent; |
| | | 2. प्रधान, मुख्य; | زیٹھ؛ | ज़्युठ; | principal, chief; |
| | | 3. खींचा या बढ़ाया हुआ। | کھورمُت | खोरमुत | drawn forth. |
| **प्रकोप** | पुं. | 1. अत्यधिक कोप; | ژکھ؛ | चख; | wrath, rage; |
| | | 2. किसी बीमारी का जोर; | ژنڈ؛ | चंड; | epidemic; |
| | | 3. किसी रोग की तीव्र अवस्था। | بوحران | बोहरान | an attack (medic). |
| **प्रकोष्ठ** | पुं. | 1. बांह का कलाई से लेकर कुहनी तक का भाग; | نٔر (کھونوٕٹ بُن کُن)؛ | नॅर (खुनवट् बुन कुन); | the fore-arm, the part above the wrist; |
| | | 2. इमारत के भीतर का आंगन; | بیڑ؛ | बेड़; | courtyard; |
| | | 3. मुख्य द्वार के पास का कमरा; | ہنگ کُٹھ، برٛانٛد کُٹھ؛ | हंग कुठ, ब्रांद् कुठ; | room near the gate of a palace; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. आजकल संसद्, विधान-सभा आदि के बाहर का वह कमरा, बरामदा या प्रांगण जहां बैठकर सदस्य परस्पर बातचीत करते हैं तथा पत्रकारों आदि से मिलते हैं। | ڈالانہٕ، وُز، لابی | डालानु, वुज़, लाबी | lobby. |
| प्रक्रम | पु. | 1. क्रम, सिलसिला; 2. कोई वस्तु बनाने या तैयार करने की सारी क्रियाएं, प्रक्रिया; | سِلسِلہٕ؛ عمل؛ | सिलसिलु; अमल; | sequence; process; |
| | | 3. वह उपाय या योजना जो कोई कार्य आरम्भ करने से पहले की जाए। | طریقہٕ | तरीक़ु | method. |
| प्रक्रिया | स्त्री. | 1. कोई काम करने या वस्तु बनाने की वह निश्चित और विशिष्ट क्रिया या प्रकार जिससे वह ठीक तरह से सम्पन्न या प्रस्तुत की जा सके; | عمل، کرتہٕ ویدٕ؛ | अमल, करतु व्यद; | process; |
| | | 2. व्याकरण में शब्द अथवा उसके प्रयोग का किया जानेवाला साधन। | پٕرکرِیا (گرٛیمرس منٛز) | प्रक्रिया (ग्रेमरस मंज़) | (in gram) rules for the inflexion of words. |
| प्रक्षालन | पु. | पानी से साफ करना, धोना। | چھلُن | छलुन | to wash with water, to wash. |
| प्रक्षिप्त | वि. | 1. फेंका हुआ, डाला हुआ; 2. पीछे से जोड़ा या मिलाया हुआ। | لویمُت، دارِتھ دیٛتمُت؛ وٹُمُت | लोयमुत, दारिथ द्युतमुत; वोटमुत | thrown or cast at; interpolated. |
| प्रक्षेप | पु. | 1. फेंकना, डालना; 2. पुस्तक आदि का वह अंश जो बाद में जोड़ा या मिलाया गया हो; | بٕرِتھ دیُن؛ جوڑمُت؛ | बरिथ द्युन; जूड़मुत; | throwing, casting; interpolation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. व्यापार में लगा हुआ किसी हिस्सेदार का मूलधन। | مۄلہٕ دۄیار | मूल द्यार | the sum deposited by each member of a commercial company. |
| प्रक्षेपण | पु. | फेंकना, डालना। | لایُن | लायुन | throwing. |
| प्रखर | वि. | तीक्ष्ण, प्रचण्ड, उग्र। | شدید، تیز | शदीद, तेज़ | sharp, acute, fierce. |
| प्रखरता | स्त्री. | प्रखर होने की अवस्था, गुण या भाव। | تیزی، تیزر | तीज़ी, तेज़र | sharpness, acuteness, fierceness. |
| प्रख्यात | वि. | बहुत प्रसिद्ध। | مشہوٗر | मशहूर | famous. |
| प्रगति | स्त्री. | आगे बढ़ना, उन्नति। | ترقی | तरकी | progress. |
| प्रगतिवाद | पु. | एक आधुनिक साहित्यिक वाद जिसका मुख्य उद्देश्य जनवादी शक्तियों को संघटित करके मार्क्सवाद और भौतिक यथार्थवाद के लक्षित उद्देश्यों की सिद्धि करना है। | ترقی پسندی | तरकी पसंदी | progressivism. |
| प्रगतिवादी | वि. | प्रगतिवाद सम्बन्धी, प्रगतिवाद का। | ترقی پسندی مُتلق | तरकी पसंदी मुतलक | pertaining to progressivism. |
| | पु. | प्रगतिवाद का अनुयायी या समर्थक। | ترقی پسندی، پیٹھ پکن وول | तरकी पसंदी प्यठ पकन वोल | a progressivist. |
| प्रगतिशील | वि. | जो आगे बढ़ रहा हो या उन्नति कर रहा हो। | ترقی پسند | तरकी पसंद | progressive. |
| प्रगल्भ | वि. | 1. चतुर, दक्ष; 2. बोलने में संकोच न करनेवाला, वाचाल; | تجربہ کار، ماہر؛ بےوایہ دن وول؛ | तजरुबकार, माहिर; बेवायि वनन वोल; | skilful; outspoken, bold in speech, precocious; |
| | | 3. धृष्ट, उद्धत। | گُستاخ، بُتھو، ترٛکُر | गुस्ताख, बुथ्य त्रकुर | audacious, arrogant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रगल्भता | स्त्री. | प्रगल्भ होने की अवस्था या भाव। | گستاخی | गुस्ताख़ी | audacity, arrogance. |
| प्रगाढ़ | वि. | 1. बहुत अधिक;<br>2. घना;<br>3. बहुत गाढ़ा या गहरा। | سیٹھاہ؛<br>گۆن؛<br>سۆن | स्यठाह;<br>गॊन;<br>सॊन | much;<br>dense;<br>profound, deep. |
| प्रचंड | वि. | अति तीव्र, घोर, भीषण। | شدید | शदीद | excessively violent, furious. |
| प्रचंडता | स्त्री. | प्रचंड होने का भाव या स्थिति। | تشدُد | तशुदुद | violence. |
| प्रचलन | पु. | 1. प्रथा, रिवाज;<br>2. उपयोग, व्यवहार आदि में आना। | رِواج؛<br>استعمال | र्यवाज;<br>इस्तेमाल | custom;<br>usage, currency. |
| प्रचलित | वि. | 1. जो उपयोग, व्यवहार आदि में आ रहा हो;<br>2. जिसका प्रचलन हो;<br>3. कार्य या व्यवहार के रूप में चलाया या लाया हुआ। | استعمالس منز؛<br>چلن؛<br>طور طریقہ | इस्तेमालस मंज़;<br>चलन;<br>तोर तरीक़ | in usage;<br>current;<br>in force. |
| प्रचार | पुं. | 1. किसी वस्तु या बात का बार-बार व्यवहार में आना या चलता रहना;<br>2. वह प्रयास जो किसी सिद्धान्त आदि को जनता में फैलाने के लिए विशेषरूप से किया जाता है और जिसका प्रमुख उद्देश्य किसी वस्तु को लोकप्रिय बनाना अथवा उसे हेय सिद्ध करना होता है;<br>3. प्रसिद्धि। | پرچار، عام<br>رِواج؛<br>پراپیگنڈا؛<br>مشہوری | प्रचार, आम<br>र्यवाज;<br>प्रापुगंडा;<br>मशहूरी | prevalence, currency;<br>propaganda;<br>publicity. |
| प्रचारक | पु.वि. | प्रचार करनेवाला। | پرچار کرن وول | प्रचार करन वोल | propagator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचारित | वि. | जिसका प्रचार हुआ या किया गया हो। | جارؠ کوٚرمُت | जारी को़रुसुत | made public or known, circulated. |
| प्रचुर | वि. | बहुत अधिक, प्रभूत। | ووٚفوٗر | वो़फूर | abundant, plentiful. |
| प्रचुरता | स्त्री. | प्रचुर होने का भाव, आधिक्य। | ووٚفوری | वो़फूरी | abundance, plenty. |
| प्रच्छन्न | वि. | ढका हुआ, छिपा हुआ। | ڈٔلِتھ | वॅलिथ | covered, hidden. |
| प्रजनन | पु. | 1. अपने ही जैसे नये जीवों को जन्म देकर अपने वंश या वर्ग की वृद्धि करना, सन्तान उत्पन्न करना; | بچہٕ کشی؛ | बचुकशी; | reproduction; |
| | | 2. जीवों का होनेवाला जन्म; | زیٚوُن؛ | ज्यवुन | bringing forth; |
| | | 3. पशुओं आदि को पालपोसकर उनकी उन्नति और वृद्धि करना। | نسٕل کشی | नसुल कशी | breeding. |
| प्रजा | स्त्री. | 1. किसी राज्य या राष्ट्र की जनता; | لوٗکھ؛ | लूख; | subjects, public; |
| | | 2. संतान, औलाद। | اولاد، سنتان | अवलाद, संतान | issues,children. |
| प्रजातंत्र | पु. | प्रजा या प्रजा के प्रतिनिधियों द्वारा परिचालित शासन-व्यवस्था। | جمہوٗریتھ | जमहूरियथ | democracy. |
| प्रजापति | पु. | सृष्टि का **रचयिता, ब्रह्मा।** | برٛما | ब्रमा | lord of creatures, Brahma. |
| प्रज्ञा | स्त्री. | बुद्धि, विवेक, मति, समझ। | ذِہانتھ، عقٕل، سونٛچ | ज़िहानथ, अकुल, सोंच | intelligence, discrimination, understanding. |
| प्रज्ञाचक्षु | पु. | अंधा व्यक्ति। | اٚوُن | ओ़न | blind. |
| प्रज्वलित | वि. | 1. जलता हुआ, दहका हुआ; | دزوُن؛ | दज़ुवुन; | burning, flaming; |
| | | 2. चमकीला। | پرٛزلوُن | प्रज़लवुन | **bright, shining.** |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रण | पु. | दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा। | پرٛن، مُصمم ارادٕ | प्रण, मुसमम इराद, | determination, pledge, vow. |
| प्रणति | स्त्री. | 1. झुकने की क्रिया या भाव;<br>2. प्रणाम;<br>3. नम्रता। | نمُن؛<br>پرٛنام، سجدٕ دیُن؛<br>نرمی | नमुन;<br>प्रणाम, सजिद् द्युन;<br>नर्मी | act or process of bowing;<br>salutation;<br>humility. |
| प्रणय | पु. | प्रेम, प्रीति। | لول، پریم | लोल, प्रेम | love, affection. |
| प्रणयन | पु. | साहित्यिक ग्रंथ, लेख आदि प्रस्तुत करना या लिखना। | تخلیق | तखलीक़ | writing (to write or bring forward literary books, articles, etc.). |
| प्रणयी | पु. | प्रेम करनेवाला, अनुरागी, चाहनेवाला। | عاشق | आशक | lover. |
| प्रणाम | पु. | नमस्कार, अभिवादन। | نمسکار | नमस्कार | salutation, term used in greeting elders. |
| प्रणाली | स्त्री. | 1. पद्धति, रीति, ढंग;<br>2. पानी बहने का कृत्रिम नाला, परनाला। | طریقہ؛<br>نالی | तरीक़;<br>नाल्य | system, method, channel;<br>drain. |
| प्रणीत | वि. | बनाया हुआ, निर्मित, रचा हुआ। | بنوومُت | बनोवमुत | made, produced. |
| प्रणेता | पु. | 1. पुस्तक या ग्रंथ का रचयिता;<br>2. किसी सिद्धांत या मत का प्रवर्तक। | لیکھن وول؛<br>بانی | लेखन वोल;<br>बानी | author;<br>promulgator of a doctrine. |
| प्रताप | पु. | 1. पौरुष, वीरता;<br>2. प्रभाव। | بوٚہدُری؛<br>اَثر | बोहदुरी;<br>असर | courage, heroism;<br>glory, dignity. |
| प्रतापवान | वि. | प्रतापी। | شانٕ شوکتٕ وول | शानु शोकतु वोल | glorious, dignified. |
| प्रतापी | वि. | प्रतापशाली। | عظیم | अज़ीम | glorious, dignified. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतारण | पु. | वंचना, ठगी, धोखा। | دوکھ | दोखु | deceit, fraud. |
| प्रतारणा | स्त्री. | दे. 'प्रतारण'। | 'प्रतारण' وُچھِو | वुछिव 'प्रतारण' | see 'प्रतारण'. |
| प्रतारित | वि. | जो ठगा गया हो, छला हुआ। | ٹھوگمُت | ठेगमुत | deceived, cheated |
| प्रति | स्त्री. | 1. चित्र, पुस्तक, लेख आदि की बहुत सी छपी अथवा लिखी हुई नकलें या प्रतिकृतियों में से हर एक; | کاپی ؛ | कॉपी; | copy; |
| | | 2. किसी वस्तु की कोई नकल या अनुकृति। | نقل | नकुल | copy, |
| | अव्य. | 1. किसी की ओर या दिशा में; | طرفس کُن ؛ | तरफस कुन; | towards, in the direction; |
| | | 2. किसी को उद्दिष्ट या लक्षित करते हुए; | تِمسکُن ؛ | तमिसकुन; | regarding; |
| | | 3. अनेक में से हर एक और अलग-अलग। | تِمنکُن | तिमनकुन | each or every. |
| | उप. | एक उपसर्ग जो शब्दों के पहले आकर विरोध, विपरीतता, बदला, वीप्सा, सादृश्य, सामना, सामुख्य, खंडन, मुकाबला, जोड़ आदि का द्योतन करता है | برٛونٛہہ لۄگ | ब्रोंह लोग | prefix, denoting opposition, similarity etc. |
| प्रतिकार | पु. | 1. मुआवजा, क्षति-हानि आदि के बदले दिया जानेवाला धन; | مأوضہٕ ؛ | मावज़ु; | compensation; |
| | | 2. बदला चुकाने के लिए किया जानेवाला कार्य, बदला; | آنٛچ، کساسہٕ ؛ | आंच, कसासु; | revenge; |
| | | 3. चिकित्सा, इलाज; | یلاج ؛ | यलाज; | treatment; |
| | | 4. किसी बात को दबाने या रोकने आदि के लिए किया जानेवाला उपाय या प्रयत्न। | بچاو | बचाव | counter-action |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिकूल | वि. | जो अनुकूल न हो, विपरीत। | مُژر | मुज़िर | unfavourable, adverse. |
| प्रतिकूलता | स्त्री. | प्रतिकूल होने की अवस्था, गुण या भाव। | بَراہ نُ یُن | बराह नु युन | unfavourableness, adverseness. |
| प्रतिकृति | स्त्री. | 1. किसी वस्तु के आकार प्रकार आदि के अनुरूप बनी या बनाई हुई दूसरी वैसी ही वस्तु;<br>2. चित्र, तस्वीर। | ہیُہ ؛<br>تصویر | ह्युह;<br>तसवीर | prototype, replica,<br>picture. |
| प्रतिक्रिया | स्त्री. | किसी कार्य के परिणाम के रूप में होनेवाला कार्य। | ردِ عمل | रदि अमल | reaction. |
| प्रतिक्रियात्मक | वि. | प्रतिक्रिया से युक्त। | ردِ عملِ وول | रदि अमलि वोल | reactionary. |
| प्रतिक्रियावादी | वि. | इस मत या सिद्धान्त को माननेवाला कि जो बातें पहले से चली आ रही हैं उनमें परिवर्तन या सुधार करनेवालों का विरोध करना चाहिए। | رجعت پسند | रजत पसन्द | reactionary, reactionist. |
| प्रतिघात | पु. | 1. आघात के बदले किया गया आघात;<br>2. आघात लगने पर उसके फलस्वरूप आप से आप होनेवाला दूसरा आघात। | جوابی حملہ ؛<br>پۆت پھیُر ،<br>پۆت ژنڈ | जवाबी हमलु;<br>पोत फ्युर,<br>पोत चंड | counter-attack;<br>blow in return. |
| प्रतिच्छवि | स्त्री. | 1. प्रतिबिंब, परछाँई;<br>2. चित्र, तस्वीर। | ژھاے ؛<br>تصویر | छाय;<br>तसवीर | reflection, shadow;<br>picture, image. |
| प्रतिच्छाया | स्त्री. | 1. प्रतिबिंब, परछाँई;<br>2. प्रतिकृति, चित्र। | ژھاے ؛<br>تصویر | छाय;<br>तसवीर | reflection, shadow;<br>facsimile. |
| प्रतिज्ञा | स्त्री. | किसी कार्य को करने, न करने आदि का दृढ़ संकल्प, शपथ, सौगंध। | قَسَم ؛ | कसम; | pledge, vow. |
| प्रतिज्ञान | पु. | 1. प्रतिज्ञा; | قسم | कसम | pledge, vow; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी बात के संबंध में शपथ या सौगंध न खाकर सत्यनिष्ठापूर्वक कोई बात कहना। | وادٕ | वाद् | affirmation. |
| **प्रतिदान** | पुं. | 1. किसी ली हुई वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु देना; | بدلاؤن (چیٖزس چیٖز)؛ | बदलावुन (चीज़स चीज़) ; | barter, exchange; |
| | | 2. किसी से ली हुई वस्तु उसे वापस करना या लौटाना। | واپس دیُن | वापस द्युन | giving back, return. |
| **प्रतिद्वंद्व** | पुं. | दो समान व्यक्तियों या शक्तियों का पारस्परिक विरोध, बराबरवालों का झगड़ा या मुकाबला। | پھوٗٹ | फूट | conflict. competition. |
| **प्रतिद्वंद्विता** | स्त्री. | प्रतिद्वंद्वी होने की अवस्था या भाव। | پھوٗٹ پیٚنٛز | फूट पेन्य | mutual conflict, rivalry, competition. |
| **प्रतिद्वंद्वी** | पुं. | 1. वह व्यक्ति या वस्तु जो किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु के मुकाबले की हो; | مدِ مُقابل؛ | मदि मुकाबल; | antagonist; |
| | | 2. एक व्यक्ति की दृष्टि से दूसरा व्यक्ति जो एक ही वस्तु को उसकी तरह प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहा हो। | مُخالِف | मुख़ालिफ़ | rival, contestant. |
| **प्रतिध्वनि** | स्त्री. | किसी शब्द के उपरांत सुनाई पड़नेवाला उसी से उत्पन्न तदनुरूप शब्द, गूंज। | گُمبز | गुम्बज् | echo, reverberation. |
| **प्रतिध्वनित** | वि. | जो प्रतिध्वनि के रूप में शब्द करता हो, गूँजा हुआ। | گُمبزِ چ پوٚت<br>آوازِ وۆل | गुम्बज़ुचि पोत<br>आवाज़ि वोल | echoed, reverberated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिनायक** | पु. | नाटक आदि में नायक का प्रतिद्वंद्वी। | وِلَن | विलन | hero's rival, competitor. |
| **प्रतिनिधान** | पु. | वह व्यक्ति या व्यक्तियों का दल जो इस प्रकार बनाकरकहीं भेजा जाए, प्रतिनिधि मण्डल। | وَفدٕ | वफ़द् | deputation. |
| **प्रतिनिधि** | पु. | 1. वह व्यक्ति जो दूसरों की ओर से कहीं भेजा जाए अथवा उनकी तरफ से कार्य करे;<br>2. वह जिसे देखकर उसी के वर्ग,जाति आदि के व्यक्तियों के स्वरूप, आचार-विचार आदि का अनुमान लगाया जा सके। | مُنٛزِمیور؛<br>نُمایندٕ | मंज़िमयोर;<br>नुमायन्द् | proxy;<br>representative. |
| **प्रतिनिधित्व** | पु. | प्रतिनिधि होने की अवस्था या भाव, प्रतिनिधि होने का काम। | نُمایندٕگی | नुमायन्दगी | representation. |
| **प्रतिनियुक्त** | वि. | प्रतिनिधि या अधीनस्थ अधिकारी के रूप में बनाकर कहीं भेजा हुआ। | وَفدٕ خاطرٕ ژورمُت | वफ़द् खातर् चोरमुत | deputed. |
| **प्रतिनियुक्ति** | स्त्री. | प्रतिनियुक्त किए जाने की अवस्था या क्रिया। | وفدٕ | वफ्द् | deputation. |
| **प्रतिपक्ष** | पु. | 1. मुकाबले का विरोधी पक्ष;<br>2. विरोधी पक्ष द्वारा कही हुई बात या उसके द्वारा उपस्थित किया हुआ मत। | مُخالف<br>جماتھ؛<br>مُخالِف رائے | मुख़ालिफ<br>जमाथ;<br>मुख़ालिफ राय | contesting or opposite party;<br>opinion expressed by the opposite party. |
| **प्रतिपक्षी** | वि. | शत्रु, विरोधी। | دُشمن | दुश्मन | opponent, adversary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिपदा | स्त्री. | पक्ष की पहली तिथि। | اوٚک دوٚہ | ओ़क दो़ह | first day of a lunar fortnight. |
| प्रतिपादक | पु. | प्रतिपादन करनेवाला। | دَس تُلن وول | दस तुलन वोल | exponent, one wh sets forth (a principle, theory etc.). |
| प्रतिपादन | पु. | 1. किसी विषय का सप्रमाण कथन, निरूपण, विषय का स्थापन; | وِیژھنے؛ | व्यछुनय; | explaining, exposition; |
| | | 2. आरम्भ करना। | شوٗرُوٗ کرُن | शु़रू करुन | commencement. |
| प्रतिपादित | वि. | जिसका प्रतिपादन किया गया हो। | شوٗرُوٗ کوٗرمُت | शु़रू को़रमुत | set forth, interpreted. |
| प्रतिपाद्य | वि. | जिसका प्रतिपादन किया जा सकता हो, या किया जाने को हो। | شوٗرُوٗ کرُن لایَق | शु़रू करुन लायक | to be treated or discussed. |
| प्रतिपूर्ति | स्त्री. | किसी व्यक्ति या मद से लेकर व्यय किया हुआ धन उसे देकर या उसमें जमा कर उसकी पूर्ति करना। | ہیوٚتمُت قرضہٕ<br>پوٗر کرُن | ह्योतमुत कर्ज़ु<br>पूर करुन | reimbursement. |
| प्रतिफल | पु. | 1. परिणाम, नतीजा; | نتیجہٕ؛ | नतीजु; | result; |
| | | 2. वह जो बदले में किया जाए, पुरस्कार। | یَنامہٕ | यनामु | return, reward. |
| प्रतिबंध | पु. | 1. वह बंधन या रोक जो किसी काम, बात या व्यक्ति पर लगाई जाए, मनाही; | ٹھاکھ؛ | ठाख; | ban, restriction; |
| | | 2. किसी काम या बात में लगाई हुई शर्त। | شرٕط | शरुत | condition. |
| प्रतिबिंब | पु. | परछांई, प्रतिच्छाया। | ژھاے | छ़ाय | reflection, reflected image. |
| प्रतिबिंबित | वि. | जिसका प्रतिबिंब पड़ा हो, दर्पण आदि में प्रतिफलित। | عکس سپُدمُت | अकुस सँपुदमुत | reflected. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिबोध** | पुं. | 1. जागरण, जागना; | ہُشاری؛ | हुशारी; | awakening, waking; |
| | | 2. ज्ञान, चातुर्य। | عِلم، گیان | अलिम, ज्ञान | perception, knowledge. |
| **प्रतिभा** | स्त्री. | असाधारण बुद्धिबल, विलक्षण बौद्धिक शक्ति। | نیرٕل ذِہانتھ | न्यरल ज़िहानथ | genius, brilliance. |
| **प्रतिभावान** | वि. | प्रतिभायुक्त। | ترُک | त्रुक | genius, brilliant. |
| **प्रतिभाशाली** | वि. | प्रतिभावान। | عقل مند | अकुल मंद | genius, brilliant. |
| **प्रतिभू** | पु. | जमानत करनेवाला, जामिन। | ضامِن در | ज़ामिन दर | surety, bail. |
| **प्रतिभूति** | स्त्री. | 1. कोई काम या वचन आदि पूरा करने के लिए दिया गया आश्वासन या जमा की गई वस्तु या धन; | ضمانتھ؛ | ज़मानथ; | security, bail; |
| | | 2. प्रतिभू के द्वारा दी गई जमानत। | ضامِن | ज़ामिन | surety. |
| **प्रतिमा** | स्त्री. | मूर्ति, अनुकृति। | پُتُل، مُرٕژ | पुतुल, मुरच़ | idol, statue, picture. |
| **प्रतिमान** | पु. | वह वस्तु या रचना जिसे आदर्श मानकर उसके अनुरूप और वस्तुएं बनाई जाती हों। | نومونہٕ | नोमून् | model. |
| **प्रतियोगिता** | स्त्री. | किसी विशिष्ट उद्देश्य की सिद्धि या फल की प्राप्ति के लिए कुछ लोगों में परस्पर होनेवाला मुकाबला। | ٹھول، میچ | ठुल, मैच | competition, match, tournament. |
| **प्रतियोगी** | पु. | 1. प्रतियोगिता करनेवाला व्यक्ति; | میچ گِندن وول، ٹھولہٕ بیٛٹھمُت؛ | मैच गिन्दन वोल, ठुलि ब्यूठमुत; | competitor; |
| | | 2. विरोधी, शत्रु। | دُشمن | दुश्यमन | competitor, rival, opponent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिरक्षा** | स्त्री. | रक्षण, हिफाजत। | بچاو | बचाव | defence. |
| **प्रतिरूप** | पु. | वह जो रूप या आकृति में किसी के समान हो, चित्र, तस्वीर। | ہشر | हिशर | likeness, prototype. |
| | वि. | नकली, जाली। | جالی | जाली | counterfeit. |
| **प्रतिरोध** | पु. | 1. रोक, रुकावट, बाधा; | ٹھاکھ؛ | ठाख; | ban, hindrance; |
| | | 2. आवेग, आक्रमण आदि को रोकने के लिए किया जानेवाला कार्य। | بچاو | बचाव | counteraction. |
| **प्रतिलिपि** | स्त्री. | किसी लिखी हुई चीज की नकल। | نقل | नक़ल | copy, facsimile. |
| **प्रतिलोम** | वि. | विपरीत, उलटा। | وُلٹ | वुल्ट् | opposite to the natural course or order, converse. |
| **प्रतिवाद** | पु. | 1. किसी बात के विरुद्ध कही जानेवाली बात; | درجواب؛ | दरजवाब; | counter-statement; |
| | | 2. विरोध, खण्डन। | مُخالِفتھ | मुखालिफत | refutation. |
| **प्रतिवादी** | पु. | प्रतिवाद करनेवाला। | مُخالِف، مُدالہ | मुखालिफ, मुदालु | defendent, respondent. |
| **प्रतिवेदन** | पु. | 1. किसी योजना आदि के सम्बन्ध में छानबीन करने के उपरांत तैयार किया हुआ विवरण जो कहीं भेजा जाता है; | رپوٹھ؛ | रपोठ; | report; |
| | | 2. प्रार्थना। | عرضی | अर्ज़ी | representation. |
| **प्रतिशत** | क्रि. वि. | हर सौ पर, फीसदी। | فیصد | फीसद | per-cent. |
| **प्रतिशोध** | पु. | बदला, प्रतिकार। | آنچ، بدلہ، کساس | आंच, बदलु, कसासु | revenge. |
| **प्रतिश्रुत** | वि. | (व्यक्ति) जिसने किसी बात की कोई प्रतिज्ञा की हो। | حلف تُلناوُن، آمُت | हलुफ तुलनावनु, आमुत | the person who has taken pledge. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिषिद्ध** | वि. | जिसे करने से किसी को रोका गया हो। | ممنوع، یَتھ ٹھاکھ آسِہ | मननू, यथ ठाख आसि | forbidden. |
| **प्रतिषेध** | पु. | निषेध, मनाही। | مَمانِہتھ، نیٚشید | ममानिहथ, नेषीद | prohibition. |
| **प्रतिष्ठा** | स्त्री. | 1. आदर, सम्मान, ख्याति; | بجر؛ | बजर; | high position, fame,glory, renown; |
| | | 2. अच्छी तरह स्थापित किया जाना, स्थापना; | کُن دُیُن؛ | कुन द्युन; | installation; |
| | | 3. मान-मर्यादा। | شان | शान | dignity, status, establishment. |
| **प्रतिष्ठान** | पु. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव; | لاگُن؛ | लागुन; | fixing, placing; |
| | | 2. किसी उद्योग व्यवसाय आदि का कार्यालय या स्थान; | دفتر؛ | दफ्तर; | site, situation, institute; |
| | | 3. (विशेष अर्थ) निहित स्वार्थों की एक परम्पराबद्ध व्यवस्था। | عملہٕ (خاص مانے) | अमलु ( खास माने) | establishment (special meaning). |
| **प्रतिष्ठापन** | पु. | स्थापित करने की क्रिया या भाव। | لاگُن، بیٚہناوُن | लागुन, बेहनावुन | fixing, placing. |
| **प्रतिष्ठापित** | वि. | जिसका प्रतिष्ठापन किया गया हो। | لوٚگمُت | लोगमुत | set up, fixed. |
| **प्रतिष्ठित** | वि. | 1. प्रसिद्ध, ख्यात, आदर-प्राप्त; | یزتہٕ وول؛ | यज़तु वोल; | honourable; |
| | | 2. जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो, स्थापित। | لاگنہٕ آمُت | लागनु आमुत | established, installed. |
| **प्रतिस्थापन** | पु. | 1. किसी वस्तु के नष्ट हो जाने या हट जाने पर उसके स्थान पर वैसी ही दूसरी वस्तु रखना; | بَدلاوُن، یوزرہ ماوَزتھوُن (ہِوِس ہیُوٚہ)؛ | बदलावुन, यवज़ु मावज़ु थवुन ( हिविस ह्यूह) ; | replacement; |
| | | 2. किसी व्यक्ति के हट जाने पर काम चलाने के लिए उसके स्थान पर दूसरा व्यक्ति रखना। | کانٛسہِ ہنٛزِ جایہ لاگُن | कांसि हुंजि जायि लागुन | substitution (substitute). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिस्पर्धा** | स्त्री. | लाग डाट, होड़। | مُقابلہ، رقابتھ | मुकाबलु, रकाबथ | rivalry, competition. |
| **प्रतिस्पर्धी** | पुं. | होड़ करनेवाला, प्रतिद्वंद्वी। | مُخالِف | मुखालिफ | a rival, competitor. |
| **प्रतिहस्ताक्षर** | पुं. | किसी के हस्ताक्षर के अनुमोदन या समर्थन के लिए किसी बड़े अधिकारी का हस्ताक्षर करना। | تائیدی دستخط | तायीदी दस्तखत | counter-signature. |
| **प्रति-हस्ताक्षरित** | वि. | जिस पर प्रतिहस्ताक्षर किए गए हों। | تائیدی دسخط وول | तायीदी दसखतु वोल | counter-signed. |
| **प्रतिहारी** | पुं. | द्वारपाल, दरबान। | ڈیڑی وان | डीड्यवान | door keeper. watchman. |
| **प्रतिहिंसा** | स्त्री. | हिंसा के बदले में की जानेवाली हिंसा। | جوابی تشدد | जवाबी तशदुद | counter-violence. |
| **प्रतीक** | पुं. | 1. वह गोचर या दृश्य वस्तु जो किसी अगोचर या अप्रस्तुत वस्तु के बहुत कुछ अनुरूप होने के कारण उसके गुण रूप का परिचय कराने के लिए उसका प्रतिनिधित्व करती हो;<br>2. किसी बात का द्योतक;<br>3. साहित्य में वह वस्तु जो अपने आकस्मिक सादृश्य अथवा तर्कसंगत संबंध के आधार पर किसी दूसरी वस्तु का स्थान ग्रहण करती है। | علاماتھ؛<br>ژینوَن دِنہ وول؛<br>علامتھ (ادبس منز) | अलामाथ;<br>चेनवन दिनु वोल;<br>अलामथ (अदबस मंज) | a symbol;<br>signifier:<br>symbol (literature). |
| **प्रतीकवाद** | पुं. | साहित्य में अभिव्यंजना की वह विशिष्ट प्रणाली जिसके अनुसार प्रतीकों के आधार पर भावों, विषयों, वस्तुओं आदि का बोध कराया जाता है। | علامتی اِظہار | अलामती इज़हार | symbolism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतीकात्मक | वि. | 1. जो प्रतीकों से सम्बद्ध हो; 2. (रचना) जिसमें प्रतीकों की सहायता से भावों, विषयों आदि का बोध कराया गया हो। | علامژ سٕتۍ وابستہٕ؛ علامتی | अलामँच सृत्य वाबस्तु; अलामती | related to symbol; symbolic. |
| प्रतीक्षा | स्त्री. | इंतजार। | پرارُن | प्रारुन | waiting for, expectation. |
| प्रतीक्षालय | पु. | वह स्थान जहां बैठकर किसी से मिलने या यान आदि पर सवार होने के लिए इंतजार किया जाता है। | پرارنٕک کُٹھ یا کمرٕ | प्रारनुक कुठ या कमर् | waiting-room. |
| प्रतीत | वि. | अनुमान के आधार पर जान पड़नेवाला। | انہار کِنۍ زونمت | अनहार् किन्य ज़ोनमुत | apparent, experienced, roughly inferred. |
| प्रतीति | स्त्री. | ज्ञान, बोध, जानकारी। | زانٛنکاری | ज़ान्यकारी | knowledge, ascertainment, clear or distinct perception or apprehension. |
| प्रतीयमान | वि. | 1. जिसकी प्रतीति हो रही हो, जो जान पड़ता हो, जो समझ में आ रहा हो; 2. (रूप) जो वास्तविक से भिन्न होने पर भी देखने में कुछ वास्तविक-सा जान पड़ता हो। | باسُن؛ اصل باسُن | बासुन; असल बासुन | appearing to be, inferred to be, believed to be; apparent. |
| प्रत्यंकन | पु. | किसी चित्र के ऊपर पतला या पारदर्शक कागज रखकर उसकी हूबहू नकल तैयार करना। | ٹریس کرُن، ٹھپہٕ تُلُن | ट्रेस करुन, ठपु तुलुन | tracing (on transparent paper). |
| प्रत्यंग | पु. | शरीर अथवा किसी वस्तु का कोई गौण अंग। | تان | तान | minor parts of the body. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रत्यंचा** | स्त्री. | धनुष की डोरी। | کمٲنۍ رَز | कमान्य रज़ | bow-string. |
| **प्रत्यक्ष** | वि. | जो आंखों के सामने हो, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो। | نظرِ تَل | नज़रि तल | present before the eyes, visible, perceptible. |
| **प्रत्यक्ष कर** | पु. | वह कर जो उपभोक्ताओं तथा करदाताओं से प्रत्यक्ष रूप से लिया जाता हो, किसी माध्यम से नहीं। | ٹیکس | टैक्स | direct tax. |
| **प्रत्यक्ष ज्ञान** | पु. | इंद्रियों के द्वारा होनेवाला किसी वस्तु या विषय का ज्ञान। | سمجُن (ہوشو ہیسو) | समजुन ( होशव ह्यसव) | knowledge obtained by direct perception, perception. |
| **प्रत्यक्षदर्शी** | वि. | जिसने प्रत्यक्ष रूप से कोई घटना या बात देखी हो। | شاہِد، چشِم دیٖد، گواہ | शाहिद, चशिम दीद्, गवाह | an eye witness. |
| **प्रत्यक्षीकरण** | पु. | किसी वस्तु या विषय को ऐसा रूप देना कि वह प्रत्यक्ष हो जाए, कोई बात या विषय प्रत्यक्ष रूप से सामने लाना। | حاضِر کرُن، مُقابلی | हाज़िर करुन, मुकाबली | making manifest or apparent, presenting. |
| **प्रत्यभिज्ञा** | स्त्री. | 1. कभी देखे हुए व्यक्ति या पदार्थ को पुनः देखने पर होनेवाला यह ज्ञान कि यह अमुक व्यक्ति या पदार्थ है, पहचान; | شناخت، پر زُناوُن؛ | शिनाख़्त, पर ज़ुनावुन; | identification; |
| | | 2. यह ज्ञान कि परमेश्वर और जीवात्मा एक है। | پرتیبھگیا (رۄحانی گیان) | प्रतिभिज्ञा ( रूहानी ज्ञान) | regaining knowledge or recognition. |
| **प्रत्यभिज्ञान** | पु. | 1. पहचान; 2. वह वस्तु या चिह्न जिससे कोई पहचाना जाए। | زان؛ زانۍ ہُند آکھ، مۄس، نشانہٕ | ज़ान; ज़ान्य हुंद आख, मूस, निशानु | recognition; identification mark. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| त्यय | पु. | 1. व्याकरण में वह अक्षर या अक्षरसमूह जो धातुओं अथवा विकारी शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थों में विशेष्ता उत्पन्न करता है; | پرتیے، پوٗت لوٗگ؛ | प्रत्यय, पोत लोग; | (in Gram.) an affix to roots and words forming derivatives and inflections; |
| | | 2. विश्वास, धारणा। | پژھ | पछ़ | idea, belief, credit. |
| त्यय-पत्र | पु. | किसी राज्य के सर्वप्रथम अधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा से युक्त वह प्रमाणपत्र जो इस बात का परिचायक होता है कि अमुक व्यक्ति अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। | حُکم نامہٕ (سند) | हुकुमनामु (सनद) | credentials, letter of credence. |
| त्ययवाद | पु. | दार्शनिक क्षेत्र में यह मान्यता या सिद्धान्त कि यह दृश्य जगत् किसी चेतन सत्ता की सृष्टि है, अतः मनुष्य को बौद्धिक विचारों का आधार छोड़कर शाश्वत विचारों का आश्रय लेना चाहिए, आदर्शवाद। | آدَرش واد | आदर्शवाद | idealism (ideaism). |
| प्रत्याक्रमण | पु. | जवाबी हमला। | جوأبی حملہٕ | जवाबी हमलु | counter-attack. |
| प्रत्याख्यान | पु. | 1. खंडन, विरोध; | برخلافی؛ | बरखलाफी; | refutation; |
| | | 2. अनादर या अवज्ञापूर्वक कोई चीज़ लेने से इन्कार करना। | اِنکار | इन्कार | rejection, refusal. |
| प्रत्यारोप | पु. | आरोप के बदले में लगाया गया आरोप। | پھیرِتھ اِلزام کھارُن | फीरिथ इलज़ाम खारुन | counter-charge. |
| प्रत्यालोचन | पु. | 1. किसी किए हुए निर्णय को फिर से देखना कि वह ठीक है या नहीं; | تبصرٕ؛ | तबसर; | review; |
| | | 2. आलोचना की भी की जानेवाली आलोचना। | تنقید | तनकीद | criticism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्यावर्तन | पु. | लौट आना, वापस आना। | واپس یُن | वापस युन | coming back, returning. |
| प्रत्याशा | स्त्री. | 1. आशा, उम्मीद;<br>2. किसी बात के संबंध में पहले से की जानेवाली ऐसी आशा या उसके संबंध की कल्पना जिसके घटित होने की बहुत कुछ संभावना हो। | ووٚمید؛<br>آش، بٔروٚنہہ اَندازٕ | वुमेद;<br>आश, ब्रोंह अंदाज़ु | hope, expectatior<br>anticipation. |
| प्रत्याशित | वि. | जिसकी पहले से आशा या अपेक्षा की गई हो, जिसका पहले से अनुमान किया गया है। | بٔروٚنہہ، اَندازٕ | ब्रोंह, अन्दाज़ु | anticipated. |
| प्रत्याशी | वि. | आशा करनेवाला। | ووٚمیز وول | वुमेज़ वोल | hoping, expecting |
| | पु. | जो किसी पद की प्राप्ति के लिए इच्छुक हो, उम्मीदवार। | ووٚمیدوار | वुमेदवार | candidate. |
| प्रत्युत | अव्य. | 1. बल्कि, वरन्;<br>2. इसके विपरीत। | بٔلۍ کِہ؛<br>بَدلہٕ | बल्यकि;<br>बदलु | but, even;<br>on the other hand<br>on the contrary. |
| प्रत्युत्तर | पु. | उत्तर का उत्तर। | دَرجواب | दरजवाब | rejoinder, a reply. |
| प्रत्युत्थान | पु. | 1. किसी के स्वागत और सत्कार के लिए खड़े होना;<br>2. विरोध का सामना करने के लिए खड़े होना। | اِستقبالس وۄتھُن؛<br>حملس وۄتھُن | इस्तेक़बालस वुथुन;<br>हमलस वुथुन | rising to welcome ᵃ visitor;<br>rising against. |
| प्रत्युत्पन्नमति | वि. | जिसे तत्काल उचित युक्ति या उत्तर सूझ जाए। | حاضِرجواب | हाज़िर जवाब | ready minded, sharp, ready-witted. |
| प्रत्युपकार | पु. | उपकार के बदले किया जानेवाला उपकार। | خأرس خأر | ख़ारस ख़ार | a good turn in return for another. |

| दी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| येक | वि. | दो या दो से अधिक में से एक एक, हर एक। | پرتھ کانٛہہ | प्रथकांह | each, each and every. |
| थम | वि. | 1. गणना या क्रम में जिसका स्थान पहला हो; | گوڈنیُک؛ | गुड्न्युक; | first; |
| | | 2. जो महत्व आदि में सबसे बढ़कर हो। | ژیُٹھ | ज्युठ | chief, principal. |
| | क्रि. वि. | आगे, पहले। | برونٛہہ | ब्रोंह | ahead, formerly. |
| थमतः | क्रि. वि. | सबसे पहले। | سارِوے برونٛہہ | सारिवय ब्रोंह | firstly. |
| थमता | स्त्री. | 1. प्रथम होने की अवस्था या भाव; | فسٹ؛ | फर्स्ट; | state of being first; |
| | | 2. औरों की अपेक्षा पहला अवसर या स्थान मिलने की अवस्था या भाव, प्राथमिकता। | گوڈٕانِہ وارٕی | गुड् अनवार्य | priority. |
| | अव्य. | साधारण रूप में देखने पर। ऽः | وُچھنہٕ تلئے | वुछनु तलय | prima facie. |
| थम पुरुष | पु. | व्याकरण में वे सर्वनाम जिन्हें वक्ता अपने लिए प्रयुक्त करता है। | مُتکلم | मुतकलिम | the first person of the pronoun. |
| प्रथा | स्त्री. | रीति, परिपाटी। | رِواج، ریتھ | र्यवाज, रीथ | custom, convention. |
| प्रदक्षिणा | स्त्री. | किसी पवित्र स्थान या पदार्थ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए चारों ओर इस प्रकार घूमना कि वह पवित्र स्थान या पदार्थ बराबर दाहिनी ओर रहे, परिक्रमा। | پرٛدِکھِن | प्रदिख्यन | reverential salutation by circumambulation from left to right (so that the right side is towards the person or object saluted), going round (an object). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रदत्त | वि. | प्रदान किया हुआ। | دِیُتمُت | द्युतमुत | given away, bestowed. |
| प्रदर | पु. | स्त्रियों का एक रोग जिसमें उनके गर्भाशय से सफेद या लाल रंग का लेसदार पदार्थ बहता है। | سالاںٕ | सालान् | leucorrhoea. |
| प्रदर्शक | वि. | 1. प्रदर्शन करनेवाला;<br>2. दिखानेवाला। | تھیکنیل؛<br>ہاوَن وول | थ्यकुन्यल;<br>हावन वोल | one who exhibits<br>showman. |
| प्रदर्शन | पु. | 1. दिखलाने की क्रिया, दिखाना;<br>2. असन्तोष, दुख आदि व्यक्त करने के लिए व्यक्तियों का सामूहिक रूप से संबद्ध अधिकारियों के अन्याय के विरोध में नारे आदि लगाते हुए निकाले जानेवाला जलूस। | ہاوُن؛<br>مُظاہِر | हावुन;<br>मुज़ाहिर | displaying, exhibition;<br>demonstration. |
| प्रदर्शनी | स्त्री. | वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुएं प्रदर्शित की जाएं। | نُمایش | नुमाइश | exhibition, exposition. |
| प्रदाता | पु. | देनेवाला, प्रदान करनेवाला। | داتُھ | दातु | giver, bestower. |
| प्रदान | पु. | देने की क्रिया या भाव। | دِیُن | द्युन | giving, granting, bestowing. |
| प्रदीप | पु. | दीपक, चिराग। | ژوٚنگ | चोंग | lamp, light. |
| प्रदीप्त | वि. | 1. जलता हुआ, जलाया हुआ;<br>2. उज्ज्वल, चमकीला;<br>3. उत्तेजित, जगाया हुआ। | دزوُن؛<br>چمکہ وُن؛<br>برٛیہہ وُن | दज़ुवुन;<br>चमकुवुन;<br>ब्रेहवुन | lighted, illuminated;<br>radiant, shining;<br>roused. |
| प्रदेश | पु. | 1. भूभाग का कोई खण्ड विशेष; | عَلاقہٕ؛ | अलाक़्; | region; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी संघ या राज्य की कोई इकाई। | صوٗبہٕ | सूबु | province. |
| प्रदोष | पु. | 1. सूर्य के अस्त होने का समय; | افتابہٕ لوسوٗن؛ | अफ़ताबु लोसवुन; | evening, nightfall; |
| | | 2. प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को किया जानेवाला उपवास या व्रत जिसमें सूर्यास्त से कुछ पहले ही शिव का पूजन करके भोजन किया जाता है। | پٕردوٗش (ترٕوٗش فاقہٕ) | प्रदूश (त्रुवुश फाक़) | the fast undertaken on the 13th day of each lunar fortnight. |
| प्रधान | वि. | सबसे बड़ा, मुख्य। | زیٛٹھ، پٕرداں | ज्युठ, प्रदान | chief, head, principal, president. |
| | पु. | नेता, सरदार, किसी सभा आदि का सभापति। | لیٖڈر | लीड़र | leader, president. |
| प्रधान कार्यलय | पु. | किसी व्यापारिक या अन्य संस्थान का मुख्य कार्यालय जहां से शाखा-कार्यालयों का नियंत्रण किया जाता है। | صدرٕ دفتر | सदुर दफ़तर | headquarter. |
| प्रधानता | स्त्री. | प्रधान होने की अवस्था, गुण या भाव। | زیٛچھر | ज़्यिछर | pre-eminence, principalship. chiefship. |
| प्रधान मंत्री | पु. | 1. किसी देश का सबसे बड़ा मंत्री; | وزیرِ اعظم، پٕردھان منتری؛ | वज़ीरि आज़म, प्रधानमंत्री; | prime minister; |
| | | 2. वह सबसे बड़ा मंत्री जिसके अधीन और भी कई विभागीय मंत्री हों। | جنرل سیکٹری | जनरल स्यकट्री | general-secretary, secretary general. |
| प्रधानचार्य | पु. | किसी महाविद्यालय का सर्वप्रमुख अध्यापक। | پٕرنسپل | प्रिंसुपल | principal. |
| प्रधानाध्यापक | पु. | किसी विद्यालय का सबसे बड़ा अध्यापक। | ہیڈ ماسٹر | ह्यड़ मास्टर | headmaster. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| प्रफुल्ल | वि. | (फूल) जो खिला हुआ हो, विकसित। | پھوٚلمُت | फ़ोलमुत | full-blown. |
| प्रबंध | पु. | 1. व्यवस्था; | اِنتِظام؛ | इन्तिज़ाम; | arrangement, management; |
| | | 2. निबन्ध। | مضموٗن | मज़मून | literary composition. |
| प्रबन्धक | पु. | 1. प्रबन्ध या व्यवस्था करनेवाला; | مُنتظِم؛ | मुनतज़िम; | organiser; |
| | | 2. किसी कार्यालय आदि का व्यवस्थापक। | مینیجر | मनीजर | manager. |
| प्रबन्ध-काव्य | पु. | काव्य का एक भेद जिसमें कोई कथा या घटना क्रमबद्ध रूप में कही गई हो। | ایپِک | इपिक | epic. |
| प्रबन्ध संपादक | पु. | पत्र-पत्रिकाओं की कार्यालयीय व्यवस्था का संपादक, अधिकारी। | موہتمِم ایڈیٹر | मोहतमिम ऐडिटर | managing editor. |
| प्रबन्ध-समिति | स्त्री. | किसी संस्था, सभा आदि के चुने हुए लोगों की वह समिति जो उसकी सब बातों की व्यवस्था करती है। | اِنتِظامی کمیٹی | इंतिज़ामी कमीटी | managing committee. |
| प्रबल | वि. | 1. जिसमें बहुत अधिक बल हो; | بلوان؛ | बलवान; | very strong, mighty, cogent; |
| | | 2. बहुत जोरों का, घोर या भारी। | طاقتھوٚر | ताकथवर | powerful. |
| प्रबुद्ध | वि. | 1. जागा हुआ, जाग्रत, जो होश में हो; | ہُشار؛ | हुशार; | awakened (who is in his senses), conscious; |
| | | 2. पंडित, ज्ञानी। | عالِم، پنڈِتھ | आलिम, पंडिथ | learned, enlightened. |
| प्रबोध | पु. | 1. जागना, जागरण; | بیدٲری؛ | बेदारी; | awaking (from sleep or ignorance), becoming conscious; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विषय का ठीक और पूरा ज्ञान। | اَصلی زان | असली ज़ान | real knowledge. |
| **प्रभंजन** | पु. | प्रचंड वायु, वैज्ञानिक क्षेत्र में, मुख्यतः वह बहुत तेज हवा जो 100 मील प्रति घंटे के हिसाब से चलती हो। | واوٕ طوفان | वावु तुफान | hurricane. |
| **प्रभा** | स्त्री. | प्रकाश, दीप्ति। | گاش | गाश | light, radiance. |
| **प्रभात** | पु. | प्रातःकाल। | سحر، پربات | सहर, प्रबात | day-break, dawn, morning. |
| **प्रभातफेरी** | स्त्री | प्रचार के उद्देश्य से विशेष प्रकार के नारे लगाते हुए, गाते बजाते हुए सवेरे बस्तियों में चक्कर लगाना। | پرباتٕ پھیرؠ | प्रबातु फीर्य | singing or slogan raising groups going round in the morning (to celebrate as an important event or for propaganda purposes). |
| **प्रभाती** | स्त्री. | प्रभात के समय गाए जानेवाले गीत। | پرباتٕ باتھ | प्रबातु बाथ | song in a tune or ragini peculiar to morning. |
| **प्रभामंडल** | पु. | दिव्य पुरुषों और देवताओं आदि के मुख के चारों ओर का वह आभायुक्त मण्डल जो चित्रों, मूर्तियों आदि में दिखाया जाता है। | گاشہِ منڈٕل | गाशि मण्डुल | a circle or halo of light (generally shown in pictures, statues, etc. of great persons or God etc.). |
| **प्रभाव** | पु. | 1. सामर्थ्य, प्रताप;<br>2. फल, परिणाम, असर। | اَثر؛<br>نتیجہ، پھل | असर;<br>नतीजु, फल | influence;<br>effect, impact. |
| **प्रभावकारी** | वि. | असरदार। | تاثیرٕ وول | तासीरु वोल | effective. |
| **प्रभाव-क्षेत्र** | पु. | आधुनिक राजतंत्र में वह प्रदेश जो किसी प्रबल और | اَثرٕچ حد | असरुच हद | sphere of influence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बड़े राज्य के प्रभाव या दबाव में रहता हो और जिस पर किसी दूसरे राष्ट्र का प्रभाव या हस्तक्षेप सहन न किया जाता हो। | | | |
| प्रभावशाली | वि. | प्रभाववाला। | اَثَر دار | असरदार | effective, influential, impressive. |
| प्रभावित | वि. | जिस पर किसी का प्रभाव पड़ा हो। | مُتاثِر | मुतासिर | influenced. |
| प्रभावी | वि. | प्रभावयुक्त, असरदार। | اثر کرؤن | असर करुवुन | effective. |
| प्रभु | पु. | 1. ईश्वर;<br>2. शासक, राजा;<br>3. स्वामी या श्रेष्ठ पुरुष का संबोधन। | اِیشور؛<br>راز، حکمران؛<br>پربوٗ | ईशुर;<br>राजु, हुकमरान;<br>प्रबू | God;<br>ruler, king;<br>Lord, master. |
| प्रभुता | स्त्री. | 1. प्रभु होने की अवस्था या भाव;<br>2. गौरव, महत्व। | زِچھر؛<br>بجر | ज़िछर;<br>बजर | lordship, supremacy;<br>greatness, importance. |
| प्रभुसत्ता | स्त्री. | सर्वप्रधान सत्ताधारी होने की अवस्था, गुण या भाव। | اِقتدار | इकतिदार | sovereignty. |
| प्रभूत | वि. | बहुत अधिक, प्रचुर। | سیٹھاہ | स्यठाह | plenty, abundant. |
| प्रभृति | | अव्य. इत्यादि, वगैरह। | بیترِ، وغار | बेतरि, वगार | etcetera (used at the end of comp.). |
| प्रभेद | पु. | भेद, प्रकार, किस्म। | ذاژ | ज़ाव् | variety, types, kinds. |
| प्रमत्त | वि. | 1. नशे में चूर;<br>2. असावधान, प्रमादयुक्त। | چتھ، مست؛<br>بےتوجہ | चथ, मस्त;<br>बेतवजुह | drunk, intoxicated;<br>inattentive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रमाण** | पुं. | 1. नाप या तौल; | مینٛژ؛ | मींच; | measure of any kind; |
| | | 2. वह साधन जिसके सहारे कोई बात सिद्ध की जाए, सबूत; | ثۄبوٗت؛ | सोबूत; | proof, testimony; |
| | | 3. जिसका वचन या निर्णय यथार्थ या आप्त माना जाए। | مجاز، پرمان | मजाज़, प्रमाण | authority, one whose word is an authority. |
| **प्रमाणन** | पुं. | कथन, लेख आदि के संबंध में यह कहना या सिद्ध करना कि यह ठीक और प्रामाणिक है। | تصدیٖق | तसदीक | certification. |
| **प्रमाणपत्र** | पुं. | वह पत्र या लेख जो किसी बात का प्रमाण माना जाए। | سَنَد | सनद | certificate. |
| **प्रमाणित** | वि. | 1. प्रमाण द्वारा सिद्ध; | ثابِتھ؛ | साबिथ; | proved; |
| | | 2. जिसके संबंध में किसी आधिकारिक व्यक्ति ने यह लिखा हो कि यह प्रामाणिक या सही है। | مُصدِقھ | मुसदिक़ु | authenticated. |
| **प्रमाणीकरण** | पुं. | प्रमाणन। | تصدیٖق شُدٕ | तसदीक शुदु | attestation, act or process of proving, certifying etc. |
| **प्रमाणीकृत** | वि. | जो प्रमाण के रूप में मान लिया गया हो या सिद्ध हो चुका हो। | تصدیٖق کرُن | तसदीक करुन | attested, proved, certified. |
| **प्रमाद** | पुं. | 1. गफलत, लापरवाही, अनवधानता; | غفلتھ؛ | गफ़लथ; | negligence, carelessness, inadvertence; |
| | | 2. नशा, उन्माद। | نَشہٕ | नशु | intoxication, insanity. |
| **प्रमादी** | वि. | 1. प्रमादयुक्त; | لاپرواہ؛ | लापरवाह; | negligent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पागल। | پاگل | पागल | insane. |
| प्रमुख | वि. | 1. प्रथम, मुख्य; 2. श्रेष्ठ, सम्मान्य, प्रतिष्ठित। | گوڑنیُک؛ کھسِتھ | गुड्न्युक; खसिथ | first, chief; best, respectabl honourable. |
| प्रमुखता | स्त्री. | प्रमुख होने की अवस्था, गुण या भाव। | زِچھر | ज़िछर | superiority, predominance. |
| प्रमेय | वि. | 1. जिसका अवधारण हो सके, जो समझ में आ सके; 2. जो प्रमाण द्वारा सिद्ध किया जा सके। | فِکرِ ترُن؛ تصدیق طلب | फ़िकिरि तरुन; तसदीक तलब | (the thing) which can be understo (the thing)to be proved. |
| | पु. | जिसे प्रमाण के द्वारा सिद्ध करना आवश्यक हो। | تھیوٗرَم | थ्योरम | theorem. |
| प्रमेह | पु. | एक रोग जिसमें शरीर की धातुएं अनेक रूपों में पैशाब के रास्ते निकला करती हैं। | پیشاب کسر، زل قصوٗر | पेशाबु कसर, ज़ल कुसूर | a urinary diseas |
| प्रमोद | पु. | हर्ष, आनन्द। | خُشی | ख़ुशी | merriment, joy. |
| प्रयत्न | पु. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जानेवाला प्रयास, कोशिश; 2. व्याकरण में गले और मुख के अन्दर की वह क्रिया या चेष्टा जो ध्वनियों के उच्चारण के लिए होती है। | کوٗشش؛ آوازکڈنُچ کوٗشش (گریمرس منز) | कूशिश; आवाज़ कड्नुच कूशिश (ग्रेमरस मंज़) | effort, attempt; mode of articulation. |
| प्रयत्नशील | वि. | किसी प्रकार के प्रयत्न या उद्योग में लगा हुआ। | جکھوُن | जखुवुन | one who makes efforts, diligent. |
| प्रयाण | पु. | 1. गमन, प्रस्थान; 2. युद्ध के लिए किया गया प्रस्थान; | پرستھان، روانگی؛ کوٗچ؛ | प्रस्थान, रवानुगी; कूच; | setting out, departure; the march (of a army); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. संसार से विदा होना। | مرُن | मरुन | death, departure (from the world) |
| **प्रयाणगीत** | पु. | युद्धभूमि की ओर प्रस्थान करते समय या किसी प्रकार के संघर्ष के लिए आगे बढ़ते समय मिलकर गाया जानेवाला गीत। | روانٕگی ہُنٛد بٲتھ | रवानुगी हुंद्य बाथ | marching song. |
| **प्रयास** | पु. | प्रयत्न, कोशिश। | جَتَن | जतुन | effort, endeavour |
| **प्रयुक्त** | वि. | जिसे प्रयोग या व्यवहार में लाया गया हो अथवा लाया जा रहा हो। | استیمال شُدہ | इस्तेमाल शुद् | used, employed. |
| **प्रयोक्ता** | पु. | किसी वस्तु को प्रयोग में लानेवाला। | استیمٲلۍ | इस्तेमाल्य | one who uses or employs. |
| **प्रयोग** | पु. | 1. किसी चीज या बात को आवश्यकता अथवा अभ्यासवश काम में लाना, इस्तेमाल, व्यवहार; | استیمال؛ | इस्तिमाल; | use; |
| | | 2. (अस्त्र-शस्त्र) चलाना या छोड़ना; | چلاوُن، ترٛاوُن؛ | चलावुन, त्रावुन; | hurling, casting; |
| | | 3. अमल में लाना या बरतना; | ورتاوُن؛ | वरतावुन; | application; |
| | | 4. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्रों में, किसी प्रकार का अनुसंधान करने या कोई नई बात ढूंढ निकालने के लिए की जानेवाली कोई परीक्षणात्मक क्रिया अथवा उसका साधन। | تجرُبہ، مشاہدٕ | तजरुब्, मुशाहिद् | experiment. |
| **प्रयोगवाद** | पु. | भाषा, विषय, छंद आदि संबंधी पुरानी परंपरा के विरोधी नए-नए प्रयोग | تجرُباتیتھ | तजरुबातियथ | experimentalism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | करते रहने की आधुनिक साहित्यिकों की प्रवृत्ति जिसमें पाठकों को चौंका देने की अत्यधिक लालसा निहित होती है। | | | |
| **प्रयोगवादी** | वि. | प्रयोगवाद-संबंधी। | تجرُباتیُچ متلق | तजरुबातियच् मुतलक | pertaining to experimentalism. |
| | पु. | जो प्रयोगवाद का पोषक या समर्थक हो। | تجرُباتی | तजरुबाती | experimentalist. |
| **प्रयोगशाला** | स्त्री. | वह स्थान जहां पदार्थ-विज्ञान, रसायन-शास्त्र आदि विषयक तथ्यों को समझने या नई बातों का पता लगाने की दृष्टि से विविध प्रयोग किए जाते हैं। | لیباٹری | ल्यबाट्री | laboratory. |
| **प्रयोजन** | पु. | 1. प्रवृत्ति का कारणभूत उद्देश्य, हेतु; 2. अर्थ, अभिप्राय; 3. उपयोग। | ضۆرُورتھ/مقصد/ غرض؛ مطلب؛ فائدٕ | ज़ोरूरथ, मकसद, गरज; मतलब; फायदु | intention, motive, purpose; signification; use. |
| **प्रयोज्य** | वि. | जो प्रयोग में लाया जाने को हो अथवा लाया जा सके। | اِستعمالی | इस्तिमाली | to be used or employed or practised. |
| **प्रलयंकर** | वि. | प्रलयकारी, सर्वनाशकारी। | پرلیکاری | प्रलयकारी | catastrophical. |
| **प्रलय** | पु. | 1. संसार का अपने मूल कारण प्रकृति में सर्वथा लीन हो जाना, सृष्टि का सर्वनाश; 2. भयंकर नाश या बरबादी। | پرلے/قیامتھ؛ برٕبادی | प्रलय, कयामथ; बोरबादी | universal dissolution or destruction; devastation. |
| **प्रलाप** | पु. | मानसिक विकार या शारीरिक कष्ट के कारण पागलों की तरह बेसिर पैर की बात करना, बकवास। | بکواس | बकवास | delirium. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रलेख | पु. | दस्तावेज, अनुबंधपत्र। | دَستاویز | दस्तावेज़ | document. |
| प्रलोभन | पु. | 1. लालच;<br>2. ललचानेवाली वस्तु। | لالچ،<br>لۆبُن چیز | लालच;<br>लूखुन चीज़ | temptation;<br>causing to lust after, tempting. |
| प्रवंचना | स्त्री. | ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता। | ٹھگل | ठगिल | deceit, fraud. |
| प्रवक्ता | वि. | प्रवचन करनेवाला। | وَنن وول | वनन वोल | one who tells or imparts or relates. |
| | पु. | वह जो किसी शासक-मंडल, संस्था आदि की ओर से आधिकारिक रूप से कोई बात कहता या मत प्रकट करता हो। | وَنن وول،<br>کانٛسہِ ہُنٛدِ طرف<br>بولن وول | वनन वोल,<br>कांसि हुन्दि तरफ़<br>बोलन वोल | spokesman. |
| प्रवचन | पु. | 1. धार्मिक, नैतिक आदि गंभीर विषयों में परोपकार की दृष्टि से कही जानेवाली अच्छी तथा विचारपूर्ण बातें;<br>2. उपदेशपूर्ण भाषण;<br>3. किसी विषय को अच्छी तरह और पांडित्यपूर्वक समझाना। | واز، درمہ کتھ،<br>وۄپدیش،<br>فِکرِ ترُن | वाज़, दरमु कथ;<br>वुपदीश;<br>फिकिरि तरुन | a (religious) discourse;<br>sermon;<br>explanation, interpretation. |
| प्रवण | वि. | किसी काम या बात की ओर प्रवृत्त। | رُحجان | रुहजान | inclined towards. |
| प्रवणता | स्त्री. | प्रवण होने की अवस्था, गुण या भाव। | رُحجانیتھ | रुहजानियथ | inclination, propensity. |
| प्रवर | वि. | 1. सबसे अच्छा, बढ़कर या श्रेष्ठ;<br>2. अवस्था या वय में सबसे बड़ा;<br>3. अधिकार, योग्यता आदि में सबसे बड़ा माना जाने वाला। | کھسِتھ،<br>زیُٹھ،<br>تھۄد | खसिथ;<br>ज़्युठ;<br>थोद | best, excellent;<br>senior;<br>superior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रवर समिति** | स्त्री. | किसी विषय की छानबीन करने के लिए या उसके बारे में निश्चित मत प्रकट करने के लिए बनाई गई वह समिति जिसमें विशेष योग्यतावाले व्यक्ति रखे जाते हैं। | سلیکٹ کمیٹی | सिल्यक्ट कमीटी | select committe |
| **प्रवर्तक** | पु. | 1. किसी काम या बात का आरंभ या प्रचलन करने वाला; | بانی، بانی کار؛ | बानी, बानीकार; | a pioneer; |
| | | 2. प्रेरित करनेवाला। | وُتِش دِنہٕ وول | वुतिश दिनु वोल | one who inspire |
| **प्रवर्तन** | पु. | 1. प्रवृत्त करना, आरम्भ करना, चलाना; | شوٗروٗ کرُن؛ | शोरू करुन; | act of pioneerin |
| | | 2. प्रेरित करना, उभारना; | وُتِش دِنۍ ؛ | वुतिश दिन्य; | prompting, inciting; |
| | | 3. जारी करना। | جاری کرُن | जारी करुन | to issue, to enfor |
| **प्रवाद** | पु. | लोगों में प्रचलित बात, किंवदंती। | کہاوتھ | कहावथ | saying. |
| **प्रवास** | पु. | परदेश में रहना, विदेशवास। | جلاے وطنی | जलायिवतनी | the act of dwelli abroad. |
| **प्रवासित** | वि. | देश से निकाला हुआ। | جلاے وطن | जलायिवतन | exiled. |
| **प्रवासी** | वि. | परदेश में रहनेवाला; जो प्रवास में हो। | | | who dwells abro |
| **प्रवाह** | पु. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | وسُن (آب بیتر)؛ | वसुन (आब बेतरि); | flowing or streaming forth; |
| | | 2. बहाव, जल आदि की धारा; | جوٗے، جوے، بہاو؛ | जोय, जुय, बहाव; | flow, running water, current; |
| | | 3. किसी वस्तु का अटूट क्रम; | لگاتار پکُن؛ | लगातार पकुन; | an unbroken sequence; |
| | | 4. शवादि को नदी के पानी में बहा देना। | ییر ژھنُن (شو بیترِ) | यीरु छुनुन (शव बेतरि) | to float the corp in the water. |
| **प्रवाहिका** | स्त्री. | पेचिश, संग्रहणी रोग। | پیچش، دستہٕ | पीचिश, दस्त | diarrhoea. |

| ंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ाहित** | वि. | बहाया हुआ। | ییرٕ ژھنمُت | यीर् छ्नमुत | flowed. |
| **विष्ट** | वि. | 1. अन्दर गया हुआ, अन्दर पहुँचा हुआ;<br>2. जिसकी प्रविष्टि हुई हो। | اَندر ژامُت؛<br>داخل گوٚمُت | अन्दर चामुत;<br>दाखुल गोमुत | one who has entered or gone or come into;<br>admitted. |
| **विष्टि** | स्त्री. | 1. प्रवेश;<br>2. बही आदि में लेखे, विवरण आदि लिखना;<br>3. इस प्रकार लिखी जाने-वाली कोई बात, विवरण या रकम। | درواز٘، اژُن؛<br>لیکھُن؛<br>لیکھُن (رقم بیتر) | दरवाज़ु अचुन;<br>लेखुन;<br>लेखुन ( रकम बेतरि) | entrance.<br>entry (in the register etc.):<br>particulars to be entered (in the register etc.). |
| **प्रवीण** | वि. | निपुण, कुशल। | ہونرمند | हुनरमंद | proficient, skilled. |
| **प्रवीणता** | स्त्री. | निपुणता, कौशल। | ہونرمندی | हुनरमंदी | proficiency, skill. |
| **प्रवृत्त** | वि. | प्रवृत्तियुक्त, लगा हुआ, रत। | لوٚگمُت | लोगमुत | engaged (in), occupied (with). |
| **प्रवृत्ति** | स्त्री. | 1. मन का किसी विषय की ओर झुकाव;<br>2. किसी नियम का किसी प्रसंग में लागू होना। | ترٛاے، رُجحان؛<br>لوگوٗ گژھُن | त्राय, रोहजान;<br>लोगू गछुन | trend, tendency;<br>the applicability or validity of a rule. |
| **प्रवृत्ति मार्ग** | पु. | जीवन यापन का वह प्रकार जिसमें मनुष्य सांसारिक कार्यों और बंधनों में पड़ा रहता है। | دُنیاوی زال | दुनियावी जाल | (the path of) active association with and interest in mundane affairs. |
| **प्रवेश** | पुं. | 1. अन्दर जाने की क्रिया या भाव;<br>2. किसी विशिष्ट संस्था आदि में भरती होना;<br>3. गति, पहुंच;<br>4. किसी विषय की होने वाली प्राथमिक या साधारण जानकारी। | داخلہٕ؛<br>بٔرتی گژھُن؛<br>رسائی، پوٚنچھ؛<br>ابتدائی زان | दाखिल;<br>बर्ती गछुन;<br>रसायी, पोंछ;<br>इब्तिदायी ज़ान | entering, entrance;<br>admission;<br>access, approach;<br>preliminary knowledge (of a subject). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवेश-द्वार | पु. | भीतर जाने का द्वार या रास्ता। | ڈیڈ٘ر | डीड़्य | entrance gate. |
| प्रवेश-पत्र | पु. | वह पत्र जिसके द्वारा कहीं प्रवेश करने का अधिकार प्राप्त हो। | پاس | पास | pass. |
| प्रवेश-शुल्क | पु. | प्रवेश पाने का अधिकार प्राप्त करने के लिए दिया जानेवाला धन। | ایڈمِشن فیس، داخلہٕ فیس | एड़मिशन फीस, दाखलु फीस | admission fee. |
| प्रवेशिका | स्त्री. | 1. प्रवेशपत्र या प्रवेश-शुल्क;<br>2. आरम्भिक शिक्षा के उपरान्त ली जानेवाली परीक्षा जिसमें उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी होता है। | ایڈمِشن یا داخلہٕ؛<br>ابتدائی ٹیسٹ | एड़मिशन या दाखलु;<br>इब्तिदायी ट्यस्ट | pass or admission fee;<br>preliminary test. |
| प्रव्रजन | पु. | 1. संन्यास लेना;<br>2. अपना देश छोड़कर दूसरे देश में बसने के लिए जाना। | سنیاس ہیوٗن،<br>ہِجرتھ، دیشٕ تیاگ | सन्यास ह्योन;<br>हिजरथ, दीशुत्याग | renunciation;<br>migration. |
| प्रशंसक | पु. | प्रशंसा करनेवाला। | تارٕیف کرَن وول | तारीफ करन वोल | admirer, one who praises. |
| प्रशंसनीय | वि. | प्रशंसा करने योग्य, प्रशंसा का अधिकारी या पात्र। | تارٕیفس لایق | तारीफस लायक | to be praised, praiseworthy, laudable. |
| प्रशंसा | स्त्री. | गुणों का बखान, गुणकीर्तन, तारीफ। | تارٕیف | तारीफ | praise, admiration, commendation. |
| प्रशंसित | वि. | जिसकी प्रशंसा की गई हो। | تارٕیف شُدٕ | तारीफ शुदु | praised, admired, commended. |
| प्रशमन | पु. | 1. शांत करना; | امنٕچ بحالی؛ | अमुनच बहाली; | restoration of peace; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. रोग आदि को दबाना;<br>3. नाशन, ध्वंस। | اَنگ یُن، دَبنۍ؛<br>مارُن | अंग युन, दबुन्य;<br>मारुन | curing, healing;<br>killing, slaughter. |
| **प्रशस्त** | वि. | 1. जिसकी प्रशंसा की गई हो या हुई हो;<br>2. श्रेष्ठ, उत्तम;<br>3. विस्तृत, लंबा-चौड़ा। | تارِیفٕ شُدٕ؛<br>کھَسِتھ؛<br>کھُلِ، ڈُلِ، | तारीफ शुद;<br>खसिथ;<br>खुलु-डुलु, | praised, commended;<br>excellent, best;<br>vast, spacious. |
| **प्रशस्ति** | स्त्री. | 1. प्रशंसा, स्तुति;<br>2. किसी की प्रशंसा में लिखी गई कविता; | لَمبِ چوڑ<br>تارِیف، توٗتا؛<br>قصیدٕ؛ | लम्बु चोड<br>तारीफ, तुता;<br>कसीद; | praise, admiration;<br>panegyric or small poem written in praise of anyone; |
| | | 3. ग्रन्थों के आदि अथवा अंत का वह भाग जिसमें उनके कर्ता, रचनाकाल, विषय आदि का उल्लेख रहता है। | دیباچہِ، گوڑکتھ | दीबाचि, गुडकथ | introduction, preface. |
| **प्रशस्य** | वि. | प्रशंसनीय, स्तुत्य। | قابِلِ تارِیف | काबिलि तारीफ | praiseworthy, commendable. |
| **प्रशांत** | वि. | बहुत अधिक शांत या स्थिर। | سوکھ، شانتھ | सुख, शांथ | tranquillized, composed. |
| **प्रशाखा** | स्त्री. | बड़ी शाखा में निकली हुई छोटी शाखा। | لَنڈ | लंड | small branch or twig. |
| **प्रशासक** | पु. | शासन करनेवाला अधिकारी। | حاکِم | हाकिम | administrator. |
| **प्रशासकीय** | वि. | दे० 'प्रशासनिक'। | 'प्रशासनिक' وُچھِو | वुछिव 'प्रशासनिक' | see 'प्रशासनिक'. |
| **प्रशासन** | पु. | सार्वजनिक व्यवस्था की दृष्टि से किया जानेवाला कार्य, शासन। | حکوٗمتھ | हुकूमथ | administration, rule. |
| **प्रशासनिक** | वि. | प्रशासन-संबंधी, प्रशासन का। | سرکاری | सरकारी | administrative. |
| **प्रशासित** | वि. | जिसका शासन हो रहा हो। | زیرِ حکوٗمتھ | ज़ेरि हुकूमथ | governed, administered. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रशिक्षक** | पु. | प्रशिक्षण देनेवाला। | ہیدایتھ کار | ह्यादयथकार | instructor (one who instructs). |
| **प्रशिक्षण** | पु. | किसी व्यावहारिक या प्रायोगिक शिक्षा-पद्धति से दी जानेवाली या प्राप्त की जानेवाली विशेष शिक्षा। | ٹریننگ، تربیتھ | ट्रेनिंग, तरबियथ | training. |
| **प्रशिक्षणार्थी (प्रशिक्षार्थी)** | पु. | प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक या उम्मीदवार। | زیرِ تربیتھ | ज़ेरि तरबियथ | trainee. |
| **प्रशिक्षित** | वि. | जिसने किसी विशेष प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। | تربیت یافتہ | तरबियथ याफ़्त | trained (one who has taken special training). |
| **प्रशीतक** | पु. | एक विशिष्ट प्रकार की लोहे की अलमारी जिसमें औषध, खाद्य-पदार्थ आदि ठंडे रखने और विकृत होने से बचाने के लिए रखे जाते हैं। | فرِج | फ़्रिज | refrigerator. |
| | वि. | बहुत अधिक ठंडा करने या रखनेवाला। | سرد تھوَن وول، یکھ کرن وول | सरुद थवन वोल, यख करन वोल | refrigerant. |
| **प्रशीतन** | पु. | बहुत अधिक ठंडा करना या रखना। | سرد تھوُن، ٹھنڈ کرُن | सरुद थवुन, ठंड करुन | refrigeration. |
| **प्रश्न** | पुं. | 1. वह बात जिसका उत्तर अभीष्ट हो या दिया जाता हो;<br>2. समस्या। | سوال، پرشن؛<br>مسلہ | सवाल, प्रशन;<br>मसलु | question, interrogation, query;<br>problem. |
| **प्रश्न-चिह्न** | पु. | 1. लेखन आदि में प्रश्नात्मक वाक्यों के अंत में लगाया जोनवाला विराम चिह्न;<br>2. विकट समस्या जिसका कोई उपाय न सूझ रहा हो। | سوالیہ نشان؛<br>مسلہ (حل نہ گژھن لایق)، معمہ | सवालियि निशान;<br>मसलु ( हल न गुछन लायक), मुअमु | mark of interrogation;<br>insoluble problem. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्नावली | स्त्री. | 1. प्रश्नों की सूची;<br>2. किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाली वह सूची जो आधिकारिक रूप से किसी बात की जांच करने या अभिमत प्राप्त करने के लिए संबद्ध लोगों के पास भेजी जाती है। | سوالن ہُنٛد فِہرِس؛<br>سوالنامہٕ | सवालन हुँद फिहरिस;<br>सवालनामु | list of questions;<br>questionnaire. |
| श्नोत्तर | पु. | प्रश्न और उसका उत्तर। | سوال جواب | सवाल जवाब | question and answer. |
| श्नोत्तरी | स्त्री. | किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाले प्रश्नों और उनके उत्तरों का संग्रह, विशेषतः ऐसा संग्रह जिसमें इस प्रकार किसी विषय का स्वरूप स्पष्ट किया गया हो। | سوال جوابن ہُنٛد مجموٗعہ | सवाल जवाबन हुँद मजमुअ् | catechism. |
| प्रश्रय | पु. | सहारा, आश्रय। | ڈۄکھ، آسرٕ | डोख, आसर् | support, shelter. |
| प्रश्वास | पु. | बाहर आती हुई सांस। | ترٛاوَن شاہ | त्रावन शाह | breathing out. |
| प्रसंग | पु. | 1. विषय का तारतम्य, प्रकरण;<br>2. मैथुन। | ضِمن، تذکِرٕ؛<br>صۄحبتھ کرٕنۍ | ज़िमन, तज़किर्;<br>सोहबथ करुन्य | context;<br>intercourse. |
| प्रसंगवश | क्रि. वि. | प्रसंग उपस्थित होने पर। | الغٲبہٕ | अलगाब | incidentally. |
| प्रसन्न | वि. | 1. संतुष्ट और प्रफुल्लित;<br>2. निर्मल, स्वच्छ। | خوش؛<br>صاف، شۄد | खुश;<br>साफ़, शोद | pleased, happy;<br>pure, clear. |
| प्रसन्नता | स्त्री. | 1. प्रसन्न होने की अवस्था या भाव, हर्ष;<br>2. स्वच्छता, निर्मलता। | خوشی؛<br>شوزُر، صفٲیی | खोशी;<br>शुज़र सफायी | cheerfulness;<br>clearness, purity. |
| प्रसव | पु. | 1. बच्चा जनना;<br>2. उत्पत्ति, बच्चों का होनेवाला जन्म; | پرٛسُن؛<br>زیٚوُن؛ | प्रसुन;<br>ज्यवुन; | delivery;<br>birth; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. जन्मा हुआ बच्चा, संतान। | زامُت (بچہ) | ज़ामुत (बचु) | children. |
| प्रसाद | पु. | 1. देवी-देवता को भोग लगाई गई वस्तु जो भक्त-जनों में बांटी जाती है; | نٔوید، توبرکھ؛ | नवीद, तोबरुख; | offering to an ido (and later distributed amongst devotees) |
| | | 2. स्वच्छता, निर्मलता; | شوٗزر، | शुजर; | clearness, purity; |
| | | 3. कृपा, अनुग्रह; | وَر، آہی؛ | वर, आही; | boon, blessing; |
| | | 4. महात्मा या गुरु की जूठन; | گورٕ سُنٛد پرٛساد؛ | गुर सुंद प्रसाद; | the remnant of food left by a spiritual teacher; |
| | | 5. काव्य का एक गुण जिससे रचना का आशय समझने में कुछ भी कठिनता नहीं होती तथा उससे हृदय में उद्दीप्त भावों का संचार अनायास हो जाता है। | پرٛساد (اکھ گوٗن)، فصیح (شاعری ہُنٛد طرز) | प्रसाद (अख गुण), फसीह (शायिरी हुन्द तरज) | lucidity (of the style of writing etc.). |
| प्रसाधन | पु. | 1. बनाव-श्रृंगार; | پاراو؛ | पाराव; | make-up; |
| | | 2. श्रृंगार की सामग्री; | شِنگار، | सिंगार; | toilet; |
| | | 3. किसी चीज को अच्छी तरह काट-छांटकर अथवा परिष्कृत करके काम में आने के योग्य बनाना; | گرُن، شیرُن؛ | गरुन, शेरुन; | dressing; |
| | | 4. वे पदार्थ या सामग्री जो किसी काम के लिए आवश्यक और उपयोगी हों, उपस्कर, साधन। | سامانٕ | सामानु | equipment. |
| प्रसार | पु. | 1. फैलाने की क्रिया; | پھہلاوُن؛ | फहलाव; | spreading or stretching out; |
| | | 2. फैलाव, संचार। | وُسجار | वुसुजार | extent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रसारण** | पु. | 1. आकाशवाणी द्वारा समाचार, गीत आदि का लोगों को सुनाने के लिए प्रस्तुत करना; | نشر کرُن؛ | नशर करुन; | broadcasting; |
| | | 2. फैलाना। | واہراوُن، دوٗر دوٗر تام واتناوُن | वाहरावुन, दूर दूर ताम वातुनावुन | expanding, expansion. |
| **प्रसारित** | वि. | 1. आकाशवाणी के द्वारा प्रस्तुत किया हुआ; | نشر سپُدمُت؛ | नशर सपुदमुत; | broadcast; |
| | | 2. फैलाया हुआ। | واہروومُت | वाहरोवमुत | expanded. |
| **प्रसिद्ध** | वि. | ख्यात, मशहूर। | مشہوٗر | मशहूर | famous, well-known. |
| **प्रसिद्धि** | स्त्री. | प्रसिद्ध होने की अवस्था, गुण या भाव। | شوٚہرتھ | शोहरथ | fame, renown. |
| **प्रसुप्त** | वि. | 1. सोया हुआ; | شوٚنگمُت؛ | शोंगमुत; | asleep; |
| | | 2. निष्क्रिय, **निश्चेष्ट**। | بےٚ حِس | बेह्यस | dormant. |
| **प्रसूत** | वि. | उत्पन्न, संजात। | دوٚتلیومُت، زامُت | वुतुल्योमुत, ज़ामुत | born, brought forth, delivered. |
| **प्रसूता** | स्त्री. | वह स्त्री जिसे कुछ ही काल पूर्व बच्चा पैदा हुआ हो। | لوٚسہ | लोसु | a woman who has brought forth a child recently. |
| **प्रसूति** | स्त्री. | 1. प्रसव, उत्पत्ति; | پرٚسُن؛ | प्रसुन; | delivering, bringing forth; |
| | | 2. संतान। | شُر | शुर | child. |
| **प्रसूति-गृह** | पु. | बच्चा जनने का घर या स्थान। | لوسہٕ گر | लोसु गर् | maternity home. |
| **प्रसून** | पुं. | पुष्प, फूल। | پوش | पोश | flower, blossom. |
| **प्रस्तर-कला** | स्त्री. | पत्थरों को काट-छांटकर उनकी विशिष्ट आकृतियाँ आदि बनाने की कला या विद्या। | مرٕزگری، سنگتراشی | मुर्चुगरी, संगतराशी | sculpture. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रस्ताव | पु. | 1. वह नई बात जो किसी के सामने इस उद्देश्य से विचारार्थ रखी जाए कि यदि वह उसे उपयुक्त समझे तो मान ले और उसके अनुसार कार्य करे; | تجویز؛ | तजवीज़; | resolution, proposal; |
| | | 2. सभा के सामने रखी हुई बात ताकि यदि अधिकांश सदस्य मान लें तो भविष्य में उसके अनुसार कार्य हो। | تحریک | तहरीक | motion. |
| प्रस्तावक | पु. | प्रस्ताव करनेवाला। | تجویز کرن وول | तजवीज़ करन वोल | one who proposes |
| प्रस्तावना | स्त्री. | 1. आरंभ; | دس، گوڈ؛ | दस, गुड; | beginning; |
| | | 2. नाटक के आरंभ में सूत्रधार का नटी, विदूषक आदि के साथ होनेवाला संलाप जिसमें परिचय आदि रहता है; | گوڈِ شیچھ، (پاتھرس بیترِ مُتلق)؛ | गुड् शेछ, (पाथरस बेतरि मुतलक): | introductory dialogue (the prologue) at the beginning of a drama between the manager and one of the actors, which after giving an account of the author and his qualifications introduces the audience to the incidents of the drama; |
| | | 3. किसी ग्रन्थ का वह आरंभिक वक्तव्य जिसमें उससे सम्बन्धित कुछ मुख्य बातों का विवेचन किया जाता है। | گوڈِ کتھ | गुड्कथ | introduction. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रस्तावित | वि. | जिसके लिए या जिसके विषय में प्रस्ताव हुआ हो या किया गया हो। | تجویز شدہ | तजवीज़ शुद् | proposed. |
| प्रस्तुत | वि. | 1. जो इस समय उपस्थित या वर्तमान हो, मौजूद; | حاضر؛ | हाज़िर; | present; |
| | | 2. प्रकरण-प्राप्त, प्रासंगिक; | رلیوٗن؛ | रलुवुन; | relevant; |
| | | 3. उद्यत, तैयार। | تیار | तयार | ready, produced. |
| प्रस्तोता | वि. | प्रस्तावक, प्रस्तुत करनेवाला। | تجویز کرن ووݪ | तजवीज़ करन वोल | one who proposes or presents. |
| प्रस्थान | पु. | 1. यात्रा आरंभ करना, रवानगी; | روانگی؛ | रवानगी; | departure; |
| | | 2. युद्ध-यात्रा, कूच; | کوٗچ؛ | कूच; | march, the march of an army; |
| | | 3. आस्तिक हिन्दुओं की एक प्रथा जिसमें शुभ मुहूर्त में यात्रा आरंभ न कर सकने पर प्रतीक रूप में गंतव्य स्थान की दिशा में कहीं कुछ रख दिया जाता है। | پرستھان (کڈُن) | प्रस्थान ( कॅडुन) | formality of starting (for journey by keeping some part of luggage away from house ). |
| प्रस्थापन | पु. | 1. प्रमाणों आदि से सिद्ध करते हुए कोई विषय किसी के सामने उपस्थित करना; | ثابت کرُن؛ | साबित करुन; | proving, demonstrating; |
| | | 2. मशीनों, यंत्रों आदि को किसी स्थान पर लगाना। | لاگُن (کارخانہ بیتر) | लागुन ( कारखानु बेतरि) | installation. |
| प्रस्फुटन | पु. | 1. (फूलों का) खिलना; | پھولُن؛ | फुलुन; | opening up, blooming; |
| | | 2. प्रकट होना, व्यक्त होना। | نَنُن | ननुन | becoming distinct. |
| प्रस्फुटित | वि. | खिला हुआ, विकसित। | پھۄلمُت | फ़ोलमुत | bloomed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रहर | पु. | दिन का आठवां भाग। | پٔہر | पंहर | the eighth part of a whole day. |
| प्रहरी | पु. | 1. पहरेदार;<br>2. पहर-पहर पर घंटा बजानेवाला कर्मचारी। | پہرٕدار؛<br>گنٹالۍ | पहरदार;<br>गंटाल्य | watchman, bellman;<br>one who announce the hours by striki a bell. |
| प्रहसन | पु. | एक प्रकार का रूपक जो भाण की तरह हास्य रस-प्रधान होता है। इसका विषय प्रायः कवि-कल्पित होता है तथा उसमें हेय आचार-विचार की खिल्ली उड़ाई जाती है। | اکھ اَسَن پاتھر | अख असन पाथुर | kind of comedy or farce. |
| प्रहार | पु. | आघात, वार। | وار | वार | stroke, blow. |
| प्रहेलिका | स्त्री. | पहेली। | پرٕژھ | प्रेच | riddle, puzzle. |
| प्रांगण | पु. | मकान के आगे या अंदर छोड़ा हुआ खुला स्थान, आंगन। | آنگُن | आंगुन | court-yard. |
| प्रांजल | वि. | सरल, सुबोध (भाव या भाषा)। | آسان، سہل | आसान, सैहल | lucid, clear language etc. |
| प्रांत | पु. | 1. किसी देश का कोई बड़ा भाग, प्रदेश;<br>2. छोर, किनारा, सिरा। | صوٗبہٕ؛<br>ڈٔندٕر | सूब;<br>दन्दुर | province, territory;<br>edge, border. |
| प्रांतीय | वि. | प्रांत संबंधी, प्रांत का। | صوٗبٲیی | सूबांयी | pertaining to a province, provincial. |
| प्रांतीयता | स्त्री. | अपने प्रांतवासियों के प्रति मोह या पक्षपात की भावना जिसके कारण | صوٗبٲییتھ | सूबांयियथ | provincialism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अन्य प्रांतवासियों के प्रति उदासीनता या उपेक्षा दिखाई जाती है। | | | |
| प्राइमर | स्त्री. | किसी भाषा की वर्णमाला आदि सिखानेवाली प्रारंभिक पुस्तक। | قٲیِدٕ | कॉयिद् | primer. |
| प्राइमरी | वि. | आरंभिक, प्राथमिक। | بُنیادی | बुनियादी | primary. |
| प्राकार | पु. | नगर या किले के चारों ओर रक्षा के लिए बनाई गई दीवार, परकोटा। | قلاے | कलाय | surrounding wall of city, fort etc. |
| प्राकृत | स्त्री. | संस्कृत से भिन्न एक भाषा जिसका प्रयोग संस्कृत नाटकों में स्त्री तथा अन्य निम्न-वर्गीय पात्रों आदि के मुख से कराया जाता है। | پراکرت | प्राकृत | an ancient language of India, different from Sanskrit, generally used in Sanskrit plays for dialogues spoken by females and other low characters. |
| | वि. | 1. प्रकृति संबंधी, प्रकृति का; | فطری؛ | फितरी; | pertaining to nature; |
| | | 2. असंस्कृत, जो अपने उसी मूल रूप में हो जिसमें उसे प्रकृति ने उत्पन्न किया हो; | قودرتی؛ | कुदरती; | natural, original; |
| | | 3. उजड्ड, अशिक्षित; | غاَرمُہذِب؛ | गॉय मुहज़िब; | uncivilized, uneducated; |
| | | 4. स्वाभाविक; | قودرتی؛ | कुदरती; | natural; |
| | | 5. साधारण, मामूली। | موموٗلی | मोमूली | ordinary. |
| प्राकृतिक | वि. | 1. नैसर्गिक, प्रकृति से उद्भूत; | فطری؛ | फितरी; | natural, derived from nature; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मनुष्य की प्रकृति या स्वभाव से संबंध रखनेवाला। | اِنسانی فطرتس سۍتی وابستہٕ | इन्सानी फितरतस सूत्य वाबस्तु | pertaining to human nature. |
| प्राक्कथन | पु. | पुस्तक के विषय आदि के संबंध में प्रारंभ में कही जानेवाली बात, प्रस्तावना। | دیباچہٕ، گوڈٕکتھ | दीबाचि, गुडुकथ | foreword. |
| प्राक्कलन | पु. | अनुमान या संभावना के आधार पर पहले से किया जानेवाला आकलन या गणना, तखमीना। | اندازٕ | अन्दाजु | estimate. |
| प्रागैतिहासिक | वि. | क्रमबद्ध रूप में प्राप्त होनेवाले लिखित इतिहास से पूर्वकाल का। | تواریخِ برٕہیُم، آدِکالُک | तवारीखि ब्रुह्युम, आदिकालुक | pre-historic. |
| प्राचार्य | पु. | प्रधानाचार्य। | پرنسپُل | प्रिंसिपुल | principal. |
| प्राची | स्त्री. | पूर्व दिशा। | پوٗر، مشرِق | पूर, मशरिख | the east. |
| प्राचीन | वि. | पहले का, पुराना। | قدیٖم، پرٛون | कदीम, प्रोन | ancient, old. |
| प्राचीनता | स्त्री. | प्राचीन होने का भाव, पुरानापन। | قدامتھ، پرانیُر | कदामथ, प्रान्युर | antiquity, oldness. |
| प्राचीर | स्त्री. | नगर, किले आदि के चारों ओर रक्षा के लिए बनाई दीवार, परकोटा, चहारदीवारी। | قلاے | कलाय | surrounding wall of city, fort etc., parapet. |
| प्राचुर्य | पु. | आधिक्य, बहुतायत। | ووفوٗری | वोफूरी | abundance, plenty. |
| प्राच्य | वि. | पूरब का, पूरबी। | مشرِقی، پوٗرٕیُک | मशरिकी, पूर्युक | of the east, eastern. |
| प्राण-त्याग | पु. | मृत्यु, मर जाना। | مرُن | मरुन | abandonment of life, death. |
| प्राण-दण्ड | पु. | गंभीर अपराध के लिए किसी को दी जानेवाली मौत की सजा। | سزاے موت | सज़ा-इ मौत | capital punishment. |

| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्राणदान** | पु. | 1. किसी में प्राण डालना या उसे प्राणों से युक्त करना; | نوٛو زُو ژانُن، زیٖوادان؛ | नोव जुव चानुन, जीवादान; | restoration of life; |
| | | 2. किसी के प्राणों की रक्षा करना। | زُو راچھ | जुव राछ्य | gift of life, i.e. saving a person's life. |
| **प्राणधारी** | पु. | जीव, प्राणी। | زیٖو | जीव | living being, organism, a creature. |
| **प्राणपण** | पु. | जान की बाजी। | زُوس گِنٛدُن | जुवस गिन्दुन | at the stake of one's life. |
| **प्राणप्रतिष्ठा** | स्त्री. | 1. किसी में प्राण डालकर उसे सजीव बनाना; | نوٛو زُو ژانُن؛ | नोव जुव चानुन; | infusion, injectment of Life; |
| | | 2. नवीन देव-प्रतिमा का एक संस्कार जिसमें मंत्रों द्वारा प्रतिमा में देवता का आह्वान किया जाता है और उसके बाद ही वह पूजा के उपयुक्त होती है। | زیٖوادان | जीवादान | ceremony of consecrating an idol. |
| **प्राणवायु** | स्त्री. | 1. प्राण; | پٔران، زُو، شاہ؛ | प्राणा, जुव, शाह; | vital breath; |
| | | 2. एक प्रकार की प्रसिद्ध गैस जो प्राणियों, वनस्पतियों आदि को जीवित रखने के लिए परम आवश्यक मानी जाती है, आक्सीजन। | آکسیجن | आकसीजन | oxygen. |
| **प्राणशक्ति** | स्त्री. | जीवनशक्ति। | ہیکتھ، توٗژھ | ह्यकथ, तुछ़ | vitality. |
| **प्राणांत** | पु. | मृत्यु, मौत। | مرُن | मरुन | life-end, death. |
| **प्राणायाम** | पु. | श्वासप्रश्वास की गति का नियमन। | پرانایام | प्राणायाम | exercising control over the process of breathing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राणाहुति | स्त्री. | 1. भोजन के आरंभ में पांच ग्रास पांचों प्राणों के निमित्त मंत्रोच्चारण पूर्वक खाना; | پٕرانا ہُتی، پأنژن پٕرانن أہوت دِنۍ؛ | प्राणहुती, पांचन प्रानन अंहवत दिन्य; | an oblation to the five 'Pranas'; |
| | | 2. प्राणों का बलिदान, शहादत। | شہادتھ، رتھ چھپ | शहादथ, रतुछपि | sacrifice of life, martyrdom. |
| प्राणिविज्ञान | पु. | आधुनिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें प्राणियों की जातियों, वर्गों आदि का अध्ययन होता है। | زالجی، زیوٕ شاستر | जा़लुजी, जी़वुशास्तुर | zoology. |
| प्राणी | पु. वि. | जीवधारी, प्राणधारी। | جاندار، زیو | जानदार, जी़व | living creature, animal. |
| प्राणोत्सर्ग | पु. | 1. प्राणत्याग, मृत्यु; 2. प्राणों का बलिदान, शहादत। | موتھ؛ رتھ چھپ | मोथ; रतुछपि | death; sacrifice of life, martyrdom. |
| प्रातः | पु. | सवेरा, प्रातःकाल। | غزل وَق، پٕراتھ کال | गज़ल वक, प्रातः काल | early morning. |
| प्रातःकाल | पु. | पौ फटने का समय, सूर्योदय से कुछ पहले और कुछ बाद का समय। | مالِ پھولن وِز | माल फुलन विज़ | early morning, day-break. |
| प्रातःकालीन | वि. | प्रातःकाल संबंधी, प्रातःकाल का। | سحرُک، گزل وقتُک | संहरुक, गज़ल वक्तुक | pertaining to early morning. |
| प्रातःस्मरणीय | वि. | जिसे प्रातःकाल स्मरण करना उचित हो अर्थात् परम पूज्य और श्रेष्ठ। | صُبحن یاد کرُن لایق | सुबहन याद करुन लायक | worthy of being remembered every morning, revered. |
| प्रातराश | पु. | सवेरे का हलका भोजन, कलेवा। | ناشتہٕ، اُڈکاجی | नाश्तु, अंडकोज्य | breakfast. |
| प्राथमिक | वि. | 1. क्रम, गिनती आदि के विचार से आरंभ में आने या पड़नेवाला; | گوڈنیُک؛ | गुड़न्युक; | first; |
| | | 2. आरंभ में घटित होनेवाला। | گوڈٕ | गुड़्य | occurring in the first place. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्राथमिक उपचार** | पु. | किसी के अचानक घायल होने या बीमार पड़ने की स्थिति में योग्य चिकित्सक उपलब्ध होने से पूर्व किया जानेवाला उपचार जो रोग को बढ़ने न दे, घायल की मलहम-पट्टी। | فَسٹ ایڈ | फ़स्ट एड | first aid. |
| **प्राथमिकता** | स्त्री. | 1. प्रथम स्थान में होने या रखे जाने की अवस्था या भाव; | اولیتھ؛ | अवलियथ; | precedence; |
| | | 2. किसी कार्य या बात में किसी व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों से पूर्व मिलने या दिया जानेवाला अवसर। | گوڈٕ انوٲرۍ | गुड् अनवार्य् | priority. |
| **प्राथमिक शिक्षा** | स्त्री. | आरंभ में दी जानेवाली शिक्षा, विशेषतः छोटे बालकों को आरंभिक कक्षाओं में दी जानेवाली शिक्षा जिसमें उन्हें लिखना पढ़ना सिखाया जाता है। | اِبتِدٲیی تالیٖم | इब्तिदायी तालीम | primary education. |
| **प्रादुर्भाव** | पु. | जन्म धारण कर अस्तित्व में आने का भाव, प्रकट होना, उत्पत्ति। | زَنمہ ہیوٚن | जनुम ह्योन | coming into existence, appearance. |
| **प्रादुर्भूत** | वि. | जिसका **प्रादुर्भाव** हुआ हो। | نوٚن درامُت | नोन द्रामुत | appeared, become visible or manifest. |
| **प्रादेशिक** | वि. | प्रदेश संबंधी, प्रदेश का। | علاقٲیی | अलाकायी | pertaining to region or territory, regional, territorial. |
| **प्राधान्य** | पु. | प्रधान होने की अवस्था या भाव। | سبقتھ | सबकथ | predominance, superiority. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्राधिकरण** | पु. | 1. प्राधिकार देना; 2. प्राधिकारी का कार्यालय या पद। | یختیار دیُن؛ حاکِمی | यख्तियार द्युन; हाकिमी | authorization; office or post of the authority. |
| **प्राधिकार** | पु. | 1. वह विशिष्ट अधिकार या शक्ति जिसके अनुसार औरों को कुछ करने की आज्ञा या आदेश दिया जा सकता है, उसका पालन कराया जा सकता है और महत्वपूर्ण बातों का अन्तिम निर्णय किया जा सकता है; | موختار نامہٕ؛ | मुखतारनामु; | authority; |
| | | 2. वह अधिकार जिससे अनेक प्रकार की ऐसी सुविधाएं प्राप्त होती हैं जिनसे कठिनाइयों, बाधाओं आदि से सहज में बचा जा सकता है। | مُراعاتھ، خاص یختیار | मुराआथ, खास यख्तियार | privilege. |
| **प्राधिकारी** | पु. | राज्य अथवा शासन का वह अधिकारी जिसे किसी क्षेत्र या विभाग में अधिकार प्राप्त हो। | مجاز افسر | मजाज़ अफसर | authority. |
| **प्राधिकृत** | वि. | जिसे कोई प्राधिकार प्रदान किया गया हो। | یختیار دِنہٕ آمُت | यख्तियार दिनु आमुत | authorized. |
| **प्राध्यापक** | पु. | महाविद्यालय में किसी विषय की शिक्षा देनेवाला अध्यापक। | لیکچرار | ल्यक्चरार | lecturer. |
| **प्राप्त** | वि. | पाया हुआ, जो मिला हो, लब्ध, उपस्थित। | پٕرووٕمُت | प्रोवमुत | got, obtained, acquired, present. |
| **प्राप्ति** | स्त्री. | 1. हाथ में आने या मिलने की क्रिया, अवस्था या भाव; | پٕراوُن؛ | प्रावुन; | gain, that which is received; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. लाभ, फायदा; | فٲیدٕ؛ | फ़ायदु; | advantage, profit; |
| | | 3. किसी वस्तु या बात के उपस्थित होने या पास पहुंचने की क्रिया या भाव। | رٹُن | रटुन | receipt. |
| प्राप्य | वि. | 1. प्राप्त करने योग्य; | پرٛاوُن لایق؛ | प्रावुन लायक; | attainable, procurable; |
| | | 2. जो मिल सके। | معیسر | मुयसर | available. |
| प्राबल्य | पु. | 1. प्रबलता; | زور؛ | ज़ोर; | intensity, force; |
| | | 2. प्रधानता। | غلبہٕ | गलबु | predominance. |
| प्रामाणिक | वि. | 1. जो प्रमाण के रूप में माना जाता हो या माना जा सकता हो; | حجتٕ وول؛ | हुजतु वोल; | authoritative; |
| | | 2. जो शास्त्रों आदि से प्रमाणित या सिद्ध हो। | ثابت شُدٕ | साबित शुदु | established by proof, authentic. |
| प्राय: | क्रि. वि. | 1. लगभग, करीब-करीब; | الہٕ پلہٕ؛ | अलु पलु; | almost; |
| | | 2. अक्सर, अधिकतर। | اکثر، عموٗمن | अकसर, अमूमन | generally, usually. |
| प्रायद्वीप | पु. | स्थल का वह भाग जो तीन ओर पानी से घिरा हो और एक ओर स्थल से लगा हो। | جزیرٕ نُما | जज़ीरु नुमा | peninsula. |
| प्रायश्चित्त | पु. | 1. पाप का मार्जन करने के लिए किया जानेवाला शास्त्रविहित कर्म; | پرٛایاچِتھ؛ | प्रायाचिथ; | religious act to atone for sin; |
| | | 2. पछताना, अपने से कोई गलत या अनुचित कार्य हो जाने पर अफसोस करना। | توبہٕ | तोबु | expiation, atonement. |
| प्रायोगिक | वि. | 1. प्रयोग संबंधी; | تجرُبس مُتلِق؛ | तजरुबस मुतलिक; | pertaining to experiment; |
| | | 2. क्रियात्मक या व्यावहारिक; | عملی، ویوہٲری؛ | अमली, व्यवहारी; | practical; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उपयोगी, ठीक या मान्य सिद्ध करने के लिए जिसका प्रयोग या परीक्षा मात्र हो रही हो; | تجرُبی؛ | तजरुबी; | experimental; |
| | | 4. प्रयोग के रूप में किया जानेवाला या काम में लाया जानेवाला। | ازمائِشی | अज़मांयिशी | applied. |
| **प्रारंभ** | पु. | 1. शुरु होना या जारी होना; | شۆرُوکرُن،سپدُن؛ | शोरू करुन, सपदुन; | commencement; |
| | | 2. किसी कार्य या बात का शुरु का अंश। | گوڈ | गुड | starting point. |
| **प्रारंभिक** | वि. | आरंभ का, आरंभ में होनेवाला। | شۆرُوُک<br>پرالب | शोरूहुक<br>प्रालब | initial. |
| **प्रारब्ध** | पु. | पूर्वजन्म अथवा पूर्वकाल में किए वे अच्छे या बुरे कर्म जिनका फल वर्तमान में भोगा जा रहा हो, भाग्य। | شۆرُوکۆرمُت | शोरू कोरमुत | destiny, fate. |
| **प्रारूप** | पु. | 1. किसी कथन, वक्तव्य पत्र आदि का मसौदा; | مُسوِدٕ؛ | मुसवद; | draft; |
| | | 2. प्रस्तावित निर्माण की रूपरेखा। | خاکہٕ | खाक | outline. |
| **प्रार्थना** | स्त्री. | 1. नम्रतापूर्वक निवेदित कोई बात, निवेदन; | عرض؛ | अरज़; | request; |
| | | 2. अपने अथवा किसी और के कल्याण की कामना भक्ति और श्रद्धापूर्वक ईश्वर से करना; | پرارتھنا،<br>دُعا | प्रार्थना,<br>दुआ | prayer; |
| | | 3. याचना। | عرضی | अरज़ी | petition. |
| **प्रार्थनापत्र** | पु. | वह पत्र या लेख जिसमें किसी प्रकार की प्रार्थना या निवेदन किया गया हो। | عرضی | अरजी | application. |
| **प्रार्थी** | वि. | 1. प्रार्थना करनेवाला; | عرض کرن وول؛ | अरज़ करन वोल; | one who prays, requests; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्रार्थनापत्र देनेवाला; | عرضی دِنہٕ وول؛ | अरज़ी दिन् वोल; | one who has given his application; |
| | | 3. उम्मीदवार। | وۄمیدوار | वुमेदवार | applicant. |
| **प्राविधिक** | वि. | 1. कला-शिल्प यंत्रादि से संबंधित; | تکنیکی؛ | तकनीकी; | technical; |
| | | 2. किसी कार्य की विशिष्ट तथा व्यावहारिक प्रक्रियाओं से संबंध रखनेवाला, तकनीकी। | تکنیکی | तकनीकी | technical. |
| **प्रासंगिक** | वि. | प्रसंगप्राप्त, प्रसंगोचित। | ضِمنی | ज़िमनी | relevant. |
| **प्रासाद** | पुं. | 1. राजभवन; | مَحل؛ | महल; | palace; |
| | | 2. आलीशान इमारत। | رنگہٕ منٛدوٗر | रंगमंदोर | palatial building. |
| **प्रिय** | वि. | जिसके प्रति बहुत अधिक प्रेम हो, मन को अच्छा लगनेवाला। | مدُن، لوٗبٕوُن | मदुन, लूबवुन | dear, darling. |
| **प्रियजन** | पुं. | 1. स्नेहपात्र व्यक्ति; | ٹوٹھ؛ | टोठ; | dear person, beloved one; |
| | | 2. सगे-संबंधी। | انگ آشناو | अंग आशनाव | near and dear ones. |
| **प्रियतम** | पुं. | स्त्री का पति, स्वामी। | خاوند، برتھا | खावन्द, बरथा | husband. |
| | वि. | परमप्रिय। | عزیز | अज़ीज़ | dearest. |
| **प्रियतमा** | स्त्री. | 1. पत्नी; | کھانہٕ دارینٛز؛ | खानुदारेन्य; | wife; |
| | | 2. प्रेमिका। | ماشوقہٕ | माशोक् | beloved. |
| **प्रियदर्शी** | वि. | सबको स्नेह की दृष्टि से देखनेवाला। | سارِنے ٹاٹھنیار کرن وول | सारिनुय टाठिन्यार करन वोल | showing love to all, loving all. |
| **प्रियवर** | वि. | बहुत प्रिय (पत्रों आदि में संबोधन के रूप में प्रायः प्रयुक्त)। | عزیز، سیٹھا ٹوٹھ (چِٹھۍ بیتر منٛز) | अज़ीज़, स्यठाटोठ (चिठ्य बेतरि मंज़) | dear (generally used in letters etc., to address a person). |
| **प्रिया** | स्त्री. | 1. पत्नी, भार्या; | کھانہٕ دارینٛز؛ | खानुदारेन्य; | wife; |
| | | 2. प्रेमिका। | ماشوقہٕ | माशोक् | beloved, darling. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रीत | वि. | 1. जिसके मन में प्रीति उत्पन्न हुई हो; | خۄش؛ | खुश; | joyful; |
| | | 2. जो किसी पर प्रसन्न हुआ हो। | خۄش ، پرٛسن | खुश, प्रसन | pleased. |
| प्रीतम | पु., वि. | प्रियतम। | مدُن | मदुन | lover, beloved. |
| प्रीति | स्त्री. | 1. प्रेम, प्यार; | پرٛیم ، لوٚل؛ | प्रेयम, लोल; | love, affection; |
| | | 2. आमोद, प्रसन्नता। | خۆشی | खोशी | pleasure, joy. |
| प्रीतिकर | वि. | हर्ष या प्रेम उत्पन्न करनेवाला। | خۆشی پیدٕہ کرن وول | खोशी पादु करन वोल | inspiring love or affection. |
| प्रीतिपात्र | वि. | प्यारा, प्रेम-भाजन। | اُلفتس یا پرٛیمس لایکھ | उल्फतुस या प्रेयमस लायख | beloved person or thing. |
| प्रीतिभोज | पु. | किसी मांगलिक या सुखद अवसर पर बंधु-बांधवों तथा इष्टमित्रों को अपने यहां बुलाकर कराया जानेवाला भोजन। | سال | साल | banquet. |
| प्रूफ | पु. | किसी छपनेवाली सामग्री का वह आरंभिक नमूना जिसमें छपाई संबंधी सारी अशुद्धियां ठीक की जाती हैं। | پرٛوف | प्रूफ | proof. |
| प्रूफ-रीडर | पु. | वह जो छपनेवाली सामग्री का प्रूफ देखकर छापे की अशुद्धियां ठीक करता है। | پرٛوف ریڈر | प्रूफ रीडर | proof reader. |
| प्रेक्षक | पु. | 1. वह जो खेल-तामशा आदि चाव से या ध्यानपूर्वक देखता हो, दर्शक; | تماشہِ گیر؛ | तमाशिगीर; | spectator; |
| | | 2. वह जो किसी कार्य या बात को विशेष उद्देश्य से ध्यानपूर्वक देखता रहता हो। | مُشاہدٕ کرن وول | मुशाहदु करन वोल | observer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रेक्षण** | पु. | किसी कार्य या बात को किसी विशेष उद्देश्य से ध्यानपूर्वक देखते रहने का भाव। | مُشاہِد | मुशाहद् | observance. |
| **प्रेक्षागृह** | पु. | नाटकों के अभिनय आदि के लिए बनी हुई रंगशाला। | ڈراما ہال | ड्रामाहाल | theatre, auditorium. |
| **प्रेत** | पु. | मृतात्मा, वह योनि जिसमें मनुष्य मरने के उपरांत सपिंड होने तक रहता है। | جِن، پرِتھ | जिन, प्र्थ | ghost, goblin, spirit of the dead. |
| **प्रेम** | पु. | प्यार, अनुराग। | لول، پریم | लोल, प्रेम | love, affection. |
| **प्रेमपात्र** | पु. | वह व्यक्ति, जिससे प्रेम किया जाए। | ماشوقھ | माशोक् | beloved, dear. |
| **प्रेमालाप** | पु. | प्रेमपूर्वक की जानेवाली बातचीत, एक दूसरे से प्रेम करनेवाले दो या अधिक व्यक्तियों की बातचीत। | لولہٕ کتھ باتھ | लोल् कथ बाथ | love talk, cordial talk. |
| **प्रेमिका** | स्त्री. | 1. वह स्त्री जो किसी से प्रेम करे;<br>2. वह स्त्री जिससे कोई व्यक्ति प्रेम करे। | ماشوقھ؛<br>ماشوقھ | माशोक्;<br>माशोक् | woman who loves someone;<br>beloved (female). |
| **प्रेमी** | पु. | किसी से प्रेम करनेवाला। | پریمی، عاشق | प्रेयमी, आशक | lover. |
| **प्रेय** | वि. | 1. बहुत प्यारा, विशेष प्रिय;<br>2. चाहने योग्य। | یچھ ٹوٹھ؛<br>کانٛچھُن لایَق | यच् टोठ;<br>कांछुन लायक् | dearer, beloved;<br>desired. |
| | पु. | 1. स्त्री का पति या स्वामी;<br>2. धार्मिक क्षेत्र में यह कामना कि हम स्वर्ग प्राप्त करके अनेक प्रकार के सुख भोगें। | خاندار، رُون؛<br>کامنا، امار،<br>(سورگکہٕ سوکھک) | खानुदार, रून;<br>कामना, अमार,<br>(सुर्गकि सुखुक) | husband;<br>desire to attain heavenly pleasures. |
| **प्रेयसी** | स्त्री. | 1. पत्नी, भार्या;<br>2. प्रेमिका। | خاندارِنٛی؛<br>ماشوقھ | खानुदारेन्य;<br>माशोक् | wife;<br>beloved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रेरणा | स्त्री. | 1. किसी को किसी कार्य में प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव; | ہُس دیُن (کانٛہہ کام کرنہٕ باپتھ)؛ | हुस हुन (कांह काम करनु बापथ); | inducing; |
| | | 2. मन में उत्पन्न होनेवाला वह भाव या विचार जिसके संबंध में यह कहा जा सकता हो कि वह दैवी साधन या कृपा से उत्पन्न हुआ है। | منہٕ وُزِنۍ<br>پریرنا | मनु वुज़िन्य<br>प्र्रणा | inspiration. |
| प्रेरणाप्रद | वि. | प्रेरणा देनेवाला। | ہُس دِنہٕ وول، پرنٛزنہٕ وول | हुस दिनु वोल, प्रंजन वोल | giving inspiration. |
| प्रेरित | वि. | 1. किसी कार्य में प्रवृत किया हुआ; | لاگنہٕ آمُت؛ | लागनु आमुत; | induced; |
| | | 2. जिसे किसी प्रकार की प्रेरणा मिली हो। | وُتِش دِنہٕ آمُت | वुतिश दिनु आमुत | inspired. |
| प्रेषक | पु. | भेजनेवाला। | سوزن وول | सोज़न वोल | despatcher, consignor. |
| प्रेषण | पु. | रवाना करना, भेजना। | سوزُن | सोज़ुन | despatch, consignment, transmission. |
| प्रेषणीयता | स्त्री. | किसी बात या पदार्थ का वह गुण जिसके द्वारा कुछ कहीं से कहीं पहुँचता हो। | رسایی | रसायी | communication. |
| प्रेषित | वि. | रवाना किया हुआ, भेजा हुआ। | سوٗزمُت | सूज़मुत | despatched, consigned, transmitted. |
| प्रोत्साहन | पुं. | 1. उत्साह या हिम्मत बढ़ाना; | ہِمتھ بڑاوُنۍ؛ | ह्यमथ बड़ावुन्य; | encouragement, boosting up; |
| | | 2. प्रोत्साहित करने के लिए कही जानेवाली बात। | وُتِش دِنۍ | वुतिश दिन्य | incentive. |
| प्रोत्साहित | वि. | जिसको बढ़ावा दिया गया हो, जिसका उत्साह बढ़ाया गया हो। | وُتِش دِنہٕ آمُت | वुतिश दिनु आमुत | encouraged, given incentive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रौढ़ | वि. | 1. अच्छी या पूरी तरह से बढ़ा हुआ; | پۄختہٕ؛ | पुख्तु; | full grown; |
| | | 2. आरंभिक अवस्था पार करके मध्य अवस्था में पहुँचा हुआ (व्यक्ति); | بالیغ ؛ | बाल्यग; | adult; |
| | | 3. पुष्ट, परिपक्व; | دوتمُت، | वोतमुत; | mature; |
| | | 4. निपुण, दक्ष, परिणत बुद्धि। | زیرکھ، نیٚتھ | ज़ीरख, न्यठ् | over clever. |
| प्रौढ़ता | स्त्री. | प्रौढ़ होने की अवस्था, गुण या भाव। | بالیغی | बाल्यगी | maturity. |
| प्रौढ़ा | स्त्री. | वह स्त्री जिसकी उम्र अधिक हो चली हो। | اڈوٕر (زنانہٕ) | अडुवर (ज़नानु) | grown-up woman. |
| प्लीहा | स्त्री. | 1. पेट के अन्दर तिल्ली नामक अंग जो पेट के ऊपरी बाएं भाग में स्थित होता है और रक्त बनाने में सहायक होता है; | پۄہ؛ | पोह; | spleen; |
| | | 2. उक्त अंग के सूजकर बढ़ने का एक रोग। | پٔہِچ بیمٲری | पंहिच ब्यमार्य | disease of the spleen. |
| प्लेग | पु. | एक विशिष्ट प्रकार का घातक संक्रामक रोग जिसमें रोगी को तीव्र ज्वर होता है तथा बांह या जांघ में गिलटी निकलती है। | وَبا ہ | वुबाह | plague. |
| प्लेट | स्त्री. | 1. धातु के पत्तर या मिटटी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी थाली; तश्तरी; | پلیٖٹ؛ | प्लेट; | plate (made of china, etc.); |
| | | 2. कपड़ों में डाली जानेवाली एक प्रकार की सिकुड़न जो कहीं शोभा के लिए और कहीं उसे छोटा करने के लिए डाली जाती है। | پلیٖٹ (سوٚمتر پلوچ) | प्लेट (सुविमंति पलुवच) | plate (in sewn clothes). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| प्लेटफार्म | पु. | 1. जमीन से कुछ ऊंचा चौकोर तथा समतल चबूतरा; | پێنڈ؛ | पेंड; | platform; |
| | | 2. स्टेशन में अन्दर प्रवेश के लिए एक प्रकार का टिकट। | پلیٹ فارم | प्लेटफार्म | platform ticket. |
| फंकी | स्त्री. | 1. कोई चीज फांकने की क्रिया या भाव; | تیٖژ پھیکھ ییٖژ آسس منٛز بٔرِتھ دِنۍ ییٖیِ؛ | तीच् फ्यख यीच् आसस मंज़ बरिथ दिनु यीयि; | act of chucking (dry grain, powder); |
| | | 2. वह चीज जो फांककर खायी जाए। | کانٛہہ کھینہٕ چیز (تیوٗت یُس گلِس واتِ) | कॉह ख्यनु चीज् (त्यूत युस गलिस वाति) | mouthful of dry grain, powder. |
| फंदा | पु. | 1. रस्सी आदि में किसी प्रकार की गांठ लगाकर बनाया जानेवाला घेरा जो किसी चीज को फंसाकर रखने या बांधने के काम आता है; | نالہٕ ہار، شرٛکی رٕز؛ | नाल्य हार, श्रुक्य रज्; | moose, snare; |
| | | 2. कोई ऐसी कपटपूर्ण बात या योजना जिसका मुख्य प्रयोजन किसी को फंसाना होता है; | فنٛد؛ | फंद; | trick, ruse, subterfuge; |
| | | 3. कुछ खाने या पीने के समय अचानक हंसने आदि के कारण खाद्य या पेय पदार्थ का गले में अटक या रुक जाना; | گنٛڈ؛ | गंड; | obstruction in the windpipe; |
| | | 4. कोई ऐसी बात या कठिन स्थिति जिसमें पड़कर मनुष्य विवश हो जाता है और कष्ट भोगता है। | گِرداب | गिरदाब | difficulty, perplexity, mess. |
| फंदेदार | वि. | जिसमें फंदा लगा या बना हो। | گنٛڈدار | गंडदार | loopy, knotty. |

| हिंदी शब्द | व्या॰ को॰ | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फंसना | अ. क्रि. | 1. किसी प्रकार के जाल या फंदे में इस तरह पड़ जाना कि छुटकारा न मिल सके; | پھسُن؛ | फसुन; | to be taken in a noose, to be ensnared; |
| | | 2. एक चीज का दूसरी चीज में डलकर अटक जाना; | روٹُن؛ | रोटुन; | to be embroiled; |
| | | 3. किसी कार्य में व्यस्त रहना; | آورنہٕ یُن؛ | आवुरनु युन; | to be involved, to be entangled (in some work); |
| | | 4. किसी की चिकनी-चुपड़ी बातों में आना और छला जाना; | ہیٚنہٕ یُن؛ | ह्यनु युन; | to be taken in, to be wheedled; |
| | | 5. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में पड़ने के कारण उससे ऐसा अनुचित संबंध स्थिर होना जो जल्दी छूट न सके। | پھسُن (ووپر مردس یا زنانہٕ سیٚتؠ) | फसुन (वुपर मर्दस या जनानि सूत्य) | to be caught up or entangled (in a love affair). |
| फंसाना | स. क्रि. | 1. किसी को प्रयास द्वारा अपने फंदे या जाल में लाना; | پھساوُن؛ | फसावुन; | to ensnare, to entrap, to bait; |
| | | 2. कोई चीज इस प्रकार अटकाना या किसी दूसरी चीज में उलझाना कि वह जल्दी न छूट सके; | کھُر اَنُن؛ | खुर अनुन; | to embroil; |
| | | 3. धन आदि किसी ऐसे व्यक्ति को देना या ऐसे काम में लगाना कि उसकी वापसी संभव न हो; | روٹہٕ کرُن (پوٚنسہٕ بیتر)؛ | रोटु करुन (पोंसु बेतरि); | to get stuck up or blocked (as money etc.); |
| | | 4. चाल, ठगी या धोखे से स्वार्थ साधना। | آوُراوُن | आवुरावुन | to implicate, to entangle. |
| फकत | | अव्य. बस इतना ही। | فقط | फकथ | only, merely, simply. |
| | वि. | केवल, सिर्फ, मात्र। | صِرف | सिरिफ | only, alone. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फकीर | पु. | 1. भीख मांगनेवाला; | بیچھ ؛ | बेछ; | beggar, mendicant; |
| | | 2. संत; | ساد، فقیر ؛ | साद, फकीर; | saint, ascetic; |
| | | 3. निर्धन व्यक्ति। | نادار | नादार | pauper. |
| फकीरी | स्त्री. | 1. ऐसी अवस्था जिसमें कोई भीख मांगकर गुजारा करता हो; | بیچھن ؛ | बेछुन; | beggary, mendicity; |
| | | 2. कंगलापन; | کنگالی ؛ | कंगाली; | indigence, penur poverty; |
| | | 3. फकीरों या संतों का जीवन। | فوقرُتھ | फ़ोकरुथ | life of an ascetic or saint. |
| फक्कड़ | वि. | 1. (ऐसा व्यक्ति) जो फाकों या उपवासों के बावजूद खुश रहता हो; | فاقہ مست، خوش مزاج ؛ | फाक़ुमस्त, ख़ुश मिज़ाज; | indigent and carefree; |
| | | 2. (ऐसा व्यक्ति) जो भविष्य की परवाह न करके लापरवाही से धन उड़ाता हो। | فوضول خرچ کرن وول | फ़ोज़ूल ख़रुच करन वोल | reckless and spendthrift. |
| फक्कड़बाज | पु. | वह व्यक्ति जो बहुत गाली-गुफ़्तार बकता हो या अश्लील बातें करता हो। | لفنگہ | लफंगु | one who indulge in low and obscene languag an indecent prater. |
| फक्कड़बाजी | स्त्री. | फक्कड़बाज का काम। | لفنگہ گی، لفنگی | लफंगुगी, लफ़ुंगी | act or behaviour of a prater. |
| फगुआ | पु. | 1. होली; | ہولی ؛ | हूल्य; | Holi festival; |
| | | 2. होली के अवसर पर होनेवाला आमोद-प्रमोद; | پھگو، ہولے پیٹھک گندن تہ دُرکن ؛ | फगुव, होलि प्युठ्क गिन्दुन त द्रुकुन; | merriment and fanfare signifying the Holi festival; |
| | | 3. फाग। | ہولہ باتھ | होलि बाथ | song of the Holi festival. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फजीहत | स्त्री. | 1. बहुत अधिक दुर्दशा;<br>2. बहुत ही घृणित और हेय रूप से होनेवाला झगड़ा या तकरार। | فضیحتھ، اڈزاڈ؛<br>سخ چکھ چکھ | फ़जीहथ, आंडज़ांड;<br>सख चख चख | disgrace, ignominy, infamy;<br>heinous and hated quarrel or wrangle. |
| फजूल (फिजूल) | वि. | निरर्थक। | بلی، فوضول | बंल्य, फोज़ूल | unnecessary, futile, useless. |
| फजूलखर्च (फिजूलखर्च) | वि. | अधिक खर्च करनेवाला, अपव्ययी। | اِسراف کرن وول | इसराफ करन वोल | extravagant, prodigal, lavish. |
| फजूलखर्ची (फिजूलखर्ची) | स्त्री. | बहुत अधिक व्यय करना। | اِسراف | इसराफ | extravagance, prodigality, dissipation. |
| फटकना | स. क्रि.<br><br>अ.क्रि. | 1. सूप आदि के द्वारा अन्न साफ करना;<br>2. कपड़े को इस प्रकार झाड़ना कि उसमें से लगी हुई धूल या सिलवटें निकल जाएं।<br>किसी का इस प्रकार जाकर उपस्थित होना कि लोग उसकी उपस्थिति अनुभव करने लगें। | ژھٹن؛<br>دُنُن<br>حاضِر آسنُک<br>باس دیُن | छ़टुन;<br>दुनुन<br>हाज़िर आसनुक<br>बास द्युन | to winnow, to sift;<br>to dust, to shake or knock off (as dust from clothes).<br>to reach, to go near. |
| फटकवाना | स. क्रि. | फटकने में प्रवृत्त करना या फटकने का काम किसी से कराना। | ژھٹناوُن | छ़टनावुन | to cause to winnow or sift, to get (a thing) winnowed or sifted. |
| फटकार | स्त्री. | ऐसी कठोर बात जिससे किसी की भर्त्सना की जाए। | بےوٲری | बेवारी | scolding, reprimand, rebuke. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **फटकारना** | स. क्रि. | 1. किसी को लज्जित करने या उसका तिरस्कार करने के लिए कड़ी बात कहना; | بےوآری کرِنۍ؛ | बेवारी करुन्य; | to scold, chide, reprimand; |
| | | 2. झटका देकर छितराना या खुला रखना; | دُنُن؛ | दुनुन; | to give jerk to a cloth; |
| | | 3. कपड़े को साफ करते समय पत्थर आदि पर पटकना। | چھاوُن | छावुन | to beat clothes on a stone (in washing). |
| **फटन** | स्त्री. | 1. फटने की क्रिया या भाव; | ژٕٹُن؛ | चटुन; | act of tearing or rending; |
| | | 2. दरार। | پھراٹھ | फ्राठ | slit, cleavage, rent. |
| **फटना** | अ. क्रि. | 1. आघात लगने के कारण या यों ही किसी चीज का बीच में से खंडित होना; | ژھینُن؛ | छयनुन; | to be torn, be split, be rent, be cracked, be broken; |
| | | 2. किसी गाढ़े पदार्थ में ऐसा विकार होना जिससे उसका पानी अलग और सार भाग अलग हो जाए; | پھٹُن (دۄد)؛ | फटुन (दुद) ; | to turn or become sour (as milk); |
| | | 3. रोग, विकार आदि के कारण शरीर के किसी अंग में ऐसी पीड़ा या वेदना होना कि मानो वह अंग फट जाएगा; | ژٕٹُن؛ | चटुन; | to feel excruciating pain (in a member of the body); |
| | | 4. विस्फोटक पदार्थों का विच्छिन्न होना, धमाका होना; | پھٹُن؛ | फटुन; | to explode, to burst; |
| | | 5. छंटना, अलग-अलग होना। | مُنتشِر یُن | मुंतशिर युन | to be detached, to be dispersed (as clouds). |
| **फटा** | वि. | 1. जो फट गया हो; | ژھیۄنمُت | छयोनमुत | torn, split, rent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो बहुत ही बुरी या हीन अवस्था में हो। | خستہٕ | खस्तु | miserable, wretched. |
| फटिक | पु. | बिलौर या संगमरमर। | بِلور | बिल्लोर | crystal. |
| फटीचर | वि. | 1. जो फटे-पुराने कपड़े पहनता हो; | زچہٕ موٗت ؛ | ज़चि मोत; | shabby, shabbily dressed; |
| | | 2. बहुत ही तुच्छ या हेय। | وٕسی پایہٕ | वंस्य पायि | deprivable, abominable, low. |
| फटेहाल | क्रि. वि., | बहुत ही दीन या बुरी अवस्था में। | خستہٕ حال | खस्तु हाल | in a ragged or shabby condition, in a miserable plight. |
| फट्टा | पु. | लकड़ी या बांस को चीरकर निकाला गया टुकड़ा। | پھٹہٕ | फटु | split piece of wood or bamboo, a plank. |
| फट्टी | स्त्री. | लकड़ी का छोटा तख्ता। | پٹ | पट | thin and small piece of plank. |
| फड़कन | स्त्री. | 1. फड़कने की क्रिया या भाव, फड़फड़ाहट; | وُپھراے؛ | वुफराय; | fluttering, flutter, flap, pulsation, palpitation; |
| | | 2. प्रफुल्ल या आनंदित होने का भाव। | مزٕ، آنند | मज़, आनन्द | thrill, delight. |
| फड़कना | अ. क्रि. | 1. शरीर के किसी अंग में स्फुरण होना; | پھپھراے، فورُن؛ | फफराय, फोरुन; | to flutter, to twitch convulsively, vibrate with convulsive involuntary motion (as the eyelids, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई बहुत बढ़िया या विलक्षण चीज देखकर या बात सुनकर मन में उक्त प्रकार का स्फुरण होना जो उस चीज या बात के विशेष प्रशंसक होने का सूचक हो। | پھولُن | फुलुन | to be thrilled, to be greatly delighted. |
| फड़फड़ाना | स. क्रि. | किसी को फड़कने में प्रवृत्त करना। | وُپھراوُن | वुफ़रावुन | to cause to flutter to put in a flutter. |
| फतवा | पु. | किसी कर्म के उचित या अनुचित होने के संबंध में मुफ्ती या मुल्ला (धर्माचार्य) द्वारा शास्त्र के अनुसार दी गई व्यवस्था। | فتوٕ | फ़ुतव् | notification of the decision of the (Muhammadan) law in or respecting a particular case, a judicial decrce. |
| फन (फण) | पु. | सांप के सिर के आसपास का वह भाग जिसे सांप आवेश या मस्ती में हवा भरकर फुला और फैला लेता है। | چھج | छज | expanded hood or neck of a snake (esp. of the cobra dicapello). |
| फ़न | पु. | 1. कला, दस्तकारी, शिल्प; 2. चतुराई, कौशल। | فن؛ ہونر | फन; हुनर | art, craft; skill, artifice. |
| फन्नी | स्त्री. | लकड़ी आदि का वह टुकड़ा जो किसी ढीली चीज की जड़ में उसे कसने के लिए ठोंका जाता है। | پیٚون | प्योन | wedge. |
| फफूंद (फफूंदी) | स्त्री. | बरसात में या सील आदि के कारण जमनेवाली काई की तरह सफेद वस्तु। | لاوٕ | लाव् | fungus. |
| फफोला | पु. | त्वचा के जलने पर शरीर पर होनेवाला वह उभार जिसके भीतर पानी या पस भर जाता है, छाला। | پھکُچ، بستٕ | फुकुच बस्त् | blister, vesicle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फबती | स्त्री. | ऐसी व्यंग्यात्मक तथा हास्यपूर्ण बात जो किसी व्यक्ति की तात्कालिक स्थिति के अनुसार बहुत ही उपयुक्त रूप से ठीक बैठती है। | مخول، ٹیسنہ | मखोलु, टसुन् | pleasantry, fun, jest, sarcastic remark. |
| फबना | अ. क्रि. | 1. उपयुक्त प्रकार से अथवा उपयुक्त स्थान पर रखे जाने पर किसी वस्तु का शोभन तथा सुन्दर लगना; | سجن، شوبن؛ | सजुन, शूबुन; | to become, befit; |
| | | 2. बात आदि का ठीक मौके पर उपयुक्त और शोभन लगना; | مناسب آسن؛ | मुनासिब आसुन; | to be suitable, apt, appropriate; |
| | | 3. व्यक्ति का बढ़िया कपड़े आदि पहने होने पर सुंदर लगना। | سجہ ون، شوبہ ون | सजिवुन, शूबवुन | to look elegant, graceful, beautiful. |
| फरमा | पु. | 1. डौल या सांचा; | فریم، سانچہ، قالب؛ | फ्रेम, सांचि, कालिब; | die, frame, caste (of a shoomaker); |
| | | 2. पुस्तकों आदि का उतना अंश जितना उक्त प्रकार के कागजों पर एक साथ छपता है। | قالب | कालिब | forme, format. |
| फरमाइश | स्त्री. | 1. वह चीज जिसके लिए किसीने इच्छा प्रकट की हो; | فرمائش؛ | फरमाइश; | thing desired or ordered (by someone); |
| | | 2. किसी काम या बात के लिए प्रेमपूर्वक दिया हुआ आदेश। | عرضداش | अरज़दाश | will, request, order. |
| फरमाइशी | वि. | 1. जो फरमाइश करके बनवाया या प्राप्त किया गया हो; | فرمائشی؛ | फरमाइशी; | made to order, requested; |
| | | 2. कार्यक्रम आदि। | پروگرام | प्रोग्राम | (performed or presented) on specific request |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फरमान (फर्मान) | पुं. | कोई आधिकारिक विशेषत: शाही आदेश या आदेश-पत्र। | فرمان | फरमान | order, command, a royal letter, charter. |
| फरमाना | स. क्रि. | कोई बात कहना (बड़ों के संबंध में सम्मानसूचक रूप से प्रयुक्त)। | فرماوُن | फरमावुन | to order, command, (in polite respectful speech with referenc to superiors etc.) to say, affirm, declare, order. |
| फरशी (फरसी, फर्शी) | स्त्री. | कुछ खुले मुंह का धातु का वह आधान या पात्र जिस पर नैचा और सटक लगाकर तम्बाकू पीते हैं। | مارپیچ، حُقہ | मारपेच, हुक़ | kind of huqqa. |
| फरसा | पुं. | प्राचीन काल में युद्ध में काम आनेवाली लोहे की पैनी और चौड़ी धार की कुल्हाड़ी। | تبر | तबर | hatchet, axe. |
| फरहरा | पुं. | कपड़े या कागज का तिकोना या चौकोना टुकड़ा जिसे छड़ के सिरे पर लगाकर झंडा बनाते हैं जो हवा के झोंके से उड़ता रहता है। | جنٛڈٕ | जंडु | flag, standard, banner. |
| | वि. | जिसमें उदासीनता, खेद आदि न हों, प्रफुल्ल। | سوکھ | सुखु | soothed, relieved (of fatigue, boredom etc.). |
| फराक (फ्राक) | पुं. | लड़कियों के पहिनने का अंग्रेजी ढंग का पहनावा। | فِراکھ | फिराख | frock. |
| फरार | वि. पुं. | जो शासन की हिरासत में आने से बचने के लिए कहीं भाग अथवा छिप गया हो। | فرار (ژوٗرِ ژوٚلمُت) | फरार (चूरि चोलुमुत) | at large, absconding, absconder, outlaw. |
| फरियाद | स्त्री. | 1. विपत्ति, संकट आदि में पड़ने पर सहायतार्थ की जानेवाली पुकार; | فٔریاد؛ | फर्यियाद; | cry for help or redress; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. न्याय की याचना के लिए न्यायालय में दिया जानेवाला प्रार्थनापत्र। | عرضی | अरज़ी | petition, complaint. |
| **फरियादी** | वि पु. | 1. फरियाद करनेवाला; | فریادی، | फर्यार्दा; | complainant, plaintiff; |
| | | 2. अभियोग उपस्थित करनेवाला। | اِنصاف ژھانڈن وول | इन्साफ़ छांडन वोल | seeker of redress or justice. |
| **फरिश्ता** | पु. | 1. देवता, देवदूत; | مَلکھ، دِوتا، فرستہ، | मलख, दिवता, फ्रस्तु; | angel, a divine messenger; |
| | | 2. कृपालु, लोकोपकारी तथा सात्विक वृत्तियोंवाला व्यक्ति। | فِرشتہ | फिरिश्तु | virtuous person. |
| **फरीक** | पुं. | दो परस्पर विरोधी पक्षों या व्यक्तियों में से हरेक पक्ष या व्यक्ति। | فِریق | फिरीक | party, complainant or respondent. |
| **फरेब** | पु. | छल-कपट या धोखा। | فریب، ژھل | फिरेब, छ़ल | fraud, duplicity, treachery. |
| **फरेबी** | वि., पु. | फरेब या छल-कपट करनेवाला। | فِریبی | फिरेबी | fraudulent, deceptive, cheat, imposter. |
| **फर्क (फरक)** | पु. | भेद या भिन्नता। | فِرق | फर्क | distinction, difference. |
| **फर्ज (फरज)** | पुं. | आवश्यक और कर्त्तव्य कर्म। | فرض | फर्ज़ | obligation, onus, duty. |
| **फर्जी(फरजी)** | वि,पु. | 1. जो फर्ज कर लिया अर्थात् तर्क-वितर्क के लिए मान लिया गया हो; | فرضی، | फर्ज़ी; | hypothetical, supposititious, fictitious; |
| | | 2. कल्पित; | خیالی، | ख्याली; | imaginary, supposed; |
| | | 3. शतरंज की फरजी नाम की गोटी। | بیگم (شطرنج) | बेगम (शतरंजिच) | queen in the game of chess. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फर्राश | पु. | खिदमतगार या सेवक जो फर्श साफ करता हो। | فراش | फराश | sweeper, servant for doing menial work. |
| फर्लांग | पु. | भूमि की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज के बराबर होता है। | جریب (فرلانگ) | जरीब (फरलांग) | furlong. |
| फर्श | पु. | कमरे, घर आदि की पक्की तथा समतल जमीन या उस पर बिछी हुई चीज जिस पर बैठते हैं। | فرش | फरुश | floor, carpet, mat. |
| फल | पु. | 1. पेड़ का फल; | میوٕ؛ | म्यवु; | fruit; |
| | | 2. किसी प्रकार की प्राप्तियाँ, लाभ; | مُژ، لابہ؛ | मुच्, लाब; | gain, profit, advantage; |
| | | 3. किसी प्रकार की क्रिया, घटना, प्रयत्न आदि के परिणाम के रूप में होनेवाली बात; | نتیجہٕ؛ | नतीजु; | result, effect, consequence; |
| | | 4. धर्म या परलोक की दृष्टि से कर्म का परिणाम जो सुख या दुःख है; | پھَل؛ | फल; | reward, requital, recompense; |
| | | 5. छुरी, तलवार आदि का तेज धारवाला या नुकीला अंग; | تیز طرف (دار، پیوٚت)؛ | तेज् तरफ (दार, प्योत); | iron-head (of a spear, arrow etc.), the blade (of a sword, knife etc.), plough-share; |
| | | 6. अंकों आदि के रूप में वह परिणाम जिसकी प्राप्ति के लिए गणित की कोई क्रिया की जाती है। | حاصِل، جمہ | हासिल, जमह | result of a calculation (in Math.), product or quotient. |
| फलक | पु. | 1. तख्ता, पट्टी या पटल; | مشِق، دوٗج؛ | मशुक, दूज; | board, slab or tablet (for writing or painting on); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कागज का लंबा-चौड़ा टुकड़ा। | ورٕق | वरुक | sheet of paper. |
| फलतः | क्रि. वि. | परिणामतः। | نتیجہٕ | नतीजु | as a consequence, consequently. |
| फलद | वि. | 1. फलनेवाला (वृक्ष); | میوٕدار؛ | मेवुदार; | productive, fruitful, fruit bearing; |
| | | 2. फल, परिणाम देनेवाला लाभकर। | فایدٕمنٛد، پھل دِنہٕ وول | फायदुमंद, फल दिनु वोल | giving a reward, rewarding, bringing in gain or profit, useful, efficacious. |
| फलदान | पु. | विवाह से पूर्व होनेवाली टीके की रस्म। | ٹیوٚک سوٗزُن (اَکھ رسٕم) | ट्योक सोज़ुन (अख रसुम) | 'Teeka' ceremony held prior to marriage when presents are made to bridegroom signifying the confirmation of the marriage agreement. |
| फलदार | वि. | 1. फलों से भरा (वृक्ष); | میوٕدار؛ | मेवुदार; | fruit-bearing, fruitful; |
| | | 2. ऐसा अस्त्र जिसके आगे धारदार फल लगा हो। | تیز دارِ وول ہَتھیار | तेज़ दारि वोल हथ्यार | (weapon) having a sharp head or blade. |
| फलना | अ. क्रि. | 1. वृक्ष का फलों से युक्त होना; | پھل دیُن؛ | फल द्युन; | to bear fruit, be in fruit; |
| | | 2. इच्छा या कामना का पूर्ण होना; | بامل یُن؛ | बामल युन; | to be fulfilled (as a desire, ambition etc.); |
| | | 3. सुख-समृद्धि का कारण बनना; | پھبُن؛ | फबुन; | to thrive, to prosper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. शरीर के किसी भाग पर बहुत से छोटे-छोटे दाने निकल आना जिससे पीड़ा होती है। | پھولُن | फुलुन | to break out into blisters, pimples, to have an eruption on the face and body. |
| फलना-फूलना | अ. क्रि. | धन-धान्य, संतान आदि से अच्छी तरह युक्त और सुखी होना। | پھولُن | फुलुन | to flourish, thrive to be prosperous. |
| फलाँग | स्त्री. | 1. छलाँग; 2. उतनी दूरी जो फलाँग से पार की जाए। | وُٹھ؛ لانْپھ | वुठ; लांफ | leap, jump, spring long stride. |
| फलाँगना | अ. क्रि. | एक स्थान से उछलकर दूसरे स्थान पर जाना या गिरना। | وُٹھ تارُن؛ لانْپھ کڈُن | वुठ तारुन्य लांफ कडुन्य | to spring, leap, jump, to stride over. |
| फलाकांक्षा | स्त्री. | फल-प्राप्ति की कामना। | پھل پراونچ آش | फल प्रावनुच आश | hope or expectation of favourable consequences. |
| फलागम | पु. | 1. वृक्षों में फलों के आने का समय; 2. रूपक की पाँच अवस्थाओं में से अन्तिम अवस्था जहां नायक को अभीष्ट की प्राप्ति होती है। | میٖوٕکال؛ پھلاگم یا مُدا پوٗرٕ گژھُن (ڈراماہس منز) | मेवुकाल; फलागम या मुदा पूर्, गछुन (ड्रामाहस मंज) | fruit-season, autumn; fifth and the last stage of action in Indian dramaturgy wherein the hero's efforts bear fruit. |
| फलादेश | पु. | ज्योतिष में वे बातें जो ग्रहों के प्रभाव या फल के रूप में बतलाई जाती हैं। | پھلادیٖش | फलादीश | prediction about the effect or results of certain planets governing human life. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फलालैन | स्त्री. | एक प्रकार का ऊनी वस्त्र बहुत कोमल और ढीली-ढाली बुनावट का होता है। | فلالین | फलालीन | flannel. |
| फलाहार | पु. | फलों का आहार। | پھلہار | फलुहार | feeding or living on fruits, fruit-meal. |
| फलाहारी | पु. | केवल फलों का आहार करनेवाला। | پھلہاری | फलुहारी | fruitarian, one who subsists on fruits only. |
| | वि. | फलाहार-संबंधी। | پھلہارس متعلق | फलुहारस मुतलक | pertaining to fruitarian diet. |
| फलित | वि. | 1. फला हुआ; | | | that has produced fruit, fruitful; |
| | | 2. पूरा या संपन्न किया हुआ। | پھولمت | फुलमुत | fulfilled, accomplished. |
| फलितार्थ | पु. | तात्पर्य या सारंश। | پور کورمت | पूर् कोरमुत | epitome, essence. |
| फली | स्त्री. | पेड़-पौधों का फल के रूप में होने वाला वह लम्बोतरा अंग जिसके अंदर केवल बीज रहते हैं। | لُبِ لباب، سار ہیم | लुबि लुबाब, सार ह्यम | pod of any leguminous plant, a bean. |
| फलीदार | वि. | जिसमें फलियां लगती हों। | ہیمہ دار | ह्यमुदार | leguminous. |
| फलीभूत | वि. | जिसका फल या परिणाम प्रत्यक्ष हो चुका हो या निकल चुका हो। | تر دراٰمت، خاطر جمع آمت، محنت بر کھیچمژ | तर द्रामुत, खातिर जमह आमुत, मेहनत बरि खेचुमुच | fructified, resulted in success, (that has) borne fruits. |
| फव्वारा (फौवारा) | पु. | फुहारा। | پھموار | फमवार | fountain, spring. |
| फसल | स्त्री. | 1. खेत में बोये हुए अनाजों आदि की पैदावार; | فصل؛ | फसुल; | harvest, crop; |
| | | 2. उपयुक्त काल या समय। | موسم، موسم | मूसिम, मुसुम | season, time. |
| फसली | वि. | 1. फसल सम्बन्धी; | فصلس متعلق؛ | फसलस मुतलक; | relating to the harvest; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशिष्ट फसल या ऋतु में होनेवाला। | موٗسِمی | मूसिमी | seasonal. |
| फसाद | पु. | उपद्रव या लड़ाई-झगड़ा। | فساد | फसाद | riot, disturbance quarrel, brawl. |
| फसादी | वि. | उपद्रव या झगड़ा करनेवाला। | فسادٕی | फसाद्य | riotous, quarrelsome, rowdy. |
| फहरना | अ. क्रि. | खुले या फैले हुए वस्त्रों या झंडे का हवा में उड़ना। | لٕہراوُن | लहरावुन | to fly(as a flag), to wave, flutter. |
| फहराना | स. क्रि. | कोई चीज़ इस प्रकार खुली छोड़ देना जिससे वह हवा में हिले और उड़े। | لٕہراوُن | लहरावुन | to cause to flutter to wave, to flap (a flag), to hoist (a flag). |
| फाँक | स्त्री. | फल आदि का कटा हुआ लंबोतरा टुकड़ा। | قاش | काश | piece, slice (of fruit). |
| फाँकना | स. क्रि. | चूर्ण के रूप में कोई औषधि या अन्य पदार्थ अंजलि आदि में लेकर झटके से मुंह में डालना। | ہُکہٕ اٲسس<br>دارِتھ دیُن | हुक आसस<br>दारिथ द्युन | to chuck something powdery into the mouth. |
| फाँदना | अ. क्रि. | झोंके से शरीर को ऊपर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना, उछलना। | وُٹھ لاینۍ | वुठ लायिन्य | to leap, to spring. |
| | स. क्रि. | कूदकर लाँघना। | چھال مارٕنۍ | छाल मारुन्य | to spring to cross. |
| फाँस | स्त्री. | 1. रस्सी से बनाया हुआ वह फंदा जिसमें पशु पक्षियों को फँसाया जाता है; | گُدامۍ گنٛڈ یا<br>رٕزِ کوٚر؛ | गुदाम्य गंड या रज़ि कोर; | noose; |
| | | 2. बाँस, सूखी लकड़ी आदि का सूक्ष्म किन्तु कड़ा तंतु जो त्वचा में घुस जाता है। | مِش | मिश | a splinter (of bamboo etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फाँसना | स. क्रि. | 1. फंदे में किसी पशु-पक्षी को अटकाना; | وال واشِہ لاگُن ؛ | वालु वाशि लागुन; | to ensnare, to entrap; |
| | | 2. छल, ठगी, युक्ति आदि से किसी व्यक्ति को अपने लाभ के लिए फंसाना। | پھساوُن | फसावुन | to embroil, to inveigle, to entangle, to involve, to' implicate. |
| फाँसी | स्त्री. | 1. प्राणदंड; | پھانٛسی ؛ | फांस्य; | death penalty; |
| | | 2. रस्सी का वह फंदा जिसे लोग अपने गले में फंसाकर आत्महत्या के लिए झूल या लटक जाते हैं। | پھانٛسِہ رَز | फांसि रज़ | noose, loop, snare. |
| फाइल | स्त्री. | 1. कार्यालयों आदि में एक ही प्रकार या विषय के कागज-पत्रों की नत्थी, मिसिल; | فایِل ؛ | फाइल; | file; |
| | | 2. पत्र-पत्रिका आदि के ग्रंथों का समूह। | پَلِنٛدٕ ، پُلنٛد | पलिन्द, पुलन्द | set of papers, |
| फाका | पु. | निर्धनता या अभाववश निराहार रहने की अवस्था या भाव, उपवास। | فاقہٕ ، وُوپہ واس | फाक़, वुपवास | starvation, fast (from want, not as a religious observance). |
| फाकामस्त (फाकेमस्त) | वि. | जो गरीबी के कारण भूखों रहकर भी प्रसन्न रहता है। | فاقہٕ مَستی | फाकमस्त | one who is cheerful and jolly in the midst of poverty. |
| फाकामस्ती (फाकेमस्ती) | स्त्री. | बुरे दिनों में भी प्रसन्न रहने की वृत्ति। | فاقہٕ مُستی | फाकुमस्ती | cheerfulness in adversity. |
| फाग | पु. | 1. फागुन के महीने में होनेवाला उत्सव जिसमें लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं; | ہوٗلی ؛ | हूल्य; | the sports of the Holi festival where Hindus throw red powder over one another |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार का लोकगीत। | هولی پیٹھ گیوٚنُک لُکہٕ بٲتھ | होलि प्यठ ग्यवनुक लूकु बाथ | a type of song sun during Holi festival. |
| फागुन | पुं. | हिन्दु वर्ष का आखरी महीना। | پھاگُن | फागुन | the twelfth month of the Indian calendar. |
| फाटक | पुं. | मुख्य द्वार पर लगा हुआ बड़ा दरवाजा। | ڈیڑۍ | डीड्य | main gate, entrance. |
| फाड़ना | स. क्रि. | 1. कागज कपड़े आदि को बलपूर्वक खींचकर टुकड़ों में अलग कर देना; | ژٹُن ؛ ترٛتھ والُن ؛ | चटुन, त्रुथ वालुन; | to tear off, to rend, to split; |
| | | 2. किसी वस्तु का मुंह साधारण से अधिक और दूर तक फैलाना या बढ़ाना; | واہراوُن ، ژُست دیُن ؛ | वाहरावुन, चुस्तु दुन; | to tear open (mouth), to pull apart; |
| | | 3. किसी गाढ़े द्रव पदार्थ के संबंध में ऐसी क्रिया करना कि उसका जलीय अंश तथा ठोस अंश अलग हो जाए। | پھٹُن | फटुन | to coagulate. |
| फानूस | पुं. | शीशे का वह आधान जो प्रायः छतों में लटकाया जाता है और जिसमें लगे हुए गिलासों आदि में अनेक मोमबत्तियाँ जलाई जाती हैं। | فونوس | फोनूस | chandelier (for candles). |
| फायदा | पुं. | 1. किसी काम या बात में होनेवाला किसी प्रकार का लाभ; | فٲیدٕ ؛ | फायद; | advantage, benefit; |
| | | 2. आर्थिक क्षेत्र में होनेवाली किसी प्रकार की प्राप्ति; | مُنافہٕ، نفع ؛ | मुनाफु, नफा; | profit, gain; |
| | | 3. किसी प्रकार का अच्छा असर या प्रभाव। | رُت نتیٖجہٕ، رُت اثر | रुत नतीजि, रुत असर | good result, avail, utility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फायदेमंद | वि. | लाभदायक। | فایدٕمنٛد | फ़ायदुमन्द | profitable, beneficial, advantageous, efficacious. |
| फारखती | स्त्री. | 1. रुपया अदा होने की रसीद, ऋणमुक्ति का सूचक पत्र; | فارخطی؛ | फ़ारख़ती; | written acquittance; |
| | | 2. वह कागज या लेख्य जिसपर यह लिखा हो कि अमुक व्यक्ति अपने अधिकार या उत्तरदायित्व आदि से पूर्णतः मुक्त हो गया है और प्रस्तुत विषय से उसका कोई संबंध नहीं रह गया है। | مُکجار نامہٕ | मुकजार नामु | a deed of release or discharge, deed of dissolution of partnership or marriage etc. |
| फार्म (फारम) | पु. | 1. दर्खास्त आदि का छपा हुआ नमूना; | فارم؛ | फ़ारम; | form; |
| | | 2. जमीन का वह बड़ा खंड या टुकड़ा जिसमें अधिक मात्रा में सबजी बोई जाती हो या पशु-पक्षी पाले जाते हों। | زمین | ज़मीन | farm. |
| फाल | पु. | 1. एक डग का फासला; | قدم؛ | क़दम; | step, stride; |
| | | 2. हल्की अंकड़ी में लगाया जानेवाला नुकीला लोहा जिससे जमीन खुदती है। | پھال | फाल | blade, ploughshare. |
| फालतू | वि. | 1. जो किसी उपयोग में न आ रहा हो और योंही पड़ा या रखा हुआ हो, आवश्यकता से अधिक; | فالتوٗ؛ | फ़ाल्तू; | surplus, spare, extra; |
| | | 2. बेकार। | بیکار | बेकार | useless, worthless. |
| फालसा | पु. | एक प्रकार का फल। | پھالسہٕ (اکھ میوٕ) | फालसु (अख म्यवु) | a kind of round tiny fruit. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फाल्गुन (देखिए 'फागुन') | पु. | हिन्दू वर्ष का अंतिम महीना जो माघ के बाद और चैत के पहले पड़ता है, फागुन। | پھاگُن | फागुन | the twelfth month of the Indian calendar. |
| फावड़ा | पु. | मिट्टी खोदने का एक उपकरण, चौड़े फल की कुदाल। | کٕہی | कैह्य | mattock. spade. |
| फासला (फासिला) | पु. | अवकाश संबंधी दूरी। | دۄرٕ یر | दूर्यर | gap, distance. |
| फाहा | पु. | घाव, फोड़े आदि पर चिपकाया जाने वाला कपड़े का वह टुकड़ा जिसमें मरहम लगी रहती है। | مٔہلامہ پٕٹ | मेहलाम पट | a flock of cotton (used as a lint to dress a wound) |
| फिंकवाना (फेंकवाना) | स. क्रि. | किसी से फेंकने का काम कराना। | دٲرِتھ دِیاوُن | दारिथ द्यावुन | to cause (a thing) to be thrown or thrown away. |
| फिक्र (फिकर) | स्त्री. | सोच-विचार या चिंता। | فِکِر | फिकिर | care, concern, worry, anxiety. |
| फिट | वि, पुं. | 1. उपयुक्त;<br>2. मिरगी आदि का दौरा। | سیپُہ؛<br>لٔٹھ | सिपु;<br>लठ | fit;<br>fit. |
| फिटकरी (फिटकिरी) | स्त्री. | सफेद रंग का एक प्रसिद्ध खनिज पदार्थ। | پھٹھکر | फठकर | alum. |
| फितरती | वि. | चालाक, धूर्त। | فِتنہٕ گوٚر<br>کھوڑ فیٚچل | फितनु गोर<br>खुड फेचल | cunning, mischievous, wily. |
| फितूर | पु. | विकार या उत्पात। | فوتوٗر | फोतूर | infirmity, unsoundness, defect (in mind). |
| फिरंगी | पु. | 1. फिरंग देश अर्थात् यूरोप का निवासी;<br>2. अंग्रेज। | فرٔہنگی؛<br>انگریز | फरहंग्य;<br>अंग्रेज | European;<br>Englishman. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **फिर** | क्रि. वि. | 1. दोबारा या पुन; | بیٚیہِ؛ | बेयि; | again; |
| | | 2. पीछे, अनन्तर; | پتہٕ؛ | पतु; | afterwards; |
| | | 3. तब। | تمہِ پتہٕ | तमि पतु | thereafter. |
| **फिरकी** | स्त्री. | 1. लड़कों का एक प्रकार का छोटा खिलौना जो घुमाने से अपनी धुरी पर जोरों से घूमता हुआ चक्कर लगाता है; | مرٕژ پیٖپِنۍ؛ | मर्चु पीपिन्य; | whirligig (a child's toy); |
| | | 2. धातु, लकड़ी या और किसी चीज का वह गोल टुकड़ा जो चरखे, तकले आदि में लगा रहता है। | گوٹہٕ، چٔکھر | गोटु, चंखुर | reel (of thread), spool. |
| **फिरना** | अ. क्रि. | 1. घूमना, टहलना या सैर करना; | پھیرُن؛ | फेरुन; | to go round, to promenade, to ramble; |
| | | 2. वापस आना; | پوٚت پھیرُن؛ | पोत फेरुन; | to turn back, to return; |
| | | 3. सूचना आदि के रूप में सबके सामने घुमाया जाना; | پھِرناوُن؛ | फिरनावुन; | to circulate; |
| | | 4. कही हुई बात से मुकरना; | پھیرُن؛ | फेरुन; | to go back (on), to turn (from); |
| | | 5. किसी तरल पदार्थ का पोता जाना; | ڈالُن، لیوُن؛ | डालुन, लिवुन; | to paint; |
| | | 6. पहले से बिल्कुल विपरीत स्थिति में आना, दशा बदलना। | بدلُن | बदलुन | to undergo a change. |
| **फिराना** | स. क्रि. | 1. फिरने में प्रवृत्त करना; | پھِرُن؛ | फिरुन; | to cause to be turned; |
| | | 2. घुमाना, टहलाना या सैर कराना; | پھِرناوُن؛ | फिरनावुन; | to cause to go about, to promenade; |
| | | 3. लौटाना या वापिस करना। | واپس دیُن | वापस द्युन | to return, give back. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फिरौती | स्त्री. | 1. फिराने या फेरने की क्रिया, भाव या मजदूरी; 2. वह धन जो दुकानदार किसी बेची हुई वस्तु को वापस लेते वक्त विक्रय मूल्य में से काट लेते हैं। | یلہٕ ترٛاوٕنۍ، پھِرناوٕونۍ؛ ہرجانہٕ (چھٕٹ) | यलु त्रावनि, फिरनावर्वन्य; हरजानु (छथ) | act of or price for returning; deduction (made while refunding the price of goods returned by the buyer). |
| फिलहाल | क्रि. वि. | इस समय अथवा अभी तक। | فِلحال | फिलहाल | at present, for the present, for the time being. |
| फिल्म | स्त्री. | चलचित्र। | فِلِم | फिलिम | film, movie. |
| फिल्मी | वि. | फिल्म संबंधी। | فِلمی | फिलिमी | pertaining to the films, cinematographic. |
| फिस | वि. | कुछ भी नहीं। | نوٗتھ | नोथ | useless, fizzled out, turned useless. |
| फिसड्डी | वि. | 1. जो सबसे पिछड़ा हुआ हो; | پتھ کھورِ؛ | पथखोरि; | backward, sluggish, tailing behind; |
| | | 2. निकम्मा। | نِیتہٕ موٗمُن، نِکَمُہ، | न्यतु मोमुन, न्यकमु, | worthless. |
| फिसलन | स्त्री. | 1. फिसलने की क्रिया या भाव; 2. ऐसा स्थान जहां से कोई फिसल जाए। | رِکِنۍ؛ کھُر | रिकिन्य; खुर | slipping, sliding; slipperiness, skid. |
| फिसलना | अ. क्रि. | 1. किसी स्थान पर चिकनाहट अथवा ढाल के कारण रपट जाना; | کھُر گژھنۍ؛ | खुर गछुन्य; | to slip, to slide; |
| | | 2. (ला.) किसी आकर्षक या लाभदायक तत्व को देखकर अपने मार्ग से भ्रष्ट होना। | بٕرمُن (وَرگ) | ब्रमुन (वर्ग) | (fig) to err. |
| फीका (स्त्री. फीकी) | वि. | 1. स्वादहीन (पदार्थ); | بےمزٕ؛ | बेमजु; | tastless, vapid, insipid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो यथेष्ट चमकीला या तेज न हो (रंग)। | گوٹ، شُس (رنگ) | गो̆ट, शुस ( रंग) | pale, fade, dim, faint. |
| फीता | पु. | 1. सूत आदि की बनी हुई कम चौड़ी और लम्बी पट्टी; | فیِتُر؛ | फीतु; | lace; |
| | | 2. वह पट्टी जिस पर इंचों आदि के चिह्न बने होते हैं और जो लम्बाई, चौड़ाई आदि नापने के काम आती है। | میٖنَن فیٖتُر | मेनन फीतु | tape (for measurement). |
| फीरोजी | वि. | हरापन लिए नीला रंग। | فیِروٗزی، کِرمِزؠ (رنگ) | फीरूज्य, किर्यमिज्य ( रंग) | azure, blue. |
| फीलपांव (फीलपाया) | पु. | पांव सूजने का एक रोग। | کھورٕ ہُنیر، (زَن تہٕ ہستؠ کھور) | खुर हुन्यर, ( ज़न तु हस्य खुर) | elephantiasis. |
| फीलवान | पु. | महावत। | ہٮ۪سؠ وول | हस्य वोल | elephant driver. |
| फीस | स्त्री. | 1. विशिष्ट कृत्यों के बदले दिया गया धन; | فیٖس؛ | फीस; | fees; |
| | | 2. वह धन जो विद्यार्थी की शिक्षा के लिए मासिक रूप से देना पड़ता है। | ریٚتُک فیٖس | र्यतु फीस | tuition fee. |
| फ़ीसदी | अव्य. | हर सौ के हिसाब से। | فی صدی | फीसुदी | percent. |
| फुंकनी | स्त्री. | सांस या फूंक द्वारा आग सुलगाने या ज्वाला भड़काने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला उपकरण। | دَمن بستہٕ، پھُکن نور | दमन बस्तु, फुकन नोर | blow pipe (of goldsmith etc.) |
| फुंफकार | स्त्री. | फूत्कार। | پھِسراے | फिसुराय | hissing. |
| फुंदना | पु. | वह छोटी गांठ या लच्छी जो दुपट्टे, चादर, साड़ी आदि के किनारे पर लगाइ जाती है। | دٔشہٕ گُچھ، فیٚپھُر، سِرؠ دانہٕ، اَنہٕریہ | दशि गुछि, फ्यफुर, सिर्य दान, अनुर्यय | tassel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फुंसी | स्त्री. | रक्त आदि के विकार के कारण त्वचा पर निकलने वाला ऐसा छोटा दाना जिसमें कुछ मवाद हो। | انہٕ ریہ<br>یاوَن وٕیر<br>یاوَن گُمر | अनुर्यय<br>यावन वीरि<br>यावन गुमुर | pimple, small boil. |
| फुट | पु. | लम्बाई नापने का एक उपकरण जो 12 इंच लम्बा होता है। | فُٹ | फुट | a foot (of measurement). |
| फुटकर (फुटकल) | वि. | 1. भिन्न या अनेक प्रकार का; | پھُٹکر، <br>متفرقہ؛ | फुटुकर,<br>मुतफर्क़; | miscellaneous; |
| | | 2. जो इकट्ठा या एक साथ नहीं बल्कि अलग-अलग या खंडों में आता या रहता हो, थोक का विपर्यय। | پرچوٗن | परचून | retail. |
| फुटबाल | पु. | गेंद से खेला जानेवाला एक खेल। | فُٹ بال | फुटबाल | football. |
| फुदकना | अ. क्रि. | 1. थोड़ी-थोड़ी दूर पर उछलते हुए यहां से वहां तथा वहां से यहां आते जाते रहना; | وۄٹھ تُلنِہ؛ | वुठ तुलुनि; | to jump, to skip, to hop (as birds, frogs, etc.); |
| | | 2. उमंग में आकर अथवा प्रसन्नता-पूर्वक उछलते हुए इधर-उधर आना-जाना। | اُڈی پۄر ترٛاوُنۍ | अंडी पूर्य त्रावुन्य | to skip or dance about (in token of delight). |
| फुदकी | स्त्री. | 1. फुदक कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने का भाव; | وۄٹھ؛ | वुठ; | jump, skip, hop; |
| | | 2. एक प्रकार की छोटी चिड़िया। | اَکھ ژٕر | अख चुर | a species of bird. |
| फुनगी | स्त्री. | 1. वृक्ष या शाखा का सिरा; | تیُہُر، | त्युहुर; | sprout, a shoot; |
| | | 2. पर्वत आदि की चोटी। | تھوٚنگ | थोंग | extremity, tip, summit. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फुफकार | स्त्री. | फुफकारने की क्रिया या भाव, फुफकारने से होनेवाला शब्द। | شِرِنۍ | शिरिन्य | puffing, hissing (of snake). |
| फुफकारना | अ. क्रि. | क्रोध में आकर मुंह से फूं फूं शब्द करना। | شِرِنۍ کَرُنۍ | शिरिन्य करुन्य | to hiss (as a snake), to make a hissing sound. |
| फुफेरा | वि. | फूफा संबंधी या फूफा से उत्पन्न, जैसे फुफेरा भाई। | پُوپھتُر | पुफ्तुर | descended from or related through, a paternal aunt. |
| फुरसत | स्त्री. | अवकाश का समय। | فُرصتھ | फुरसथ | leisure, respite, spare time. |
| फुर्ती (फुरती) | स्त्री. | उमंग से या शीघ्रतापूर्वक किसी कार्य में संलग्न होने का भाव, शीघ्रता। | پھُرتی، وُژھ | फुर्ती, वुछ़ | smartness, quickness, promptness, agility. |
| फुर्तीला (फुरतीला) | वि. | शीघ्रता से काम करनेवाला। | پھُرتیٖلِ، چُس | फुर्तीलु, चुस | quick, smart, prompt, agile. |
| फुलका | वि.,पु. | 1. फूल की तरह हल्का; 2. हल्की और फूली हुई रोटी। | لوٚت (پوشہِ تُل ہیو)؛ پھُلکہٕ | लोत (पोशि तुल ह्यू); फुलकु | light as a flower; a thin puffed bread. |
| फुलझड़ी (फुलझरी) | स्त्री. | 1. छोटी, पतली डंडी की तरह की आतिशबाजी जिसमें से फूल की सी चिनगारियां निकलती हैं; | پوشہِ لوٗر (آتش بازِ ہُنز)؛ | पोशि लूर (आतश बाजि हुंज़); | a kind of fire-work; |
| | | 2. (ला०) ऐसी बात जिसका मूल उद्देश्य दो पक्षों में झगड़ा करा कर स्वयं तमाशा देखना होता है। | فاسہٕ ڈُکھ | फासु दुख | (fig) stray remarks made on purpose, a provoking remark uttered in a lighter vein. |
| फुलवारी | स्त्री. | फूलों से भरा उद्यान या बगीचा। | پوشہِ وار | पोशि वार | a small flower-garden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फुलाना | स. क्रि. | ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज हवा से भर कर फूल जाए। | پھوکھ کھارُن | फुख खारुन | to cause to swell, puff out, to inflate. |
| फुलाव | पुं. | फूले हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव। | ہنٛیر، پھوکھ | हुन्यर, फुख | swelling, inflation, protuberance. |
| फुलेल | पुं. | सिर में लगाने का एक सुगंधित तेल। | پھیٛلیٚل | फेल्यल् | scented oil, essence (as a perfume). |
| फुसफुसा | वि. | जो दबाने से बहुत जल्दी चूर हो जाए, कमजोर और नरम। | اوٚبُل، نرٕم<br>پھپھسُر | ऑव्युल, नरम<br>फफसु | flabby, hollow, fragile. |
| फुसफुसाना | अ. क्रि. | बहुत ही दबे या धीमे स्वर में कुछ बोलना। | پھسرای کرُن | फिसराय करुन्य | to whisper, to speak in a low tone. |
| फुसलाना | स. क्रि. | किसी को मीठी-मीठी बातों से या बड़ी-बड़ी आशाएं दिला कर अपने अनुकूल करना। | وُوٹھ انُن،<br>برٛمراوُن | वुटि अनुन,<br>ब्रमुरावुन | to coax, to cajole, inveigle, entice. |
| फुहार | स्त्री. | ऊपर से गिरनेवाली पानी की या किसी तरल पदार्थ की छोटी-छोटी बूंदें। | پھیرۍ (آبکۍ)<br>چھِکیٚنۍ (رودٕچ) | फेर्य (आबक्य)<br>छिकिन्य (रूदुच) | small rain, drizzle. |
| फुहारना | स. क्रि. | किसी चीज को धोने, रंगने आदि के लिए उस पर किसी तरल पदार्थ की फुहार डालना। | چھرکاوُن | छिरकावुन | to spray, to sprinkle. |
| फुहारा | पुं. | 1. जमीन से फूट पड़नेवाली तेज धारा;<br>2. एक विशिष्ट प्रकार का उपकरण जिससे पानी या किसी तरल पदार्थ की बूंदें निरन्तर गिरती हैं। | وُزیٚنۍ؛<br>پھموار | वुजिन्य;<br>फमवार | spring, gush;<br>fountain, shower. |
| फूंक | स्त्री. | मुंह से वेगपूर्वक निकाली जानेवाली हवा। | پھوکھ | फुख | breath of air, blow, puff, whiff. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फूंकना | स. क्रि. | 1. मुंह का बिवर समेटकर वेग के साथ हवा छोड़ना; | پھوکھ دیُن؛ | फुख द्युन; | to puff, to blow; |
| | | 2. मंत्र फूंकना; | پھوکھ دیُن (مَنتر وزِہ)؛ | फुखद्युन (मृंथ्रि विज़ि); | to blow or breath a charm or incantation; |
| | | 3. मुंह की हवा छोड़ कर आग दहकाना; | پھوکناوُن؛ | फुकनावुन; | to blow up (fire etc.); |
| | | 4. आग लगाना, जलाना या सुलगाना; | ژکھ دیُن؛ | चुख द्युन; | to set on fire, inflame; |
| | | 5. बुरी तरह से नष्ट या बरबाद करना। | بوربادکرُن | बोरबाद करुन | to squander away, to waste. |
| फूंका | पु. | बांस आदि की नली जिसके द्वारा फूंकने की क्रिया की जाती है। | پھُکہ نور | फुकु नोर | a blow-pipe made of bamboo etc. |
| फूट | स्त्री. | 1. फूटने की क्रिया या भाव; | مُژکرِی، فراٹھ، چھل ووتھنی؛ | मुचुकुरी, फ्राठ, छल वुथ्न्य; | crack, split, rift, chasm; |
| | | 2. आपसी अनबन या बिगाड़; | پھوٹ، وُژِنی | फूट, वुचिन्य | discord, dissension, split; |
| | | 3. एक प्रकार की बड़ी ककड़ी जो पकने पर प्राय: खेतों में ही काट फट जाती है। | لارژانٛژ ہُند اکھ پھل | लार ज़ांच हुन्द अख फल | a kind of fruit, a large cucumber that splits up on ripening. |
| फूटना | अ. क्रि. | 1. आघात या दबाव लगने से किसी चीज का टूटना; | پھُٹُن؛ | फुटुन; | to break, crack, split; |
| | | 2. अन्दर का दबाव पड़ने से अथवा किसी प्रकार की बाहरी क्रिया से किसी चीज का ऊपरी आवरण फटना; | پھٹُن؛ | फटुन; | to erupt, to explode; |
| | | 3. कली या अंकुर का प्रस्फुटित होना; | ترنیرُن؛ | तर नेरुन; | to sprout, shoot; |
| | | 4. ऊपरी दबाव हटा कर निकलना, बाहर आना या प्रकट होना; | نیبر نیرُن، ووتلُن؛ | न्यबर नेरुन, वुतुलुन; | to come out, to appear; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. मतभेद, राग-द्वेष आदि होने पर किसी का अलग होना; | بیون گژھن/نیرُن؛ | ब्योन गछुन/ नेरुन; | to be separated, be detached, to be defected; |
| | | 6. मुंह से शब्द उच्चरित होना या निकलना। | فورُن | फोरुन | to speak out, to blurt out. |
| फूत्कार | पु. | फुफकार। | شرِنۍ | शिरिन्य | hissing, whizzing. |
| फूफा | पु. | फूफी या बुआ का पति। | پُھپھو | पुफुव | husband of father's sister, uncle. |
| फूफी (फूफू) | स्त्री. | बाप की बहन या बुआ। | پُھپھ | पुफ | paternal aunt, father's sister. |
| फूल | पु. | 1. पेड़ पौधों पर नाना रंग के खिलनेवाले कुसुम; | پوش؛ | पोश; | flower, blossom; |
| | | 2. (ला०) अत्यन्त कोमल और सुकुमार; | اۆزیُل؛ | ओव्युल; | very light or delicate thing; |
| | | 3. फूल के आकार की कोई वस्तु, आभूषण आदि; | پوشہ ہیو؛ | पोश ह्यू; | flower-like thing (ornament etc.); |
| | | 4. शव के जल जाने के बाद बची हुई हड्डी; | استرکۍ؛ | असत्रक्; | ashes left after cremation; |
| | | 5. एक प्रकार की मिश्र धातु जो तांबे और रांगे के मेल से बनती है। | لوہۍ | लुय | a sort of mixed metal. |
| फूलगोभी | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा जिसमें बड़े फूल के आकार का बंधा हुआ ठोस पिंड होता है जो तरकारी के काम आता है। | پھول گوبی | फूल गूबी | cauliflower. |
| फूलदान | पु. | फूल सजाने के लिए विविध रूपों का बर्तन। | پھول دان | फूलदान | flower-vase. |
| फूलदार | वि. | जिस पर फूल-पत्ते और बेलबूटे बने हों। | پوشہ بوٹہ دار | पोशिबूटदार | flowery, embroidered. |
| फूलना | अ. क्रि. | 1. फूलों से युक्त होना; | پوشہ بورُت آسُن؛ | पोशि बोरुत आसुन; | to blossom, to flower, to bloom; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उमंग से भर जाना, बहुत प्रसन्न होना; | اڈی پۄر ترٛاوُن؛ | अडी पूर्य त्रावुन्य; | to swell out, to expand (with joy); |
| | | 3. (ला०) मन में विशेष अभिमान या गर्व का अनुभव करना; | (ورگی) کُنِہ نہ ویژن؛ | (वगी) कुनि न व्यचुन; | to assume airs, to feel proud; |
| | | 4. बहुत अधिक उभर जाना या ऊंचा हो जाना, सूजना। | ہُنُن | हुनुन | to swell, be inflated, be puffed out. |
| फूलबत्ती | स्त्री. | देवताओं की आरती आदि के लिए बनाई जानेवाली रूई की एक प्रकार की बत्ती। | رتُن دیپ | रतुन दीप | a sort of cotton wick. |
| फूली | स्त्री. | 1. सफेद दाग जो आंख की पुतली पर पड़ जाता है; | پۄہ؛ | पोह; | a white speck in the eye; |
| | | 2. भाड़ में भूना हुआ मक्का या चावल का दाना जो फूल जाता है। | لایہِ | लायि | parched maize or paddy. |
| फूस | पु. | सूखी घास जो छप्पर बांधने, ईंधन आदि के काम आती है। | ژھے | छ्य | old dry grass or straw (esp. such as is used in thatching). |
| फूहड़ | वि. | बेशऊर, गंदा या भद्दा। | بےٚ شۄر | बेशोर | unmannerly, slovenly, |
| | स्त्री. | गंदी तथा निर्लज्ज स्त्री। | بےٚ حیا | बेहया | a bad house-wife, silly woman, a slut, trump , shameless woman. |
| फूहड़पन | पु. | भद्दापन, बेढंगापन। | بےٚ حیایی، بےٚ شۄری | बेहयायी, बेशूरी | slovenliness, untidiness, shamelessness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फेंकना | स. क्रि. | 1. हाथ से किसी चीज को ऊंचा उछाल कर गिरा देना; | لایُن؛ | लायुन; | to throw, fling, cast, hurl; |
| | | 2. गिरा या छोड़ देना; | دٲرِتھ دیُن؛ | दॉरिथ द्युन; | to drop, to lose; |
| | | 3. असावधानी, आलस्य या भूल आदि के कारण चीजें इधर-उधर फैलाना या छोड़ना· | چھکرُن؛ | छकुरुन; | to mislay, to place or throw carelessly; |
| | | 4. अनावश्यक रूप से या व्यर्थ व्यय करना। | فُضوٗل خرچی | फ़ोज़ूल खर्ची | to spend unnecessarily or uselessly. |
| फेंटना | स. क्रि. | 1. उंगलियों से हिलाकर किसी चीज को अच्छी तरह मिलाना; | چھوٚمپھ دیُن؛ | छोंफ द्युन; | to beat up froth, to mix by trituration; |
| | | 2. ताश के पत्तों को इस प्रकार मिलाना कि उनका क्रम बदल जाए। | چِلکھِیہ دِنۍ | चिलिख्यदिन्य | to shuffle. |
| फेंटा | पुं. | 1. धोती का वह भाग जो कमर के चारों ओर लपेटा जाता है; | لوٗنٹھ؛ | लूंठ; | part of dhoti tucked up round the waist; |
| | | 2. छोटी पगड़ी। | لُکُٹ صافہٕ | लुकुट साफ़ु | small turban. |
| फेन | पुं. | झाग। | پوٚس | पोस | froth, foam. |
| फेनिल | वि. | झागदार। | پیٚسہِ دار | पेस्यदार | frothy, foamy. |
| फेनी | स्त्री. | घी में छाना हुआ मैदे का लच्छा जिसे दूध में भिगोकर और शक्कर मिलाकर खाते हैं। | پھیٖنۍ | फीन्य | kind of sweetmeat. |
| फेफड़ा | पुं. | छाती के नीचे स्थित थैली के आकार का अवयव जिससे रीढ़वाले अधिकांश प्राणी सांस लेते हैं। | شُشہِ نور | शुशुनोर | lung. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फेर | पु. | 1. घुमाव, चक्कर; | چکر؛ | चकर; | turning, turn, twist, curvature; |
| | | 2. भ्रम या उलझन; | بٕرم؛ | ब्रम; | dilemma, perplexity; |
| | | 3. चालाकी या धोखेबाजी से भरी हुई चाल या युक्ति; | چالاکی؛ | चालाकी; | ruse,trick, subterfuge; |
| | | 4. घुमावदार मार्ग या रास्ता। | موڑدار | मोडदार | circuitous route. |
| फेरना | स. क्रि. | 1. कोई चीज को किसी फेरे या घेर में बार-बार घुमाना; | نچُناوُن؛ | नचुनावुन; | to turn, to turn round; |
| | | 2. कोई चीज लेकर चारों ओर या चक्कर-सा लगाते हुए सब के सामने जाना; | پھِرُون؛ | फिरुवुन; | to circulate, to proclaim, to announce.; |
| | | 3. किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु न लेना और उसे लौटा देना; | واپس کرُن؛ | वापस करुन; | to turn away, to reject, to send back; |
| | | 4. जो चीज जिस दिशा में हो उसका पार्श्व या मुंह उससे विपरित दिशा में करना; | وُلٹاوُن، بُتھ پھِرِتھ تھوُن؛ | वुल्टावुन, बुथफिरिथ थवुन; | to turn over, to reverse, invert; |
| | | 5. किसी तल पर कोई चीज चारों ओर इधर-उधर, ऊपर-नीचे ले जाना और ले आना (जैसे सिर पर हाथ फेरना, दीवार पर चूना या रंग फेरना आदि)। | پھِرُوُن | फिरुवुन | to stroke, to fondle, caress, to pass (a brush, colour, over), to colour, to whitewash. |
| फेरफार | पु. | उलट-फेर, परिवर्तन। | پھِرپھیار | फिरुफ्यार | shuffling, change. |
| फेरा | पु. | 1. किसी चीज के चारों ओर फिरने अर्थात् घूमने की क्रिया या भाव; | پھیرُن (اَنِہ اَنٛدۍ)؛ | फेरुन (अन्य अंद्य) ; | circuit round, perambulation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विवाह के समय वर-वधू द्वारा की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा। | پھیرٕ | फेर् | matrimonial rite according to which the bride and the bridegroom move round the sacred fire. |
| फेरी | स्त्री. | 1. देवी-देवता आदि की की जानेवाली परिक्रमा; | پرٕکرٕم؛ | प्रकुरम; | going round, circumambulation (round an object); |
| | | 2. छोटे व्यापारी द्वारा गलियों, गांवों आदि में फुटकर ग्राहकों के हाथ सामान बेचने के उद्देश्य से लगाया जानेवाला चक्कर। | پھیرؠ | फीर्य | hawking, the rounds of a pedlar. |
| फेरीवाला | पु. | वह छोटा व्यापारी जो गली-गली या गांव-गांव में घूम कर सौदा बेचता है। | پھیرِ وول | फेरि वोल | hawker, pedlar. |
| फेल | वि. | 1. जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ हो; | فیل؛ | फेल; | failed, plucked; |
| | | 2. जो अपने प्रयास में विफल हुआ हो। | ناکام | नाकाम | unsuccessful. |
| फेहरिस्त | स्त्री. | सूची, यादी। | فہرِس | फिहरिस | list, inventory. |
| फैलना | अ.क्रि. | 1. किसी चीज का विस्तार से युक्त होना; | پھہلُن، واہراوُن، یُن؛ | फहलुन, वाहरावनु युन; | to be spread, to be diffused, to be scattered, to spread, to expand, to extend, to stretch or to reach out; |
| | | 2. किसी बात आदि का | پھہلُن، ترٕے گژھنؠ؛ | फहलुन, तुरय गछन्य; | to spread around, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | व्यापक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनना; | | | become public; |
| | | 3. कुछ अधिक पाने या लेने के लिए आग्रहपूर्वक याचना या हठ करना। | رتھ والُن، رِکھ لاگُن | रथ वालुन, रुखि लागुन | to rise in one's demands or requirements, to be exacting. |
| **फैलाना** | स. क्रि. | 1. किसी को फैलने में प्रवृत्त करना; | بَڑراوُن، لُہراوُن | बंड़रावुन, लंहुरावुन | to spread, to stretch, to expand; |
| | | 2. कोई चीज खींचकर विस्तार या सीमा तक ले जाना; | پھہلاوُن؛ | फ़हलावुन; | to lengthen, to draw out; |
| | | 3. किसी प्रकार के घेरे या विवर का विस्तार बढ़ाना। | | | to diffuse, to unfurl. |
| **फैलाव** | पु. | 1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव; | دوٗرراوُن؛ | दूरावुन; | spreading, spreading out; |
| | | 2. उतनी लम्बाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज फैली हुई हो। | حد | हद | expansion, stretch. |
| **फैशन** | पु. | बनाव-शृंगार करने के आधुनिक और प्रचलित ढंग। | فٲشن | फ़ॉशन | fashion. |
| **फैसला** | पु. | 1. न्यायकर्त्ता द्वारा दी जानेवाली व्यवस्था; | فٲصلہٕ؛ | फ़ॉसलु; | judgement, decision; |
| | | 2. किसी बात के संबंध में किया गया अन्तिम निर्णय। | فٲصلہٕ | फ़ॉसलु | settlement. |
| **फोकट** | वि. | जिसके लिए कुछ परिश्रम या व्यय न करना पड़े। | مُفتے | मुफ़्तुय | free, free of charge, gratis. |
| **फोटो (फोटोग्राफ)** | पु., स्त्री. | एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा खींचा हुआ चित्र। | فوٹوٗ، کمپاسہٕ | फोटू, कम्पासु | photo, photograph. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| फोटोग्राफर | पु. | एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा चित्र खींचनेवाला, चित्रकार। | فوٹوگرافر، کمپاسیر | फोटूग्राफ़र, कम्पास्य | photographer. |
| फोटोग्राफी | स्त्री. | फोटो उतारने के यंत्र के द्वारा फोटो या छाया-चित्र बनाने की कला तथा कृत्य। | فوٹوگرافی | फोटूग्राफी | photography. |
| फोड़ना | स. क्रि. | 1. शीशा, चीनी या मिट्टी आदि की कोई वस्तु खंड-खंड करना या तोड़ना; | پھُٹراوُن؛ | फुटरावुन; | to break to pieces, to break, to burst open; |
| | | 2. किसी खोखली या वायु-भरी वस्तु को आघात या दाबाव द्वारा तोड़ना; | پھاٹناوُن؛ | फाटनावुन; | to explode, to split; |
| | | 3. किसी दल या पक्ष के व्यक्ति या व्यक्तियों को प्रलोभन देकर अपनी ओर मिलाना; | پھاسناوُن؛ ژٹُن | फासुनावुन; चटुन | to induce (a person), to defect; |
| | | 4. कोई ऐसा परिश्रम करना जिसका कोई फल न हो या बहुत ही कम फल हो; | نشراوُن؛ | नशरावुन; | to waste one's time on unyielding or infructuous job; |
| | | 5. किसी का भेद या रहस्य सब पर प्रकट करना। | فاش کرُن | फाश करुन | to disclose, divulge, betray (a secret): |
| फोड़ा | पु. | शारीरिक विकार के कारण होनेवाला ऐसा व्रण जिसमें रक्त सड़कर मवाद का रूप धारण कर लेता है। | پھیپھُر | फ्यफुर | boil, tumour, abscess, ulcer. |
| फौज | स्त्री. | सेना या झुंड। | فوج | फोज | crowd (of men etc.), multitude, army. |
| फौजदारी | स्त्री. | गहरी मारपीट की कोई घटना। | فوجدأری | फोजदारी | criminal fighting; assault, breach of |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | the peace, criminal offence. |
| फौजदारी अदालत | स्त्री. | वह न्यायालय जिसमें मार-पीट, हत्या आदि संबंधी मुकदमों की सुनवाई होती है। | فوجدأری عدالتھ | फोजदारी अदालथ | criminal court. |
| फौजी | वि. | फौज का या उससे संबंधित। | فوٗجی | फूजी | of or belonging to the army, military, martial. |
| फौरन | क्रि. वि. | तत्काल। | فورَن | फोरन | quickly, immediately, at once. |
| फौलाद | स्त्री, पु. | असली लोहा। | فولاد، پۄلاد | फोलाद, पुलाद | steel. |
| फौलादी | वि. | 1. फौलाद का बना हुआ; | فولأدی، پۄلادُک، پۄلادُو؛ | फोलाद्य, पुलादुक, पुलादुव; | made of steel; |
| | | 2. बहुत ही दृढ़ या पक्का। | مضبوٗط | मज़बूत | strong, stout, sturdy. |
| बंकिम | वि. | 1. तिरछा, टेढ़ा; | ہوٚل؛ | होल; | oblique, curved; |
| | | 2. बांका। | ژھٹ رٔسی، یاو | छटु रेस्य, यावु | coquettish, showy. |
| बंगला | पु. | 1. चारों ओर से खुला हुआ एक मंजिला मकान। | بٔنگلہٕ؛ | बंगलु; | small bungalow, cottage. |
| | स्त्री. | 2. बंगाल की भाषा। | بنٛگألؠ | बंगाल्य | Bengali language. |
| बंजर | वि. | ऊसर भूमि जहां कुछ पैदा न हो सके। | بٔنجر | बंजर | waste (land), unproductive (land). |
| बंजारा | स्त्री., पु. | 1. घूम-फिर कर नून, तेल, अन्न आदि बेचनेवाली एक जाति; | بٔنجأری؛ | बंजार्य; | a caste or class who are carriers of grain, salt etc; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त जाति का सदस्य। | بٔنجارؠ (ذاژہُند) | बंजार्य ( ज़ाच् हुन्द) | member of abo[illegible] class. |
| बंटना | अ. क्रि. | अलग-अलग हिस्सा होना या बांटा जाना। | بٲگرُن | बांगरुन | to be divided or shared. |
| बंटवाना | स. क्रि. | 1. दूसरों को कोई चीज बांटने या हिस्से करने में प्रवृत्त करना; | بٲگراوناوُن؛ | बांगरावनावुन; | to cause to distribute, to share, to divide e |
| | | 2. किसी चीज़ की बांट या उसके हिस्से करवाना। | حِصہٕ کرناونۍ | हिसु करुनावुन्य | to cause to be shared, to be distributed or to be divided. |
| बंटवारा | पु. | 1. बांटने का काम;<br>2. भाइयों या हिस्सेदारों में होनेवाला विभाजन। | بٲگراوُن؛<br>حِصہٕ بٹاے | बांगरावुन;<br>हिसु बटांय | act of dividing; partition of property etc. amongst brother or relatives. |
| बंटाई | स्त्री. | 1. बांटने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक; | بٲگرُن، حِصہٕ بٹای، بٲجیہ وبٹھ؛ | बांगरुन, हिसु बटांय, बांज्यबठ; | act or state of dividing, partitioning; |
| | | 2. बांटे जाने की अवस्था या भाव। | حِصہٕ کرنۍ | हिसु करुन्य | division, partitio[illegible] |
| बंटाधार | वि. | पूरी तरह से चौपट या भ्रष्ट किया हुआ। | وُجارٕ کوٗرمُت | वुजारु कोरमुत | completely destroyed, devastated, undone. |
| बंटाना | स. क्रि. | 1. संपत्ति आदि के हिस्से कराना; | بٲگراوُن؛ | बांगरावुन; | to cause property etc. to be shared o distributed; |
| | | 2. किसी काम या बात में इस प्रकार सम्मिलित होना कि दूसरे का भार हल्का हो जाए। | پلزُن | पलज़ुन | to lend a helping hand. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बंडल | पु. | रस्सी आदि से अच्छी तरह बंधा हुआ पुलिंदा। | بَنڈل | बंडल | bundle. |
| बंडी | स्त्री. | बिना आस्तीन की एक प्रकार की कुरती। | بَنٛدۍ | बंद्य | short robe, waist coat. |
| बंद | वि. | 1. बंधा हुआ, कसा हुआ; | گۄنٛڈمُت؛ | गों‌डमुत; | bound, tied up, fastened; |
| | | 2. बन्धन में, कैद में; | نظربَند؛ | नज़रबंद; | in prison,, behind the bars; |
| | | 3. चारों ओर से दीवारों आदि से घिरा (स्थान); | ڈٔلِتھ؛ | वेलिथ; | closed, shut; |
| | | 4. बाधायुक्त। | روٗٹھدار | रोटुदार | prevented, hindered. |
| बंदगी | स्त्री. | 1. सेवा या सेवक, अनुचर होने का भाव; | بَندٕگی؛ | बंदुगी; | service or servitude, |
| | | 2. ईश्वर की वन्दना। | عبادتھ،پۄزا | अबादथ, पूज़ा | worship. |
| बंदगोभी | स्त्री. | पातगोभी। | بَندگوٗبی(بَندگوٗپی) | बंदगूबी ( बंदगूपी) | cabbage. |
| बंदनवार | पु. | आम, अशोक आदि की पत्तियों को डोरी में बांध कर शुभ अवसरों में दरवाजों पर लगाया जाता है। | ڈیڈِ،بَندن وار | डेडि, बंदनवार | festoon of leaves of mango tree etc. suspended across gateways on festive occasions. |
| बंदर | पु. | एक प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो वृक्षों पर रहता है, मनुष्य से मिलता-जुलता है। | وانٛدُر،پۄنٛز | वांदुर, पोंज़ | monkey, ape. |
| बंदरगाह | पु. | समुद्र के किनारे वह स्थान जहां जहाज ठहरते हैं। | بَندرگاہ | बंदरगाह | port. |
| बंदरघुड़की | स्त्री. | बंदरों की तरह डराते हुए दी जानेवाली ऐसी धमकी जो दिखावे भर की हो पर जो पूरी न की जाए। | نوٗج،گُڈاریہ | नूज, गुडार्य | empty threat. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बंदरिया | स्त्री. | बंदर की मादा। | پٔنٛز | पंज़ | female monkey. |
| बंदा | पु. | 1. दास या सेवक;<br>2. भक्त। | داس؛<br>بنٛدٕ | दास;<br>बंदु | slave or servant;<br>devotee. |
| बंदिश | स्त्री. | 1. बांधने की क्रिया या भाव;<br>2. प्रतिबन्ध, बन्धन;<br>3. कविता के चरणों, वाक्यों आदि में होनेवाली शब्द-योजना। | گنٛڈ؛<br>پابنٛدی؛<br>بٔنٛدِش | गंड;<br>पाबंदी;<br>बंदिश | act or state of tying, binding etc<br>restriction;<br>composition, construction (in poetry). |
| बंदी | पु. | कैदी, बन्धन में रखा गया। | قٕدۍ | क़ूद्य | prisoner, captive. |
| बंदीगृह | पु. | कैदखाना। | قادخانہٕ | क़ादखानु | prison, gaol. |
| बंदूक | स्त्री. | ऐसा अस्त्र जिसमें कारतूस गोली आदि भर कर इस प्रकार छोड़ी जाती है कि लक्ष्य पर जाकर गिरती है। | بٔنٛدوٗق | बोंदूक | rifle. |
| बंदूकची | पु. | बंदूक चलानेवाला। | بۄنٛدوٗقۍ | बोंदूक्य | musketeer, rifleman. |
| बंदोबस्त | पु. | प्रबन्ध या व्यवस्था। | بۄنٛدبس | बोंदुबस | arrangement, administration. |
| बंध | पु. | 1. वह चीज जिससे कोई दूसरी चीज बांधी जाए, डोरी, रस्सी;<br>2. गांठ या बंधन;<br>3. गठन, रचना;<br>4. बांध (नदी आदि पर)। | رَز؛<br>گنٛڈ؛<br>بناوٹھ؛<br>ڈیم، ویر | रज़;<br>गंड;<br>बनावठ;<br>डैम, वीर | string, cord;<br>knot or bondage;<br>construction, composition;<br>dam. |
| बंधक | पुं. | 1. बांधनेवाला;<br>2. गिरवी या रेहन। | گنٛڈن وول،<br>گرو | गंडन वोल;<br>गिरव | binder;<br>pawn, pledge. |
| बंधन | | 1. बांधने आदि की क्रिया या भाव; | گنٛڈُن؛ | गंडुन; | fastening, binding, tying; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी प्रकार की कोई रुकावट; | رُکاوَٹھ؛ | रुकावठ; | obstacle, hindrance, check, restraint; |
| | | 3. गांठ आदि। | گَنڈ | गंड | tie, knot. |
| बंधना | अ. क्रि. | 1. बंधन में पड़ना; | گَنڈِنہٕ آمُت؛ | गंडनु आमुत; | to be bound, fastened, etc; |
| | | 2. किसी प्रकार के नियमन, प्रतिबंध आदि से युक्त होना। | پابنَد | पाबंद | to be restricted or regulated. |
| बंधनी | स्त्री. | जिससे कोई चीज बंधी हुई हो, रस्सी, डोरी आदि। | گُدوم، رَز، گَنڈ | गुदोम, रज़, गंड | instrument for tying or holdingtogether,tie string, rope, etc. |
| बंध-पत्र | पु. | 1. विधिक दृष्टि से मान्य वह पत्र जिस पर हस्ताक्षर करनेवाला व्यक्ति अपने आपको किसी काम के लिए प्रतिज्ञाबद्ध करता है; | بانڈ؛ | बांड; | bond; |
| | | 2. एक प्रकार का सार्वजनिक ऋणपत्र जिसमें निश्चित समय के अन्दर कुछ विशिष्ट नियमों या शर्तों के अनुसार लिया हुआ ऋण चुकाने की प्रतिज्ञा होती है। | ہُنڈ | हुण्ड | loan-bond. |
| बंधवाना | स. क्रि. | 1. बांधने का काम किसी दूसरे से करवाना; | گَنڈناوُن؛ | गंडुनावुन; | to get bound; |
| | | 2. वस्तु आदि की रचना कराना, बनवाना आदि; | بَناوناوُن؛ | बनावुनावुन; | to get constructed, framed, prepared, etc.; |
| | | 3. कारागार में डलवाना; | قٲد کَرناوُن | कॉद करनावुन | to get imprisoned. |
| बंधाना | स. क्रि. | देखें बंधवाना'। | 'बंधवाना' وُچھِو | वुछिव 'बंधवाना' | same as बंधवाना'. |
| बंधु | पु. | 1. मित्र या हितैषी; | رُت کانٛچھن وول؛ | रुत कांछन वोल; | friend, well-wisher; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सम्बन्धी; | اَشناو؛ | आशनाव; | kinsman, relatior |
| | | 3. भाई। | بوے | बोय | brother. |
| **बंधेज** | पु. | 1. कोई नियत और परंपरागत प्रथा; | رسُم؛ | रसुम; | custom, practice; |
| | | 2. विभिन्न अवसरों पर संबंधियों, सेवकों आदि को दी जानेवाला धन-राशि; | بوگ، دوستوٗری؛ | बोग, दोस्तूर्य; | amount paid to relations, servant etc. on various social occasions; |
| | | 3. बाधा, प्रतिबंध। | رُکاوَٹھ | रुकावठ | obstacle, restriction. |
| **बंबा** | पु. | पानी की कल। | اتھ پمپ، نلکہ | अथ पंप, नल्कु | hand-pump. |
| **बंसी** | स्त्री. | 1. बांसुरी; | نۓ، بنٛسرٕی؛ | नय, बंसरी; | flute, pipe; |
| | | 2. मछली फंसाने की कंटिया। | بِسلاے | बिसलाय | fish-hook. |
| **बंसूला (बसूला)** | पु. | बसूला, बढ़इयों के उपयोग का एक प्रकार का कुल्हाड़ा। | توٗر | तूर | kind of axe used by carpenters. |
| **बंहगी** | स्त्री. | भार ढोने का वह उपकरण जिसमें एक लम्बे बांस के दोनों सिरों पर रस्सी के बड़े-बड़े छीकें लटका दिए जाते हैं। | ترٛنگُر | त्रंगुर | stick or pole with strings at both ends for carrying boxes or baskets etc., on the shoulder. |
| **बक** | पु. | बगला। | برٛگ | ब्रग | kind of heron or crane. |
| **बकझक** | स्त्री. | बेकार की बात या झगड़ा। | بکھ بکھ | बख-बख | silly talk, nonsense, babble. |
| **बकना** | स क्रि. अ. क्रि. | ऊटपटांग या व्यर्थ की बहुत सी बातें कहना। | بکواس، اۄرُک یۄرُک وَنُن | बकवास, ओरुक योरुक वनुन | to babble or to indulge in silly talk. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बकबक | स्त्री. | देखें 'बकझक'। | 'बकझक' وُچھو | वुछिव 'बकझक' | same as 'बकझक' |
| बकरम | पु. | गोंद आदि लगा कर कड़ा किया हुआ वह करारा कपड़ा जो पहनने के कपड़ों के कालर, आस्तीन आदि में लगाया जाता है। | بکرم | बकरम | starched piece of cloth to be inserted in collars and cuffs to keep them stiff, buckram. |
| बकरा | पु. | एक प्रसिद्ध चौपाया जिसके सींग तिकोने, पीठ की ओर मुड़े हुए होते हैं, पूंछ छोटी होती है तथा शरीर से एक प्रकार की गंध आती है। | ژھاوُل | छ़ावुल | he-goat. |
| बकवाद | स्त्री. | बेकार की बात कहना, बेसिर पैर की हांकना। | بکواس | बकवास | nonsensical or foolish talk. |
| बकवास | स्त्री. | देखें 'बकवाद'। | 'बकवाद' وُچھو | वुछिव 'बकवाद' | same as 'बकवाद' |
| बकवासी | पु. | बकवास करनेवाला। | بکواسی | बकर्वास्य | idle or nonsensical talker, chatterer, prater. |
| बकवृत्ति | स्त्री. | बगुलों जैसी वृत्ति। | تِگڑم، مٙکھر | तिगड़म, मंखुर | heron-like behaviour, hypocrisy. |
| बकाया | वि. | बाकी बचा हुआ धन। | بقایا | बकाया | remaining. |
| | पु. | किसी काम, बात या राशि का वह अंश जिसकी अभी पूर्ति होनी शेष हो। | بقایا | बकाया | arrears, remainder, balance. |
| बकैयां | स्त्री. | छोटे बच्चों की घुटनों के बल चलने की क्रिया। | کھوکھج | खुखुज | crawling of children. |
| बकोटना | स. क्रि. | 1. नाखूनों से कोई चीज विशेषतः शरीर की त्वचा का मांस नोचना; | زُلُن؛ | जुलुन; | to lacerate or tear with the nails, scratch; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (ला०) कोई चीज किसी से बलपूर्वक लेना या वसूल करना। | چیرِتھ ہیوٗن | चीरिथ ह्योन | to extract anythir forcibly from others. |
| बकोटा | पु. | 1. बकोटने की क्रिया या भाव; | زٕلُن؛ | ज़्लुन; | scratching; |
| | | 2. उतनी मात्रा जितनी चंगुल या मुट्ठी में आ जाए। | بۆک | बोक | handful. |
| बक्कल | पु. | 1. छिलका या छाल;<br>2. बकसुआ। | دٔل، مُسلُ؛<br>بکسُو، بُکلیس | द्यल, मुसुल;<br>बकसुव, बुकलेस | skin or bark;<br>buckle. |
| बक्स (बक्सा) | पु. | लकड़ी, लोहे आदि का बना हुआ एक तरह का ढक्कनदार आधान। | بکسُ | बक्सु | box. |
| बखान | पु. | 1. विस्तारपूर्वक कही जानेवाली बात;<br>2. प्रशंसा। | ویٛژھنے؛<br>تارِیف | व्यछ़नय;<br>तारीफ | explanation, exposition;<br>praise, commendation. |
| बखानना | स. क्रि. | विस्तारपूर्वक कहना या वर्णन करना। | ویٛژھناوُن | व्यछनावुन | to explain, to expound. |
| बखिया | पु. | एक प्रकार की महीन और मजबूत सिलाई, जिसमें दोहरे टांके र ..ग जाते हैं। | بٔخیے<br>زاوُج ٹیب | बख्य<br>ज़ाविज टेब | fine sewing with double stitching. |
| बखियाना | स. क्रि. | बखिया करना। | ترٛوپ دُیُن | त्रोप द्युन | to stitch. |
| बखूबी | क्रि. वि. | भली प्रकार से, पूर्ण रूपेण। | جان پاٹھی | जान पाठ्य | in a good manner, well, properly, duly, thoroughly, completely, in perfection. |
| बखेड़ा | पु. | 1. उलझन भरा काम; | وُٹھِتھ، کھُرۍدار؛ | वुठिथ, खुर्यदार; | entanglement, complication; |
| | | 2. झगड़ा या विवाद। | جَگرٕ، نیاے، ٹنڈٕ، قٔزِیہٕ | जंगरु, न्याय, टंडु, कंजियु | quarrel, dispute. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बख़्तर** (**बक्तर**) | पु. | लोहे के जाल का बना हुआ कवच। | بکھتر، زِرہ بکھتر | बखतर, ज़िरुबखतर | iron armour. |
| **बख़शना** | स. क्रि. | 1. प्रदान कर देना; | بخشُن؛ | बखशुन; | to give, to grant, to bestow; |
| | | 2. दयापूर्वक छोड़ देना। | ترٛاوُن، مٲف کرُن | त्रावुन, माफ करुन | to forgive, to pardon, to excuse |
| **बख़शीश** | स्त्री. | 1. दान, इनाम या पुरस्कार; | ینامہ، بخچِش؛ | यनामु, बखचिश; | donation, reward, gratuity; |
| | | 2. क्षमा। | مٲفی | मॉफी | pardon, forgiveness. |
| **बगल** | स्त्री. | 1. बाहु-मूल के नीचे का गड्ढा; | گٔژھ؛ | कछ; | armpit; |
| | | 2. पक्ष। | طرف | तरफ | flank, side. |
| **बगला-भगत** (**बगुला-भगत**) | पु. | वह जो देखने में बहुत धार्मिक तथा सीधा-सादा जान पड़ता हो, पर वास्तव में बहुत बड़ा कपटी या धूर्त हो। | سٲد مکار | सॉद मकार | religious hypocrite. |
| **बगावत** | स्त्री. | बलवा या राजद्रोह। | بغاوَتھ | बगावथ | revolt, rebellion. |
| **बगिया** | स्त्री. | उपवन या छोटा बाग। | وٲر | वॉर | small garden. |
| **बगीचा** | पु. | छोटा बाग या फुलवारी। | باغ | बाग | garden. |
| **बगुला** (**बगला**) | पु. | एक प्रसिद्ध जल पक्षी, बक। | برٛگ | ब्रग | heron, crane. |
| **बगूला** | पुं. | तेज हवा की वह अवस्था जिसमें वह घेरा बांधकर चक्कर लगाती हुई तथा ऊपर उठती हुई आगे बढ़ती है। | شیطانہٕ واو | शेतानुवाव | whirlwind. |
| **बगैर** | क्रि. वि. | न होने की दशा में। | بغٲر | बगॉर | without, exclusive (of), excluding. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बग्घी** | स्त्री. | चार पहियों की पाटनदार गाड़ी जिसे एक या दो घोड़े खींचते हैं। | بگی | बंग्य | four-wheeled carriage driven by one or two horses, victoria. |
| **बघनखा** | पु. | बाघ के नख के आकार प्रकार का प्राचीन शस्त्र। | سُہہ پَنٛجہٕ | सुह पंजु | tiger's claw, resembling a tiger's claw. |
| **बघार** | पु. | दाल, सब्जी, आदि को गर्म घी, मसाले आदि का छोंक लगाने की क्रिया। | بغارٕ | बगारु | seasoning of saltish dishes with heated oil or ghee. |
| **बघारना** | स. क्रि. | तड़का देना या लगाना। | بگارٕ کرُن | बगारु करुन | to season vegetables, pulses, etc. with onions and spices in heated oil or ghee. |
| **बचकाना** | वि. | 1. बच्चों से संबंधित; | بچگانہٕ؛ | बचगानु; | appertaining to or fit for children; |
| | | 2. अपरिपक्व। | کوٗچ | कोच | childish, immature. |
| **बचत** | स्त्री. | 1. बचे हुए होने की अवस्था या भाव; | بقایا؛ | बकाया; | residue, remainder, surplus, balance; |
| | | 2. व्यय आदि से बची रहनेवाली धन-राशि। | بچتھ | बचथ | savings. |
| **बचना** | अ. क्रि. | 1. उपयोग, कार्य या व्यय आदि हो चुकने के बाद जो कुछ शेष रहे; | ہٕریومُت، بچومُت؛ | हर्योमुत, बचोमुत; | to be saved, to be left, to remain; |
| | | 2. बंधन, विपद, संकट आदि से किसी प्रकार सुरक्षित रहना; | بچُن؛ | बचुन; | to escape, to be saved (from); |
| | | 3. किसी कार्य अथवा व्यक्ति से मिलने में संकोच करना। | ٹالُن | टालुन | to avoid. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बचपन | पु. | बाल्यावस्था या लड़कपन। | لوکہِ چار | लुकुचार | infancy, childhood. |
| बचपना | पु. | 1. बचपन; 2. अपरिपक्व बुद्धि का सूचक कार्य। | بچپنہٕ؛ شُرِل | बचपनु; शुरिल | childhood; childishness or childlike action. |
| बचा-खुचा | वि. | किसी चीज या वस्तु का बचा हुआ अंश या टुकड़ा। | بچومُت | बचोमुत | left over or remains of anything. |
| बचाना | स. क्रि. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ या कोई बचे, रक्षा करना; 2. उपयोग, व्यय आदि के उपरान्त भी कुछ अवशिष्ट रखना। | بچاوُن؛ رچھُن، راچھ؛ پتھ کُن تھوُن | बचावुन; रछुन, रांछ्य; पथ कुन थवुन | to preserve, to protect, to shield; to save, to put or to lay by. |
| बचाव | पु. | 1. कष्ट, संकट आदि में बचे हुए होने की अवस्था; 2. त्राण या रक्षा; 3. कष्ट, संकट आदि से बचने के लिए किया जानेवाला उपाय। | بچاو؛ بچاو؛ اتھ روٚٹ | बचाव; बचाव; अथ रोट | protection, rescue; salvation or defence; act of preservation, shielding, etc. |
| बच्चा | पु. | 1. प्राणी का नवजात शिशु; 2. बालक। | شُر، بچہِ؛ بچہِ | शुर, बचु; बचु | young one of a creature; child. |
| बच्ची | स्त्री. | छोटी लड़की। | لوکٹ کور | लुकुट कूर | little girl. |
| बछड़ा | पु. | गाय का बच्चा। | وۄژھ | वॊछ | calf. |
| बछिया | स्त्री. | गाय का मादा बच्चा। | وٕژھر | वैछर | female calf. |
| बछेड़ा | पु. | घोड़े का बच्चा। | بچھیر | बछेरु | colt. |
| बछेड़ी | स्त्री. | घोड़े का मादा बच्चा। | بچھیرٕ | बछीर्य | female colt. |
| बजट | पु. | आय-व्यय का मासिक या वार्षिक लेखा। | بجٹ | बजट | budget. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बजना | अ. क्रि. | 1. किसी चीज पर आघात किए जाने पर ऊंची ध्वनि निकलना; 2. संगीत अथवा वाद्ययंत्र में से ध्वनि निकलना। | صداہ وچھن/بزجن وٗزُن ؛ بجاوُن | सदाह वछुन/बजुन वंजुन; बजावुन | emission of sound by striking against some thing; sound of some musical instrument. |
| बजरा | पु. | वह बड़ी नाव जो कमरे के समान खिडकियों तथा पक्की छतवाली होती है। | ڈُونگر | डूंगु | large kind of pleasure-boat shaped like a room having ceiling and windows. |
| बजरी | स्त्री. | पत्थर को तोड़कर बनाए जानेवाले वे छोटे-छोटे टुकड़े जो फरश, सड़क आदि बनाने के क़ाम आते हैं। | باجِر | बाजिर | gravel. |
| बजा | वि. | उचित, उपयुक्त, ठीक, सत्य। | بجا | बजा | in place, proper, suitable, fit, becoming, right, just, true. |
| बजाज | पु. | कपड़े का व्यापारी। | بزاز | बज़ाज़ | cloth merchant, draper. |
| बजाजी | स्त्री. | बजाज का काम। | بزٲزی | बज़ाज़्य | business of a cloth merchant or draper. |
| बजाना | स. क्रि | कोई ऐसी विशिष्ट प्रक्रिया करना जिससे कोई वाद्य सुर, ताल, लय आदि में शब्द करने लगे। | بجاوُن | बजावुन | to play (on a musical instrument), to perform or execute music, to beat (a drum, gong). |
| बजाए (बजाय) | अव्य. | जगह या स्थान पर अथवा बदले में। | بدلہٕ | बदलु | in place (of), in lieu of, instead of. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बटखरा | पु. | धातु, पत्थर आदि का किसी नियत तौल का टुकड़ा। | پرنانُ | परनानु | weight made from metal, stone, etc., used in weighing goods. |
| बटना | स. क्रि. | कई तंतुओं, तागों या तारों को एक साथ मिलाकर [illegible] ऐसा मरोड़ना कि वे सब [illegible] नकर एक हो जाएं। | وُٹھُن | वुठुन | twining of fibres, thread or wires into rope etc. |
| | अ.क्रि. | 1. सिल पर मसाला आदि पीसना; | پِشُن، پیٖہُن؛ | पिशुन, प्युहुन; | to grind spices or onions etc. on a stoneslab; |
| | | 2. हिस्से होना, विभाजित होना। | باگُراوُن | बागुरावुन | to be shared, distributed, to be divided. |
| बटमार | पु. | पथिकों या यात्रियों को मार्ग में मारकर धन, संपत्ति छीन लेनेवाला। | رٕہزَن | रेहज़न | highway-man. |
| बटमारी | स्त्री. | बटमार का काम या राहजनी। | رٕہزنی | रेहज़नी | highway robbery. |
| बटला (बटुला) | पु. | चावल, दाल आदि पकाने का चौड़े मुंह का गोल बर्तन। | دیگ | देग | wide-mouthed big pan to cook rice, pulses etc.. |
| बटली (बटुली) | स्त्री. | देगची या छोटा बटला। | دیٖچ، دیٖکِچ | दीचु, दीक्यचि | a small wide-mouthed pan. |
| बटलोई | स्त्री. | दे० 'बटली'। | وُچھِو 'बटली' | वुछिव 'बटली' | same as 'बटली'. |
| बटवारा (बंटवारा) | पु. | 1. बांटने का काम; | باگرُن؛ | बागरुन; | act of dividing or distributing; |
| | | 2. भाइयों या रिश्तेदारों में होनेवाला संपत्ति विभाजन। | حِصہٕ بٹاے | हिसु बटोय | partition of property etc. amongst co-parceners. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बटा | पु. | गणित में एक प्रकार का चिह्न जो छोटी किन्तु सीधी पड़ी रेखा के रूप में (–) होता है। | بٹا | बटा | line above the denominator in a vulgar fraction. |
| बटाई (बंटाई) | स्त्री. | 1. बंटने या ऐंठन डालने की क्रिया या पारिश्रमिक; 2. बांटने की क्रिया। | بٹاے؛ بٹاے | बटाय; बटाय | act of twining or wages ; act of dividing. |
| बटाई-पत्र | पु. | बटवारे से संबंधित कागज-पत्र। | بٹایہ ہُنٛد دستاویز | बटायि हुँद दस्तावेज़ | deed of partition. |
| बटी | स्त्री. | किसी चीज की बनाई हुई छोटी गोली। | گوٗلی | गूल्य | globule. |
| बटआ (बटुवा) | पु. | कपड़े, चमड़े आदि का खाने तथा ढक्कनदार आधान जिसमें रुपए-पैसे रखे जाते हैं। | بٹُو | बट्वु | a small bag with divisions or folds (used for holding money, betel-nut, tobacco etc.), purse. |
| बटुरना | अ. क्रि. | 1. इकट्ठा या एकत्र होना; 2. सिमटना या बटोरा जाना। | سوٚمبرُن یُن؛ سوٚمبراوِنہٕ یُن | सोंबुरुन् यन; सोंबरावुनु युन | to be collected or to assemble; to be shrunk or amassed. |
| बटेर | स्त्री. | तीतर की तरह एक छोटी चिड़िया जो अधिक उड़ नहीं सकती। | بٹیر | बटेर | quail, perdix olivacca. |
| बटोरना | स. क्रि. | छितरी या बिखरी हुई वस्तुओं को एकत्र करना। | سوٚمبراوُن | सोंबरावुन | to gather up, to assemble. |
| बटोही | पु. | पथिक या मुसाफिर। | مُسافِر | मुसाफिर | way-farer or traveller. |
| बट्टा | पुं. | 1. कूटने या पीसने का पत्थर; | ژھوٚٹ، کاجِوٕٹھ؛ ڈُلہٕ | छ़ोट्, काजिवठ; डुलु | cylindrical piece of stone with which condiments, drugs etc. are pulverized; |

| दी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मूल्य में छूट। | کمی، چھتھ، ریایتھ | कमी, छथ, रियायथ | discount. |
| ़टा-खाता | पु. | महाजनों के यहां वह बही या लेखा जिसमें डूबी हुई अथवा न वसूल हो सकनेवाली रकमें लिखी जाती हैं। | گال کھاتہٕ | गाल खातु | bad debts. |
| ़टी | स्त्री. | 1. पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा; | کنہٕ پھوٗل؛ | कनि फोल; | small piece of stone; |
| | | 2. किसी चीज का प्रायः गोलाकार खंड। | پھوٗل | फोल | globule. |
| ड़प्पन | पु. | बड़े होने की अवस्था या भाव। | بجر | बजर | greatness. |
| ड़बड़ | स्त्री. | 1. बड़बड़ाने की क्रिया या भाव; | وورُن؛ | वोरुन; | grumbling, murmuring; |
| | | 2. व्यर्थ की बातचीत। | بکواس | बकवास | useless talk. |
| ड़बड़ाना | अ. क्रि. | 1. धीरे धीरे तथा अस्पष्ट रूप से इस प्रकार बोलना कि बड़-बड़ के अतिरिक्त और कोई शब्द न सुना जा सके; | وُٹھ پھسراے کَرٕنۍ | वुठ फिसुराय करन्य | to grumble, to murmur; |
| | | 2. क्रोध में आकर आप ही आप कुछ कहते रहना। | وورُن | वोरुन | to talk to one-self in anger. |
| ड़बोला | वि. | बड़ी-बड़ी बातें बघारनेवाला। | تھکن گوٗر | थ्यकन गोर | boaster, talkative. |
| ड़भागा | वि. | सौभाग्यशाली। | ڈیکہٕ بوٗڈ | ड्यकु बोड | fortunate. |
| ड़वानल | पु. | समुद्र के अन्दर चट्टानों में रहनेवाली आग जो सबसे अधिक भीषण और प्रबल मानी गई है। | سوٗدرٕ نار | सोदरुनार | the submarine fire. |
| ड़हल | पु. | एक प्रकार का बड़ा पेड़ जो पश्चिमी घाट, पूर्वी | بڑھل | बडहल | the tree Astocarpus |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बंगाल और कुमाऊं की तराई में होता है तथा उसका फल। | | | lakovcha and th fruit thereof. |
| बड़हार | पु. | विवाह हो जाने के उपरान्त कन्यापक्ष वालों द्वारा वर और वरपक्ष को दिया जाने वाला ज्योनार। | براٙنٛز سال، گرہ اژن سال | बरांच् साल, गर अचन साल | feast given to son-in-law and his relations just after the marriage. |
| बड़ा | वि. | 1. जो अपने आकार-प्रकार या विस्तार के विचार से औरों से बढ़चढ़ कर हो, विशाल; | بۆڈ؛ | बोड; | large, big, huge; |
| | | 2. जो पद, गरिमा, गुण, मर्यादा आदि की दृष्टि से बड़ा हो, महान, श्रेष्ठ; | زیٛٹھ؛ | ज्युठ; | grand, high, eminent, exalted; |
| | | 3. क्रिया अथवा विशेषण के गुण को बढ़ानेवाला; | بۆڈ؛ | बोड; | very excessively, exceedingly; |
| | | 4. उरद की दाल का एक प्रकार का नमकीन पकवान। | بڑا | बड़ा | a saltish preparation of urd-pulse. |
| बड़ाई | स्त्री. | 1. बड़े होने की अवस्था या भाव; | بجر؛ | बजर; | largeness, greatne: bigness, vastness, bulkiness; |
| | | 2. प्रशंसा। | تارٛیف | तारीफ | praise, laudation. |
| बड़ा दिन | पुं. | 25 दिसम्बर का दिन जो ईसाइयों का धार्मिक पर्व है। | بۆڈ دۆہ (کرسمس) | बोड दोह (क्रुसमस) | X-mas day. |
| बड़ी | स्त्री. | आलू, दाल, सफेद कुम्हड़े आदि को पीस कर तथा उसमें नमक-मिर्च डालकर सुखाए हुए टुकड़े। | ورِیٛچھٕلۍ | वॅरिफ़ल्य | dried up tiny round cakes of ground pulse, potatoes etc. |
| बढ़ई | पुं. | लकड़ी के उपकरण बनाने वाला कारीगर। | چھان | छान | carpenter. |

| ंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ढ़ती | स्त्री. | 1. बढ़ने अथवा बढ़े हुए होने की अवस्था या भाव; | ترقی، ہُریٖر، ووٚتلُن | तरकी, हुर्यर, वुतलुन | advancement, progress, promotion, enhancement; |
| | | 2. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि। | وُسجار | वुसजार | increase in riches or family. |
| ढ़ना | अ. क्रि. | 1. आकार, क्षेत्र, विस्तार, व्याप्ति, सीमा आदि में अधिकता या वृद्धि होना; | بڑُن؛ | बडुन; | to increase, enlarge, be enhanced, be extended, be produced, be prolonged, to extend, lengthen; |
| | | 2. आगे की ओर चलना या अग्रसर होना। | برٛوٚنہہ نیرُن | ब्रोंह नेरुन | to advance, to make headway. |
| ढ़नी | स्त्री. | 1. झाड़, कूची; | لچھجیٚ؛ | लछ़ज्य; | broom; |
| | | 2. गिनती, तौल, नाप, मान आदि में उचित या नियत से बढ़ा हुआ अंश; | زیادتی | ज़्यादुती | excess; |
| | | 3. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि। | وُسجار | वुसजार | increase in riches or family. |
| बढ़वाना | स. क्रि. | किसी को कुछ बढ़ाने में प्रवृत्त करना। | بڑاوناوُن | बडावुनावुन | to cause to increase, advance or exceed. |
| बढ़ाना | स. क्रि. | 1. किसी को बढ़ने में प्रवृत्त करना; | پکناوُن؛ | पकुनावुन; | to promote, advance; |
| | | 2. परिमाण, मात्रा, संख्या आदि में अधिकता या वृद्धि करना; | بڑاوُن؛ | बडावुन; | to increase, enhance; |
| | | 3. किसी प्रकार की व्याप्ति में विस्तार करना। | واہراوُن | वाहरावुन | to enlarge, extend, stretch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बढ़ा-बढ़ी | स्त्री. | 1. आचरण, व्यवहार आदि में आवश्यकता या औचित्य से अधिक आगे बढ़ने की क्रिया या भाव; | مُبالغہٕ، یَژ وَنے؛ | मुबालगु, यच़ वनय; | exaggeration, excess; |
| | | 2. प्रतिद्वंद्विता। | مُقابلہٕ | मुकाबलु | competition. |
| बढ़ाव | पु. | 1. बढ़ने या बढ़े हुए होने की अवस्था; | بَجر؛ | बजर; | increase, augmentation, advancement; |
| | | 2. फैलाव या विस्तार। | وسِجار | वुसुजार | extension, enlargement. |
| बढ़ावा | पु. | आगे बढ़कर कोई महत्वपूर्ण काम करने के लिए किसी को दिया जानेवाला प्रोत्साहन, प्रोत्साहित करने के लिए कही जानेवाली बात। | مٹِ مٹِ | मटि-मटि | inducement, incitement, encouragement, incentive, stimulus. |
| बढ़िया | वि. | जो गुण, रचना, रूप-रंग, सामग्री आदि की दृष्टि से उच्च कोटि का हो। | نفیٖس | नफीस | superior, excellen of good quality. |
| बढ़ोतरी | स्त्री. | उत्तरोत्तर होनेवाली वृद्धि, उन्नति या तरक्की। | ترقی | तरकी | increase, increment, advancement, promotion. |
| बतंगड़ | पु. | किसी बात का व्यर्थ ही विस्तार कर देना। | الہٕ کُلِس تُلہٕ کُل | अलु कुलिस तुलु कुल | exaggeration. |
| बतख (बत्तख) | स्त्री. | हंस की जाति की पानी की एक चिड़िया। | بطُخ | बतुख | duck. |
| बतलाना | स. क्रि. | समझाना, कहना। | سمجاوُن، فِکرِ تاوُن | समजावुन, फिकिरि तारुन | to explain, tell etc |
| बताना | स. क्रि. | 1. कोई बात कहकर किसी को कोई जानकारी या परिचय कराना; | وَنُن؛ | वनुन; | to cause to comprehend or understand; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी प्रकार का निर्देश या संकेत करना। | اِشارٕ دِیُن | इशारु दियुन | point out, direct, indicate. |
| बताशा (बतासा) | पु. | एक प्रकार की मिठाई जो फूल की तरह फूली और बहुत हल्की होती है। | بَتاسہٕ | बतासु | sweetmeat or sugarcake (of a spongy texture and hollow within). |
| बतिया | स्त्री. | सब्जी के काम आनेवाला कोई छोटा कच्चा ताजा हरा फल। | بَتِیا (سبزی لایکھ میوٕرِ یِنٛز ٹانٛچہِ بیتر) | बतिया ( सबज़ी लायख म्यवुरेंपु टांचि बेतरि) | green or unripe fruit used as vegetable. |
| बतियाना | अ. क्रि. | बातचीत करना। | کتھ باتھ کرٕنۍ | कथ बाथ करुन्य | to talk, speak, converse, discourse. |
| बतौर | अव्य. | 1. तरीके पर या रीति से; 2. के सदृश। | بطوٗرِ ؛ ہیوٗہ | बतोरि; ह्यूह | by way (of): after the manner (of), like. |
| बत्ती | स्त्री. | 1. प्रकाश के निमित्त जलाया जानेवाला सूत, रुई, कपड़े आदि का बटा हुआ लम्बोतरा लच्छा; | سوٕتھ | सुयथ | wick, cand'e, lamp, etc; |
| | | 2. प्रकाश। | گاش | गाश | light. |
| बत्तीस | वि. | गिनती या संख्या में जो तीस से दो अधिक हो। | دُوٕیِتٕرٕہ | दुयित्रह | thirty-two. |
| बत्तीसा | पु. | पुष्टि के लिए बत्तीस मसालों के योग से बना एक प्रकार का लड्डू। | بٔتیسا دُوِیتٕرٕہَن مسالن ہُنٛد کھیٚن لۆڈ | बॅतीसा दुयित्रहन मसालन हुन्द ख्यनु लोड़ | a tonic composed of thirty-two ingredients. |
| बत्तीसी | स्त्री. | 1. एक ही प्रकार की 32 चीजों का समूह; 2. मनुष्य के 32 दांतों का समूह। | بٔتیسی ؛ دَنٛدٕ وۆٹ | बॅतीसी; दंदु वोट | an aggregate of thirty-two things; a set of teeth (thirty-two in number). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बथुआ | पु. | एक प्रकार का साग। | اکھ سبزی | अख सब्ज़ी | a kind of herb which is used as vegetable. |
| बद-इंतजामी | स्त्री. | कुप्रबन्ध या अव्यवस्था। | بد انتظامی | बदइन्तिज़ामी | bad management. misgovernment, mal-administration. |
| बदकारी | स्त्री. | कुकर्म, व्यभिचार। | بدکاری | बदकारी | wickedness, misdeed, profligacy, licentiousness. |
| बदकिस्मत | वि. | जिसका भाग्य खराब हो। | بدقسمتھ | बद कुस्मथ | unfortunate. |
| बदकिस्मती | स्त्री. | भाग्य के खराब होने की अवस्था या भाव। | بدقسمتی | बदकुसमती | misfortune, bad luck. |
| बदचलन | वि. | जिसका आचरण खराब हो। | بدچلن | बदचलन | ill-conducted. |
| बदचलनी | स्त्री. | बुरा आचरण। | بدچلنی | बदचलनी | misconduct, bad conduct. |
| बदजबान | वि. | अश्लील भाषा बोलनेवाला। | بدزبان | बद ज़बान | indecent in speech, foul mouthed, abusive. |
| बदजात | वि. | खराब आचरण का व्यक्ति। | بدذاتھ | बदज़ाथ | of bad disposition, vicious. |
| बदतमीज | वि. | जो सभ्य तौर-तरीकों से अपरिचित हो। | بدتمیز | बदतमीज़ | ill-mannered. |
| बदतमीजी | स्त्री. | असभ्यता। | بدتمیزی | बदतमीज़ी | lack of manners. |
| बदतर | वि. | अधिक बुरा। | بدتر، بتر | बदतर, बतर | worse. |
| बददिमाग | वि. | जो किसी प्रकार संतुष्ट न हो, अहंकारी। | کبری | किबरी | who cannot be pleased in any way, haughty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बद-दिमागी** | स्त्री. | असंतोष, अहंकार। | کبر، اہنکار | किबर, अहंकार | discontent, haughtiness. |
| **बद-दुआ** | स्त्री. | ऐसी अहित कामना जो शब्दों के द्वारा प्रकट की जाए, शाप। | شاپھ، بَدٕ دُعا، آہِ بَد | शाफ़, बद दुआ, आहिबद | curse. |
| **बदन** | पु. | शरीर। | بدن، پان، شریر | बदन, पान, शरीर | body. |
| **बद-नसीब** | वि. | जिसका भाग्य अच्छा न हो। | بَدٕ قسمت، بَدٕ بخت | बदकुस्मत, बदबख़्त | unfortunate. |
| **बदना** | स. क्रि. | 1. वर्णन करना या कहना; | وَنُن؛ | वनुन; | to describe or speak; |
| | | 2. मान लेना; | مانُن؛ | मानुन; | to agree; |
| | | 3. शर्त लगाना। | بییہِ، بِہُن، شرط، بیُہُن | बयि बिहुन, शरथ ब्युहुन | to bet. |
| **बदनाम** | वि. | जिसकी निंदा हो रही हो। | بدنام | बदनाम | of bad repute, defamed. |
| **बदनामी** | स्त्री. | लोकनिंदा या अपकीर्ति। | بدنامی | बदनामी | disrepute, infamy, defame. |
| **बद-नीयत** | वि. | जिसका इरादा या उद्देश्य अच्छा न हो। | بَدٕ نیت | बदनियत | ill-disposed, of bad intention. |
|---|---|---|---|---|---|
| बिगाड़ना | स.क्रि | ऐसी क्रिया करना जिससे काम, चीज या बात में किसी तरह की खराबी आ जाए। | خراب کرُن | खराब करुन | to ruin, spoil, mar, vitiate, etc. |
| बिगुल | पु. | पाश्चात्य ढंग की एक प्रकार की तुरही जिसका प्रयोग सेना में होता है। | بِگُل | बिगुल | bugle. |
| बिचकना | अ.क्रि | मुंह का इस प्रकार टेढ़ा होना जिससे अप्रसन्नता या अरुचि के भाव प्रकट हों। | بُتھ چکراوُن | बुथ चकुरावुन | to show displeasure by making faces. |
| बिचकाना | स.क्रि | कोई चीज देख कर उसके प्रति अपनी अप्रसन्नता या अरुचि आदि प्रकट करते हुए मुंह टेढ़ा करना या किसी को चिढ़ाने के लिए मुंह बनाना। | لاگُن | लागुन | to make faces to show displeasure or to irritate someone. |
| बिचला | वि. | 1. बीच में पड़नेवाला; | منز باگُک؛ | मंज़ बागुक; | intervening, intermediate; |
| | | 2. मध्यम श्रेणी का | دَرمیانی؛ | दरमियानी; | of middle class; |
| | | 3. मंझला। | منزیُم | मंज़ुम | between the two. |
| बिचवई | पु., स्त्री. | बीच-बचाव करनेवाला; बीच-बचाव। | رٹہ رٹھ کرن وول | रट्‌ रठ करन वोल | one who interposes, intermeddler, middleman. |
| बिचौलिया | पु. | बीच का आदमी। | منزیُم یوٗر | मँज्युम योर | middleman, intermeddler. |
| बिचौली | पु. | वह व्यक्ति जो उत्पादक से माल खरीदकर और कुछ नफा कमाकर दुकानदारों आदि के हाथ बेचता हो। | دلال | द्लाल | middleman, commission agent. |
| बिच्छू | पु. | एक प्रसिद्ध छोटा जहरीला कीड़ा। | بُیچھ | ब्युच | scorpio. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिछना** | अ.क्रि | बिछाया या फैलाया जाना। | واہراونہٕ یُن | वाहरावुन युन | to be spread, to be laid out, to be floored. |
| **बिछवाना** | स. क्रि. | बिछाने का काम करवाना। | واہراوناوُن | वाहुरावनावुन | to cause to be spread, to have (a carpet etc.) spread. |
| **बिछरना** | स. क्रि. | दूर तक फैलाना या बिखेरना। | واہرُن | वाहरुन | to spread, to spread out, to extend. |
| **बिछुआ (बिछुवा)** | पु. | पैर की उंगली या अंगूठे में पहनने का एक गहना। | نیٹھکوٗر | न्यठ्कोर | ring worn on the (little or great) toe. |
| **बिछुड़ना (बिछुरना)** | अ. क्रि. | अलग होना। | ژھینہٕ گژھُن | छ्यनु गछुन | to separate, to part. |
| **बिछोह** | पु. | वियोग। | دوٗرپہٕ | दूपर्र | separation, parting. |
| **बिछौना** | पु. | बिस्तर। | بسترٕ، وتھرُن | बिस्तरु, वथुरुन | bed, bedding. |
| **बिजली** | स्त्री. | 1. आकाश में सहसा उत्पन्न होनेवाला वह प्रकाश जो बादलों की रगड़ के कारण उत्पन्न होता है; | وُزمَلہٕ | वुजुमलु; | lightning, thunderbolt; |
| | | 2. घर्षण, ताप और रासायनिक क्रियाओं से उत्पन्न होनेवाली एक शक्ति जिससे ताप और प्रकाश उत्पन्न होता है। | بجلی | बिजली | electricity. |
| **बिजलीघर** | पु. | वह स्थान जहां रासायनिक प्रक्रियाओं, जल प्रपातों आदि से बिजली उत्पन्न करके कल-कारखाने आदि चलाने और घरों में प्रकाश आदि करने के लिए जगह-जगह तार की सहायता से पहुंचाई जाती है। | بجلی گر | बिजली गर | power-house. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिटिया** | स्त्री. | बेटी। | کوٗر | कूर | little daughter, daughter. |
| **बिठाना** | स.क्रि | 1. बैठाना;<br>2. जोड़ना। | بیہناوُن؛<br>جوڑٕ دیُن | बेहनावुन;<br>जोड़ द्युन | to cause to sit;<br>to fix. |
| **बिताना** | स. क्रि. | अवधि, समय आदि के संबंध में व्यय या व्यतीत करना। | گُزارُن | गुज़ारुन | to cause to pass, to pass or spend (time). |
| **बित्ता** | पु. | मनुष्य के एक हाथ के अंगूठे और कनिष्ठिका के सिरों के बीच की अधिकतम दूरी। | پاو | पाव | hand's breadth. |
| **बिदकना** | अ. क्रि. | कुछ डरते हुए पीछे हटना, झिझकना। | پۄت ہیوٚن | पोत ह्योन | to be scared, to shirk(from). |
| **बिदकाना** | स. क्रि. | चौंकाना या डराकर पीछे हटाना। | پۄت ہیاوناوُن | पोत ह्यावनावुन | to scare, to startle, to cause to recede or to draw back. |
| **बिदा** | स्त्री. | जाने देना, जाना। | نیرُن | नेरुन | farewell, permission to depart, departure. |
| **बिदाई** | स्त्री. | 1. बिदा होने की अवस्था क्रिया या भाव;<br>2. वह उपहार आदि जो बिदा होनेवाले को विदा देते वक्त देते हैं;<br>3. विवाहिता कन्या, बहू अथवा दामाद को विदा करने की रस्म। | نیرُن؛<br>ستھ ڈالی؛<br>سوزُن، رخصت کرُن | नेरुन;<br>सूत्य डाल्य;<br>सोजुन, रुख़सत करुन | departure;<br>present made by a host to a visitor;<br>ceremonial farewell to daughter-in-law or son-in-law. |
| **बिदेसिया** | पु. | परदेश जाकर बसा हुआ पति या अपना कोई प्रिय व्यक्ति। | پردیسی | परदीसी | husband or a beloved person settled far away. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बिनती | स्त्री. | प्रार्थना या निवेदन। | عرض، وینتی | अरज़, व्यनती | request or submission. |
| बिना | अव्य. | बगैर। | بغار، ورائے | बग़ार, वरांय | without. |
| बिनौला | पु. | कपास का बीज। | ٹوٹ | टोट | cotton-seed. |
| बियाबान | पु. | एकान्त जंगल या वन। | خلوکھ | खलुवख | desert, wilderness. |
| बिरता | पुं. | सामर्थ्य। | بِتُر | बितुर | potency, guts. |
| बिरला | पु. | (व्यक्ति या पदार्थ) जो सब जगह या अधिकता से नहीं, बल्कि कभी-कभी और कहीं-कहीं दिखाई देता हो, बहुत कम। | خال<br>سیٹھا کم | खाल<br>स्यठा कम | rare, scarce, very few. |
| बिरवा | पु. | छोटा वृक्ष या पौधा। | لوکُٹ کُل | लुकुट कुल | small or young tree or plant. |
| बिरहा | पु. | दो पंक्तियोंवाला एक प्रसिद्ध लोकछंद तथा इसमें गाया जानेवाला विरहगीत। | اَکھ چھند<br>(ہیندی شایری منز) | अख छन्द<br>(हेन्दी शायरी मंज़) | Hindi metre of two lines in which a particular song of separation is composed and sung. |
| बिरादरी | स्त्री. | विशेषतः किसी एक ही जाति या वर्ग के वे सब लोग जो सामाजिक उत्सवों पर एक दूसरे के यहां आते जाते हों। | برادری | बरादरी | community, brotherhood. |
| बिराना | स. क्रि. | किसी को चिढ़ाने के हेतु मुंह की कोई विलक्षण मुद्रा बनाना या उसके कहे हुए शब्द दुहराना। | لاگُن | लागुन | to grimace, to make faces. |
| बिल | पुं. | 1. जमीन के अन्दर खोद कर बनाया हुआ जीवजंतुओं के रहने का स्थान; | واج؛ | वाज; | hole (particularly of a rat or mouse, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को हिसाब चुकता करने के लिए दिया जानेवाला वह पुरजा जिसमें प्राप्य मूल्य का पूरा ब्यौरा लिखा रहता है; | بِل؛ | बिल; | bill; |
| | | 3. कानून का मसौदा जो विधान सभाओं या संसद में स्वीकृति के लिए उपस्थित किया जाए। | بِل | बिल | bill. |
| **बिलकुल** | क्रि.वि. | 1. पूरा-पूरा; | پوٗرِ پوٗر؛ | पूरि पूर ; | entirely, completely, totally; |
| | | 2. आदि से अंत तक। | سورُے، گوڈٕ پیٹھٕ اندس تانٛی | सोरुय, गुड्यठ्ठ अन्दस तान्य | wholly, from beginning to end. |
| **बिलखना** | अ.क्रि | विलाप करना। | وِیدارَکھ دِنٛر | व्यदाख दिन्य | to weep loudly, to lament. |
| **बिलगाना** | स.क्रि | अलग या दूर करना। | الگ کرُن | अलग करुन | to separate, to detach. |
| **बिलगाव** | पु. | 1. बिलग या अलग होने की क्रिया; | ژھیٚن؛ | छ्यन; | separating, parting; |
| | | 2. अलगाव या पार्थक्य। | جُدائی | जुदायी | separation or detachment. |
| **बिलाव** | पु. | बिल्ली का नर। | برٛور | ब्रोर | tom-cat. |
| **बिलोड़ना** | स.क्रि | 1. दूध आदि मथना; | مَنٛدُن؛ | मंदुन; | to churn, to stir; |
| | | 2. अस्त-व्यस्त करना। | ہِلاوُن | हिलावुन | to upset, to agitate. |
| **बिलोना** | स.क्रि | किसी तरल पदार्थ में कोई चीज डाल कर अच्छी तरह हिलाना। | چھوٗنٛپھ دِیُن | छोंफ द्युन | to churn, to shake. |
| **बिल्टी** | स्त्री. | रेल के द्वारा भेजे जानेवाले माल की रसीद। | بِلٹی | बिल्टी | bill of lading. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बिल्ला | पु. | 1. बिल्ली का नर; | بروٗر، | ब्रोर; | male cat; |
| | | 2. कपड़े आदि की वह चौड़ी पट्टी जो विशिष्ट प्रकार का काम करनेवाले अपनी पहचान के लिए लगाते हैं | بیج | बेज | badge, insignia. |
| बिल्ली | स्त्री. | 1. एक छोटे आकार का प्रसिद्ध जंतु जो प्रायः घरों में पाला जाता है; | براو، | ब्रोर; | female cat, cat (in general); |
| | | 2. किवाड की सिटकिनी जिसे कोंढ़े में डाल देने से ढकेलने पर किवाड़ नहीं खुल सकता। | تور، چُھکۍ | तोर, चुठ्क्य | latch. |
| बिवाई (बवाई) | स्त्री. | एड़ियां फटने का रोग। | پوتر (کھوٗرِ پھٹنچ فراٹ) | पोन् ( खोरि फटुनुचि फ्राट्) | kibe or chap on the heal. |
| बिसरना | अ. क्रि. | विस्मृत होना या भूल जाना। | مشُن | मशुन | to be forgotten. |
| बिसात | स्त्री. | 1. हैसियत या सामर्थ्य; | ہستی یتھ، | हस्यथ; | capacity or power; |
| | | 2. बिछाई गई चादर आदि; | وتھراونچ ژادر، | वथुरावनच् चादर; | sheet etc. that is spread out; |
| | | 3. चौपड़, शतरंज आदि खेलने के लिए बना खानेदार कपड़ा। | شطرنجہ فرد، نردٕکہ فرد | शतरंजि फैरुद, नरद्युक फरद | chess-cloth, dice-board. etc. |
| बिसातखाना | पु. | बिसाती की दुकान। | بِساتۍ وان | बिसात्य वान | departmental store, small wares stores, general store. |
| बिसाती | पु. | फुटकर सामान बेचनेवाला दुकानदार। | بِسوت | बिसोत | vendor of small wares. |
| बिसारना | स. क्रि. | स्मरण न रखना, विस्मृत करना या भुलाना। | مشُن | मशुन | to dismiss from memory, to forget. |
| बिसूरना | अ. क्रि. | मन में दुःख होने पर निरंतर कुछ समय तक धीरे-धीरे रोते रहना। | وَدُن بُتھ، شرٛوکہ نِین اژن | वदुन बुथ, श्रोकिन्यन अचुन | to put on a crying face, to cry slowly, to sob. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बिस्कुट** | पु. | एक प्रकार की खस्ता मीठी या नमकीन टिकिया जो आटे को भट्टी में सेककर पकाई जाती है। | بِسکوٗٹ | बिस्कूट | biscuit. |
| **बिस्तर (बिस्तरा)** | पु. | बिछावन या बिछौना। | بِستر، وتھرُن | बिस्तर, वथरुन | bed, bedding. |
| **बिस्तरबंद** | पु. | कैनवस आदि का बना हुआ एक प्रकार का आधान जिसमें बिस्तर बांध कर ले जाया जाता है। | بِستربند | बिस्तर बंद | holdall. |
| **बिस्वा** | पु. | जमीन की एक नाप जो एक बीघे का बीसवां भाग है। | کنال | कनाल | measure of land equal to the twentieth part of a **bigha.** |
| **बिहान** | पु. | 1. सवेरा या प्रातःकाल;<br>2. आनेवाला दूसरा दिन। | صُبح، پرٛبات؛<br>پگاہ | सुबह, प्रबात;<br>पगाह | dawn or morning;<br>tomorrow; |
| **बींधना** | स.क्रि | 1. किसी चीज में आर-पार छेद करने के लिए उसमें नोकदार चीज गड़ाना या धंसाना;<br>2. बहुत ही चुभती हुई बात कहना। | ژۄدُ کرُن؛<br>تیٖر ہِشِ کتھ کرٕنۍ | जोद करुन;<br>तीर हिशि कथ करनि | to perforate, bore through or in, make a hole ;<br>to pierce or wound with sharp speech, to say cutting things to. |
| **बीघा** | पु. | खेत नापने का एक वर्ग मान जो 5/8 एकड़ के बराबर होता है। | بیٖگہٕ | बीग | land-measure equal to about five eighth of an acre. |
| **बीच** | पु. | किसी वस्तु का वह केंद्रीय अंश या भाग जहां से उसके सभी छोर समान दूरी पर पड़ते हों। | سیمنٛز | स्य मंज़ | middle, midst, centre. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बीच-बचाव | पुं. | दो विरोधी पक्षों के बीच में आकर दोनों पक्षों के हितों की की जानेवाली रक्षा। | بیچھ، بچاو، صلاح صفائی (کرناوُن) | बीच-बचाव, सलाह सफाई (करनावन्य) | interposition, intervention, mediation. |
| बीचोंबीच | क्रि. वि. | बिलकुल बीच में। | منٛز باگ | मंज़ बाग | in the very midst (of), in the exact middle or centre. |
| बीज | पुं. | 1. अन्न आदि का वह कण जो खेत में बोने के काम आता है; | بیوٗل؛ | ब्योल; | seed of corn, plants, etc. |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में, ऐसी आरंभिक बात जो आगे चलकर बहुत बड़ा रूप धारण करती हो। | بیالی پھوٗل | ब्याल्य फोल | primary element or cause which develops later on. |
| बीजक | पुं. | 1. सूची या फेहरिस्त; 2. वह सूची जिसमें किसी को भेजे जानेवाले माल का ब्यौरा, दर, मूल्य आदि लिखा रहता है। | فہرست؛ بِچھکھ | फिहरिस्त; बिचख | list; invoice, inventory. |
| बीजगणित | पुं. | गणित का वह प्रकार जिसमें अक्षरों को अज्ञात संख्याओं के स्थान पर मान कर वास्तविक मान या संख्याएं जानी जाती हैं। | ایلجبرا | एल जबरा | algebra. |
| बीजमंत्र | पुं. | तंत्रशास्त्र में किसी देवता के उद्देश्य से निश्चित किया हुआ मूल मंत्र। | موٗل منتھر (تنتر شاسترس منٛز) | मूल मंथर (तंत्र शास्त्र स मंज़) | mystical syllable with which a **mantra** begins. |
| बीजांकुर | पुं. | बीज से निकलनेवाला अंकुर। | کوٗٹ | कोट | seed-shoot, first shoot. |
| बीजारोपण | पुं. | बीजों का बोना। | وَوُن | ववुन | sowing. |
| बीट | स्त्री. | पक्षियों की विष्ठा। | ریکھ | र्यख | excrement, dung (especially of birds). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बीड़ा | पु. | 1. कोई काम करने का संकल्प करना या भार लेना;<br>2. पान की गिलौरी। | ذمہ ہیٛون؛<br>پان | जिमु ह्योन;<br>पान | resolution or determination to undertake any job;<br>preparation of the areca nut with spices and chunam, enveloped in a leaf of the betel plant. |
| बीड़ी | स्त्री. | पत्ते में लपेटा हुआ तम्बाकू जिसे लोग सिगरेट की तरह सुलगा कर पीते हैं। | بیٖڑی | बीड़ी | leaf folded up into a triangular form with tobacco in it. |
| बीतना | अ. क्रि. | 1. काल-मान की दृष्टि से घटना, बात आदि का वर्तमान से होते हुए भूत में जाना;<br>2. लाक्षणिक अर्थ में किसी घटना, बात आदि का फल सहन किया जाना। | گُزرُن؛<br>گُدرُن، بنُن | गुज़रुन;<br>गुद्रुन, बनुन | to pass, to elapse, to expire (as time);<br>to undergo, to suffer, to endure. |
| बीन | स्त्री. | सपेरों के बजाने की तूमड़ी। | بیٖن | बीन | a kind of Indian lute played upon by snake-charmers. |
| बीनना | स.क्रि | 1. छोटी-छोटी चीजों को उठाना या चुनना;<br>2. छाँटकर अलग करना। | ژارُن؛<br>ژھٹُن | चारुन;<br>छ़टुन | to pick, to gather, to pluck;<br>to pick out, to select. |
| बीबी | स्त्री. | 1. पत्नी;<br>2. प्रेम या आदरसूचक शब्द (स्त्रियों के लिए)। | خانہٕ دارٕنۍ؛<br>جِگر | खानदान्य;<br>जिगुर | wife;<br>term of endearment (for females). |
| बीमा | पु. | किसी प्रकार की विशेषतः आर्थिक हानि पूरी करने की जिम्मेदारी जो कुछ निश्चित धन लेकर उसके बदले में की जाती है। | بیٖمہٕ | बीमु | insurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बीमार** | वि. | वह व्यक्ति जो किसी रोग अथवा ज्वर से पीड़ित हो। | بیمار | ब्यमार | sick, ill, ailing, unwell, indisposed. |
| **बीमारी** | स्त्री. | 1. बीमार होने की अवस्था या भाव; | بیماری؛ | ब्यमार्य; | illness, ailment; |
| | | 2. वह विकार जिसके फल स्वरूप शरीर अस्वस्थ और रुग्ण रहता है; | بیماری؛ | ब्यमार्य; | disease; |
| | | 3. बुरी आदत या दुर्व्यसन। | بُرٕ عادتھ، عیٖب بَد | बुर् आदथ, आँबि बद | vice, addiction. |
| **बीर-बहूटी** | स्त्री. | गहरे लाल रंग का छोटा रेंगनेवाला कीड़ा, जो देखने में बहुत ही सुन्दर होता है। | اکھ کیوٚم (اتھ چھ خوٗداصابٕنۍ بتہٕ پھوٚل وَنان) | अख क्योम (अथ छि खुदा सा़बुन बत फोल वनान) | red-velvet insect, the scarlet or lady-fly, Buccells carniola. |
| **बीस** | वि. | 1. जो संख्या में दस का दूना या उन्नीस से एक अधिक हो; | وُہ (۲۰)؛ | वुह (२०); | twenty; |
| | | 2. किसी की तुलना में अच्छा या बढ़कर। | نفیٖس، زیادٕ رُت، بالا | नफ़ीस, ज्याद् रुत, बाला | superior to, more excellent. |
| **बीहड़** | वि. | ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़। | بیٚسوٚم | बेसोम | uncultivated, uneven (land), rugged, rough. |
| **बुंदा** | पु. | कान में पहनने का एक प्रकार का गहना जो प्रायः झूलता रहता है। | بالہٕ | बालु | ear-ring. |
| **बुंदिया** | स्त्री. | छोटी बूंदों या दानों के रूप में बननेवाला बेसन का मीठा पकवान। | بُنٛدِیا (اکھ مِٹھٲیۍ) | बुंदिया (अख मिठ़ाय) | a kind of sweetmeat (like drops). |
| **बुआ (बुवा)** | स्त्री. | पिता की बहन। | پُھپھ | पुफ | father's sister, aunt. |
| **बुकनी** | स्त्री. | किसी चीज का महीन पीसा हुआ चूर्ण। | پھیکھ | फ्यख | powder. |
| **बुखार** | पु. | शरीर में किसी प्रकार का रोग होने के कारण उसका बढ़ा हुआ तापमान। | تَپھ | तफ़ | fever. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुजदिल** | वि. | कायर, डरपोक या भीरु। | بُزدِل، کھوٗژ بُڈ | बुज़दिल, खोचु बुड | coward, timid. |
| **बुजदिली** | स्त्री. | कायरता या भीरुता। | بُزدِلی | बुज़दिली | cowardice, timidity. |
| **बुजुर्ग** | पु. | पूज्य व्यक्ति, बाप-दादा आदि। | بُزرگ | बुज़र्ग | respectable man, elders, father and grandfather etc. |
| **बुजुर्गी** | स्त्री. | बुजुर्ग होने की अवस्था या भाव। | بُزرگی | बुज़र्गी | seniority of age. |
| **बुझना** | अ.क्रि | 1. जलते हुए पदार्थ का बुझ जाना; | ژھیتہٕ گژھُن؛ | छयतु गछुन; | to be put out, to be extinguished (a fire, light, etc.); |
| | | 2. किसी जलते या तपे हुए पदार्थ का पानी में पड़ने के कारण ठंडा होना; | شیہلاوُن یُن؛ | शेहलावनु युन; | to be cooled (of some hot or burning article by having been put into water); |
| | | 3. निराश या उदासीन होना। | وۄداسی | वुदास्य | to be dejected or to be disappointed. |
| **बुझाना** | स.क्रि | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे आग अथवा किसी जलते हुए पदार्थ का जलना बंद हो जाए; | ژھیتہٕ کرُن؛ | छयतु करुन; | to put out, to extinguish (a fire, light, etc.); |
| | | 2. किसी जलती हुई धातु या ठोस पदार्थ को ठंडे पानी में डाल देना जिससे वह पदार्थ भी ठंडा हो जाए। | ژھیتہٕ کرُن، یخ کرُن، ٹھنڈ کرُن | छय करुन, यख करुन, ठंडु करुन | to cool by putting into water. |
| **बुझौवल** | स्त्री. | किसी को चकित करके उसकी बुद्धि की थाह लगाने के लिए सीधे-सादे शब्दों में पूछी जानेवाली कोई पेचीदा बात। | پرٛژھ | प्रछ़ | riddle, conundrum. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बुड्ढा | वि. | जिसकी अवस्था अधिक हो गई हो। | بُڈٕیومُت | बुड्योमुत | old, aged. |
| | पु. | बूढ़ा। | بُڈٕ | बुड | old man. |
| बुढ़ापा | पु. | वृद्धावस्था। | بُجر | बुजर | old age. |
| बुढ़िया | स्त्री. | बड़ी अवस्था की स्त्री। | بُڈٕ | बुड | old woman. |
| बुदबुदा | पु. | पानी का बुलबुला। | بُبُر | बुबुर | bubble. |
| बुद्धि | स्त्री. | विचार या निश्चय करने की शक्ति। | عَقُل، بُد | अकुल, बुद | perception, comprehension, intellect, understanding. |
| बुद्धिजीवी | पु. | जिसकी जीविका दिमागी कामों से चलती हो। | دِماگی کام کرن وول | धमांगी काम करन वोल | intellectual. |
| बुद्धिमत्ता | स्त्री. | बुद्धिमान होने की अवस्था या भाव, समझदारी या अक्लमंदी। | سونٛچ، گاٹہٕجار | सोंच, गाटुजार | wisdom, sagacity. |
| बुद्धिमान | वि. | जिसकी बुद्धि बहुत प्रखर हो, बुद्धिवाला। | عاقِل | आकुल | endowed with understanding, intelligent. |
| बुद्धिमानी | स्त्री. | बुद्धिमान होने की अवस्था या भाव। | سونٛچ، وِچار، عقُل، گاٹہٕجار | सोंच, व्यचार, अकुल, गाटुजार | wisdom, intelligence. |
| बुद्धिसंगत | वि. | बुद्धि के अनुकूल, बुद्धि पर पूरा उतरनेवाला। | سَمجِ وول، عَقلِہٕ ہُنٛز | समजिवोल, अकलि हुंज़ | reasoned. |
| बुद्धिहीन | वि. | जिसमें विवेक का अभाव हो, मूर्ख। | بےٚ سمج | बेसमुज | devoid of intellect, silly, foolish. |
| बुद्धू | वि.पुं. | बेवकूफ या मूर्ख। | بےٚ وقوٗف، ناٹہٕ دانٛد | बेवकूफ, नाटु दांद | stupid fellow, blockhead, fool, idiot. |
| बुधवार | पु. | सात वारों में से एक। | بُدوار | बुदवार | Wednesday. |
| बुनकर | पु. | कपड़ा बुननेवाला कारीगर। | وووُر | वोवुर | weaver. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुनना** | स.क्रि | 1. करघे के द्वारा ताने तथा बाने के तारों को इस प्रकार एक दूसरे में ऊपर नीचे करके फंसाना कि वे वस्त्र का रूप धारण कर लें; | وۄنُن؛ | वोनुन; | to weave; |
| | | 2. ऊन द्वारा सलाई पर स्वेटर बनाना; | وۄنُن؛ | वोनुन; | to knit; |
| | | 3. तारों आदि को गूंथकर चटाई आदि बनाना। | وۄنُن | वोनुन | to intertwine. |
| **बुनवाना** | स.क्रि | बुनने का काम दूसरे से करवाना। | وۄنناوُن | वोनुनावुन | to cause to be woven, to get (a thing) woven. |
| **बुनाई** | स्त्री. | 1. बुनने की क्रिया; | وۄنُن؛ | वोनुन; | weaving, knitting; |
| | | 2. बुनने का ढंग या तरीका; | وۄننُک طریقہٕ؛ | वोननुक तरीक़; | method or design of weaving or knitting; |
| | | 3. बुनने का पारिश्रमिक। | وۄنہٕ وٕنۍ | वोनुवंन्य | price paid for weaving etc. |
| **बनावट** | स्त्री. | बुनने में सूतों की मिलावट का ढंग। | بناوَٹھ، وۄنُتھ | बनावठ, वोनुथ | design or texture. |
| **बुनियाद** | स्त्री. | 1. आधार या नींव; | کُن؛ | कुन; | basis or foundation; |
| | | 2. आरंभ, जड़, मूल। | موٗل | मूल | origin. |
| **बुनियादी** | वि. | 1. नींव या बुनियाद-संबंधी; | بُنیاۘدی؛ | बुनियादी; | pertaining to foundation; |
| | | 2. आरंभिक या प्रारंभिक। | آدُنُک | आदुनुक | basic. |
| **बुरका (बुर्का)** | पु. | मुसलमान स्त्रियों का एक पहनावा जिससे वे सिर से लेकर एड़ी तक अपने सब अंग ढक लेती हैं। | بُرقہٕ | बुर्क़ | a thing with which a Muslim woman veils herself from head to feet. |
| **बुरा (स्त्री. बुरी)** | वि. | 1. जो वैसा न हो, जैसा साधारण या उचित रूप में होना चाहिए: | خراب، ناکار؛ | खराब, नाकारु; | bad, evil: |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह व्यक्ति जिसमें कोई स्वभावजन्य दुर्गुण या दोष हो; | نیوٗچ؛ | न्यूच; | evil-minded, immoral, villainous; |
| | | 3. जिसका रूप-रंग, आकार-प्रकार देख कर मन में अरुचि, घृणा या विराग उत्पन्न हो। | بدشکل | बदशकुल | ugly, ill-looking, disagreeable, unpleasant, odious, hateful. |
| बुराई | स्त्री. | 1. वह तत्व जिसके फलस्वरूप किसी चीज को बुरा कहा जाता है; | خرابی، ناکارگی؛ | खराबी, नाकारुगी; | badness, evil, vice; |
| | | 2. अनुचित या निन्दनीय आचरण तथा व्यवहार; | یچھگی؛ | यछुगी; | wickedness, mischievousness, vileness; |
| | | 3. अवगुण, दोष या ऐब। | خرابی، ہان | खराबी, हान | defect. |
| बुराई-भलाई | स्त्री. | 1. अच्छी और बुरी क्रियाएं; | جانیر تہٕ ناکارگی<br>جانی تہٕ ناکارگی؛ | जान्यर तु नाकारुगी<br>जानी तु नाकारुगी; | good and evil deeds; |
| | | 2. किसी की निन्दा या शिकायत और किसी की प्रशंसा या तारीफ। | اڈر، پڈر | अंदुर-पंदुर | accusation and commendation. |
| बुरादा | पु. | आरे से लकड़ी चीरने या धातु को रेतने पर उसमें से निकलने वाला आटे की तरह का महीन अंश। | بُر | बुर | filings, saw-dust. |
| बुरा-भला | पु. | हानि-लाभ। | نفع نوقصان | नफह-नुकसान | loss or profit, |
| बुरुश (ब्रुश) | पु. | 1. तूलिका; | بُرُش؛ | बुरुश; | painting brush; |
| | | 2. तारों, बालों अथवा किसी चीज का बना हुआ वह उपकरण जिससे रगड़कर कोई चीज साफ की जाती है। | بُرُش | बुरुश | brush (in general). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बुर्ज | पु. | किले आदि की दीवारों में कोनों पर ऊपर की ओर निकला हुआ गोल या पहलदार भाग जिसके बीच में बैठने आदि के लिए थोड़ा-सा स्थान होता है। | بُرُز | बुरुज | bastion, turret. |
| बुलंद | वि. | 1. बहुत ऊंचा;<br>2. बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ा या उन्नत। | کافی تھوٗد؛<br>زیادٕ تھوٗد | काफी थोद;<br>ज्याद थोद | very high, lofty;<br>elevated, exalted. |
| बुलबुल | स्त्री. | गानेवाली एक प्रसिद्ध चिड़िया जो कई प्रकार की होती है। | بُلبُل | बुलबुल | nightingale. |
| बुलबुला | पु. | 1. किसी तरल पदार्थ या पानी की बूंद का वह खोखला और फूला हुआ रूप जो उसे अन्दर हवा भर जाने के कारण प्राप्त होता है;<br>2. लाक्षणिक अर्थ में कोई क्षणभंगुर चीज या बात। | بُبُر؛<br>پانٕ بُبُر<br>(فانی – وٕرگ) | बुबुर;<br>पाँबुबुर<br>(फानी-वर्ग) | bubble;<br>any frail thing. |
| बुलवाना | स.क्रि | 1. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना;<br>2. किसी को बुलाने का काम किसी के द्वारा करवाना। | بولناوُن؛<br>نادسوزناوُن<br>ناد دِوناوُن | बोलनावुन;<br>नाद सोजुनावुन<br>नाद दिवुनावुन | to cause to talk;<br>to cause to be sent for, to send for. |
| बुलाक | पु. | 1. नाक की बीचवाली हड्डी;<br>2. नाक में पहनी जोनवाली नथ। | بیٖن؛<br>نستہٕ واج، بولاکھ | बीन;<br>नसतु वाज, बोलाक्य | the septum of the nose;<br>an ornament worn suspended from the septum of the nose. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बुलाना** | स.क्रि | किसी को अपनी ओर प्रवृत्त करने के लिए आवाज देना या पुकारना। | آلوکرُن | आलव करुन | to call, to draw one's attention. |
| **बुलावा** | पु. | 1. बुलाने की क्रिया या भाव; | ناد، | नाद; | calling, bidding; |
| | | 2. निमंत्रण, आवाहन। | رُقعہ، نِمنترن، آلو | रुक्, न्यमन्त्रण, आलव | call, invitation, summons. |
| **बुलेटिन** | पु. | किसी सार्वजनिक बात या विषय से संबंध रखनेवाला वह संक्षिप्त सूचनापत्र जो किसी की ओर से आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया गया हो। | خبرنامہٕ | खबरनामु | bulletin. |
| **बुवाई(बोआई)** | स्त्री. | खेत में फसल बोने का काम। | بیول ووُن | ब्योल वुवुन | the act of sowing. |
| **बुहारना** | स.क्रि | झाड़ू से जगह साफ करना। | ڈُوُن | डुवुन | to sweep. |
| **बुहारी** | स्त्री. | झाड़ू या बढ़नी। | لۄچھل، لۄچھِج | लछुल; लछुज्य | instrument for sweeping, broom, besom. |
| **बूंद** | स्त्री. | जल अथवा किसी तरल पदार्थ का कण। | پھیۄر | फ्योर | drop. |
| **बूंदा-बांदी** | स्त्री. | हल्की या थोड़ी वर्षा। | رُود قطر | रूद् कतर् | small and interrupted dropping of rain, drizzle. |
| **बूंदी** | स्त्री. | एक प्रकार की मिठाई जो बेसन से बनती है। | بوُندی (اکھ مِٹھاے) | बूंदी ( अख मिठाय) | a kind of sweetmeat. |
| **बूकना** | स.क्रि | 1. सिल और बट्टे की सहायता से किसी चीज को महीन पीसना; | دگُن؛ | दगुन; | to grind, reduce to powder, to powder; |
| | | 2. अपने गुण, योग्यता आदि का प्रदर्शन करना। | ژھوکھ ہاوُن | छुख हावुन | to exhibit one's qualities, abilities, etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बूचड़ | पु. | कसाई। | پُج | पुज | butcher. |
| बूचड़खाना | पु. | वह स्थान जहां कसाई पशुओं को मार डालता है। | زبح خانہٕ | ज़बहखानु | slaughter-house. |
| बूचा | वि. (स्त्री. बूची) | 1. जिसके कान कटे हुए हों; | کَنہٕ ژوٗٹ؛ | कनुचोट्; | ear-cropped, without ears; |
| | | 2. जो किसी चीज के अभाव के कारण अशोभन या भद्दा जान पड़े। | کوٗپاٹھؠ، بےٚ شوٗب | कुपाठ्य, बेशूब | one shorn of charm due to some deficiency. |
| बूझ | स्त्री. | 1. समझ, बुद्धि, अक्ल या ज्ञान; | سوٗنچ، عقٕل، وِژار؛ | सोंच, अकुल, व्यचार; | perception, understanding, intelligence, comprehension; |
| | | 2. पहेली। | پرٛژھ | प्रछ़ | riddle. |
| बूझना | स.क्रि | 1. किसी प्रकार का ज्ञान या बोध प्राप्त करना; | زانُن؛ | ज़ानुन; | to understand, perceive, make out, comprehend; |
| | | 2. कोई गूढ़ या रहस्यपूर्ण बात समझना या उसकी तह तक पहुंचना। | سنُن | सनुन | to reach the depth of some mysterious matter. |
| बूट | पु. | 1. चने का हरा दाना; 2. एक तरह का विलायती ढंग का फीतेवाला जूता। | نیوٗل چنہٕ؛ بوٗٹھ | न्यूल चनु; बूठ | green gram; laced shoes. |
| बूटा | पु. | छोटा वृक्ष या पौधा। | تھر، نِہالِہ کُل | थर, निहालि कुल | plant or bush. |
| बूटी | स्त्री. | 1. ऐसी जंगली वनस्पति जिसका उपयोग औषध आदि के रूप में होता है; | بوٗٹؠ؛ | बूट्य; | drug plant or shrub; |
| | | 2. भांग या विजया; | بنٛگ؛ | बंग; | hemp; |
| | | 3. छोटे पौधों या फूलों के आकार का कोई अंकन या चित्रण। | بوٗٹِہ | बूटि | design of small plant, flower, leaf, etc. in texture of cloth etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बूढ़ा (बुड्ढा) (स्त्री. बूढ़ी) | वि, पुं. | वृद्ध, बड़ी आयु का प्राणी। | بُڈھ | बुड् | old, aged, old man. |
| बूता | पुं. | बल या पराक्रम, सामर्थ्य। | بَل | बल | strength, power, ability. |
| बूरा | पुं. | 1. बुरादा;<br>2. शक्कर। | بُر، ارکش تۆہ؛<br>شَکَر | बुर्, अरकशतोह;<br>शक्कर | saw-dust;<br>unrefind powdered sugar. |
| बृहत् | वि. | 1. बहुत बड़ा या भारी;<br>2. दृढ़, पक्का या मजबूत। | بۆڈ؛<br>مضبوط | बोड;<br>मजबूत | large, big, bulky;<br>solid, strong. |
| बृहस्पतिवार | पुं. | बुधवार के बाद पड़नेवाले वार की संज्ञा। | ﭔرسوار | ब्रसवार | Thursday. |
| बेंच | स्त्री. | 1. लकड़ी, पत्थर, सिमेंट लोहे आदि की एक प्रकार की चौकी जो चौड़ी कम और लम्बी अधिक होती है;<br>2. राजकीय न्यायालयों में न्यायाधीशों के बैठने का स्थान;<br>3. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों का बैठने का स्थान। | بینچ؛<br>بینچ (عدالتٕ ہندِس)<br>ججہٕ سُنٛد ہُد؛<br>پارلیمینٹس یا اسمبلی اندر کُنہِ پارٹی ہُنٛد بینچ یا بیٚہن نشستہٕ | बेंच;<br>बेंच (अदालच् हंदिस्)<br>जजि सुन्द हुदु;<br>पार्लिमेंटस या असम्बली अंदर कुनि पार्टी हुंद बेंच या ब्यहन निशस्तु | bench in general;<br>seats of judges in courts;<br>seats allotted to a party for its members in Parliament, etc. |
| बेंत | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध लता जिसके डंठल से छड़ियां और टोकरियां आदि बनती हैं;<br>2. उक्त लता की बनी छड़ी। | کانِ؛<br>لۆر، بینٛتھ | कानि;<br>लूर, बांथ | willow;<br>cane etc. |
| बेअकल (बेअक्ल) | वि. | निर्बुद्धि। | بیقٕل | बेकुल | stupid, senseless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेअदब** | वि. | जो मर्यादा का ध्यान न रखकर अशिष्ट आचरण करता हो। | بےٚ ادب | बेअदब | ill-behaved, unmannerly, disrespectful, rude. |
| **बेअदबी** | स्त्री. | अशिष्टता, व्यवहार की असभ्यता। | بےٚ ادبی | बेअदुबी | incivility, rudeness, disrespect, impudence, |
| **बेआबरू** | वि. | जिसकी कोई प्रतिष्ठा न हो। | بےٚ یزتھ کوٚرمُت | बेयज़थ कोरमुत | dishonoured, disgraced, |
| **बेइंसाफ** | वि. | अन्यायपूर्ण, अन्यायी। | بےٚ انصاف | बे-इन्साफ | unjust, unfair. |
| **बेइंसाफी** | स्त्री. | अन्याय। | بے انصافی | बे-इन्साफी | injustice, wrong, iniquity. |
| **बेइज्जत** | वि. | 1. अप्रतिष्ठित;<br>2. जिसका अपमान किया गया हो। | بےٚ یزتھ؛<br>یَس بےٚ وقری (بے واری) کرنہٕ آسہٕ آمُژ | बेयज़थ;<br>यस बे वकुरी (बेवारी) करनु आसि आमुच | without honour or dignity;<br>disgraced. |
| **बेइज्जती** | स्त्री. | अप्रतिष्ठा या अपमान। | بےٚ یزتی | बेयज़ुती | dishonour, disgrace or ignominy. |
| **बेईमान** | वि. | 1. जिसका ईमान ठीक न हो, भ्रष्ट;<br>2. जिसका कोई धर्म न हो। | بےٚ ایمان؛<br>بےٚ دین | बेईमान;<br>बेदीन | faithless, corrupt, dishonest;<br>without religion. |
| **बेईमानी** | स्त्री. | बुरी नीयत से किया जाने वाला कोई कार्य। | بےٚ ایمانی | बेइमानी | dishonesty, breach of trust, unfair dealing. |
| **बेकदर** | वि. | जिसका कुछ महत्व या आदर-सम्मान न हो। | بےٚ قدر | बेकदुर | of no importance or worth, of no estimation. |
| **बेकदरी** | स्त्री. | 1. बेकदर होने की अवस्था या भाव;<br>2. अनादर। | بےٚ قدری،<br>بےٚ یزتی | बेकदुरी,<br>बेयज़ुती | worthlessness, low estimation;<br>disesteem, disrepute. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेकरार | वि. | बेचैन या उत्सुक। | بےٚقرار | बेकरार | restless, uneasy, discomposed, disturbed in mind. |
| बेकरारी | स्त्री. | बेचैनी या उत्सुकता। | بےٚقرارؠ | बेकरॉरी | restlessness, uneasiness, disturbance of mind. |
| बेकसूर | वि. | जिसका कोई अपराध न हो। | بےٚقۄصوٗر | बेकोसूर | innocent, faultless. |
| बेकाबू | वि. | जिसको वश में न लाया जा सके या निरंकुश। | بےٚقۄبوٗ | बेकोबू | without restraint, out of one's control. |
| बेकाम | वि. | 1. निकम्मा;<br>2. जिससे कोई काम न निकल सके। | بےٚکارٕ؛<br>فۄضوٗل | बेकार;<br>फोज़ूल | doing no work;<br>of no use. |
| बेकायदा | वि. | अनियमित। | بےٚقأیدٕ | बेकॉयद् | unarranged, irregular, without order or rule. |
| बेकार | वि. | 1. जो काम में न लगा हुआ हो;<br>2. जो किसी काम न आ सकता हो। | بےٚکارٕ؛<br>نالگہار | बेकार;<br>नालगुहार | without work or employment, unemployed;<br>unserviceable. |
| बेकारी | स्त्री. | किसी काम पर न लगा होना। | بےٚکأری | बेकॉरी | the state of being unemployed, unemployment. |
| बेखटके | क्रि. वि. | बिना किसी आशंका के, निर्भयता से। | بےٚرۄک ٹۄک | बेरोक टोक | without apprehension or doubt, fearlessly. |
| बेखबर | वि. | अनजान या नावाकिफ। | بےٚخبر | बेखबर | without knowledge (of),uninformed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेगम** | स्त्री. | 1. भले घर की स्त्री;<br>2. किसी बड़े नवाब, बादशाह या सरदार की पत्नी;<br>3. ताश का वह पत्ता जिस पर रानी या स्त्री का चित्र बना रहता है। | بیگم؛<br>رانۍ؛<br>بیگم (تاش) | बेगम;<br>रान्य;<br>बेगम (तासुच) | lady;<br>title of King's wife or chieftain's wife, etc.;<br>playing cards carrying picture of queen. |
| **बेगाना** | वि. | 1. जो अपना न हो;<br>2. जिससे आत्मीयता-पूर्ण जान-पहचान न हो;<br>3. जो किसी बात से अनजान हो। | ووپر؛<br>اَنزٲنۍ؛<br>بےخبر | वुपर;<br>अनज़ोन्य;<br>बेख़बर | not related;<br>not an acquaintanc or friend, alien, unknown;<br>ignorant. |
| **बेगार** | स्त्री. | वह काम जो किसी से जबरदस्ती और बिना कुछ पारिश्रमिक दिये करवाया जाए। | بیگٲری | ब्यगार्य | compulsory labour without pay. |
| **बेगुनाह** | वि. | जिसने कोई पाप या अपराध न किया हो। | بےگوناہ | बेगुनाह | guiltless, innocent. |
| **बेचना** | स.क्रि | अपनी कोई चीज या संपत्ति किसी से दाम लेकर उसे दे देना। | کُنُن | कुनुन | to sell, to dispose. |
| **बेचारा (स्त्री.बेचारी)** | वि. | जिसके लिए कोई उपाय या साधन न रह गया हो, निःसहाय या दीन। | بِچور | बिचोर | without remedy or resources, helpless, destitute, unfortunate. |
| **बेचैन** | वि. | व्याकुल, विफल या बेकल। | بےچین | बेचैन | uneasy, restless o disturbed. |
| **बेचैनी** | स्त्री. | बेचैन होने की अवस्था या भाव, व्याकुलता या बेकली। | بےچینی | बेचैनी | uneasiness, restlessness, disquietude. |
| **बेजा** | वि. | जो उचित या संगत न हो। | بےقاعدٕ | बेकायद | out of place, improper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेजान | वि. | 1. बहुत ही अशक्त या दुर्बल;<br>2. निर्जीव। | کمزور ؛<br>بےژُو | कमज़ोर;<br>बेजुव | very weak, faint;<br>lifeless, inanimate. |
| बेजार | वि. | जो किसी बात से बहुत ही तंग आ गया हो। | بےزار | बेज़ार | fed up (with), tired. |
| बेजोड़ | वि. | जिसके जोड़ या मुकाबले का और कोई न हो। | بےجوڑ | बेजोड़ | unparalleled, unmatched, matchless. |
| बेटा | पु. | पुत्र। | نیچُو | नेचुव | son |
| बेटी | स्त्री. | पुत्री। | کوٗر | कूर | daughter. |
| बेड़ा | पु. | 1. बहुत सी नावों या जहाजों आदि का समूह;<br>2. बड़े लट्ठों, लकड़ियों या तख्तों आदि को एक में बांधकर बनाया हुआ ढांचा। | ناوَن یا جہازن<br>ہُنز تندل یا چھوکھ؛<br>کوٗڈ یا مونڈ<br>پُتُل | नावन या जहाज़न<br>हुंज़ तंदल या छुख;<br>कूट्य या मोंडय<br>पुतुल | fleet of boats or ships, flotilla;<br>raft of timbers, plants etc. |
| बेड़ी | स्त्री. | 1. लोहे के कड़ों की जोड़ी या जंजीर जो कैदियों को बांधने या पशुओं को बांधने के काम आती है;<br>2. बांस की टोकरी जिसके दोनों ओर रस्सी बंधी रहती है और जिसकी सहायता से नीचे से पानी उठाकर खेतों में डाला जाता है। | بیڑِ ؛<br>تولہِ ووٗر | बेडि;<br>तोलु वोर | irons fastened to the legs of criminals or of a quadruped, fetter;<br>basket used to irrigate fields with. |
| बेडौल | वि. | 1. जिसका डौल या रूप अच्छा न हो;<br>2. जो अपने स्थान पर उपयुक्त न जान पड़े। | بےڈول ؛<br>کوکور تہٕ بےکور | बेड़ोल;<br>कुकोर तु बेकोर | disproportionate, shapeless, ill-fashioned, ugly, clumsy;<br>awkward, misfit. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेढंगा (स्त्री.बेढंगी) | वि. | 1. जिसका ढंग ठीक न हो; | وُچاپُر؛ | वुचापु; | ill-mannered, ill-behaved; |
| | | 2. जो ठीक क्रम या प्रकार से लगाया, रखा या सजाया न गया हो; | بےطریقہ، بےوتیر؛ | बेतरीकु, बेवतीरु; | ill-arranged; |
| | | 3. कुरूप, भद्दा या भोंडा। | بَدصوٗرتھ | बदसूरथ | ugly, unshapely. |
| बेढब | वि. क्रि. वि. | 1. जिसका ढब या ढंग अच्छा या ठीक न हो; | وُچاپُر؛ | वुचापु; | unmannerly, rude; |
| | | 2. भद्दा या भोंडा। | بَدصوٗرتھ | बदसूरथ | ill-shaped, ugly. |
| बेतरतीब | वि. | क्रमहीन या [illegible]। | بےترتیب | बेतरतीब | disorderly or ill-arranged. |
| बेतहाशा | क्रि.वि. | बिना सोचे-समझे। | ہَنگہ تہ مَنگہ، وُراٹھ پُراٹھ وُچھنے | हंगु तु मंगु, वुराठ पुराठ वुछनय | posthaste. |
| बेताब | वि. | जिसमें धैर्य या सब्र न हो, व्याकुल। | بےتاب | बेताब | restless, uneasy, impatient, restive. |
| बेतार | वि. | वायरलैस, ऐसी व्यवस्था जिसमें तार द्वारा दूर-दूर तक खबरें भेजी जाती हैं। | وایرلیس | वायरल्यस | wireless. |
| बेतुका | वि. | जो बात अथवा कार्य अवसर, प्रसंग आदि के विचार से बहुत ही [illegible] हो। | فُضوٗل (کتھ، کام بیتر) | फोजूल (कथ-कांम बेतरि) | absurd, without any sense or meaning, incoherent. |
| बेदखल | वि. | जिसका किसी चीज पर से दखल अर्थात् कब्जा हटा दिया गया हो। | بےدخل | बेदखुल | dispossessed, evicted. |
| बेदखली | स्त्री. | संपत्ति पर से दखल या कब्जे का हटाया जाना। | بےدخلی | बेदखली | dispossession, ejectment. |
| बेदम | वि. | बहुत कमजोर, शिथिल, बेजान। | نیتہ مومُن | न्यतु मुमुन | exhausted, weakened, overtired. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेदर्द | वि. | दूसरों के कष्टों को देखकर दु:खी न होने वाला, कठोर-हृदय। | بےٚدرد | बेदरद | devoid of compassion, pitiless, merciless, hard-hearted. |
| बेदर्दी | स्त्री. | 1. बेदर्द होने की अवस्था या भाव; | بےٚدَردی؛ | बेदर्दी; | unfeelingness; |
| | | 2. बेरहमी, निर्दयता या कठोरता। | غارانِسانی؛ بےٚرَحمی | गार इन्सानी, बेरहमी | inhumanity, mercilessness. |
| बेदाग | वि. | 1. जिसमें या जिस पर कोई दाग या धब्बा न हो; | داغٕ رۆس؛ | दाग रोस; | blotless, spotless, clean; |
| | | 3. जिसके चरित्र में कोई ऐब या दोष न हो; | بےٚداغ؛ | बेदाग; | without blemish; |
| | | 3. निरपराध या बेकसूर। | بےٚقوصور | बेकोसूर | innocent, guiltless. |
| बेधड़क | क्रि. वि. | 1. भय, मर्यादा अथवा संकोच की परवाह न करते हुए; | بےٚخوف؛ | बेखोफ; | without fear or hesitation or doubt, fearlessly; |
| | | 2. बिना कुछ सोचे-समझे। | بےٚوایہِ | बेवायि | recklessly, rashly. |
| बेधना | स. क्रि. | 1. किसी नुकीली चीज की सहायता से छेद करना; | گوٚدکرُن؛ | गोद करुन; | to pierce, to perforate, to bore; |
| | | 2. शरीर पर किसी प्रकार का क्षत या घाव करना। | زَخم دیُن، زخم یا چھوٗکھ دیُن | जखुम द्युन, जखुम या छुख द्युन | to wound, to stab. |
| बेपरवाह | वि. | 1. जिसे किसी बात की चिन्ता न हो; | بےٚپَرواہِی؛ | बेपरवाह्य; | unconcerned, indifferent, free from worry or anxiety; |
| | | 2. जो किसी बात की परवाह न करता हो। | بےٚخوف | बेखोफ | careless, fearless, bold. |
| बेफायदा | वि. | जिससे कोई लाभ न हो, निरर्थक या व्यर्थ। | بےٚفایدٕ | बेफायद | unprofitable, useless, vain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेफिक्र | वि. | जिसे किसी प्रकार की कोई चिन्ता न हो। | بےٚفِکر | बेफिकिर | free from care or anxiety. |
| बेफिक्री | स्त्री. | बेफिक्र होने की अवस्था या भाव। | بےٚفِکری | बेफिकिरी | freedom from care, anxiety or solicitude, contentedness. |
| बेबस | वि. | जिसका कुछ वश न चले। | بےٚبس | बेबस | powerless, helpless. |
| बेबसी | स्त्री. | बेबस होने की अवस्था या भाव, विवशता। | بےٚبسی، مجبوٗری | बेबसी, मजबूरी | helplessness. |
| बेबुनियाद | वि. | आधार रहित। | بےٚبُنیاد | बेबुनियाद | baseless, unfounded. |
| बेमजा | वि. | 1. जिसमें कोई स्वाद न हो;<br>2. जिसके रंग में भंग हो गया हो। | بےٚمزٕ؛<br>بنٛگہٕ زٲر گژھتھ | बेमज़;<br>बंगु ज़र गछुन्य | tasteless, insipid;<br>spoiled, ruined. |
| बेमानी | वि. | बिना मतलब या आवश्यकता के। | بےٚمٲنی | बेमानी | senseless, unnecessary. |
| बेमेल | वि. | जिसका किसी से मेल न बैठता हो। | نَہ رَلوُن | न रलुवुन | without unison, unharmonious, incongruous. |
| बेमौका | वि. | जो अपने उपयुक्त अवसर या स्थान पर न हो। | بےٚموقہٕ | बेमौक | out of place, untimely, out of season. |
| बेर | पु. | 1. एक प्रसिद्ध कंटीला पेड़ जिसका फल खाने के काम आता है;<br>2. बार या दफा। | بیرٕ، بارٕ، بٲریہِ؛<br>وٲرۍ | बेरु, बारु, ब्रेयि;<br>वार्य | the jujube tree and the fruit of the jujube,<br>time or turn. |
| बेरहम | वि. | जिसके हृदय में दया या प्रेम न हो। | بےٚرحم | बेरहमं | pitiless, merciless, cruel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेरहमी | स्त्री. | निर्दयता या निष्ठुरता। | بےٚرحمی | बेरहमी | hardness (of heart) mercilessness, cruelty. |
| बेरोकटोक | वि. | जिस पर किसी प्रकार की रोक न लगी हो। | وایِ بغاٗر | वायि बर्गार | unrestrained, without check. |
| बेरोजगार | वि. | व्यवसायहीन। | بےٚروزگار | बेरोज़गार | unemployed. |
| बेरोजगारी | स्त्री. | बेरोजगार होने की अवस्था या भाव। | بےٚروزگاٗری | बेरोज़गारी | unemployment. |
| बेल | पु. | 1. एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसका फल पेट के रोग के लिए गुणकारी होता है; | بیل (کُل یا اَمیُوک میو)؛ | बेल (कुल या अम्युक म्यव); | the wood apple or Bel-tree, Aegle marmelon, and its fruit; |
| | | 2. जमीन, दीवार, पेड़ आदि पर फैलनेवाला बिना तने का पौधा, लता; | بیل، راٗنٛٹھ؛ | बेल, रोंठ; | creeper, climber, vine; |
| | | 3. किसी कपड़े पर टांका जानेवाला फूलपत्तीदार फीता। | فیٖتہٕ | फीत | lace. |
| बेलगाम | वि. | 1. घोड़ा जिसके मुंह में लगाम न लगी हो; | لاکمِہ رٚوس؛ | लाकुमि रोस; | unbridled (horse), licentious, intemperate; |
| | | 2. मुंह-फट। | بُتھ پھیُر | बुथ्य फ्युर | loose-tongued, intemperate in speech. |
| बेलचा | पु. | एक प्रकार की छोटी कुदाल जिससे माली लोग बाग की क्यारियां आदि बनाते हैं। | بِلیُچِ | बिल्यूचि | shovel. |
| बेलदार | पु. | वह मजदूर जो फावड़ा चलाने, जमीन खोदने आदि का काम करता हो। | میٚچِ مۆزوٗر<br>کھنَن مۆزوٗر | मेचि मोज़ूर<br>खनन मोज़ूर | one who digs with a spade, labourer. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेलन | पुं. | रोटी, पूरी आदि बेलने का 'बेलना' नामक उपकरण। | بیلن | बेलन | cylinder of wood, rolling-pin, roller. |
| बेलना | स. क्रि. | रोटी, पूरी, कचौरी आदि के पेड़े या लोई को चकले पर रखकर बेलने (उपकरण) की सहायता से आगे-पीछे बार-बार चलाते हुए बढ़ाकर बड़ा और पतला करना। | واش کڈُن، تھُرُن | वाश कड्डुन, थुरुन | to roll into a flat cake. |
| बेलबूटा | पुं. | किसी चीज पर अंकित या चित्रित लताओं, पेड़-पौधों आदि के अंकन या चित्र। | ٹُوپ | टुप् | flowers or embroidery (on cloth etc.). |
| बेला | स्त्री. | 1. चमेली आदि की जाति का एक प्रकार का छोटा पौधा जिसमें सफेद रंग के सुगन्धित फूल लगते हैं; | یوسمنک اکھ قسم (اَمکیہ پوش چھِ سفید تہٕ مشکدار آسان) | योसमनुक अख कुसुम ( अमिक्य पोश छि सफेद तु मुशिकदार आसान) | a kind of jasmine flower which is white and emits fragrance. |
| | | 2. समय, क्षण। | گرٗ، وِل، وِز | गर, विल, विज् | time, while, moment. |
| बेलाग | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार की लगावट न हो, खरा; | بےلاگ؛ | बेलाग; | without stain or blemish, faultless, without any favour or regard; |
| | | 2. सच्चा और साफ। | رُت | रुत | irreproachable, clear and clean, true and clean. |
| बेवकूफ | वि. | नासमझ मूर्ख। | بےوقوف، مُڈ | बेवकूफ, मुड् | foolish, stupid. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेवकूफी | स्त्री. | नासमझी, मूर्खता। | بےٚوقوٗفی | बेवकूफी | want of understanding, ignorance, stupidity, foolishness. |
| बेवफा | वि. | जिसमें निष्ठा, सद्भाव आदि बातें न हों, वचनभंग करनेवाला या दगाबाज। | بےٚوفا | बेवुफ़ा | faithless, perfidious, treachrous, traitor. |
| बेवा | स्त्री. | विधवा स्त्री। | مونٛڑ، ویدٕواہ | मुण्ड, व्यद्वाह | widow. |
| बेशक | क्रि. वि. | 1. बिना किसी प्रकार के शक या संदेह के; | بےٚشک؛ | बेशक; | undoubtedly, doubtlessly; |
| | | 2. अवश्य या जरूर। | ضروٗر | ज़ोरूर | certainly. |
| बेशकीमत (बेशकीमती) | वि. | बहुमूल्य। | مُلٕلۍ، مولُت | मुलल्य, मुलुत | of great price or value, costly, precious. |
| बेशर्म | वि. | जिसे शरम या हया न हो, निर्लज्ज। | بےٚشرم | बेशर्म | shameless, impudent, immodest. |
| बेशर्मी | स्त्री. | निर्लज्जता या बेहयाई। | بےٚشرمی | बेशर्मी | shamelessness, immodesty, impudence. |
| बेशी | स्त्री. | 1. अधिकता या ज्यादती; | زیادتی، ہُرِیمانہٕ؛ | ज्यादुती, हुरेमानु; | excess, surplus, increase; |
| | | 2. लाभ या नफा। | فایدٕ | फायदु | gain or premium. |
| बेशुमार | वि. | जो गिना न जा सके, अगणित। | بےٚشُمار | बेशुमार | countless, numberless, innumerable. |
| बेसन | पु. | चने की दाल का आटा। | بیسن (چنہٕ اوٚٹ) | बेसन ( चनु ओट) | flour of grampulse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बेसमझ | वि. | नासमझ या मूर्ख। | بےٚ سمُج | बेसमुज | devoid of understanding or sense, ignorant, stupid. |
| बेसुध | वि. | 1. बेहोश; 2. बेखबर या बदहवास। | بےٚ ہوٗش؛ باقتٕر | बेहोश; बाक़्त | in a swoon, faint; senseless, fainted, unaware, bewildered. |
| बेसुर (बेसुरा) | वि. | 1. जो अपने नियत स्वर में न हो; 2. जो ठीक स्वर में न गाता हो। | بےٚ سرُور؛ بےٚ سور | बेसरूर; बेसुर | out of tune; one who sings ignoring the tune. |
| बेहतर | वि. | अपेक्षाकृत अच्छा। | بہتر | बेहतर | better, superior, more worthy. |
| बेहद | वि. | असीम, अपार, बहुत अधिक। | بےٚ حد | बेहद | boundless, endless, too much. |
| बेहया | वि. | निर्लज्ज या बेशर्म। | بےٚ حیا | बेहया | shameless, immodest. |
| बेहाल | वि. | बुरी अवस्था में। | بےٚ حال | बेहाल | in a sad plight, in a bad shape or state. |
| बेहिसाब | वि. | अनगिनत, बहुत अधिक। | بےٚ حساب، اَنٛتہٕ روٚس، بےٚ شمار | बेहिसाब, आंतु रोस, बेशुमार | countless, beyond calculation, incalculable, too many. |
| बेहूदगी | स्त्री. | 1. अशिष्टता या असभ्यता; 2. अर्थहीनता। | بےٚ ہودٕگی، بےٚ شایستگی؛ فضوٗل آسُن | बेहूदगी, बे शायिस्तगी; फ़ुज़ूल आसुन | impudence; nonsense. |
| बेहूदा | वि. | 1. अशिष्ट या असभ्य; 2. अर्थहीन। | بےٚ ہوٗد؛ بےٚ مانے | बेहूद; बेमाने | impudent; nonsensical. |
| बेहोश | वि. | अचेत या बेसुध। | بےٚ ہوش | बेहोश | unconscious, senseless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेहोशी** | स्त्री. | अचेतनता या मूर्च्छा। | بےٚ ہوٗشی | बेहूशी | unconsciousness, senselessness. |
| **बैंक** | पु. | महाजनी लेन-देन की बड़ी कोठी। | بَنٛکھ | बंकु | bank. |
| **बैंगन** | पु. | एक पौधा जिसके फल की तरकारी बनाई जाती है। | وانٛگُن | वाँगुन | brinjal. |
| **बैंगनी (बैंजनी)** | वि. | जो ललाई लिए नीले रंग का हो। | وانٛگنہِ رنگُک، لوتہٕ راہِ دٲلۍ رنگُک | वाँगिन्य रंगु, लुति राबिदेल्य रंगु | of the colour of brinjal, purple. |
| **बैंड** | पु. | पाश्चात्य ढंग के कुछ विशिष्ट बाजों का समूह जो एक साथ बजाए जाते हैं। | بینٛڈ | बेंड | band or orchestra. |
| **बैज** | पु. | संस्था-विशेष आदि को सूचित करनेवाला चिह्न। | بیج | बेज | badge. |
| **बैटरी** | स्त्री. | तांबे या पीतल आदि का वह पात्र जिसमें रासायनिक पदार्थों के योग से रासायनिक प्रक्रिया द्वारा बिजली पैदा करके काम में लाई जाती है। | بیٹری | बैट्री | battery which gives light when charged. |
| **बैठक** | स्त्री. | 1. बैठने का स्थान; | بیٹھک؛ | बैठक; | place where people meet to sit and converse; |
| | | 2. सभासदों का एकत्र होना। | مِٹِنگ | मिटिंग | meeting. |
| **बैठका** | पु. | वह कमरा जहां लोग बैठते हों। | بیٹھک | बैठक | sitting room, drawing room. |
| **बैठना** | अ.क्रि | 1. आसीन होना; | بِہُن؛ | बिहुन; | to sit, to be seated; |
| | | 2. किसी स्थान या अवकाश में ठीक रूप से जमना; | ٹھِکانہٕ کرُن | ठिकानु करुन | to settle; |
| | | 3. जल आदि में घुली हुई वस्तु का नीचे आधार में जा लगना। | تہہ بِہُن، تہہ نِشین سپدُن | तह बिहुन, तहनिशीन सपदुन | to sink down, to settle down. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ठाना | स.क्रि | 1. स्थित करना या आसीन करना; | بیٛہناوُن؛ | बेहनावुन; | to set, to plant, to cause, to settle down; |
| | | 2. आसन पर विराजने को कहना; | تشریف تھوناوُن؛ | तशरीफ थवुनावुन; | to cause to sit down, to cause to be seated; |
| | | 3. पद पर स्थापित करना। | لاگناوُن | लागुनावुन | to place, to establish. |
| बैना | पु. | शुभ अवसरों पर इष्ट-मित्रों तथा संबंधियों के यहां से आने अथवा उनके यहां भेजी जानेवाली मिठाई। | ڈٲلۍ | डॉल्य | sweets exchanged between friends and relations on auspicious occasions. |
| बैनामा | पु. | वह पत्र जिसमें किसी वस्तु विशेषतः मकान या जमीन, जायदाद आदि के बेचने और उससे संबंध रखनेवाली शर्तों का उल्लेख होता है। | بَیِنامہٕ | बयिनान् | deed. |
| बैरंग | वि. | वह पत्र जिस पर उचित मूल्य के टिकट न लगे हों, फलतः जिसका महसूल उसे पानेवाले को चुकाना पड़ता हो। | بےٚرنگ | बेरंग | bearing (postage), unpaid. |
| बैर | पु. | शत्रुता या बदला लेने की भावना। | دُشمنی، وٲر | दुश्मनी,वॉर | enmity, hostility, animosity, ill-will. |
| बैरा | पु. | खाना खिलाने वाला सेवक। | بٕہر | बॅहर् | bearer, valet. |
| बैरी | वि. | शत्रु या अनिष्ट करनेवाला। | دُشمن، وٲری | दुश्मन,वॉरी | foe, adversary, enemy. |
| बैल | पु. | 1. प्रसिद्ध नर चौपाया जो गाड़ी और हल आदि में जोता जाता है; | دانٛد؛ | दांद; | bullock, ox; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत मूर्ख; | دانٛد، مُڈٕ؛ | दांद, मुड; | (met.) blockhead, fool; |
| | | 3. परिश्रमी व्यक्ति। | دانٛد | दांद् | (fig.) hardworker. |
| बैलगाड़ी | स्त्री. | बैल द्वारा खींची जानेवाली गाड़ी। | دانٛدِ گاڑٕ | दांदु गाड्य | bullock-cart. |
| बैसाख | पु. | चैत के बाद और जेठ से पहले का महीना, वैशाख। | وہیکھ | वह्यख | the second of the twelve months according to the Hindu calendar. |
| बैसाखी | स्त्री. | 1. बैसाख का पहला दिन जिस दिन उत्सव मनाया जाता है; | ویشاکھی؛ | वयशाखी; | a festival falling on the first day of the month of Baisakh; |
| | | 2. डंडों का वह सहारा जिसके सहारे लंगड़े चलते हैं। | بےراکِ | बेराकि | crutch. |
| बोझ (बोझा) | पु. | वजन, भार। | بور، وزن<br>بأری | बोर, वजुन<br>बारी | load, burden. |
| बोझिल | वि. | 1. अधिक बोझवाला;<br>2. जो काम विकट हो तथा जिसमें रुचि न लगती हो। | وزنی؛<br>کرٛوٗٹھ | वजुनी;<br>क्रूठ | heavy, massive;<br>difficult or uninteresting task. |
| बोटी | स्त्री. | मांस का छोटा टुकड़ा। | ماز پھوٗل<br>سنی پھوٗل، سنی<br>تکھ | माज़ फ़ोल<br>सिन्य फ़ोल, सिन्य<br>तिख | a small bit, slice or morsel of flesh or meat. |
| बोतल | स्त्री. | कांच की लंबी गरदन का गहरा बरतन जिसमें द्रव्य रखा जाता है। | بوتل | बोतल | bottle. |
| बोदा | वि. | दुर्बल, हतोत्साह, दब्बू। | بوٗدٕ، کمزور | बोदु, कमज़ोर | weak, feeble, low-spirited. |
| बोध | पु. | ज्ञान या जानकारी। | بوٗد، زانٛیکاری | बूद, ज़ान्यकारी | knowledge, knowing, understanding. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| बोधक | पु. | बोध या ज्ञान करानेवाला। | ہۆچھناوَن وول | ह्ेछिनावन वोल | causing to know, informing, teaching. |
| बोनस | पु. | किसी संस्था के कर्मचारियों को संस्था के लाभ से मिलनेवाला हिस्सा। | بونَس | बोनस | bonus. |
| बोना | स.क्रि | पेड़-पौधे उगाने के लिए जमीन में बीज दबाना या बोना। | واوُن | वावुन | to sow, to plant. |
| बोरा | पु. | टाट का बना हुआ बड़ा थैला जिसमें भारी सामान रखा जाता है। | بُہرۍ | बुहुर्य | gunny bag, sack. |
| बोराबंदी | स्त्री. | 1. अनाज आदि सामान को बोरे में भरकर बन्द करने का काम; | بوٚہرِن منٛز لدُن (بنٛد کرُن)؛ | बोइर्यन मंज् लदुन (बन्द करुन) ; | filling and sealing bags of corn, etc.; |
| | | 2. अनाज आदि की बिक्री का वह प्रकार जिसमें पूरे भरे हुए बोरे ही बेचे जाते हैं। | اناجُک تھوک کاروٗبار | अनाजुक थोक कारबार | sale and purchase of full bags of corn etc. |
| बोरी | स्त्री. | टाट की छोटी थैली। | تَنٛگلۍ، لُکُٹ ٹاٹھ ٹھیلُو | तंगुल्य, लुकुट टाठ ठेलु | small gunny bag. |
| बोल | पु. | 1. बोलने पर मनुष्य के मुख से निकला हुआ सार्थक पद या वाक्य; | بوٚل؛ | बोल; | utterance, phrase, sentence; |
| | | 2. कही हुई बात, उक्ति या कथन। | وَنُن | वनुन | speech, talk etc. |
| बोलचाल | स्त्री. | 1. परस्पर बातचीत या वार्तालाप; | کَتھ باتھ؛ | कथ बाथ; | talk, conversation; |
| | | 2. बातचीत करने का ढंग। | کتھِ ہُنٛد طریقہٕ | कथि हुँद तरीकु, | mode of speech. |
| बोलती | स्त्री. | बोलने की शक्ति, बोलना। | کتھِ ہُنٛد وتیٖر، وَنٕنُک طاقتھ | कथि हुँद वतीर, वनुनुक ताकथ | power of speech, act of speaking. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **बोलना** | स.क्रि | 1. शब्द, ध्वनि आदि को साधारण स्वर में उच्चरित करना; | بولُن؛ | बोलुन; | give utterance to; |
| | | 2. शब्दों द्वारा कहकर विचार प्रकट करना। | وَنُن | वनुन | to speak, talk, tell, say. |
| **बोलबाला** | पुं. | उत्कर्ष, मानप्रतिष्ठा का अधिक होना। | چلنی | चलनी | influence, sway, currency. |
| **बोली** | स्त्री. | 1. बोलने की क्रिया या भाव; | بوٗلُن، | बोलुन; | speech (in general); |
| | | 2. स्थानिक भाषा; | بوٗلۍ؛ | बूल्य; | dialect; |
| | | 3. नीलामी में लगाया जानेवाला दाम; | بوٗلۍ؛ | बूल्य; | bid (at an auction); |
| | | 4. चिढ़ाने या लज्जित करने अथवा व्यंग्य की बात। | ٹانُہ | टानु | jeer, ridicule, taunt. |
| **बोहनी** | स्त्री. | किसी सौदे या दिन की पहली बिक्री। | دٕسلابُہ | दसलाबु | handsel, first sale for ready money early in the day. |
| **बौखलाना** | अ. क्रि. | 1. आवेश या क्रोध में आकर अंड-बंड बकना; | وولُن؛ | वोलुन; | to talk nonsense out of passion or anger; |
| | | 2. मानसिक संतुलन खो बैठना। | پانس تام نہ<br>روُزُن | पानस ताम न<br>रोज़ुन | to lose temper. |
| **बौखलाहट** | स्त्री. | बौखलाने की अवस्था या भाव। | ووجَر | वोजर | frenzy, fury, (mental) agitation, wild folly. |
| **बौछार** | स्त्री. | बूंदों की झड़ी जो हवा के झोंके से तिरछी गिरती हो। | ژھٹہٕ رۄد | छ़टु रूद | heavy shower of rain, spray. |
| **बौड़म** | वि. | मूर्ख या सनकी। | سنکی، مُڈُ | सनकी, मुडु | idiot or eccentric. |
| **बौना** | पुं.वि. | जो प्राकृतिक रूप से साधारण लम्बाई से कम हो। | ژھوٗٹ | छुटु | dwarf, dwarfish. |
| **बौर** | पुं. | आम की मंजरी। | بوٗر (امبہٕ کُلِکۍ<br>بامَن) | बोर (अम्बु कुलिक्य<br>बामन) | blossom of the mango tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **ब्याज** | पुं. | वह धन जो ऋण देने अथवा बैंक आदि में जमा करवाने पर मूलधन के ऊपर मिले। | سوٗد | सूद | interest (on money). |
| **ब्याजखोर** | पुं. | वह जो सूद पर रुपया कर्ज दे, ब्याज की कमाई खानेवाला। | سوٗدخور | सूद ख़ुर | usurer. |
| **ब्याना** | स. क्रि. | मादा पशुओं का सन्तान प्रसव करना। | پرسُن | प्रसुन | to give birth to (applied to animals), to calve. |
| **ब्यालू** | पुं. | रात के समय का भोजन। | کال | काल़ | evening meal, supper. |
| **ब्याह** | पुं. | वह रीति या रस्म जिससे स्त्री और पुरुष में पति-पत्नी का सम्बन्ध स्थापित किया जाता है। | کھاندر | खांदर | marriage. |
| **ब्याहता** | वि., स्त्री. | जिसके साथ विवाह हुआ हो, विवाहिता स्त्री, पत्नी। | نیترِ، نیترِ گراکنی، کولے | नेतुर्ये,नेतुर ग्राकन्य, कुलय | married, married woman, wife |
| **ब्याहना** | स. क्रि. | 1. देश, काल और जाति की रीति के अनुसार पुरुष का किसी स्त्री को अपनी पत्नी बनाना;<br>2. किसीका किसीके साथ विवाह-संबंध करना। | لگُن کرُن، نکاح پرُن؛<br>کھاندر کرُن | लगुन करुन, निकाह पुरुन;<br>खांदर करुन | to marry, to wed;<br>to give or to take in marriage. |
| **ब्यौरा** | पुं. | किसी घटना के अंतर्गत एक बात का उल्लेख या कथन, पूरा वृत्तांत या सारा हाल। | پوٗر شیٚچھ | पूर् शेछ | detailed account, details, particulars. |
| **ब्यौरेवार** | वि. क्रि. वि. | एक-एक बात के उल्लेख के साथ। | وِستارِتھ، ویٚژھناوِتھ | व्यस्तारिथ, व्यछुनाविथ | detailed. |
| **ब्रह्मचर्य** | पुं. | चार आश्रमों में से पहला आश्रम जिससे पुरुष गृहस्थी | برٛمچری | ब्रमुचर्य | one of the four Ashramas of life in |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | के झंझटों से मुक्त केवल अध्ययन करता है। | | | Hindu philosophy of life in which one devotes oneself to study only and remains unmarried, hence the life of celibacy. |
| ब्रह्मचारी | पुं. | ब्रह्मचर्य का पालन करनेवाला व्यक्ति। | برٛہمچارؠ | ब्रमुचार्य | one who vows to lead the life of a celibate, a celibate. |
| ब्रह्महत्या | स्त्री. | ब्राह्मण का वध या हत्या करना। | برٛہمہٕ ہتیا | ब्रह्महत्या | killing a Brahman, Brahmanicide. |
| ब्रह्मांड | पुं. | 1. चौदह भुवनों का समूह;<br>2. खोपड़ी या कपाल। | برٛمانٛڑ، کاینات؛<br>کلہٕ کھوپرؠ | ब्रमांड, कायनाथ;<br>कलु खुपुर् | universe;<br>top of head, skull. |
| ब्रह्मानंद | पुं. | ब्रह्म के स्वरूप का अनुभव होने पर प्राप्त होनेवाला आनन्द जो सब प्रकार के आनन्दों से बढ़कर माना जाता है। | برٛہمانٛد | ब्रह्मानन्द | bliss or rapture of absorption into Brahma. |
| ब्राह्मण | पुं. | 1. हिंदुओं के चार वर्णों में से पहला और सर्वश्रेष्ठ वर्ण;<br>2. उक्त जाति का व्यक्ति। | برٛہمن؛<br>برٛہمُن | ब्रह्मण;<br>ब्रह्मुण | first of the four Hindu classes;<br>member of the first of the four Hindu classes. |
| ब्राह्ममुहूर्त | पुं. | सूर्योदय से पहले दो घड़ी तक का समय जो बहुत ही शुभ तथा पवित्र माना गया है। | برٛہم مُہوٗرت، سحر، پٔتِم پہر | ब्रह्म मुहूर्त, सॅहर, पॅत्युम पॅहर | dawn, the hour preceding sunrise. |
| ब्रेक | पुं. | गाड़ियों में पहिये या गति-चक्र की गति रोकनेवाला उपकरण। | برٛیک | ब्रेक | brake. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्लाउज | पुं. | साड़ी के साथ पहनने का एक प्रकार का वस्त्र। | جمپر، بلاوز | जंपर, बुलाउज | blouse. |
| ब्लेड | पुं. | पतली धातु का तेज धार-वाला टुकड़ा जिससे दाढ़ी बनाई जाती है। | ریزر، بلیڈ | रेज़र, ब्लेड | blade. |
| भंग (भांग) | स्त्री. | 1. एक पौधा जिसकी पत्तियां नशीली होने के कारण लोग पीसकर पीते हैं; | بنگِ کُل؛ | बंगि कुल; | hemp plant; |
| | | 2. इन पत्तियों को घोंटकर बनाया हुआ पेय। | بنگ | बंग | intoxicating beverage, narcotic commonly called 'Bhang' prepared from the hemp plant. |
| | पुं. | 1. टूटने की क्रिया या भाव; | پھٹُن؛ | फुटुन; | break, fracture, |
| | | 2. ध्वंस, नाश; | تباہی، ناش؛ | तबाही, नाश; | destruction, ruin; |
| | | 3. व्यवधान, बाधा; | رُکاوٹھ | रुकावठ | interruption, obstacle, disturbance; |
| | | 4. समाप्ति। | خاتِم | खातिम | suspension, stoppage. |
| भंगिमा | स्त्री. | 1. वह कलापूर्ण शारीरिक मुद्रा जिससे कोई विशिष्ट मनोभाव प्रकट होता है, अदा; | ادا؛ | अदा; | gesture, pose, posture; |
| | | 2. वक्रता, कुटिलता। | ہجر | हजर | curvature, obliquity. |
| भंगी | पुं. | मैल, कूड़ा-करकट की सफाई करनेवाली एक जाति या उक्त जाति का व्यक्ति। | واتُل | वातुल | sweeper, scavenger. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भंगुर** | वि. | 1. भंग होने अर्थात् टूट-फूट कर विघटित होनेवाला; | اُڑیُل؛ | ऑव्युल; | apt to break, fragile, brittle; |
| | | 2. अधिक दिन न टिकने-वाला, नाशवान। | نٲشی، فٲنی | नॉशी, फॉनी | transitory, transient, perishable. |
| **भंगेड़ी (भंगड़)** | पुं. | भांग पीने की लतवाला, बहुत भांग पीनेवाला। | شۄدٕ | शॊ़द | one addicted to hemp (bhang). |
| **भंजन** | पुं. | 1. भंग करना, तोड़ना; | پُھٹرُن؛ | फुटरुन; | breaking, separating, dividing; |
| | | 2. ध्वंस, नाश। | ناش | नाश | demolishing, destroying. |
| **भंडा-फोड़** | पुं. | किसीके गुप्त रहस्यों या कुचक्रों का प्रकटीकरण। | فاش کرُن | फाश करुन | exposure (of a secret etc.). |
| **भंडार (भांडार)** | पुं. | 1. कोष, खजाना; | خزانہٕ؛ | खजानु; | treasury; |
| | | 2. राशि, ढेर; | ڈیر؛ | डेर; | depository, repository; |
| | | 3. घर का अन्नादि रखने का स्थान, कोठा। | کُٹھ | कुठ | place where household goods and utensils are kept, store-room. |
| **भंडारा** | पुं. | साधु, संन्यासियों आदि के लिए भोज। | بَنڈارٕ | बंडारु | feast for mendicants etc. |
| **भंडारी** | पुं. | 1. भंडार का अध्यक्ष या प्रबन्धक; | بنٛڈٲری؛ | बंडॉर्य; | store-keeper; |
| | | 2. रसोइया। | وازٕ | वाज़ु | cook. |
| **भंवर** | पुं. | 1. जलावर्त; | آوُلُن؛ | आवुलुन; | whirl, whirlpool, vortex; |
| | | 2. भ्रमर, भौंरा। | بۆمبُر | बॊंबुर | large black-bee, the bumble-bee. |
| **भकोसना** | स. क्रि. | बहुत बड़े-बड़े तथा एक पर एक ग्रास मुंह में डालते चलना, ठूंसना। | پیۄٹھُس پیٹھ کھیۄن یا نینگ لاوُن، ابرٛشُن | प्यॊठुस प्यठ ख्योन या न्यंगु लावुन, ब्रशुन | to eat, to devour, to swallow. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भक्त | वि. | 1. अनुरागी, वफादार; | وفادار؛ | वफादार; | attached or devoted to, loyal, faithful; |
| | | 2. अनुयायी, अनुगामी; | پارو؛ | पारव; | believer, follower; |
| | | 3. किसी पर भक्ति और श्रद्धा रखनेवाला। | مانن وول | मानन वोल | having faith in or loyalty to someone. |
| | पुं. | उपासक, सेवक। | سیوک، بکھتھ | सीवक, बख़्त्य | devotee, worshipper. |
| भक्ति | स्त्री. | 1. धार्मिक क्षेत्र में आराध्य, ईश्वर, देवता आदि के प्रति होनेवाला श्रद्धापूर्ण अनुराग जिसके फल-स्वरूप वह सदा उसका अनुयायी रहता है और अपने आपको उसका वशवर्ती मानता है; | بکھتی؛ | बख्ती; | devotion, loyalty· |
| | | 2. सेवा; | سیوا، خدمتھ؛ | सीवा, खदमथ; | service, worship, homage; |
| | | 3. स्नेह; | لوٗل؛ | लोल; | attachment, affection; |
| | | 4. श्रद्धा। | شردا، اِحترام | श्रदा, एहतिराम | reverence. |
| भक्षक | वि. पुं. | खानेवाला, खा जानेवाला, भक्षण करनेवाला। | کھینہ وول | ख्यनु वोल | one who eats or lives upon, gluttonous, voracious eater, devourer, glutton. |
| भक्षण | पुं. | खाना। | کھیوٚن | ख्योन | eating, feeding, devouring. |
| भक्षी | वि. | खानेवाला, भक्षक। | کھینہٕ وول | ख्यनु वोल | eating, devouring. |
| भक्ष्याभक्ष्य | वि. | खाद्य और अखाद्य (पदार्थ)। | کھیوٚن تہٕ نہ کھیون لایق | ख्योन तु न ख्योन लायक | (food) allowed and prohibited. |
| भगंदर | पुं. | गुदावर्त के किनारे होने-वाला फोड़ा जो फूटने पर नासूर हो जाता है। | مندلکہٕ سُہ پھیپھُر یُس نوسوٗر ہیکہ بنتھ | मंदलुक सु फ्यफुर युस नोसूर ह्यकि बनिथ | fistula in the anus or duodenum. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भगत (भगतिन | वि. स्त्री.) | 1. भक्त, भगवद्भजन में लगा रहनेवाला; | بٔکھتۍ؛ | बखुत्य; | righteous, pious, devotee; |
| | | 2. धार्मिक दृष्टि से मांस-मछली न खानेवाला, निरामिषभोजी। | وٚشنو | वशनव | vegetarian. |
| भगदड़ | स्त्री. | संकट की स्थिति में भीड़ का संत्रस्त होकर इधर-उधर भागना। | ژلہٕ لار | चलुलार | stampede, panic. |
| भगना | अ. क्रि. | दे० 'भागना। | 'भागना' وُچھِو | बुछिव 'भागना' | see. 'भागना' |
| भगवा | पु. | 1. काषाय वस्त्र, गेरुआ वस्त्र; | گیٖرۍ پلَو؛ | गीर्य पलव; | saffron coloured clothes; |
| | | 2. गेरू की तरह एक प्रकार का लाल रंग। | گیٖرۍ رنگ | गीर्य रंग | saffrony. |
| भगवान | पु. | परमेश्वर। | بگوان، خُدا | बगवान, खुदा | the Supreme Being, God. |
| | वि. | पूज्य, आदरणीय और महिमाशाली। | یزتھدار<br>شرٛچ، پوٗزایہِ لایکھ | यजथदार<br>श्रूच, पूजायिलायख | revered, venerable, divine, holy. |
| भगाना | स. क्रि. | 1. डरा धमकाकर भागने को विवश करना, खदेड़ना; | ژلراوُن،<br>ژلناوُن؛ | चलुरावुन,<br>चलुनावुन; | to cause to flee or escape, to cause to run away, to chase out; |
| | | 2. स्त्री, बच्चे आदि को उसके अभिभावकों से छिपाकर, उठाकर, या फुसलाकर कहीं ले जाना; | ورگلاوِتھ نیُن | वरगुलाविथ न्युन | to elope, to kidnap, to abduct; |
| | | 3. दूर करना, हटाना। | ہٹاوُن | हटावुन | to drive off, to remove. |
| भगिनी | स्त्री. | बहन। | بیٚنہِ | बेनि | sister. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भगोड़ा | पु. | 1. छिपकर या डरकर भागा हुआ व्यक्ति; | روپوش، فرار، | रोपोश, फरार; | absconder, fugitive; |
| | | 2. रणभूमि से भागनेवाला व्यक्ति, कायर या डरपोक व्यक्ति। | ژھۆلمُت | छोलमुत | run-away, deserter. |
| भग्नावशेष | पु. | 1. किसी टूटे-फूटे मकान या उजड़ी हुई बस्ती का बचा हुआ अंश, खंडहर; | کھنڈر، کھنڈرات، | खण्डर, खण्डरात; | remains, ruins; |
| | | 2. किसी टूटी-फूटी चीज के बचे हुए टुकड़े। | کھنٛجہِ، پرٲنۍ آثار | खंजि, प्रान्य आसार | relics. |
| भजन | पु. | 1. ईश्वर या उपास्य देवता और उसकी लीलाओं का श्रद्धापूर्वक गुणगान और स्मरण करना; | بجن، | बजन; | worship, adoration; |
| | | 2. देवता या ईश्वर की स्तुति में रचित गेय पद। | بجن | बजन | hymn, devotional song. |
| भजनी | पुं. | भजन गानेवाला। | بجن کرن وول | बजन करन वोल | one who sings devotional songs. |
| भटकना | अ. क्रि. | 1. रास्ता भूलना; | وَتہِ راوُن، | वति रावुन; | to go astray, to lose the path or way; |
| | | 2. व्यर्थ घूमना; | دربدری، | दरबुदरी; | to wander about aimlessly; |
| | | 3. भ्रम में पड़ना | رٲوِس منز آسُن | रॅविस मंज़ आसुन | to be confused or to be perplexed, to be bewildered. |
| भटकाना | स. क्रि. | 1. गलत रास्ता बताना बहकाना; | وَتہِ ڈالُن، | वति डालुन; | to cause to stray or to wander, to mislead; |
| | | 2. भ्रम में डालना। | برم دِیُن | भ्रम द्युन | to bewilder. |
| भटकाव | पु. | भटकने की क्रिया, दशा या भाव, भटक। | ڈالُن | डालुन | aberration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भट्ठा | पु. | 1. ईंटें आदि पकाने का पजावा; | بٹھ؛ | बठ; | brick kiln; |
| | | 2. बड़ी भट्ठी। | کوٗنٛدٕ | कोन्दु | furnace. |
| भट्ठी (भट्टी) | स्त्री. | 1. वह घिरा हुआ आधान या स्थान जिसमें धातु आदि गलाने या कुछ विशिष्ट प्रकार की चीजों के लिए आग जलाई जाती है या ताप उत्पन्न किया जाता है; | کوٗنٛدٕ؛ | कोन्दु; | furnace, small kiln; |
| | | 2. देशी शराब बनाने का स्थान। | بٕٹھ (شوٗرابٕچ) | बैठ (शुराबुच) | distillery. |
| भठियारा (भटियारा) | पु. | सराय का मालिक या प्रबंधक जो यात्रियों के टिकने, खाने-पीने आदि की व्यवस्था करता है। | سرایہِ وول، سریہِ وول | सरायिवोल, सरुयिवोल | one who keeps a sarai, inn-keeper. |
| भड़कना | अ. क्रि. | 1. प्रज्वलित होना और जोर से जलने लगना; | الاو گنٛڈُن؛ | अलाव गंडुन; | to be blown into flame, blaze up; |
| | | 2. आवेश या क्रोध से युक्त होना; | نارٕ نار گژھُن؛ | नारोनार गछुन; | to get excited or enraged, to flare up; |
| | | 3. चौंकना, बिदकना; | وُٹھ کڑٕنۍ | वुठ कड़ुन्य | to startle, to be startled, to be scared or alarmed; |
| | | 4. किसी प्रकार के मनोभाव का सहसा प्रबल होना। | وُتِش لگنۍ | वुतिश लगुन्य | to overflow (with feelings or emotions). |
| भड़काना | स.क्रि. क्रि. | 1. आग को तेज करना; | اوٗگُن دیُن؛ | ओगुन द्युन; | to blow up into a flame, to kindle, to inflame; |
| | | 2. उत्तेजित या क्रुद्ध करना; | ژکھ کھارٕنۍ؛ | चख खारुन्य; | to provoke or incite, to encourage; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. तीव्र या प्रबल करना; | وُتِش دِنۍ؛ | वुतिश दिन्य; | to intensify, to aggravate; |
| | | 4. चौंकाना, डराना। | کھوژناوُن، ووٚٹھ کٹِھناوُن | खोचुनावुन, वोठ कड़नावुन | to startle, scare, frighten. |
| भड़कीला | वि. | चमक दमकवाला, भड़कदार। | زرق برق کرن وول | ज़र्कु बर्कु करन वोल | glittering, gorgeous, showy gaudy. |
| भड़भड़ाना | स. क्रि. | निरर्थक शीघ्रता या उतावली बरतना। | وُتاولی کرنۍ | वुतावली करुन्य | to be rash, to be thoughtlessly hasty. |
| | अ. क्रि. | 'भड़भड़' शब्द होना। | ٹِسراے گژھنۍ | टिसुराय गछुन्य | to crackle, etc, to flutter. |
| भड़भड़िया | पु. | व्यर्थ की और बहुत अधिक बातें करनेवाला। | بُل بکوٲسۍ | बुलु बकुवास्य | one who talks too much and too loudly, loquacious. |
| भड़भूंजा | पु. | एक जाति जो भाड़ में अन्न भूनने का काम करती है। | بَرُبُز | बरखुज | one who parches grain (cereals). |
| भड़ास | स्त्री. | दिल में भरी हुई बातें, गुबार, मानसिक असंतोष। | حُباب | हुबाब | stored up resentment, accumulated grudge. |
| भड़ुआ | पु. | 1. वेश्याओं के साथ तबला या सारंगी बजानेवाला; 2. वेश्याओं का दलाल। | گانہِ وانُک طبلہٕ وول؛ دَلال، سیٛوس | गानु वानुक तबलु वोल; द्राल, स्योस | attendant on a dancing girl; one who lives on the earnings of a prostitute, pimp, procurer. |
| भतीजा | पु. | भाई का बेटा। | بابتھُر، باپوتھُر | बाबथुर, बापोथुर | brother's son, nephew. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भत्ता | पु. | वह धन जो किसी कर्मचारी को उसके वेतन के अतिरिक्त कुछ विशिष्ट प्रयोजनों (मंहगाई, यात्रा, मकान किराया आदि) के लिए अतिरिक्त व्यय के विचार से दिया जाता है। | اَلوٚنس | अलौवंस | allowance. |
| भद्द | स्त्री. | अपमान। | بےٚیزتی/اوٚمان | बेयजुती, अवुमान | insult, ignominy, indignity. |
| भद्दा | वि. | 1. कुरूप, बेढंगा, बेडोल; | کوٚپاٹھی/کوٚکور؛ | कुर्पाठ्य, कुकोर; | clumsy, awkward, ungainly; |
| | | 2. अश्लील, फूहड़; | بدتمیز؛ | बदतमीज; | slovenly, shoddy; |
| | | 3. अनुचित, अयुक्त। | وُلٹھ | वुल्ट | improper, inapt, unsuitable. |
| भद्र | वि. | 1. शिष्ट, सभ्य और सुशिक्षित; | شاٚیستہٕ؛ | शांयिस्त; | gentle, noble, polite; |
| | | 2. भला, नेक; | جان، نیک؛ | जान, नेक; | benevolent, virtuous; |
| | | 3. शुभ, मंगलकारी। | رُت | रुत | auspicious, fortunate, lucky. |
| भद्रता | स्त्री. | शिष्टता, सभ्यता, भलमनसी, शराफत। | شاٚیستگی | शांयिस्तगी | gentleness, politeness, nobility. |
| भनक | स्त्री. | 1. धीमी और अस्पष्ट ध्वनि; | پھِسراے؛ | फिसुराय; | low or distant sound, hum; |
| | | 2. उड़ती हुई खबर। | شووے | शोवय | inkling or clue. |
| भनभनाना | अ. क्रि. | 'भनभन' शब्द करना, गुंजारना। | گنٛگراے کرُن | गंगुराय करन्य | to buzz, hum, to have a ringing sound (in the ear). |
| भन्नाना | अ. क्रि. | क्षोभयुक्त, उद्वेग से युक्त होना। | دَدُراے کرُن | ददुराय करुन्य | to be infuriated, to flare up. |
| भयावह | वि. | भयानक, भयंकर, डरावना, | بیانکھ، خوفناکھ | बयानख, खोफनाख | causing fear |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | खतरनाक। | | | or terror, horror, risky, frightening. |
| ‌र | अव्य. | 1. किसी इकाई के रूप में संपूर्णता या समस्तता सूचित करने के लिए प्रयुक्त अव्यय, सब, पूरा, सारा; | بٔرِتھ؛ | बरिथ; | full, complete, all, whole; |
| | | 2. तक, पर्यंत; | تام؛ | ताम; | as far as, up to; |
| | | 3. पूरी तरह, अच्छी तरह। | پوٗر پاٹھی | पूर्‌ पाठ्य | fully, completely. |
| ‌रण-पोषण | पु. | किसी का इस प्रकार पालन करना कि वह जीविका-निर्वाह की चिंता से दूर हो, पालन-पोषण। | پالُن پیتُرُن | पालुन प्यतुरुन | maintenance, subsistence. |
| ‌रता(भुरता) | पु. | आलू, बैंगन, आदि कुछ विशिष्ट तरकारियों को भून और मसलकर बनाया जानेवाला सालन। | اَکھ چیوٗٹ | अख च्यूट | mash made of boiled or fried vegetables. |
| ‌रती (भर्ती) | स्त्री. | 1. एक चीज को दूसरी में भरा या बैठाया जाना, भराव, भराई; | برُن، برأے؛ | बरुन; बरांय; | filling, insertion, stuffing etc.; |
| | | 2. प्रविष्ट या सम्मिलित किए जाने की क्रिया या भाव, प्रवेश, दाखिला; | دأخلہٕ؛ | दाखल; | admission, enrolment, enlistment, recruiting (soldiers); |
| | | 3. अनावश्यक रूप से यों ही स्थान मात्र के विचार से रखी या सम्मिलित की गई वस्तु। | فالتوٗ | फालतू | additional and irrelevant matter. |
| भरना | स. क्रि. | 1. खाली बरतन आदि में कोई चीज डालना, उंडेलना, रखना; | تراوُن، پھِرُن؛ | त्रावुन, फिरुन; | to pour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. खाली जगह को किसी चीज से पूर्ण करना; | بَرُن؛ | बरुन; | to fill up; |
| | | 3. छेद या अवकाश आदि को बंद करना; | پُرُون؛ | पुरुवुन; | to close, to choke; |
| | | 4. (ऋण) चुकाना; | نَکھ والُن؛ | नखु वालुन; | to pay off; |
| | | 5. (हानि की) पूर्ति करना; | پُرُون (ڈَنڈ) بَرُن؛ | पुरुवुन (डंड) बरुन; | to make good, to compensate; |
| | | 6. पद पर नियुक्ति करना; | لاگُن؛ | लगुन; | to fill up (vacancy etc.); |
| | | 7. एकत्र करना; | سۆمبراوُن؛ | सोंबरावुन; | to accumulate, to heap up, to stack; |
| | | 8. कुंजी आदि के द्वारा किसी उपकरण या यंत्र को सक्रिय होने के योग्य करना जैसे (हवा, चाबी); | پھُکھ بَرُن (بالہٕ) کَرٕنۍ (کُنٛز کَرٕنۍ)؛ | फुख बरुन (बालि) करुन्य (कुंज करुन्य); | to wind (a watch) to fill (air in a baloon or ball); |
| | | 9. शिकायत करना; | کن بَرٕنۍ؛ | कन बरुन्य; | to poison (someone's mind), to excite, to instigate; |
| | | 10. भरण-पोषण करना (आश्रित का); | رٕچھُن؛ | रछुन; | to subsist or to maintain; |
| | | 11. किए हुए का फल भुगतना। | پھَل تُلُن، کَرنَس بَرُن | फल तुलुन, करनस बरुन | to suffer, bear, endure. |
| | अ. क्रि. | 1. भरा जाना, पूर्ण होना; | بٔرِتھ یُن؛ | बंरिथ युन; | to be filled up; |
| | | 2. घाव का भर जाना; | اَنٛگ کھسُن؛ | अंग खसुन; | to be healed up (as a wound); |
| | | 3. हृष्ट पुष्ट होना; | پوٹھُن؛ | पोठुन; | to become plump; |
| | | 4. मन का क्रोध आदि से पूर्ण होना; | بۆرُت (شرارتہٕ سان بیتَر)؛ | बोरुत (शरारतु सान बेतरि); | to be full of rage etc.; |
| | | ओतप्रोत या पूर्णरूप से युक्त होना; | بَرپوٗر؛ | बरपूर; | to be replete with, to abound in; |
| | | 6. छिद्र आदि का बंद होना। | بَنٛد گژھُن | बंद गछुन | to be choked. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भरनी | स्त्री. | 1. करघे की ढरकी; 2. किसी काम या बात के फलस्वरूप प्राप्त दशा या स्थिति। | شٹل (وووُر وانُچ)؛ ناگزیر | शट्ल (वोवुर्य वानुच); नागुज़ीर | shuttle; inescapable situation. |
| भरपाई | स्त्री. | 1. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव; | رِہائی، مُکجار؛ | रिहायी, मुकुजार; | quittance, payment in full; |
| | | 2. बेबाकी की रसीद। | بےباقی ہُند رسید | बेबाकी हुन्द रसीद | receipt in full. |
| भरपूर | वि. | पूरी तरह भरा हुआ, परिपूर्ण। | پوٗر بوٗرُت | पूर बोरुत | quite full, brimful, overflowing. |
| | क्रि. वि. | 1. पूर्ण रूप से; | پوٗر پاٹھۍ؛ | पूर पाठ्य; | fully, completely, thoroughly; |
| | | 2. अच्छी तरह; | جان پاٹھۍ؛ | जान पाठ्य; | well, very well; |
| | | 3. बहुत अधिक मात्रा में। | وۆفوٗری سان، یسلہٕ | वोफूरी सान, यसलु | abundantly, excessively. |
| भरमाना | स. क्रि. | 1. भ्रम में डालना; | بِرم دیُن؛ | ब्रम द्युन; | to create an illusion, to bewilder; |
| | | 3. व्यर्थ में घुमाना, भटकाना; | پھیر دیُن؛ | फेर द्युन; | to cause to wander, to cause to stray; |
| | | 3. आसक्त या मोहित करना। | وَش کرُن | वश करुन | to allure, to tempt. |
| भरमार | स्त्री. | अधिकता, बाहुल्य। | وۆفوٗری، ترریر | वुफूरी, चर्यर | abundance, plentifulness |
| भरवाई | स्त्री. | भरवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | برٛوُن | बरुवुन्य | filling, stuffing, price paid for filling or stuffing. |
| भरसक | क्रि. वि. | शक्तिभर, यथाशक्ति, यथासाध्य। | یتھا شکھتی، مقدوٗرٕ موجب | यथा शख्ती, मकदूर मुजुब | utmost, to the best of one's ability. |
| भरा | वि. | 1. भरा हुआ, पूर्ण; | بوٗرُت؛ | बोरुत; | filled, filled with, full; |
| | | 2. आबाद; | آباد؛ | आबाद; | inhabited; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. संपन्न; | بجاہ ؛ | बजाह; | rich, prosperous, flourishing; |
| | | 4. पुष्ट, मांसल; | پۆٹھ ؛ | पूठ; | strong, sturdy; |
| | | 5. क्रोध आदि से भरा हुआ जिसका क्षोभ बाहर निकलना ही चाहता हो। | بۆرُت (ژِکھ بیترِ ستی) | बोरुत (च़खि बेतरि सृत्य) | surging with rage |
| भराई | स्त्री. | भरने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | بَرُ وُنی | बरुवुन्य | act of filling or the charges paid therefor, fill, packing. |
| भरापूरा | वि. | 1. सभी अपेक्षित बातों से युक्त, त्रुटिरहित; | باگہِ بۆرُت ؛ | बागि बोरुत; | wealthy, prosperous, flourishing, thriving; |
| | | 2. हर तरह से संपन्न और सुखी। | بجاہ، بۆرُت | बजाह, बोरुत | abounding in, having a large family. |
| भराव | पु. | 1. भरने की क्रिया या भाव; | براے ؛ | बरोय; | filling; |
| | | 2. वह पदार्थ या रचना जिससे कोई अवकाश या खाली जगह भरी गई हो या भरी जाती हो। | بۆر، ژِین | बोर, ज्यन | packing material. |
| भरी | स्त्री. | दस माशे की एक तौल जिससे सोना, चांदी आदि धातुएं तोली जाती हैं। | دہ ماشہ ، روپیہِ بر | दह माशि, रुपय बर | a measure of ten mashas used for weighing gold, silver etc. |
| भरोसा | पु. | 1. सहारा, आसरा; | ڈۆکھ ؛ | डोख; | support, help; |
| | | 2. पक्की आशा; | وومید، آش ؛ | वुमेद, आश; | hope, assurance; |
| | | 3. विश्वास। | بروسہ | बरोसु | trust, faith, confidence. |
| भर्त्सना | स्त्री. | किसी के अनुचित आचरण से क्रुद्ध और दुखी होकर | لانُہ تانُہ | लानु तानु | cursing, reproach condemnation, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उसे कटु शब्दों में कुछ कहना और फलतः उसे लज्जित करना, डांट-फटकार, निंदा। | | | censure. |
| भर्राना | अ.क्रि | आवाज का भारी या कर्कश होना। | تیزنی (آواز بیتر) | तेज़न्य (आवाज़ बेतरि) | to become hoarse or husky. |
| भलमनसाहत | स्त्री. | 1. भलामानुसपन, सज्जनता, शराफत; | شرافتھ؛ | शराफ़त; | gentlemanliness, courtesy, civility, urbanity; |
| | | 2. भद्रतापूर्ण व्यवहार। | رُت وِیوہار | रुत व्यवहार | decorum, noble behaviour. |
| भलमनसी | स्त्री. | दे० 'भलमनसाहत'। | 'भलमनसाहत' وُچھِو | वुछिव 'भलमनसाहत' | see 'भलमनसाहत' |
| भला | वि. | 1. अच्छा, नेक, साधु; | جان، رُت؛ | जान, रुत; | good, virtuous, righteous; |
| | | 2. सुंदर; | سوندر؛ | सुन्दर; | wonderful, admirable; |
| | | 3. निर्दोष। | بےقصور | बेक़ोसूर | guiltless. |
| | पु. | 1. भलाई, हित; | جانیر؛ | जान्यर; | well-being; |
| | | 2. लाभ। | فائدٕ | फ़ायद् | good, welfare. |
| भलाई | स्त्री. | 1. भलापन, अच्छाई; | جانیر؛ | जान्यर; | good, goodness, virtue, merit; |
| | | 2. उपकार, नेकी; | نیکی؛ | नीकी; | benevolence, kindness; |
| | | 3. हित, लाभ। | فائدٕ | फ़ायद् | welfare, prosperity. |
| भलाचंगा | वि. | 1. स्वस्थ, तंदुरुस्त; | اور دور، تندرُست؛ | ओ़र दो़र, तंदरुस्त; | healthy, hale and hearty; |
| | | 2. हर दृष्टि से ठीक और संतोषजनक, अच्छा-खासा। | نفیس | नफ़ीस | sound, satisfactory. |
| भलाबुरा | पुं. | 1. लाभ-हानि, हित-अहित; | جانیر تہٕ ناکارگی؛ | जान्यर तु नाकारगी; | pros and cons. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | good points and bad points (of a thing), one's own interest); |
| | | 2. खरी-खोटी बातें। | پنزٕ کتھٕ؛ | पंजु कथ; | admonition, reproach. |
| | वि. | अच्छा-बुरा। | ٹھیکھ ناکار | ठीख - नाकार् | good and bad. |
| भलामानस | पु. | नेक या शरीफ आदमी। | بٕلے مانس | बले मानस | respectable man, gentleman. |
| भवदीय (भवदीया स्त्री.) | वि. | आपका (प्राय: पत्रों के अंत में लेखक के नाम के पहले आत्मीयता और नम्रता सूचित करने के लिए प्रयुक्त)। | چون، تُہُند<br>چانۍ، تُہُندٕر | चोन, तुहुन्द<br>चान्य, तुहुन्दुय | Yours, yours sincerely. |
| भवन | पु. | 1. कोई वास्तुरचना, विशेषत: वासस्थान, घर, मकान; | گرٕ؛ | गर; | abode, residence, dwelling; |
| | | 2. प्रासाद, महल। | مندٕری | मंदूर्य | mansion, building, palace. |
| भवसागर | पु. | संसार रूपी समुद्र। | بوٕساگر | बवुसागर | the ocean of the world or existence etc |
| भवानी | स्त्री. | दुर्गा, पार्वती। | بوانی، دورگا، پاروتی | बवानी, दुरगा, पार्वती | an epithet of the wife of Siva, the goddess Parvati. |
| भवितव्य | वि. | जो भविष्य में विशेषत: निकट भविष्य में निश्चित रूप से होनेवाला हो, अवश्यंभावी, होनहार। | سپدن وول<br>لیکھت<br>باوی | सपदन वोल<br>लीखित<br>बावी | fated, destined, inevitable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **भवितव्यता** | स्त्री. | ऐसा काम या बात जो भविष्य में ईश्वरीय विधान के अनुसार अवश्य होने वाला हो, होनी, भाग्य। | شُدنی، بنُنی، بأوی، کرٛدے اِلٰہی، سٮ۪پدُوُن | शुदनी, बनुनी बोवी, करंदय इलाही, सेपुदुवुन | inevitable, necessity, fate, destiny. |
| **भविष्य** | पु. | आनेवाला समय, वर्तमान के बाद आनेवाला काल, भविष्यत् काल। | یِنٕہ وول وق | यिनु वोल वक | future. |
| **भविष्य (भविष्यत्) काल** | पु. | 1. वर्तमान काल के उपरांत आनेवाला आगामी समय; | یِنٕہ وول وَق؛ | यिनु वोल वक; | time to come, futurity; |
| | | 2. व्याकरण में क्रिया पद का वह रूप जो भविष्य में क्रिया के घटित होने की सूचना देता है। | مُستقبِل | मुसतकुबिल | (in Gram.) future tense. |
| **भविष्यनिधि** | स्त्री. | किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था में काम करनेवाले कर्मचारी को कार्य से अवकाश ग्रहण कर लेने पर दिया जानेवाला वह धन जो उसके वेतन में से नियमित रूप से कटनेवाले अंश से या उस अंश के साथ-साथ नियोक्ता द्वारा अपनी ओर से भी निधि के रूप में जमा किया जाता है, निर्वाह-निधि। | پٔراوِڈنٹ فنڈ | प्राविडंट फंड | provident fund. |
| **भव्य** | वि. | सुंदर और प्रभावशाली, शानदार। | شاندار | शानदार | grand, divine, gorgeous. |
| **भस्म** | पु. | 1. राख, चिता की राख; 2. दवा के काम के लिए किसी धातु को फूंक कर तैयार की गई राख। | سوٗر، بسٕم؛ پھیکھ | सूर, बसुम; फ्यख | ashes, cinders; medicinal powder obtained by burning the metals calx. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | जो जलकर राख हो गया हो, भस्मीभूत। | سۆرۍ گومُت | सूर्य गोमुत | reduced to ashes, completely burnt. |
| भस्मी | स्त्री. | चिता के जल जाने के पश्चात् बची राख। | سۆر (ژینْتایہ ہُند) | सूर (च्यन्तायि हुन्द) | ashes of a corpse. |
| भांजी | स्त्री. | ऐसी बात जो जान-बूझकर किसी का काम बिगाड़ने के लिए किसी दूसरे से कही जाए, बहकाने वाली बात, चुगली। | ژوغُلۍ | चोगुल्य | tale-bearing, back biting. |
| भांड | पु. | 1. महफिलों में हंसी-मजाक की नकलें आदि का पेशा करनेवाला मसखरा, विदूषक; | بانْڈ؛ | बांड; | jester, buffoon, mime; |
| | | 2. वह जिसके पेट में बात न पचती हो; | لۆت؛ | लोत; | one who cannot keep a secret, blab; |
| | | 3. बरतन, भांडा। | بانہٕ | बानु | vessel, earthen pot. |
| भांडागार | पु. | 1. वह कोठार जिसमें वस्तुएं, विशेषत: घरेलू उपयोग की वस्तुएं रखी जाती हैं, भंडार, कोठार, गोदाम; | کوٗٹھر، سٹور؛ | कूठर, सिटोर; | store-house, store-room; |
| | | 2. खजाना। | خزانہٕ | खजानु | treasury. |
| भांति | स्त्री. | तरह, प्रकार। | پاٹھۍ، طریقہٕ، قسم | पांठ्य, तरीकु, कुसुम | way, manner, mode, variety, kind, sort, class. |
| भांपना | स. क्रि. | रंग-ढंग से जान लेना, अनुमान करना, ताड़ना। | اَنْدازٕ کرُن یا لاگُن | अन्दाजु करुन या लागुन | to guess, to make out. |
| भांवर | स्त्री. | 1. परिक्रमा, फेरी; | پرٕکرٕم، گیرٕ؛ | प्रक्रम, गेरु; | going round, circum-ambulation; |
| | | 2. विवाह के समय की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा। | پھیرٕ (اَگنس) | फेरु (अंगनस) | circum-ambulation of sacrificial fire by the bride |

| हिंदी शब्द | व्या· को· | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | and bridegroom at the time of marriage. |
| भाई | पु. | 1. भ्राता; | بوے ؛ | बोय; | brother; |
| | | 2. जाति बंधु; | ذاتھ ہُند بوے ؛ | जाच़ हुँद बोय; | relative, kinsman, member of the same caste or fraternity; |
| | | 3. बराबर वाले (प्रियजन) का संबोधन। | باے | बायि | a form of address to equals and the dear ones. |
| भाईचारा | पु. | भाई का नाता या भाव, बंधुत्व। | بأے برادری | बोय बरादरी | brotherhood, fraternity. |
| भाईबंधु | पु. | कुल कुटुंब के लोग, जाति-जन, भाईबंद। | انگ آشناو | अंग आशनाव | brethren, kith and kin, relations. |
| भाग | पु. | 1. हिस्सा, अंश, खंड; | بوگ، حِصہ ؛ | बोग, हिसु; | part, portion, fraction, share; |
| | | 2. बंटवारा; | بأگرُن ؛ | बोगरुन; | distribution, partition; |
| | | 3. पार्श्व; | طرف ؛ | तरफ; | part, side; |
| | | 4. गणित की वह क्रिया जिससे कोई संख्या कई बराबर खंडों में बांटी जाती है, तकसीम; | تقسیم ؛ | तकसीम; | division; |
| | | 5. भाग्य, तकदीर। | تقدیر، لون | तकदीर, लोन | lot, fate, luck. |
| भागदौड़ | स्त्री. | दौड़धूप अथवा प्रयत्न; | کوٗشش، دَوِدَو ؛ | कूशिश, दवुदव; | running about, strenuous efforts; |
| | | 2. उतावली। | وُتاوُلی | वुतावली | haste. |
| भागना | अ. क्रि. | 1. किसी जगह से तेजी के साथ दूसरी जगह जाना, दौड़ना; | دوٗرُن ؛ | दोरुन; | to run, to run off or away, to flee; |
| | | 2. जान बचाना, पीछा छुड़ाना; | زُو بچاوُن ؛ | जुव बचावुन; | to abscond, take flight, escape; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चल देना। | ژلُن، نیرُن | चलुन, नेरुन | to go away, be gone. |
| भागफल | पु. | भाज्य को भाजक से भाग देने पर प्राप्त संख्या, लब्धि। | حاصِلِ تقسیم | हासिल तकसीम | quotient. |
| भागी | पु. | 1. किसी प्रकार का भाग पाने का अधिकारी, हिस्सेदार; | شریکھ؛ | शरीख; | sharer, partner; |
| | | 2. किए हुए कार्य के फल का पात्र या भाजन, फल पानेवाला। | حصہِ دَر | हिसुदर | accomplice. |
| भाग्य | पुं. | 1. शुभाशुभ कर्मजन्य अदृष्ट या ईश्वरीय विधान जो प्राणियों के समग्र कार्यकलाप, सुख-दुख आदि का नियमन करता है, नियति, तक्दीर, किस्मत; | باگ، قسمتھ<br>اَزلی لوٗن<br>کرمہِ لوٗن<br>ڈیکہِ لوٗن؛ | बाग्य, कुस्मथ<br>अजुल्य लोन<br>कर्मु लोन<br>ड्यकु लोन; | fortune, luck, destiny; |
| | | 2. सौभाग्य | خوش قسمتھ | खुश कुस्मथ | good fortune or luck. |
| भाग्यवश | क्रि. वि. | भाग्य या किस्मत से ही। | خوش قسمتی کِنۍ | खुश कुस्मती किन्य | through the will of fate, luckily, fortunately. |
| भाग्यवाद | पु. | भाग्य के अनुसार ही शुभाशुभ की प्राप्ति मानने का सिद्धांत। | قسمتس تھف کرنۍ | कुस्मतस थफ करुन्य | fatalism. |
| भाग्यवादी | वि.<br>पु. | भाग्यवाद संबंधी।<br>वह जो भाग्य पर भरोसा रखता हो। | باگیہ وادی | बाग्य वादी | pertaining to fate.<br>fatalist. |
| भाग्यवान (भागवान) | वि. | अच्छे भाग्यवाला, भाग्यशाली, खुशकिस्मत। | باگِوان | बागिवान | fortunate, lucky. |
| भाग्यशाली | वि. | दे. 'भाग्यवान'। | 'धांग्यवान' وُچھِو | वुछिव 'भाग्यवान' | see 'भाग्यवान'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भाग्यहीन | वि. | अभागा, बदनसीब। | بدنصیب، کرمہ ہیون | बदनसीब, कर्मु ह्यून | not favoured by fortune, unfortunate, wretched, poor. |
| भाजक | वि. | 1. भाग करनेवाला;<br>2. गणित में वह संख्या जिससे भाज्य को भाग दिया जाता है। | باگرن وول؛<br>جُز، یمہ سیتی تقسیم کرنہ یی | बाँगरन वोल;<br>जुज़, यमि सूत्य तकसीम करनु यी | dividing;<br>(in arith.) divisor. |
| भाजी | स्त्री. | तरकारी, साग आदि वस्तुएं। | سبزی | सब्ज़ी | vegetable. |
| भाट | पुं. | 1. राजाओं के यश का वर्णन करनेवाला, चारण, बंदी;<br>2. एक जाति जो अपने जजमानों का वंशचरित सुनाने, स्तुतिपरक तुकबंदी आदि करने का पेशा करती है। | باٹ، چارن؛<br>پنڈ | बाट, चारण;<br>पंड | bard, minstrel, panegyrist;<br>family bard, eulogist, flatterer. |
| भाटा | पुं. | समुद्र के पानी के नियतकालिक चढ़ाव का उतार, ज्वार का उलटा। | باٹا، مدجزر | बाटा, मदु जज़ुर | ebb-tide, low tide. |
| भाड़ | पुं. | भड़भूजे की भट्ठी जिसमें वह बालू गरम करके दाना भूनता है। | برکھجہ بارو | बरखुज्य बारु | parcher's oven. |
| भाड़ा | पुं. | 1. वह धन जो किसी चीज का कुछ समय तक उपयोग करने के बदले में दिया जाता है, किराया;<br>2. वह धन जो कोई चीज या किसी व्यक्ति को सवारी आदि पर ले जाकर कहीं पहुंचाने के बदले में दिया या लिया जाता है, किराया। | کرایہ؛<br>کرایہ | किरायि;<br>किरायि | rent;<br>hire, fare, freight |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भात | पुं. | 1. उबाला हुआ चावल;<br>2. ब्याह की एक रस्म जिसमें वर का पिता कन्या के पिता के घर जाकर कच्ची रसोई खाता है। | بتہٕ؛<br>بات (سونٛسہٕ سُنٛد کورِ والِین ہٕنٛدِ گرِ بتہٕ کھیٚون اکھ رِیتھ رسم) | बतु;<br>बात ( सोन्य सुन्द कोरि वाल्यन हंदि गरि बतु ख्योन अख रीथ रसुम) | boiled rice;<br>marriage ceremony where bridegroom's father dines with bride's father. |
| भादों | पु. | सावन के बाद पड़नेवाला महीना, भाद्रपद। | بادُر،<br>بادُر پیتھ | बादुर,<br>बादुर प्यथ | sixth month of the Indian calendar. |
| भाद्र (भाद्रपद) | पु. | दे. 'भादों' | وُچھِو 'भादों' | वुछिव 'भादों' | see 'भादों' |
| भानजा (भानजी स्त्री.) | पु. | बहिन का पुत्र, भागिनेय। | بیٚنتھُر | ब्यनथुर | nephew (sister's son). |
| भाना | अ.क्रि | रुचना, अच्छा लगता, पसंद आना, शोभित जान पड़ना। | خوشؠ یُن | खुश युन | to be agreeable, appealing or pleasing, to look good or befitting. |
| भाप | स्त्री. | 1. किसी तरल पदार्थ विशेषतः जल का वह अदृश्य वाष्पीय रूप जो उसे खौलाने पर प्राप्त होता है तथा जिसका आजकल शक्ति के प्रमुख साधन के रूप में उपयोग होता है;<br>2. भौतिक शास्त्र में ठोस या द्रव पदार्थ की वह अवस्था जो उनके बहुत तपकर वायु में विलीन होते समय अथवा कुछ विशिष्ट रासायनिक प्रक्रियाओं के द्वारा प्राप्त होती है। | باہ، بہُ؛<br>بُخاراتھ | बाहु, बहु;<br>बुखाराथ | steam;<br>vapour. |
| भाभी (भावज, भौजाई) | स्त्री. | संबंध के विचार से बड़े भाई की स्त्री। | بےٚکاکنٛز | बयकाकन्य | sister-in-law (elder brother's wife). |

| दी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| र | पु. | 1. बोझ; | بار؛ | बार; | load, burden; |
| | | 2. उत्तरदायित्व,<br>जिम्मेदारी; | ذِمہ واری؛ | जिमु वारी; | charge, trust,<br>responsibility; |
| | | 3. वजन, गुरुत्व। | وَزن | वज़ुन | weight, gravity. |
| रत | पु. | भारतवर्ष नामक देश,<br>हिन्दुस्तान। | بھارت،ہندوستان | भारत,हिन्दुस्तान | India. |
| रतीय | वि. | 1. भारत में उत्पन्न; | ہندوستانی؛ | हिन्दोस्तान्य; | Born in India; |
| | | 2. भारत संबंधी। | دیسی | दीसी | Indian. |
| | पु. | भारतवासी। | ہندوستانی | हिन्दूस्तान्य | inhabitant of<br>India, Indian. |
| रवाहक | पु. | 1. भार ढोनेवाला; | موٗزوٗر؛ | मोज़ूर; | bearer of burden,<br>porter, carrier; |
| | | 2. कार्यभार का वहन<br>करनेवाला। | ذمہ وار | जिमुवार | incharge, one who<br>takes the<br>responsibility. |
| री | वि. | 1. अधिक भारवाला, वजनी; | بارٕی،وزنی؛ | बॉरी, वज़ुनी; | heavy, weighty,<br>massive, unwieldy; |
| | | 2. बहुत अधिक; | زیادٕ؛ | ज्याद; | great, grand; |
| | | 3. कठिन, कष्टकर; | کرٛوٗٹھ؛ | क्रूठ; | difficult, hard,<br>laborious; |
| | | 4. बहुत बड़ा, बृहत्; | بوٚڈ؛ | बोड; | large, big, bulky; |
| | | 5. प्रकांड; | سوٚن؛ | सोन; | great, deep; |
| | | 6. देर में पचने वाला,<br>गरिष्ठ; | گوٚب؛ | गोब; | difficult to digest,<br>heavy; |
| | | 7. दुःखी, उदास<br>(मन आदि)। | دِل ملوٗل، یِتھے<br>ہیوٗہ | दिल मलूल, यिथय<br>स्यूह | dejected (in mind<br>or spirits), languid. |
| री-भरकम | वि. | 1. बड़े डीलडौल का; | مازٕ وٚتھرن،<br>باڈٕو بوٚڈ؛ | माज़ व्यथुरन,<br>बाडुव बोड; | of massive<br>structure, strongly<br>built; |
| | | 2. बहुत बड़ा और वजनी; | سیٹھاہ بوٚڈ؛ | स्यठाह बोड; | large sized, heavy; |
| | | 3. गम्भीर। | بُڈ | बुड | grave, serious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भार्या | स्त्री. | पत्नी। | بارِیا، خانٕہ | बार्या, खानु | wife, spouse. |
| भाला | पु. | एक प्रसिद्ध अस्त्र जिसमें बड़े और मोटे डंडे के सिरे पर नुकीला बड़ा फल लगा रहता है, बरछा, नेजा। | دارینتر<br>نیزٕ | दरिन्य<br>नेजु | large spear, lance |
| भालू | पु. | काले या भूरे बालों वाला एक हिंसक तथा स्तनपायी चौपाया जिसे पकड़कर मदारी लोग नचाते हैं, रीछ। | ہاپُتھ | हापुथ | bear. |
| भाव | पु. | 1. मनोविकार; | منوٕ وِکار؛ | मनुव्यकार; | disposition, temperament; |
| | | 2. भावना, विचार; | وِچار؛ | व्यचार; | emotion, sentiment; |
| | | 3. आशय, तात्पर्य, अर्थ; | مانے؛ | माने; | purpose, signification, meaning; |
| | | 4. भावसूचक अंगचेष्टा, भंगी; | ہاو - باو؛ | हाव-बाव; | gesture, gesticulation; |
| | | 5. भक्ति, विश्वास, श्रद्धा; | شرٛدا؛ | श्रदा; | faith, loyalty, devotion; |
| | | 6. दर, निर्ख; | باو؛ | बाव; | rate, quotation; |
| | | 7. अस्तित्व, सत्ता, अभाव का विपर्याय। | آسنُک باس، ستھ | आसनुक बास, सथ | being, existence, state or condition of being. |
| भावताव | पु. | किसी चीज का भाव आदि, निर्ख। | باو/مول کرُن | बाव/मुल करुन | rate, quotation. |
| भावना | स्त्री. | 1. चिंतन, ध्यान; | دٛیان، مُراقبہٕ؛ | द्यान, मुराकबु; | meditation, contemplation; |
| | | 2. कल्पना, विचार, ख्याल; | خیال؛ | खयाल; | conception, imagination, fancy feeling, emotion, sentiment; |
| | | 3. चाह, कामना, इच्छा; | خاہِش؛ | खाहिश ; | wish, desire, craving, longing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. वैद्यक मे चूर्ण आदि के रस, क्वाथ आदि के साथ बार-बार तर करके घोटना। | پونی یا دواہ ملِوتھ گُہُن | पोन्य या दवाह मिलुविथ गुहुन | saturating a dry powder with fluid. |
| वनात्मक | वि. | भावना से संबंधित, भावनायुक्त। | جذباتی، سنکی | जज़्बात्य, सनुकी | emotional, sentimental. |
| वपक्ष | पु. | किसी साहित्यिक रचना में जो कुछ कहा जाता है वह उसका भावपक्ष कहलाता है और इसके विपरीत उसे जिस रूप में प्रस्तुत किया जाता है उसे उसका कलापक्ष कहते हैं। | لُبہ لُباب | लुबि लुबाब | content, thought content (in literature). |
| वभंगी | स्त्री. | मन का भाव प्रकट करने वाली शारीरिक क्रिया। | انگن ہند اِشارہ، ہاو باو، پوز | अंगन हुंद इशार, हाव बाव, पोज़ | gesture, gesticulation. |
| ववाचक | वि. | (व्याकरण में) संज्ञा का भाव, धर्म, गुण आदि बतानेवाला शब्द। | اِسم (ہیندی گریمرس اندر اکہ قسمک اسم) | इसुम ( ह्यन्दी ग्रेमुरस अंदर अकि कुसुक इसुम) | (gram.) abstract noun. |
| ववाच्य | पु. | (व्याकरण में) वह तत्व जो अकर्मक पद की उस स्थिति का सूचक होता है जब वह कर्ता का व्यापार सूचित न करके क्रिया के व्यापार का ही बोध कराता है। | بھاو واچیہ (ہیندی گریمرس منز) | भाव वाच्य ( ह्यन्दी ग्रेमरस मंज) | (Gram.) neutral voice, denoting the abstract notion of verb. |
| भावात्मक | वि. | 1. जिसमें किसी प्रकार का मानसिक भाव भी मिला हो, भावसंबंधी; | جذباتھ؛ | जज़्बात्य; | emotional, sentimental; |
| | | 2. भावों से परिपूर्ण। | جذباتی؛ | जज़्बाती; | full of emotions or feelings. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भावार्थ | पु. | 1. ऐसा विवरण या विवेचन जिसमें मूल का केवल भाव या आशय आ जाए, अक्षरशः अनुवाद न हो; | تبصرٕ ؛ | तबसरु; | broad explanatio exposition; |
| | | 2. अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, मतलब। | مطلب | मतलब | simple or inhere meaning, obviou purport, sense. |
| भावी | वि | भविष्य में घटित होनेवाला। | بادی،لیکھت | बावी, लीखित | what must take place or is destin to happen, predestined. |
| | स्त्री. | भाग्य के विधान के अनुसार अवश्य होनेवाली बात, होनी। | ناگزیر ؛ اٹل | नागुज़ीर; अटल | inevitable. |
| भावुक | वि. | 1. जो शीघ्र ही भावों विशेषतः कोमल, करुण भावों के अधीन हो जाए, कोमलचित्त; | جذباتی ؛ | जज़्बाती; | emotional, sentimental, impulsive, passionate; |
| | | 2. सहृदय, रसज्ञ। | شاعرانہ مزاج | शायरानु मिज़ाज | having a poetic taste, appreciativ |
| भावुकता | स्त्री. | 1. भावुक होने का भाव, भावप्रवणता; | جذباتی خیال ؛ | जज़्बाती खयात; | sentimentality, impulsiveness, passion; |
| | | 2. विभिन्न प्रकार के भावों में तल्लीन होने की शक्ति या योग्यता, सहृदयता। | صاحبِ ذوق آسُن | साहिबि ज़ोक आसुन | quality to appreciate and enjoy poetry. |
| भाषण | पु. | 1. वक्तृता, व्याख्यान; | دیاکھیان، تقریر ؛ | व्याख्यान, तकरीर; | speech, lecture, address; |
| | | 2. कथन, बोलना; | وَنُن ؛ | वनुन; | speaking, talking, saying; |
| | | 3. वार्तालाप। | کتھ باتھ، بحث | कथ बाथ, बहस | conversation. |
| भाषांतर | पु. | अनुवाद, उलथा, तर्जुमा। | ترجمہ | तरजमु | translation, interpretation. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भाषांतरकार | पुं. | अनुवादक। | ترجمکار | तरजमुकार | translator, interpreter. |
| भाषा | स्त्री. | 1. बोलकर या लिखकर या ध्वनि-संकेतों में भावों को प्रकट करने का साधन; | زبان؛ | ज़बान; | language, tongue, speech; |
| | | 2. किसी देश या जनसमाज में प्रचलित शब्दावली और उसे बरतने का ढंग, बोली; | بولی؛ | बूल्य; | the vernacular of any country, dialect; |
| | | 3. व्यक्ति विशेष के लिखने-बोलने का ढंग; | ونینک طریقہ؛ | वनुनुक तरीक़; | style or way of speech; |
| | | 4. आधुनिक हिन्दी का पुराना नाम। | بھاشا (ہندی زبانی ہند پرون ناو) | भाषा (ह्यन्दी ज़बान्य हुन्द प्रोन नाव) | old name of the Hindi language. |
| भाषाविज्ञान | पुं. | वह विज्ञान जिसमें भाषा की उत्पत्ति, विकास, उसके शब्द तथा उन शब्दों के अर्थों, ध्वनियों आदि का वैज्ञानिक ढंग से प्रतिपादन तथा विवेचन किया जाता है। | لسانیات | लिसान्ययात | philology, linguistics. |
| भाषाविद् | पुं. | भाषा या भाषाओं का अच्छा ज्ञाता। | زباندان | ज़बानदान | linguist, philologist. |
| भाषी | वि. | (समास के अंत में प्रयुक्त) बोलनेवाला। | بولن وول | बोलन वोल | (at the end of comp.) speaking, talking. |
| भाष्य | पुं. | 1. सूत्र या मूलग्रंथ की व्याख्या, विवृति; | باشیہ، شرح، باو ویژھنے | ब़ाश्य, शारह, बाव व्यछ़नय, | exposition or commentary, especially of Sutras; |
| | | 2. किसी गूढ़ बात या वाक्य की विस्तृत व्याख्या। | ویژھنے | व्यछ़नय | explanatory work, exposition, commentary. |
| भाष्यकार | पुं. | भाष्य लिखनेवाला। | ویژھنے وکھنے کرن وول | व्यछ़नय वखनय करन वोल | commentator, scholiast. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भिंडी | स्त्री. | एक प्रकार का पौधा और उसकी फली जिसकी तरकारी बनती है, रामतरोई। | بِنڈی، بیکھیا | बिंडी, बेख्या | lady's finger. |
| भिक्षा | स्त्री. | 1. असहाय अवस्था में उदरपूर्ति के लिए लोगों से अन्नादि मांगने का काम या वृत्ति; | بیچھن؛ | बेछुन; | begging, asking alms; |
| | | 2. इस प्रकार मांगने में मिली हुई वस्तु, भीख। | بیکھیا، خاراتھ، مۄچھ پھۄل | बेख्या, खाराथ, मुछि फोल | that which is obtained by begging, alms, begged food, charity. |
| भिक्षाटन | पुं. | भिक्षा प्राप्ति के लिए फिरना। | مانگے | मांगय | wandering about begging for alms. |
| भिक्षु | पुं. | 1. भीख मांगने वाला, भिखमंगा; | بیچھ، بیچھن وول؛ | बेछि, बेछन वोल; | one who subsists on alms, beggar, mendicant; |
| | | 2. संन्यासी, विशेषत: बौद्ध संन्यासी। | بِکھشو، فقیر | बिख्शु, फकीर | religious mendicant, esp. Buddhist. |
| भिक्षुक | पुं. | भीख मांगने वाला, भिखारी। | بیچھوٗن | बेछिवुन | beggar, mendicant. |
| भिखमंगा | पुं. | 1. भीख मांगने वाला; | بیچھوٗن؛ | बेछिवुन; | beggar, |
| | | 2. ऐसा अभावग्रस्त व्यक्ति जो अपने अभाव की पूर्ति दूसरों से चीजें मांगकर करता हो। | بیچھ | बेछि | pauper. |
| भिखारी (स्त्री. भिखारिन) | पुं. | 1. भीख मांगने वाला, भिक्षुक; | بیچھوٗن؛ | बेछिवुन; | beggar, mendicant; |
| | | 2. कंगाल, अकिंचन। | کنگال | कंगाल | pauper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भिगोना | स.क्रि | पानी आदि से तर करना। | اُدراوُن | अंदरावुन | to wet, to drench. |
| भिजवाना | स.क्रि. | भेजने का काम किसी से कराना। | سۆزناوُن | सोज़नावुन | to cause to send, to cause to be sent. |
| भिड़ंत | स्त्री. | 1. भिड़ने की क्रिया या भाव; | ہَر؛ | हर; | clash, skirmish; |
| | | 2. मुठभेड़। | تصادم، ٹھول ٹھول | तसादुम, ठुल ठेल | confrontation, encounter. |
| भिड़ | स्त्री. | बर्र, ततैया। | پانکھ | पांख | wasp. |
| भिड़ना | अ. | 1. टकराना; | ٹکرُن؛ | टकरुन; | come into collision, to collide, to clash; |
| | | 2. लड़ना; | لڑُن؛ | लड़ुन; | to join battle, to contend, to fight; |
| | | 3. सटना (किवाड़ आदि); | دیُن | ड्युन | come together, close (as shutter etc.); |
| | | 4. दृढ़तापूर्वक सवाल-जवाब करना। | ٹھور ٹھیکرِتھ واد-واد کرُن | खुर ठीकरिथ वाद-वाद करुन | to be locked in a wordy duel. |
| भिड़ाना | स क्रि. | 1. किसी को भिड़ने में प्रवृत्त करना; | ٹُج دِنۍ؛ | टुज दिन्य; | tocause to touch or be joined; |
| | | 2. सटाना; | دیُن؛ | ड्युन; | to close (a door etc.); |
| | | 3. लड़ाना। | لڑاوُنۍ، ٹھول ٹھول کرناوُنۍ | लड़ावुन्य, ठुल ठेल करनावुन्य | to bring into collision, cause to fight. |
| भित्तिचित्र | पु. | दीवार पर बना हुआ चित्र, विशेषतः ऐसा चित्र जो दीवार बनाने के समय गीले पलस्तर से बनाया जाता है। | نقش، دیوار نقاشی لب مُرَچ | नकुश, देवारनकाशी लब मुरचु | mural painting, fresco. |
| भिनकना | अ. क्रि. | 1. मक्खियों का भिनभिन शब्द करना, भिनभिनाना; | گانگرای، بُنبرای؛ | गांगराय, ब्रंबराय; | to buzz (as a fly), hum (as a bee, etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी गंदी चीज पर मक्खियों के झुंड का बैठना। | مچھہ ورشُن | मछि वरशुन | to be covered with flies, to swarm. |
| भिनभिनाना | अ: क्रि. | भिन भिन शब्द होना या करना। | گانگرایہ کرنۍ | गांगराय करन्य | to buzz, hum, to have a ringing sound (in the ear). to murmur. |
| भिन्न | वि. | 1. अलग, जुदा;<br>2. अलग किया हुआ;<br>3. विभक्त, विभाजित, खंडित;<br>4. दूसरा, दूसरे प्रकार का, कोई और। | الگ، بیوٚن؛<br>جُدا کوٚرمُت؛<br>پھُٹمُت؛<br>بیٚیہ، بدلہٕ<br>قِسمُک | अलग, ब्योन;<br>जुदा कोरमुत;<br>फुटमुत;<br>ब्यि, बदलु<br>कुसुक | separate, apart;<br>separated;<br>broken, split, divided;<br>other, different, diverse. |
| | पु. | गणित में किसी दूसरी इकाई का छोटा अंश या टुकड़ा। | جُز، کسر | जुज, कसर | (in Arith) fraction. |
| भिन्नता | स्त्री. | भिन्न होने की अवस्था या भाव, अलगाव, पार्थक्य, भेद, अंतर। | بیٚنیر | बेन्यर | dissimilarity, distinction, difference. |
| भिश्ती | पु. | मशक द्वारा पानी ढोने वाला। | مشکی | मशुक्य | one who carries water in a large leather water bag. |
| भींचना | स. क्रि. | 1. जोर से खींचकर दबाना;<br>2. जोर से दबाना। | ژیٛل دیُن؛<br>دباوُن | च्यल द्युन;<br>दबावुन | to squeeze;<br>to press hard. |
| भी | अव्य. | एक अव्यय जिसका प्रयोग नीचे लिखे अर्थ व्यक्त करने के लिए होता है, निश्चित रूप से किसी अथवा औरों के अतिरिक्त, साथ या सिवा; | تہٕ؛ | ति; | also, too, even; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. तक, पर्यन्त; | توتہٕ، تانۍ؛ | तोति, तान्य; | yet, still; |
| | | 3. अधिक, ज्यादा। | بیٚیہِ تہٕ | ब्ययि ति | moreover, furthermore. |
| भीख | स्त्री. | 1. किसी दरिद्र का उदरपूर्ति के लिए कुछ मांगना, भिक्षा; | بیٚچھُن؛ | बेछुन; | begging, mendicity; |
| | | 2. उक्त प्रकार से मांगने पर मिलनेवाला अन्न आदि। | مانٛگے، بیٚچھِ پھٕول | मांगय, बेछि फ़ोल | that which is obtained by begging, charity, alms. |
| भीगना | अ. क्रि. | पानी आदि तरल पदार्थों के संयोग से तर होना, गीला होना। | اَدرُن، کُچھوٕنۍ یُن | अंदुरुन, कुचुवनु युन | to be wet or drenched. |
| भीड़ | स्त्री. | 1. आदमियों का जमाव, जनसमूह; | بیٖر؛ | बीरु; | multitude, crowd, throng; |
| | | 2. अधिकता; | زیادتی؛ | ज़्यादुती; | excess; |
| | | 3. संकट। | مُصیبتھ، وکھیٖپ | मुसीबथ, व्यखीप | calamity, crisis. |
| भीड़-भड़क्का | पुं. | 1. भीड़, जनसमूह; | بیٖر؛ | बीरु; | crowd, multitude, rush; |
| | | 2. धक्कमधक्का। | ژلہٕ ژل | च्यलु च्यल | jostling, whoving and pushing. |
| भीड़भाड़ | स्त्री. | दे. 'भीड़-भड़क्का'। | 'भीड़भड़क्का' وُچھِو | वुछिव 'भीडमडक्का' | see 'भीड़-भड़क्का'. |
| भीत | वि. | डरा हुआ, भयग्रस्त। | کھوٗژمُت، ترٛہرٛیوٚمُت | खूचमुत, त्रहर्योमुत | frightened, terrified, alarmed. |
| | स्त्री. | दीवार। | لَب | लब | wall. |
| भीतर | क्रि. वि. | 1. अंदर, घर के अन्दर; | اَنٛدر؛ | अन्दर; | in, inside, within; |
| | | 2. मन में। | دِلس مَنٛز | दिलस मंज़ | in one's own mind or heart. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भीतरी | वि. | 1. भीतर का, अंदरवाला, अंदरूनी; | اَندریُم؛ | अंदर्युम; | interior, internal, inner, inward; |
| | | 2. गुप्त, अप्रकट। | گُپتھ | गुपिथ | hidden, secret. |
| भीति | स्त्री. | डर, भय। | بےٚ، خوف | बय, खोफ | fear, apprehension, dread, terror. |
| भीना (स्त्री. भीनी) | वि. | बहुत ही मन्द, सूक्ष्म या हल्का। | لوٚت | लोत | light, pleasant (colour or smell). |
| भीरु | वि. | 1. कायर, डरपोक; 2. (से) डरनेवाला। | کھوچُر بُڈ؛ ڈرپوک، کھوچُوُن | खोचु बुड; डरपोक, खोचुवुन | timid, cowardly; fearful or fearing (as धर्मभीरु God-fearing). |
| भीरुता | स्त्री. | 1. कायरता, बुजदिली; | بُزدِلی؛ | बुजदिली; | timidity, cowardice; |
| | | 2. डर, भय। | خوف، بیٖو | खोफ, बयु | fear, terror. |
| भीषण | वि. | 1. भयानक, डरावना; | بیانکھ؛ | बयानख; | dreadful, horrible, frightening; |
| | | 2. दुष्परिणाम के रूप में होनेवाला, विकट, बहुत ही बुरा। | وِیوکھُت | व्योखुत | gruesome, terrible. |
| भुक्खड़ | वि. | 1. जिसे तेज भूख लगी हो, भूखा; | بُچھہِ ہوٚت؛ | बुछि होत; | starving, hungry; |
| | | 2. जिसकी भूख मिटती न हो, जो प्राय: कुछ न कुछ खाता रहता हो या खाना चाहता हो, पेटू; | یڑٕل؛ | यडल; | voracious, gluttonous; |
| | | 3. कंगाल। | کنٛگال | कंगाल | pauper, poor. |
| भुक्तभोगी | वि. | जो किसी चीज का दुखसुख, विशेषत: दुख उठा चुका हो। | چُکدٕ چالٕمُت، چالٕ مُتۍ چُکدٕ | चुकद्य चाल्यमुत्य, चाल्य मुत्य चुकद्य | one who has suffered or enjoyed (some experience), experienced. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| भुखमरा | वि. | 1. जो भूखों मरता हो, भूखा; | فاقہٕ ہوٗت؛ | फाकु होत; | starving, hungry; |
| | | 2. जो खाने-पीने के लिए मरा जाता हो। | کھیتہٕ داد، پیومُت، یڈٕل | ख्यनुदादि प्योमुत, यंड़ुल | voracious, gluttonous. |
| भुखमरी | स्त्री. | भूखों, विशेषतः अन्नाभाव के कारण मरने की अवस्था या भाव। | بُچھِ بُچھِ مرُن، دٕراگ | बुछि बुछि मरुन, द्राग | starvation, hunger, famine. |
| भुगतना | स. क्रि. | 1. भोगना, सहना; | ژالُن؛ | चालुन; | to suffer, to undergo, to bear, to endure; |
| | | 2. कार्य, व्यय आदि का भार अपने ऊपर लेना। | پیٚترُن | प्यतुरुन | pay the penalty of, to suffer consequences of. |
| भुगतान | पु. | 1. मूल्य आदि चुकाने की क्रिया या भाव, अदायगी | چُکاوُن؛ | चुकावुन; | payment; |
| | | 2. निबटारा। | مُکلاوُن | मुकलावुन | settlement, disposal. |
| भुगताना | स. क्रि. | 1. कोई काम पूरा करना; | سپداوُن؛ | सपुदावुन; | to do, perform, to execute, to discharge; |
| | | 2. देय आदि चुकाना, भुगतान करना, अदा करना। | چُکاوُن | चुकावुन | to settle, to adjust, to pay off. |
| भुजा | स्त्री. | 1. बांह, बाहु; | نُر؛ | नर; | arm; |
| | | 2. हाथ; | اتھ؛ | अथु; | hand; |
| | | 3. रेखागणित में किसी क्षेत्र की सीमारेखा। | رٕکھ، حد | रुख, हद | the side of any geometrical figure |
| भुजाली | स्त्री. | एक प्रकार की बड़ी, टेढ़ी छुरी। | شْراکھ | श्राख | kind of a big knife. |
| भुजिया | स्त्री. | 1. उबाले हुए धान का चावल; | چِرِوِ؛ | चिरिवि; | parched rice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| मजदूरी (मजूरी) | स्त्री. | 1. मजदूर का काम; | موزوٗری؛ | मोज़ूर्य; | bodily labour, work; |
| | | 2. भाड़े या वेतन के रूप में मजदूर को दिया जानेवाला धन। | موزوٗری | मोज़ूर्य | wages, remuneration. |
| मजनूं | पु. | 1. पागलों की तरह आचरण करनेवाला प्रेमी, आशिक; | عاشکھ؛ | आशख; | love-lorn, mad in love; |
| | | 2. पागल, विक्षिप्त, दीवाना व्यक्ति; | پھلواٗے؛ | फलुवाय; | demoniac, maniac, a fanatic; |
| | | 3. बहुत दुबला-पतला; | کمزور، ژوہاکھ؛ | कमज़ोर, ज़ुहाक; | a very thin and weak person; |
| | | 4. अरब देश का एक प्रसिद्ध प्रेमी जिसका वास्तविक नाम कैस था और जो लैला के प्रेम में पागल हो गया था। | مجنوٗنہ | मंजनून | a famous lover of Arabia who was mad after Laila. |
| मजबूत | वि. | 1. दृढ़, पुख्ता, पक्का; | دۆر؛ | दोर; | firm, fixed, fast; |
| | | 2. टिकाऊ; | پوشِوُن؛ | पोशिवुन; | durable, lasting; |
| | | 3. हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा, शक्तिशाली। | وُسوار | वुसवार | strong, sturdy. |
| मजबूती | स्त्री. | 1. दृढ़ता, पक्कापन; | دَریر؛ | दर्यर; | firmness, solidity; |
| | | 2. ताकत, सबलता, साहस; | طاقتھ؛ | ताकथ; | strength; |
| | | 3. टिकाऊपन। | روزُن یا درُن<br>وۆل آسُن | रोज़ुन या दरन<br>वोल आसुन | durability. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मजबूर** | वि. | बाध्य, विवश, लाचार। | لاچار | लाचार | compelled, helpless. |
| **मजबूरन** | क्रि. वि. | मजबूर होने या किए जाने पर, विवशतापूर्वक, लाचारी से। | جَبرن | जबरन | compulsorily, having no alternative, under pressure. |
| **मजबूरी** | स्त्री. | विवशता, लाचारी। | لاچاری | लाचारी | compulsion, helplessness. |
| **मजमा** | पु. | भीड़भाड़, जमाव, (तमाशबीनों का) समूह। | مجمع | मजमु | crowd, gathering, assembly. |
| **मजमून** | पु. | 1. लेख, कथन या विचार आदि का विषय; | موضوع؛ | मोज़ु; | subject, topic; |
| | | 2. लेख, निबंध। | مضمون | मज़मून | article, essay. |
| **मजलिस** | स्त्री. | 1. किसी विशेष उद्देश्य से एक साथ बैठे हुए बहुत से लोगों का समाज; | مجلِس؛ | मंजलिस; | assembly, congregation, meeting; |
| | | 2. परिषद्, सम्मेलन। | کنوینشن | कन्वेंशन | convention, congress, council, conference. |
| **मजहब** | पु. | 1. धार्मिक संप्रदाय, पंथ, मत; | اعتِقاد؛ | एतिकाद; | belief, creed; |
| | | 2. धर्म। | مذہب | मज़हब | religion. |
| **मजहबी** | वि. | 1. मजहब या संप्रदाय-विशेष से संबंधित; | مذہبی؛ | मज़हबी; | of or relating to a religion or sect |
| | | 2. धार्मिक। | مَذہَبُک | मज़हबुक | religious. |
| **मजा** | पु. | 1. सुख, आनंद, लुत्फ; | مَزٕ؛ | मंज़ु; | joy, delight, pleasure; |
| | | 2. स्वाद, रस, जायका; | ساد؛ | साद; | taste, savour, relish; |
| | | 3. हंसी-ठट्ठा, परिहास; | مخولہٕ | मंखोलु | jest, joke; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सजा, कर्मफल (ला०)। | سزا(ورگ) | सज़ा ( वर्ग) | (fig.) result of one's own deeds, punishment. |
| जाक | पु. | परिहास, हंसी, दिल्लगी। | مذاکھ | मज़ाख | joke, jest, fun. |
| जाकिया | वि. | 1. मजाक या परिहास से सबंध रखनेवाला; | مخولہ؛ | मंखोल; | humorous, witty; |
| | | 2. जो बहुत अधिक या प्रायः मजाक करता रहता हो, ठिठोलिया। | مخولی | मंखूली | wag, jester, witty or humorous man. |
| जार | पु. | विशेषतः किसी पीर, फकीर या महापुरुष की कब्र। | مزار | मंज़ार | tomb, grave. |
| जाल | स्त्री. | 1. शक्ति, सामर्थ्य; | طاقتھ؛ | ताकथ; | strength, power; |
| | | 2. दुस्साहस, घृष्टता। | مجال، برُ ورتاو، جُرتھ | मजाल, बुरु वरताव, जुरथ | cheek, audacity. |
| जीठ | स्त्री. | एक लता जिसके छोटे गोल फलों से लाल रंग तैयार किया जाता है। | مزیٹھ، (اکھ راٹھ یمیک پوش تہ مول وُزُل رنگ بناونس) | मजीठ, ( अख रांठ यमिक्य पोश तु मूल वुज़ुल रंग बनावनस | the drug Rubia manjith, the root of which yields a dye. |
| | | | چھِ لگان | छि लगान | dye. |
| जीरा | पु. | दे. 'मंजीरा'। | وُچھو/'मंजीरा' | वुछिव 'मंजीरा' | see 'मंजीरा'. |
| जेदार | वि. | 1. स्वादिष्ट; | مزدار، سادُل؛ | मज़ुदार, सादुल; | tasty, savouring, delicious; |
| | | 2. आनंददायक, सुखद। | نفیس، خوشوُن | नफीस, खुशवुन | njoyable, pleasant. |
| ज्जा | स्त्री. | 1. नली की हड्डी के भीतर का गूदा जो कोमल और चिकना होता है; | وَس؛ | वंस; | the marrow of the bones and flesh; |
| | | 2. पेड़-पौधों का सारभाग। | گوجی | गूज्य | the pith of plants. |
| टक | स्त्री. | मटकने की क्रिया, ढंग, मुद्रा या भाव, नखरे का भाव। | گراے، یل، یٹھ | ग्राय, यल, यठ | strut, coquetry, mincing gait. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मटकना | अ.क्रि. | चलते या बातें करते समय हाथ, आंख, भौं आदि को नाज-नखरे की अदा से हिलाना, इठलाना। | گرٛاے مارانٕ پٔکُن | ग्रायि मारान पंकुन | to show off by gestures, to strut, to swagger. |
| मटका (मटकी-स्त्री.) | पु. | मिट्टी का बड़े मुंह का घड़ा, माट। | مٹھ | मंठ | large earthen jar or pot, pitcher. |
| मटमैला | वि. | मिट्टी के रंग का, खाकी। | خاکی، گرُوٹ | खांक्य, गुरुट | dusty, dust coloured. |
| मटर | पु. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी फलियों में गोल दाने रहते हैं, उक्त पौधे की फली या दाल। | مٹر | मटर | pea. |
| मटरगश्ती | स्त्री. | 1. धीरे-धीरे घूमना, टहलना;<br>2. निश्चिंत होकर प्रसन्नतापूर्वक व्यर्थ इधर-उधर घूमना, आवारा फिरना। | چکرٕ ہنا کرُنۍ،<br>پھیرنہِ ہنا؛<br>ورفتاری | चकरुहना करुन्य,<br>फेरनुहना;<br>वरफतारी | stroll, promenade, rambling;<br>vagrancy, vagabondage. |
| मटियाना | स.क्रि. | 1. किसी चीज पर मिट्टी लगाना, मिट्टी से युक्त करना;<br>2. (बरतन, हाथ आदि) मिट्टी मलकर धोना। | بور کرُن؛<br>مانٛجُن، چھلُن | बोर करुन;<br>मांजुन, छलुन | to plaster or smear with mud;<br>to rub or scrub with earth or mud. |
| मटियामेट (मलियामेट) | वि. | मिट्टी में मिला हुआ, नष्ट। | ملیامیٹ | मिलियामेट | destroyed, ruined, razed. |
| मटियाला | वि. | मटमैला। | میٚژِ رنٛگہٕ | मेचि रंगु | dusty, dust-coloured. |
| मटीला | वि. | दे. 'मटमैला'। | 'मटमैला' وُچھِو | वुछिव 'मटमैला' | see 'मटमैला'. |
| मट्टी | स्त्री. | देखिए 'मिट्टी'। | 'मिट्टी' وُچھِو | वुछिव 'मिट्टी' | see 'मिट्टी'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मट्ठा (मठा) | पु. | पानी मिलाकर मथा हुआ दही जिसमें से मक्खन निकाल लिया गया हो, तक्र, छाछ। | گۆرُس | गुरुस | butter-milk. |
| मठ | पु. | 1. साधु-संन्यासियों के रहने का स्थान या मकान;<br>2. देवालय, मंदिर। | مٔٹھ ؛<br>مٔنٛدر | मठ;<br>मंदर | monastery.<br>temple, pagoda. |
| मठरी (मट्ठी) | स्त्री. | मैदे की बनी एक तरह की नमकीन टिकिया। | مٔٹھۍ | मंठ्य | small fried saltish cake. |
| मठाधीश | पु. | मठ में रहनेवाले साधुओं का प्रधान, महंत। | مہنٛت | महंत | head of a monastery, abbot. |
| मड़ैया | स्त्री. | मड़ई, झोंपड़ी। | جۆنٛپُھر | जूंफुर | small hut, hovel. |
| मढ़ना | स.क्रि. | 1. कोई चीज किसी दूसरी चीज पर चिपकाना, जड़ना, लगाना या सटाना;<br>2. थोपना (काम);<br>3. आरोपित करना (दोष)। | مرُن ؛<br>مٔٹۍ کھارُن ؛<br>ہانٛژ لاگنۍ | मरुन;<br>मटि खारुन;<br>हांछ़ लागुन्य | to gild, to frame, to mount;<br>to impose, to saddle (with work etc.);<br>to impute. |
| मढ़वाना | स.क्रि. | मढ़ने का काम दूसरे से कराना। | مرناوُن | मरनावुन | to cause to be mounted, framed or gilded. |
| मढ़ाई | स्त्री. | मढ़ने का काम या मढ़ने की मजदूरी। | مرٕوٕنۍ | मरवुन्य | the act of or wages paid for mounting. |
| मणि | स्त्री. | 1. बहुमूल्य और कांतियुक्त पत्थर, रत्न, जवाहर;<br>2. किसी वर्ग का कोई सर्वश्रेष्ठ पदार्थ या व्यक्ति;<br>3. कलाई, मणिबंध। | لال ، جواہر ؛<br>اوٕل درجُک ؛<br>ہۆژ | लाल, जवाहिर;<br>अवल दर्ज़क;<br>ह्रोच | precious stone, gem, jewel;<br>anything best of its kind;<br>the wrist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मत** | पुं. | 1. चुनाव में या प्रस्ताव के पक्ष-विपक्ष में निर्धारित विधि से प्रकट की गई राय या दिया गया समर्थन; | ووٹ | वोट | vote; |
| | | 2. राय, सम्मति; | راے؛ | राय; | opinion, judgement, belief; |
| | | 3. विचार; | خیال؛ | खयाल; | thought, idea; |
| | | 4. सिद्धांत; | اوصوٗل؛ | ओ़सूल; | doctrine, tenet; |
| | | 5. संप्रदाय, पंथ। | فِرقہ | फिरकु | sect, faith, creed. |
| | अव्य. | न, नहीं। | نہ، مہ | नं,मं | don't. |
| **मतगणना** | स्त्री. | 1. मतों की गणना; | ووٹ گنزرنۍ؛ | वोट गंज़ुरुन्य; | counting of votes; |
| | | 2. मतपत्रों की गणना। | ووٹ پرچہِ گنزرنۍ | वोट़ परचि गंज़रन्य | counting of ballot papers. |
| **मतदाता** | पुं. | जिसे मत देने का अधिकार हो, मत देनेवाला। | ووٹر | वोटर | voter. |
| **मतदान** | पुं. | चुनाव में या किसी प्रस्ताव आदि के पक्ष-विपक्ष में अपना मत देने की क्रिया। | ووٹنگ، ووٹ دِنۍ | वोटिंग, वोट दिन्य | poll, polling, voting, casting of votes. |
| **मतदान-केंद्र** | पुं. | वह स्थान जहां निर्वाचन के समय मतदाता आकर अपना मत देते हैं। | ووٹ ترٛاونچ جاے | वोट त्रावुनुच जाय | polling station, polling booth. |
| **मतपत्र** | पुं. | वह परची या पत्र जिस पर किसी विशेष उम्मीदवार या पक्ष के समर्थन में चिह्न आदि बनाकर उसे मतदान-केन्द्र में डाला जाता है। | ووٹ پرچہِ | वोट़ परचि | ballot, ballot paper. |
| **मतभेद** | पुं. | मत की भिन्नता, राय या विचार का न मिलना। | مُتضاد راے | मुतज़ाद राय | difference of opinion, dissension, disagreement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मतलब | पुं. | 1. आशय, अभिप्राय; | مَطلب؛ | मतलब; | aim, purpose, motive; |
| | | 2. अर्थ, माने; | مانے؛ | माने; | meaning; |
| | | 3. स्वार्थ; | خودغرضی؛ | खुद गरज़ी; | self-interest; |
| | | 4. संबंध, वास्ता। | واٹھ، تولُکھ | वाठ, तोलुख | concern. |
| मतलबी | वि. | स्वार्थपरायण, स्वार्थी। | مطلَب | मतलब | selfish, self-seeking, self-concerned. |
| मतलाना (मिचलाना) | अ. क्रि. | मिचली या उलटी आना। | مَن گہلُن، آولُن پھیرُن | मन गहलुन, आवलुन फेरुन | to nauseate, to feel like vomitting. |
| मतली | स्त्री. | दे. 'मिचली'। | 'मिचली' وُچھو | वुछिव 'मिचली' | nausea, inclination to vomit. |
| मतवाला | वि. | 1. नशे आदि के कारण मस्त, नशे में चूर; | چیتھ، مَدمست؛ | च्यथ, मदुमस्त; | intoxicated, drunk; |
| | | 2. (बल आदि के) गर्व से इतराता हुआ; | دگہ دگہ (آسُن)؛ | दगु दगु ( आसुन) ; | drunk with (power, strength etc.); |
| | | 3. उन्मत्त। | باوٕر، پھلوائے | बावरु, फलवाय | wayward, tipsy, passionate. |
| मतांतर | पुं. | भिन्न मत, विचार, सिद्धांत या संप्रदाय। | موخٔتلِف رائے | मुखतलिफ राय | another or a different opinion or tenet. |
| मताधिकार | पुं. | किसी चुनाव या विषय में मत देने का अधिकार। | حق (رائے دِنُک بیتٕر) | हक ( राय दिनुक बेतरि) | franchise, suffrage. |
| मताधिकारी | पुं. | मत देने का अधिकारी। | ووٹ دِنُک حق آسَن وول | वोट दिनुक हक आसन वोल | eligible voter. |
| मतानुयायी | पुं. | किसी मत या धर्म का अनुयायी, मतावलंबी। | پیٲروکار | पारवकार | follower (of a creed, sect etc.). |
| मतावलंबी | पुं. | किसी मत, सिद्धांत आदि का अवलंबन करने-वाला, मतानुयायी। | پیٲروکار | पारवकार | adherent to any particular class of religious (or philosophical) opinion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मति | स्त्री. | 1. बुद्धि, समझ; | بُد، عقل؛ | बुद, अकुल; | intellect, understanding, sense; |
| | | 2. राय, सम्मति। | راے | राय | opinion, view. |
| मतिभ्रम | पुं. | अस्वस्थ या विकृत बुद्धि के कारण होनेवाला भ्रम। | دُژیوٗت | दुच़्योत | delusion, confusion of mind. |
| मतिमंद | वि. | मंदबुद्धि, मूर्ख। | بےوقوف | बेवकूफ | dull, stupid, foolish, imbecile. |
| मतिमान | वि. | बुद्धिमान, समझदार। | سمجدار | समुजदार | clever, intelligent, wise. |
| मतैक्य | पुं. | मत या विचार में होनेवाली एकता या समानता। | یکُت | यकुत | unanimity, agreement. |
| मत्त | वि. | 1. मतवाला, मस्त; | بَدحواس، متیومُت؛ | बद हवास, मत्योमुत; | in rut, furious (as an elephant); |
| | | 2. पागल; | پاگل؛ | पागल; | mad, insane; |
| | | 3. किसी प्रकार के मनोवेग के पूर्ण आवेश से युक्त। | باور | बावर् | intoxicated (by liquor, or passion. or pride, etc.),passionate. |
| मत्था | पुं., | 1. माथा, ललाट, मस्तक; | ڈیکہ؛ | ड्यक; | forehead; |
| | | 2. सिर; | کلہ؛ | कलु; | head; |
| | | 3. सामने का या ऊपर का हिस्सा। | رۄے | र्‌ोय | the upper or frontal part (of a thing). |
| मत्थे | क्रि. वि. | 1. सिर या मस्तक पर; | کلس پیٹھ؛ | कलस प्यठ; | on one's head; |
| | | 2. किसी पर उत्तरदायित्व, भार आदि के रूप में। | بروسس پیٹھ | बरोसस प्यठ | on one's responsibility. |
| मत्सर | पुं. | 1. ईर्ष्या, जलन, डाह; | وار، رشک، حسد؛ | वार, रशुक, हसद; | envy, jealousy; |
| | | 2. क्रोध। | غوصہ | गुसु | anger, passion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मत्स्य** | पुं. | मछली। | گاڑ | गाड़ | fish. |
| **मत्स्यन्याय** | पुं. | 1. यह मान्यता कि छोटों को बड़े या दुर्बलों को सबल उसी प्रकार खा जाते या नष्ट कर देते हैं जिस प्रकार बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा जाती हैं; | بقایئے اِصلٲح، زیوس زیو بۄزن، زورآور بچہِ تہٕ کمزور مرِ؛ | बकायये इस्लाह, जीवस जीव बूजन, जोरावर बचि तु कमजोर मरि; | "survival of the fittest" theory; |
| | | 2. आततायियों का राज्य; | اندیر نگری؛ | अंदिर नेगरी; | law of the jungle; |
| | | 3. अराजकता। | بےبوٗج | बेबूज | anarchy. |
| **मत्स्यपालन** | पुं. | मछलियां पालकर उनकी पैदावार बढ़ाने का काम। | گاڑ وۄپداوُنک کار | गाड़ वुपदावनुक कार | fish-culture, fish-farming. |
| **मथना** | स. क्रि. | 1. दूध, दही को मथानी आदि से बिलोना; | چھوٚنپھ دیُن؛ | छोंफ द्युन; | to churn; |
| | | 2. आलोड़न करना; | مَنٛدُن؛ | मंदुन; | to stir round; |
| | | 3. किसी बात को बार-बार सोचना या करना; | دَل دیُن؛ | दल द्युन; | to ponder, consider; |
| | | 4. जगह-जगह ढूंढना या देखना, छान डालना। | ژھٮ۪نڈِتھ ترٛاوُن | छंडिथ त्रावुन | to sift, scrutinize, to probe. |
| **मथनी** | स्त्री. | 1. मथने की क्रिया; | چھوٚنپھ؛ | छोंफ; | the act of churning; |
| | | 2. दही मथने का मटका; | کٮ۪ہٕ؛ | कंय; | the churning-pot; |
| | | 3. मथानी। | دیوٚن | द्योन | churn-staff. |
| **मथानी** | स्त्री. | दही मथने का काठ का बना हुआ एक उपकरण। | دیوٚن | द्योन | churning-stick. |
| **मद** | पुं. | 1. नशा; | نَشہٕ؛ | नश; | intoxication, inebriety, drunkenness; |
| | | 2. मस्ती; | مستی؛ | मस्ती; | delight, rapture, passion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. निंदनीय अहंकार या गर्व; | کاڈین کھسُن؛ | काडथन खसुन; | pride, arrogance; |
| | | 4. मतवाले हाथी का कनपटी से बहनेवाला गंधयुक्त जल; | مَدٕ؛ | मद; | the juice or ichor that exudes from an elephant's temples when in rut; |
| | | 5. उन्माद, पागलपन। | باوٕرۍ گی | बावरुगी | madness, insanity, frenzy. |
| मद | स्त्री. | 1. वह लंबी लकीर जिसके नीचे लेखा या हिसाब लिखा जाता है, शीर्षक; | مَد؛ | मद; | column, head; |
| | | 2. लेखा या हिसाब का वह विशिष्ट भाग जो किसी कार्य या व्यक्ति के नाम से अलग रखा जाता है, खाता; | کھاتہٕ؛ | खातु; | account-head; |
| | | 3. कार्य का विभाग। | حِصہٕ، ایٹم | हिसु, अयटम | item (of a programme etc.). |
| मदजल | पु. | मस्त हाथी की कनपटी से झरनेवाला जल, दान। | دۄشِرٕ وُن ہستۍ مَد | दुशिवुन हेस्यमद | rutting juice, ichor (from the temples of a ruttish elephant ). |
| मदद | स्त्री. | 1. सहायता; | مَدَتھ؛ | मंदथ; | assistance, help, aid, rescue; |
| | | 2. कुमक। | کُمکھ | कुमख | reinforcement. |
| मददगार | वि. | सहायक। | مَدَدگار | मददगार | assistant, helper, supporter, auxiliary, accessory. |
| मदन | पु. | 1. कामदेव; | کامہٕ دیٖو؛ | कामुदीव; | name of Kamdev, the god of love; |
| | | 2. काम। | ماے | माय | passion, love, lust. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मदनोत्सव | पु. | प्राचीन भारत का एक उत्सव जो चैत्र शुक्ला द्वादशी से चतुर्दशी पर्यन्त होता है। | مَدنوتسو (کامہ دیوُن وُچھب یُس ژِترِ زُونہٕ پچھ باشی پیٹھ ژُودش تانی مناوان چھ) | मदनोत्सव (कामु दीवुन वुछब युस चितुर् जूनु पछि बाश्य प्यठ चुदश तान्य मनावान छि) | the vernal festival celebrated in honour of cupid (in ancient India). |
| मदमत्त | वि. | 1. मत, मस्त, मतवाला; | باور، پھلوأے؛ | बावर्, फलवोय; | intoxicated, passionate; |
| | | 2. (हाथी) जो मद बहने के कारण मस्त हो। | مَدہوٗس | मदहोस | in rut, furious (elephant). |
| मदहोश | वि. | 1. नशे के कारण जिसके होश ठिकाने न हों, मतवाला; | مَدہوش؛ | मदहोश; | dead drunk, intoxicated, out of senses; |
| | | 2. हैरान; | حٲران؛ | हरान; | confounded, stupefied; |
| | | 3. बेहोश। | بےٚہوش | बेहोश | unconscious, senseless. |
| मदांध | वि. | जो मस्ती या बल आदि के गर्व से अंधा या विवेकहीन हो रहा हो। | بَدمَست | बदमस्त | blinded by intoxication, passion or pride. |
| मदार | पु. | आक नामक पौधा। | آکہٕ کُل | आकु कुल | the medicinal plant swellow hest-calotrapis gigantea. |
| मदारी | पु. | 1. बाजीगर;<br>2. बंदर-भालू आदि नचाकर जीविका चलानेवाला। | بٲزیگار، مدٲری؛<br>ہاپتھ وول<br>یا پنٛزِ وول | बाज्यगार, मंदार्य;<br>हापथ वोल<br>या पंज्य वोल | conjurer, juggler; bear-dancer, monkey-man. |
| मदिरा | स्त्री. | मद्य, शराब। | شراب | शराब | spirituous liquor, wine. |
| मदोन्मत्त | वि. | 1. नशे के कारण उन्मत्त, मदांध, मतवाला; | نشہٕ چیتھ ڈوٚلمُت؛ | नशि च्यथ डोलमुत; | intoxicated with spirituous liquor; |
| | | 2. जो धन, बल आदि के घमंड के कारण विवेकहीन हो गया हो। | کاڈین کھوتمُت | काड्यन खोतमुत | intoxicated with passion, pride or wealth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मद्धा | वि. | दे. 'मंदा'। | 'मंदा' وُچھِو | वुछिव 'मंदा' | see 'मंदा'. |
| मद्धिम | वि. | 1. मध्यम; | دَرمیانہٕ؛ | दरमियानु; | middle, moderate, intermediate; |
| | | 2. कम अच्छा; | موٗمولی؛ | मोमूली; | ordinary, common; |
| | | 3. हलका, मंद। | شُس | शुस | dull, faint, faded (as colour etc.), slack, slow, sluggish. |
| मद्धे | अव्य. | 1. मध्य या बीच में; | مَنزٕباگ؛ | मंज़्बाग; | in the middle; |
| | | 2. मद या खाते में। | کھاتس | खातस | in the account of. |
| मद्य | पु. | मदिरा, शराब। | شوٗرابہٕ | शुराबु | spirituous liquor, wine. |
| मद्यप | वि. | मद्य पीनेवाला, शराबी। | شرٲبۍ | शरांब्य | one who drinks spirituous or intoxicating liquor. |
| मधु | पु. | 1. शहद; | ماچھ؛ | माछ; | honey; |
| | | 2. शराब; | شراب؛ | शराब; | spirituous liquor, any sweet intoxicating drink; |
| | | 3. फूलों का रस, मकरंद; | پوشہٕ رَس؛ | पोशि रस; | the juice or nectar of flowers; |
| | | 4. बसंत ऋतु; | سوٗنتھ؛ | सोंथ; | the season of spring; |
| | | 5. चैत का महीना। | ژِتھُر | चिथुर | the month Chait (March-April.) |
| | वि. | मीठा, मधुर। | مۄدُر | मोदुर | sweet, pleasant, agreeable. |
| मधुकर | पु. | 1. भौंरा; | بۄمبُر؛ | बोम्बुर; | large black bee. |
| | | 2. कामुक व्यक्ति। | مَدٕ مۄت، مٲدُن | मदुमोत, मैदुन | lover, libertine. |
| मधुकरी | स्त्री. | साधु-संन्यासियों की वह भिक्षा जो केवल पके हुए अन्न के रूप में होती है। | رَنِمتٕ کھیٚنۍ بِکھیا، گوسانین ہُنٛز بوٗزنۍ بِکھیا | रनिमति ख्यनुव व्यक्षा, गुसान्यन हुंज़ बूज़नु व्यक्षा | cooked food gathered in alms from different sources (by the mendicants). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मधुप | पु. | 1. भौंरा;<br>2. शहद की मक्खी। | بوٗمبرٕ،<br>ماچھ تُلر | बोम्बुर;<br>माछ तुलर | large black bee;<br>honey-bee. |
| मधु-मक्खी | स्त्री. | एक प्रकार की प्रसिद्ध मक्खी जो फूलों का रस चूसकर शहद एकत्र करती है। | ماچھ تُلر | माछ तुलर | honey-bee. |
| मधुमय | वि. | मधु से भरा हुआ। | ماچھ ہیوٗہ،<br>ماچھی ماچھ | माछ ह्यूह,<br>माछी माछ | sweet as honey,<br>sweet, lucious. |
| मधुमेह | पु. | एक प्रसिद्ध रोग जो अगन्याशय में मधुसूदनी के कम बनने के कारण होता है और जिसमें मूत्र अधिक शर्करा-युक्त होकर प्रायः धीरे-धीरे और अधिक मात्रा में या अधिक देर तक होता है। | پیشابُ کسر (یتھ<br>اندر پیشابس سُتھ<br>مودریر پکِ) | पेशाबु कसर ( यथ<br>अंदर पेशाबस स्त्य<br>मोदेरर पकि) | diabetes. |
| मधुर | वि. | 1. जिसका स्वाद मधु के समान हो, मीठा;<br>2. जो सब प्रकार की कटुताओं से रहित, और मधु के समान मीठा जान पड़े;<br>3. जो अपनी मनोहरता, सुन्दरता आदि के कारण प्रिय और भला लगता हो। | میوٗٹھ؛<br>موٗدُر؛<br>شکیل | म्यूठ;<br>मोदुर;<br>शकील | sweet;<br>pleasant, pleasing, melodious, mellifluous;<br>charming, attractive. |
| मधुरता | स्त्री. | मधुर होने की अवस्था, गुण या भाव। | مُدریر | मोदेरर | sweetness, pleasantness, softness, mellifluence, melodiousness. |
| मधूलिका | स्त्री. | 1. लता;<br>2. मुलेठी; | اکھ رانٹھ،<br>شنگر، | अख रांठ;<br>शंगुर; | kind of creeper;<br>liquorice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मधूली नामक गेहूं से बनाई जानेवाली मदिरा। | اَمِہ ناوُک<br>شُوٗرابہٕ | अमि नावुक<br>शुराबु | arrac distilled from the blossom of the bassnia tree or any intoxicating drink. |
| मध्य | पु. | 1. किसी चीज के बीच का भाग; | منٛز باگ؛ | मंज़बाग; | middle, centre; |
| | | 2. तटस्थ या निष्पक्ष; | منٛزیُمیور؛ | मंज्युमयोर; | intermediary; |
| | | 3. संगीत में तीन सप्तकों में से बीचवाला सप्तक। | منٛزِم تال | मंज़िम ताल | medium tempo, middle octave. |
| | वि. | 1. बीच का; | منٛزیُم؛ | मंज्युम; | middle, central; |
| | | 2. जो बहुत अच्छा भी न हो और बहुत बुरा भी न हो। | دَرمیانہٕ | दरमियानु | mediocre. |
| मध्यम | वि. | 1. मध्य का या बीच का; | دَرمیانہٕ؛ | दरमियानु; | medium, intermediate; |
| | | 2. मंद या हल्का; | لۄت؛ | लोत; | slow, dim; |
| | | 3. न बहुत अच्छा न बुरा, साधारण कोटि का। | سۄم | सोम | fair, passable, mediocre, so-so. |
| | पु. | संगीत के सात स्वरों में से चौथा स्वर। | ژوٗرِم تال<br>(سنگیتس منٛز) | चूरिम ताल<br>(संगीतस मंज़) | fourth note of the Indian gamut. |
| मध्यम पुरुष | पु. | (व्याकरण) वक्ता की दृष्टि से उस व्यक्ति का वाचक सर्वनाम जिससे वह कुछ कह रहा हो। | مُخاطِب<br>(گرٛیمرس منٛز) | मुख़ातिब<br>(ग्रेमरस मंज़) | (gram.) the second person. |
| मध्यम वर्ग | पु. | मनुष्य-समाज के आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से विभाजित वर्गों में से बीच का वर्ग। | دَرمیانہٕ درجُک | दरमियानु दरजुक | middle class. |
| मध्यमा | स्त्री. | 1. हाथ की बीचवाली उंगली; | منٛزِم اونٛگج؛ | मंज़िम ओंगुज; | middle finger; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. साहित्य में वह नायिका जो अपने प्रिय के द्वारा हित अथवा अहित का व्यवहार देखकर उसके प्रति वैसा ही हित अथवा अहित का व्यवहार करती हो। | مَدِما (ادبس منز) | मदिमा (अदुबस मंज़) | one of the classes of heroines in poetic composition, a woman in the middle of her youth. |
| **मध्यवर्ती** | वि. | 1. जो मध्य में वर्तमान या स्थित हो; 2. जो दो पक्षों के बीच में रहकर उनमें सम्बन्ध स्थापित करता हो। | منزباگک؛ منزیُم یور | मंज़बागुक; मंज्युम योर | being in the middle, central, middle; intermediary. |
| **मध्यस्थ** | वि. | 1. जो बीच या मध्य में स्थित हो; | منزیُم؛ | मंज्युन; | standing or situated in the middle or midst. |
| | | 2. आपस में मेल या समझौता करानेवाला। | منزِم یور، امپایَر | मंज़िमयोर, ऐमपायर | standing between two persons or parties, acting as mediator or umpire. |
| | पु. | वह जो दोनों विरोधी पक्षों में से किसी पक्ष में न हो। | منزِم یور، امپایَر | मंज़िम योर, ऐमपायर | middle man, mediator, arbitrator, umpire. |
| **मध्यस्थता** | स्त्री. | 1. मध्यस्थ होने की अवस्था या भाव; | سیمنزس آسُن/رٛوزُن؛ | स्यमंज़स आसुन/रोज़ुन; | middle state or character, intermediate situation; |
| | | 2. मध्यस्थ का काम या पद। | منزِم یارُز | मंज़िम यारुज़ | mediatorship, umpireship, arbitration. |
| **मध्यांतर** | पु. | 1. दो घटनाओं, वस्तुओं आदि के मध्य या बीच का अंतर; | ژھیُن؛ | छ्यन; | gap, difference; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम या बात के बीच में सुस्ताने आदि के लिए निकाला या नियत किया हुआ थोड़ा समय। | ٹھکھ، رِیسس، اِنٹروَل | थख, रिसस, इंटरवल | recess, interval. |
| मध्याह्न | पु. | दिन के ठीक बीच का वह समय जब सूर्य सबसे ऊपर आ जाता है या उक्त समय के बाद का थोड़ी देर का समय। | دُپہر، مئدیُن | दुपहर, मंद्युन | mid-day, noon. |
| मन | पु. | 1. प्राणियों के अंतःकरण का वह अंश जिससे वे अनुभव, इच्छा, बोध, विचार और संकल्प करते हैं; | مَن؛ | मन; | mind (considered as the seat of perception and passion), inclination etc.; |
| | | 2. हृदय, आत्मा; | دِل؛ | दिल; | heart, soul, spirit; |
| | | 3. स्वभाव, प्रकृति; | سوبھاو، چالِہ چلَن؛ | स्वभाव, चालुचलन; | character, disposition, mood temper; |
| | | 4. इच्छा, कामना; | یژھُن؛ | य़ेछुन; | desire, longing after; |
| | | 5. वज़न में चालीस सेर। | مَن (ژتجیہ سیر) | मन ( चतजीह सेर) | weight equal to forty seers. |
| मनका | पु. | 1. धातु, लकड़ी आदि का वह गोल या अंडाकार छोटा टुकड़ा जिसके बीचों-बीच छेद होता है तथा जो माला के रूप में पिरोया जाता है, एक साथ पिरोये जानेवाले बहुत से मनके माला का रूप धारण कर लेते हैं; | منکہ، مالِہ پھوٚل؛ | मनकु, मालि फोल; | bead (of gold or silver etc.); |
| | | 2. माला, सुमिरनी। | مال، تَسبیح | माल, तंस्यबीह | rosary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनगढ़ंत | वि. | जिसकी वास्तविक सत्ता न हो, केवल कल्पना कर ली गई हो, मन द्वारा गढ़ा हुआ। | خیالی | खयाली | fabricated, concocted, imaginary. |
| मनचला | वि. | 1. जो किसी एक वस्तु की प्राप्ति से संतुष्ट न होता हो बल्कि अनेक की प्राप्ति के लिए लालायित रहता हो; | وُفلوأے ی | वुफलवाय; | one who does not stick to one thing, fidgety, frivolous; |
| | | 2. कामुक तथा रसिक स्वभाव वाला। | زنانہ شیہلن آسن | ज़नानु शेहलुन आसुन | easy prey to female. |
| मनचाहा | वि. | 1. जिसे मन चाहता हो; | کونچھمت ی | कोंछमुत; | desired or wished for, favourite; |
| | | 2. इच्छानुसार किया हुआ। | یوژھمت | योछ़मुत | done of one's own accord, accomplished according to one's own wish. |
| मनचीता | वि. | दे. 'मनचाहा'। | 'मनचाहा' وُچھو | वुछिव 'मनचाहा' | see 'मनचाहा'. |
| मनन | पु. | 1. मन लगाकर कोई काम सोचना या समझना; | دِل دِتھ سونچن ی | दिल दिथ सोंचुन; | act of thinking or considering, meditating or reflecting (upon); |
| | | 2. किसी विषय के सब अंगों पर अच्छी तरह विचार करते हुए उसे समझने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न या प्रयास; | ریاضتھ | रियाज़थ | reflection, meditation; |
| | | 3. सुने हुए वाक्यों पर बार-बार विचार करना और प्रश्नोत्तर या शंका-समाधान द्वारा उसका निश्चय करना। | مُراقبہ کرُن، ویژارُن | मुराकबु करुन, व्यचारुन | inference arrived at by reasoning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मननशील | वि. | जो स्वभावतः मनन करने में प्रवृत्त रहता हो। | سوٗن، گمبیر، سنجید، | सोन, गंबीर, संजीदु | thoughtful, meditative, contemplative. |
| मननीय | वि. | ऐसा विषय जिस पर चिंतन मनन किया जाए। | سونچن لایق | सोंचुन लायक | contemplatable. |
| मनबहलाव | पु. | मनोरंजन। | وُشُل، وُشُو (کڈُن) | वुशुल, वुशुव (कडुन) | amusement, recreation. |
| मनभाया | वि. | मन को जो भाता या रुचिकर प्रतीत होता हो। | مَن پسند | मन पसंद | agreeable to the mind or soul, pleasing, favourite |
| मनभावना | वि. | दे. 'मनभाया'। | وُچھِو 'मनभाया' | वुछिव 'मनभाया' | see 'मनभाया'. |
| मनमाना | वि. | 1. स्वेच्छा से या अपनी रुचि के अनुकूल किया गया कार्य;<br>2. जिसमें दूसरे की राय को कोई महत्व न दिया जाए, स्वेच्छाचारितापूर्ण। | پانُنہ خوٗدی؛<br>مَن مانی حسابُک | पानु खोदी;<br>मनमांनी हिसाबुक | pleasing to one's own mind;<br>arbitrary. |
| मनमानी | स्त्री. | 1. मनमाना कार्य;<br>2. वह स्थिति जिसमें औचित्य आदि का विचार किए बिना मनमाने ढंग से काम किया जाए। | مَن مانی؛<br>پانہ خودی<br>حسابُک | मनमांनी;<br>पानुखुदी<br>हिसाबुक | arbitrariness;<br>self-will, wilfulness. |
| मनमुटाव | पु. | द्वेष आदि के फलस्वरूप होनेवाली वह स्थिति जिसमें किसी का मन दूसरे से कुछ खिंचा रहता है। | مُچُکری | मुचुकुरी | estrangement, antagonism, rift, rupture. |
| मनमोदक | पु. | केवल अपना मन प्रसन्न करने के लिए बनाई हुई ऐसी कल्पना जिसका कोई वास्तविक आधार न हो। | ہوائی قلعہ | हवायी कुलु | illusory delight, castles in the air. |
| मनमौज | स्त्री. | 1. मन की तरंग; | مَنُچ لَہر؛ | मंनुच लहर; | whim, caprice; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हार्दिक प्रसन्नता; | دِلی خوشی؛ | दिली ख़ुशी; | pleasure, rapture, ecstasy; |
| | | 3. अपनी प्रसन्नता या सुख के लिए किया जानेवाला काम या खेल। | شوق کڈُن | शोख कड़ुन | amusing thought, tickling fancy. |
| **मनमौजी** | वि. | अपने मन में उठी तरंग के अनुसार काम करनेवाला। | مَن مُوجی | मनमूजी | whimsical, self-willed, capricious. |
| **मनवाना** | स.क्रि. | 1. किसी को कुछ मान लेने में प्रवृत्त करना या विवश करना; | مانِنناوُن؛ | मानुनावुन; | to cause to conciliate, or to be conciliated etc; |
| | | 2. मनवाने का काम दूसरे से करवाना। | مانّیراوُن | मांन्यरावुन | to get someone to be reconciled. |
| **मनसा** | क्रि. वि. | मन के द्वारा या मन से। | مَنہٕ کِنی | मनु किन्य | mentally, through the mind. |
| **मनसूबा (मंसूबा)** | पु. | 1. कोई काम करने से पहले मन में सोची जानेवाली युक्ति; | منصوبہٕ؛ | मंसूबु; | plan, design; |
| | | 2. इरादा, विचार; | ارادٕ؛ | इरादु; | intention; |
| | | 3. योजना। | سکیم | स्कीम | project, scheme. |
| **मनस्ताप** | पु. | 1. मनःपीड़ा; | دیماغی پریشانی؛ | दमागी परेशानी; | mental pain, anguish; |
| | | 2. अनुताप या पश्चाताप। | پَشُن دیُن | पशुन दुयुन | remorse. |
| **मनस्वी** | वि. | 1. श्रेष्ठ मन से सम्पन्न या उच्च विचारवाला; | نیک خیال؛ | नेक खयाल; | intelligent, high-souled, high-minded; |
| | | 2. मनमाना आचरण करने-वाला, स्वेच्छाचारी। | پانہٕ خودی کرن ووُل | पानु ख़ुदी करन वोल | arbitrary. |
| **मनहूस** | वि. | 1. अशुभ, बुरा; | منحوٗس؛ | मनहूस; | ill-omened, inauspicious; |
| | | 2. अभागा, बदकिस्मत। | بدقِسمَتھ | बदकुस्मथ | ill-fated, gloomy. |
| **मना** | वि. | जिसके सम्बन्ध में निषेध हो। | منع ،ٹھاکھ | मना, ठाख | prohibited, forbidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनाना** | स.क्रि. | 1. किसी को किसी काम या बात के लिए तत्पर या राजी करना; | مانٛی راوُن؛ | मोन्यरावुन; | to persuade, to prevail upon; |
| | | 2. रूठे हुए को प्रसन्न करना; | منٛناوُن؛ | मनुनावुन; | to propitiate, to assuage, to appease; |
| | | 3. प्रार्थना या स्तुति करना; | پرارتھنا کرٛنۍ، دُعا کرٛنۍ؛ | प्रार्थना करुन्य, दुआ कर्न्य; | to invoke, to call upon (God); |
| | | 4. किसी उत्सव, समारोह या संस्कार का आयोजन करना। | مناوُن | मनावुन | to celebrate. |
| **मनाही** | स्त्री. | कोई काम न करने की आज्ञा या निषेध। | ٹھاکھ | ठाख | prohibition, ban. |
| **मनिहार** | पु. | चूड़ी बनानेवाला, चूड़ीहार। | بٛنگرِ گوٚر | बुंगरि गोर | maker and/or seller of bangles. |
| **मनीषा** | स्त्री. | 1. मन या मस्तिष्क की वह विशिष्ट शक्ति जिससे वह इच्छा, कामना, सोच-विचार आदि करता है; | سوٗنچھ؛ | सोंछ; | wisdom, intelligence, intellectual faculty; |
| | | 2. अभिलाषा या इच्छा। | مٛنشا | मंशा | desire, wish. |
| **मनीषी** | स्त्री. | 1. ज्ञानी, पंडित, विद्वान; | عآلِم؛ | आलिम; | wise, learned; |
| | | 2. बुद्धिमान; | گاٹُل | गाटुल | intelligent, clever, prudent; |
| | | 3. यथेष्ट मनन और विचार करनेवाला, विचारशील। | سوٗنچن وول | सोंचन वोल | thoughtful. |
| **मनुज** | पु. | मनुष्य। | اِنسان | इनसान | human being, man. |
| **मनुष्य** | पु. | जरायुज जाति का एक स्तनपायी प्राणी जो अपने मस्तिष्क या बुद्धिबल की अधिकता के कारण सब प्राणियों में श्रेष्ठ है, आदमी, नर। | وُچھِو 'मनुज' | वुछिव 'मनुज' | see 'मनुज'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनुष्यता | स्त्री. | 1. मनुष्य होने की अवस्था या भाव; | اِنسانِیَتھ | इनसानियथ | state or condition of being a man, manhood, humanity; |
| | | 2. वे बातें जो किसी मनुष्य को शिक्षित और सभ्य समाज में उठने-बैठने के लिए आवश्यक होती हैं। | آداب | आदाब | the aggregate of human qualities. |
| मनुहार | स्त्री. | 1. किसी रूठे हुए व्यक्ति को मनाने तथा उसका मान छुड़ाने के लिए की जानेवाली विनती या मीठी-मीठी बातें; | وِتُژاری؛ | वितुज़ारी; | appeasement, pacification; |
| | | 2. खुशामद। | خوشامد | खुशामद | flattery, adulation. |
| मनोकामना | स्त्री. | मन में रहनेवाली कामना या अभिलाषा। | مَنِہ کامَن | मनि कामन | heart's desire, wish. |
| मनोगत | वि. | मन में आया या उठा हुआ। | اَندرِیُم، مَنُک | अंदर्युम, मनुंक | existing or passing in the mind, internal, inward. |
| | पु. | 1. कामदेव; | کامدیو؛ | कामुदीव; | cupid; |
| | | 2. विचार। | خیال، وِچار | खयाल, व्यचार | an idea, thought, notion. |
| मनोज्ञ | वि. | मनोहर या सुंदर। | شکیل، سُندر | शकील, सुन्दर | pleasing, lovely, beautiful, charming. |
| मनोज्ञता | स्त्री. | सुंदरता या मनोहरता। | خوٗبصوٗرتی | खूबसूरती | loveliness, beauty, charm. |
| मनोदशा | स्त्री. | किसी कार्य या विषय के प्रति समय विशेष पर होनेवाली मनकी अवस्था या दशा। | موٗڈ، مَن | मूड, मन | mood. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनोनिग्रह | पु. | विषय-वासनाओं में प्रवृत्त होने से मन को रोकना, मन को वश में रखना। | مَنہٕ گنڈ | मनु गंड | mental restraint, self-control. |
| मनोनीत | वि. | 1. मन में आया हुआ; | مَنہٕ دوٚپ؛ | मनुदोप; | taken by the mind, made choic of, wished for; |
| | | 2. जिसका मनोनयन हुआ या किया गया हो, नामज़द, नामांकित। | نامزد | नामज़द | nominated, designated |
| मनोनुकूल | वि. | इच्छित, इच्छा या मन के अनुसार। | مَنہٕ مطابِکھ | मनु मुताब्यख | desired, wished fo pleasant to the mind. |
| मनोबल | पु. | मानसिक बल या आत्मिक शक्ति। | مَنہٕ بَل | मनुबल | moral strength, morale. |
| मनोभाव | पु. | मन में उत्पन्न होनेवाला या रहनेवाला विचार। | خیال، وِچار | खयाल, व्यचार | emotion, feeling, sentiment. |
| मनोमालिन्य | पु. | मन में रहनेवाला दुर्भाव या बैर-विरोध जो जल्दी ऊपर प्रकट न होता हो, मनमुटाव, रंजिश। | رٕنجِش | रंजिश | estrangement, ill-will, rupture. |
| मनोयोग | पु. | किसी काम या बात में मन को एकाग्र करके लगाना। | دل دیُن | दिल द्युन | close attention, concentration, singlemindedness. |
| मनोरंजक | वि. | मन बहलाकर प्रसन्न करनेवाला। | دِل بٕہلاوَن وول | दिल बहलावन वोल | interesting, amusing, recreative, entertaining. |
| मनोरंजन | पु. | दिल-बहलाव या मन को प्रसन्न करना। | دِل بہلاۓ | दिल बहलाय | amusement, recreation, entertainment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मनोरथ** | पु. | अभिलाषा या इच्छा। | خاہش | खॉहिश | wish, desire, longing. |
| **मनोरम** | वि. | सुन्दर या आकर्षक। | لوٗبوٗن | लूबवुन | attractive, pleasing, charming, lovely, beautiful. |
| **मनोवांछित** | वि. | जो मन में चाहा गया हो। | کٲنچھمُت | कोंछुमुत | desired, wished, longed for. |
| **मनोविकार** | पु. | मन में उठनेवाला कोई भाव या विचार। | خیال | खयाल | emotion, feeling, passion. |
| **मनोविज्ञान** | पु. | वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें मनुष्य के मन, उसकी विभिन्न अवस्थाओ तथा क्रियाओं, उस पर पड़नेवाले प्रभावों आदि का अध्ययन तथा विवेचन होता है। | نفسیاتھ | नफ़सियाथ | psychology. |
| **मनोविनोद** | पु. | मनोरंजन। | دِل بہلاۓ | दिल बेहलाय | amusement, pastime, hobby. |
| **मनोविश्लेषण** | पु. | आधुनिक मनोविज्ञान की वह शाखा जिसमें कुछ विशिष्ट प्रकार के रोगों और विकारों का उपचार या चिकित्सा यह मानकर की जाती है कि वे रोग कुछ मनोवेगों का दमन करने से उत्पन्न होते हैं। | نفسیاتی جایزٕ | नफ़सियाती जायज़ु | psycho-analysis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मनोवृत्ति | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति या स्थिति जिसके कारण मनुष्य किसी ओर प्रवृत्त होता अथवा उससे हटता है। | رُجحان | रुजहान | mental disposition, temper, mentality. |
| मनोवेग | पु. | मन में उत्पन्न होनेवाला तीव्र विकार। | منُک وِکار، تیز خاہش، منُچ لہر | मनुक व्यकार, तेज़ ख़ाहिश, मनुच लहर | passion, impulse. |
| मनोवैज्ञानिक | वि. | मनोविज्ञान का या उससे संबंधित। | نفسیاتی | नफ़सियाती | psychological. |
| | पु. | वह जो मनोविज्ञान का ज्ञाता हो। | نفسیاتُک ماہِر | नफ़सियातुक माहिर | psychologist. |
| मनोव्यथा | स्त्री. | मन में होनेवाली व्यथा या पीड़ा। | دِماغی پریشانی | दिमागी परेशानी | mental agony, anguish, affliction. |
| मनोहर | वि. | 1. मन को हरनेवाला; | لوٗبوُن؛ | लूबवुन; | captivating, fascinating, |
| | | 2. मनोज्ञ या सुन्दर। | سوٗندر | सुन्दर | beautiful, lovely, charming. |
| मनोहरता | स्त्री. | मनोहर होने की अवस्था या भाव, सुन्दरता। | خوٗبصوٗرتی | खूबसूरती | charm, attractiveness, fascination, beauty. |
| मनौती | स्त्री. | 1. रूठे हुए को मनाने की क्रिया या भाव; | خوشامد کرُن؛ | खुशामद करुन; | appeasement; |
| | | 2. देवी-देवता के प्रति की जानेवाली यह प्रतिज्ञा या संकल्प कि अमुक मनोरथ सिद्ध हो जाने पर हम आपकी अमुक प्रकार से पूजा करके आपको प्रसन्न करेंगे। | دیش گنڈن | देश गंडन्य | offering promised to a deity for fulfilment of some desire. |
| मन्नत | स्त्री. | दे. 'मनौती'। | وُچھِو "मनौती" | वुछिव "मनौती" | see 'मनौती'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ममता | स्त्री. | 1. अपनत्व का भाव, ममत्व; | ممتا، موٗمتا؛ | ममुता, मुमुता; | sense of 'meum'; |
| | | 2. परम आत्मीयता के कारण मन में होनेवाला प्रेम, स्नेह; | لول؛ | लोल; | affection, attachment; |
| | | 3. मन में होनेवाला किसी प्रकार का मोह या लोभ। | موٗہ | मूह | fascination. |
| ममत्व | पु. | दे. 'ममता'। | 'ममता' وُچھِو | वुछिव | see 'ममता'. |
| ममिया-ससुर | पु. | जो सम्बन्ध में पति या पत्नी का मामा हो। | مامہٕ ہیُہُر | मामु ह्युहुर | maternal uncle-in-law. |
| ममिया-सास | स्त्री. | जो सम्बन्ध में पत्नी या पति की मामी हो। | مامہٕ ہش | मांमुहश | maternal aunt-in-law. |
| मय | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो तद्रूप विकार और प्राचुर्य के अर्थ में शब्दों के साथ लगाया जाता है। | مے (سنسکرت گریمرس منز اکھ پتہٕ لوگ) | मय (संस्कृत ग्रेमरस मंज़ अख पतलोग) | Sanskrit suffix imparting the meaning of consisting of, made or composed of, abounding in, full of. |
| मयस्सर | वि. | हाथ में आया हुआ या प्राप्त। | مُیسر | मुयिसर | obtained, attained, available. |
| मयूर | पु. | मोर। | موٚر | मोर | peacock. |
| मरकहा (मरखना) | वि. | मारनेवाला (पशु)। | لورِ زور پکن وول (پوٗش بیتر) | लोरि ज़ोरु पकन वोल (पोश बेतरि) | (animal) prone to hitting or striking. |
| मरघट | पु. | वह स्थान जहां चिताएं जलती हों। | آوریٚنۍ، شمشان، راژبل | आवरेन्य, शुमशान, राज़ुबल | cremation ground. |
| मरज | पु. | 1. रोग, बीमारी; | روٗگ، بیمٲری؛ | रूग, बेमार्य; | disease, ailment, malady; |
| | | 2. खराब आदत या लत। | مَرض | मरज़ | addiction, bad habit. |
| मरजी | स्त्री. | 1. इच्छा या कामना; | خٲہش؛ | खाहिश; | desire; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम, बात या व्यक्ति के प्रति होनेवाला अनुकूल मनोभाव या वृत्ति; | مرضی ؛ | मरज़ी; | inclination, pleasure; |
| | | 3. अनुज्ञा, अनुमति। | راے | राय | assent, consent. |
| मरण | पु. | मरने की क्रिया या भाव। | مرُن | मरुन | dying, death. |
| मरणशील | वि. | मर जाना जिसका धर्म या स्वभाव हो। | فانی | फानी | mortal. |
| मरणोन्मुख | वि. | जो मर रहा हो या जल्दी मरनेवाला हो। | مَرنہ ہسر ، زیر | मरनुसर, ज़ेर | on the point of death, near death. |
| मरना | अ.क्रि. | 1. मृत्यु को प्राप्त करना या प्राणांत होना; | مرُن ؛ | मरुन; | to die, expire; |
| | | 2. वनस्पतियों आदि का सूखकर नष्ट हो जाना; | ززرُن ؛ | ज़ज़रुन; | to fade, wither. |
| | | 3. अत्यधिक कष्ट भोगना या परेशान होना; | کشٹ بۄگُن ؛ | कष्ट बुगुन; | to labour or toil hard, to sweat and groan, to suffer hardship; |
| | | 4. खेलों में खिलाड़ियों का हार जाना; | ہارُن ؛ | हारुन; | to be dead or out (as in a game); |
| | | 5. किसी चीज का दूसरी चीज में या किसी स्थान में विलीन होना या समा जाना; | پُروٕنہ یُن ؛ | पुरवनु युन; | elimination or absorption of something in some place or some other thing (as पानी मरना); |
| | | 6. बहुत धीमा होना या मंद पड़ना; | سوتُن ؛ | सोतुन; | to sink, to fade away; |
| | | 7. किसी पर आसक्त होना। | فریفتہٕ گژھُن | फिरेफ्तु गछुन | to set the heart upon, to be desperately in love with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मरना-जीना | पु. | गृहस्थी में प्रायः होनेवाली सुखद या दुःखद घटनाएं, उनसे संबंधित कर्मकाण्ड या कृत्य। | زیُوِن مرُن | ज्योन मरुन | sad or happy occurrences in a family or the rituals. |
| मरम्मत | स्त्री. | 1. टूटी-फूटी अथवा बिगड़ी हुई वस्तु को ठीक करके अच्छी स्थिति में लाने का काम; | مَرمَتھ؛ | मरमथ; | repair, mending. |
| | | 2. (लाक्षणिक अर्थ में) वह मारपीट जो किसी को सीधे रास्ते पर लाने के लिए की जाए। | کھٲتِر | खांतिर | (fig.) punishment given with the object of mending someone. |
| मरवाना | स.क्रि. | 1. मारने का काम किसी दूसरे से करवाना; | مارِناوُن؛ | मारनावुन; | to cause to be killed, to cause to be put to death, to cause to be beaten, etc; |
| | | 2. (लाक्षणिक अर्थ में) किसी को चतुराई से किसी काम में फंसाना। | (ورگہ) پھساوُن | (वगै) फसावुन | to embroil, to involve. |
| मरसा | पु. | एक प्रकार का साग। | اکھ سبزی | अख सब्जी | a species of pot-herb, **Amaranthus obraceus.** |
| मरसिया | पु. | उर्दू भाषा में शोकसूचक कविता जो किसी की मृत्यु के सम्बन्ध में लिखी जाती है। | مرثی | मरसी | elegy, dirge. |
| मरहम (मलहम) | पु. | औषधियों का वह गाढ़ा और चिकना लेप जो चमड़ी, घाव या फोड़े पर उपचार के लिए लगाया जाता है। | مٔہلام | मर्हलाम | ointment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मरहमपट्टी | स्त्री. | आघात की चिकित्सा के लिए घाव पर लगाया जानेवाला मरहम और पट्टी। | مہلام پٹ | मंहलाम पट | dressing, bandage. |
| मराल | पु. | 1. एक किस्म की सफेद बत्तख जिसकी टांगें और चोंच हल्की ललाई लिए होती है; | اکھ بتکھ؛ | अख बतुख; | a sp ecies of goose (with red legs and bill); |
| | | 2. बादल या मेघ। | اۆبُر | ओ̤बुर | cloud. |
| मरियल | वि. | इतना अधिक दुर्बल कि मरा हुआ सा जान पड़े। | زنگرۆمُت | जंगुर्योमुत | week, feeble, rickety. |
| मरीचिका | स्त्री. | वातावरण की विशिष्ट स्थितियों के कारण दिखाई देनेवाला भ्रामक दृश्य। | ژھاے، بٔرم (سیکہ مأدانس منز دۆر پیٹھ پونی باسُن) | छ़ाय,भ्रम ( स्यकि मा̃दानस मंज़ दूरि प्यठ पोन्य बासुन) | the mirage, illusion. |
| मरीज | वि., पु. | रोगी या बीमार। | مریض | मरीज़ | sick person, patient. |
| मरुभूमि | स्त्री. | रेगिस्तान। | سیکہ مأدان | सेकि मा̃दान | desert. |
| मरुस्थल | पु. | दे. 'मरुभूमि'। | وُچھِو 'मरुभमि' | वुछिव 'मरुभूमि' | see 'मरुभूमि'. |
| मरोड़ | पु. | 1. मरोड़ने की क्रिया या भाव; | موڑُن، وُٹھُن؛ | मोड़ुन, वुठुन; | turn, bend, twist; |
| | | 2. मरोड़ने के कारण पड़ने वाला बल; | وَر؛ | वर; | convolution, contortion; |
| | | 3. अपच के कारण पेट में रह-रहकर होने वाली ऐंठन। | پیچھ | पेछ | contortion, wrench. |
| मरोड़ना | स.क्रि. | 1. किसी चीज में घुमाव डालने के उद्देश्य से उसे कुछ जोर से घुमाना; | وُٹھُن؛ | वुठुन; | to turn, to bend, to twist; |
| | | 2. किसी चीज को ऐसी स्थिति में लाना कि उसमें कुछ तनाव या ऐंठन आ जाए। | ورتھُن | वरथुन | to contort, to wring. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मर्तबान | पु. | शीशे या चीनी का बड़ा बर्तन जिसमें अचार आदि रखा जाता है। | مرتبان | मर्तबान | glazed earth ware, jar used for keeping preserves, pickles, etc. |
| मर्त्यलोक | पु. | पृथ्वी। | بُتراتھ | बुतराथ | world, habitation of mortals, earth. |
| मर्द (मरद) | पुं. | 1. पुरुष; | مَرد؛ | मर्द; | man, male; |
| | | 2. लाक्षणिक अर्थ में शक्तिशाली पुरुष; | طاقتھ ور؛ | ताकथवर; | brave and strong man; |
| | | 3. पति, स्वामी। | خانِدار | खानुदार | husband. |
| | वि. | वीर, साहसी। | جُرتھ مند | ज़ुरथमंद | brave, valiant. |
| मर्दन | पु. | 1. शरीर पर कोई स्निग्ध पदार्थ या औषधि रगड़कर मलने की क्रिया या भाव; | مالش؛ | मालिश; | rubbing, anointing; |
| | | 2. इस प्रकार किसी चीज को मलना या रगड़ना कि वह क्षत-विक्षत हो जाए; | گشن - گہن؛ | गुशुन - गुहुन; | crushing, crumbling; |
| | | 3. कुचलना, रौंदना; | لتہ موٚنجہ کرُن؛ | लतु मुंजि करुन; | trampling, treading down; |
| | | 4. पीसना, रगड़ना। | پشُن، پہن | पिशुन, पिहुन | crushing, grinding, pounding. |
| मर्द-बच्चा (मरद-बच्चा) | पु. | बहादुर, वीर। | جُرتھ مند، بوٚہدُر | जुरथमंद, बोहदुर | valorous, brave, dauntless. |
| मर्दानगी (मरदानगी) | स्त्री. | पौरुष। | مردانگی | मरदानुगी | manliness, bravery, courage, prowess. |
| मर्दाना (मरदाना) | वि. | 1. मर्द या पुरुष संबंधी; | مَردانہ؛ | मरदानु; | of or pertaining to or suitable to a man; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पुरुषोचित; | مردَن ہُند؛ | मरदन हुन्द; | man-like, masculine, manly; |
| | | 3. मर्दों या वीरों जैसा। | جُرتھمنٛد، بۄہدُر | जुरथमंद, बोहदुर | brave, valorous. |
| मर्म | पु. | 1 किसी बात के अन्दर छिपा हुआ तत्व; | گُپِتھ مطلب؛ | गुपिथ मतलब; | secret, implied meaning; |
| | | 2. भेद, रहस्य; | راز؛ | राज; | secret, mystery; |
| | | 3. प्राणियों के शरीर में वह स्थान जहां आघात पहुंचने से अधिक वेदना होती है और मृत्यु तक की सम्भावना होती है; | اُوِجی جاے؛ | ओविज जाय; | core or vital part of the body, week, vulnerable or mortal point; |
| | | 4. हृदय। | دِل | दिल | secret recess (of the heart, etc.), the innermost heart. |
| मर्मघाती | वि. | मर्म पर आघात करनेवाला। | آیہِ ٹاس لاین وول، ضرب کاری لاین وول | आयि टास लायन वोल, ज़र्बिकारी लायन वोल | one who strikes at the most vulnerable point, one who makes a fatal strike. |
| मर्मज्ञ | वि. | किसी बात का तत्व या गूढ़ रहस्य समझनेवाला, विद्वान, पंडित। | زانن وول | ज़ानन वोल | knowing mysteries, familiar with the most secret or recondite portions of a subject, deeply versed in, learned man. |
| मर्मभेदी | वि. | 1. मर्मस्थल अर्थात् हृदय पर आघात करनेवाला; | دِلس تھپھ دِنہٕ وول؛ | दिलस थफ दिनु वोल; | moving, touching poignant; |
| | | 2. आंतरिक कष्ट देनेवाला। | دُکھ دِنہٕ وول | दुख दिनु वोल | excessively painful, heartrending. |
| मर्म-वचन | पु. | ऐसा कथन, बात या वचन जो मर्म या हृदय पर आघात करनेवाला हो। | تیر لاین وول (کتھو سِتۍ بیترِ) | तीर लायन वोल (कथव सूत्य बेतरि) | touching or subtle words. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **मर्मस्थल** | पु. | 1. शरीर का कोई ऐसा अंग जिस पर आघात लगने से बहुत अधिक पीड़ा होती है और जिससे मनुष्य मर सकता है; | آوِج جاے؛ | औविज जाय; | vital part, vulnerable place, tender spot. |
| | | 2. हृदय, जिस पर किसी की बात का आघात लगता है। | دِل | दिल | heart. |
| **मर्मस्पर्शी** | वि. | मर्म को स्पर्श करने अर्थात् उस पर प्रभाव डालनेवाला। | دِلس تھپھ دِنہٕ وول | दिलस थफ दिनु वोल | touching, moving, poignant, heart-rending. |
| **मर्माहत** | वि. | जिसके मर्म पर आघात किया गया हो। | مارٕ کوٚرمُت پھُٹمِتۍ دِل | मारु कोरमुत फुटिमति दिलु | vitally struck, heart-rent. |
| **मर्यादा** | वि. | 1. सीमा या हद; | حَد؛ | हद; | limit, boundary, ambit; |
| | | 2. सदाचार; | روش؛ | रोश; | propriety of conduct, decorum, decency; |
| | | 3. लोक में प्रचलित व्यवहार और उसके नियम आदि; | رِواج؛ | रेवाज; | established usage, social code, custom; |
| | | 4. मान, गौरव या प्रतिष्ठा। | رُتبہ | रुतबु | rank, station, dignity. |
| **मल** | पु. | 1. मैल; | مَل؛ | मल; | rubbish, dirt, filth; |
| | | 2. शरीर से निकलनेवाली मैल या विकार; | مَل (بیتر)؛ | मल ( बेतरि) ; | any excretion of the body; |
| | | 3. गूह, विष्ठा। | نجاستھ | नजासथ | excrement, refuse, sewage. |
| **मलना** | स.क्रि. | 1. किसी पदार्थ को दूसरे पदार्थ पर लगाने के उद्देश्य से रगड़ना या घिसना; | مالِش کرٕنۍ؛ | मौलिश करुन्य; | to rub, to massage; |
| | | 2. लेप करना। | متھُن | मेथुन | to anoint, to smear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मलनी | स्त्री. | आठ-दस अंगुल लंबा दो अंगुल चौड़ा, सुडौल और चिकने बांस का वह टुकड़ा जिससे कुम्हार बरतनों की फालतू मिट्टी काटकर निकालते हैं। | زُلُن | जुलुन | bamboo splinter used by potters to remove superfluous earth while shaping the pots. |
| मलबा | पु. | 1. कूड़ा-करकट;<br>2. टूटी या गिराई हुई इमारत का ईट-पत्थर, चूना आदि। | کوٗڑ، ژھُٹھ؛<br>مَلبہٕ | कूड, छुठ;<br>मलबु | rubbish, refuse;<br>the rubbish of a fallen building or wall, debris. |
| मलमल | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध पतला कपड़ा। | مَلمٔلؠ | मलमंल्य | muslin. |
| मलमास | पु. | वह मास जिसमें संक्रान्ति न पड़ती हो, दो संक्रान्तियों के बीच में पड़नेवाला चंद्रमास। | مَلہٕ ماس | मलुमास | an intercalary (thirteenth) month. |
| मलयानिल | पु. | मलय पर्वत की ओर से आनेवाली शीतल और सुगन्धित वायु। | مَلیانِل<br>(مَلَے پربتہٕ کِنؠ<br>پکوٗن موے خوش تہٕ<br>مُشکہٕ دار ہوا) | मलयानिल<br>(मलय परबत किन्य<br>पकुवुन मुय खुश तु<br>मुशकुदार हवा) | the cool and fragrant south wind from the Malaya mountain. |
| मलवाना | स.क्रि. | मलने का काम दूसरे से करवाना। | مَتھناوُن | मथुनावुन | to have or get (a thing) rubbed. |
| मलाई | स्त्री. | 1. मलने की क्रिया या भाव;<br>2. मलने की मजदूरी या पारिश्रमिक;<br>3. वह गाढ़ा, चिकना अंश जो दूध उबालने पर उसके ऊपर जमने और तैरने लगता है, बालाई। | متھُن؛<br>مَتھہ وُنؠ؛<br>ملاے | मंथुन;<br>मंथु वन्य;<br>मलाय | the act of kneading or rubbing;<br>the wages paid for kneading or rubbing;<br>cream of milk. |
| मलाल | पु. | 1. दुःख, रंज; | غم دوکھ؛ | गम दुख; | grief, anguish; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पश्चाताप। | پچھتاوُن | पछतावुन | remorse, compunction. |
| मलावरोध | पुं. | मल का रुकना या कब्जियत। | قبضی | कब्ज़ी | constipation of the bowels. |
| मलाशय | पु. | शरीर में अंतड़ियों के नीचे का वह हिस्सा जिसमें शौच के समय बाहर निकलने से पहले मल एकत्र होता है। | پُھٹھ، رُود | पुठ, रुद | rectum. |
| मलिका | स्त्री. | महारानी। | رانۍ | रान्य | queen. |
| मलिन | वि. | 1. मैला कुचैला, गंदा; | مألِہ، گنٛدٕ؛ | मालु, गंदु; | dirty, filthy, tarnished, stained; |
| | | 2. धीमा, मंद (प्रकाश); | گوٚٹ؛ | गोट; | obscured, dull or dim (light etc.); |
| | | 3. उदास, म्लान। | غمگین | गमगीन | sad, downcast, melancholy. |
| मलिनता | स्त्री. | मलिन होने की अवस्था या भाव। | مألگی | मालुगी | dirtiness, filthiness, impurity. |
| मलीदा | पु. | रोटी या पकवान का चूर-चूर करके और अच्छी तरह मलकर बनाया जाने वाला एक प्रकार का खाद्य-पदार्थ जो चूरमे की तरह होता है। | چُرمہٕ ژوٚٹ<br>مٕلیٚدٕ | चुर्मु चोट<br>मल्यदु | cake made of pounded meal (or of flour) with butter and sugar. |
| मलीन | वि. | दे. 'मलिन'। | 'मलिन' وُچھِو | वुछिव 'मलिन' | see 'मलिन'. |
| मल्ल | पु. | पहलवान। | پہلوان | पहलवान | professional wrestler or boxer. |
| मल्ल-क्रीड़ा | स्त्री. | मल्लयुद्ध, कुश्ती। | دَب | दब | wrestling or boxing match. |
| मल्लयुद्ध | पु. | मल्लों का युद्ध, कुश्ती। | کُشتی، دَبہٕ دَب | कुशती, दबुदब | wrestling or boxing match. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| मल्लविद्या | स्त्री. | कुश्ती के दाँव-पेंच। | دٕبدٕبہِ ژھل | दबुदबि छ़ल | art of wrestling. |
| मल्लाह | पु. | वह व्यक्ति जो नदी में नाव खेकर अपनी जीविका अर्जित करता हो, केवट, मांझी। | ناوِ ہانٛز | नावि् हांज़् | sailor, mariner, boatman. |
| मल्लाही | स्त्री. | मल्लाह का कार्य, पेशा और पद। | ہانٛزکار | हांज़्कार | profession of a sailor, business of boatman, seaman navigation. |
| मल्लिका | स्त्री. | 1. चमेली;<br>2. आठ अक्षरों का एक वर्णिक छंद। | یوسمن ؛<br>مٔلِکا چھند (ہیندی شایری اندر اکھ بحر) | योसमन;<br>मॅलिका छन्द ( ह्यन्दी शायरी अन्दर अख बहर) | Arabian jasmine;<br>a metre in Sanskri prosody, |
| मल्हार | पु. | 1. लाड़-प्यार या दुलार;<br>2. एक प्रसिद्ध राग जो वर्षा-ऋतु में गाया जाता है। | ٹاٹھنیار ؛<br>مٔلہار (کلاسیکی مُوسیقی ہنٛز اکھ راگ) | टाठिन्यार;<br>मल्हार ( कलासीकी मूसीकी हुंज़् अख राग) | fondling, caressing<br>a raga in Indian music sung especially in rainy season. |
| मवाद | पु. | घाव से निकलनेवाली पीब। | پاکھ | पाख | purulent matter, pus. |
| मवेशी | पु. | चौपाये, विशेषतः गाय, बैल, भैंस, आदि जिन्हें मनुष्य पालता है। | چارٕوائے | चारवोय | cattle. |
| मशक | स्त्री. | बकरी आदि की खाल का बना हुआ पानी भरने का थैला। | مَشِک | मॅशुक | a large leather waterbag. |
| युगल | वि. पुं. | युग्म, जोड़ा। | جُوری | जूर्य | pair, couple. |
| युगांत | पुं. | 1. प्रलय;<br>2. युग का अंतिम काल या समय। | قیامتھ، پرلے؛<br>آخر زمانہٕ | कयामथ, प्रलय;<br>आखिर ज़मानु | destruction of the universe;<br>the end of an age. |
| युगांतर | पुं. | प्रस्तुत युग के उपरांत आनेवाला दूसरा युग। | آینٕدٕ یِنہٕ وول<br>زمانہٕ | आयन्दु यिन वोल<br>ज़मानु | succeeding epoch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| युगावतार | पुं. | युग का अवतारी महान पुरुष। | زمانُک بوڑ منوش | ज़मानुक बोड मनोश | great man of the age. |
| युग्म | पु. | जोड़ा, ऐसी दो वस्तुएं जो प्रायः साथ आती या रहती हों। | جوٗر | जूर्य | pair, couple. |
| युग्मज | पु. | एक साथ एक ही गर्भ से उत्पन्न होनेवाले दो जीव। | دُکِہ | दुकि | twin. |
| | वि. | (ऐसे दो) जो एक साथ उत्पन्न हुए हों। | دوکہِ ویٚرِ | दुक वेरि | twin-born. |
| युत | वि. | देखें 'युक्त'। | سٗوس، وُچھو 'युक्त' | सोस, वुछिव 'युक्त' | see 'युक्त'. |
| युद्ध | पु. | किसी प्रकार के साधन से आपस में होनेवाली लड़ाई। | جنگ، لڑاے | जंग, लडाय | war, battle etc. |
| युद्धकारी | वि. | जो किसी से युद्ध कर रहा हो अथवा किसी युद्ध में किसी पक्ष से सम्मिलित हो। | جنگ کرن وول، یُدُکھ، جنگجو | जंग करन वोल, युदुख, जंगजू | making war, fighting. |
| युद्धपोत | पु. | वह बहुत बड़ा समुद्री जहाज जिस पर से सैनिक युद्ध करते हैं। | جنگی جہاز | जंगी जहाज़ | warship. |
| युद्धबंदी | स्त्री. | 1. युद्ध का रुकना, युद्ध-विराम। | جنگ بندی، | जंग बन्दी; | ceasefire. |
| | पु. | 2. लड़ाई का कैदी। | جنگُک قیدِ | जंगुक क़ैद्य | prisoner of war. |
| युद्धभूमि | स्त्री. | लड़ाई का मैदान, रणक्षेत्र। | میدانِ جنگ | मैदानि जंग | battle ground, field of battle. |
| युद्ध विराम | पु. | चलता हुआ युद्ध इस उद्देश्य से रोकना कि दोनों पक्ष आपस में संधि की बातचीत कर सकें। | جنگ بندی | जंगबन्दी | ceasefire. |
| युद्धोन्मत्त | वि. | जो युद्ध करने के लिए उतावला हो रहा हो। | جنگ باز | जंगबाज़ | mad for war. |
| युयुत्सु | वि. | जिसके मन में युद्ध करने की इच्छा हो। | جنگ یژھن وول، جنگجو | जंग यछ़न वोल, जंगजू | desirous of fighting, eager for battle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| युवक | पु. | नौजवान व्यक्ति, विशेषतः 16 से 35 वर्ष के बीच की अवस्था का व्यक्ति। | جوان | जवान | youth. |
| युवती | स्त्री. | जवान स्त्री। | فنڑر | फंड्र | young woman, damsel. |
| युवराज | पु. | वह सबसे बड़ा राजकुमार जो अपने पिता के राज्य का वास्तविक अधिकारी होता है। | وٕلیعہد،<br>یوٚراج،<br>شہزادٕ | वॆली अहद,<br>युवराज,<br>शहज़ादु | heir-apparent, crown-prince. |
| युवराज्ञी | स्त्री. | राजकुमारी। | شہزاز | शहज़ाज़ | princess. |
| युवा | वि. | जवान, जिसकी अवस्था सोलह से लेकर पैंतीस वर्ष तक के अन्दर हो। | جوان (عُمبرِ کنِی شُراہ پیٹھ پانٛژن تام) | जवान (वुम्बरि किन्य शुराहि प्यठ पांचन्नुह ताम) | young (between the age of 16 and 35 years.). |
| यूं | अव्य. | यों, इस प्रकार। | یِتھ پاٹھۍ | यिथु पाठ्य | thus, in this manner. |
| यूथ | पु. | 1. समूह, झुंड; | کھیوٚل؛ | ख्योल; | flock, herd (of birds, animals etc.); |
| | | 2. सेना की टुकड़ी। | فوٗجی دستہٕ | फूजी दस्तु | band or company of army. |
| यूथपति | पु. | 1. झुंड या दल का नेता; | کھیلِس وتہٕ ہاوُک؛ | ख्यलिस वतु हावुक; | leader or head of a flock or herd; |
| | | 2. सेना की टुकड़ी का अधिकारी। | کپتان | कपतान | captain or commander of a company or band of army. |
| ये | सर्व., वि. | 1. निर्दिष्ट समीपस्थ वस्तुएं या व्यक्ति; | یِم؛ | यिम; | these; |
| | | 2. दो या अधिक समीपस्थ वस्तुओं का बोध कराने के लिए प्रयुक्त होनेवाला विशेषण। | تِم | तिम | they. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| येन केन प्रकारेण | क्रि. वि. | किसी न किसी प्रकार। | کُنِہٕ پاٹھِن | कुनि पाठिन | some how or the other. |
| यों | | देखिए 'यूं.'। | وُچھِو 'यूं' | वुछिव 'यूं' | see 'यूं'. |
| यों ही (यूं ही) | क्रि. वि. | 1. इसी ढंग, तरह या प्रकार; | یِتھے پاٹھۍ؛ | यिथे पाठ्य; | in this way; |
| | | 2. बिना किसी आवश्यक प्रयोजन के। | یِتھے | यिथै | generally speaking. |
| योग | पु. | 1. दो या अधिक पदार्थों का एक में मिलना; | مُراکب؛ | मुराकब; | compound; |
| | | 2. पातंजलि द्वारा प्रवर्तित दर्शन की एक शाखा; | پاتنجلی سُنٛد یوٗگ شاستر؛ | पातंजलि सुन्द यूगु शास्तुर; | Yoga system of philosophy established by Patanjali; |
| | | 3. मानसिक एकाग्रता की साधना; | مَن مرکوٗز کرنٕچ مشق؛ | मन मरकूज़ करनुच मशुक; | concentration of mental faculties; |
| | | 4. उपाय; | وۄپاے؛ | वुपाय; | device, remedy; |
| | | 5. गणित में दो या अधिक संख्याओं का जोड़; | جمع (حسابُک)؛ | जमु (हिसाबुक); | (arith.) addition; |
| | | 6. फलित ज्योतिष में कुछ विशिष्ट काल या अवसर। | (جوتش) دُن گرہہ یتن ہُنٛد یکجا سمُن | (जोतिश) दुन ग्रेहयन हुन्द यकजा समुन | (astro) conjunction. |
| योग-क्षेम | पु. | कुशल-मंगल, खैरियत। | رٕژر | रुचर | well-being. |
| योगदर्शन | पु. | पातंजलि प्रणीत दर्शन की एक शाखा। | پاتنجلی سُنٛد فلسفہٕ | पातंजली सुन्द फलसफु | branch of philosophy established by Patanjali. |
| योगदान | पु. | किसी को सहायता देना। | دُیُت | द्युत | contribution. |
| योगफल | पु. | वह अंक या फल जो दो अंकों को जोड़ने से प्राप्त हो। | حاصِل جمع | हासिल जमु | sum, total. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| योगबल | पु. | योग से प्राप्त होनेवाला तेज या शक्ति। | یوگہ بل | यूग बल | force of devotion, the power or strength derived from continued abstract meditation. |
| योगमाया | स्त्री. | दार्शनिक और धार्मिक क्षेत्रों में ईश्वर या ब्रहम की वह माया जिससे नाम, गुण और रूप से युक्त यह सारी सृष्टि बनी है और जिसके अन्दर ईश्वर या ब्रहमा का तत्व छिपा हुआ व्याप्त है। | خلق بہ خودا، یوگ مایا | खलुक बॆ खुदा, यूग माया | power of God in th creation of the world personified as a deity. |
| योग-विद्या | स्त्री. | वह विद्या या शास्त्र जिसमें योग-संबंधी क्रियाओं का विवेचन होता है। | یوگک اٗلم | यूगुक अंलिम | science of Yoga. |
| योगशक्ति | स्त्री. | योग द्वारा प्राप्त होनेवाली शक्ति। | یوگہ شکھتی | यूग शक्ती | supernatural power attained through yoga. |
| योगसिद्ध | वि. | वह जिसने योग की सिद्धि प्राप्त कर ली हो। | یوگہ سیت مکمل، بنیوٗمت، کاٗمل | यूग सूति मुकमल बन्योमुत, कांमिल | perfected by mean of Yoga. |
| योगसिद्धि | स्त्री. | योग-क्रियाओं में दक्षता प्राप्त करना। | یوگس اَندر رسیدی (مہارت) حاصل کرٕنی | यूगस् अंदर स्यदी (महारत) हासिल करुन्य | acquiring mastery in Yoga practices. |
| योगाभ्यास | पु. | योग दर्शन में वर्णित विधि के अनुसार योग का अनुष्ठान या साधन। | یوگ سادُن | यूग सादुन | practising Yoga a directed in the Yoga philosophy. |
| योगाभ्यासी | पु. | योग की साधना करनेवाला योगी। | یوگ سادن دول | यूग सादन वोल | one who practises Yoga. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| योगायोग | पु. | उपयुक्तता तथा अनुपयुक्तता। | مُوافقت تہٕ، مُنافقت | मुवाफिक्त तु, मुनाफिक्त | suitability and unsuitability. |
| योगासन | पु. | योग-साधन के लिए विहित आसन अर्थात् बैठने के ढंग या मुद्राएं। | یوٗگُک آسن | युगुक आसन | posture of performing Yoga practices. |
| योगित्व | पु. | योगिता। | یوٗگی آسُن | यूगी आसुन | state or condition of Yogi. |
| योगिनी | स्त्री. | योग की साधना करनेवाली स्त्री। | وِگِنۍ | विगिन्य् | female Yogi. |
| योगिराज | पु. | योगियों में श्रेष्ठ, बहुत बड़ा योगी। | عظیم یوٗگی (مہا) | अजीम यूगी (महा) | king amongst Yogis, great Yogi. |
| योगी (जोगी) | पु. | 1. वह जो योग की साधना करता हो; | یوٗگِی، جوٗگی، | यूग्य, जूग्य; | follower of the Yoga system of philosophy,ascetic; |
| | | 2. शिव। | شِوناتھ | शवनाथ | Siva. |
| योग्य | वि. | 1. काबिल, लायक; | قابل، | काबिल; | qualified (for), able; |
| | | 2. उचित, मुनासिब। | مُناسِب قابلیت | मुनासिब काबिलियथ | proper, fit, suitable. |
| योग्यता | स्त्री. | 1. योग्य होने की अवस्था, धर्म या भाव; | قابِل آسُن؛ | काबिल आसुन; | suitability, propriety, fitness; |
| | | 2. काबलियत; | قابلیتھ، | काबिलियथ; | ability, capability; |
| | | 3. गुण। | گُن | गुन | quality. |
| योजक | वि. | जोड़ने या मिलानेवाला। | مِلناوَن وول | मिलनावन वोल | joining, uniting. |
| योजन | पु. | 1. जोड़ने, मिलाने आदि की क्रिया या भाव; | مِلناوُن؛ | मिलनावुन; | joining, uniting, fixing; |
| | | 2. दूरी नापने का एक पुराना माप जो चार कोस अथवा 8 या 9 मील के बराबर होता था। | ژور کرُوہ | चोर क्रूह | measure of distance equal to four 'Kosas' or eight or nine miles. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| योजना | स्त्री. | किसी भावी कार्य के निष्पन्न करने का प्रस्तावित कार्यक्रम। | منصوبہ | मनसूब् | scheme, planning. |
| योजना आयोग | पु. | वह प्रशासकीय संस्था जो राजकीय योजनाओं का संचालन करती है। | منصوبہ ساز کمشن | मनसूब् साज़ कमिशन | Planning Commission. |
| योजनीय | वि. | 1. जो किसी काम या बात में लगाए जाने के योग्य हो; | قابلِ استعمال؛ | काबिलि इस्तेमाल; | fit to be employed or used; |
| | | 2. जो मिलाने के योग्य हो। | ملناونس لائیکھ | मिलनावनस लायख | fit to be joined, fit to be united or connected. |
| योजित | वि. | 1. जिसकी योजना की गई हो; | تجویز شدہ؛ | तजवीज़ शुद; | planned; |
| | | 2. किसी काम या बात में लगाया हुआ; | لوگمت؛ | लोगमुत; | employed, used; |
| | | 3. जोड़ा या मिलाया हुआ। | جوڑمت | जूडमुत | joined, connected. |
| योद्धा | पु. | युद्ध करनेवाला सैनिक या सिपाही। | سپاہ | सिपाह | fighter, warrior, soldier, combatant. |
| योधन | पु. | युद्ध, लड़ाई। | جنگ | जंग | war, battle. |
| योनि | स्त्री. | 1. उत्पत्ति-स्थान; | آگُر؛ | आगुर; | place of birth or origin; |
| | | 2. स्त्रियों की जननेन्द्रिय; | زنانن ہُند شُری بانہٕ؛ | ज़नानन हुन्द शुर्य बान्; | female organ of generation; |
| | | 3. प्राणियों के विभाग, जातियां या वर्ग जिनकी संख्या पुराणों में 84 लाख कही गई है। | ژیو زاتھ (پرانو مطابق ۸۴ تو لچھو اندر کا شہ اکھ) | ज़ीव् ज़ाथ (पुरानव मुताब्यग ८४ तौ लछव अन्दर कॉह अख) | one class out of 84 lakh classes of creatures, according to Puranas. |
| योनिज | वि., पु. | जिसने योनि से जन्म लिया हो। | شُری بانہٕ منزٕ دٔرامت | शुर्य बान् मंज़ु द्रामुत | born of the womb, viviparous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| यौगिक | वि, पु. | 1. योग (दर्शन) से संबंध रखनेवाला; | یوگِک ؛ | युगुक; | relating to the religious practice of Yogaphilosophy |
| | | 2. दो शब्दों के योग या मेल से बना हुआ पद। | لفظِ مُرکّب | लफज़ि मुरक्कब | compound word. |
| यौन | वि. | पुरुष और स्त्रियों की जननेन्द्रियों से संबंध रखनेवाला। | جِنسی | जिनसी | sexual. |
| यौन-विकृति | स्त्री. | आधुनिक मनोविज्ञान में काम-वासना की तृप्ति के लिए उत्पन्न होनेवाली वह विकृत स्थिति जो स्वाभाविक संभोग से भिन्न और उसके विपरीत हो। | جِنسی وِکار | जिनसी व्यकार | sexual perversion. |
| यौन-विज्ञान | पु. | स्त्री-पुरुष की जननेन्द्रियों तथा तत्संबंधी क्रियाओं का विज्ञान। | عُلمِ جِنس | अ॑लिमि जिनुस | sexology. |
| यौवन | पु. | अवस्था का वह मध्यभाग जो बाल्यावस्था के उपरान्त आरम्भ होता है और जिसकी समाप्ति पर वृद्धावस्था आती है। | جوانی | जवा॑नी | youth, manhood. |
| रंक | वि., पु. | गरीब, कंगाल, दरिद्र। | نیُدیور، غریب | न्येद्योर, गरीब | poor, wretched. |
| रंग | पु. | 1. एक वर्ण, किसी दृश्य पदार्थ का वह गुण जो उसके आकार या रूप से भिन्न होता है और जिसका अनुभव केवल आंखों से होता है; | رنگ ؛ | रंग; | colour, hue, dye, complexion, paint; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शोभा, रौनक; | شۄب؛ | शूब; | glamour; |
| | | 3. ढंग, ढब; | ربط؛ | रबुत; | mode, manner; |
| | | 4. मनोरंजन, मस्ती। | دِل بہلٲئی | दिल बेहलाई | amusement, mood. |
| रंग-ढंग | पु. | आचरण, व्यवहार आदि का प्रकार या रूप, तौर-तरीका। | طور طریقہٕ | तोरतरीकु | manners, demeanour, conduct. |
| रंगत | स्त्री. | 1. किसी रंग की झलक; | رنٛگت؛ | रंगत; | colour, complexion, tint; |
| | | 2. प्रभाव, छाप। | اثر | असर | influence. |
| रंगदानी | स्त्री. | वह प्याली जिसमें चित्रकार आदि किसी चीज पर लगाने के लिए अपने सामने रंग रखते हैं। | رنٛگہٕ دانۍ | रंगु दान्य | colour pot. |
| रंगना | स. क्रि. | 1. रंग में डुबाकर किसी चीज को रंगीन करना; | رنٛگ دیُن؛ | रंग द्युन; | to colour, to dye, to paint; |
| | | 2. लेखन में बहुत अधिक लिखना; | سێٹھاہ لیکھُن؛ | स्यठा लेखुन; | to write excessively; |
| | | 3. किसी को अपने प्रेम में फंसाना; | وُڈٕ انُن، جادٕر ہانٛکلہٕ کرٕنۍ؛ | वुटि अनुन, जाद्य हांकल करुनि; | to infatuate; |
| | | 4. अपने अनुकूल करना, प्रभावित करना। | اثر ترٛاوُن | असर त्रावुन | to influence. |
| रंगबाज | वि. | 1. दूसरों पर अपना प्रभाव जमानेवाला; | بێین پێٹھ اثر ترٛاوَن وول؛ | ब्यन प्यठ असर त्रावन वोल; | one who influences others; |
| | | 2. मौजमस्ती करनेवाला। | بےٚ پرواے | बे परवायि | one who makes merry, a happy go-lucky fellow. |
| रंगबाजी | स्त्री. | 1. रंगबाज होने की अवस्था या भाव; | اثر ترٛاوُن؛ | असर त्रावुन; | act of influencing others, merry making; |
| | | 2. ताश का एक प्रकार का खेल। | تاسچ اکھ کھیل | तासुच अख खेल | game of cards. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रंग-बिरंगा (रंग-बिरंग) | वि. | 1. कई रंगों का; | رنگا بِرنگی ؛ | रंगाबरंगी; | of various colours. multicoloured. variegated; |
| | | 2. कई प्रकार का। | واراہ قسمُک | वाराह कसुमुक | of diverse kinds or sorts. |
| रंगभूमि | स्त्री. | 1. आमोद-प्रमोद का स्थान; 2. नाटक खेलने का स्थान। | دِل بہلاؤی ہٕنزٕ جاے ؛ سٹیج | दिल बहलाई हुंज़ जाय; सिटेज | place of amusement; place of acting. stage, theatre. |
| रंगमंच | पु. | वह ऊंचा उठा हुआ स्थान जहां पर पात्र अभिनय करते हैं। | سٹیج | सिटेज | stage for acting. |
| रंग-रसिया | पु. | वह व्यक्ति जिसकी प्रवृत्ति आमोद-प्रमोद में लगी रहती हो, विलासी पुरुष। | مُوجی عیاش | मूजी अयाश | one who makes pleasure his aim, lascivious person. |
| रंगरूट | पु. | पुलिस, सेना आदि में भर्ती हुआ नया व्यक्ति। | رنگروٹھ | रंगरोठ | recruit, novice. |
| रंगरेज | पु. | वह जो कपड़े रंगने का व्यवसाय करता हो। | رنگُر | रंगुर | dyer. |
| रंगरेली | स्त्री. | आमोद-प्रमोद, आनंद, क्रीड़ा। | خوشی مناوُن | खोशी मनावुन्य | rejoicing, merriment, pleasure, revelry. |
| रंगवाई | स्त्री. | रंगवाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक। | رنگُر موزوٗرؠ | रंगुर्य मोज़ूर्य | act of getting clothes dyed or price paid for dyeing. |
| रंगवाना | स. क्रि. | रंगने का काम किसी दूसरे से कराना। | رنگ دِیاوُن | रंग द्यावुन | to get the work of dyeing done by others. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रंगशाला | स्त्री. | 1. नाट्यशाला;<br>2. भोग-विलास का स्थान। | پأتھر کرنچ جاے؛<br>عأش کرنچ جاے | पाथुर करुनच जाय;<br>आश करुनच जाय | theatre;<br>place of making mirth or enjoyment. |
| रंगसाज | पु. | वह जो चीजों पर रंग चढ़ाता हो। | رنگ ساز | रंग साज़ | painter, colourman. |
| रंगसाजी | स्त्री. | रंगसाज का काम, पेशा या भाव। | رنگ سأزی | रंग सांज़ी | mixing or making colours, painting. |
| रंगाई | स्त्री. | रंगने का काम, पेशा, भाव या मजदूरी। | رنگائ | रंगाय | act of colouring or dyeing, etc. or price paid for colouring, etc. |
| रंगाना | स. क्रि. | रंगवाना। | رنگ دیاوُن | रंग द्यावुन | to cause to be coloured or dyed. |
| रंगारंग | वि. | 1. बहुत से रंगोंवाला;<br>2. अनेक प्रकार का। | رنگابرنگی؛<br>واراہ قسمُک | रंगाबरंगी;<br>वाराह कुसुमुक | of various or many colours;<br>of different sorts or kinds. |
| रंगावट | स्त्री. | रंगे हुए होने का भाव। | رنگ کرُن،<br>رنگُن | रंग करुन,<br>रंगुन | colouring, dyeing. |
| रंगा सियार | पु. | ऐसा व्यक्ति जो ऊपर से तो भला लगता हो पर हो बहुत बड़ा चालाक और धूर्त। | گبی بُتھِ رامہ<br>ہُون | गबि बुथि रामु<br>हून | innocent-looking person who is wicked at heart. |
| रंगीन | वि. | 1. रंगदार;<br>2. जिसकी प्रकृति या स्वभाव में विनोद, विलास आदि तत्वों की प्रधानता हो। | رنگدار؛<br>اسوُن زِندہ دل | रंगदार;<br>असुवुन जिन्दुदिल | coloured, painted:<br>gay, lively, jovial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रंगीनी | स्त्री. | 1. रंगीन होने की अवस्था या भाव; | رٔنگیٖنی؛ | रंगीनी; | being coloured, being of various colours; |
| | | 2. बनाव-सिंगार। | لوٗبہٕ وُن ساز | लूब वुन साज़ | elegant or colourful make-up. |
| रंगीला (रंगीली-स्त्री.) | वि. | 1. रसिक प्रकृति; | موٗجی، خوش خوشالہٕ؛ | मूजी, खुश खुशालु; | gay, merry, jovial, colourful; |
| | | 2. कई रंगों से युक्त होने के कारण आकर्षक और मनोहर लगनेवाला। | زرکہٕ برکہٕ کرٕوُن، تہٕ شوٗبہٕ وُن | ज़रकु बरकु करवुन, तु शूबवुन | gaudy, showy. |
| रंच (रंचक) | वि. | थोड़ा, अल्प। | رژھ | रछ़ | little. |
| रंज | पुं. | मन में होनेवाला दु:ख। | رنج، غم، ملالہٕ | रंज़, गम, मलालु | trouble, sorrow, grief, affliction. |
| रंजक | पुं. | प्राय: आनन्द-मंगल करने और प्रसन्न रहनेवाला। | بےٚپرواے، مستہٕ مولا | बेपरवायि, मस्तुमोला | happy-go-lucky, carefree. |
| रंजन | पुं., वि. | 1. रंगने की क्रिया या भाव; | رٔنگُن؛ | रंगुन; | act of colouring, dyeing or painting; |
| | | 2. चित्त प्रसन्न करने की क्रिया या भाव। | مَن پسندی، رٕنزناوُن | मनपसुन्दी, रंज़ुनावुन | pleasing, delighting. |
| रंजनीय | वि. | 1. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो; | خوش کرنَس لایکھ؛ | खुश करनस लायख; | one who can be pleased or made happy; |
| | | 2. जो रंगे जाने के योग्य हो। | رٔنگنَس لایکھ | रंगुनस लायख | fit to be coloured or dyed. |
| रंजित | वि. | 1. जिसका चित्त प्रसन्न किया गया हो; | خوش کوٚرمُت؛ | खुश कोरमुत; | delighted, pleased, amused; |
| | | 2. किसी के अनुराग या प्रेम में पगा हुआ। | عاشق گوٚمُت | आशक गोमुत | infatuated, charmed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रँजिश | स्त्री. | किसी की ओर से मन में बैठा हुआ रंज। | رٔنجِش، دُی | रँजिश, दुय | animosity, ill-feeling. |
| रंजीदगी | स्त्री. | दुःख होने की अवस्था या भाव। | رٔنجیدِگی | रंजीदुगी | state of sadness, sorrow or affliction. |
| रंजीदा | वि. | जिसे रंज हो, दुःखित। | رٔنجیدہ | रंजीद् | afflicted, grieved, sorrowful, sad, gloomy. |
| रंडापा | पु. | विधवा होने की दशा या भाव। | موٗنڈٕس | मुंडुस | widowhood. |
| रंडी | स्त्री. | वेश्या। | گانٛژ | गान्य | harlot, prostitute. |
| रंद | पु. | किले की दीवार का वह झरोखा जिसमें से बाहर गोले फेंके जाते थे। | کھرِچھ | खर्फ | hole in the wall of fort from which guns were fired. |
| रंदना | स. क्रि. | रंदे से छीलकर लकड़ी की सतह चिकनी और समतल करना। | رٔندٕ دیُن | रंदु द्युन | to plane. |
| रंदा | पु. | बढ़इयों का एक औजार जिसमें वे लकड़ी की सतह छीलकर चिकनी और समतल करते हैं। | رٔندٕ | रंदु | joiner's or carpenter's plane. |
| रंधन | पु. | 1. रसोई बनाने की क्रिया; 2. नष्ट या बरबाद करना। | رنُن ؛ بور باد کرُن | रनुन; बोरबाद करुन | act of cooking, dressing of food: act of destroying. |
| रंधना | अ. क्रि. | भोजन का पकाया जाना। | رنٛنہٕ ناوُن | रनुनावुन | to be cooked. |
| रंध्र | पु. | छिद्र, सूराख। | سُراخ، زوٗد | सुराख, ज़ोद | hole. aperture. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रंभा | पु., स्त्री. | 1. लोहे का वह मोटा भारी डंडा जिसका अगला सिरा धारदार होता है और जिससे आघात करके मजदूर जमीन या दीवार में छेद करते हैं; | سٔنبل ؛ | संबल; | sharp-headed iron rod used for boring into earth etc.; |
| | | 2. एक अप्सरा का नाम। | اٰکِس پَری ہُنٛدناو | अंकिस परी हुन्द नाव | name of a celebrated Apsara. |
| रंभाना | अ. क्रि. | गाय का बोलना। | ٹانگ دِنۍ | टांग दिन्य | to bellow (as cow). |
| रई | स्त्री. | 1. मथानी; | چھوٗنٛپھ ؛ | छोंफ; | churning staff, churner; |
| | | 2. गेहूं का मोटा आटा, सूजी। | سوٗجۍ | सूज्य् | coarse flour of wheat; |
| रईस | पु. | अमीर या धनी व्यक्ति, सरदार। | رٔئیس | रईस | rich or wealthy man, nobleman. |
| रईसज़ादा | पु. | रईस या बहुत बड़े आदमी का लड़का। | رٔئیس زادٕ | रईस जाद् | son of a rich or big man. |
| रईसी | स्त्री. | रईस होने की अवस्था या भाव। | رٔئیسی | रईसी | state of being wealthy. |
| रकबा | पु. | क्षेत्रफल। | رُقبہٕ | रुकब् | area. |
| रकम | स्त्री. | रुपया-पैसा जिसकी संख्या नियत या सूचित की गई हो, राशि। | رقم | रकम | amount or sum (of money). |
| रकाब | स्त्री. | घोड़े की काठी का झूलता हुआ पायदान जिस पर पैर रखकर घोड़े पर सवार होते हैं और बैठने में जिससे सहारा लेते हैं। | رِکابہٕ | रिकाब् | stirrup. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **रकाबी** | स्त्री. | छिछली गोल छोटी थाली। | رِکاب | रिकांब्य | dish, plate. |
| **रक्त** | पु. | 1. लाल रंग का वह तरल पदार्थ जो शरीर की नसों आदि में बहा करता है; | رَتھ ؛ | रथ; | blood; |
| | वि. | 2. लाल; | وۄزُل ؛ | वुज़ुल; | red; |
| | | 3. रंगा हुआ। | رۄنگمُت | रोंगमुत | coloured, dyed. |
| **रक्तचाप** | पु. | चिकित्साशास्त्र में एक रोग जिसमें अवस्था के प्रसम अनुपात से रक्त का दबाव या वेग घट या बढ़ गया होता है। | پریشر | प्रेशर | blood-pressure. |
| **रक्तदान** | पु. | रोगियों को आवश्यकता पड़ने पर स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किया जानेवाला रक्त का दान। | خوٗن دِیُن | खून द्युन | donation of blood. |
| **रक्तदोष** | पु. | रक्त में विकार या खराबी। | خوٗنٕچ خرٲبی | खूनुच खरॉबी | deterioration of blood. |
| **रक्तपात** | पु. | 1. ऐसी मारपीट या लड़ाई-झगड़ा जिसमें मारकाट के कारण अनेक शरीरों से खून बहता है; | خوٗنریزی ؛ | खूनरीज़ी; | bloodshed; |
| | | 2. रक्तस्राव। | خوٗن نیرُن | खूनन्येरुन | bleeding. |
| **रक्तपायी** | वि., पु. | 1. खून पीनेवाला; | (پکُن)، رَتھ چٕنہٕ وول ؛ | (पकुन), रथ चनु वोल; | blood-drinking; |
| | | 2. खटमल। | ژٕر | चर | bug. |
| **रक्तप्रदर** | पु. | स्त्रियों के प्रदर रोग का वह भेद जिसमें उनकी योनि से रक्त बहता है। | خوٗن جٲری گژھُن | खून जॉरी गछुन | feminine disease in which blood flows from the womb. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रक्तबैंक | पु. | वह स्थान जहां स्वस्थ व्यक्तियों के शरीर से निकाला हुआ रक्त इसलिए सुरक्षित रखा जाता है कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे रोगियों के शरीर में प्रविष्ट किया जा सके जो रक्त की कमी के कारण मरणासन्न हो रहे हों। | رتؠ بینک | रतु बंक | blood bank. |
| रक्तविकार | पु. | दे. 'रक्तदोष'। | خوٗنٕچ خرابی | खूनुच खराबी | see 'रक्त दोष'. |
| रक्तसंबंध | पु. | एक ही कुल, परिवार या वंश की दृष्टि से होनेवाला संबंध। | خوٗنٕک رِشتہٕ | खूनुक रिशतु | blood relation. |
| रक्तस्राव | पु. | शरीर के किसी अंग से रक्त निकलना या बहना। | رَتھ یُن (پکُن) | रथ युन ( पकुन) | flow of blood, haemorrhage |
| रक्ताभ | वि. | जो कुछ-कुछ लाली लिए हुए हो। | سُرخی مائِل | सुरखी मायिल | red looking, reddish. |
| रक्ताल्पता | स्त्री. | रक्त की कमी। | خوٗنٕچ کمی | खूनुच कमी | anaemia. |
| रक्षक | पु. | रक्षा करनेवाला, बचानेवाला। | رَچھن وول | रछन वोल | protector, preserver, guardian, keeper, guard, |
| रक्षण | पु. | रक्षा करने की क्रिया या भाव। | رچھُن | रछुन | act of guarding, watching, protecting, preserving, protection. |
| रक्षणीय | वि. | रक्षा किये जाने के योग्य। | رَچھنس لایَکھ | रछनस लायख | to be guarded or preserved or protected from. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रक्षा | स्त्री. | ऐसा काम जो आक्रमण, आघात, आपद, नाश आदि से बचने या बचाने के लिए किया जाता है, संभाल। | بچاو | बचाव | defence, protection, custody. |
| रक्षा-कवच | पु. | कोई ऐसी चीज या बात जो सब प्रकार से किसी की रक्षा के लिए यथेष्ट मानी जाती है। | رٔچھ | रॆछ | which protects or shields from all sorts of calamities etc. |
| रक्षाबंधन | पु. | हिन्दुओं का एक त्यौहार जो श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को होता है और जिसमें बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती हैं। | راکھی گنٹرِ ن | राखी गंड्न्य | Hindu festival in which sisters bind an amulet on the wrist of their brothers. |
| रक्षिका | स्त्री. | 1. रक्षा या हिफाजत करनेवाली स्त्री; 2. गंडा, तावीज आदि। | راچھ کرن<br>واجینٛی؛<br>رٔچھ، تاویز | रॉछ करन<br>वाज़ेन्य;<br>रॆछ, तावीज़ | chaperon, female guardian; amulet, charm. |
| रक्षित | वि. | जिसकी रक्षा की गई हो, संभाल कर रखा हुआ। | رٹچھمت | रॊछमुत | protected, preserved. |
| रक्षी | पु. | रक्षक, बचानेवाला। | راچھدر | रॉछदर | one who guards or protects, guard, protector, watch, sentinel. |
| रक्षीदल | पु. | पुलिस-विभाग के साधारण सिपाहियों के वर्ग का सामूहिक नाम। | پُلیس گارد | पुलीस गारद | police contingent. |
| रखना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु पर या किसी वस्तु अथवा स्थान में स्थित करना; | تھاوُن، تھوُن؛ | थावुन, थवुन; | to put or to place to lay (upon); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अपने अधिकार में लेना; | قبضہٕ کرُن؛ | कब्ज़ु करुन; | to take into possession; |
| | | 3. संग्रह करना; | جمہٕ کرُن؛ | जमा करुन; | to keep; |
| | | 4. सेवा में लेना। | کامہِ لاگُن | कामि लागुन | to employ. |
| रख-रखाव | पु. | 1. मर्यादा, परम्परा, व्यवहार, संबंध आदि का उचित रूप में होनेवाला निर्वाह; | آداب؛ | आदाब; | decorum, etiquette; |
| | | 2. देख-भाल। | پروٗرِش | परवरिश | maintenance. |
| रखवाई | स्त्री. | 1. रखवाली; | راُچھ؛ | रांछ; | keeping, guarding; |
| | | 2. रखवाली करने का काम, भाव या मजदूरी। | راُچھ مٔزوٗری، راُچھ دری | रांछमोज़ूर्य, रांछदरी | act of or price paid for keeping etc. |
| रखवाना | स. क्रि. | 1. रखने की क्रिया; | تھوناوُن، تھاوناوُن؛ | थवुनावुन, थावनावुन; | to cause to be kept; |
| | | 2. किसी को कुछ सौंपने में प्रवृत्त या विवश करना। | امانتھ تھاوُن (تھوُن) | अमानथ थावुन (थवुन) | to have (a thing) placed in charge or custody (of) etc. |
| रखवाला | पु. | पहरा देनेवाला। | راُچھدر | रांछदर | guard, keeper, custodian. |
| रखवाली | स्त्री. | 1. रक्षा करने की क्रिया या भाव, हिफाजत; | راچھ؛ | रांछ; | protection, safe guarding, custody; |
| | | 2. चौकीदारी, पहरेदारी। | چوٗکیدری | चूक्यदरी | watch, guard, care. |
| रखाई | स्त्री. | 1. रखवाली; | راُچھ؛ | रांछ; | keeping, guarding, etc.; |
| | | 2. रखवाली करने के बदले में मिलनेवाला पारिश्रमिक। | راُچھ ونٛی، راُچھ دٔری | रांछवंन्य, रांछदरी | wages for the act of watching, guarding, keeping, etc. |
| रखाना | स. क्रि. | रखने की क्रिया दूसरे से कराना। | تھاوناوُن | थावुनावुन | to cause to keep. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रखैल | स्त्री. | बिना विवाह किए ही घर में पत्नी के रूप में रखी हुई स्त्री। | داشتہٕ | दाशत़ | keep, concubine. |
| रग | स्त्री. | शरीर की नस या नाडी। | رگ | रग | artery, vein. |
| रगड़ | स्त्री. | 1. रगड़ने की क्रिया या भाव; | رگڑ، فش؛ | रगड़, फश; | rubbing; |
| | | 2. वह चिहन जो किसी चीज से रगड़े जाने पर लक्षित होता है, खरोंच। | چھوکھ، زُل، فش رُکھ پوٚنز | छ़ुख, ज़ुल, फश ऱुख पोंज़ | abrasion, friction, rub, bruise. |
| रगड़ना | स. क्रि. | 1. किसी चीज के तल पर किसी दूसरी चीज का तल बार-बार दबाते हुए चलाना; | رٕگڑُن، زورٕ فش یا گس دیُن؛ | रंगड़ुन, ज़ोरु फश या गस द्युन; | to rub, to scrub; |
| | | 2. दो तत्वों के बीच रखी हुई वस्तु को चूर-चूर करना; | پیہُن؛ | पिहुन; | to grind or grate; |
| | | 3. निरंतर अत्यधिक परिश्रमपूर्वक काम करते रहना। | گریٹِنِ لگُن، زیادٕ کام کرُن | ग्रेटिनि लगुन, ज्यादु कोम करुन्य | to overwork. |
| रगड़वाना | स. क्रि. | 1. रगड़ने का काम दूसरे से कराना; | رٕگڑاوُن؛ | रंगड़ावुन; | to cause to rub; |
| | | 2. किसी पर रगड़ने की क्रिया करवाना। | فش یا گس دِوناوُن | फश या गस दिवुनावुन | to cause to be rubbed. |
| रगड़ा | पु. | 1. किसी चीज में रगड़ लगने पर होनेवाला आघात; | ژھِنۍ؛ | छ़िन्य; | mark of friction or rubbing; |
| | | 2. रगड़ने की क्रिया या भाव; | رٕگڑُن، فش دیُن | रंगड़ुन, फश द्युन | rubbing; |
| | | 3. बराबर कुछ समय तक चलता रहनेवाला झगड़ा या वैर-विरोध। | جگرٕ، ٹنڈ | जंगर, टंडु | quarrel or animosity which lasts for some time. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रगड़ा-झगड़ा | पु. | बहुत समय तक चलता रहनेवाला झगड़ा या लड़ाई। | مۆژ ژکری | मुचुकरी | long standing quarrel or strife. |
| रगेदना | स. क्रि. | बल प्रयोग करते हुए भगाना, खदेड़ना। | چھگ ژانۍ<br>ژلہ راوُن | छग चानन्य<br>चलुरावुन | chase or drive off or away. |
| रचना | स्त्री. | 1. रचने की क्रिया या भाव; | بناوُن ؛ | बनावुन; | making, forming; |
| | | 2. बनाकर तैयार की हुई चीज, कृति; | بنووُمت<br>(چیز) ؛ | बनोवमुत<br>(चीज़) ; | created thing, structure, fabrication; |
| | | 3. साहित्यिक अथवा कलात्मक कृति। | تخلیق<br>(ادبی) | तखलीक<br>(अदबी) | literary or artistic production or composition. |
| रचना-तंत्र | पु. | रचना का कलात्मक और कौशलपूर्ण प्रकार। | بناوٹھ | बनावठ | constitution. |
| रचनात्मक | वि. | ऐसा कार्यादि जिससे निर्माण, वृद्धि आदि हो। | تأمیری | तामीरी | constructive. |
| रचना-प्रक्रिया | स्त्री. | किसी पदार्थ के निर्माण का ढंग। | بناوُنک طریقہ | बनावनुक तरीक़ | process of creation or construction. |
| रचयिता | पु. | रचना करनेवाला, बनानेवाला। | مُصنف ،<br>لیکھن وول | मुसनिफ,<br>लेखन वोल | author, composer. |
| रचवाना | स. क्रि. | 1. दूसरे को रचना करने में प्रवृत करना; | بناوناوُن ؛ | बनावनावुन; | to cause to create or make; |
| | | 2. किसी चीज की रचना दूसरे से करवाना। | بناوناوُن | बनावुनावुन | to cause to get created or made. |
| रचाना | स. क्रि. | अनुष्ठान या आयोजन करना, जैसे-ब्याह रचाना, यज्ञ रचाना। | کرُن (ہوَن،<br>خانَدر) | करुन ( हवन,<br>खांदर) | to cause to perform sacrificial ceremony or celebrate marriage ceremony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रचित | वि. | रचा हुआ, कृति आदि के रूप में प्रस्तुत किया हुआ। | تیار کوٚرمُت، لیُوکھمُت | तैयार कोरमुत, ल्यूखमुत | made, formed, created, composed. |
| रज | स्त्री., पुं. | 1. धूल; | گرٕد؛ | गरुद; | dust; |
| | | 2. पराग; | وِیوُر؛ | व्यूर; | pollen of flowers; |
| | | 3. रजोगुण। | رٕزوگون | रेज़ुगुन | second of the three Gunas or constituent qualities of all substances. |
| रजक | पुं. | धोबी। | دۄب | दोब | washerman. |
| रजत | पुं. | 1. चांदी; | رۄپھ؛ | रुफ; | silver; |
| | वि. | 2. रुपहला, चांदी का बना। | رۄپہٕ سُنٛد | रुप सुन्द | silvery, made of silver. |
| रजत-जयंती | स्त्री. | किसी व्यक्ति अथवा संस्था की 25वीं वर्षगांठ पर मनाई जानेवाली जयंती। | سِلور جُبلی (۲۵ وُہُر جلسہ) | सिलवर जुबली (२५ वुहुर जलस) | silver jubilee. |
| रजतपट | पुं. | वह परदा जिस पर सिनेमाघर में चित्र दिखलाए जाते हैं। | سیٚنِما پردٕ | स्येनिमा परद | screen. |
| रजनी | स्त्री. | रात, रात्रि। | راتھ | राथ | night. |
| रजनीकर | पुं. | चंद्रमा। | زوٗن | ज़ून | moon. |
| रजनीगंधा | स्त्री. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फूल रात के समय खिलते हैं। | رجُنی گندا | रजुनी गन्दा | the tuberose, polianthes tuberosa. |
| रजनीचर | पुं. | राक्षस। | راکھیُس | राख्युस | evil spirit. |
| रजनीपति | पुं. | रात का स्वामी, चंद्रमा। | ژنٛدرمہٕ | चन्दरमु | lord of night, moon. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रजनीमुख | पु. | संध्या, रात होने से कुछ पहले का समय। | گٹہ زول | गट्ज़ोल | nightfall; evening. |
| रजनीश | पु. | रात का स्वामी, चंद्रमा। | زۆن | ज़ून | lord of the night, moon. |
| रजवाड़ा | पु. | मध्ययुग तथा ब्रिटिश भारत में देशी रियासत। | رِیاست | रियासत | small state during the mediaeval period and the British rule. |
| रजस्वला | वि., स्त्री. | जिसका रक्त प्रवाहित हो रहा हो। | اَتھ چھیٹ<br>ماہواری لد<br>(زَنانہ) | अथ छ्येट<br>माहवारी लद<br>(ज़नानु) | woman during the menses. |
| रजाई | स्त्री. | एक प्रकार का रुईदार ओढ़ना। | رضائے | रज़ाय | quilt. |
| रजामंद | वि. | जो किसी बात पर राजी या सहमत हो। | رَضامَند | रज़ामन्द | willing, consenting. |
| रजामंदी | स्त्री. | रजामंद होने की अवस्था या भाव। | رضامندی | रज़ामन्दी | willingness, consent. |
| रजोगुण | पु. | सांख्य के अनुसार प्रकृति के तीन गुणों में से दूसरा गुण जिससे जीवधारियों में भोग-विलास तथा बल-वैभव के प्रदर्शन की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। | رذگون | रोज़गुन | according to Samkhya, the second of the three Gunas or constituent qualities of all material substances. |
| रजोदर्शन | पुं. | 1. स्त्रियों का पहली बार रजस्वला होना; | گوڈنچ ماہواری شورو گژھنۍ | गोडनिच माहवारी शुरु गछुन्य; | first appearance of the menstrual excretion, first menstrual flow; |
| | | 2. स्त्रियों का मासिक धर्म। | ماہواری | माहवारी | menstruation. |
| रजोधर्म | पु. | स्त्रियों का मासिक धर्म। | ماہواری | माहवारी | menstruation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रजोनिवृत्ति | स्त्री. | स्त्रियों की वह अवस्था या दशा जिसमें उनका मासिक रजोदर्शन सदा के लिए बंद हो जाता है। | ماہواری بند گژھن | माहवारी बन्द गछुन | age at which the menstrual flow ends for ever. |
| रज्जु | स्त्री. | रस्सी। | رز | रज़ | rope, cord, string. |
| रज्जुमार्ग | पु. | ऊंची-नीची पंकित या पहाड़ी जगहों, बड़े बड़े कल-कारखानों आदि में एक स्थान से दूसरे स्थान तक चीजें पहुंचाने के लिए खंभों में रस्से बांधकर बनाया गया मार्ग। | رزِ وتھ | रज़ि वथ | rope way. |
| रटंत | स्त्री. | रटने की क्रिया या भाव। | گوٹھ کرن | गोट्ठ कुन | cramming, learning by heart or repetition. |
| रट | स्त्री. | रटने की अवस्था, क्रिया या भाव। | گوٹھ، بیٚیہٕ تہٕ بیٚیہٕ تی پھرن | गोट्ठ, ब्यि तु ब्यि ती फिरुन | repetition. |
| रटना | स. क्रि. | कंठस्थ करने तथा स्मृति-पथ में लाने के लिए किसी पद, वाक्य आदि का बारबार और जोर-जोर से उच्चारण करना। | گوٹھ کرن | गोट्ठ कुन | to cram, to repeat, to learn by heart. |
| रड़क | स्त्री. | चुभन, हल्का दर्द या पीड़ा। | ڈلن دگ (اَچھ ہُنز) | डलन दग (अछ हुँज़) | pricking pain. |
| रड़कना | अ. क्रि. | 1. हलका दर्द होना; | لوٗژ/سوٗژ، دگ کرُنۍ؛ | लोच/सोच, दग करुन्य; | to pain; |
| | | 2. शरीर में किसी गड़ी या चुभी हुई चीज की कष्टदायक अनुभूति होना। | اژن دگ | अचन दग | to prick. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रण | पु. | लड़ाई, युद्ध। | جنگ | जंग | battle, war, combat,fight, conflict. |
| रण-क्षेत्र | पु. | युद्धभूमि। | مأدانِ جنگ | मादानि जंग | battle-field. |
| रणन | पु. | शब्द करना। | تھدِ ناد دیُن | थदि नाद द्युन | to make sound. |
| रण-भूमि | स्त्री. | लड़ाई का मैदान। | مأدان جنگ | मादानि जंग | battle-ground, field of battle. |
| रणभेरी | स्त्री. | युद्ध आरंभ होने का संकेत करने के लिए बजाया जानेवाला वाद्य। | جنگی باجہِ | जंगी वाजि | battle bugle. |
| रण-रंग | पुं. | 1. युद्ध का उत्साह; 2. युद्ध-क्षेत्र। | جنگی جوش؛ مأدانِ جنگ | जंगी जोश; मादानि जंग | bellicosity; battle-field. |
| रण-वाद्य | पुं. | युद्ध का बाजा। | جنگی باجہِ | जंगी वाजि | instrument of military music. |
| रण-स्थल | पु. | लड़ाई का मैदान। | مأدانِ جنگ | मादानि जंग | battle-field. |
| रणांगण | पु. | लड़ाई का मैदान। | لڑایہِ ہُند مأدان | लडायि हुन्द मादान | battle place, field of battle. |
| रत | वि. | जो किसी काम में पूरे मनोयोग से लगा हुआ हो। | محو | महव | engaged in, devoted to, absorbed in. |
| रतजगा | पु. | ऐसा उत्सव जिसमें लोग रात भर जागते रहें। | شَب بیدارٔی، زاگرن | शब बेदारी, जागुरन | keeping awake whole night (on certain religious occasions). |
| रतनार | वि. | लाल रंग का। | سوٗرخ | सुरख | of red colour. |
| रतालू | पु. | पिंडालू नामक कंद जिसकी तरकारी बनाते हैं। | اکِہ قسمِچ سوٗرخ سبزی | अकि कुसुमुच सुरख सब्ज़ी | a species of red yam. |
| रति | स्त्री. | 1. कामक्रीड़ा; | سنگ کرُن، صُحبَت کرنۍ، میوٗل کرُن؛ | संग करुन, सोहबत करन्य, म्युल करुन; | sexual union, coition, copulation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. साहित्य में शृंगार-रस का स्थायी भाव; | محبتُک جذبہ (ادبس منز)؛ | मोहबतुक जज़्बु (अदबस मंज़); | (in lit.) sentiment of love; |
| | | 3. प्रेम की देवी तथा कामदेव की पत्नी का नाम। | کامدیوٕنۍ آشِنۍ | कामुदीवुन्य आशुन्य | name of the goddess of love personified as wife of Cupid. |
| रति-क्रिया | स्त्री. | सम्भोग। | سَنگ، صُحبتھ، میُول کرُن | संग, सोहबथ, म्युल करुन | sexual union, sexual intercourse. |
| रतिरंग | पुं. | प्रणय-व्यापार, काम-क्रीड़ा। | خوشی، لولہٕ گِندُن، لولہٕ کھیل | खोशी, लोलु गिन्दुन, लोलु खेल | pleasure of love, sexual intercourse. |
| रतौंधी | स्त्री. | आंख का एक प्रसिद्ध रोग जिसके कारण रोगी को रात के समय कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता। | راتہٕ انیٚر | रातु अन्यर | night-blindness, nyctalopia. |
| रत्ती | स्त्री. | 1. माशे के आठवें अंश या सवा दो ग्रेन के बराबर की तौल या मान; | رَتھ؛ | रछ; | a weight equal to eight barley-corns, or 2¼ grains; |
| | | 2. घुंघची का दाना या बीज जिसका बाट के रूप में प्रयोग होता है। | رتہٕ پھول | रचु फोल | the seed of **Abrus precatorius** used as weight. |
| रत्न | पुं. | कुछ विशेष छोटे चमकीले खनिज पदार्थ या बहुमूल्य पत्थर जो आभूषण आदि में जड़े जाते हैं। | جواہِر | जवाहिर | jewel, gem, precious stone. |
| रत्नाकर | पुं. | 1. समुद्र, सागर; 2. ऐसी खान जिसमें से रत्न निकलते हों। | سۄدُر؛ جواہِر کان | सोदुर; जवाहिर कान | sea, ocean; jewel mine. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **रथ** | पुं. | प्राचीन काल की एक प्रकार की सवारी जिसमें चार या दो पहिये हुआ करते थे। | رَتھ | रथ् | chariot. |
| **रथयात्रा** | स्त्री. | रथ में किसी देवी या देवता की मूर्ति को रख कर निकाली जानेवाली यात्रा। | رَتھ جاترا | रथ् जात्रा | procession of an idol placed in a chariot. |
| **रथवान** | पुं. | रथ हांकनेवाला। | رَتھ چلاوَن وول، کوچوان | रथ चलावन वोल, कूचवान | charioteer, carriage-driver, coach-man. |
| **रथी** | पुं. | वह जो रथ पर चढ़कर चलता हो, योद्धा। | رَتھس پٮ۪ٹھ بِہِتھ جنگ کَرَن وول | रथस पंज् बिहिथ जंग करन वोल | riding in a chariot, warrior. |
| **रथ्या** | स्त्री. | बड़े नगरों में वह चौड़ा मार्ग जिस पर रथ चलते थे। | شاہی سڑک | शाही सडक | road for carriages, high road, main road. |
| **रद्द** | वि. | जिसे अस्वीकार कर दिया गया हो, मंसूख। | رَد | रद | rejected, cancelled. |
| **रद्दा** | पुं. | मिट्टी की दीवार उठाने में उतना अंश जितना चारों ओर एक बार में उठाया जाता है। | سیرِوار | सेरिवार | stratum (of a wall), layer (of bricks). |
| **रद्दी** | वि. | 1. जो व्यर्थ हो तथा उपयोग में न लाया जा सकता हो; | رَدی | रंदो; | waste, worthless; |
| | | 2. जिसमें कुछ भी बढ़ियापन न हो। | وَیسِتھ | वैसिथ | inferior. |
| **रनिवास (रनवास)** | पुं. | महल का वह अंश जिसमें रानियां रहती थीं। | حرم خانہٕ، رنِواس | हरम खानु, रनिवास | female apartment, harem, gynaeceum. |
| **रपट** | स्त्री. | 1. रपटने की क्रिया या भाव, फिसलाहट; | کھُر | खुर; | slipperiness, slipping; |
| | | 2. सूचना। | رَپٹ | रपट | report. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **रपटना** | अ. क्रि. | 1. फिसलना; | کھر گژھنۍ، | खर गछ़न्य; | to slip, slide; |
| | | 2. शीघ्रता से काम करना या चलना। | ژوتریر، وُژھ | चोतुर्यर, वुछ़ | to act or move rapidly. |
| **रपटाना** | स. क्रि. | किसी को रपटने में प्रवृत्त करना। | وٕلۍ وٕلۍ کرناوُن، وُژھ کرناوُن | वल्य वल्य करनावुन, वुछ़ करनावुन | to cause to move rapidly. |
| **रपटीला** | वि. | इतना चिकना जिस पर पैर फिसलता हो। | رکیٚنیٚل | रिक्यन्यल | slippery. |
| **रफा-दफा** | वि. | निपटाया हुआ, शांत किया गया (झगड़ा आदि)। | رفادفا | रफादफा | settled, pacified (quarrel etc.). |
| **रफू** | पुं. | एक प्रकार की सिलाई जिसमें कुछ फटा कपड़ा इस प्रकार सूत भर कर मिलाया जाता है कि साधारणतः जोड़ नहीं दिखाई पड़ता। | رۄف | रोफ़ | darning. |
| **रफूगर** | पुं. | वह कारीगर जो कपड़ों में रफू करने का काम करता हो। | رَفگر | रफगर | darner. |
| **रफूगरी** | स्त्री. | रफूगर का काम, पेशा या भाव। | رَفگری | रफगरी | darning. |
| **रफू-चक्कर** | वि. | चंपत, गायब। | ژوٗرۍ ژولمُت | चूरि चोलमुत | one who has slipped or escaped quietly or stealthily. |
| **रफ्तार** | स्त्री. | चाल, गति। | رفتار، چال | रफ़्तार, चाल | gait, pace, speed. |
| **रफ्ते-रफ्ते (रफ्ता रफ्ता)** | क्रि. वि. | धीरे-धीरे। | وارٕ وارٕ، لوٚتہِ لوٚتہِ | वारु वारु, लुति लुति | step by step, slowly, gradually. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रबड़ | पु. | एक वृक्ष जिसके दूध से इसी नाम का लचीला पदार्थ बनता है और वह पदार्थ। | ربڑ | रबड़ | rubber tree and the product made from its milk. |
| रबड़ी | स्त्री. | औटाकर गाढ़ा और लच्छेदार किया हुआ दूध। | ربڑی | रबड़ी | thickened milk. |
| रबी | स्त्री. | वह फसल जो बसन्त में काटी जाती है। | رٔبی | रॅबी | the spring harvest. |
| रमज़ान | पु. | अरबी वर्ष का नवां महीना जिसमें मुसलमान रोज़ा रखते हैं। | رمضان (روٗزٕ تھوٚنک رێتھ) | रमज़ान ( रोज़ु थवनुक र्यथ) | ninth of the Arabian months in which Muslims observe fast. |
| रमण | पुं. | 1. मन प्रसन्न करनेवाली क्रिया;<br>2. संभोग;<br>3. घूमना फिरना या टहलना। | توشہِ وُن؛<br>خوشی، سنگ، صوحبتھ؛<br>پکُن، چکر کرُن | तोशुवुन;<br>खुशी.संग, सोहबथ;<br>पकुन, च़कर करुन | pleasing or delighting act;<br>sexual union;<br>walking, strolling. |
| रमणी | स्त्री. | सुंदर नारी, युवती। | شوٗندر، شکیل زنانہ | सुन्दर, शकील ज़नान | charming woman. beautiful young woman. |
| रमणीक | वि. | सुन्दर, मनोहर। | رۄپیٹھ | रॖपीठ | beautiful, lovely, pleasant. |
| रमणीय | वि. | सुन्दर, मनोहर। | خوش کرُوُن | खुश करवुन | delightful, charming, beautiful, lovely, pleasant. |
| रमणीयता | स्त्री. | रमणीय होने की अवस्था, धर्म या भाव। | خوبصوٗرتی | खूबसूरती | beauty, charm, loveliness, pleasantness. |
| रमना | अ. क्रि. | किसी काम, बात या व्यक्ति में अनुरक्त या लीन होना। | محو گژھُن | महव गछुन | to be absorbed in, to be devoted to. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रमल | पुं. | भविष्य की घटनाओं के संबंध में पासे की बिंदियों की गणना आदि के आधार पर किया जानेवाला कथन। | رَمَل (ترٛاوُن) | रमल (त्रावुन) | mode of fortune-telling by means of dice. |
| रमाना | स. क्रि. | मोहित करना, लुभाना। | موہ کرُن، جادوٗ ہانکل کرُن | मूह करुन, जाद्य हाँकल करुन्य | to infatuate, to entice. |
| रम्य | वि. | दे. 'रमणीय'। | 'रमणीय' وُچھِو | वुछिव 'रमणीय' | see 'रमणीय'. |
| रवन्ना | पुं. | 1. वह कागज जिस पर रवाना किए हुए माल का ब्यौरा होता है; 2. कोई चीज आदि ले जाने का अनुमतिपत्र। | روانگی ہُند کاکز؛ روانگی ہُند اِجازت نامہٕ | रवानुगी हुन्द काकज; रवानुगी हुन्द इजाज़त नामु | paper containing details of goods despatched; passage permit. |
| रवा | पुं. | 1. (रेत, बारूद आदि का) बहुत छोटा टुकड़ा; 2. सूजी। | [illegible] | ग्युक दानु (स्यकि, शेरेर, बोरूद वेतरि हुन्द); सूज्य | grain, crystal (of sand, sugar, gunpowder etc.); granulous wheat meal. |
| रवादार | वि. | 1. जिसमें कण या दाने हों; 2. उदारचेता, सहनशील। | دانہٕ دار؛ روادار، بوٗرُدبار، سٔہنتٲئی وول | दानुदार; रवादार, बोरुदबार, सहनताई वोल | granulous, crystaline; tolerant, liberal |
| रवानगी | स्त्री. | रवाना होने की क्रिया या भाव, प्रस्थान। | روانگی | रवानुगी | going, departure. |
| रवाना | वि. | जिसने कहीं से प्रस्थान किया हो। | روانہٕ گومُت | रवानुगोमुत | one who has left some place, departed. |
| रवि | पुं. | सूर्य। | سِرِی | सिर्य | the Sun. |
| रविवार | पुं. | शनिवार और सोमवार के बीच का दिन, इतवार। | آتھوار | आथवार | Sunday. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रवैया | पुं. | 1. आचार-व्यवहार; | رَویہِ ؛ | रवयि; | behaviour, conduct; |
| | | 2. रंग-ढंग। | طور طریقہٕ | तोर तरीक़ु | manner, fashion. |
| रश्मि | स्त्री. | 1. किरण; | زُژ ؛ | ज़ुच; | ray of light, beam; |
| | | 2. घोड़े की लगाम, बाग; | لاکمہٕ ؛ | लाकम; | rein; |
| | | 3. पलकों के बाल, बरौनी। | اَچھِر وال ؛ | अंछिर वाल; | eye-lashes. |
| रस | पुं. | 1. वनस्पतियों अथवा उनके फूल-पत्तों आदि का वह जलीय अंश जो उन्हें कूटने, दबाने, निचोड़ने आदि पर निकलता है; | رَس (تازٕ سبزِیَن ہُنٛد یا میوٕک) ؛ | रस (ताज़ु सब्ज़ियन हुन्द या म्यवुक); | sap or juice of plants, fruits etc; |
| | | 2. किसी चीज को उबालने पर प्राप्त होनेवाला अंश; | رَس شورب (رَنِمژِ سبزی ہُنٛد یا سِنیُک) ؛ | रस-शुरबु (रनिमचि सब्ज़ी हुन्द या सिन्युक); | soup, broth; |
| | | 3. रसेन्द्रिय में होनेवाली अनुभूति या संवेदन; | مزٕ ؛ | मज़ु; | relish (one of the six senses); |
| | | 4. मन में उत्पन्न होनेवाला वह भाव जो काव्य पढ़ने या नाटक आदि देखने से होता है; | رَس ؛ | रस; | (in lit.) pleasure, sentiment; |
| | | 5. आनन्द। | آنَنٛد، خوشی، لُطُف | आनन्द, खुशी, लुतुफ | delight, happiness |
| रस-केलि | स्त्री. | प्रेमी और प्रेमिका की क्रीड़ा या विहार। | جِنسی لُطُف، لولٕ کھیلہٕ | जिन्सी लुतुफ, लोलु खेलु | sport of love, sexual enjoyment. |
| रसगुल्ला | पुं. | छेने की एक प्रकार की मिठाई जो गुलाब जामुन के समान गोल और शीरे में पगी हुई होती है। | رَس گُلہٕ | रसगुलु | sweetmeat of globular form made of milk immersed in sugar-syrup. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रसज्ञ | पुं. | 1. वह जो रस का ज्ञाता हो; | لُطُف تُلن وول؛ | लुतुफ तुलन वोल; | one who knows Rasa or true essence; |
| | | 2. काव्य-मर्मज्ञ। | ادب شِناس | अदब शिनास | one who understands and appreciates poetry. |
| रसद | स्त्री. | 1. वे खाद्य पदार्थ जो यात्री, सैनिक आदि प्रवास काल में अपने साथ ले जाते हैं; | رسد؛ | रसद; | supplies of food which travellers or soldiers carry with them; |
| | | 2. खाद्य-सामग्री। | راشن، کھیٚن چیٚن | राशन, ख्यन - चन | food stuff, ration. |
| रसदार | वि. | 1. जिसमें रस हो; | رَسیٚل؛ | रॅस्युल; | that which has essence, juicy; |
| | | 2. मजेदार। | مزٕدار | मज़दार | tasty, full of relish. |
| रसना | स्त्री. | 1. जीभ, जबान; | زیٚو؛ | ज़्यव; | tongue; |
| | | 2. लगाम; | لاکم؛ | लाकम; | rein; |
| | | 3. रस्सी। | رَز | रज़ | rope, cord. |
| रस-निष्पत्ति | स्त्री. | काव्य में भावों, अनुभावों तथा व्यभिचारी भावों के संयोग से होनेवाली रसानुभूति। | اَدبُک منز لُطُف | अदबस मंज़ लुतुफ | accomplishment or consummation of a sentiment in poetry. |
| रसभरी | स्त्री. | एक प्रकार का गोल और खटमिट्ठा फल। | رس بری (اکھ پھل) | रसबॅरी ( अख फल) | raspberry. हण्णु |
| रसरंग | पुं. | 1. प्रेम के द्वारा प्राप्त होनेवाला आनंद; | موحبتُک لُطُف؛ | मुहब्बतुक लुतुफ; | enjoyment derived from love; |
| | | 2. केलि। | میلُن، سنگ کرُن | मेलुन, संग करुन | sport of love, sexual union. |
| रसराज | पुं. | 1. पारा; | پارُد؛ | पारुद; | quicksilver; |
| | | 2. (साहित्य में) श्रृंगार रस । | موحبتُک عنصر (ادبس منز) | मुहबतुक अनसर (अदबस मंज़) | sentiment of love in poetry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रसवाद | पुं. | 1. प्रेम या आनंद की बातचीत; 2. साहित्य में वह सिद्धांत जिसके अंतर्गत रस के महत्व को ध्यान में रखते हुए साहित्यिक रचना की समीक्षा की जाती है। | عشقہ کتھ باتھ، لولہ خوشِر واشِر؛ رَس واد (شایری اندر رسیُل جذبہ سَرس آسنُک اوصول) | अशकु कथ बाथ, लोलु खुशिर वाशिर; रसुवाद ( शायिरी अन्दर रस्युल जज़्बु सरस आसनुक ओसूल) | love talk, amorous talk; theory of Rasa in poetics. |
| रसा | स्त्री. पुं. | 1. धरती, भूमि; 2. तरकारी आदि का शोरबा। | بُتراتھ، رس (سبزی ہُند) | बुतराथ; रस ( सब्ज़ी हुन्द) | earth, ground; soup of vegetables etc., broth. |
| रसातल | पुं. | पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से एक लोक, पाताल। | پاتال | पाताल | name of the lowest of the seven regions under the earth, the lower world or hell in general. |
| रसाभास | पुं. | भारतीय साहित्य-शास्त्र के अनुसार किसी साहित्यिक रचना में कहीं - कहीं दिखाई देनेवाली वह स्थिति जिसमें रस का पूरी तरह से परिपाक नहीं होने पाता, जिससे सहृदयों को उसका आभास मात्र मिलता है। | رساباس رُسیلہ جَذبٕچ ژھانپھ (شیٖریات) | रसाबास रॅसिलि जज़्बच छांफ (शरियात) | mere semblance or appearance of a sentiment. |
| रसायन | पुं. | आरंभिक भारतीय वैद्यक में औषध, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में रस अर्थात् पारे का प्रयोग करने की विद्या। | عَلِمہ کیمیا | अलिमि कीमिया | chemistry, alchemy. |
| रसायनज्ञ | पुं. | रसायन-क्रिया का जाननेवाला। | کیمیاگر | कीमियागर | chemist, alchemist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रसायन-विज्ञान (शास्त्र) | पुं. | विज्ञान की वह शाखा जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि पदार्थों में क्या-क्या गुण और तत्व होते हैं, दूसरे, पदार्थों के योग से उनमें क्या-क्या प्रतिक्रियाएं होती हैं और उन्हें किस प्रकार रूपान्तरित किया जा सकता है। | کیمیاگری (سائنس) | कीमियागरी (साइनस) | science of chemistry. |
| रसाल | वि., पुं. | 1. रस से पूर्ण; | رَسہٕ سوٗس؛ | रसु सोस; | having juice, juicy; |
| | | 2. आम। | اَمب | अम्ब | mango. |
| रसास्वादन | पुं. | 1. किसी प्रकार के रस या आनंद का भोग करना; | لُطف تُلُن؛ | लुतुफ तुलुन; | to relish; |
| | | 2. साहित्य में रस का अनुभव करना। | لُطف اندوز سپُدُن | लुतुफ अन्दोज़ सपदुन | to enjoy any poetic sentiment in literature. |
| रसिक | वि. | जिसके हृदय में सौन्दर्य, मधुर आदि बातों के प्रति अनुराग हो। | دِلداد، عاشکھ | दिलदादु, आशख | one who appreciates and enjoys beauty and elegance, a man full of taste and feeling, aesthetic. |
| रसिकता | स्त्री. | रसिक होने का भाव या धर्म। | دِلدادِگی | दिलदादुगी | sense of taste, quality of being aesthetic. |
| रसिया | पुं. | 1. रस अर्थात् आनन्द लेने का शौकीन; | شوقین، عاشکھ مزاج؛ | शूकीन, आशख मिज़ाजु; | an epicure, a man of amorous disposition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार का लोकगीत। | لوٗکہ بانٛتھ | लूकु बांथ | a type of folk song. |
| रसीद | स्त्री. | वह पत्र जिस पर ब्यौरेवार यह लिखा हो कि अमुक व्यक्ति से, अमुक कार्य के लिए, अमुक समय पर प्राप्त किया। | رٕسیٖد | रसीद | receipt. |
| रसीदी | वि. | रसीद से संबंधित, रसीद का। | رٕسیٖدی | रसीदी | relating to receipt, of receipt. |
| रसीला | वि. | 1. रस से भरा हुआ, स्वादिष्ट; | رٕسیُول؛ | रस्युल; | having juice, juicy, tasteful; |
| | | 2. रसिया। | کھیٚن چیٚن وول، گوشنہٕ، | ख्यनु च्यनु वोल, गोशनु, | epicure. |
| रसीलापन | पुं. | रसीला होने की अवस्था, धर्म या भाव। | رسہٕ بوٗرُت | रसु बोरुत | state of being juicy. |
| रसेदार (रसदार) | वि. | 1. जिसमें रस हो; | رسدار؛ | रसदार; | having juice; |
| | | 2. मजेदार, स्वादिष्ट। | مزٕدار | मज़ुदार | delicious, tasty. |
| रसोइया | पुं. | भोजन बनाने वाला। | وازٕ | वाज़ु | cook. |
| रसोई | स्त्री. | 1. बना हुआ भोजन; | رونہمُت کھیٚن؛ | रोनमुत ख्यन; | cooked or dressed food; |
| | | 2. वह स्थान जहां पर घर के लोगों के लिए भोजन पकाया जाता है। | چوکہٕ | चोकु | kitchen. |
| रसोई-घर | पुं. | वह कमरा या स्थान जहां पर घर के लोगों के लिए भोजन पकाया जाता है। | چوکہٕ، رَنَن کُٹھ | चोकु, रनन कुठ | kitchen, cooking-room. |
| रसौली | स्त्री. | एक प्रकार का रोग जिसमें शरीर के किसी अंग में गिलटी निकल आती है। | ٹٕج، اٛنٹھ، بستہٕ | टुज, आंठ, बस्तु | tumour. |
| रस्म | स्त्री. | प्रथा, परिपाटी। | رٕسٕم | रसुम | custom, practice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रस्मी | वि. | 1. रस्म-संबंधी;<br>2. औपचारिक। | رسمس مُتلق؛<br>رسمی | रस्मस मुतलक;<br>रस्मी | customary;<br>formal. |
| रस्मोरिवाज | पुं. | रूढ़ि और परम्परा। | رسم تہٕ رواج | रसुम तु र्यवाज | custom and usage. |
| रस्सा (रस्सी स्त्री.) | पुं. | मूंज, सन आदि का बटा हुआ तथा मोटा रूप। | موٹ رز | मोट रज़ | thick rope made of jute etc. |
| रस्साकशी | स्त्री. | एक प्रकार का व्यायाम-मूलक खेल जिसमें एक-दूसरे के पीछे पंक्ति बांधकर खड़े खिलाड़ियों के दो दल आमने-सामने रस्से को अपनी-अपनी ओर खींचने के लिए जोर लगाते हैं;<br>2. (लाक्षणिक) आपस में होने वाली खींचातानी या प्रतियोगिता। | رزِ لمُن،<br>رزِ ہُنزٕ لمٕ لم<br>(ورگ) جگر | रज़ि लमुन,<br>रज़ि हुंज़ लमु लम<br>(वर्ग) जंगर् | tug-of-war;<br>tussle. |
| रहट, | पुं. | खेतों में सिंचाई के लिए कुएं से पानी निकालने का एक प्रकार का यंत्र। | رہٹ، ارہٹ | रहट, अरहट | a wheel or machine for draining water with, the persian wheel. |
| रहन-सहन | पुं. | घर-गृहस्थी या लोक में रहने और लोगों से व्यवहार करने की क्रिया या ढंग। | ودھُن بہُن | वुधुन बिहुन | mode or style of living. |
| रोड़ी | स्त्री. | ईंट, पत्थर आदि के वे छोटे-छोटे टुकड़े जो सड़क बनाने के या नींव, फर्श आदि भरने के काम आते हैं। | رُوڑی | रूड्य | small pieces of broken stone or brick, gravel. |
| रोदन | पुं. | रोना, विलाप करना। | وَدُن | वदुन | weeping, wailing, lamentation. |
| रोध | पुं. | बढ़ने से रोकनेवाला पदार्थ या तत्व, बाधा, बांध, आदि। | روٗٹھ | रोट | restraint, prohibition, stoppage, obstruction, a dam. |
| रोधक | वि. | बाधा डालने या रोकनेवाला। | روکن وول | रोकन वोल | holding back, restraining, checking. |
| रोधन | पुं. | रोकने की क्रिया या भाव। | رُکاوٹھ | रुकावट | obstructing, impeding, being an obstacle or hindrance. |
| रोना | अ. क्रि. | आंसू बहाना, रुदन करना। | وَدُن | वदुन | to cry, weep, wail, lament. |
| रोना-कलपना | अ. क्रि. | दुःखी होकर रोना-पीटना या विलाप करना, अपने कष्टों का बखान करना। | ماتم کرُن، وَدُن<br>رِدُن، ویداخ دِنۍ | मातम करुन, वदुन<br>रिदुन, वदाख दिन्यु | to wail, to lament |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रोना-धोना | अ. क्रि. | देखें 'रोना-कलपना'। | 'रोना-कलपना' وُچھِو | वुछिव 'रोना-कलपना' | same as 'रोना-कलपना' |
| रोपण | पुं. | 1. रखना या स्थापित करने की क्रिया; 2. पौधा आदि बोने की क्रिया। | رُوُن، اِستادٕکرُن؛ وُوُن - رُوُن | रुवुन, इस्तादु करुन; वुवुन-रुवुन | the act of setting up or erecting; the act of raising, planting or sowing. |
| रोपना | स. क्रि. | रोपण की क्रिया करना। | رُوُن | रुवुन | to set up, to erect, to raise, to plant, to sow. |
| रोपित | वि. | जिसका रोपण किया गया हो। | رُووُمُت | रुवमुत | planted, set up. |
| रोब | पुं. | किसी के बड़प्पन, महत्व, शक्ति आदि का दूसरों पर आतंक डालनेवाला प्रभाव, धाक, दबदबा। | رُوب، اَہرٕ | रोब, अहरु | awe, terror, aweful influence of one's greatness or power, sway, dignity, impressiveness. |
| रोब-दाब | पुं. | आतंक तथा उसके कारण पड़नेवाला प्रभाव। | رُوب داب، اَہرٕ | रोबदाब, अहरु | awe-inspiring influence, dignity. |
| रोबदार | वि | जिसका दूसरों पर प्रभाव या आतंक पड़ता हो, रोब से युक्त। | رُوبدار، رُوب دابٕ وول | रोबदार, रोबदाबु वोल | awe-inspiring, influencing. |
| रोबीला | वि. | देखें 'रोबदार'। | 'रोबदार' وُچھِو | वुछिव 'रोबदार' | same as 'रोबदार'. |
| रोम | पुं. | 1. शरीर पर का बाल, विशेषकर पतला और नर्म छोटा बाल, रोआं; 2. छेद, सुराख। | رُم؛ رُمہٕ شرٕو | रुम; रुमु श्रव | thin and fine hair of the body, bristle; pore. |
| रोम-कूप | पुं. | शरीर के वे छिद्र जिनसे रोम निकलते हैं, मसाम। | مَسامہٕ، رُم شرٕو | मसामु, रुमु श्रव | hair bole, pore of the skin. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| रोमांच | पुं. | भय, हर्ष आदि से शरीर के रोमों का खड़ा होना, पुलक। | رُم کھڑا گژھنۍ | रुम खडा गछुन्य | thrill (of rapture, horror, surprise). |
| रोमांचित | वि. | जिसे रोमांच हुआ हो। | یَمِس رُم کھڑا آسن گامتۍ | यमिस रुम खड़ा आसन गामत्य | thrilled. |
| रोमावलि (रोमावली) | स्त्री. | रोओं की वह पंक्ति जो पेट के बीचों-बीच नाभि से ऊपर छाती की ओर जाती है। | رُمہ رُکھ (تُنہِ پیٹھ ہیور تانۍ) | रुमु रुख (तुनि प्यठ ह्योर तान्य) | a line of hair extending across the navel or from the breast to the navel. |
| रोयां | पुं. | देखें 'रोआं'। | وُچھِو 'रोआ' | वुछिव 'रोआं' | see 'रोआं' |
| रोलना | स. क्रि. | 1. किसी चीज में अंगुली या हाथ मार कर उसे हिलाना-डुलाना; 2. किसी चीज को इधर-उधर बिखेरना; 3. उबटन, लेप आदि अंगों में लगाना। | اَوٚنگجِ زالیٚو سیتۍ اَکِس طرفس کُن ڈالُن؛ ژھیٚتھ بیٚون بیٚون کرُن؛ فلِلہِ تہٕ مُشکہٕ مہلام مٔتھُن | ओंगजि जाल्यव स्रत्य अकिस तरफस कुन डालुन; छ़ेटिथ ब्योन ब्योन करुन; फलिलु तु मुशकु मेहलाम मथुन | to sift, to winnow (with fingers); to separate (by winnowing); to annoint. |
| रोली | स्त्री. | हल्दी और चूने के योग से बना एक प्रकार का चूर्ण जिससे तिलक लगाया जाता है। | لیٚدرِ تہٕ چوٗنک ٹیوٚک | ल्यदुरि तु चूनुक ट्योक | a mixture of turmer and lime which is used in marking 'tilak' on forehead. |
| रोशन (रौशन) | वि. | चमकदार, प्रकाश से युक्त, उज्ज्वल। | پرزلوٕن، روشن گاشِہ بوٚرُت | प्रज़लुवुन, रोशन गशि बोरुत | full of light, bright, shining. |
| रोशनदान | पुं. | कमरे की दीवार में ऊपर छोड़ा गया खुला स्थान जिससे प्रकाश अन्दर आता है। | روشن دان | रोशनदान | hole for admitting light, skylight, ventilator. |
| रोशनाई | स्त्री. | लिखने की स्याही, मसि। | میٖل | मील | ink for writing. |
| रोशनी | स्त्री. | 1. उजाला, प्रकाश; | گاش؛ | गाश; | light, brightness, splendour: |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आनन्दोत्सव के समय की जाने वाली दीपमाला। | زول | ज़ूल | illumination. |
| रोष | पुं. | क्रोध, कोप, गुस्सा। | ژکھ | चख | anger, wrath, rage. |
| रोहण | पुं. | 1. ऊपर की ओर बढ़ना;<br>2. सवार होना;<br>3. बीज या पौधे का उगना अथवा उसका अंकुरित होना। | خسُن (ہیوٗر)؛<br>خسُن (گُرِس بیٚترِ)؛<br>خسُن (بیٚالیُک) | खसुन (ह्योर);<br>खसुन (गुरिस बेत्रि);<br>खसुन (ब्याल्युक) | ascending;<br>riding (on);<br>spreading up (of a plant). |
| रौंदना | स. क्रि. | किसी चीज को पैरों के तले पीसते, रगड़ते, कुचलते हुए विवृत कर देना। | لتہٕ مونٛڈ کرُن | लत़ मुंड करुन्य | to trample on, to tread down, to crush. |
| रौद्र | वि. | 1. रुद्र से सम्बन्धित, रुद्र का;<br>2. अतिक्रुद्ध, प्रचंड, भीषण। | شونٛاتھُن؛<br>ژکھِ سوٗس | शवनाथुन;<br>चखि सोस | of or belonging to Rudra;<br>violent or wild with anger, wrathful. |
| रौनक | स्त्री. | 1. चमक-दमक, शोभा;<br>2. चहल-पहल, जमघट। | رونکھ؛<br>بیٖر - بیٖر | रोनख;<br>बीर्-बीर् | brightness, lustre, splendour;<br>hustle and bustle, crowd or throng. |
| रौला | पुं. | शोर, हल्ला, उपद्रव। | شور، رُل، کریکھ | शोर, रुल, क्रेख | noise, commotion, tumult, riot. |
| लंगड़ा | वि., पुं. | 1. जिसका एक पैर बेकार हो गया हो या टूटा हो;<br>2. एक प्रसिद्ध कलमी आम। | لونٛگ؛<br>اَکِ قسمُک امب | लोंग;<br>अकि कुसुमुच अम्ब | cripple;<br>a species of mango. |
| लंगड़ाना | अ. क्रि. | लंगड़ा होने के कारण कुछ दबते और उचकते हुए चलना, लंगड़ाकर चलना। | لنٛجر کرُن،<br>لونٛگ لونٛگ کرُن | लंज्यर करुन,<br>लोंग लोंग करुन | to limp. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लंगड़ापन | पुं. | लंगड़े होने की अवस्था या भाव। | لنٛجر | लंज्यर | lameness, limpness, etc. |
| लंगर (लंगड़) | पुं. | 1. लोहे का बहुत भारी कांटा जिसे नदी, समुद्र आदि में गिराकर नाव, जहाज आदि रोके जाते हैं; | لنٛگر (جہازُک)؛ | लंगर (जहाजुक) ; | anchor; |
| | | 2. वह स्थान जहां गरीबों को पका खाना बांटा जाए; | لنٛگر؛ | लंगर; | public kitchen, alms-house; |
| | | 3. पहलवानों का लंगोट; | پٔہلوانن ہُنٛد لنٛگوٹ | पहलवानन हुंद लंगोट | privy cover worn by the wrestlers; |
| | | 4. हाहाई गाए के गले में बांधा जानेवाला खूंटा; | گاوَن ہُنٛد ۂڈٕ ٹکیول؛ | गावन हुन्द हड्य टिक्युल; | heavy wooden piece tied to cattles' neck; |
| | | 5. रस्सी, तार आदि से बांधी और लटकती हुई कोई भारी चीज जिसका व्यवहार कई प्रकार की कलों में उनकी गति ठीक रखने के लिए होता है। | شوٗوُل | शोवुल | pendulum. |
| लंगूर | पुं. | एक प्रकार का बंदर जिसका मुंह और हाथ-पैर काले, सारा शरीर भूरा या सफेद और दुम बहुत लम्बी होती है। | لنٛگور (اَکھ پٔنٛزِ زاتھ) | लंगूर (अख पंज्य जाथ) | long tailed black faced monkey, baboon. |
| लँगोट | पुं. | कमर में बांधने का एक प्रकार का वस्त्र जिससे केवल उपस्थ ढका जाता है। | لنٛگوٹ، کٔچھ | लंगोट, कछि | a strip of cloth worn to protect the private parts. |
| लँगोटिया | वि. | बचपन से ही अत्यन्त घनिष्ठ (मित्र)। | سَخ دوس | सख दोस | old friend (from childhood), chum. |
| लँगोटी | स्त्री. | छोटा लँगोट। | کچھ | कछ | smaller लँगोट |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लंघन | पुं. | 1. उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना; 2. उपवास या फाका। | نظر انداز کرُن خلاف ورزی؛ فاقہ | नज़र अन्दाज़ करुन; खलाफवर्ज़ी; फाक़ | violation, transgression; fast. |
| लंघनीय | वि. | 1. जो लांघने के योग्य हो; 2. जिसका उल्लंघन या अवज्ञा हो सके। | ترٛاوُنس لایکھ؛ نہٕ مانُنس لایکھ | त्रावुनस लायख; न मानुनस लायख | to be traversed or passed over, passable; to be violated, to be neglected or disregarded. |
| लंघाना | स. क्रि. | किसी को लांघने में प्रवृत्त करना। | وُٹھ دِوناوُن | वुठ दिवनावुन | to cause, make or help to jump. |
| लंठ | वि. | परम मूर्ख, असभ्य। | چور، نٔنڈ | चोर, नंड | block-head, stupid, uncivil. |
| लंपट | वि. | कामी, विषयी। | بدماش، چشمِہ، ناپاک | बदमाश,चशमि, नापाक | lascivious, dissolute, libertine. |
| लंपटता | स्त्री. | कुकर्म, कामुकता। | بدماشی | बदमाशी | dissoluteness, lewdness, lasciviousness. |
| लंब | पुं. | 1. किसी रेखा पर खड़ी और सीधी गिरनेवाली रेखा; 2. कोई लंबी और बिलकुल सीधी रेखा। | اوٚمود؛ زیٖٹھ تہٕ سیٚز ریٚکھ | ओमूद; ज़ीठ तु स्यज़ रुख | perpendicular; long and straight line. |
| लंबतड़ंग | वि. | विशालकाय और हृष्ट-पुष्ट। | درازِ ناساز | दराज़ि नासाज़ | tall and tough, hefty. |
| लंबमान | वि. | दूर तक गया या फैला हुआ। | زیوٚٹھ اوٚمود ہیو | ज्यूठ ओमूद ह्युह | prolonged, perpendicular. |
| लंबरदार | पुं. | दे. 'नंबरदार'। | لمبردار | लम्बरदार | see 'नंबरदार'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लंबा (लंबी) | वि. | 1. जिसके दोनों सिरे एक दूसरे से दूर हों;<br>2. जो अधिक ऊंचा हो;<br>3. परिमाण में अधिक;<br>4. अधिक विस्तार वाला। | مۆقۆدم، زیُٹھ؛<br>تھۆد؛<br>سیٹھاہ؛<br>کھول، کُشادٕ | मुकुदम, ज़्युठ;<br>थोद;<br>स्यठाह;<br>खोल, कुशादु | long, lengthy;<br>tall;<br>great, large;<br>spacious. |
| लंबाई | स्त्री. | लंबा होने का भाव, लंबापन। | زیٚچھر، راد | जेछर, राद | length, tallness, height. |
| लंबान | स्त्री. | लंबाई। | راد | राद | length. |
| लंबायमान | वि. | 1. लंबा किया हुआ;<br>2. लेटा हुआ। | زیٖٹھرووُمُت؛<br>پتھر ساوِتھ | जीठरोवमुत;<br>पथर सोविथ | lengthened;<br>lying flat. |
| लंबोतरा | वि. | कुछ-कुछ लंबा, जो लंबाई लिए हुए हों। | زیٚچھِر سان | जेछिर सान | longish, somewhat long. |
| लकड़दादा | पुं. | परदादा से बड़ा दादा। | بُڈ بُڈ بُڈی بب | बड़ बड़ बुड्यबव | Great great grand-father. |
| लकड़बग्घा | पुं. | भेड़िये की जाति का एक जानवर। | لکڑبگا<br>(رامہوٗنۍ زاژ اکھ<br>خونخوار جنگلی جانور) | लकड़बगा<br>(रामहून्य जांच अख<br>खूंखार जंगली जानवर) | hyena. |
| लकड़हारा | पुं. | जंगल आदि में लकड़ियां तोड़कर बेचनेवाला। | زیُن کُنن وول؛<br>تبردار؛ میٚنٛزُر | ज़्युन कुनन वोल;<br>तबरदार; म्यंज़ुर | woodman. |
| लकड़ी | स्त्री. | 1. पेड़ का कोई भी सूखा हुआ भाग, शाखा, टहनी आदि;<br>2. ईंधन;<br>3. लाठी, बैसाखी। | لٔکُر؛<br>زالُن (زیُن)؛<br>لوٗر، ڈنڈٕ، بیراکی | लकुर;<br>ज़ालुन (ज़्युन);<br>लूर, डंड, बेरांक्य | wood, timber;<br>firewood, fuel;<br>stick, staff, crutches. |
| लकवा | पुं. | एक प्रकार का वातरोग जिसके कारण प्रभावित अंग निश्चेतन और शक्तिहीन हो जाता है, फालिज। | لقوٕ | लकवु | paralysis. |
| लकीर | स्त्री. | वह चिहन, जो लंबाई के बल कुछ दूर तक बना या बनाया गया हो। | رٔکھ | रुख | line, a streak. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लकुटी | स्त्री. | छोटी लाठी, छड़ी। | لۄکُٹ لوٗر | लुकुट लूर | small stick or cane |
| लक्कड़ | पुं. | बड़ी और मोटी लकड़ी। | موٗنٛڑ، ویوٚٹھ زیُن | मोंड, व्योठ ज्युन | log, block, wood. |
| लक्ष | वि. | एक लाख। | اَکھ لَچھ (گرٛنٛد) | अख लछ ( ग्रंद) | one hundred thousand, lac. |
| लक्षक | वि. | लक्षित करने वाला। | ہاوَن وول | हावन वोल | indicating, hinting at. |
| | पुं. | वह शब्द जो सम्बन्ध या प्रयोजन से अपना अर्थ सूचित करे। | دوٚیِم مطلب، اِستِعارہ | द्वेयुम मतलब, इस्तिआर् | a word which indicates indirectly or expresses secondarily. |
| लक्षण | पुं. | 1. विशेषता-सूचक शब्द्; 2. शरीरस्थ रोगसूचक चिह्न; 3. शुभाशुभ की सूचना देनेवाले अंगस्थित चिह्न; | لَکھیَن؛ علامتھ؛ لَکھچُن؛ | लख्यन; अलामथ; लखचुन; | distinctive mark; sign, symptom, token; any mark or features of the body (indicating good or bad luck): |
| | | 4. किसी वस्तु या व्यक्ति में होनेवाला कोई ऐसा गुण या विशेषता जो सहसा बातों में न दिखाई देती हो। | اوصاف | अवसाफ | feature, character, attribute; |
| लक्षणा | स्त्री. | वह शब्दशक्ति जो सामान्य अर्थ से अन्य अर्थ प्रकट करती हो। | اِستِعارہ، لفظُک ورگِہ مانے | इस्तिआर, लफज़ुक वर्गुमाने | indirect or figurative sense of a word. |
| लक्षित | वि. | 1. देखा हुआ; | وُچھمُت؛ | वुछमुत; | seen, observed, beheld; |
| | | 2. अनुभव से जाना या समझा हुआ; | زوٚنمُت؛ | ज़ोनमुत; | discerned, discovered, known (from signs, indication or appearances); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. निर्दिष्ट; | हावن۪ وَنن۪ آمُت؛ | हावनु वननु आमुत; | denoted, indicated, implied; |
| | | 4. किसी प्रकार के लक्षण या चिह्न से युक्त। | لۄکھیُنو سوس | लॅख्युनव सोस | marked, distinguished. |
| लक्षितार्थ | पुं. | शब्द की लक्षणा शक्ति से निकलने वाला अर्थ। | اِستعارٕ، ورگہ مانے | इस्तिआरु, वर्ग माने | figurative meaning of a word. |
| लक्ष्मण-रेखा | स्त्री. | ऐसी रेखाकार सीमा जो किसी प्रकार लांघकर पार न की जा सके। | لۄکھیمن۪ سُنٛز رِکھ، مریدِ رکھ | लॅख्यमनु सुंज़ रुख, मेरेदि रुख | a forbidding line suggestive of destruction if crossed, an uncrossable line or limit, (in mytho.) a line drawn by Laxman the younger brother of Rama forbidding Sita to cross it. |
| लक्ष्मी | स्त्री. | 1. धन-सम्पत्ति, दौलत; | دیار، دن۪؛ | द्यार-दनु; | fortune, prosperity, wealth; |
| | | 2. शोभा, श्री; | شُوب، جلال؛ | शूब, जलाल; | grace, splendour, lustre; |
| | | 3. धन-धान्य बढ़ानेवाली भाग्यवती स्त्री। | باگہ وان زنانٕہ | बागिवान ज़नानु | woman symbolising fortune and prosperity. |
| लक्ष्मीवान | वि. | 1. धनवान; | دیارٕ وول؛ | द्यारु वोल; | prosperous, wealthy; |
| | | 2. सुन्दर। | سُندر، شوبِ سوس | सुन्दर, शूबि सोस | handsome, beautiful. |
| लक्ष्य | पुं. | 1. निशाना; | نِشانہ؛ | निशानु; | target; |
| | | 2. अभीष्ट वस्तु, उद्देश्य; | مُدا؛ | मुदा; | aim, object; |
| | | 3. शब्द की लक्षणा-शक्ति से निकलनेवाला | مانے اِستعارہ | माने इस्तिआरु | implication or implied meaning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्यवेधी | पुं. | लक्ष्य का भेदन करनेवाला। | نشانس پیٹھ پیوٚوُن | निशानस प्यठ प्यवुन | piercing or hitting a mark. |
| लक्ष्य-साधन | पुं. | 1. लक्ष्य सिद्ध करने का भाव;<br>2. अस्त्र चलाने से पहले अच्छी तरह देख लेना जिससे वह ठीक निशाने पर लगे। | مُدا برۄبر یُن؛<br>نِشانہٕ سیٖزٕراوُن | मुदा बरोबर युन;<br>निशानु स्यज़ुरावुन | fulfilment or attainment;<br>taking an aim, sighting. |
| लक्ष्यार्थ | पुं. | शब्द् की लक्षणा-शक्ति से निकलने वाला अर्थ। | مطلبِ اِستِعار | मतलबि इस्तिआरु | implied or figurative meaning (of a word). |
| लखना | स. क्रि. | 1. देखना;<br>2. समझना, जानना। | وُچھُن؛<br>سمجُن، زانُن | वुछुन;<br>समजुन, ज़ानुन | to see, behold, perceive;<br>to understand. |
| लखपति | पुं. | लाखों रुपये का मालिक, बहुत धनी व्यक्ति। | لچھ وول | लछु वोल | millionaire, wealthy person. |
| लखौरी | स्त्री. | 1. पुराने ढंग की छोटी और पतली ईंट;<br>2. किसी देवता को उसके प्रिय वृक्ष का पत्ता या फल आदि एक लाख की संख्या में चढ़ाना। | مہاراجی سیر؛<br>لچھ لاگُنۍ (دیوتاہس ٹاٹھ کُلِکۍ پھل یا برگ یا بِرگ) | महारांजी सीर;<br>लछ लागुन्य (दिवताहस टाठि कुलिक्य फल या बेरुग) | a kind of brick;<br>hundred thousand offerings of a certain thing to a deity. |
| लगन | स्त्री. | मन, प्रवृत्ति का किसी ओर लगना, झुकना, लौ, धुन। | سَنِرن، مایہ، سنُن، بَکھتی | संनिरन, माय, सनुन, बख्ती | attachment, devotion, perseverance. |
| | पुं. | विवाह या अन्य शुभ कार्य का मुहूर्त। | لگُن؛ | लगुन; | the auspicious hour of performing a ceremony or doing something. |
| लगना | अ. क्रि. | 1. एक चीज़ का दूसरी चीज से मिलना या सटना; | لگُن | लगुन | to be close to, be contiguous (to); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जड़ा जाना, सिया जाना; | جوڑُن، سُوُن؛ | जोडुन, सुवुन; | to be fastened (to), to be stitched; |
| | | 3. एक चीज का पास वाली दूसरी चीज से रगड़ खाना या संपृक्त होना; | مُلحقہ سپدُن؛ | मुलहकु सपुदुन; | to be attached (to), to be joined (to); |
| | | 4. किसी अनिष्टदायक बात का किसी के साथ संबद्ध होना; | لگتھ گژھُن، لاگُن؛ | लैगिथ गछुन लागुन; | to hang about, to haunt; |
| | | 5. काम आना, खर्च होना; | خرچُن؛ | खरचुन; | to be invested (as money), to be spent or expended; |
| | | 6. गड़ना, चुभना या धंसना; | اژُن؛ | अच्चुन; | to gall, pinch, rub; |
| | | 7. ठीक और पूरा काम करना अथवा प्रभाव दिखलाना; | کارگر گژھُن، اثر کرُن؛ | कारगर गछुन, असर करुन; | to affect, to have the intended or natural effect; |
| | | 8. अंकुरित या प्रस्फुटित होना; | مول ہیتُن، دژُن؛ | मूल ह्योन, दरुन; | to take root, to become rooted (in); |
| | | 9. पकाये जाने वाले पदार्थ का कुछ अंश बरतन के पेंदे में चिपक या सड़ जाना; | تلہٕ لگُن | तल लगुन | to be burnt or scorched (as food in cooking or clothes in drying before fire); |
| | | 10. किसी से संबंध या रिश्ता होना; | واتُن (رشتہٕ آسُن)؛ | वातुन (रिश्त आसुन); | to be related; |
| | | 11. दिखाई देना, अनुभव होना। | باسُن | बासुन | to seem, to appear. |
| **लगभग** | अव्य. | अनुमानित अवधि या मात्रा घोषित करनेवाला अव्यय, करीब-करीब। | لگ، بگ | लग-बग | almost, about, nearly. |
| **लगवाना** | स. क्रि. | किसी को कुछ लगाने में प्रवृत्त करना। | لاگناوُن | लागुनावुन | to cause to be applied, or put etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लगातार | क्रि. वि. | निरंतर, बराबर, बिना रुके हुए। | اَژھینۍ، برابر، لگاتار | अछ्यनु, बराबर, लगातार | continuous, constantly, continuously. |
| लगान | पुं. | राजा, सरकार, ज़मींदार को मिलने वाला भूमिकर। | مألِیہٕ | मॉलियु | land revenue. |
| लगाना | स. क्रि. | 1. जोड़ना, संलग्न करना; | جمع کرُن؛ | जमु करुन; | to put together (figures), to sum up, to add; |
| | | 2. सिलसिले से रखना; | ترتیب دِیُن | तरतीब द्युन | to put in order, to arrange; |
| | | 3. रोपना; | رُوُن؛ | रुवुन; | to plant, to set; |
| | | 4. किसी वस्तु का उपयोग करते समय उसको कम करना; | پرچُر رس اَنُن؛ | प्रचुरस अनुन; | to put or set (to work), to apply, to use; |
| | | 5. मुकर्रर करना, नियुक्त करना; | لاگُن؛ | लागुन; | to employ, to engage; |
| | | 6. किसी पद-वाक्य आदि का अर्थ समझ कर स्थिर करना; | مانہٕ ژارُن؛ | मानि चारुन; | to construe; |
| | | 7. किसी में नई आदत डालना। | لارناوُن | लारुनावुन | to infuse or imbue. |
| लगाम | स्त्री. | बाग, रास। | لاکَم | लाकम | reins, bridle. |
| लगाव | पुं. | 1. संबंध, ताल्लुक; | توُلُق؛ | तोलुक; | bond, link, contact, relation; |
| | | 2. स्नेह; | مائے؛ | माय; | attachment, affection; |
| | | 3. दिलचस्पी। | دِلچَسپی | दिलचसुपी | inclination, propensity. |
| लगावट | स्त्री. | 1. सम्बन्ध; | رِشتہٕ؛ | रिशतु; | relation, contact; |
| | | 2. प्रेम, प्यार। | موہبت، مائے | मोहबत, माय | attachment, affection, love. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लग्गा | पुं. | 1. कई प्रकार के कामों में आनेवाला लंबा बांस; | لانٛز ؛ | लांज़; | a thick long pole; |
| | | 2. काम शुरू करना, काम में हाथ डालना। | کام ٹُلُن | काम तुलुन्य | commencement, start. |
| लग्गू | वि. | किसी के साथ रहने या आनेजाने वाला। | پیٚتھ لود | पुछ़्लोव | one who dogs or follows, a hanger-on. |
| लग्न | वि. | किसी के साथ लगा या सटा हुआ। | لارِتھ گومُت | लारिथ गोमुत | adhered or clung to, stuck, held fast. |
| | पुं. | 1. राशि विशेष के उदयकाल का दिनांश; | لگن (راشہ ہُنٛد) ؛ | लगुन ( रॊश्य हुन्द ) ; | the rising of the sun or of the planets; |
| | | 2. किसी काम को करने का शुभ मुहूर्त। | ساتھ | साथ | an auspicious or lucky moment. |
| लग्न-कुंडली | स्त्री. | जन्मपत्री, जन्म-कुंडली। | زنمہ کُنٛڈلج، زاتک | जन्म कुंडुज्य, जातुक | horoscope. |
| लग्न-पत्र | पुं. | वह पत्र जिसमें विवाह कर्म, उसकी तिथि आदि का उल्लेख हो। | لگنہٕ چیٖر | लगनु चीर्य | formal letter or document in which the date and time etc. of the marriage ceremony are intimated. |
| लघिमा | स्त्री. | 1. एक सिद्धि जिसकी प्राप्ति हो जाने पर मनुष्य लघुतम रूप धारण कर सकता है; | لگما (اٹھو سِدیو منٛز اکھ) ؛ | लगिमा ( ऑठव स्यदियव मंज़ अख); | the supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight siddhis; |
| | | 2. लघुत्व, हलकापन। | ہلکہٕ آسُن | हलकु आसुन | littleness, smallness, insignificance. |
| लघु | वि. | 1. किसी से तुलना में छोटा; | لوٚکُٹ ؛ | लुकुट; | little, small, diminutive; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें उग्रता या तीव्रता न हो, | نرم تہٕ سنجیدٕ؛ | नरम तु संजीदु; | sober; |
| | | 3. थोड़ा, कम। | ماموٗلی، کم | मामूली, कम | trifling, trivial. |
| लघुकरण | पुं. | 1. छोटे आकार-प्रकार में लाना; | لوٚکٹاوُن؛ | लुकुटावुन; | reducing in weight or consequence; |
| | | 2. संक्षिप्त करना। | مۆختصر کرُن | मुखसर करुन | reduction, diminution. |
| लघुतम | वि. | सबसे छोटा। | سارِنی کھۄتہٕ لوٚکُٹ | सारिनी खुतु लुकुट | minimum, lowest, smallest. |
| लघुतम समापवर्त्य (समापवर्तक) | पुं. | वह सबसे छोटी संख्या जो दो या अधिक संख्याओं से पूरी-पूरी बंट जाए। | زۄوٕضاف | ज़ोवज़ाफ | least common multiple. |
| लघुता | स्त्री. | लघु होने का भाव, हलकापन, छोटाई। | لۄچیُر | लोच्युर | smallness, littleness insignificance, absence of dignity, humiliation. |
| लघुत्व | पुं. | दे. 'लघुता'। | وُچھو 'लघुता' | वुछिव 'लघुता' | see 'लघुता' |
| लघुशंका | स्त्री. | पेशाब करना। | ژل کرُن، پیشاب کرُن | जल करुन, पशाबु करुन | making water, urine. |
| लचक | स्त्री. | लचकने का भाव या क्रिया। | لچک، نرمی | लचक, नरमी | flexibility, elasticity, springiness. |
| लचकना | अ. क्रि. | 1. लंबी वस्तु का दबाव आदि के कारण झुकना; | نمُن؛ | नमुन; | to bend, to be bent; |
| | | 2. स्त्रियों की कमर का नज़ाकत से झुकना | یَل لگنۍ (کمبرس) | यल लगुन्य (कम्बुरस) | to receive a sprain or strain. |
| लचका | पुं. | 1. लचक; | ژٕتھ؛ | चिथ; | a strain, a sprain; |
| | | 2. एक प्रकार का गोटा। | لچکہٕ | लचकु | gold or silver lace. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लचकाना** | स. क्रि. | झुकाना, लचाना। | نومراوُن | नोमरावुन | to cause to bend, to bend. |
| **लचकीला** | वि. | लचकनेवाला, लचकदार। | لچکدار، نٔرم ربڑٕ ہیوٚہ | लचकदार, नरम रबड ह्यूह | flexible, elastic, resilient. |
| **लचर** | वि. | तथ्यहीन, कमजोर। | لچر، بے مانے، فوضول | लचर, बेमाने, फोजूल | untenable, weak, ineffective. |
| **लचलचा** | वि. | दे. 'लचकीला'। | وُچھِو 'लचकीला' | वुछिव 'लचकीला' | see 'लचकीला'. |
| **लचीला** | वि. | दे. 'लचकीला'। | وُچھِو 'लचकीला' | वुछिव 'लचकीला' | see 'लचकीला'. |
| **लचीलापन** | पुं. | लचक, झुकाव का गुण। | لچک، نٔرمی | लचक, नरमी | flexibility, elasticity. |
| **लच्छा** | पुं. | 1. तारों या डोरों का समूह; | پٔنٕہ لٔچھ؛ | पंनु लछ; | a bundle (of thread etc.), skein.; |
| | | 2. लंबे पतले बारीक कटे हुए टुकड़े; | ترٕ؛ گوڑٕ کور | तरु; गुडु कोर | a thin shred or slice; |
| | | 3. एक प्रकार का गहना जो पैरों में पहना जाता है। | | | a bracelet (or an anklet). |
| **लच्छी** | स्त्री. | सूत, रेशम आदि की लपेटी हुई गुच्छी। | پٔنٕ لچھ | पंनु लछ | a skein, hank. |
| **लच्छेदार** | वि. | 1. जिसमें लच्छे पड़े या बने हों; | لچھ دار؛ | लछदार; | having fine shreds; |
| | | 2. खाना जो चिकना-चुपड़ा या मजेदार हो। | مزدار | मजुदार | amusing, fascinating. |
| **लजवाना** | स. क्रि. | लज्जित करना, शर्मिन्दा करना। | شرمندٕ کرناوُن | शरमन्दु करनावुन | to cause to be ashamed, to put to shame. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| लजाना | अ. क्रि. | लज्जित होना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना। | شرمندٕ گژھُن | शरमन्दु गछुन | to feel shy, to blush. |
| लजीला | वि. | शर्मीला, लज्जाशील। | مندٕچھِ بُڈ | मंदुछि बुड | shy, bashful, modest. |
| लज्ज़त | स्त्री. | खाने-पीने की वस्तुओं का स्वाद, मजा। | لذَتھ | लज़थ | taste, flavour, relish. |
| लज्ज़तदार | वि. | स्वादिष्ट, जायकेदार। . | لذَتھ دار | लज़थदार | tasteful, tasty, delicious. |
| लज्जा (लाज) | स्त्री. | स्वभाव या अपने किसी अनुचित आचरण के कारण हुई मन की संकोचपूर्ण अवस्था, शर्म, हया। | شرم، حیا | शरुम, हया | shame, modesty, shyness. |
| लज्जाप्रद | वि. | कृत्य या बात जिसके कारण उसके कर्त्ता को लज्जित होना पड़े। | مندٕچھاوُن وول | मन्दुछावन वोल | shameful. |
| लज्जालु | वि. | लज्जाशील, अधिक शर्माने वाला। | حیادار، مندٕچھِ بُڈ | हयादार, मंदछि बुड | bashful, modest, shy. |
| लज्जावान | वि. | शर्मदार, हयादार। | شرمدار، حیادار | शरुमदार,हयादार | bashful, modest, shy. |
| लज्जाशील | वि. | जिसे स्वभावतः लज्जा आती हो। | حیادار | हयादार | of modest disposition, modest, bashful. |
| लज्जाशून्य | वि. | लज्जा से रहित, निर्लज्ज। | بے شرم | ब्रेशरुम | devoid of modesty, shameless. |
| लज्जाहीन | वि. | दे. 'लज्जाशून्य'। | وُچھِو 'लज्जाशून्य' | वुछिव 'लज्जाशून्य' | see 'लज्जाशून्य'. |
| लज्जित | वि. | लज्जायुक्त, शर्मिन्दा। | شرمندٕ | शरमन्दु | ashamed, abashed, blushed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लट | स्त्री. | 1. सिर के लटकते हुए बालों का गुच्छा;<br>2. उलझे हुए बालों का गुच्छा। | زُلُف، مَس لٹ،<br>کونٛکلِ؛<br>مَس جَٹ | ज़ुलुफ, मसलट्,<br>कोंकलु;<br>मस जट् | a curl, ringlet, lock of hair;<br>matted or tangled hair. |
| लटक | स्त्री. | मन का आकस्मिक उद्वेग। | پھیوٗر، لٹھ | फ्युर, लठ | a sudden fit or emotion. |
| लटकन | पुं. | 1. लटकने वाली वस्तु;<br>2. टिकली, टिकड़ा;<br>3. नाक का एक गहना। | دوٗر دانہٕ، اویزان<br>چیٖز؛<br>اَٹھ، دوٗر؛<br>نستہٕ واجِ ہُنٛد | दुरदानु, अवेज़ान<br>चीज़;<br>अठ, दूर;<br>नस्तु वाजि हुन्द | anything hanging, a pendulum;<br>a pendant;<br>nose drop. |
| लटकना | अ. क्रि. | 1. ऊंची जगह के आश्रय से नीचे की ओर अवलम्बित होना;<br>2. किसी सीधी खड़ी वस्तु का कोई भाग किसी ओर थोड़ा झुकना;<br>3. काम पूरा न होना, देर होना। | الونٛد دوٗر،<br>اویزان یا الونٛد<br>گژھُن؛<br>یڑ کڈٕنۍ،<br>الونٛد گژھُن<br>ہول گژھُن؛<br>الونٛد روزُن<br>(کامِہ ہُنٛد) | अलोंद दूर,<br>अवेज़ान या अलोंद<br>गछ़ुन;<br>यड़ कडुन्य,<br>अलोंद गछ़ुन<br>होल गछ़ुन;<br>अलोंद रोज़ुन<br>(कामि हुन्द) | to hang, to swing;<br>to dangle, to be suspended;<br>to be kept waiting or in suspense, to be delayed. |
| लटकवाना | स. क्रि. | लटकाने का काम दूसरे से कराना। | اَویزان تھوناوُن | अवेज़ान थवनावुन | to cause to be hung, to get hung. |
| लटका | पुं. | 1. चिकित्सा, तंत्रमंत्र आदि के क्षेत्र में कोई ऐसी छोटी प्रक्रिया जिससे जल्दी और सहज ही उद्देश्य सिद्ध होता हो;<br>2. बात-चीत, चाल आदि में दिखाया जानेवाला हावभाव और स्वरों का उतार-चढ़ाव। | ژھِمب، ژھَل، ژھُمب؛<br>تالہِ-زٲوِجار | छ़िम्ब, छ़ल, छ़ुम्ब;<br>तालु-ज़ाविजार | formula, tip;<br>affected movement or mannerism. |
| लटकाना | स. क्रि. | 1. लटकने में प्रवृत्त करना, टांगना; | اَویزان تھاوُن،<br>اَویزان تراوُن؛ | अवेज़ान थावुन,<br>अवेज़ान त्रावुन; | to hang, to suspend; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. खड़ी वस्तु को किसी ओर झुकाना; | ہۄل کرُن؛ | हो़ल करुन; | to tilt, to bend; |
| | | 3. इंतजार कराना, फंसा रखना, देर करना। | اَنھہ تھوُنی، پرارناوُن | आंफ थवुन्य, प्रारुनावुन | to keep (one) waiting, to delay. |
| लटना | अ. क्रि. | परिश्रम, रोग आदि के कारण बहुत ही शिथिल और दुर्बल होना। | کمزور گژھُن، کرٛیٹُن | कमज़ोर गछुन, क्रेटुन | to become lean, to be emaciated, to become weak. |
| लटपटा | वि. | 1. ठीक और सीधे तरह से न चलता हुआ; | یٹل، گیٖرلد؛ | यटल, गीर्यलद; | reeling, tottering, staggering; |
| | | 2. ढीला-ढाला; | ڈیوٗل، تٕرٛیٚژھ ووتھمُت | ड्योल, त्रेंछि वो़थमुत | loosely folded, hanging loose; |
| | | 3. अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित। | پریشان | परेशान | in complete disorder, messy. |
| लटपटाना | अ. क्रि. | 1. कमजोरी आदि के कारण सीधे न चल पाना, लड़खड़ाना; | کھوٗر ڈلُن؛ بُتھۍ پھُٹۍ گژھُنۍ | खु़र डलुन; बुथ्यफुटय गछुन्य | to stagger, stumble, falter; |
| | | 2. विचलित होना, अस्थिर होना। | بامبرُن | बाम्बुरुन | to be nervous, to be demoralized. |
| लटा | वि. | 1. दुष्ट, बदमाश, नीच; | نیوٗچ، بدذاتھ؛ | न्यूच, बदज़ाथ; | wicked, mean; |
| | | 2. बहुत दुबला-पतला या कमजोर। | نۄتوان | नोतुवान | weak, emaciated; impoverished. |
| लट्टू | पुं. | 1. लकड़ी का एक गोल खिलौना जिसके आधे भाग में एक कील होती है और उसे चलाये जाने पर उस कील पर घूमता है; | بانٛگہِ لوٹ؛ | बांगि लो़ट; | spinning top; |
| | | 2. बिजली का बल्ब। | بجلی بٔتۍ | बिजली बत्य | bulb. |
| लट्ठ | पुं. | मोटा लम्बा डंडा। | ڈنٛڈ | डन्ड | staff, cudgel. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लट्ठबाज़ | वि. | 1. लाठी चलानेवाला; | لٹھ باز، لاٹھی چلاوُن وول ، | लठ बाज़, लाठ्य चलावन वोल; | ; skilled in wielding a cudgel; |
| | | 2. लड़ाकू, झगड़ालू। | لڑایہ گوٚر | लॅडायिगोर | quarrel-some. |
| लट्ठबाजी | स्त्री. | लाठियों से होनेवाली मारपीट। | لٹھ بازی ، لورِ جنگو جنگ | लठ्बाज़ी, लोरि जंगु जंग | cudgel-fighting, skill in wielding cudgel. |
| लट्ठमार | वि. | 1. (व्यक्ति) जो उजड्ड और उद्दंड हो; | وہم ، گستاخ ، | वॊम, गुस्ताख; | uncivil, rude, boorish; |
| | | 2. (कथन) जिसमें नम्रता, शालीनता आदि का पूर्ण अभाव हो। | ناشائستہ ، بُتھیٚ ٹاسل (کلام) | नाशायिस्तु, बुथ्युटासल (कलामु) | rude, impolite (utterance). |
| लट्ठा | पुं. | 1. लकड़ी का बहुत मोटा और लम्बा टुकड़ा, शहतीर; | شہتیر ، | शहतीर; | beam, log, rafter; |
| | | 2. गाढ़ा मोटा कपड़ा, गफ मारकीन; | کورِ لٹھ مارکین ، | कोरु लठ मारकिन; | coarse kind of long cloth, a kind of white cloth; |
| | | 3. 5½ हाथ लंबा बांस जिससे जमीन नापी जाती है। | جریبہ گز | जरीबु गज़ | measuring rod or pole measuring 5½ of hand space. |
| लट्ठाबंदी | स्त्री. | 5½ हाथ लंबे बांस द्वारा की जानेवाली जमीन की नाप-जोख। | جریبہ گزٕ سیتۍ زمین میٚنُن | जरीबु गजु सूत्य ज़मीन मेनुन्य | measuring land with a lattha. |
| लठिया | स्त्री. | छोटी लाठी, छड़ी या डंडा। | لوٗر | लूर | small lattha or stick. |
| लठैत | वि. | दे. 'लट्ठबाज'। | وُچھِو 'लट्ठबाज़' | वुछिव 'लट्ठबाज़' | see 'लट्ठबाज'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़ | स्त्री. | 1. सीध में गुंथी हुई या एक दूसरे से लगी हुई एक ही प्रकार की वस्तुओं की पंक्ति – जैसे मोतियों की लड़; | ترٕ، | तर, | string (of pearls, etc.); |
| | | 2. रस्सी आदि के रूप में बटा हुआ लंबा खंड; | رزِ ٹُکرٕ؛ | रजि टुकर्; | strand (of a rope or cord); |
| | | 3. कतार, पंक्ति। | صَف، تگ | सफ, तग | row, line, series. |
| लड़कपन | पुं. | 1. बाल्यावस्था; | لُکچار، | लुकचार; | boyhood, childhood; |
| | | 2. लड़कों का-सा आचरण या व्यवहार, जिसमें बुद्धि का परिपाक न दिखाई देता हो। | شُرِل | शुरिल | childishness. |
| लड़कबुद्धि | स्त्री. | बालकों की-सी अपरिपक्व मति। | شُرِل | शुरिल | child's understanding, childishness. |
| लड़का | पुं. | 1. बालक, जो अभी युवक न हुआ हो; | لڑکہٕ؛ | लड़कु; | boy; |
| | | 2. पुत्र। | نیٚچُو | न्येचुव | son. |
| लड़की | स्त्री. | 1. बालिका जिसकी आयु 16 वर्ष से कम हो; | کوٗر (شُراہَن وٕرِین تام)؛ | कूर (शुराहन वर्यिन ताम) ; | girl, maid; |
| | | 2. पुत्री, बेटी। | کوٗر | कूर | daughter. |
| लड़खड़ाना | अ. क्रि. | 1. चलते समय सीधे स्थिर न रह सकने के कारण इधर-उधर झुक पड़ना, डगमगाना, डिगना; | گیوٗر یُن، ٹھُوکرٕ، لگُنۍ، آوسُن؛ | ग्यूर युन, ठूंकर, लेगुन्य, आवसुन; | to stagger, to stumble; |
| | | 2. बोलते समय जीभ से स्पष्ट शब्द न निकल पाना। | پھپھیٖر گژھُن، کٔجیر گژھُن | फफ्यर गछुन, कंज्यर गछुन | to stutter, to falter (in speech). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लड़खड़ाहट** | स्त्री. | लड़खड़ाने की क्रिया या भाव। | کھورڈلُن، گیٖرِ دکھ | खुर डलुन, गीर्य दक् | staggering, stumbling. |
| **लड़ना** | अ. क्रि. | 1. एक पदार्थ या व्यक्ति का दूसरे पदार्थ या व्यक्ति से टक्कर खाना, भिड़ जाना; | ٹھۄل کرٕنۍ؛ | ठुल करुन्य; | to collide (with); |
| | | 2. कुश्ती करना, एक दूसरे को पटकने का प्रयत्न करना; | دَب کرٕنۍ؛ | दब करुन्य; | to wrestle, to make war, to give battle; |
| | | 3. एक दूसरे पर प्रहार करना; | اَکھ أکِس حملہ کرُن، لڑُن؛ | अख अंकिस हमलु करुन, लडुन; | to fight, to quarrel; |
| | | 4. बहस करना, वाग्युद्ध करना; | بحث کرُن، کتھ جنگ جنگ کرٕنۍ؛ | बहस करुन, कथ जंगु जंग करुन्य; | to debate, to argue; |
| | | 5. संघर्ष करना। | جدوجہد کرٕنۍ، ہلہ بلہ کرُن | जेदुजहद करुन्य, हलु बलु करुन | to contend, to struggle. |
| **लड़ना-भिड़ना** | अ. | दे. 'लड़ना'। | وُچھِو 'लड़ना'، لڑُن | वुछिव 'लड़ना', लडुन | see 'लड़ना'. |
| | पुं. | लड़ाई-झगड़ा। | لڑایہٕ ژووٕنۍ | लडाय चुवुन्य | quarrel, altercation. |
| **लड़ाई** | स्त्री. | 1. प्रहार करनेवाले पर प्रहार करना; | واپس حملہٕ کرُن، دَبہٕ دَب کرٕنۍ؛ | वापस हमलु करुन, दबु दब करुन्य; | fighting, wrestling; |
| | | 2. दो सेनाओं का एक दूसरे पर आक्रमण, संग्राम; | جنگ، یُدھ؛ | जंग, युद; | battle, war; |
| | | 3. कुश्ती, मल्लयुद्ध; | دَب؛ | दब; | wrestling, duel; |
| | | 4. झगड़ा, कलह; | جنگُر، ٹنڈ؛ | जंगुर, टंड; | quarrel, brawl; |
| | | 5. बहस; | بحث؛ | बेहस; | wordy duel; |
| | | 6. वैर, अनबन। | دُشمنی | दुश्मनी | discord, hostility, enmity. |
| **लड़ाई-झगड़ा** | पुं. | 1. कलह; | ژووٕنۍ؛ | चुवुन्य; | broil, altercation, quarrel; |
| | | 2. बैर, वैमनस्य। | موژروکری، دُشمنی | मुचुकुरी, दुश्मनी | enmity, hostility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़ाका | वि. | 1. बात-बात में या प्रायः सबसे झगड़ा करनेवाला; | ہَرَل، لڑایہٕ گور؛ | हरल, लडायि गोर; | pugnacious, quarrelsome, contentious; |
| | | 2. लड़नेवाला, योद्धा। | جنگی، یودٕکھ | जंगी, योदुख | fighter. |
| लड़ाकू | वि. | 1. युद्ध में व्यवहृत होनेवाला; | جنگی سامانٕ؛ | जंगी सामानु; | used in battle (arms, ships etc.); |
| | | 2. युद्धप्रिय, झगड़ालू। | ہَرَل | हरल | warlike, quarrelsome. |
| लड़ाना | स. क्रि. | 1. एक दूसरे में झगड़ा कराना; | لڑاوُن؛ | लडावुन; | to cause to fight, to make (two persons or animals) fight, to instigate; |
| | | 2. एक वस्तु को दूसरी वस्तु से भिड़ाना; | ٹکراوُن، ٹھول<br>کرناوٕنۍ؛ | टकरावुन, ठुल<br>करनावुन्य; | to collide a thing (against another); |
| | | 3. कुश्ती लड़ने को प्रवृत्त करना। | دَب کرناوٕنۍ | दब करनावुन्य | to cause to wrestle; |
| लड़ी | स्त्री. | 1. एक सीध में गुंथी हुई किसी चीज की माला, पंक्ति; | لَر؛ | लर; | string (of pearls, or flowers, etc.), chain; |
| | | 2. एक साथ मिलाकर बटी हुई रस्सी, गुच्छे के तार। | وُٹھمُت، رزِ گَنڈ | वुठमुत, रज़ि गंड | strand (of rope or cord). |
| लड्डू | पुं. | गेंद के आकार की कोई गोलाकार मिठाई। | لوڈ | लोड | ball-shaped sweetmeat. |
| लत | स्त्री. | बुरी आदत। | مَرض، عاتہِ بَد | मरज़, आंबिबद | addiction, bad habit. |
| लतखोर | वि. | जो झिड़की आदि सुनते रहने का आदी हो गया हो, निर्लज्ज। | بےحیا، بیٖواری لد، بیٖواری ہُند لودمُت | बेहया, ब्यवारी लद, ब्यवारी हुन्द लोदमुत | one who is used to kicks or rebukes, shameless. |
| लता | स्त्री. | 1. जमीन या किसी आधार पर फैलनेवाला पौधा, बेल; | راںٹھ؛ | रांठ; | Vine; |
| | | 2. कोमल खंड या शाखा। | نَرم لَنٛڈ | नरम लंड | branch. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लताकुंज | पुं. | लताओं से छाया हुआ स्थान। | راںٹھ ژھیُدُن | रांठ छ्यदुन | bower, an arbour. |
| लताड़ | स्त्री. | झिड़की, डांट-फटकार। | فضیحتھ، نسخ | फ़जीहथ, नसख़ | scolding, reprimand. |
| लताड़ना | स. क्रि. | डांटना, फटकारना, झिड़कना। | لانٕ تانٕ کرُن | लानु तानु करुन | to scold or to reprimand. |
| लता-मंडप | पुं. | दे. 'लताकुंज'। | وُچھِو 'लताकुंज' | वुछिव 'लताकुंज' | see 'लताकुंज'. |
| लतियल | वि. | जिसे झिड़की सुनने और मार खाने की आदत पड़ गई हो, दे. 'लतखोर'। | بیُوٲری لد | ब्यवारी लद | see 'लतखोर'. |
| लतियाना | स. क्रि. | 1. लातों से मारना; | لتہٕ دِنہِ، | लतु दिनि; | to spurn; |
| | | 2. अपमानित करना। | پاۍزارٕ کاری کرٕنۍ | पाज़ारुकारी करुन्य | to humiliate, to insult. |
| लतीफा | पुं. | 1. हास्यपूर्ण छोटी कहानी; | لطیفہٕ، اسَن | लतीफ़ु, असन | witty anecdote; |
| | | | ٹُکھ، | टुख; | |
| | | 2. हंसी की अनोखी या विलक्षण बात। | مذاکھ | मज़ाख | pleasentry, jest, joke. |
| लत्ता | पुं. | 1. फटा-पुराना कपड़ा, चीथड़ा; | زٕٹ، | ज़ेट; | scrap of cloth, rag, tatter; |
| | | 2. कपड़ा। | پلو | पलव | cloth. |
| लत्ती | स्त्री. | 1. पशुओं द्वारा लात से किया जानेवाला आघात; | دُلتھ، | दुलथ; | kick with the hind legs (by a horse or an ass etc.); |
| | | 2. कपड़े की लंबी धज्जी। | دٕج | दंज | strip of cloth. |
| लथ-पथ | वि. | 1. किसी तरल पदार्थ में बहुत अधिक तर या भीगा हुआ; | لِتھِ چھِتِہ، | लिथि छिति, | soaked, saturated, drenched; |
| | | | چِرٕچِرٕوُن، | चिरचिरुवुन; | |
| | | 2. कीचड़ आदि से सना हुआ। | بۄڈمُت (رَبِ) | बोडमुत ( रबि) | clogged, besmeared (with dirt). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लथाड़ | स्त्री. | दे. 'लताड़'। | فضیحتھ | फज़ीहथ | see 'लताड़'. |
| लथाड़ना | स. | दे. 'लताड़ना'। | بێوٲری کرُن | ब्यवॉरी करुन्य | see 'लताड़ना'. |
| लथेड़ना | स. क्रि. | किसी को इस प्रकार घसीटना कि उस पर धूल या कीचड़ या मिट्टी लग जाए। | گرد یا میچ بُڑناوُن<br>رٔب گُتھ دیاوُن | गरदि या मेचि बुड़नावुन<br>रबि गुत द्यावुन | to draggle, to smear (with mud etc.). |
| लदना | अ. क्रि. | 1. बोझ से युक्त होना; | بور لدن یُن؛ | बोर लदनु युन; | to be loaded or to be laden; |
| | | 2. भारी वस्तुओं का किसी स्थान से प्रेषणार्थ भरा जाना; | بور یا سامان<br>برناوُن؛ | बोर या सामानु<br>बरुनावुन; | to be borne or to be carried; |
| | | 3. गत होना, समाप्त होना। | گژھُن، مُکلُن | गछुन, मुकलुन | to be finished, to be over. |
| लदवाना | स. क्रि. | लादने का काम कराना। | لدناوُن | लदुनावुन | to cause to be loaded, to cause to load. |
| लदाई | स्त्री. | लादने की क्रिया, भाव या मजदूरी। | لدن کام یا موزوُر | लदन कॉम या मोज़ूर्य | act or payment for loading. |
| लदान | स्त्री. | (माल) लादने की क्रिया। | لدُن | लदुन | act of loading. |
| लदाना | स. क्रि. | दे. 'लदवाना'। | لدناوُن | लदनावुन | see 'लदवाना'. |
| लदाफंदा | वि. | बोझ से लदा हुआ। | بوُرُت بار،<br>بارگیر | बोरुत बार,<br>बारगीर | over-loaded, too much burdened. |
| लदाव | पुं. | 1. लादने का काम;<br>2. बोझा;<br>3. छत आदि का पटाव। | بور پیٹھ لدُن؛<br>بور؛<br>چھج | बोर प्यठ लदुन;<br>बोर;<br>छज | lading, cargo;<br>load, burden;<br>arched roof or terrace. |
| लद्दू | वि. | जिस पर केवल बोझ लादा जाता हो, भार ढोनेवाला। | بارٕ جانوَر | बार्य जानवर | fit to carry a load, beast of burden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लद्धड़** | वि. | जिसमें तेजी या फुर्ती न हो, सुस्त, काहिल। | ڈُسٕ | डुस | lethargic, slothful. |
| **लद्धड़पन** | पुं. | लद्धड़ होने की अवस्था या भाव। | ڈُسَر | डुसर | lethargy, slowness. |
| **लपक** | स्त्री. | 1. तेजी, वेग, चुस्ती;<br>2. चमक, दीप्ति। | چُستی، وُژھ؛<br>ریٖہہ | चुस्ती, वुछ;<br>रेह | swiftness;<br>flash, flame. |
| **लपकना** | अ. क्रि. | 1. सहसा तेजी या फुरती से आगे बढ़ना;<br>2. फेंकी गई किसी वस्तु को जमीन में गिरने से पूर्व ही चुस्ती से पकड़ लेना। | چاوِ سان وُٹھ<br>پکُن؛<br>مَنٛزِ رٹُن، کیٖچ<br>رٹُن | चावु सान वुटि<br>पकुन;<br>मंजु रटुन, कैच<br>रटुन | to rush forth, to go out with gusto;<br>to catch (a ball, etc.). |
| **लपकाना** | स. क्रि. | किसी को लपकने में प्रवृत्त करना। | چاوِ سان برٛونٛہہ<br>یا وُٹھ پکناوُن | चावु सान ब्रोंह<br>या वुटि पकनावुन | to cause to rush forth. |
| **लपट** | स्त्री. | 1. आग की लौ, ज्वाला;<br>2. गंध से भरा हुआ वायु का झोंका। | ریٖہہ؛<br>مُشکیمُچ<br>ہَوا رنٛگ | रेह;<br>मुशक्येमुच<br>हवा रिंग | flame, blaze;<br>sweet smell, blast of fragrance. |
| **लपटा** | पुं. | गाढ़ी गीली वस्तु। | موٹ مایہِ | मोट मायि | glutinous substance, thick liquid substance. |
| **लपलपाना** | अ. क्रि. | किसी लचीली वस्तु के हिलने या हिलाये जाने पर उसका थोड़ा झुकना, रह-रह कर लपकना। | وُٹھ وُٹھ کرُنۍ<br>اَلہٕ اَلہٕ کرُن | वुट वुठ करुन्य<br>अलु अलु करुन | to be resilient or flexible (as a cane). |
| **लपलपाहट** | स्त्री. | लपलपाने की क्रिया या भाव। | لچک، اَلہٕ ڈَلہٕ | लचक, अलु डलु | resilience, flexibility. |
| **लपसी** | स्त्री. | 1. कोई गाढ़ा तरल पदार्थ;<br>2. एक प्रकार का पतला हलुआ। | وُگرٕ، موٹ مایہِ؛<br>توٚن حلوٕ | वुगर, मोट मायि;<br>तोन हलव | glutinous kind of food;<br>kind of 'हलुवा'. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लपेट** | स्त्री. | 1. लपेटने की क्रिया या भाव; | وٹُن، تاہ کرُن؛ | वटुन, ताह करुन; | folding, twisting, covering; |
| | | 2. लपेटनेवाली चीज का हरबार का फेरा; | تاہ؛ | ताह; | fold, coil, plait; |
| | | 3. किसी चीज की मोटाई का विस्तार। | لپیٹھ، گیر، موچیر | लपेट्, गेर्, मुच्यर | girth, circumference, compass. |
| **लपेटन** | स्त्री. | लपेट, लपेटने के फलस्वरूप पड़नेवाला फेरा या बल। | تاہ فُٹ | ताहु फुट | folding, winding, plait. |
| | पुं. | वह वस्तु जिससे किसी वस्तु को चारों ओर लपेटकर बांधते हैं, बैठन। | کون، پرٛوت، رولر | कोन, प्रोत, रोलर | roller on which cloth is wound in the loom. |
| **लपेटना** | स. क्रि. | 1. सूत, कपड़े आदि को किसी चीज के चारों ओर फेरा देकर बांधना; | وٹُن، وٕلُن؛ | वटुन, वेलुन; | to wind or to twine (round); |
| | | 2. किसी चीज को तह देकर मोड़ना; | تاہ کرُن؛ | ताह कुरुन; | to roll up, to fold or wrap; |
| | | 3. (ला०) किसी व्यक्ति को किसी मामले में फांसना। | (ورگی) مُلوث کرُن، آورُن، وَلُن | (वगी) मुलवस करुन, आवुरुन, वलुन | (fig.) to involve, to implicate. |
| **लपेटनी** | स्त्री. | जुलाहों की लपेटन नाम की लकड़ी। | یِنِہ لوٗر (وُوورِین ہنٛز) | युनि लूर (वोवुर्यन हुंज़्) | weaver's stick. |
| **लप्पड़** | पुं. | तमाचा, थप्पड़। | تھاپُر | थापुर | slap, thump. |
| **लफंगा** | वि. | आवारा, दुश्चरित्र, बदमाश। | لفنٛگ | लफंगु | loafer, vagabond. |
| **लबाड़ (लबार)** | वि. | झूठा, गप्पी। | بُلہ بکواسی، اپٛزیور | बुलु बकुवास्य, अपज्योर | liar, babbler. |
| **लबादा** | पुं. | एक लंबा और ढीला-ढाला पहनावा। | چوغ | चुग् | cloak, gown, robe, apron. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| लबालब | वि. | किनारे तक भरा हुआ। | تالِ تام، ٹیپِ | तालि ताम, टेपि | brimful. |
| लब्ध | वि. | 1. मिला या प्राप्त किया हुआ;<br>2. भाग करने से निकला हुआ। | پْروومُت؛<br>مخرج | प्रोवमुत;<br>मखरज | got, obtained, acquired;<br>quotient. |
| लब्धप्रतिष्ठ | वि. | जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त की हो, सम्मानित। | مُوزز | मोजज़ | one who has acquired fame, renowned. |
| लब्धि | स्त्री. | 1. लाभ, प्राप्ति;<br>2. (गणित) भागफल, लब्धांक। | فایدٕ، پْروومُت، حاصِل؛<br>مخرج (حِسابُک) | फोयदु, प्रोवमुत, हासिल;<br>मखरज ( हिसाबुक) | acquirement, attainment, achievement;<br>(arith.) the quotient. |
| लभ्य | वि. | जो पाया जा सके या मिल सके। | پْراونس لایکھ | प्रावनस लायख | attainable, obtainable, within reach. |
| लय | पुं. | 1. एक वस्तु का दूसरी वस्तु में विलीन होना;<br>2. दार्शनिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें सृष्टि की समस्त चीजें अव्यक्त प्रकृति में विलीन हो जाती हैं। | کُنہِ سیٚت میٚلُن یا حل گژھُن؛ (فلسفٕ کِنۍ) غرق، تحلیل، فناہ | कुनि सूत्य मेलुन या हल गछुन; ( फलसफु किन्य) गरुक, तहलील, फनाह | merger, immersion, fusion; dissolution, extinction, destruction. |
| | स्त्री. | स्वर के आरोह, अवरोह का ढंग। | لَے (سَنگیٖتَس اَندر) | लय ( संगीतस अंदर) | tempo. |
| लरजना | अ. क्रि. | 1. कांपना, हिलना-डुलना;<br>2. डर जाना, दहल जाना। | لرزُن؛<br>کھوژُن | लरज़ुन;<br>खोचुन | to shake, to quiver, to tremble;<br>to be frightened, to be amod. |
| ललक | स्त्री. | बलवती इच्छा। | کرٛیشَن، لوٗل | क्रेशन, लोल | craving,yearning, longing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ललकना | अ. क्रि. | किसी वस्तु को पाने की गहरी लालसा या इच्छा करना। | کریشُن | क्रेशुन | to long or crave (for), to yearn. |
| ललकार | स्त्री. | लड़ने के लिए प्रतिपक्षी को चुनौती देना। | چلینج | चलेंज | call, challenge. |
| ललकारना | स. क्रि. | विपक्षी को लड़ने की चुनौती देना। | چلینج دِیُن | चलेंज द्युन | to hold out a challenge, to halloo. |
| ललचाना | स. क्रि. | कुछ पाने की आशा बांधकर किसी को अधीर करना, कोई लुभावनी वस्तु दिखाकर उसे पाने के लिए आकुल और अधीर करना। | تنبلُن | तंबलुन | to tempt to allure. |
| | अ. क्रि. | किसी अच्छी वस्तु को देखकर उसे प्राप्त करने के लिए अधीर होना। | تنبلُن، کریشُن | तंबुलुन, क्रेशुन | to be tempted, to be allured. |
| ललना | स्त्री. | स्त्री, सुन्दर स्त्री। | رۄپیٹھ زنانہ | र्पीठ ज़नान् | woman (in general), beautiful woman. |
| ललाई | स्त्री. | सुर्खी, लाली। | سورخی | सुरखी | redness, ruddiness |
| ललाट | पुं. | 1. माथा;<br>2. भाग्य। | ڈیکہٕ، عنبر؛<br>قسمتھ، لوٗن | ड्यकु, अंबर;<br>कुस्मथ, लोन | forehead;<br>fate, destiny. |
| ललाट-रेखा | स्त्री. | भाग्य-लेख। | ڈیکہٕ ریکھ | ड्र्यकु रख | line on the forehead (supposed to indicate long life). |
| ललाम | वि. | मनोहर, सुन्दर। | سُندر | सुन्दर | beautiful, lovely, charming. |
| ललित | वि. | मनोहर, सुन्दर। | دِلکش | दिलकश | lovely, beautiful, elegant, graceful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| ललित कला | स्त्री. | वह कला जिसके अभिव्यंजन में सुकुमारता और सौन्दर्य की अपेक्षा हो और जो मुख्यतः मनोविनोद के लिए हो। | فنونِ لطیفہ | फनूनि लतीफ़ु | fine art. |
| ललित साहित्य | पुं. | ऐसा साहित्य जो उपयोगी या ज्ञानवर्धक होने की अपेक्षा भावप्रवण अधिक होता है, मनोरंजक साहित्य। | دِل پسند ادب | दिलपसंद अदब | belles lettres. |
| लल्ला | पुं. | लड़के या बेटे के लिए प्यार का शब्द। | گوبُر | गोबुर | dear boy, darling, affectionate term of address for a child or boy. |
| लल्लो-चप्पो | स्त्री. | चिकनी-चुपड़ी बात, चाटुकारिता। | خوشامد، خورٕ فقیری | खुशामद, खूर्पफ्कीरी | wheedling, adulation, flattery, coaxing. |
| लवंग | पुं. | लौंग नामक वृक्ष और उसकी कलियां या फूल। | رٕوَنگ | रुंग | clove plant and its flowers. |
| लव | पुं. | 1. अल्पमात्रा, थोड़ा अंश; | ذرہ، پیوٗنت؛ | ज़रु, प्यूंत; | particle, drop, small quantity; |
| | | 2. काल का एक मान। | ژیوٗہ | च्यूह | minute division of time (sixth part of a twinkling). |
| लवण | पुं. | नमक, लोन। | نوٗن | नून | salt. |
| लवलीन | वि. | तन्मय, मग्न। | محو، مست، مگن | महौ, मस्त,मगन | absorbed, engrossed (in). |
| लवलेश | पुं. | अल्पमात्रा, बहुत थोड़ा परिमाण। | ذرٕ، لیشہ، ماتھر | रछ़, लीशु माथुर | whit, very small particle. |
| लश्कर | पुं. | 1. सेना; 2. प्राणियों का बड़ा दल या समूह; | فوج، لشکر؛ کھیوٗل؛ | फोज, लशकर; ख्योल; | army; large multitude of animals; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सैनिक पड़ाव, छावनी। | ڈیرٕ، جنگی پڑاو | डेरु, जंगी पड़ाव | encampment of army. |
| | वि. | लश्कर सम्बन्धी। | فوجی | फ़ूजी | of or belonging to an army. |
| | पुं. | 1. चिपचिपाहट; 2. चिपकानेवाली चीज, गोंद। | ماچھُر (لاریتھ گژھُن)؛ گوند | मांछुर ( लांरिथ गछुन); गोंद | stickiness, glutinousness; gum. |
| | वि. | जिसमें लस हो। | لارُون، ماچھِرلد | लार्वुन, मांछिर्यलद | sticky, adhesive, glutinous. |
| | वि. | चिपचिपा, गोंद की तरह चिपकनेवाला। | گوندُک پاٹھؠ، لاریتھ گژھن وول | गोंदुक्य पाठ्य, लारिथ गछ़न वोल | adhesive, glutinous, sticky. |
| | वि. | दे. 'लसदार'। | وُچھِو 'लसदार' | वुछिव 'लसदार' | see 'लसदार'. |
| | क्रि. वि. | बहुत ही मंद गति तथा साधारण रूप में, जैसे-तैसे। | ییتھ کیتھ پاٹھؠ، ڈُچُر ڈُچُر دِوان | यिथु किथु पांठ्य, डुचुर डुचुर दिवान | slowly and ordinarily, somehow or the other. |
| | स्त्री. | दही का घोल। | لٔسی | लंस्य | cold drink made of churned curd mixed with water and sugar. |
| | पुं. | कमर के नीचे का सारा अंग ढकने के लिए स्त्रियों का एक घेरदार पहरावा, घाघरा। | کھوٚل، پیٖٹی، کوٹھ، گاگُر | खोल, पीटी, कोठ, गागुर | loose skirt or petticoat worn round the loins to the feet. |
| | स्त्री. | 1. आग की लपट; 2. चमक। | نار بریہہ، پرزلُن؛ | नारु ब्रेह, प्रज्लुन; | flame, blaze; glare, glitter, flash. |
| | अ. क्रि. | 1. हवा में इधर-उधर हिलना; | ہِلُن، ژھٹ مارٕنؠ؛ | हिलुन, छट मारनि; | to bend or wave (as corn or grass before the wind), to warble, quaver; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आग का प्रज्वलित होना। | (نار) شولُن | (नार) शोलुन | to rise up into a flame, to blaze up. |
| लहकाना | स. क्रि. | 1. हवा से इधर-उधर हिलाना; | گرٛایہ مارناوُن؛ | ग्रायि मारुनावुन; | to cause to warble or quaver; |
| | | 2. उत्तेजित करना, उकसाना; | ہُسناوُن، تُلُن<br>پھُوکھ برُن؛ | हुसुनावुन, तुलुन<br>फुख बरुन; | to incite, to instigate; |
| | | 3. दहकाना। | زالُن (نار) | ज़ालुन ( नार) | to blow up (a fire). |
| लहजा | पुं. | बोलने या शब्दों के उच्चारण का खास ढंग। | لہجہ (بولنٕچ ترٛاے) | लह्जु ( बोलनुच त्राय) | tone, accent, intonation. |
| लहर | स्त्री. | 1. वायु की गति से पानी में उत्पन्न होनेवाली चढ़ाव उतारदार हरकत; | لٔہر، ملر؛ | लहर, मलर; | a wave, surge; |
| | | 2. वेगमयी भावना, मन की मौज; | مَنٕچ لٔہر؛ | मनुच लहर; | caprice, fancy; |
| | | 3. आनन्द, हर्ष आदि का वेग। | وُلسُن، وَجِد | वुलसुन, वजिद | ecstasy, transport, rapture. |
| लहरदार | वि. | लहरोंवाला। | لٔہردار | लहरदार | wavy. |
| लहराना | अ. क्रि. | 1. हवा के झोंकों में हिलना-डुलना; | ژھٕٹ گرٛایہ مارنہٕ؛ | छटु ग्रायि मारनि; | to shimmer, to fluctuate; |
| | | 2. मन का उमंग या उल्लास में आना। | وُلسنس یُن | वुलसुनस युन | to be in ecstasy. |
| | स. क्रि. | हिलाना-डुलाना। | ہِلاوُن، گرٛایہ مارناوُن | हिलावुन, ग्रायि मारुनावुन | to flutter, to wave. |
| लहरिया | वि. | लहरदार, बेल-बूटों वाला। | پوشہٕ دار<br>رٕکھل | पोशदार<br>रुखल | striped, |
| | पुं. | 1. लहर की आकृति की रेखाओं का समूह; | ہیٚجِر ترٛاے؛ | हेजिरु त्राय; | wavy meandering; |
| | | 2. वह कपड़ा जिस पर लहरों के आकार की आकृतियां हों। | لٔہردار کپُر | लहरदार कपुर | wave like embroidery in cloth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | स्त्री. | लहर, तरंग। | لہر | लैहर | ripple, small wave. |
| | वि. | मनमौजी। | موجی | मूजी | fanciful, whimsical, capricious. |
| [illegible] | वि. | 1. हरा-भरा, फूलपत्तों से भरा;<br>2. (ला०) परमप्रसन्न, आनन्दमग्न। | سبزاہ سبز؛<br>سٔتھاہ خوش، دۄلہٕ سیتۍ مت | सब्ज़ादि सबुज़;<br>स्यठाह खुश, दुलस्योमुत | verdant, green;<br>rapturous, delighted. |
| [illegible] | अ. क्रि. | हरा-भरा होना, पनपना। | پھولُن، چھٹہٕ مارُن، کھسُن | फुलुन, छट मारुन खसुन | to be verdant, to flourish or bloom, to wave. |
| [illegible] | पुं. | प्याज की तरह की एक गांठ और उसका पौधा। | پران | प्रान | garlic. |
| [illegible] | पुं. | धूमिल रंग का एक प्रकार का रत्न। | اکھ جواہر | अख जवाहिर | a certain precious stone, 'cats' eye.' |
| [illegible] | पुं. | खून, रक्त। | رٔتھ | रथ | blood. |
| [illegible] | वि. | खून से तर। | رتہٕ بۄرُت<br>رتہٕ داو (گومُت) | रतु बुरुत<br>रतु दाव्य (गोमुत) | smeared in blood, soaked in blood. |
| [illegible] | स्त्री. | धोती या लंगोट का वह छोर जिसे जांघों के नीचे से निकालकर पीछे कमर में खोंसा जाता है। | لونٹھ | लूंठ | the fold of a dhoti passed between the thighs. |
| [illegible] | पुं. | पूंछ, दुम। | لوٹ، لٹ | लोट, लट | tail. |
| [illegible] | अ. क्रि. | 1. छलांग भरकर, छलांग लगाकर पार करना;<br>2. स्थान आदि को पीछे छोड़ते हुए आगे निकलना। | اپور تارُن<br>دوٗٹھ تارُن؛<br>پتھ تراوُن | अपोर तारुन<br>वुठ तारुन्य;<br>पथ त्रावुन | to jump or spring over, to cross;<br>to go beyond, to pass over. |
| [illegible] | पुं. | कोई बुरा काम करने से चरित्र पर लगनेवाला धब्बा, कलंक। | داغ | दाग़ | blame, slur, stigma. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लांछित** | वि. | जिस पर लांछन लगा हो। | داغ زد | दाग् ज़द | blamed, stigmatized. |
| **लाई** | स्त्री. | धान आदि को सुखाकर और गरम बालू में भूनकर बनाई हुई खीलें। | لایِ | लायि | parched grain. |
